इसके विस्तार के रूप में वैली ऑफ फ्लॉवर्स राष्ट्रीय पार्क को 2005 में विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया.

केन्द्रीय सूचना आयोग के अनुसार देश के छह बड़े राजनीतिक दल आर.टी.आई. एक्ट के दायरे में

राजनीतिक दलों के लेखों में पारदर्शिता लाने की दिशा में मार्ग प्रशस्त करते हुए केन्द्रीय सूचना आयोग (Central Information Commission–CIC) ने एक महत्वपूर्ण फैसला 3 जून, 2013 को सुनाया है जिसके तहत् देश के छह बड़े राजनीतिक दलों को आरटीआई एक्ट की धारा 2 (एच) के तहत् सार्वजनिक संस्था मानते हुए इन्हें सूचना के अधिकार के दायरे में बताया है. इन दलों में कांग्रेस, भाजपा, बसपा, माकपा, भाकपा व राकांपा शामिल हैं. आयोग ने 6 सप्ताह के भीतर मुख्य जन सूचना अधिकारी की नियुक्ति करने तथा पार्टी मुख्यालय में अपीलीय प्राधिकरण स्थापित करने को इन दलों को कहा है तथा साथ ही पार्टी-चंदों के सम्बन्ध में आरटीआई एक्ट के तहत् आए आवेदनों में माँगी गई जानकारियों के उत्तर चार सप्ताह में देने के निर्देश भी 3 जून, 2013 के अपने फैसले में दिए हैं. केन्द्रीय सूचना आयोग के दूरगामी महत्व के इस फैसले से राजनीतिक दलों का चंदा प्राप्तियों का गणित गड़बड़ा सकता है, क्योंकि इन दलों को चंदों के लेन-देन का ब्यौरा अब सार्वजनिक करना होगा. केन्द्रीय सूचना आयोग की पूर्ण पीठ जिसमें मुख्य सूचना आयुक्त सत्येन्द्र मिश्र के अतिरिक्त सूचना

DISCOVERY®
...Discover your mettle

इस वर्ष सामान्य अध्ययन में सर्वाधिक अंक 'डिस्कवरी' के छात्रों ने प्राप्त किया है।
जो हमारी गुणवत्ता का परिचायक है।

हिन्दी माध्यम में सर्वोच्च स्थान के साथ हमारे सभी टॉपर नियमित कक्षा कार्यक्रम के छात्र हैं।

Priyanka Niranjan
Rank 20

Somesh Mishra
Rank 53

Sangeeta Tatarwal
Rank 60

Jafar Malik
Rank 97

कुल चयन
49.....।

सामान्य अध्ययन एवं CSAT

-सी.बी.पी. श्रीवास्तव के साथ सर्वाधिक विश्वसनीय शिक्षकों की नई टीम
अनिल केशरी, दिवाकर गुप्ता, प्रवीण झा एवं आशीष वशिष्ठ द्वारा।

फाउन्डेशन बैच (Foundation Batch)

सायंकालीन बैच प्रारंभ - 8 जुलाई
सायं 6:30 बजे

मुख्य परीक्षा विशेष-2013
8 जुलाई - सायं 6:45 बजे

मुख्य परीक्षा विशेष 'टेस्ट सीरीज'
प्रारंभिक परीक्षा परिणाम के तत्काल बाद

पाठ्यक्रम में जोड़े गए नए खंडों पर विशेष कक्षा प्रारंभ
जुलाई प्रथम सप्ताह - सायं 6:30 बजे

नए खंडों यथा- भारतीय विरासत और संस्कृति, आधुनिक भारत के कुछ टॉपिक, विश्व का इतिहास तथा भूगोल, सामाजिक न्याय, शासन प्रणाली, अर्थव्यवस्था के नए टॉपिक, जैव विविधता, पर्यावरण सुरक्षा, अंतर्राष्ट्रीय संबंध के कुछ टॉपिक, आपदा प्रबंधन, आंतरिक सुरक्षा तथा समसामयिक मुद्दों पर अद्यतन अध्ययन सामग्री के साथ विषय विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत कक्षा।

संपूर्ण प्रश्नपत्र - IV सी.बी.पी. श्रीवास्तव द्वारा

इलाहाबाद केन्द्र: बैच समय- प्रातः कालीन 8:30 एवं सायंकालीन 5:30 बजे

वैकल्पिक विषयों की कक्षा प्रारंभ- समय 12:30 pm

भूगोल अनिल केशरी
लोक प्रशासन दिवाकर गुप्ता
इतिहास प्रवीण कुमार झा

Programme Coordinator: Neeraj Bhushan
B14(Basement), Comm. Complex. Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-9
9313058532, 9999044179
01132906050, 01147076055

TOWER' 10B/1 Tashkand Marg, (Patrika Chauraha) Civil Lines, Allahabad, 9721172333,9721174333

sscexamonline.blogspot.com

आयुक्त अन्नपूर्णा दीक्षित व सूचना आयुक्त एम. एल. मिश्र शामिल थे, ने उपर्युक्त फैसला आरटीआई कार्यकर्ता सुभाष चन्द्र अग्रवाल व अनिल बैरवाल द्वारा एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के पश्चात् सुनाया है. इन कार्यकर्ताओं ने उपर्युक्त राजनीतिक दलों से उनके चंदे व वित्तीय लेन-देन सम्बन्धी जानकारी आरटीआई के तहत् माँगी थी, किन्तु दलों ने यह कहते हुए वांछित सूचनाएँ देने से इंकार कर दिया था कि वे आरटीआई एक्ट के दायरे में नहीं आते. दलों के इस दृष्टिकोण का विरोध करते हुए सूचना आयोग के समक्ष याचिकाकर्ताओं ने दलील दी थी कि अप्रत्यक्ष तौर पर केन्द्र सरकार की ओर से वित्तीय सहायता इन दलों को दी जाती है, जो जनता के प्रति कर्तव्य के लिए दी जाती है. पीठ ने कहा कि इन दलों को आयकर में छूट भी इन्हें प्राप्त होती है तथा आकाशवाणी व दूरदर्शन की ओर से फ्री एयरटाइम भी इन्हें चुनावों के दौरान दिया जाता है. इस प्रकार सरकार की ओर से अप्रत्यक्ष योगदान इन्हें मिलता है. ऐसे में आरटीआई एक्ट की धारा 2 (एच) के तहत् ये दल सार्वजनिक प्राधिकरण हैं तथा आरटीआई एक्ट के दायरे में हैं.

राजनीतिक दलों की गतिविधियों को सूचना के अधिकार के दायरे में लाने के सीआईसी के उपर्युक्त फैसले के विरुद्ध कड़ी प्रतिक्रिया इन दलों ने व्यक्त की है. निर्णय से आक्रोशित हुए इन राजनीतिक दलों ने सीआईसी के फैसले को न केवल अव्यावहारिक बताया है, बल्कि इसे मानने से साफ इंकार किया है. सीआईसी के इस फैसले के विरुद्ध उच्च न्यायालय में अपील किए जाने की सम्भावना है.

उच्च शिक्षा के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु एकल परीक्षा के लिए 'नेशनल टेस्टिंग एजेंसी' के लिए कार्यदल गठित

उच्च शिक्षा के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली अलग-अलग प्रवेश परीक्षाओं के स्थान पर एक ही परीक्षा के आयोजन के विचार के परिप्रेक्ष्य में एकल राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (National Testing Agency–NTA) के गठन हेतु रूपरेखा तैयार करने के लिए सात सदस्यीय कार्यदल के गठन का निर्णय मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा किया गया है. आईआईटी के पूर्व निदेशक संजय धांडे की अध्यक्षता में गठित किए जाने वाले इस दल में सीबीएसई, यूजीसी, एनसीईआरटी व एआईसीटीई के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त मानव संसाधन विकास मंत्रालय के प्रतिनिधि इसमें शामिल किए जाएंगे.

2012 में देश में आत्महत्या करने वालों की संख्या 1.35 लाख : सर्वाधिक मामले तमिलनाडु में दर्ज किए गए, महाराष्ट्र का दूसरा स्थान

अद्यतन उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार देश में प्रतिवर्ष एक लाख से अधिक लोग आत्महत्या कर अपना जीवन समाप्त कर लेते हैं. इस सम्बन्ध में विस्तृत आँकड़े नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (NCRB) के पास उपलब्ध हैं. ब्यूरो के इन आँकड़ों के अनुसार समूचे भारत में आत्महत्या के सर्वाधिक मामले (1,35,585) 2011 में दर्ज किए गए थे, जबकि पिछले वर्ष 2012 में आत्महत्या के मामलों की कुल संख्या 1,35,445 रही. इस प्रकार प्रति एक लाख जनसंख्या पर आत्महत्या के 11·2 मामले 2012 में दर्ज किए गए. इन आँकड़ों के अनुसार प्रतिदिन औसतन 371 व्यक्तियों ने तथा प्रति घण्टे में औसतन 15 लोगों ने आत्महत्या 2012 के दौरान की. दैनिक आधार पर आत्महत्या के औसतन 371 मामले में 242 मामले पुरुषों के तथा 129 मामले महिलाओं के रहे.

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के इन आँकड़ों के अनुसार 2012 में आत्महत्या के सर्वाधिक 16,927 मामले तमिलनाडु में दर्ज किए गए. 16,112 आत्महत्याओं के साथ महाराष्ट्र का इस मामले में दूसरा, 14,957 आत्महत्याओं के साथ प. बंगाल का तीसरा तथा 14,328 आत्महत्याओं के साथ आन्ध्र प्रदेश का इस मामले में चौथा स्थान 2012 में रहा. केन्द्रशासित सात क्षेत्रों में कुल मिला कर 2,778 आत्महत्या के मामले 2012 में दर्ज किए गए. इनमें सर्वाधिक संख्या (1899) दिल्ली में रही. लक्षद्वीप में आत्महत्या का केवल एक मामला 2012 में दर्ज किया गया. आत्महत्या की दर के मामले में देश में पहला स्थान पुडुचेरी का रहा, जहाँ प्रति एक लाख जनसंख्या पर 36·8 आत्महत्याएं हुईं. प्रति एक लाख जनसंख्या पर 29·1 आत्महत्याओं के साथ सिक्किम का दूसरा स्थान इस मामले में रहा. तीसरा व चौथा स्थान क्रमशः तमिलनाडु (24·9) व केरल (24·3) का इस मामले में रहा. ब्यूरो के इन आँकड़ों के अनुसार 2012 के दौरान आत्महत्या करने वालों में से 37 प्रतिशत ने फाँसी का फंदा लगाकर यह कदम उठाया, जबकि 29·3 प्रतिशत ने जहर खाकर, 8·4 प्रतिशत ने स्वयं को जलाकर यह कठोर कदम उठाया.

उत्तराखण्ड में पहाड़ों पर प्रलय : हजारों व्यक्तियों के मरने की आशंका

सनय पूर्व आए मानसून ने उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्रों में प्रलय जैसी तबाही जून 2013 में मचाई है. भारी वर्षा के परिणामस्वरूप बाढ़ की स्थिति उत्तराखण्ड के अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश, हरियाणा व उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में भी यद्यपि बनी तथापि उत्तराखण्ड के पहाड़ी इलाकों में तो भारी प्रलय जैसी स्थिति बनी. लगातार तीन दिन हुई वर्षा व भूस्खलन ने केदारनाथ, उत्तर काशी, चमोली, पिथौरागढ़ व रुद्रप्रयाग आदि क्षेत्रों का सम्पर्क शेष देश से काट दिया जिससे चार धाम पर गए 70 हजार से अधिक श्रद्धालु विभिन्न भागों में फँस गए. इस बीच केदारनाथ में 18 जून को बादल फटने के पश्चात् हुए भीषण भूस्खलन में सैकड़ों लोगों को जिंदा ही पानी में बहा दिया. इस प्राकृतिक आपदा में प्राण गँवाने वालों की संख्या का अभी तक ठीक-ठीक आकलन नहीं किया जा सका है, तथापि मीडिया रिपोर्टों में यह संख्या हजारों में होने की आशंका व्यक्त की गई है.

केदारनाथ मंदिर में भी पानी भरने से मंदिर का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया तथा पानी के तेज बहाव ने आसपास का सब कुछ अपनी लपेट में ले लिया. आपदा में जीवित बचे प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सैकड़ों घरों, वाहनों से भरे वाहनों, अतिथिगृहों व इमारतों को पानी के तेज बहाव ने अपनी लपेट में ले लिया. वस्तुतः केदारनाथ का तो पूरा बुनियादी ढाँचा ही तबाह हो गया है. इसके चलते अगले तीन वर्षों में केदारनाथ यात्रा की सम्भावना नहीं बची है. प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ उत्तराखण्ड के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई दौरा 23 जून को किया. आपदा को बेहद तकलीफदेह बताते हुए प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने आपदा राहत के रूप में ₹ 1000 करोड़ प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रदान करने की घोषणा की. इसमें से ₹ 145 करोड़ तत्काल जारी किए गए हैं.

लोक सभा की 4 व राज्य विधान सभाओं की 5 सीटों के लिए उपचुनाव : कांग्रेस को करारा झटका

लोक सभा की चार तथा दो राज्यों में विधान सभाओं की कुल मिलाकर 5 रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव 2 जून, 2013 को सम्पन्न हुए. इन चुनावों में कांग्रेस पार्टी को करारा झटका लगा है. उपचुनाव वाली 4 लोक सभाई सीटों में से 2 सीटें गुजरात से तथा एक-एक सीट प. बंगाल व बिहार से थी. प. बंगाल की डमडम सीट पर तृणमूल कांग्रेस का कब्जा जहाँ बरकरार रहा है, वहीं बिहार की महाराजगंज सीट जनता दल (यू) से राष्ट्रीय जनता दल ने हथिया ली है, जबकि गुजरात की दोनों रिक्त सीटें (पोरबंदर व बनासकंठा) भाजपा ने कांग्रेस से हथिया ली है. गुजरात विधान सभा की

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

PUBLIC ADMINISTRATION प्रातःकालीन बैच जारी है। प्रातः 9.00 बजे से कोई भी दो कक्षाएँ निःशुल्क उपलब्ध।

सामान्य अध्ययन

सोचिए!!

जो आपको Ethics/G.S. पढ़ाना चाहते हैं क्या उन्होंने इसे खुद भी पढ़ा है?
यदि आप कोचिंग के लिए कोचिंग (टाइम-पास) करना चाहते हैं तब तो कोई बात नहीं।
यदि आप सफलता के लिए कोचिंग करना चाहते हैं तो फीस जमा करने से पहले पढ़ाने वाले की गुणवत्ता अवश्य परख लें।
कौन पढ़ाएगा, क्या पढ़ाएगा और कहाँ से पढ़ाएगा।

हमारे यहाँ Admission लेने से पहले Uniyal Sir के व्यक्तिगत लिखित Notes व Diagram अवश्य देखें।

ETHICS : Integrity & Appitude — क्या पढ़ें व कैसे पढ़ें....?

PART A- Ethics & Human Interface
⇒ प्रथम खण्ड - नीतिशास्त्र व मानवीय सह-संबंध

✓ What is Ethic?
✓ Issues of Ethics
- Domain of Codified Law
- Domain of ethics
- Domain of free choice
Case Study-I : Wealth Insurance
Case Study-II : Effluents of a Company

- **What is Difference between character : Ethics Morals & Values?**
✓ Role of ethics in Human Interface
- Human dignity, human rights & justice
- Beneficence
- Cultural diversity, pluralism & tolerance
- Solidarity, equity & co-operation
- Responsibility

- **Essence of Ethics**
⇒ मानवीय क्रियाकलापों में नीतिशास्त्र का सार
✓ Right Vs Wrong
✓ Good Vs Evil

Three Pillars / तीन आयाम
✓ Pluralism
✓ Rights & Responsibilities
✓ Fairness

- **In search of an ethics of personal Relationship**
- **Determinants of Ethics** ⇒ नीतिशास्त्र के निर्धारक
✓ Ethics generally accepted principles of right & wrong governing the conduct of individuals.
- Personal ethical code
- Object of the action
- The circumstances in which the action was performed
- End purpose of the act

- **Branches of Ethics** ⇒ नीतिशास्त्र की शाखाएँ
✓ Historical Ethical Theories / ऐतिहासिक सिद्धांत
1) Virtue ethics (Socrates & Aristotle)
- Stoicism
2) Hedonism
3) Cyrenaic hedonism
- Epicureanism
4) State Consequentialism
✓ Modern Normative Ethics / समकालीन सिद्धांत
- Contemporary Virtue ethics
- Consequentialism / परिणामवाद
- Utilitarianism / उपयोगितावाद
- Jeremy Bentham
- Stuart Mill
- Deontology / कर्तव्यवाद
- Immanuel Kant
- Pragmatic ethics
- Role ethics
✓ Applied Ethics / अनुप्रयुक्त नीतिशास्त्र
- Specific questions
- Particular field of application
- Bioethics
- Genetics
- Business ethics
- Relational ethics
- Machine ethics
- Political ethics
- Public sector ethics

- **Meta Ethics / परा नीतिशास्त्र**
The Field of Knowledge that seeks to understand the nature of :
✓ Normative Ethics
The focus of meta-ethics is on
✓ How we understand
✓ Knowledge

- **Ethics in Governance** ⇒ शासन में नैतिकता
द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग (भारत सरकार)
✓ Fourth Report, ARC-II (2007) - चतुर्थ रिपोर्ट
✓ Main Recommendation - मुख्य अनुशंसाएँ

- **Ethical Framework** - नैतिक ढाँचा
✓ Ethics in Politics
✓ Ethics in public life
✓ International Approach
✓ Ethical framework for minister
✓ ethical framework for legislators
✓ Code of ethics for civil servant
✓ Code of ethics for regulators
✓ Ethical framework for judiciary

- **Legal framework for Fighting Corruption**
⇒ भ्रष्टाचार विरोध के लिए कानूनी ढाँचा
- **Institutional framework for Fighting Corruption**
⇒ भ्रष्टाचार विरोध के लिए संस्थागत ढाँचा
✓ The Lokpal - लोकपाल
✓ The Lokayukta - लोकायुक्त
✓ Ombudsman at the local level - ओम्बुड्समैन

- **Social Infrastructure** - सामाजिक अवसंरचना
✓ Role of media / मीडिया
✓ Social Audit / सामाजिक लेखापरीक्षण
✓ Building Societal सामाजिक पूंजी

- **Systemic Reforms** - सुव्यवस्थित सुधार
✓ Reforming the civil services / सिविल सेवा सुधार
✓ Integrity Pacts सत्य निष्ठ समझौते
✓ Reducing discretion / स्वविवेक घटाना
✓ Protecting the Honest Civil Servant / ईमानदार सिविल सेवकों की रक्षा
✓ International Co-operation / अंतर्राष्ट्रीय सहयोग
✓ Relationship between the Political Executive and permanent civil services.
✓ Summary of Recommendation / अनुशंसाएँ

- **PART-B Human Values**
⇒ द्वितीय खण्ड - मानवीय मूल्य
- **Basic Human Values-Theory, Methods & Applications**
⇒ आधारभूत मानवीय मूल्य - सिद्धांत, प्रविधियाँ व अनुप्रयोग
✓ Introduction to the Value Theory
- Values are beliefs
- Values are a motivational construct
- Values transcend specific actions & situations
- Values guide the selection or evaluation of action
- Values are ordered by importance relative to one another (This hierarchical feature of values also distinguishes them from norms and attitudes.)
✓ Ten Basic Human Values दस आधारभूत मानवीय मूल्य
- Self direction
- Stimulation
- Hedonism
- Achievement
- Power
- Security
- Conformity
- Tradition
- Benevolence
- The structure of value relations
✓ Sources of Value Priorities (Family & Society)
⇒ मूल्य प्राथमिकताओं के स्रोत (परिवार व समाज)
✓ Life Circumstances How background variables influence value priorities
- People's age
- Education
- Gender
- Socialization / Learning experience
- Social Roles
- Expectations & Sanctions
- Abilities

- **Predicting Behaviour with Basic Values**
✓ From the lives and teachings of / जीवन व शिक्षाएँ
A) Great Administrators (India) / महान प्रशासक
- V. P. Menon
- C.D. Deshmukh
- K.M. Panikkar
- E. Shreedharan
- Verghese Kurien
- P.N. Haksar
- Nagendra Singh
- I. G. Patel
- M.S. Swaminathan
- GVG Krishnamurty etc.)
B) Great Leaders / महान नेता
- Mahatma Gandhi
- Jawahar Lal Nehru
- Vallabh Bhai Patel
- Bal Gangadhar Tilak
- Swami Vivekanand
- Lal Bahadur Shastri
- Subhas Chandra Bose
- Bhagat Singh, Sukhdev
- Chandrashekhar Azad
- Indira Gandhi
C) Social Reformers / समाज सुधारक
- Mother Teresa
- Basaveshwara
- Srimanta Sankardev
- Raja Ram Mohan Roy
- Kabir
- Virchand Gandhi
- Jamnalal Bajaj
- Vinoba Bhave
- Baba Amte
- Shriram Sharma Acharya
- Ishwar Chandra Vidyasagar
- Dhondo Keshav Karve
- Baba Saheb Ambedkar
- Annie Besant
- Vitthal Ramji Shinde
- Gopal Hari Deshmukh
- Kandukuri Veeresalingam
- Vijaypal Baghel
- Periyar E.V. Ramasamy
- Pandurang Shastri Athavle
- Dayanand Saraswati
- Sahajanand Saraswati
- Ram Krishna Paramhansa
- Jyotiba Phule
- Shahu Chhatrapati
- Pandita Ramabai
D) Great Teachers / महान शिक्षक
- Budha, Mahavir Jain
- Confucius
- Albert Einstein
- Aristotle
- Ayn Rand
- Galileo Galilei
- Sir Isaac Newton
- Pythagoras
- Henry David Thoreau
- John Locke
- Amartya Sen
- Friedrich Froebel
India
- Chanakya
- Savitri Bai Phule
- Ravindranath
- Dr. Sarvapalli Radhakrishna
- A.P.J. Abdul Kalam
- C. V. Raman
- Nissim Ezekiel
- Dr. Manmohan Singh
- Sanat Gondhana
- R. K. Narayan
- D.K. Prahalad

- **Role of Family in Human Values**
⇒ मानवीय मूल्यों के विकास में परिवार की भूमिका
✓ Truth
Right Conduct
✓ Peace
✓ Love
✓ Non-Violence
- **Education towards the inculcation of values**
⇒ मूल्य परक शिक्षा की ओर
- **UNESCO values in Education Summit 1996**
✓ Teaching values - An experiment in Education
✓ Essence of curriculum for value education
✓ The parameters of Empowerment
✓ Guidelines for proper value orientation
✓ Empowering Learners by inculcating values
- **Role of Society in inculcating values**
⇒ मूल्यों के विकास में समाज की भूमिका
✓ Major role of society
- Social responsibility
- Religious responsibility
- Financial responsibility
- Political responsibility

सभी Topics पर मौलिक Class Notes

प्रतिदिन उत्तर लेखन अभ्यास

Module में G.S. पढ़िये और फायदे में रहिए क्योंकि एक ही संस्था में सब कुछ अच्छा नहीं मिलेगा।

सोचिए! देश में दस शहरों में कोचिंग (इलाहाबाद, बनारस.....) कराने वाले आपको कितना समय व गुणवत्ता दे पायेंगे?

निःशुल्क कार्यशाला : 10-11 जुलाई सामान्य अध्ययन प्रातः 10.30 बजे लोक प्रशासन सायं 5.00 बजे

UNIYAL'S School of GENERAL STUDIES
"उनियाल भवन"
631, मेन रोड बत्रा सिनेमा, मुखर्जी नगर, दिल्ली
Tel. : 27602802, 9682477782, 8800338210

Ethics General Studies पेपर को का एक अंग है। इसके अलावा इसमें APPITUDE, ATTITUDE, EMOTIONAL INTELLIGENCE इत्यादि जैसी विशुद्ध Scientific Concept भी हैं जिनका दर्शनशास्त्र अथवा हिन्दी साहित्य से कोई सम्बन्ध नहीं। अतः दिग्भ्रमित न हों।

4 रिक्त सीटों के लिए भी चुनाव 2 जून को सम्पन्न हुए. यह चारों सीटें भी पहले कांग्रेस के पास थीं, जो अब भाजपा के खाते में गई हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में हंडिया निर्वाचन क्षेत्र की सीट समाजवादी पार्टी के पास ही बरकरार रही है. इस प्रकार कांग्रेस को बड़ा झटका गुजरात में लगा है जहाँ उपचुनाव वाली उसकी सभी छह सीटें अब भाजपा के खाते में चली गई हैं.

राज्यों का विरोध बरकरार रहने से एन.सी.टी.सी. के गठन का विचार ठण्डे बस्ते में

आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश के लिए केन्द्र सरकार के प्रस्तावित राष्ट्रीय आतंकवाद रोधी केन्द्र (National Counter-Terrorism Centre–NCTC) के गठन की योजना अब ठण्डे बस्ते में चली गई है. आंतरिक सुरक्षा पर मुख्यमंत्रियों के नई दिल्ली में 5 जून, 2013 को सम्पन्न सम्मेलन में इस मामले में राज्यों का विरोध बरकरार बने रहने पर इसके गठन के लिए विधेयक लाने का इरादा सरकार ने फिलहाल त्याग दिया है तथा राज्यों की सहमति से ही इस दिशा में कोई कदम उठाने की घोषणा गृह मंत्री ने की है.

इस मामले में राज्यों की मुख्य आपत्तियाँ इस केन्द्र को आईबी (इन्टेलीजेन्स ब्यूरो) के अधीन गठित करने तथा राज्यों में गिरफ्तारियों का अधिकार इसे प्रदान करने को लेकर थीं. (गिरफ्तारियों का अधिकार फिलहाल राज्य पुलिस बलों के अतिरिक्त केवल सीबीआई के पास है) एनसीटीसी को गिरफ्तारी का अधिकार प्रदान करने को अधिकांश राज्यों ने विशेषतः गैर कांग्रेस शासित राज्यों ने राज्यों के अधिकारों का अतिक्रमण मानते हुए इसका विरोध किया राज्यों के विचार जानने के पश्चात् एनसीटीसी का जो संशोधित प्रारूप केन्द्र ने राज्यों को प्रेषित किया था उसमें उपर्युक्त दोनों प्रावधान हटा दिए गए थे तथा एनसीटीसी को सीधे ही गृह मंत्रालय के अधीन रखने का प्रावधान किया गया था. इसके बाद भी राज्यों का समर्थन इसके लिए प्राप्त न हो सका. विरोध करने वाले राज्यों ने अब दूसरे मुद्दे उठा लिए हैं तथा इसके गठन के उद्देश्य पर ही प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं. आन्तरिक सुरक्षा पर 5 जून, 2013 को नई दिल्ली में आहूत मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में एनसीटीसी का विरोध करने वाले मुख्यमंत्रियों में पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी, बिहार के नीतीश कुमार, तमिलनाडु की जे. जयललिता, गुजरात के नरेन्द्र मोदी, छत्तीसगढ़ के रमन सिंह, मध्य प्रदेश के शिवराज सिंह चौहान और पंजाब के उप-मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल तो शामिल थे ही, यहाँ तक कि कांग्रेस शासित कुछ राज्यों के मुख्यमंत्रियों, महाराष्ट्र के पृथ्वीराज चव्हाण, कर्नाटक के सिद्धारमैया और असम के तरुण गोगोई ने भी एनसीटीसी के संशोधित प्रस्ताव पर आपत्ति व्यक्त की है.

उत्तर प्रदेश ने हालांकि एनसीटीसी का विरोध नहीं किया है, लेकिन समर्थन भी नहीं किया. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बैठक में कहा कि आतंकवाद से मुकाबले के लिए प्रदेश में एटीएस बनाया गया है जिसे और मजबूत किए जाने के प्रयास हो रहे हैं. इससे स्पष्ट है कि वह भी केन्द्रीय एजेंसी नहीं चाहता.

संक्षिप्तकी

गुलबर्गा व धारवाड़ में कर्नाटक उच्च न्यायालय की पीठें

धारवाड़ व गुलबर्गा में कर्नाटक उच्च न्यायालय की सर्किट पीठें अब स्थायी पीठों का रूप लेंगी. इसके लिए लाए गए प्रस्ताव को राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने 4 जून, 2014 को मंजूरी प्रदान की है.

ज्ञातव्य है कि कर्नाटक उच्च न्यायालय देश के प्राचीनतम उच्च न्यायालयों में से एक है. 1884 ई. में स्थापित इस उच्च न्यायालय का नाम मैसूर उच्च न्यायालय पहले था जिसे बदलकर 1973 में कर्नाटक उच्च न्यायालय किया गया था. ●●●

उपकार
नवीन पाठ्यक्रम पर आधारित
उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग
समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी
प्रारम्भिक परीक्षा
(सामान्य एवं विशेष भर्ती)
प्रमुख आकर्षण
कोड नं. 2017
- गत वर्ष का हल प्रश्न-पत्र
- भारत का इतिहास
- भारत एवं विश्व का भूगोल
- भारतीय राजव्यवस्था
- भारतीय अर्थव्यवस्था
- भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन
- जनसंख्या, पर्यावरण और शहरीकरण के संदर्भ में
- राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय घटनाक्रम
- खेलकूद
- सामान्य विज्ञान
- उत्तर प्रदेश : वस्तुनिष्ठ प्रश्न
- सामान्य मानसिक योग्यता
- सामान्य हिन्दी

मूल्य : ₹ 375/-
UPKAR PRAKASHAN, AGRA-2
E-mail : care@upkar.in
Website : www.upkar.in

sscexamonline.blogspot.com

प्रतिष्ठित सरकारी नौकरी

मात्र 5 महीने की तैयारी में

हर साल हजारों की संख्या में SSC, FCI, LIC एवं विभिन्न Banks रिक्तियों की घोषणा करते हैं। कुछ अंतर के बावजूद सभी परीक्षा एक ही Pattern पर आधारित होते हैं। मात्र 5 महीने की तैयारी के बाद, साल में 10 से अधिक Exams दें एवं प्रतिष्ठित सरकारी नौकरी पायें।

- एकमात्र संस्थान जहाँ Innovative Ideas, Conceptual Tricks एवं Technique से Maths एवं Reasoning को आसान एवं सरल बना दिया जाता है।
- एकमात्र संस्थान जहाँ 'कम से कम लिखना और ज्यादा से ज्यादा सीखना' तकनीक पर जोर देते हुए संपूर्ण पाठ्यक्रम Printed Form में उपलब्ध कराई जाती है।
- संपूर्ण General Studies का Conceptual अध्यापन।
- Examination Pattern पर Weekly Test Series. OMR Sheet की Computerised जाँच एवं Rankwise Result की घोषणा

नोट: अगर आप कहीं पढ़ चुके हों या पढ़ रहे हों तो भी किसी भी दो दिन आकर Demo Class लें। आप सोचने पर मजबूर हो जाएँगे कि आपने अब तक क्या पढ़ा है।

Coaching Available for:-

- SSC (GL/10+2 Level), CPF(AC), CDS
- Bank (PO/Clerk), LIC (ADO/AAO), Railways
- Delhi Police & Other States Police exams.
- DSSSB, TGT, PGT, B.Ed, JBT, DIET
- IAS — Pre. (Paper- II) / Comp. English

Weekend Batch For Working People

Interview कक्षा विशेषज्ञों के समूह द्वारा

5 MOCK ALL ON CAMERA

HOSTEL FACILITY AVAILABLE

PARAMOUNT ही क्यों?

आप एक कोर्स के लिए दाखिला लेते हैं और आप पाते हैं पाँच महीने के Coaching के अलावा

Free

- Test Series (For any Exam.)
- Exclusive English Batches
- Exclusive Maths Batches
- Exclusive Batches for Trigonometry, Geometry & Algebra
- Printed Books (फोटो कॉपी नहीं) English/Hindi दोनों माध्यम में
- Beginner's Batch for Maths & English
  अगर आपका Basic कमजोर है तो आप Beginner's Batch में Free of Cost पढ़ सकते हैं। अपने Regular Batch में Targeted एवं Exam Oriented तैयारी करें और Beginner's Batch में Maths एवं English के Basic Concepts Clear करें।

Inaugural Book of Paramount Reader Publication



99% Questions of Grammar & Vocabularies including idioms & phrases & one word substitution of SSC(CGL)-2013 are from this book.

Grab your Copy & Check yourself

RECORD BREAKING NEWS

Selection in SSC(CGL)-2012 crossing 500!!!

Creating History ....Year after Year

for results visit www.paramountcoachingcentre.com

विभिन्न विषयों के शिक्षक पद के लिए योग्य एवं अनुभवी उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित सम्पर्क करें :- 088608-55555

Best Coaching institute of the NCR (Delhi) Award से सम्मानित संस्थान

PARAMOUNT
Coaching Centre Pvt. Ltd.

An ISO 9001 : 2008 Certified Company

Centres at: Mukherjee Nagar —704, 1st Floor, Above Big Apple, Near Batra Cinema, Dr. Mukherjee Nagar Delhi - 110 009

✪ Uttam Nagar ✪ Dilshad Garden ✪ Munirka ✪ Rohini ✪ Badarpur Border ✪ Jaipur

CENTRAL ENQUIRY :- 011-27607854, 8860333333, 8860833333, 8860822222

Website:- www.paramountcoachingcentre.com

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

- आस्ट्रेलिया जा बसने वाले प्रवासियों में भारतीयों की संख्या सर्वाधिक
- नेपाल में संविधान सभा के चुनाव नवम्बर 2013 में
- पाकिस्तान में पहली बार लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता का हस्तान्तरण : नवाज शरीफ रिकॉर्ड तीसरी बार प्रधानमंत्री बने
- उदारवादी नेता हसन रुहानी ईरान में नए राष्ट्रपति निर्वाचित
- 'नाटो' दलों ने अफगानिस्तान में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह अफगान सेना को सौंपी
- अमरीकी विदेश मंत्री जॉन केरी की भारत यात्रा
- विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे का ईक्वाडोर दूतावास में शरण का एक वर्ष पूर्ण
- भारत व चीन के बीच सीमा वार्ता का 16वाँ दौर सम्पन्न
- पाकिस्तान में मोहम्मद अली जिन्ना का आवास उग्रवादियों के बम विस्फोटों से गम्भीर रूप से क्षतिग्रस्त
- विश्व का सबसे ऊँचा भवन केवल 90 दिन में बनाने की चीनी कम्पनी की योजना
- अफगानिस्तान को अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् का एसोसिएट सदस्य बनाया गया
- आईसीसी ने टी-20 विश्व कप (2016), टेस्ट चैम्पियनशिप (2021) व एकदिवसीय क्रिकेट के विश्व कप (2023) की मेजबानी भारत को सौंपी
- संक्षिप्तकी

आस्ट्रेलिया जा बसने वाले प्रवासियों में भारतीयों की संख्या सर्वाधिक

भारत से बड़ी संख्या में लोग प्रतिवर्ष आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड व अन्य देशों में जाकर स्थायी रूप से वहीं बसते हैं. बीते वर्ष 2011-12 के दौरान भारत से आस्ट्रेलिया जा बसने वाले भारतीयों की संख्या 29,018 थी, जो अन्य सभी देशों की तुलना में अधिक थी. आस्ट्रेलिया सरकार के विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार माइग्रेशन 2011-12 के दौरान आस्ट्रेलिया में स्थायी रूप से बसने वाले प्रवासियों में सर्वाधिक संख्या भारतीयों की ही थी, जबकि चीनियों का इस मामले में दूसरा स्थान था. आस्ट्रेलियाज़ माइग्रेशन ट्रैंड (Australia's Migration Trend) **2011-12** शीर्षक से जारी इस रिपोर्ट के अनुसार 2011-12 के दौरान भारत से आकर वहाँ बसने वाले प्रवासियों की संख्या पूर्व वर्ष 2010-11 की तुलना में 12-7 प्रतिशत अधिक थी. रिपोर्ट के अनुसार चीन से आकर बसने वाले प्रवासियों की संख्या 2011-12 में 25,509 रही जो एक वर्ष पूर्व 2010-11 में 29,546 थी. माइग्रेशन विभाग की इस रिपोर्ट में बताया गया है कि नए प्रवासी रुझान के अनुसार एशिया ही वहाँ (आस्ट्रेलिया में) आकर बसने वालों के प्रमुख स्रोत के रूप में उभरा है तथा 2011-12 में स्थायी प्रवासियों के पहले 10 स्रोत राष्ट्रों में सात देश एशिया के हैं.

नेपाल में संविधान सभा के चुनाव नवम्बर 2013 में

नेपाल में संविधान सभा की 491 सीटों के लिए लम्बे समय से प्रतीक्षित चुनाव नवम्बर 2013 में होंगे. देश की नई अन्तरिम काम चलाऊ सरकार ने यह चुनाव 19 नवम्बर को कराने की घोषणा 13 जून, 2013 को की है. चुनावी तिथियों की घोषणा करते हुए अन्तरिम सरकार ने आशा व्यक्त की है कि चुनावोपरान्त बनने वाली नई संविधान सभा देश के लिए नया संविधान तैयार करने के साथ-साथ राजनीतिक अस्थिरता समाप्त करने में भी सफल होगी. नई संविधान सभा देश की संसद के रूप में भी कार्य करेगी.

ज्ञातव्य है कि राजशाही के पतन के पश्चात् नेपाल में पिछली संविधान सभा के चुनाव नई 2008 में कराए गए थे. संविधान निर्माण के लिए समय सीमा में कई बार की गई वृद्धियों के बावजूद यह सभा सर्वसम्मत संविधान की रचना करने में असफल रही तथा अन्ततः 27 मई, 2012 को यह भंग कर दी गई थी तथा नए चुनाव नवम्बर 2012 में सम्पन्न कराने की घोषणा उस समय की गई थी. यह चुनाव कराने के लिए राष्ट्रीय सरकार के गठन पर राजनीतिक दलों में सहमति न हो पाने के कारण यह चुनाव निर्वाचन आयोग द्वारा स्थगित कर दिए गए थे. बाद में मुख्य न्यायाधीश खिलराज रेग्मी के नेतृत्व में सर्वसम्मत अन्तरिम सरकार का गठन वहीं 14 मार्च, 2013 को हुआ तथा नई संविधान सभा के चुनाव 21 जून, 2013 तक कराने को सहमति राजनीतिक दलों में हुई. प्रमुख राजनीतिक दलों—नेपाली कांग्रेस, यूनाइटेड कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूनाइटेड मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट) व यूनाइटेड डेमोक्रेटिक मधेशी फ्रंट के शीर्ष नेताओं के साथ सम्पन्न सरकार के 13 मार्च, 2013 के समझौते के तहत् चुनाव 21 जून, 2013 तक कराने को सहमति हुई थी. विशेष परिस्थितियों में चुनाव की तिथि नवम्बर 2013 तक बढ़ाने को सहमति भी उस समझौते में हुई थी.

पाकिस्तान में पहली बार लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता का हस्तान्तरण : नवाज शरीफ रिकॉर्ड तीसरी बार प्रधानमंत्री बने

पाकिस्तान में 11 मई, 2013 के संसदीय चुनावों में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) के नेता नवाज शरीफ को राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ 5 जून, 2013 को ग्रहण कराई, जिसके साथ ही वहाँ कार्यरत् कार्यवाहक सरकार भंग हो गई. शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व भारतीय उच्चायुक्त शरत सभरवाल ने किया. पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार सत्ता का हस्तान्तरण लोकतान्त्रिक सरकार से दूसरी लोकतान्त्रिक सरकार को हुआ है. नवाज शरीफ रिकॉर्ड तीसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने हैं. इससे पूर्व **1990–93** व **1997–99** के दौरान वह पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे थे. पहले कार्यकाल में भ्रष्टाचार के आरोप लगने पर उन्हें 1993 में वह पद जहाँ छोड़ना पड़ा था, वहीं दूसरी बार तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ के नेतृत्व में हुए सैन्य

तख्ता पलट के कारण यह अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सके थे. उनकी सरकार का तख्ता पलटने वाले परवेज मुशर्रफ 2001–08 के दौरान राष्ट्रपति रहे थे. नवाज शरीफ के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार सँभालने के दो दिन पश्चात् उनकी मंत्रिपरिषद् के 25 सदस्यों को 7 जून को शपथ दिलाई गई. इनमें 16 फेडरल मंत्री व 9 राज्यमंत्री हैं. दो महिलाओं को राज्यमंत्री के रूप में मंत्रिपरिषद् में उन्होंने शामिल किया है. विदेश मंत्रालय का महत्वपूर्ण प्रभार नवाज शरीफ ने स्वयं अपने पास रखा है.

नवाज शरीफ को वजीरे आजम (प्रधानमंत्री) पद की शपथ दिलाते राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी

पाकिस्तान में नई सरकार के गठन के लिए नवगठित 14वीं नेशनल असेम्बली का पहला सत्र 1 जून, 2013 से आहूत किया गया था तथा नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ उस दिन दिलाई गई थी. सदन के स्पीकर व डिप्टी स्पीकर का चुनाव वहाँ 2-3 जून को कराया गया तथा प्रधानमंत्री पद के लिए नामांकन 4 जून को प्रस्तुत किए थे. इस निर्वाचन के लिए 342 सदस्यीय नेशनल असेम्बली में 172 मतों की ही आवश्यकता थी. नवाज शरीफ ने इस चुनाव के लिए आवश्यक बहुमत पहले ही जुटा लिया था. 5 जून को नेशनल असेम्बली में सम्पन्न मतदान में 244 मत उन्हें प्राप्त हुए, जबकि राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के उम्मीदवार मखदूम अमीन फहीम को 42 तथा पूर्व क्रिकेटर इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (PTI) पार्टी के उम्मीदवार मखदूम जावेद हाशमी को 31 मत इस चुनाव में प्राप्त हुए थे.

नेशनल असेम्बली के चुनावों के साथ ही पाकिस्तान के चारों प्रान्तों–पंजाब, सिंध, खैबर पख्तूनवा व बलूचिस्तान की असेम्बलियों के लिए भी चुनाव 11 मई को सम्पन्न हुए थे. इनमें पंजाब में नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) ने जहाँ भारी बहुमत प्राप्त किया था, वहीं सिंध में बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की बादशाहत बरकरार रही है. खैबर पख्तूनवा में इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है. इससे पंजाब में पीएनएल (एन) के शाहबाज शरीफ (नवाज शरीफ) के भाई मुख्यमंत्री पद पर बरकरार रहे हैं (तीसरी बार पंजाब के मुख्यमंत्री बने हैं), जबकि सिंध में पीपीपी के कायम अलीशाह मुख्यमंत्री बनाए गए हैं. खैबर पख्तूनवा में इमरान खान की पीटीआई के परवेज खटाक के नेतृत्व में सरकार बनी है. बलूचिस्तान में पीएमएल (एन) तथा पख्तूनवा मिली अवामी पार्टी (पीएमएपी) को 9-9 और नेशनल पार्टी को 6 सीटें मिली थीं. वहाँ नेशनल पार्टी के अब्दुल मलिक बलूच को गठबंधन सरकार में मुख्यमंत्री बनाया गया है.

उदारवादी नेता हसन रुहानी ईरान में नए राष्ट्रपति निर्वाचित

ईरान में राष्ट्रपति पद के लिए 14 जून, 2013 को सम्पन्न चुनाव में उदारवादी नेता मौलवी हसन रुहानी (Hassan Rouhani) निर्वाचित हुए हैं. इससे इस शीर्ष पद पर कट्टरपंथियों का आठ वर्ष से चल रहा कब्जा समाप्त हो गया है. मूलतः 8 उम्मीदवारों को यह चुनाव लड़ने की स्वीकृति 'गार्जियन काउंसिल' से प्राप्त हुई थी. इनमें से दो उम्मीदवारों के रुहानी के पक्ष में चुनाव मैदान से हट जाने के पश्चात् उनका पलड़ा भारी हो गया था. 2005–13 के दौरान लगातार दो कार्यकालों के लिए

हसन रुहानी



राष्ट्रपति रहे महमूद अहमदीनेजाद इस संवैधानिक रोक के कारण इस चुनावी दौड़ में शामिल नहीं थे. 14 जून को पहले दौर के मतदान में ही 50·71 प्रतिशत मत प्राप्त

CLASSIC IAS ACADEMY HAS BEEN AWARDED
"MARGDARSHAN AWARD 2013 FOR INNOVATION & EXCELLENCE IN IAS COACHING CATEGORY"
वैकल्पिक विषय
Weekend बैच उपलब्ध
CSAT
Classic IAS ACADEMY
20%
10%
15%
UG-33 & 34, Ansal Chamber-I, Bhikaji Cama Place, New Delhi - 110066
Ph. : 32323293, 32323294 Mob. : 9310034050, 9310034060
Web : www.classiciasacademy.com Email: enquiry@classiciasacademy.com

sscexamonline.blogspot.com

कर हसन रुहानी ने दूसरे दौर के मतदान की आवश्यकता को समाप्त कर दिया था. दूसरे स्थान पर रहे तेहरान के मेयर मोहम्मद बाघर घलीबाफ को 16·56 प्रतिशत मत ही इस चुनाव में प्राप्त हो सके. देश के 5·05 करोड़ मतदाताओं में से 3·67 करोड़ (72·7 प्रतिशत) ने अपने मताधिकार का प्रयोग इस चुनाव में किया था.

नवनिर्वाचित राष्ट्रपति हसन रुहानी 2003 में तत्कालीन सुधारवादी राष्ट्रपति मोहम्मद खातमी की सरकार में परमाणु वार्ताकार रहे थे. राष्ट्रपति के रूप में उन्हें एक ऐसी अर्थव्यवस्था की कमान सँभालनी है, जो अपने परमाणु कार्यक्रम के चलते अमरीका व यूरोपीय संघ के प्रतिबन्धों से पूरी तरह प्रभावित है. इन प्रतिबन्धों को हटवाने का वायदा रुहानी ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान किया था.

उल्लेखनीय है कि ईरान में राष्ट्रपति का पद यद्यपि सर्वोच्च निर्वाचित पद है, तथापि वहाँ राष्ट्रपति की शक्तियाँ अन्य राष्ट्रों की तरह नहीं है. शक्तियों के मामले में सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्लाह खोमैनी के पश्चात् दूसरा स्थान ही वहाँ राष्ट्रपति का है. सैन्य बल, स्टेट टेलीविजन व उच्च न्यायिक व्यवस्था आदि वहाँ सर्वोच्च धार्मिक नेता के हाथ में ही है.

'नाटो' बलों ने अफगानिस्तान में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह अफगान सेना को सौंपी

अफगानिस्तान में मार्च 2011 में शुरू हुई सैन्य हस्तांतरण प्रक्रिया का एक और चरण (पाँचवाँ चरण) 18 जून, 2013 को उस समय पूरा हुआ जब 'नाटो' बलों ने शेष बचे 95 जिलों की सुरक्षा व्यवस्था अफगान बलों को सौंप दी. इससे पूरे देश की सुरक्षा व्यवस्था अब स्थानीय बलों के हाथ में आ गई है. 2001 में तालिबान के निष्कासन के बाद से ही वहाँ सुरक्षा व्यवस्था नाटो के नेतृत्व वाले इंटरनेशनल सिक्योरिटी असिस्टेंस फोर्स (ISAF) ने सँभाली हुई थी. इस बल के लगभग 97 हजार सैनिक अफगानिस्तान में तैनात हैं. इनमें 50 देशों के सैनिक शामिल हैं जिनमें सर्वाधिक लगभग 68 हजार सैनिक अमरीका के हैं. इन सभी सैनिकों की अफगानिस्तान से वापसी अगले वर्ष 2014 तक होनी है.

सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी तरह अफगान बलों को सौंपने के लिए काबुल में 18 जून को आयोजित समारोह में नाटो के प्रमुख एंडर्स फॉग रासमुसेन ने कहा कि सुरक्षा का दायित्व स्थानीय बलों को सौंपने के पश्चात् नाटो बल अब समर्थक की [illegible]ा में रहेंगे. अफगानिस्तान के राष्ट्रपति हामिद करजई ने इस अवसर पर कहा कि लोग जब यह देखेंगे कि सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी तरह अफगान सुरक्षा कर्मियों को सौंप दी गई है तो वह सेना व पुलिस का पहले से अधिक समर्थन करेंगे.

अमरीकी विदेश मंत्री जॉन कैरी की भारत यात्रा

अमरीकी विदेश मंत्री जॉन कैरी (John Kerry) ने तीन दिन की भारत की यात्रा जून 2013 में की. अमरीकी विदेश मंत्री के रूप में कार्यभार सँभालने के पाँच माह के पश्चात् ही उन्होंने यह यात्रा भारत व अमरीका के विदेश मंत्रियों के बीच चौथे दौर की रणनीतिक वार्ता के लिए सम्पन्न की. 23 जून को नई दिल्ली पहुँचने पर भारतीय विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद के साथ वार्ता में द्विपक्षीय आर्थिक रिश्तों व रक्षा साझेदारी के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन जैसे अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर भी आपसी सहयोग पर मेहमान विदेश मंत्री ने बल दिया. इससे पूर्व भारत-अमरीका रणनीतिक साझेदारी पर अपने एक व्याख्यान में अमरीकी विदेश मंत्री ने कहा कि भारत व अमरीका के बीच मौजूदा सम्बन्ध एक और एक को ग्यारह बनाने वाला रिश्ता है.

नई दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद के साथ अमरीकी विदेश मंत्री जॉन कैरी

24 जून को भारतीय विदेश मंत्री के साथ रणनीतिक वार्ता में भारतीय विद्यार्थियों को अमरीकी वीजा के मार्ग में आने वाली कठिनाइयों, इंटरनेट की निगरानी व डेविड हेडली के भारत प्रत्यर्पण आदि के मुद्दों पर भी चर्चा दोनों पक्षों में हुई. नाभिकीय क्षेत्र में सहयोग के लिए दोनों देशों के बीच 2008 में सम्पन्न समझौते के रास्ते की रुकावटों पर भी चर्चा वार्ता में की गई तथा इन कठिनाइयों को दूर करने में सहमति दोनों पक्षों में हुई. रणनीतिक भागीदारी को नए पायदान पर ले जाने के लिए ऊर्जा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी व सुरक्षा आदि के क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता दोनों पक्षों ने व्यक्त की. अफगानिस्तान मुद्दा भी वार्ता के मुद्दों में शामिल था. अफगानिस्तान में शान्ति बहाली के लिए अमरीकी विदेश मंत्री ने कहा कि इसके लिए यह जरूरी है कि तालिबान अलकायदा से रिश्ता तोड़े तथा अफगानिस्तान के संविधान को स्वीकार करे. उन्होंने स्पष्ट किया कि अफगानिस्तान को किसी भी दशा में अन्तर्राष्ट्रीय आतंकियों का पनाहगार नहीं बनने दिया जा सकता.

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की जो शुरूआत 2009 में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह व अमरीकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की वार्ता के बाद हुई थी, उस दिशा में आगे कदम उठाते हुए शिक्षा क्षेत्र में सहयोग के चार समझौतों पर हस्ताक्षर नई दिल्ली में किए गए. सूचना प्रौद्योगिकी, मुक्त शिक्षा, सामुदायिक कॉलेजों की स्थापना व शिक्षक-प्रशिक्षण से जुड़े समझौते इनमें शामिल हैं. यह हस्ताक्षर मानव संसाधन विकास मंत्री पल्लम राजू व अमरीकी विदेश मंत्री की उपस्थिति में हुए. नई दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह से भी अमरीकी विदेश मंत्री मिले.

विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे का ईक्वाडोर दूतावास में शरण का एक वर्ष पूर्ण

विकीलीक्स व वेबसाइट के संस्थापक जूलियन असांजे, जिनके विरुद्ध स्वीडन की एक अदालत ने दुष्कर्म के एक मामले में गिरफ्तारी वारंट पिछले वर्ष जारी किए थे, तथा इस गिरफ्तारी से बचने के लिए जो 19 जून, 2012 से लंदन स्थित ईक्वाडोर दूतावास में रह रहे हैं, का इस दूतावास में प्रवास का एक वर्ष जून 2013 में पूरा हो गया. स्वीडिश वारंट के आधार पर उन्हें गिरफ्तार करने के लिए ब्रिटेन की पुलिस लंदन में ईक्वाडोर दूतावास के बाहर तैनात है जिसके चलते एक वर्ष से वह दूतावास से बाहर नहीं निकले हैं. उनके अनुरोध पर ईक्वाडोर सरकार ने उन्हें राजनीतिक शरण प्रदान की हुई है जिसके चलते ब्रिटेन व स्वीडन के ईक्वाडोर के साथ सम्बन्धों में भी खटास आई है. असांजे को आशंका है कि ब्रिटिश पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर यदि स्वीडन को सौंपा तो वहाँ से उन्हें अमरीका प्रत्यर्पित कर दिया जाएगा जहाँ अमरीकी खुफिया सूचनाओं का खुलासा करने के आरोप पर उनके विरुद्ध मुकदमा चलाया जाएगा.

जूलियन असांजे

भारत व चीन के बीच सीमा वार्ता का 16वाँ दौर सम्पन्न

भारत व चीन के बीच राजनीतिक स्तर पर सीमा वार्ता का 16वाँ दौर 28-29 जून,

sscexamonline.blogspot.com

2013 को बीजिंग में सम्पन्न हुआ. मार्च 2013 में नए राष्ट्रपति श्री जिन पिंग के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के पश्चात् दोनों देशों के बीच राजनीतिक स्तर पर यह पहली आधिकारिक सीमा वार्ता थी. मई 2013 में लेह में घुसपैठ जैसी हुई घटनाओं को रोकने के लिए प्रस्तावित बॉर्डर डिफेंस कोऑपरेशन एग्रीमेंट पर चर्चा इस वार्ता में हुई तथा सीमा विवाद के निष्पक्ष व तर्कसंगत समाधान पर सहमति दोनों पक्षों ने व्यक्त की. इस वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शिव शंकर मेनन ने किया, जबकि चीनी प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व वहाँ के नवनियुक्त आधिकारिक वार्ताकार यांग जीची (Yang Jiechi) ने किया.

ज्ञातव्य है कि चीन सरकार में मार्च 2013 में नेतृत्व परिवर्तन के पश्चात् पूर्व वर्षों में विदेश मंत्री रहे जीची को भारत-चीन सीमा वार्ता के लिए चीन की ओर से अधिकृत वार्ताकार नियुक्त किया गया था. इससे पूर्व वे जिताओ के राष्ट्रपति के रूप में कार्यकाल के दौरान दाई बिंगो चीन के आधिकारिक वार्ताकार थे. लगभग एक दशक तक चीन की ओर से अधिकृत सीमा वार्ताकार रहे दाई बिंगो मार्च 2013 में ही इस पद से मुक्त हुए थे.

पाकिस्तान में मोहम्मद अली जिन्ना का आवास उग्रवादियों के बम विस्फोटों से गम्भीर रूप से क्षतिग्रस्त

उग्रवादियों ने 15 जून, 2013 को पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में राजधानी क्वेटा से लगभग 120 किमी दूरी पर स्थित जियारत में उस भवन को बम विस्फोटों से गम्भीर रूप से क्षति-ग्रस्त कर दिया जिसमें देश के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना कभी रहा करते थे. बम विस्फोटों के परिणामस्वरूप भवन में लगी आग से भवन के कुछ हिस्सों के साथ-साथ जिन्ना के स्मृति चिह्न भी नष्ट हो गए. जियारत में अग्नि शमन सेवा उपलब्ध न होने के कारण आग पर काबू पाने में काफी समय लगा. इसके लिए क्वेटा से दमकल गाड़ियाँ मँगवाई गई.

उग्रवादी विस्फोटों के शिकार हुए उपर्युक्त भवन कायदे आजम रेजीडेंसी का निर्माण 1892 ई. में किया गया था और शुरू में यह ब्रिटिश गवर्नर जनरल के एजेंट का ग्रीष्मकालीन निवास था. जिन्ना जब टीबी से पीड़ित थे, तो उन्होंने अपने जीवन के अंतिम दिन इस इमारत में बिताए थे. इसके बाद इस इमारत को राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया गया था.

वर्तमान में विश्व के सर्वाधिक ऊँचाई वाले भवनों की सूची निम्नलिखित है

विश्व के सबसे ऊँचे भवन

क्रमांक	भवन	स्थान	ऊँचाई (मीटर)	मंजिलें	निर्माण वर्ष
1	बुर्ज खलीफा	दुबई (संयुक्त अरब अमीरात)	828	163	2010
2	मक्का रॉयल क्लॉक टॉवर होटल	मक्का (सऊदी अरब)	601	120	2012
3	वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर	न्यूयॉर्क सिटी (अमरीका)	541·3	104	2013
4	ताइपै-101	ताइपै (ताइवान)	509	101	2004
5	शंघाई वर्ल्ड फाइनेंशियल सेंटर	शंघाई (चीन)	492	101	2008
6	इंटरनेशनल कॉमर्स सेंटर	हांगकांग (हांगकांग)	484	118	2010
7	पैट्रोनास टॉवर-I	कुआलालम्पुर (मलेशिया)	452	88	1998
7	पैट्रोनास टॉवर-II	कुआलालम्पुर (मलेशिया)	452	88	1998
9	जिंकेंग टॉवर	नानजिंग (चीन)	450	89	2010
10	विलिस टॉवर (पूर्व नाम सियर्स टॉवर)	शिकागो (अमरीका)	442	108	1973
	– – – –	– – – –	----	----	----
	– – – –	– – – –	----	----	----
219	द इम्पीरियल-I	मुम्बई (भारत)	254	60	2009
219	द इम्पीरियल-II	मुम्बई (भारत)	254	60	2009

KSG
An Institute for IAS Exam...
Ranked Best for IAS Preparation
IT PAYS TO STUDY WITH SPECIALISTS
GENERAL STUDIES
with DR. KHAN
(Formerly Lecturer in University of Delhi)
- Foundation Course
- Weekend Course
- Distance Learning Programme
- General Studies with College Studies

Next Batch:
October - November*
हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में पृथक बैच

DELHI:
2521, Hudson Line, Delhi - 9
(M) 09717 380832
52, Old Rajender Ngr. Market, Delhi - 60, (M) 09560 862 483

JAIPUR:
403-404, Apex Tower, Lal Kothi, (M) 08290 800 441

BHOPAL:
Plot No. 43, R. R. Arcade, 2nd Floor, Zone II, M. P. Nagar
(M) 07509 975 361

CHANDIGARH:
SCO 216, Sector - 36 D
(M) 07508 027 213

*Please Note: We do not know any shortcut to success.

drkhan@ksgindia.com
www.ksgindia.com

sscexamonline.blogspot.com

विश्व का सबसे ऊँचा भवन केवल 90 दिन में बनाने की चीनी कम्पनी की योजना

विश्व में सबसे ऊँचा भवन वर्तमान में दुबई में है. 828 मीटर ऊँचा यह भवन जिसे 'बुर्ज खलीफा' नाम से जाना जाता है, वर्ष 2010 में तैयार हुआ था. अब चीन की एक कम्पनी ब्रॉड सस्टेनेबल डेवलपमेंट (BSB) ने 838 मीटर ऊँचा एक भवन बनाने के इरादे की घोषणा पिछले ही वर्ष की थी. 'स्काई सिटी' नाम के इस टॉवर को केवल 90 दिन में तैयार करने की घोषणा बीएसबी ने की थी. कम्पनी का इरादा प्रस्तावित भवन के विभिन्न हिस्से 4 माह में अन्यत्र तैयार कर 90 दिन के भीतर इन्हें असेम्बल करने का था. इस परियोजना को चीन सरकार ने 4 जून, 2013 में मंजूरी प्रदान कर दी है. प्रस्तावित भवन का निर्माण चीन के दक्षिण मध्य में स्थित चांगशा (Changsha) शहर में किया जाएगा.

अफगानिस्तान को अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् का एसोसिएट सदस्य बनाया गया

अफगानिस्तान जो वर्ष 2001 अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (ICCI) का एफिलिएट सदस्य है, को अब इस परिषद् का एसोसिएट सदस्य जून 2013 में बना लिया गया है. एसोसिएट सदस्यता के उसके आवेदन को आईसीसी की लंदन में जून 2013 के अंतिम सप्ताह में सम्पन्न बैठक में मंजूरी दी गई. आईसीसी की एसोसिएट सदस्यता प्राप्त करने वाला यह एशिया का आठवाँ व विश्व का 37वाँ देश है. आईसीसी के एशियाई एसोसिएट सदस्यों में अफगानिस्तान के अतिरिक्त 7 अन्य देश हांगकांग (1969 में एसोसिएट सदस्य बना), कुवैत (2005), मलेशिया (1967), नेपाल (1996), सिंगापुर (1974), थाइलैण्ड (2005) व संयुक्त अरब अमीरात (1990) है. अन्य एसोसिएट सदस्यों में अर्जेन्टीना, बेल्जियम, बरमूडा, बोत्सवाना, कनाडा, फ्रांस, फिजी, कायमान आईलैण्ड्स, डेनमार्क, जर्मनी, जिब्राल्टर, आयरलैण्ड, इजराइल, इटली, जर्सी, केनिया, नामीबिया, नीदरलैण्ड्स नाईजीरिया, स्कॉटलैण्ड, तंजानिया, अमरीका, वनातु व जाम्बिया आदि शामिल है.

उल्लेखनीय है कि आईसीसी की सदस्यता तीन श्रेणियों में दी जाती है. उसके पूर्व सदस्य 10 देश हैं. टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए अधिकृत हैं. इनमें आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंगलैण्ड, भारत, न्यूजीलैण्ड, पाकिस्तान, दक्षिण आफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइण्डीज व जिम्बाब्वे शामिल है.

जिन देशों में क्रिकेट परिपक्वावस्था में है उसका प्रबन्ध सुव्यवस्थित है, किन्तु जिन्हें पूर्ण सदस्यता प्राप्त नहीं है, को एसोसिएट सदस्यता आईसीसी द्वारा प्रदान की जाती है.

जिन अन्य देशों में क्रिकेट आईसीसी के द्वारा मान्य नियमों के अनुरूप खेली जाती है, को एफिलिएट सदस्य के रूप में आईसीसी द्वारा मान्यता दी जाती है. एफिलिएट सदस्यों की संख्या 60 है तथा उन्हें आईसीसी की बैठकों में मताधिकार प्राप्त नहीं होता.

आईसीसी ने टी-20 विश्व कप (2016), टेस्ट चैम्पियनशिप (2021) व एकदिवसीय क्रिकेट के विश्व कप (2023) की मेजबानी भारत को सौंपी

अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (ICC) ने 2015-2023 के दौरान के अपने क्रिकेट कार्यक्रम को अंतिम रूप 25-29 जून, 2013 को लंदन में सम्पन्न अपनी वार्षिक बैठक में दिया. तय किए गए कार्यक्रम के अनुसार कुल मिलाकर 18 टूर्नामेंटों का आयोजन 2015-23 के दौरान आईसीसी द्वारा किया जाएगा. इनमें दो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप, दो ओडीआई वर्ल्ड कप, दो टी-20 विश्व कप व तीन महिला विश्व कप, दो महिला टी-20 विश्व कप, 3 अंडर-19 विश्व कप व 4 क्वालिफाइंग टूर्नामेंट शामिल हैं. इनमें टेस्ट चैम्पियनशिप को पहली बार ही आईसीसी के कार्यक्रम में शामिल किया गया है. पहली टेस्ट चैम्पियनशिप का आयोजन जून-जुलाई 2017 में होगा तथा इसकी मेजबानी इंगलैण्ड को सौंपी गई है. 2021 में दूसरी टेस्ट चैम्पियनशिप भारत की मेजबानी में होगी.

टी-20 क्रिकेट के आयोजन बांग्लादेश में होना है, उसके पश्चात् 2016 में होने वाले छठे टी-20 विश्व कप के आयोजन की मेजबानी भारत को सौंपी गई है. 2020 में इस टूर्नामेंट का आयोजन आस्ट्रेलिया में होगा. (इससे पूर्व 2014 में पाँचवें टी-20 विश्व कप का आयोजन बांग्लादेश में होना है).

एकदिवसीय क्रिकेट के 11वें विश्व कप का आयोजन 2015 में आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैण्ड की संयुक्त मेजबानी में तथा 12वें विश्व कप का आयोजन 2019 में इंगलैण्ड व वेल्स में होना है. इसके बाद के 2023 का (13वाँ) विश्व कप टूर्नामेंट भारत में कराने का फैसला आईसीसी की जून 2013 की लंदन बैठक में किया गया है.

संक्षिप्तकी

पाकिस्तान में पंजाब प्रान्त की असेम्बली में पहले सिख सदस्य

पाकिस्तान में सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) ने सिख समुदाय के सरदार रमेशसिंह अरोड़ा को पंजाब प्रान्त की असेम्बली का सदस्य मनोनीत किया है. 1947 में हुए बँटवारे के पश्चात् पंजाब असेम्बली का सदस्य बनने वाले वह पहले सिख हैं.

स्वीडन की राजकुमारी का अमरीकी बैंकर के साथ विवाह

स्वीडन की राजकुमारी मेडेलिन थेरेसा एमिली जोसेफाइन ने अमरीका के बैंकर क्रिस्टोफर ओनील के साथ विवाह किया है. रॉयल पैलेस ऑफ स्टॉकहोम में 8 जून, 2013 को आयोजित इस विवाह समारोह में राजघरानों के सदस्यों के अतिरिक्त स्वीडिश व्यावसाय जगत के दिग्गजों व अन्य प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया. मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इस विवाह के बाद भी बैंकर ओनील को राजघराने में शामिल नहीं किया गया है तथा वह सामान्य नागरिक बने रहेंगे. ●●●

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

आर्थिक वाणिज्यिक परिदृश्य

- कौशल विकास हेतु अब नई एकीकृत 'राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी' गठित
- 2012-13 में केन्द्र सरकार की प्राप्तियों एवं व्यय सम्बन्धी वास्तविक अनंतिम आँकड़े वित्त मंत्रालय ने जारी किए : राजकोषीय घाटा 4·9 प्रतिशत
- रीयल एस्टेट क्षेत्र हेतु नियामक के गठन का सरकार का इरादा : वांछित विधेयक के मसौदे को मंत्रिमण्डल की मंजूरी
- 2028 के पश्चात् भारत सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश होगा
- मौद्रिक एवं साख नीति 2013-14 की पहली मध्य त्रैमासिक समीक्षा में सभी बैंकिंग दरें पूर्ववत् बरकरार
- सरकारी गोदामों में अनाज के भण्डारण के लिए जगह बनाने को पिछले भण्डारित अनाज में से 1·05 करोड़ टन अनाज की खुले बाजार में बिक्री
- एयर एशिया इण्डिया के जरिए टाटा समूह की उड्डयन क्षेत्र में वापसी
- नियमों के उल्लंघन पर निजी क्षेत्र के तीन बैंकों पर ₹ 10·5 करोड़ जुर्माना
- 160 वर्ष पुरानी तार सेवा बन्द
- 2013-14 की खरीफ उपजों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य
- पीर पंजाल पर्वत में देश की सबसे लम्बी रेल सुरंग के उद्घाटन से जम्मू का कश्मीर घाटी से रेल सम्पर्क स्थापित
- प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय तथा बेरोजगारी की स्थिति के सम्बन्ध में एनएसएसओ के 68वें चक्र के सर्वेक्षण की रिपोर्ट
- देश में पहला 'व्हाइट लेबल' एटीएम टाटा समूह की कम्पनी ने महाराष्ट्र में स्थापित किया
- अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

कौशल विकास हेतु अब नई एकीकृत 'राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी' गठित

युवाओं में कौशल विकास के लिए अब एक सिंगल एजेंसी के जरिए ही ध्यान केन्द्रित करने के उद्देश्य से एक नई **राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी** (National Skill Development Agency–NSDA) का गठन सरकार ने जून 2013 में किया है. कौशल विकास के लिए पहले से कार्यरत-**प्रधानमंत्री की कौशल विकास परिषद्** (Prime Minister's National Council on Skill Development – PMNCSD), **राष्ट्रीय कौशल विकास समन्वय बोर्ड** (National Skill Development Coordination Board – NSDCB) तथा **कौशल विकास पर प्रधानमंत्री के सलाहकार का कार्यालय** (Office of the Advisor to the PM on Skill Development) की सभी जिम्मेदारियाँ अब इस नवगठित एजेंसी में समाहित कर दी गई हैं, जबकि **राष्ट्रीय कौशल विकास निगम** (National Skill Development Corporation – NSDC) अपनी योजनाओं को संचालित करता रहेगा. राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी एक स्वायत्त एजेंसी के रूप में वित्त मंत्रालय में कार्य करेगी तथा इसका प्रमुख केन्द्रीय मंत्री स्तर का कोई व्यक्ति होगा. इसके प्रशासन हेतु महानिदेशक की भी नियुक्ति की जाएगी. इस एजेंसी के गठन का निर्णय केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की 9 मई, 2013 की बैठक में किया गया था तथा एजेंसी के गठन की अधिसूचना वित्त मंत्रालय द्वारा बाद में 7 जून, 2013 को जारी की गई.

2012-13 में केन्द्र सरकार की प्राप्तियों एवं व्यय सम्बन्धी वास्तविक अनंतिम आँकड़े वित्त मंत्रालय ने जारी किए : राजकोषीय घाटा 4·9 प्रतिशत रहा

बीते वित्तीय वर्ष 2012-13 केन्द्र सरकार का कुल व्यय ₹ 14,90,925 करोड़ रहने का अनुमान सन्दर्भित वर्ष के बजट में लगाया गया था. बाद में 2013-14 के लिए बजट प्रस्तुति के समय यह व्यय ₹ 14,30,825

संधान IAS

भूगोल

संजीव श्रीवास्तव (दृष्टि ...)

प्रथम बैच प्रारंभ

11 JULY 7.00 PM

द्वितीय बैच प्रारंभ

25 JULY 9.00 AM

Ph. : 9999990615, 9990367794

ENGLISH

DHARMENDRA KUMAR

SSC (GL) DP-SI CPO PO CSAT UPSC (Compulsory) JUDICIARY CPF

& ALL COMPETITIVE EXAMS

DSL

An ISO 9001:2008 Certified Co.

पढ़ाया नहीं सिखाया जाता है

Batch Timing

8:30 am 4:00 pm | 10:30 am 5:30 pm | 12:00 pm 7:00 pm

IAS, PCS, SSC में जो भी प्रश्न पूछे जाते हैं, वे हमारे Class Notes एवं Test Series के आधार पर ही होते हैं। इसके प्रमाण हमारे संस्थान का Result एवं Students हैं।

DSL D'sight Lyceum 011-45535235

103-A, Ansal Building, Near Chugh Dairy, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-9

9560319896, 9990936964





करोड़ रहने का सरकार का संशोधित अनुमान था. 2012-13 में सरकार की वास्तविक प्राप्तियों एवं व्यय के सम्बन्ध में अनंतिम वास्तविक आँकड़े वित्त मंत्रालय के लेखा नियंत्रक द्वारा 1 जून, 2013 को जारी किए गए. इन आँकड़ों के अनुसार 2012-13 में सरकार का कुल व्यय ₹ 14,09,422 करोड़ ही रहा है. इसमें ₹ 12,42,263 करोड़ राजस्व व्यय तथा शेष ₹ 1,67,159 करोड़ पूँजीगत व्यय है. ₹ 14,09,422 करोड़ के कुल व्यय में योजना भिन्न व्यय व योजना व्यय क्रमशः ₹ 9,95,139 करोड़ व ₹ 4,14,283 करोड़ रहे हैं. इसके विपरीत ₹ 14,09,422 करोड़ की कुल प्राप्तियों में राजस्व प्राप्तियाँ ₹ 8,78,804 करोड़ व पूँजीगत प्राप्तियाँ ₹ 5,30,618 करोड़ रही हैं. इससे 2012-13 में सरकार का राजस्व घाटा ₹ 3,63,459 करोड़ (सकल घरेलू उत्पाद का 3·6 प्रतिशत) व प्रभावी राजस्व घाटा ₹ 2,47,755 करोड़ (जीडीपी का 2·5 प्रतिशत) रहा है. 2012-13 में राजकोषीय घाटा (Fiscal Deficit) जीडीपी का 5·1 प्रतिशत रहने का अनुमान सन्दर्भित वर्ष के बजट में था, जबकि 2013-14 के बजट प्रस्तुति के समय यह घाटा जीडीपी का 5·2 प्रतिशत रहने का संशोधित अनुमान था. ताजा अनंतिम आँकड़ों के अनुसार 2012-13 में सरकार का राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4·9 प्रतिशत रहा है. इसी प्रकार 2012-13 में प्राथमिक घाटा भी अब जीडीपी के 1·9 प्रतिशत के स्थान पर 1·8 प्रतिशत आकलित किया गया है. सरकार की प्राप्तियाँ एवं व्यय के ये आँकड़े बॉक्स में प्रदर्शित हैं.

2012-13 के दौरान केन्द्र सरकार की कुल प्राप्तियों एवं व्यय : वित्त मंत्रालय के लेखा-नियंत्रक द्वारा जारी अनंतिम आँकड़े

क्र.		2012-13	
		संशोधित आकलन* (Revised Estimates)	अनंतिम ताजा आकलन (Current Estimates)
1.	**राजस्व प्राप्तियाँ (Revenue Receipts)**	**8,71,828**	**8,78,804**
	कर राजस्व (निवल) (Tax Revenue)	7,42,115	7,41,062
	कर भिन्न राजस्व (Non Tax Revenue)	1,29,713	1,37,742
2.	**पूँजीगत प्राप्तियाँ (Capital Receipts)**	**5,58,998**	**5,30,618**
	ऋणों की वसूली (Recovery of Loans)	14,073	14,838
	अन्य प्राप्तियाँ (Other Receipts)	24,000	25,890
	उधार एवं अन्य देयताएं (Borrowings & Other Liabilities)	5,20,925	4,89,890
3.	**कुल प्राप्तियाँ (Total Receipts) (1 + 2)**	**14,30,825**	**14,09,422**
4.	**आयोजना भिन्न व्यय (Non Plan Expenditure)**	10,01,638	9,95,139
5.	**योजना व्यय (Plan Expenditure)**	4,29,187	4,14,283
6.	**कुल व्यय (Total Expenditure) (4 + 5)**	**14,30,825**	**14,09,422**
	राजस्व व्यय (Revenue Expenditure)	12,63,072	12,42,263
	पूँजीगत व्यय (Capital Expenditure)	1,67,753	1,67,159
7.	**राजस्व घाटा (Revenue Deficit)**	**3,91,245**	**3,63,459**
	(जीडीपी के प्रतिशत के रूप में)	(3·9)	(3·6)
8.	**प्रभावी राजस्व घाटा**	**2,66,970**	**2,47,755**
	(जीडीपी के प्रतिशत के रूप में))	(2·7)	(2·5)
9.	**राजकोषीय घाटा (Fiscal Deficit)**	**5,20,925**	**4,89,890**
	(जीडीपी के प्रतिशत के रूप में)	(5·2)	(4·9)
10.	**प्राथमिक घाटा (Primary Deficit)**	**2,04,251**	**1,77,894**
	(जीडीपी के प्रतिशत के रूप में)	(1·9)	(1·8)

* 2013-14 के बजट में जारी आँकड़े

रीयल एस्टेट क्षेत्र हेतु नियामक के गठन का सरकार का इरादा : वांछित विधेयक के मसौदे को मंत्रिमण्डल की मंजूरी

रीयल एस्टेट क्षेत्र के बिल्डरों एवं डेवलपरों के कदाचारों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से इस क्षेत्र के लिए एक नियामक (Regulator) गठित करने का सरकार का इरादा है. इसके लिए एक विधेयक संसद में लाया जाएगा. रीयल एस्टेट (नियमन एवं विकास) विधेयक [Real Estate (Regulation and Development) Bill] नाम के इस विधेयक के मसौदे को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने 4 जून, 2013 को मंजूरी प्रदान की है. इससे रीयल एस्टेट क्षेत्र के उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा की जा सकेगी. परियोजनाओं के बारे में भ्रामक विज्ञापन जारी करने पर डेवलपर को जेल भेजने तक का प्रावधान विधेयक के मसौदे में किया गया है.

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

आवास क्षेत्र के लिए एकसमान नियामकीय माहौल उपलब्ध कराने का प्रयास इसमें किया गया है. विधेयक में डेवलपरों के लिए यह अनिवार्यता है कि वे सम्बन्धित प्राधिकरणों से सभी सांविधिक मंजूरियाँ लेने के बाद ही परियोजना शुरू कर सकेंगे. साथ ही इसमें यह भी प्रावधान है कि रीयल एस्टेट परियोजनाओं के लिए सभी सम्बन्धित मंजूरियों का प्रस्ताव नियामक को सौंपना होगा और साथ ही इसे निर्माण शुरू करने से पहले अपनी वेबसाइट पर डालना होगा. परियोजना के सम्बन्ध में भ्रामक विज्ञापन जारी करने से बिल्डरों को रोकने के लिए कड़े प्रावधान विधेयक के मसौदे में किए गए हैं. पहली बार गलती करने वाले बिल्डर पर परियोजना लागत का 10 प्रतिशत तक जुर्माना लगाया जा सकता है, जबकि बार-बार गलती करने पर उसे जेल जाना पड़ सकता है. इस विधेयक के मसौदे को पहले 2 अप्रैल, 2013 को मन्त्रिमण्डल के समक्ष पेश किया गया था, लेकिन मतभेदों के चलते इस समय इसे मंजूरी नहीं दी जा सकी थी.

2028 के पश्चात् भारत सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश होगा

जनसंख्या के मामले में भारत का वर्तमान में चीन के पश्चात् विश्व में दूसरा स्थान है, किन्तु जनसंख्या वृद्धि की मौजूदा प्रवृत्तियों के चलते वर्ष 2028 में दोनों देशों की जनसंख्या 1·45 अरब होगी जिसके पश्चात् भारत की जनसंख्या में वृद्धि का सिलसिला जारी रहेगा, जबकि चीन की जनसंख्या लगभग स्थिर बनी रहेगी. इस प्रकार 2028 के पश्चात् भारत विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश हो जाएगा.



उत्तर नाइजीरिया में जिस गति से जनसंख्या में वृद्धि हो रही है, उससे यह अफ्रीकी देश 2050 तक अमरीका को पीछे छोड़ तीसरी बड़ी जनसंख्या वाला देश हो जाएगा. यह ताजा आकलन संयुक्त राष्ट्र संघ के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग के जनसंख्या प्रकोष्ठ (Population Division, Department of Economic and Social Affairs, UNO) का है. संगठन की वर्ल्ड पॉपुलेशन **प्रॉस्पेक्ट्स (2013)** शीर्षक से जून 2013 में जारी यह रिपोर्ट विभिन्न देशों के वर्ष 2010 के जनांकिकीय आँकड़ों की समग्र समीक्षा पर आधारित है. **रिपोर्ट के अनुसार विश्व की कुल जनसंख्या वर्तमान में 7·2 अरब है, जो 2025 तक 8·1 अरब, 2050 ई. तक 9·6 अरब तथा 2100 ई. तक 10·9 अरब हो जाने की सम्भावना है.** दो वर्ष पूर्व 2011 की अपनी ऐसी रिपोर्ट में 2050 में विश्व जनसंख्या 9·3 अरब तथा 2100 में यह 10·1 अरब हो जाने की सम्भावना संयुक्त राष्ट्र के जनसंख्या प्रकोष्ठ ने व्यक्त की थी.

संयुक्त राष्ट्र एजेंसी की इस रिपोर्ट के अनुसार चीन की जनसंख्या 2030 के पश्चात् घटने लगेगी, जबकि भारत की जनसंख्या 1·6 अरब के उच्चतम स्तर पर पहुँचने के पश्चात् घटने की दिशा में अग्रसर होगी. वर्ष 2100 ई. में भारत की कुल जनसंख्या 1·5 अरब होने की सम्भावना रिपोर्ट में व्यक्त की गई है.

वैश्विक प्रजननता की मौजूदा प्रवृत्ति व प्रौद्योगिकीय विकास ने आज माल्थस के भय को नकार दिया है. दो सौ वर्ष पूर्व माल्थस ने जनसंख्या सम्बन्धी अपने लेख में कहा था कि जनसंख्या में वृद्धि जहाँ ज्यामितीय दर से होती है तथा प्रति 25 वर्षों में जनसंख्या दोगुनी हो जाती है वहीं खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि अंकगणितीय दर से ही हो पाती है. वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्ट्स–2013 जारी करते समय संयुक्त राष्ट्र संघ के जनसंख्या प्रकोष्ठ के निदेशक जॉन विलमोथ (John Wilmoth) ने

GS for FRESHERS क्या, कैसे और कितना ?
हमारे 16 दिवसीय कार्यक्रम सफलता के अंतिम मंजिल तक पहुँचने के लिए उन लोगों के लिए भी मिल का पत्थर साबित होगा जो किसी कारणवश कोचिंग करने में सक्षम नहीं हो सके।

DELHI (4 pm)
15th Introduction
16th - 17th Geography & Environment
18th - 19th Indian & Int. Economy
20th - 21st Ethics..
22nd-23rd Polity & Governance
24th - 25th I.R.
26th - 27th History & World History
28th Current & Essay
29th - 30th General Science & Tech.

ALLAHABAD (4 pm)
18th Introduction
19th Geography & Environment
20th-21st Indian & Int. Economy
22nd-23rd Essay
24th-25th Gen. Science & Tech.
26th-27th History & World History
29th-30th Polity, Governance & I.R.

PATNA
15 July, 9 am

COUNCIL
H.O. Delhi : A-19, PRIYANKA TOWER
M. Nagar
Delhi : 011-47048780, 9899457549
Allahabad 9415217610
Patna 9835876750

वैकल्पिक विषय : भूगोल, राजनीति विज्ञान, इतिहास, दर्शनशास्त्र, हिन्दी साहित्य
CSAT English+Maths+Reasoning

बताया कि 1960 से 2000 के बीच विश्व की जनसंख्या दोगुनी हुई है तथा इस अवधि में वैश्विक खाद्य आपूर्ति दोगुने से अधिक हुई है.

रिपोर्ट में प्रदर्शित अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में विश्व की कुल 7·2 अरब जनसंख्या में 1·3 अरब जनसंख्या विकसित देशों में है, जबकि 5·9 अरब लोग विकासशील देशों में निवास करते हैं. वर्ष 2050 में विकसित देशों में कुल जनसंख्या जहाँ 1·3–1·4 अरब ही बनी रहेगी, वहीं विकासशील देशों में जनसंख्या बढ़कर 8·2 अरब होने की सम्भावना है, जिससे 2050 ई. में विश्व की कुल जनसंख्या 9·6 अरब सम्भावित है.
- अफ्रीकी महाद्वीप की कुल जनसंख्या वर्तमान में 1·1 अरब है, जो 2050 में 2·4 अरब तथा 2100 में 4·2 अरब होने की सम्भावना है.
- 2050 तक जिन देशों की जनसंख्या वर्तमान स्तर से 15 प्रतिशत से भी अधिक घटेगी, उनमें बेलारूस, बुलगारिया, क्रोएशिया, क्यूबा, जॉर्जिया, लाटविया, लिथुवानिया, मोल्डोवा, रूमानिया, रूस, सर्बिया व यूक्रेन शामिल हैं.
- जन्म के समय जीवन प्रत्याशा (Life Expectancy at Birth) 1950–55 के दशक में औसतन 47 वर्ष थी, जो बढ़कर 2005–2010 में 69 वर्ष हो गई थी. 2045–50 में यह 76 वर्ष तथा 2095–2100 में यह 82 वर्ष होने की सम्भावना है.

संयुक्त राष्ट्र एजेंसी की इस रिपोर्ट के अनुसार विश्व जनसंख्या में परिवर्तन के मुख्य कारक प्रजननता, मृत्युक्रम व प्रवास (Fertility, mortality and Migration) हैं, किन्तु इनमें प्रजननता में परिवर्तन ही भावी जनसंख्या का मुख्य निर्धारक रहेगा. वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्ट्स–2013 के अनुसार चीन, भारत, इण्डोनेशिया, ईरान, ब्राजील, द. अफ्रीका आदि बड़े विकासशील देशों में विगत दशकों में, विशेषतः 1960 के पश्चात् प्रजनन दर में तीव्र गिरावट आने से विकासशील विश्व के बड़े भाग में जनसंख्या वृद्धि दर में कमी दर्ज की गई है. इसके साथ ही यूरोप, पूर्वी एशिया व कुछ अन्य क्षेत्रों में प्रजनन दर 2·1 के 'रिप्लेसमेंट लेवल' से भी नीचे चले जाने के परिणामस्वरूप वृद्धजनों की संख्या वहाँ बढ़ रही है तथा जनसंख्या घटने की स्थिति में है. रिपोर्ट के अनुसार कुछ देश अभी भी ऐसे हैं, जहाँ प्रजननता उच्च स्तर पर बनी हुई है तथा प्रति महिला 5 बच्चों के जन्म की औसत स्थिति बनी हुई है. इन देशों में नाइजीरिया, …र, कांगो, इथियोपिया, युगांडा व अफगानिस्तान आदि शामिल हैं तथा इनमें जनसंख्या में तीव्र वृद्धि का सिलसिला भी जारी है. इनमें से अधिकांश देश संयुक्त राष्ट्र संघ के 49 'लीस्ट डेवलप्ड कंट्रीज' की सूची के देश हैं.

मौद्रिक एवं साख नीति 2013-14 की पहली मध्य त्रैमासिक समीक्षा में सभी बैंकिंग दरें पूर्ववत् बरकरार

चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए नई मौद्रिक एवं साख नीति की घोषणा भारतीय रिजर्व बैंक ने 3 मई, 2013 को की थी. उस समय रेपो दर में 0·25 प्रतिशत बिन्दु की कमी करते हुए इस नीतिगत दर को 7·25 प्रतिशत पर रखा गया था. इस नीति की पहली मध्य त्रैमासिक समीक्षा रिजर्व बैंक द्वारा 17 जून, 2013 को की गई. **इस समीक्षा के तहत् किसी भी बैंकिंग दर में कोई परिवर्तन रिजर्व बैंक ने नहीं किया है,** जिससे रेपो दर 7·25 प्रतिशत, रिवर्स रेपो दर 6·25 प्रतिशत तथा बैंक दर 8·25 प्रतिशत के अपने पूर्व स्तरों पर बरकरार हैं. नकद आरक्षण अनुपात (4·0 प्रतिशत) व सांविधिक तरलता अनुपात (23·0 प्रतिशत) में भी कोई परिवर्तन पहली मध्य त्रैमासिक समीक्षा के तहत् नहीं किया गया है. इन दरों में कोई परिवर्तन न किए जाने के कारण ब्याज दरों में किसी कमी की सम्भावना फिलहाल नहीं बनी है, जिससे उद्योग व्यापार जगत् निराश हुआ है. बीते वित्तीय वर्ष 2012-13 में आर्थिक वृद्धि दर 5 प्रतिशत के निम्न स्तर पर रहने तथा मुद्रास्फीति की दर मार्च 2013 में विगत तीन वर्षों के निम्नतम स्तर पर आ जाने से उद्योग व्यापार जगत् ने बड़ी आशा लगाई हुई थी कि ब्याज दरों को घटाने की दिशा में कोई कदम रिजर्व बैंक द्वारा उठाए जाएंगे, किन्तु रिजर्व बैंक ने इस दिशा में विशेष सावधानी खाद्य मुद्रास्फीति के उच्च स्तर पर बने रहने (लगभग 10 प्रतिशत के आस-पास बनी रहने) तथा अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा बाजार में रुपए के मूल्य में भारी गिरावट के परिप्रेक्ष्य में बरती है.

सरकारी गोदामों में अनाज के भण्डारण के लिए जगह बनाने को पिछले भण्डारित अनाज में से 1·05 करोड़ टन अनाज की खुले बाजार में बिक्री

खुदरा बाजार में अनाज की कीमतों को काबू में रखने तथा भारतीय खाद्य निगम (FCI) के गोदामों में नए अनाज के भण्डारण के लिए जगह बनाने के उद्देश्य से

sscexamonline.blogspot.com

इन गोदामों में भरे कुछ अनाज को खुले बाजार में बेचने का सरकार का इरादा है. खुले बाजार में बिक्री की योजना (OPSS) के तहत् इन गोदामों से 1·05 करोड़ टन अनाज की बिक्री के प्रस्ताव को आर्थिक मामलों पर मंत्रिमण्डलीय समिति (CCEA) ने मंजूरी 21 जून, 2013 को प्रदान की है. इसमें एक करोड़ टन गेहूँ व 5 लाख टन चावल होगा. ओएमएसएस के तहत् बिक्री मूल्य खरीद मूल्य से भी कम होने के कारण उपर्युक्त बिक्री पर सब्सिडी सरकार को वहन करनी होगी. ताजा बिक्री प्रस्ताव पर यह सब्सिडी ₹ 5491 करोड़ अनुमानित है.

एयर एशिया इण्डिया के जरिए टाटा समूह की उड्डयन क्षेत्र में वापसी

60 वर्षों के अन्तराल के पश्चात् टाटा समूह ने एक बार पुनः नागरिक उड्डयन क्षेत्र में प्रवेश कर लिया है. मलेशिया की एयर एशिया की नवगठित अनुषंगी भारतीय इकाई एयर एशिया इण्डिया में हिस्सेदारी के साथ टाटा समूह ने उड्डयन क्षेत्र में वापसी की है. एयर एशिया इण्डिया की विमान सेवाओं का परिचालन वर्ष 2013 के अन्त तक शुरू होने की सम्भावना है. किसी विदेशी विमान सेवा कम्पनी की भारत में यह पहली अनुषंगी कम्पनी है. इसकी इक्विटी में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी एयर एशिया की, 29 प्रतिशत टाटा सन्स की व 21 प्रतिशत टेलेस्ट्रा ट्रेडप्लेस के दामाद अरुण भाटिया की तथा शेष 30 प्रतिशत हिस्सेदारी टाटा समूह की है. टीसीएस के पूर्व सीईओ एस. रामादुरै को एयर इण्डिया एशिया का चेयरमैन जून 2013 में नियुक्त किया गया है, जबकि रतन टाटा को इसके निदेशक मण्डल का मुख्य सलाहकार बनाया गया है.

मलेशिया की एयर एशिया कम्पनी सस्ते किराए-भाड़ों के लिए जानी जाती है. इसकी भारतीय इकाई की सेवाएं शुरू होने से देश में विमान सेवा क्षेत्र में एक बार पुनः कड़ी प्रतिस्पर्द्धा शुरू होने की सम्भावना है.

नियमों के उल्लंघन पर निजी क्षेत्र के तीन बैंकों पर ₹ 10·5 करोड़ जुर्माना

केवाईसी मानकों के उल्लंघन के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने निजी क्षेत्र के तीन बड़े बैंकों पर कुल मिलाकर ₹ 10·5 करोड़ का जुर्माना जून 2013 में आरोपित किया है. इसमें सर्वाधिक ₹ 5 करोड़ का जुर्माना एक्सिस बैंक पर, ₹ 4·5 करोड़ एचडीएफसी बैंक पर तथा ₹ 1 करोड़ का जुर्माना आईसीआईसीआई बैंक पर आरोपित किया गया है. बैंकों पर यह जुर्माना ऑनलाइन पोर्टल कोबरापोस्ट के उन आरोपों के पश्चात् की गई जाँच के आधार पर किया गया है, जिसमें कहा गया था कि यह बैंक केवाईसी (Kn ow Your Customer) नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, जबकि ये नियम मनी लाउंड्रिंग रोकने के उपायों का हिस्सा हैं. स्टिंग ऑपरेशन के आधार पर कोबरापोस्ट द्वारा किए गए उपर्युक्त खुलासे के पश्चात् रिजर्व बैंक इन तीनों बैंकों के कॉर्पोरेट कार्यालयों व कुछ शाखाओं में बही खातों व प्रक्रियाओं की जाँच के पश्चात् इस निष्कर्ष पर पहुँचा था कि कोबरापोस्ट के कुछ आरोपों में दम था, जिसके चलते इन बैंकों पर उपर्युक्त जुर्माना आरोपित किया गया है. इस मामले में रिजर्व बैंक ने यह भी यद्यपि कहा है कि जाँच में वैसे तो प्रथम दृष्टि में मनी लाउंड्रिंग का साक्ष्य नहीं मिला है तथा इस मामले में कर और प्रवर्तन एजेंसियों की विस्तृत जाँच के बाद ही कोई पक्का निष्कर्ष निकाला जा सकता है तथापि जाँच में पाया गया है कि तीनों बैंकों ने कुछ उल्लंघन तो किए ही हैं. रिजर्व बैंक ने यह भी कहा है कि इसी तरह की जाँच 36 अन्य बैंकों के कॉर्पोरेट कार्यालयों में भी की जा रही है और जाँच पूरी होने के बाद इन बैंकों के सन्दर्भ में उपयुक्त प्रक्रियाओं का पालन किया जाएगा.

160 वर्ष पुरानी तार सेवा बन्द

ई मेल व मोबाइल फोन के द्वारा एसएमएस आदि के आम प्रचलन में आने पर बीएसएनएल ने तार (Telegram) सेवा बन्द करने की घोषणा जून 2013 में की है. यह सेवा 15 जुलाई, 2013 में बन्द करने की अधिसूचना बीएसएनएल की टेलीग्राफिक सेवाओं के सीनियर जनरल मैनेजर द्वारा 12 जून को जारी की गई.

देश में टेलीग्राफ सेवा के लिए राष्ट्रव्यापी नेटवर्क की स्थापना ब्रिटिश काल में 1853 ई. में की गई थी तथा आम जनता के लिए इस सेवा की शुरुआत 1855 ई. में की गई थी. मोबाइल फोन के एसएमएस के प्रचलन से पूर्व जन्म, मृत्यु व अन्य महत्वपूर्ण अवसरों के त्वरित संदेश तार के जरिए ही एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजे जाते थे.

2013-14 की खरीफ उपजों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य

2013-14 की खरीफ उपजों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्यों (MSPs) की घोषणा केन्द्र सरकार ने 28 जून, 2013 को की. इनमें धान (Paddy) की सामान्य किस्म के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य ₹ 1310 प्रति क्विंटल तथा ए ग्रेड धान के मामले में यह ₹ 1345 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है. पिछले वर्ष 2012–13 में धान की इन किस्मों के लिए क्रमशः ₹ 1250 व ₹ 1280 प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य केन्द्र सरकार ने घोषित किए थे. इस प्रकार धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में ₹ 60 व ₹ 65 प्रति क्विंटल की वृद्धि सरकार ने इस वर्ष की है.

खरीफ की अन्य उपजों में सर्वाधिक ₹ 450 प्रति क्विंटल की वृद्धि तूर (अरहर) के न्यूनतम समर्थन के मामले में सरकार ने की है तथा इस वर्ष यह ₹ 4300 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है. पिछले वर्ष 2012-13 में यह मूल्य ₹ 3850 प्रति क्विंटल था. मूंगफली, सोयाबीन (काली) व तिल (Sesamum) के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में ₹ 300-300 प्रति क्विंटल की वृद्धियाँ सरकार ने इस वर्ष की हैं तथा यह मूल्य क्रमशः ₹ 4000, ₹ 2500 व ₹ 4500 क्विंटल निर्धारित किए गए हैं. सोयाबीन (पीली) का न्यूनतम समर्थन मूल्य ₹ 320 प्रति क्विंटल बढ़ाकर ₹ 2560 प्रति क्विंटल इस वर्ष किया गया है. मोटे अनाजों में ज्वार हाइब्रिड, ज्वार मलदांडी व रागी के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में कोई वृद्धि सरकार ने इस वर्ष नहीं की है तथा यह मूल्य पिछले वर्ष के स्तर पर (क्रमशः ₹ 1500, ₹ 1520 व ₹ 1500) बरकरार रखे गए हैं, जबकि बाजरा का न्यूनतम समर्थन मूल्य ₹ 1175 से बढ़ाकर ₹ 1250 प्रति क्विंटल तथा मक्का के मामले में यह ₹ 1175 से बढ़ाकर ₹ 1310 प्रति क्विंटल किया गया है. दोनों श्रेणियों की कपास (मीडियम स्टेपल व लौंग स्टेपल) के न्यूनतम समर्थन मूल्य में ₹ 100-

ENGLISH
Descriptive,
Objective,
Vocabulary
Spoken
By Mrs. Annie
DICTION®
ENGLISH INSTITUTE
(A unit of Ascent Study Circle Pvt. Ltd.)
202, 3rd Floor, A-40/41, Ansal Building (near UCO Bank)
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi- 9
Phone:- 011 65883933

sscexamonline.blogspot.com

100 प्रति क्विंटल की वृद्धि कर यह क्रमशः ₹ 3700 व ₹ 4000 प्रति क्विंटल निर्धारित किए गए हैं. खरीफ उपजों के यह समर्थन मूल्य एक दृष्टि में तालिका में दर्शाए गए हैं–

खरीफ उपजों के न्यूनतम समर्थन मूल्य

(₹ प्रति क्विंटल)

उपज	2012-13	2013-14	वृद्धि
धान सामान्य श्रेणी	1250	1310	60
धान ए श्रेणी	1280	1345	65
ज्वार हाइब्रिड	1500	1500	—
ज्वार मालदांडी	1520	1520	—
रागी	1500	1500	—
बाजरा	1175	1250	75
मक्का	1175	1310	135
अरहर	3850	4300	450
मूंग	4400	4500	100
उड़द	4300	4300	—
मूंगफली (छिलके सहित)	3700	4000	300
सूरजमुखी	3700	3700	—
सोयाबीन (पीली)	2240	2560	320
सोयाबीन (काली)	2200	2500	300
तिल (Sesamum)	4200	4500	300
रामतिल (Nigerseed)	3500	3500	—
कपास (मीडियम स्टेपल)	3600	3700	100
कपास (लौंग स्टेपल)	3900	4000	100

पीर पंजाल पर्वत में देश की सबसे लम्बी रेल सुरंग के उद्घाटन से जम्मू का कश्मीर घाटी से रेल सम्पर्क स्थापित

पर्वतों से घिरी कश्मीर घाटी अब रेल मार्ग द्वारा जम्मू से जुड़ गई है. जम्मू के बनिहाल कस्बे व कश्मीर के दक्षिणी अनंतनाग जिले के काजीगुंड (Qazigund) कस्बे

बनिहाल में बनिहाल-काजीगुंड रेल लिंक के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, राज्यपाल एनएन वोहरा, रेल मंत्री मल्लिकार्जुन खड़गे और स्वास्थ्य मंत्री गुलाम नबी आजाद

के बीच रेल सेवा का परिचालन जून 2013 में शुरू हुआ है. इसका उद्घाटन यूपीए अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी के साथ प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 26 जून, 2013 को किया. बनिहाल व काजीगुंड के बीच रेल सेवा के लिए दोनों कस्बों के बीच पीर पंजाल पर्वत के आर-पार रेल सुरंग बनाई गई. …0 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से बनी 11 किमी लम्बी यह सुरंग देश में सबसे लम्बी व एशिया में दूसरी सबसे लम्बी रेल सुरंग है. इस सुरंग के लोकार्पण के पश्चात् 18 किमी लम्बे बनिहाल-काजीगुंड रेल मार्ग पर रेलगाड़ी का परिचालन शुरू हो गया है तथा इससे दोनों कस्बों के बीच यात्रा की दूरी जहाँ 35 किमी से घटकर 18 किमी रह गई है वहीं दोनों कस्बों के बीच बारहमासी यातायात सुविधा उपलब्ध हो गई है. इस परियोजना के पूर्ण होने के पश्चात् प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने ऊधमपुर–कटरा–बनिहाल रेल खण्ड को शीघ्रातिशीघ्र पूरा करने पर बल दिया है. यह रेल खण्ड 2017 तक पूर्ण होने की सम्भावना है. इसके शुरू होने के पश्चात् कश्मीर घाटी का पूरे देश के साथ रेल सम्पर्क स्थापित हो जाएगा.

प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय तथा बेरोजगारी की स्थिति के सम्बन्ध में एनएसएसओ के 68 वें चक्र के सर्वेक्षण की रिपोर्ट

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (NSSO) के 68वें चक्र के सर्वेक्षण के सम्बन्ध में दो महत्वपूर्ण रिपोर्ट्स केन्द्र सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (Ministry of Statistics and Programme Implementation) द्वारा 20 जून, 2012 को जारी की गई. इनमें एक रिपोर्ट जहाँ देश में प्रति व्यक्ति मासिक व्यय (Per Capita Monthly Expenditure–PCME) के सम्बन्ध में है वहीं दूसरी रिपोर्ट रोजगार व बेरोजगारी की स्थिति से सम्बन्धित है. एनएसएसओ का 68वें चक्र का यह सर्वेक्षण जुलाई 2011 से जून 2012 के दौरान सम्पन्न किया गया था तथा इसके लिए आँकड़े 7,469 गाँवों के 59,700 परिवारों से तथा 5,268 शहरी प्रखण्डों (Block) के 42,024 परिवारों से जुटाए गए थे. इन रिपोर्टों में प्रस्तुत प्रमुख तथ्य निम्नलिखित हैं (रोजगार के सम्बन्ध में यहाँ प्रस्तुत आँकड़े रोजगार के यूजुअल स्टेट्स की दृष्टि से हैं.)–

उपभोक्ता व्यय सम्बन्धी रिपोर्ट

- *2011-12 में देश में ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति मासिक उपभोग व्यय ₹ 1430 व शहरी क्षेत्रों में यह ₹ 2630 था. इस प्रकार शहरी क्षेत्रों में औसत व्यय ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में लगभग 84 प्रतिशत अधिक था. अलग-अलग क्षेत्रों व प्रदेशों में औसत व्यय का यह अन्तर समान नहीं है. इससे पूर्व 2009-10 के 66वें दौर के सर्वेक्षण में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति मासिक उपभोग व्यय क्रमशः ₹ 1053 व ₹ 1984 था.*
- *ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धनतम 5 प्रतिशत जनसंख्या का प्रति व्यक्ति औसत मासिक व्यय ₹ 521·44 ही दर्ज किया गया, जबकि निर्धनतम 10 प्रतिशत जनसंख्या के मामले में यह ₹ 665·84 पाया गया है. शहरी क्षेत्रों में निर्धनतम 5 प्रतिशत जनसंख्या का औसत प्रति व्यक्ति मासिक व्यय जहाँ ₹ 700·50 दर्ज किया गया वहीं निर्धनतम 10 प्रतिशत जनसंख्या के मामले में यह ₹ 908·92 पाया गया है. इसके विपरीत सबसे धनी भारतीयों में प्रति व्यक्ति मासिक व्यय ग्रामीण क्षेत्रों में ₹ 4481·18 व शहरी क्षेत्रों में ₹ 10281·84 इस सर्वेक्षण में पाया गया.*
- *2011-12 में ग्रामीण क्षेत्रों में ₹ 1430 के औसत मासिक व्यय में ₹ 756 खाद्य वस्तुओं पर व शेष ₹ 673 गैर खाद्य मदों पर व्यय किए गए. इस प्रकार कुल मासिक व्यय में 52·9 प्रतिशत भाग खाद्य मदों पर व्यय किया गया. इसके विपरीत शहरी क्षेत्रों में ₹ 2630 के औसत मासिक व्यय में ₹ 1121 खाद्य मदों (Food Items) पर व ₹ 1509 गैर खाद्य मदों (Non Food Items) पर व्यय किए गए. इस प्रकार शहरी क्षेत्रों में खाद्य मदों पर व्यय कुल मासिक व्यय का 42·6 प्रतिशत दर्ज किया गया.*

रोजगार व बेरोजगारी की स्थिति पर रिपोर्ट

- *1 जनवरी, 2010 को यूजुअल स्टेट्स की दृष्टि से देश में कुल वर्कफोर्स 459·0 मिलियन (ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुषों में 231·9 मिलियन व महिलाओं में 104·5 मिलियन) तथा शहरी क्षेत्रों में पुरुषों में 99·8 मिलियन व महिलाओं में 22·8 मिलियन) थी जो 68वें चक्र की सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार 1 जनवरी, 2012 को 472·9 मिलियन (ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुषों में 234·6 मिलियन व महिलाओं में 101·8 मिलियन तथा शहरी क्षेत्रों में पुरुषों में 109·2 मिलियन तथा महिलाओं में 27·3 मिलियन) हो गई थी. इस प्रकार वर्कफोर्स में 13·9 मिलियन की वृद्धि दो वर्षों की इस अवधि में दर्ज की गई.*
- *68वें चक्र की रिपोर्ट के अनुसार देश में कुल वर्कफोर्स में 52 प्रतिशत स्वरोजगार में है, जबकि 18 प्रतिशत नियमित सवेतन रोजगारों में व शेष 30 प्रतिशत कैजुअल रोजगारों में कार्यरत है. ग्रामीण क्षेत्रों में यह तीनों अनुपात जहाँ क्रमशः 56, 9 व 35 प्रतिशत हैं वहीं शहरी क्षेत्रों में यह क्रमशः 42, 43 व 15 प्रतिशत दर्ज किए गए हैं.*
- *रिपोर्ट के अनुसार देश में **लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट** (LFPR–कुल जनसंख्या में श्रम शक्ति का अनुपात) 40 प्रतिशत है. ग्रामीण क्षेत्रों में 41 प्रतिशत व शहरी क्षेत्रों में यह 37 प्रतिशत पाया गया. पुरुषों में यह अनुपात जहाँ 56 प्रतिशत पाया गया वहीं महिला जनसंख्या में यह 23 प्रतिशत दर्ज किया गया.*
- *वर्कर पॉपुलेशन रेश्यो (WPR–कुल जनसंख्या में कार्यशील जनसंख्या का अनुपात/Ratio of Workforce to Population) अखिल भारतीय स्तर पर 39 प्रतिशत पाया गया. ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में अलग-अलग यह क्रमशः 40 प्रतिशत व 36 प्रतिशत दर्ज किया गया. पुरुषों व महिलाओं में यह दर क्रमशः 54 प्रतिशत व 25 प्रतिशत रही.*
- *बेरोजगारी की दर अखिल भारतीय स्तर पर 2 प्रतिशत पाई गई, जबकि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में यह क्रमशः 2 प्रतिशत व 3 प्रतिशत दर्ज की गई.*

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

देश में पहला 'ह्वाइट लेबल' एटीएम टाटा समूह की कम्पनी ने महाराष्ट्र में स्थापित किया

*देश में किसी गैर बैंकिंग कम्पनी द्वारा पहला एटीएम (ह्वाइट लेबल एटीएम) महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 27 जून, 2013 से खोला गया है. टाटा कम्युनिकेशंस पेमेंट्स सॉल्यूशंस लिमिटेड (TCPSL) जो टाटा कम्युनिकेशंस लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई है, द्वारा यह एटीएम स्थापित किया गया है **इंडिकैश** नाम से स्थापित यह एटीएम (Automated Teller Machine) देश में पहला **ह्वाइट लेबल** एटीएम है. देश के अन्य भागों में भी ऐसे एटीएम स्थापित करने की टीसीपीएसएल की योजना है.*

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अपनी श्रेणी में विश्व का दूसरा सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा

नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अपनी श्रेणी (2·50–4·0 करोड़ यात्री वर्ग) में विश्व का दूसरा सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा है. अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन परिषद् ने इसे इस वर्ग में दूसरा सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा जून 2013 में घोषित किया है. द. कोरिया के सियोल इंचियोन हवाई अड्डे को इस वर्ग में सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा परिषद् ने घोषित किया है.

वर्ष 2013-14 के लिए दिल्ली की वार्षिक योजना

वर्ष 2013-14 के लिए दिल्ली की वार्षिक योजना ₹ 16000 करोड़ की निर्धारित की गई है. यह 2012-13 की वार्षिक योजना (₹ 13229 करोड़) की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक है. योजना आयोग के उपाध्यक्ष मोंटेक सिंह आहलूवालिया के साथ मुख्यमन्त्री शीला दीक्षित की 1 जून, 2013 को नई दिल्ली में सम्पन्न बैठक में 2013-14 की योजना को अन्तिम रूप दिया गया.

परिष्कृत जीन वाली पाँच उपजों के मैदानी परीक्षण की अनुमति

देश में परिष्कृत जीन वाली (Genetically Modified–GM) फसलों के उत्पादन की दिशा में एक कदम और आगे जून 2013 में उस समय बढ़ गया जब पाँच जीएम उपजों के मैदानी परीक्षणों के लिए अनुमति जेनेटिक इंजीनियरिंग एप्रूवल कमेटी (GEAC) ने प्रदान कर दी. इन उपजों में कैस्टर (Castor), चावल, मक्का, गेहूँ व कपास शामिल हैं. तीन वर्ष के अन्तराल के पश्चात् इन फसलों की जीएम उपजों के लिए परीक्षण की अनुमति जीईएसी ने विभिन्न कम्पनियों को प्रदान की है. परिष्कृत जीन वाली …ों में उपजों के जीन्स में कुछ ऐसे परिवर्तन किए जाते हैं जिससे उनमें कीड़े नहीं लगते जिससे उत्पादन की मात्रा में वृद्धि होती है.

गैर कृषिगत उत्पादों के वायदा कारोबार पर 0·01 प्रतिशत की दर से सीटीटी लागू

गैर कृषिगत वस्तुओं के वायदा कारोबार पर 'कमोडिटी ट्रांजैक्शन टैक्स' (CTT) के आरोपण की घोषणा केन्द्रीय वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम् ने 2013-14 के लिए बजट प्रस्तुत करते समय की थी. यह कर 1 जुलाई, 2013 से लागू किया गया है. 0·01 प्रतिशत की दर से यह कर जिन वस्तुओं के वायदा कारोबार पर लागू किया गया है उनमें सोना, चाँदी, चीनी व खाद्य तेल आदि शामिल हैं. गेहूँ, चना, जौ, कपास व आलू सहित 23 कृषिगत उत्पाद इस कर के दायरे से बाहर रखे गए हैं.

विभिन्न योजनाओं के आपसी विलय के चलते 12वीं पंचवर्षीय योजना में केन्द्र प्रायोजित योजनाओं की संख्या में कमी

प्रभावी कार्यान्वयन एवं निगरानी के लिए केन्द्र प्रायोजित योजनाओं (Centrally Sponsored Schemes–CSS) का आपस में विलय कर उनकी संख्या घटाने का योजना आयोग का प्रस्ताव है. इसी परिप्रेक्ष्य में 12वीं पंचवर्षीय योजना के लिए 140 से अधिक केन्द्र प्रायोजित योजनाओं में से कई का आपस में विलय कर उनकी संख्या 66 करने के योजना आयोग के प्रस्ताव को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने 20 जून, 2013 को मंजूरी प्रदान की है.

जम्मू-कश्मीर में 850 मेगावाट की जल-विद्युत् परियोजना का प्रधानमंत्री द्वारा शिलान्यास

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में एक नई जल विद्युत् परियोजना स्थापित की जा रही है. चिनाब नदी पर 850 मेगावाट क्षमता की इस रैटल (Ratle) विद्युत् परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने यूपीए अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी के साथ 25 जून, 2013 को किया. प्रदेश के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी इस अवसर पर उपस्थित थे. इस विद्युत् परियोजना के निर्माण का कार्य निजी क्षेत्र की कम्पनी जीवीके पॉवर को सौंपा गया है.

भारत में बैंकों की 11 प्रतिशत शाखाएँ छह बड़े शहरों में सीमित : क्रिसिल रिपोर्ट

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल (CRISIL) की एक अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार देश में बैंकों की 11 प्रतिशत शाखाएं 6 प्रमुख शहरों में स्थित हैं. 26 जून, 2013 को मुम्बई में देश का पहला वित्तीय समावेशन सूचकांक **इन्क्लूसिक्स** जारी करते हुए क्रिसिल ने बताया कि देश के 640 जिलों में से 4 ऐसे हैं जहाँ केवल एक-एक बैंक शाखा है.

●●●

UPKAR'S
New Release
PRACTICE WORK BOOK
UGC NET/JRF/SET
EDUCATION
(Paper-II & III)

Code No 1803
Price ₹ 235/-
By Prof. K.D. Jha
Upkar Prakashan, AGRA-2
E-mail : care@upkar.in • Website : www.upkar.in

आदर्श IAS
UPSC के नए पाठ्यक्रम के आधार पर सामान्य अध्ययन की सम्पूर्ण तैयारी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कराने वाला एकमात्र संस्थान
★ सामान्य अध्ययन
★ CSAT
(डॉ. उदयभान सिंह एवं टीम के साथ)
उपलब्ध वैकल्पिक विषय
★ लोक प्रशासन
★ भूगोल
★ समाजशास्त्र
स्कॉलरशिप उपलब्ध
1st Floor, Dr. Mukherjee Nagar, Main Road, Delhi-9
Ph.: 011-65298485, 9310818485



शब्द संक्षेप
(Abbreviation)

बीआरएआई—बायोटेक्नोलॉजी रेग्यूलेटरी अथॉरिटी ऑफ इण्डिया.

BRAI—Biotechnology Regulatory Authority of India.

व्याख्या—परिष्कृत जीन वाली उपजों के मामले में सिंगल विंडो क्लीअरेंस के लिए इस नए प्राधिकरण के गठन का सरकार का इरादा है. इसके लिए आवश्यक विधेयक संसद में लाया जाएगा.

नियुक्तियाँ
(Appointments)

सी. विश्वनाथ—भारतीय प्रशासनिक सेवा के सी. विश्वनाथ को भारतीय खाद्य निगम (Food Corporation of India—FCI) का चेयरमैन सह-प्रबन्ध निदेशक (CMD) जून 2013 में नियुक्त किया गया है. इस नियुक्ति से पूर्व वह सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत् थे.

अविनाश चंदर डीआरडीओ के नए प्रमुख

जाने-माने मिसाइल वैज्ञानिक अविनाश चंदर को भारत के रक्षा अनुसन्धान एवं विकास संगठन (Defence Research and Development Organisation—DRDO) का प्रमुख नियुक्त किया गया है. इस पद पर वी. के. सारस्वत, जो 31 मई को सेवानिवृत्त हुए हैं, का स्थान 1 जून से श्री अविनाश चंदर ने लिया है. इसके साथ ही रक्षा मंत्री का वैज्ञानिक सलाहकार व रक्षा अनुसन्धान एवं विकास विभाग का सचिव भी उन्हें नियुक्त किया गया है. पद्मश्री से सम्मानित अविनाश चंदर ने लम्बी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.

अविनाश चंदर

भारतीय मूल के देवानंद शर्मा इजराइल में आस्ट्रेलिया के नए राजदूत—भारतीय मूल के देवानंद शर्मा को आस्ट्रेलिया ने इजराइल में अपना नया राजदूत मई 2013 में नियुक्त किया है. 37 वर्षीय देव आस्ट्रेलिया के सबसे युवा राजदूत हैं.

पंजाब नेशनल बैंक के के. आर. कामथ लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए भारतीय बैंक संघ के अध्यक्ष—पंजाब नेशनल बैंक के चेयरमैन सह-प्रबन्ध निदेशक के. आर. कामथ सत्र 2013-14 के लिए भारतीय बैंक संघ (Indian Banks Association—IBA) के अध्यक्ष जून 2013 में चुने गए हैं. लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए उनका यह चुनाव आईबीए की 6 जून, 2013 को मुम्बई में सम्पन्न 66वीं बैठक में हुआ. इस बैठक में इण्डियन बैंक के चेयरमैन सह-प्रबन्ध निदेशक टी. एम. भसीन, यूको बैंक के चेयरमैन सह-प्रबन्ध निदेशक अरुण कौल व एचडीएफसी बैंक के प्रबन्ध निदेशक व सीईओ आदित्य पुरी को एसोसिएशन का डिप्टी चेयरपर्सन तथा भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन प्रतीप चौधरी को एसोसिएशन का मानद् सचिव 2013-14 के लिए चुना गया.

के. आर. कामथ

टॉमस ब्रुनेन गार्ड—स्वीडन के स्टाम्पेन मीडिया ग्रुप के टॉमस ब्रुनेगार्ड (Tomas Brunegard) को, 'वान-इफ्रा' **वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ न्यूजपेपर्स एण्ड न्यूज पब्लिशर्स** (World Association of Newspapers and News Publishers-WAN-IFRA) का नया अध्यक्ष जून 2013 में संगठन की बैंकाक में सम्पन्न बैठक में चुना गया है. इस पद पर उनका कार्यकाल दो वर्ष होगा. इस पद पर भारत के जैकब मैथ्यू का स्थान उन्होंने लिया है. मलयालम-मनोरमा ग्रुप के जैकब मैथ्यू विगत दो वर्षों से वान-इफ्रा के अध्यक्ष थे.

एल्बेगदोर्ज त्साखिया—मंगोलिया में राष्ट्रपति पद के लिए 26 जून, 2013 को सम्पन्न चुनाव में निवर्तमान राष्ट्रपति एल्बेगदोर्ज त्साखिया ही 50·22 प्रतिशत मत प्राप्त कर पुनर्निर्वाचित हुए हैं.

जॉन डब्ल्यू. आशे संयुक्त राष्ट्र महासभा के 68वें सत्र के लिए अध्यक्ष निर्वाचित

संयुक्त राष्ट्र संघ में एंटिगुआ व बरबूडा के स्थायी प्रतिनिधि जॉन विलियम आशे (John William Ashe) इस संगठन की महासभा के 68वें सत्र के लिए अध्यक्ष जून 2013 में चुने गए हैं. महासभा का 68वाँ सत्र सितम्बर 2013 में शुरू होगा. इस पद पर सर्बिया के वुक जेरेमिक (Vuk Jeremic) का स्थान वह लेंगे, जिन्होंने 67वें सत्र के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार सितम्बर 2012 में सँभाला था. ***महासभा के अध्यक्ष पद के लिए इस वर्ष लैटिन अमरीकी व कैरिबियाई देशों की बारी थी तथा आशे इन देशों की सर्वसम्मत पसन्द थे.***

जॉन डब्ल्यू. आशे

उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष सितम्बर में शुरू होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के अध्यक्ष पद हेतु चुनाव आमतौर पर जून माह में होता है. ***इसके लिए पाँच अलग-अलग क्षेत्रों—अफ्रीका, एशिया, पूर्वी यूरोप, लैटिन व कैरीबिया तथा पश्चिम यूरोप व अन्य देश से बारी-बारी से चुनाव किया जाता है.*** *संयुक्त राष्ट्र महासभा के मौजूदा 67वें सत्र के अध्यक्ष वुक जेरेमिक जहाँ पूर्वी यूरोप क्षेत्र से हैं, वहीं इस वर्ष इस चुनाव के लिए लैटिन अमरीकी व कैरीबिया क्षेत्र की बारी थी. विश्व के अधिक शक्तिशाली माने जाने वाले देशों—अमरीका, रूस, जापान, फ्रांस, ब्रिटेन व चीन आदि से अभी तक कोई भी प्रतिनिधि महासभा की अध्यक्षता हेतु नहीं चुना गया है. सुरक्षा परिषद् के किसी स्थायी सदस्य देश से महासभाध्यक्ष न चुनने की परम्परा रही है.* ***संयुक्त राष्ट्र संघ के 193 सदस्य राष्ट्रों में अर्जेन्टीना ही एकमात्र ऐसा देश है, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्षता का अवसर दो बार प्राप्त हुआ है. भारत को महासभा की अध्यक्षता का अवसर 1953 में मिला था, जब भारत की श्रीमती विजयलक्ष्मी पंडित संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली महिला अध्यक्ष बनी थीं.***

केविन रड—2007–10 के दौरान आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री रहे केविन रड (Kevin Rudd) ने अपनी पार्टी (लेबर पार्टी) के नेतृत्व के लिए 26 जून, 2013 को सम्पन्न चुनाव में प्रधानमंत्री जूलिया गिलार्ड को 57–45 के मतान्तर से पराजित कर दिया जिसके पश्चात् गिलार्ड ने प्रधानमंत्री पद से

केविन रड

sscexamonline.blogspot.com

आपका इंडिया, आपका टुडे अब

शानदार उपहार के साथ

सर्वोत्तम ऑफर

3 साल के सब्सक्रिप्शन के साथ 2,250 रु. का आकर्षक सैंडविच टोस्टर बिल्कुल मुफ्त



राजनीति से व्यवसाय तक, शिक्षा से मनोरंजन तक, धर्म से समाज तक हर महत्वपूर्ण मुद्दे की तह तक जाती है इंडिया टुडे। राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय घटनाओं की तेज-तर्रार कवरेज और विश्लेषण से संपूर्ण, इंडिया टुडे आपको दुनिया की सच्ची तस्वीर दिखाती है।

आज ही सब्सक्राइब करें!

इंडिया टुडे
देश की भाषा में देश की धड़कन

हां, मैं इंडिया टुडे का ग्राहक बनना चाहता हूं
अपनी पसंद के ऑफर पर निशान लगाएं और बाकी फॉर्म भर कर WECARE, INDIA TODAY, ए-61, सेक्टर-57, नोएडा-201301 (उत्तर प्रदेश) भारत पर भेजें

निशान	अवधि	कुल अंक	कवर मूल्य (रु.)	आपको देने हैं (रु.)	निश्चित उपहार/बचत
☐	3वर्ष	156	3,120	2,340	2,250 रु. का आकर्षक सैंडविच टोस्टर मुफ्त
☐	2वर्ष	104	2,000	1,650	20%
☐	1वर्ष	52	1,040	875	15%

चेक/डीडी से भुगतान
मैं लिविंग मीडिया इंडिया लिमिटेड के पक्ष में भेज रहा हूं ________ दिनांक: ________ आहरित बैंक (बैंक का नाम) ________
चेक/डीडी नं. ________ (दिल्ली से बाहर के चेक के लिए 50/- ₹ अतिरिक्त दें. ऐट पार चेक के लिए लागू नहीं.)
अथवा इसे मेरे क्रेडिट कार्ड से वसूल करें ☐ ☐ ☐ कार्ड नं. ________
कार्डधारक का नाम: ________ कार्ड एक्सपायरी की तारीख ____ महीना ____ वर्ष ____
कार्डधारक के हस्ताक्षर: ________ जन्म तिथि: ____ दिन ____ महीना ____ वर्ष ____
नाम: ________ पता: ________
________ शहर: ________ राज्य: ________ पिन: ________
फोन नं. (निवास): ________ मोबाइल फोन ________ ई-मेल: ________

ग्राहक बनने के अन्य विकल्प
टोल फ्री कॉल करें: 18001800100 या (0120) 2479900
ई-मेल wecare@intoday.com
लॉग ऑन करें www.indiatoday.in/subscribe

sscexamonline.blogspot.com

त्यागपत्र दे दिया. इसके साथ ही 55 वर्षीय केविन रड ने तीन वर्ष के अन्तराल के पश्चात् प्रधानमंत्री पद पर वापसी की है. गवर्नर जनरल क्यूंटिन ब्रायस ने 27 जून, 2013 को केनबरा में गवर्नमेंट हाउस में उन्हें प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई. 51 वर्षीय जूलिया गिलार्ड आस्ट्रेलिया की पहली महिला प्रधानमंत्री 2010 में बनी थीं.

न्यायमूर्ति पी. सदाशिवम होंगे भारत के नए मुख्य न्यायाधीश

देश के सर्वोच्च न्यायाधीश न्यायमूर्ति अल्तमस कबीर का इस पद पर कार्यकाल 18 जुलाई, 2013 तक है. उनकी सेवानिवृत्ति के पश्चात् सर्वोच्च न्यायालय में वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी. सदाशिवम (P. Sathasivam) मुख्य न्यायाधीश (Chief Justice of India) होंगे. इस पद पर उनकी नियुक्ति राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा की गई है. वह देश के 40वें मुख्य न्यायाधीश होंगे तथा इस पद पर उनका कार्यकाल 26 अप्रैल, 2014 तक होगा. सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में अगस्त 2007 में उन्होंने कार्यभार सँभाला था. न्यायमूर्ति सदाशिवम कभी भी किसी उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश नहीं रहे हैं. अगस्त 2007 में सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति से पूर्व वह पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में न्यायाधीश थे. स्वतन्त्रता के पश्चात् भारत के सभी मुख्य न्यायाधीशों की सूची निम्नलिखित है–



पी. सदाशिवम

भारत के मुख्य न्यायाधीश

1. हरिलाल जे. कानिया	26 जनवरी, 1950 से 6 नवम्बर, 1951
2. पतंजलि शास्त्री	7 नवम्बर, 1951 से 3 जनवरी, 1954
3. मेहरचन्द महाजन	4 जनवरी, 1954 से 22 दिसम्बर, 1954
4. बी. के. मुखर्जी	23 दिसम्बर, 1954 से 31 जनवरी, 1956
5. एस. आर. दास	1 फरवरी, 1956 से 30 सितम्बर, 1959
6. भुवनेश्वर प्रसाद सिन्हा	1 अक्टूबर, 1959 से 31 जनवरी, 1964
7. पी. बी. गजेन्द्र गडकर	1 फरवरी, 1964 से 15 मार्च, 1966
8. ए. के. सरकार	16 मार्च, 1966 से 29 जून, 1966
9. के. सुब्बाराव	30 जून, 1966 से 11 अप्रैल, 1967
10. के. एन. वांचू	12 अप्रैल, 1967 से 24 फरवरी, 1968
11. एम. हिदायतुल्ला	25 फरवरी, 1968 से 16 दिसम्बर, 1970
12. आई. सी. शाह	17 दिसम्बर, 1970 से 21 जनवरी, 1971
13. एस. एम. सीकरी	22 जनवरी, 1971 से 25 अप्रैल, 1973
14. ए. एन. रे	26 अप्रैल, 1973 से 28 जनवरी, 1977
15. एम. एच. बेग	29 जनवरी, 1977 से 21 फरवरी, 1978
16. वाई. वी. चन्द्रचूड़	22 फरवरी, 1978 से 11 जुलाई, 1985
17. प्रफुल्लचंद्र नटवरलाल भगवती	12 जुलाई, 1985 से 20 दिसम्बर, 1986
18. रघुनन्दन स्वरूप पाठक	21 दिसम्बर, 1986 से 18 जून, 1989
19. ई. एस. वेंकटरमैया	19 जून, 1989 से 17 दिसम्बर, 1989
20. सब्यसाची मुखर्जी	18 दिसम्बर, 1989 से 25 सितम्बर, 1990
21. रंगनाथ मिश्र	26 सितम्बर, 1990 से 24 नवम्बर, 1991
22. के. एन. सिंह	25 नवम्बर, 1991 से 12 दिसम्बर, 1991
23. एम. एच. कानिया	13 दिसम्बर, 1991 से 17 नवम्बर, 1992
24. एल. एम. शर्मा	18 नवम्बर, 1992 से 11 फरवरी, 1993
25. एम. एन. वेंकटचलैया	12 फरवरी, 1993 से 24 अक्टूबर, 1994
26. ए. एम. अहमदी	25 अक्टूबर, 1994 से 24 मार्च, 1997
27. जे. एस. वर्मा	25 मार्च, 1997 से 17 जनवरी, 1998
28. एम. एम. पुंछी	18 जनवरी, 1998 से 9 अक्टूबर, 1998
29. आदर्श सेन आनन्द	10 अक्टूबर, 1998 से 31 अक्टूबर, 2001
30. एस. पी. भरूचा	1 नवम्बर, 2001 से 5 मई, 2002
31. बी. एन. किरपाल	6 मई, 2002 से 7 नवम्बर, 2002
32. गोपाल बल्लभ पटनायक	8 नवम्बर, 2002 से 18 दिसम्बर, 2002
33. वी. एन. खरे	19 दिसम्बर, 2002 से 1 मई, 2004
34. एस. राजेन्द्र बाबू	2 मई, 2004 से 31 मई, 2004
35. रमेश चन्द लाहोटी	1 जून, 2004 से 31 अक्टूबर, 2005
36. योगेश कुमार सब्बरवाल	1 नवम्बर, 2005 से 14 जनवरी, 2007
37. के. जी. बालकृष्णन	14 जनवरी, 2007 से 11 मई, 2010
38. एस. एच. कापड़िया	12 मई, 2010 से 28 सितम्बर, 2012
39. अल्तमस कबीर	29 सितम्बर, 2012 से 18 जुलाई, 2013
40. पी. सदाशिवम	19 जुलाई, 2013 से अब तक

डॉ. टी. सी. ए. राघवन पाकिस्तान में भारत के नए उच्चायुक्त–विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्यरत् डॉ. टी. सी. ए. राघवन को पाकिस्तान में भारत का नया उच्चायुक्त जून 2013 में नियुक्त किया गया है. इस पद पर शरत सभरवाल, जो 30 जून, 2013 को सेवानिवृत्त हुए हैं, का स्थान वह शीघ्र ही लेंगे. डॉ. राघवन 2003–07 के दौरान पाकिस्तान में उप-उच्चायुक्त रह चुके हैं.

कृष्ण चौधरी–भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी कृष्ण चौधरी राष्ट्रीय आपदा कार्यवाही बल (National Disaster Response Force–NDRF) के महानिदेशक जून 2013 में नियुक्त किए गए हैं.

पुरस्कार/सम्मान
(Awards/Honours)

भारत के एनजीओ 'सेवा' को खाद्य एवं कृषि संगठन का पहला जैक्स डियुफ पुरस्कार (2012)–अत्यधिक निर्धन महिलाओं को भूख से छुटकारा दिलाने में सराहनीय योगदान के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) ने वर्ष 2012 का अपना पहला ही जैक्स डियुफ पुरस्कार (Jacques Diouf Award) भारत के गैर-सरकारी संगठन (NGO) 'सेल्फ एम्प्लॉयड विमेन्स एसोसिएशन' (SEWA) व यूरोपीय आयोग को संयुक्त रूप से प्रदान किया है.

रोम में 15 जून, 2013 को एक समारोह में एफएओ के महानिदेशक जोस ग्रेजियानो डा. सिल्वा ने यह पुरस्कार प्रदान किया. **संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा इस पुरस्कार की स्थापना अपने पूर्व महानिदेशक जैक्स डियुफ, जो जनवरी 1994 से दिसम्बर 2011 तक इसके महानिदेशक रहे थे, के नाम पर की गई है तथा यह पहला ही पुरस्कार 15 जून, 2013 को रोम में दिया गया है.**

'सार्क' फिल्म महोत्सव में भारत को तीन पुरस्कार–कोलम्बो में 26–31 मई, 2013 को सम्पन्न तीसरे दक्षेस फिल्मोत्सव में भारत को तीन पुरस्कार प्राप्त हुए. इनमें सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म (पान सिंह तोमर), सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (तिगमान्शु धूलिया, पान सिंह तोमर के निर्देशक) व वृत्तचित्र श्रेणी में विशेष ज्यूरी पुरस्कार (कौशल ओझा को वृत्तचित्र व आफ्टर ग्लोजिमतहत्तवु के लिए) शामिल हैं. भारत के अतिरिक्त पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, मालदीव व श्रीलंका की फिल्में इस महोत्सव में प्रतियोगिता खण्ड में शामिल थीं. पाकिस्तान को दो पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार व सर्वश्रेष्ठ फिल्म का रजत पदक) इस महोत्सव में प्राप्त हुए.

sscexamonline.blogspot.com

इन्दु शर्मा कथा सम्मान (2013)–साहित्य के क्षेत्र का कथा यूके का वर्ष 2013 का इन्दु शर्मा कथा सम्मान मध्य प्रदेश के पंकज सुबीर को उनके कहानी संग्रह 'महुआ घटवारिन और अन्य कहानियाँ' के लिए दिया जाएगा. 38 वर्षीय पंकज सुबीर को यह पुरस्कार अक्टूबर 2013 में लंदन में हाउस ऑफ कॉमन्स में एक समारोह में प्रदान किया जाएगा.

कथा यूके के दूसरे पद्मानंद साहित्य सम्मान के लिए बर्मिंघम के डॉ. कृष्ण कन्हैया को चुना गया है.

अहिल्या बाई होल्कर पुरस्कार पुनर्प्रारम्भ–खेलकूद, शौर्य व साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 2003 में शुरू किए गए अहिल्या बाई होल्कर पुरस्कार, को जिसे मायावती सरकार ने बन्द कर दिया था, को पुनर्प्रारम्भ करने की घोषणा मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 30 मई, 2013 को की है. इस पुरस्कार के तहत् दी जाने वाली पुरस्कार राशि भी ₹ 1 लाख से बढ़ाकर ₹ 5 लाख करने की घोषणा उन्होंने की है.

त्यागपत्र/पदच्युति
(Resignation/Dismissal)

वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति के प्रमुख पद से सुशील मोदी का त्याग-पत्र–जनता दल (यू) व भाजपा का गठबंधन टूटने के पश्चात् बिहार मंत्रिपरिषद् से हटाए गए वित्त मंत्री सुशील मोदी ने प्रस्तावित वस्तु एवं सेवा कर (Goods and Service Tax-GST) पर वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति के अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया है. बिहार के वित्त मंत्री रहते हुए ही वह वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति के अध्यक्ष बनाए गए थे. मंत्रिपरिषद् से हटने के पश्चात् उपर्युक्त समिति के अध्यक्ष पद से अपना त्यागपत्र उन्होंने केन्द्रीय वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम् को 17 जून को प्रेषित कर दिया है.

निधन
(Death)

विद्याचरण शुक्ल–वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व पूर्व केन्द्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल का 11 जून, 2013 को गुड़गाँव के एक अस्पताल में 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया. छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 25 मई, 2013 को हुए नक्सली हमले में वह गम्भीर रूप से घायल हो गए थे, ...के पश्चात् उन्हें गुड़गाँव के मेदांता-मेडि सिटी अस्पताल में भरती कराया गया था. सघन उपचार के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका. उनके निधन पर तीन दिन का शोक छत्तीसगढ़ शासन ने घोषित किया.

विद्याचरण शुक्ल

जिया खान–बॉलीवुड की नवोदित अभिनेत्री जिया खान, जिन्होंने अमिताभ बच्चन अभिनीत हिन्दी फिल्म 'निःशब्द' से अपने फिल्मी कैरियर की शुरुआत की थी, ने 3 जून, 2013 को मुम्बई स्थित अपने घर पर आत्महत्या कर ली. न्यूयॉर्क में जन्मी तथा लंदन में पली-बढ़ी, जिया ने आमिर खान के साथ 'गजनी' फिल्म में भी भूमिका निभाई थी. 2010 में प्रदर्शित 'हाउसफुल' उनकी अन्तिम फिल्म थी. 25 वर्षीय जिया खान ने दुपट्टे से फंदा बनाकर पंखे से लटककर आत्महत्या की. आत्महत्या से पूर्व उनके द्वारा लिखे गए पत्र से यह पता लगा है कि अपने ब्वायफ्रेंड सूरज पंचोली (आदित्य पंचोली के पुत्र) के साथ प्यार में दिल टूटने पर उन्हें आत्महत्या का रास्ता अपनाना पड़ा. इस मामले में पुलिस ने सूरज पंचोली को बाद में गिरफ्तार किया है.

जिया खान

अभिनेत्री जिया खान की आत्महत्या बॉलिवुड में असामयिक व रहस्यमयी मौतों का पहला मामला नहीं है. इससे पूर्व गुरुदत्त, दिव्या भारती, सिल्क स्मिता, परवीन बॉबी, मनमोहन देसाई आदि के निधन भी रहस्यमयी परिस्थितियों में हुए थे. अपने छोटे से कैरियर में ही बॉलीवुड में विशिष्ट पहचान बनाने वाली युवा अभिनेत्री दिव्या भारती की मृत्यु केवल 19 वर्ष की आयु में एक भवन की पाँचवीं मंजिल से नशे की हालत में गिरकर 1993 में हुई थी, जबकि अपने समय की ग्लैमरस अभिनेत्री परवीन बॉबी वर्ष 2005 में मुम्बई स्थित अपने फ्लैट में मृत पाई गई थीं. उनकी मृत्यु का पता निधन के तीन दिन बाद ही उस समय चला था, जब उनकी आवासीय सोसायटी के सचिव द्वारा यह सूचना पुलिस को दी गई कि उन्होंने तीन दिनों से अपने दरवाजे से अखबार व दूध नहीं उठाया है. उनकी मृत्यु के सम्बन्ध में भी यह स्पष्ट नहीं हो सका था कि उन्होंने आत्महत्या की थी या उनकी स्वाभाविक मृत्यु हुई थी. अमर अकबर एंथनी, कुली व एलबर्ट पिंटो जैसी अति लोकप्रिय फिल्में बनाने वाले फिल्मकार मनमोहन देसाई का निधन 1994 में अपनी इमारत से गिरकर हुआ था. उनकी मौत का असली कारण आज भी रहस्य है. बीते वर्षों के जाने-माने फिल्मकार गुरुदत्त भी 1964 में नींद की गोलियों व शराब के अत्यधिक सेवन के बाद मृत पाए गए थे. 17 वर्षों तक 450 से अधिक फिल्मों में अभिनय कर अपनी धाक जमाने वाली दक्षिण भारत की प्रसिद्ध अभिनेत्री सिल्क स्मिता, जिनका असली नाम विजयालक्ष्मी था, ने भी 1996 में जहर खाकर आत्महत्या की थी.

बाहुकुटुम्बी रमन–सुरक्षा सम्बन्धी मामलों के विशेषज्ञ पूर्व प्रशासनिक अधिकारी बाहुकुटुम्बी रमन का 77 वर्ष की आयु में 16 जून, 2013 को चेन्नई में निधन हो गया. मंत्रिमण्डलीय सचिवालय में अतिरिक्त सचिव रहे रमन की 'रॉ' (RAW) की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका रही थी.

समिति/आयोग
(Committee/Commission)

एफडीआई व एफआईआई मामले में गठित अरविंद मायाराम समिति ने रिपोर्ट सौंपी–विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) व विदेशी संस्थागत निवेश (FII) में अन्तर के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण लाने तथा इस मामले में भ्रम के निवारण के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति ने अपनी रिपोर्ट केन्द्रीय वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम् को जून 2013 में सौंप दी है. इस विशेषज्ञ समिति के गठन के इरादे की घोषणा वित्त मंत्री ने 2013-14 का बजट प्रस्तुत करते समय अपने बजट भाषण में की थी तथा वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अरविन्द मायाराम की अध्यक्षता में

RAJU SINGH'S
GS (Pre + Mains) - 30000/- (1 Year)
GS (Mains) - 25000/- (4 Months)
CSAT - 12000/- (4 Months)
ECO Module - 5000/- (1 Month)
12.36% Service Tax Extra.
1 वर्षीय फाउंडेशन कक्षा प्रारंभ
15 July
हिन्दी मा. - प्रातः 9 बजे एवं सायं 6:30 बजे
Eng. Med.- 11:30am & 6:30pm
सामान्य अध्ययन
(मुख्य परीक्षा - प्रश्न पत्र 1, 2, 3 व 4)
17 July से प्रारंभ
हिन्दी मा.-सायं 4:00 बजे
Eng. Med.- 6:30pm
Weekend Batch
Starts From 20 July
Batch Strength Only 50 & Admission Open for All Batches
SRISHTI IAS
PH. 9868677510, 9015588370

sscexamonline.blogspot.com

इसका गठन बाद में मार्च 2013 में किया गया था. रिपोर्ट को अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है.

ऑपरेशन/अभियान
(Operation/Expedition)

उत्तर प्रदेश के 15 वर्षीय राघव जुनेजा सबसे कम उम्र में एवरेस्ट आरोहण करने वाले भारतीय पर्वतारोही : मणिपुर के नामीराक्पाम चिंगखीनगांबा का रिकॉर्ड तीन दिन में ही भंग

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के राघव जुनेजा सबसे कम उम्र में एवरेस्ट आरोहण करने वाले भारतीय हैं. 15 वर्ष 7 माह की उम्र में यह उपलब्धि उन्होंने हासिल की है. हिमाचल प्रदेश में सनावर स्थित लॉरेंस स्कूल में अध्ययनरत् राघव जुनेजा अपने स्कूल के उन 6 किशोर पर्वतारोहियों के दल में शामिल थे, जो 21 मई, 2013 को एवरेस्ट शिखर पर पहुँचने में सफल रहा. सबसे कम उम्र में एवरेस्ट शिखर पर चढ़ने वाले भारतीय होने का रिकॉर्ड इससे पूर्व मणिपुर के नामीराक्पाम चिंगखीनगांबा (Nameirakpam Chingkheinganba) के नाम था, जो 16 वर्ष 7 माह व 11 दिन की आयु में 18 मई, 2013 को (राघव जुनेजा की सफलता से केवल तीन दिन पूर्व) एवरेस्ट शिखर पर चढ़ने में कामयाब रहे थे.

राघव जुनेजा

प्रेमलता अग्रवाल : सातों महाद्वीपों के सर्वोच्च शिखरों पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला

झारखण्ड में जमशेदपुर की साहसी पर्वतारोही प्रेमलता अग्रवाल भारत की ऐसी पहली व एकमात्र महिला हैं, जिन्होंने विश्व के सातों महाद्वीपों के सर्वोच्च पर्वत शिखरों का सफल आरोहण किया है. दो बच्चों की माँ 50 वर्षीय प्रेमलता ने 23 मई, 2013 को उत्तरी अमरीका के अलास्का स्थित सर्वोच्च पर्वत शिखर माउंट मैककिनले (6194 मी) का सफल आरोहण कर सातों महाद्वीपों की सबसे ऊँची चोटियों पर पहुँचने का अद्भुत रिकॉर्ड बनाया. प्रेमलता ने जून 2008 में अफ्रीका के किलिमंजारो, 20 मई, 2011 को एशिया में माउंट एवरेस्ट (8848 मी), 10 फरवरी, 2012 को दक्षिण अमरीका में एकोनकागुआ (6962 मी), 12 अगस्त, 2012 को यूरोप के एल्ब्रास (5,642 मी), 22 अक्टूबर, 2012 को आस्ट्रेलिया के कार्सटेंस पिरामिड (4884 मी), 5 जनवरी, 2013 को अण्टार्कटिका के विनसन मैसिफ तथा 23 मई, 2013 को उत्तर अमरीका के मैककिनले (6194 मी) का सफल आरोहण किया. एवरेस्ट शिखर पर चढ़ने वाली सबसे अधिक उम्र की भारतीय महिला होने का रिकॉर्ड भी प्रेमलता के नाम है. इस वर्ष (2013 में) उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया था.

प्रेमलता अग्रवाल

सम्मेलन
(Conferences)

भारतीय सहकारी महासम्मेलन—सहकारिता के क्षेत्र का 16वाँ भारतीय

भारतीय सहकारी महासम्मेलन के उद्घाटन सत्र में राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी व अन्य विशिष्टजन

सहकारी महासम्मेलन (Indian Cooperative Congress) 25-26 जून, 2013 को नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ. केन्द्रीय कृषि मंत्री शरद पवार व दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती शीला दीक्षित भी इस अवसर पर उपस्थित

जी-8 शिखर सम्मेलन—औद्योगिक दृष्टि से विकसित आठ राष्ट्रों के समूह जी-8 का शिखर सम्मेलन 17-18 जून, 2013 को यूनाइटेड किंगडम के उत्तरी आयरलैण्ड में एनिस्कलेन में सम्पन्न हुआ. वैश्विक अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति तथा कर चोरी की चुनौती से निपटने के प्रयास इस सम्मेलन में चर्चा के मुख्य मुद्दों में शामिल थे. सीरिया, जहाँ चल रहे गृहयुद्ध में लगभग 93 हजार लोग अब तक मारे जा चुके हैं, में सामान्य स्थिति की बहाली के लिए राष्ट्रपति बशर अल असद पर सत्ता त्यागने पर बल जहाँ अमरीकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने दिया वहीं, रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन इस मामले में अमरीकी रवैए से असहमति जताई.

जी-8 के सदस्य देशों में अमरीका, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, ब्रिटेन, इटली, जापान व रूस शामिल हैं.

दुर्घटना
(Accident)

भारतीय वायु सेना का एक मिग-21 व एक अन्य मिग-29 विमान दुर्घटनाग्रस्त—भारतीय वायु सेना का एक मिग-21 विमान राजस्थान के बाड़मेर जिले में सोढियापुर गाँव के निकट 7 जून, 2013 को दुर्घटनाग्रस्त हो गया. विमान का चालक दुर्घटना से पूर्व ही विमान से कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहा.

इस दुर्घटना के दो सप्ताह पश्चात् वायु सेना का एक अन्य मिग-29 विमान गुजरात के जामनगर जिले में लाल पर्दा गाँव में 24 जून, 2013 को दुर्घटनाग्रस्त हुआ. इस दुर्घटना से पूर्व विमान चालक पैराशूट के जरिए कूद कर अपनी जान बचाने में सफल रहे.

प्राकृतिक आपदा से ग्रस्त केदार घाटी में राहत कार्य में जुटा वायु सेना का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त—भीषण प्राकृतिक आपदा से ग्रस्त केदार घाटी में राहत कार्य में लगा वायु सेना का एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर घाटी के जंगल चट्टी क्षेत्र में खराब मौसम में 25 जून, 2013 को दुर्घटनाग्रस्त हो गया. वायु सेना के एक विंग कमाण्डर, दो फ्लाइट लेफ्टिनेंट, एक जूनियर वारण्ट ऑफिसर, एक सार्जेन्ट व आईटीबीपी के 6 तथा एनडीआरएफ के 9 जवानों सहित कुल 20 लोग इस हेलीकॉप्टर पर सवार थे, जो सभी इस दुर्घटना में मारे गए.

अन्तरिक्ष
(Space)



चीन का पाँचवाँ मानव युक्त अन्तरिक्ष अभियान—चीन ने अपना पाँचवाँ मानव युक्त अन्तरिक्ष अभियान 11–26 जून, 2013 को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया. इस मिशन के तहत् तीन चीनी अन्तरिक्ष यात्रियों के साथ उसके शेनझोउ-10 (Shenzhou-10) यान ने पश्चिमोत्तर प्रान्त गंसू (Gansu) में स्थित जिपुकुआन सैटेलाइट लांच सेंटर (Jiuquan

स्पेसक्राफ्ट शेनझोउ-10 द्वारा अन्तरिक्ष यात्रा के लिए रवाना होते चीनी अन्तरिक्ष यात्री वांग यापिंग, मिशन कमांडर नी हाइशेंग व झांग शियाओग्वांग

Satellite Launch Centre) से लौंग मार्च–2 एफ कैरियर रॉकेट के जरिए उड़ान 11 जून को भरी. इन तीन अन्तरिक्ष यात्रियों में एक महिला वांग यापिंग (Wang Yaping) भी शामिल थी. 33 वर्षीय वांग यापिंग चीन की दूसरी महिला अन्तरिक्ष यात्री हैं. पिछले वर्ष, जून 2012 में शेनझोउ-9 की उड़ान

sscexamonline.blogspot.com

द्वारा उसकी पहली महिला अन्तरिक्ष यात्री लियु यांग (Liu Yang) 13 दिन तक अन्तरिक्ष में रही थी.

दो दिन की लम्बी यात्रा के पश्चात् चीनी स्पेस क्राफ्ट शेनझोउ-10 अन्तरिक्ष में तैनात चीनी प्रयोगशाला तिआंगोंग-1 (Tiangong-I) से 13 जून, 2013 को जा जुड़ा, जहाँ 12 दिन के प्रवास के दौरान विभिन्न परीक्षण चीनी अन्तरिक्ष यात्रियों ने किए. इन अन्तरिक्ष यात्रियों को वापस लेकर शेनझोउ-10 26 जून, 2013 को मंगोलिया में सकुशल वापस उतरा. चीन का यहाँ पाँचवाँ मानव युक्त अन्तरिक्ष अभियान उसका अब तक का सबसे अधिक अवधि का अभियान था.

'नासा' के 8 नए अन्तरिक्ष यात्रियों में 4 महिलाएँ—अपने भावी अन्तरिक्ष अभियानों के लिए 8 नए अन्तरिक्ष यात्रियों का चयन अमरीकी अन्तरिक्ष एजेन्सी 'नासा' (NASA) ने जून 2013 में किया है. इनमें 4 पुरुष व 4 महिलाएँ हैं. चार वर्षों के अन्तराल के पश्चात् नए अन्तरिक्ष यात्रियों का चयन 'नासा' ने किया है. चुने गए इन लोगों को पृथ्वी की निचली कक्षा, एक क्षुद्र गृह व मंगल अभियान के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा. इस चयन के लिए कुल मिलाकर 6100 आवेदन नासा को प्राप्त हुए थे.

वर्ष/दिवस/सप्ताह
(Year/Days/Week)

जून 2013

5 जून—विश्व पर्यावरण दिवस

(मानव पर्यावरण पर 1972 के संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन की संस्तुति पर प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है. इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस का थीम था—Think Eat. Save-Reduce our Food print)

9 जून—अमर शहीद बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि

10 जून—विश्व भूगर्भ जल दिवस

12 जून—बालश्रम निषेध दिवस

14 जून—विश्व रक्तदाता दिवस

16 जून (जून का तीसरा रविवार)—फादर्स डे

17 जून—मरुस्थलीकरण एवं अनावृष्टि की रोकथाम हेतु अन्तर्राष्ट्रीय दिवस (International Day to Combat Desertification and Drought)

18 जून—गोवा क्रान्ति दिवस

20 जून—विश्व शरणार्थी दिवस

21 जून—विश्व संगीत दिवस

21 जून—विश्व हाइड्रोग्राफी दिवस

26 जून—मादक द्रव्यों के दुरुपयोग एवं इनके अवैध व्यापार के विरुद्ध अन्तर्राष्ट्रीय दिवस

29 जून—राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस

(स्व. प्रो. पी. सी. महालनोबिस का जन्म दिवस)

30 जून—संथाल हूल दिवस

(1857 के स्वतन्त्रता संग्राम से भी पहले झारखण्ड के संथाल परगना क्षेत्र में 1855-56 के दौरान शहीद हुए व्यक्तियों की स्मृति में मनाया जाने वाला दिवस)

पुस्तकें
(Books)

इन्फेर्नो (Inferno) —डान ब्राउन

डियर लाइफ (Dear Life) —एलिस मुनरो

द न्यू डिजिटल एज (The New Digital Age) —एरिक श्मिट व जारेन कोहेन

लाइफ आफ्टर लाइफ (Life After Life) —केट एटकिंसन

द चाइल्डहुड ऑफ जेसस (The Childhood of Jesus) —जे. एम. कोएट्जी

इंडियास ट्राइस्ट विद डेस्टिनी (India's Tryst With Destiny) —जगदीश भगवती व अरविंद पनगारिया

सींग लाइक ए फेमिनिस्ट (Seeing Like a Feminist) —निवेदिता मेनन

विविध
(Miscellaneous)

कश्मीरी शायर पर स्मारक डाक टिकट—प्रसिद्ध कश्मीरी शायर पीरजादा गुलाम अहमद महजूर पर एक विशेष स्मारक डाक टिकट डाक विभाग ने जारी किया है.



श्रीनगर में कश्मीरी शायर की स्मृति में डाक टिकट जारी करते हुए प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी

यूपीए अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी की उपस्थिति में प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 25 जून को श्रीनगर में 5 रुपए मूल्य का यह डाक टिकट जारी किया. डाक टिकट जारी करते हुए प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा कि इस महान् कवि को सम्मानित करने में देरी हुई है, परन्तु उन्हें प्रसन्नता है कि वह ऐसी जिम्मेदारी पूरी करने जा रहे हैं, जिसे पहले पूरा किया जाना चाहिए था.

उल्लेखनीय है कि यह दूसरा अवसर है जब कश्मीर पर कोई डाक टिकट जारी किया गया है. इससे पहले 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय की 150वीं वर्षगाँठ पर एक डाक टिकट जारी किया था.

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय का शिलान्यास—पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर हिन्दी विश्वविद्यालय की स्थापना मध्य प्रदेश शासन द्वारा भोपाल में की जा रही है. उसका

भोपाल में अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय के शिलान्यास के दौरान सभा को सम्बोधित करते राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी

शिलान्यास राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने 6 जून 2013 को किया. प्रदेश के राज्यपाल रामनरेश यादव व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के अतिरिक्त लोक सभा में विपक्ष की नेता श्रीमती सुषमा स्वराज सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे.

●●●

www.kbcacademy.org
KBC Academy Pvt. Ltd
Institute of All Competitive Exams
Bank PO, Clerk, MBA, SSC, LIC, AAO, CPF (AC), CDS, Railways, Delhi Police (SI), DSSSB etc...
Interview classes for SBI & IBPS
Separate Batches for:
SBI/ RBI Clerk | SSC
IBPS – PO & Clerk
Delhi/ UP Police Costable, C-TET
Online
Central Enquiry
011-27605248
011-65883845
9999398128
9958606849
Mukherjee Nagar : 9999398128
Ganesh Nagar : 9911318710
Keshav Puram : 9039225958
Badarpur : 9928027333
Meerut (UP) : 9304538936

sscexamonline.blogspot.com

एथलेटिक्स

राष्ट्रीय/अन्तर्राज्यीय एथलेटिक चैम्पियनशिप–चेन्नई में 4–7 जून, 2013 को सम्पन्न 53वीं राष्ट्रीय/अन्तर्राज्यीय एथलेटिक प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग का टीम खिताब तमिलनाडु ने व महिलाओं का केरल ने जीता. **172·5 अंकों के साथ ओवरऑल चैम्पियनशिप केरल ने जीती, जबकि तमिलनाडु (147·5 अंक) का इस मामले में दूसरा स्थान रहा.** नए मीट रिकॉर्ड के साथ तिहरी कूद में स्वर्ण पदक जीतने वाले तमिलनाडु के रंजीत माहेश्वरी को पुरुषों में तथा 300 मीटर स्टीपल चेज में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाली उत्तर प्रदेश की ओलम्पियन सुधा सिंह को महिलाओं में सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया. इन दोनों ही एथलीट्स ने मॉस्को में अगस्त 2013 में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया. 4 दिन के इस आयोजन में एक नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ तीन नए मीट रिकॉर्ड भी बने. इस आयोजन की विभिन्न स्पर्द्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने वाले एथलीट्स के नाम दिए गए बॉक्स में प्रदर्शित हैं–

राष्ट्रीय/अन्तर्राज्यीय एथलेटिक चैम्पियनशिप
(4–7 जून, 2013 चेन्नई)
विभिन्न स्पर्द्धाओं के विजेता

स्पर्द्धाएं	पुरुष वर्ग	महिला वर्ग
100 मीटर	अनिरुद्ध गूजर (महाराष्ट्र), 10·61	आशा रॉय (प. बंगाल), 11·86
200 मीटर	प्रतीक निनावे (महाराष्ट्र), 26·65	आशा रॉय (प. बंगाल), 23·59
400 मीटर	कुन्हू मोहम्मद (केरल), 46·71	एम. आर. पूवम्मा (कर्नाटक), 52·85
800 मीटर	सजीश जोसेफ (केरल) 1 : 49·4	टिंटू लुका (केरल) 2 : 04·14
1500 मीटर	संदीप (हरियाणा), 3 : 57·50	ओ. पी. जैशा (पंजाब), 4 : 16·78
5000 मीटर	जी. लक्ष्मणन (तमिलनाडु), 14 : 15·39	ओ. पी. जैशा (पंजाब), 17 : 27·24
10000 मीटर	खेता राम (राजस्थान), 29 : 39·06	प्रीजा श्रीधरन (केरल) 34 : 38·28
100 मीटर बाधा	—	जी. गायत्री (तमिलनाडु), 13·97
110 मीटर बाधा	पिंटो मैथ्यू (केरल), 14·56	—
400 मीटर बाधा	सलिंदर सिंह (पंजाब) 51·55	एलावारसी (तमिलनाडु), 1 : 00·70
4 × 100 मीटर	केरल 40·49*	केरल 46·77
4 × 400 मीटर	झारखण्ड 3 : 11·03	केरल 3 : 40·74
3000 मीटर स्टीपल चेज	जयवीर (हरियाणा), 8 : 54·42	सुधा सिंह (उत्तर प्रदेश), 9 : 45·60**
20 किमी पैदल चाल	बाबू भाई पानुक (गुजरात) 1 : 28 : 07·20	दीप माला देवी (झारखण्ड) 1 : 44 : 20·00
ऊँची कूद	जितिन सी थॉमस (केरल), 2·17 मी	सहना कुमारी (कर्नाटक), 1·88 मी
लम्बी कूद	के. प्रेम कुमार (तमिलनाडु) 8 मी*	मयूखा जॉनी (केरल), 6·49 मी
तिहरी कूद	रंजीत माहेश्वरी (तमिलनाडु), 16·98 मी*	मयूखा जॉनी (केरल), 13·58
डिस्कस थ्रो	अर्जुन (दिल्ली), 53·99	कृष्णा पूनिया (राजस्थान) 56·73 मी
हैमर थ्रो	चंद्रोदय (उत्तर प्रदेश) 67·54	मंजु बाला (राजस्थान) 56·84 मी
जेवेलिन थ्रो	कृष्णन कुमार (उत्तर प्रदेश) 74·80 मी	सुमन देवी (उत्तर प्रदेश), 51·96 मी
शॉट पुट	इंदरजीत सिंह (हरियाणा), 18·92 मी	पी. उदयलक्ष्मी (आन्ध्र प्रदेश), 13·68 मी
पोल वॉल्ट	परवीन कुमार (हरियाणा) 4·90 मी	ख्याति वखारिया (कर्नाटक), 4·00 मी*
हेप्टाथलन	–	सुष्मिता सिंह (प. बंगाल), 5164 अंक

...या मीट रिकॉर्ड **नया राष्ट्रीय/अन्तर्राज्यीय रिकॉर्ड

शतरंज

वी. विष्णु प्रसन्ना भारत के नए ग्रांड मास्टर–वी. विष्णु प्रसन्ना ने शतरंज के ग्रांड मास्टर का खिताब जून 2013 में हासिल कर लिया है. इस खिताब के लिए

वी. विष्णु प्रसन्ना

आवश्यक 2500 अंकों की रेटिंग उन्होंने बुल्गारिया में अल्बेना (Albena) में ग्रांड यूरोप अल्बेना शतरंज टूर्नामेन्ट में 5 जून, 2013 को प्राप्त कर ली. खिताब के लिए आवश्यक तीन ग्रांड मास्टर नॉर्म वह पहले ही क्रमशः 2010, 2012 व 2013 में प्राप्त कर चुके थे. चेन्नई के विष्णु प्रसन्ना भारत के 32वें ग्रांड मास्टर हैं. उनसे पूर्व मार्च, 2013 में पुणे के अक्षयराज कोरे भारत के 31वें ग्रांड मास्टर बने थे.

बैडमिन्टन

थाइलैण्ड ओपन ग्राण्ड प्रिक्स में के. श्रीकांत ने जीता अपना पहला खिताब–भारत के उभरते बैडमिंटन खिलाड़ी के. श्रीकांत ने जून 2013 में बैंकॉक में थाइलैण्ड के ही

के. श्रीकांत



बूनसाक पोनसाना (Boonsak Ponsana) को फाइनल में हराकर थाइलैण्ड ओपन ग्राण्ड प्रिक्स गोल्ड टूर्नामेन्ट का एकल खिताब अपने नाम किया. गुंटूर (आन्ध्र प्रदेश) के श्रीकांत के कैरियर का यह पहला ही खिताब है. विश्व के 61वें नम्बर के खिलाड़ी श्रीकांत को 13वीं वरीयता इस टूर्नामेंट में प्राप्त थी, जबकि फाइनल में पराजित हुए पोनसाना की वैश्विक रैंक 8 थी तथा उन्हें शीर्ष वरीयता इस टूर्नामेंट में प्राप्त थी.

मालदीव अन्तर्राष्ट्रीय बैडमिंटन में भारतीय खिलाड़ियों का मिश्रित युगल खिताब–भारत के के. नंदगोपाल व के.

sscexamonline.blogspot.com

मनीषा की जोड़ी ने 9 जून, 2013 को मालदीव अन्तर्राष्ट्रीय बैडमिंटन चैलेंज टूर्नामेंट में मिश्रित युगल खिताब कोरियाई खिलाड़ियों की जोड़ी को फाइनल में हराकर जीता.

इंडोनेशियाई ओपन—जकार्ता में 10–16 जून को सम्पन्न इंडोनेशियाई ओपन बैडमिंटन में पाँच में से तीन खिताब महिलाओं के एकल व युगल तथा मिश्रित युगल चीनी खिलाड़ियों ने जीते, जबकि पुरुषों का एकल खिताब मलेशिया के तथा युगल इंडोनेशिया के खाते में गया. पुरुषों के एकल खिताब के लिए विश्व के नम्बर एक खिलाड़ी ली चोंग वेई ने फाइनल में जर्मनी के मार्क ज्वेबलर को 21–15, 21–15 से पराजित किया, जबकि महिलाओं का एकल चीन की ली जुईरुई ने फाइनल में जर्मनी की ही जूलियन शेंक को 21–16, 18–21, 21–17 से हराकर जीता. इस सुपरसीरिज टूर्नामेन्ट के सभी खिताबों के विजेताओं व उपविजेताओं के नाम बॉक्स में दिए गए हैं.

स्पर्द्धा	विजेता	उपविजेता
पुरुष एकल	ली चोंग वेई (मलेशिया)	मार्क ज्वेबलर (जर्मनी)
महिला एकल	ली जुईरुई (चीन)	जूलियन शेंक (जर्मनी)
पुरुष युगल	मुहम्मद अहसान व हेंद्र सेतियावान (इंडोनेशिया)	को सुंग ह्युन व ली योंग डाइ (द. कोरिया)
महिला युगल	चेंग शू व चाओ यिक्सिन (चीन)	यू यांग व वांग शिया ओली (चीन)
मिश्रित युगल	झांग नान व झाओ युन ली (चीन)	जोकिम नीलसन व सी पेडरसन (डेनमार्क)

सिंगापुर ओपन—सिंगापुर में 18–23 जून, 2013 को सम्पन्न सिंगापुर ओपन सुपरसीरिज बैडमिंटन टूर्नामेन्ट में महिलाओं के एकल व युगल खिताब चीनी खिलाड़ियों ने जीते, जबकि शेष तीनों खिताब पुरुषों के एकल व युगल तथा मिश्रित युगल पर इंडोनेशियाई खिलाड़ियों ने कब्जा किया. पुरुषों के एकल खिताब के लिए इंडोनेशिया के गैरवरीय टॉमी सुगियार्तो ने गत विजेता थाइलैण्ड के बूनसाक पोनसाना को फाइनल में पराजित किया, जबकि महिलाओं का एकल अपने ही देश की ओलम्पिक स्वर्ण विजेता ली जुईरुई को फाइनल में हराकर चीन की वांग यिहान ने जीता. सभी पाँचों खिताबों के विजेताओं व उपविजेताओं के नाम बॉक्स में प्रदर्शित हैं—

स्पर्द्धा	विजेता	उपविजेता
पुरुष एकल	टॉमी सुगिआर्तो (इंडोनेशिया)	बूनसाक पोनसाना (थाइलैण्ड)
महिला एकल	वांग यिहान (चीन)	ली जुईरुई (चीन)
पुरुष युगल	मुहम्मद अहसान व हेंद्र सेतियावान (इंडोनेशिया)	को सुन्ग ह्यून व ली योंग दाई (द. कोरिया)
महिला युगल	तियान किंग व झाओ युनलेई (चीन)	मिसाकी मत्सुतोमो व अयाका तकाहाशी (जापान)
मिश्रित युगल	तंतोवी अहमद व लियाना नात्सिर (इंडोनेशिया)	चिओंग सिओन यू व हाई वोन ओम (द. कोरिया)

क्रिकेट

एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट में विश्व की नम्बर एक टीम की आईसीसी ट्रॉफी भारत को मिली—टेस्ट क्रिकेट व एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय (ODI) क्रिकेट में नम्बर एक पर रहने वाली टीमों को नकद पुरस्कार के साथ ट्रॉफी अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (ICC) द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान की जाती है. इसके लिए कट ऑफ डेट 1 अप्रैल निर्धारित है. इसे वर्ष 1 अप्रैल, 2013 को एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट में विश्व की नम्बर वन टीम भारतीय टीम थी. इसके लिए 1·75 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि के साथ चाँदी की ट्रॉफी भारतीय टीम के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को 3 जून, 2013 को प्रदान की गई. इंगलैण्ड में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी टूर्नामेन्ट के दौरान कॉर्डिफ में आईसीसी के पूर्व अध्यक्ष डेविड मॉर्गन ने यह ट्रॉफी महेन्द्र सिंह धोनी को प्रदान की. 2002 से, जब से टीमों की रैंकिंग की नई व्यवस्था शुरू की गई है, यह पहला अवसर है जब 1 अप्रैल की कट ऑफ डेट को भारतीय टीम पहले स्थान पर रही है. इस तिथि से पहले के पूरे एक वर्ष (1 अप्रैल,

महेन्द्र सिंह धोनी को ट्रॉफी प्रदान करते हुए आईसीसी के पूर्व अध्यक्ष डेविड मॉर्गन

sscexamonline.blogspot.com

आईसीसी का अंतिम चैम्पियंस ट्रॉफी टूर्नामेन्ट भारत ने जीता

इंग्लैण्ड व वेल्स में 6–23 जून, 2013 को सम्पन्न एकदिवसीय क्रिकेट का सातवाँ आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेन्ट इंग्लैण्ड को फाइनल में हराकर भारत ने जीता. इसके साथ ही भारतीय टीम के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी विश्व के ऐसे पहले कप्तान हो गए हैं जिनके नेतृत्व में किसी टीम ने आईसीसी के ट्वेंटी-20 विश्व कप, ओडीआई विश्व कप व चैम्पियंस ट्रॉफी तीनों टूर्नामेन्ट जीते हैं. चैम्पियंस ट्रॉफी के बर्मिंघम में 23 जून को वर्षा से बाधित 50-50 ओवर के फाइनल मैच को 20-20 ओवर का ही करना पड़ा, जिसमें पहले खेलते हुए महेन्द्र सिंह धोनी के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने 7 विकेट खोकर 129 रन जहाँ बनाए वहीं इंग्लैण्ड की टीम 8 विकेट खोकर 124 रन ही निर्धारित 20 ओवरों में बना सकी. इस प्रकार चैम्पियंस ट्रॉफी का यह अंतिम आयोजन भारत ने 5 रनों से जीतकर दो बार खिताब जीतने के आस्ट्रेलियाई रिकॉर्ड की बराबरी कर ली. भारत इससे पूर्व 2002 में श्रीलंका के साथ इस ट्रॉफी का संयुक्त विजेता रहा था, जबकि आस्ट्रेलिया ने 2006 व 2011 में यह खिताब जीता था.

इस टूर्नामेन्ट में शामिल 8 टीमों को प्रारम्भिक मुकाबलों के लिए निम्नलिखित दो वर्गों में बाँटा गया था–

ग्रुप 'ए'–आस्ट्रेलिया, इंगलैण्ड, न्यूजीलैण्ड व श्रीलंका

ग्रुप 'बी'–भारत, पाकिस्तान, द. अफ्रीका व वेस्ट-इंडीज

18 दिन तक चले इस टूर्नामेन्ट में कुल मिलाकर 15 मैच कार्डिफ (वेल्स), लंदन व बर्मिंघम में खेले गए. सेमीफाइनल में पहुँचने वाली टीमें ग्रुप 'ए' से इंगलैण्ड व श्रीलंका थी, जबकि ग्रुप 'बी' से भारत व द. अफ्रीका ने यह उपलब्धि प्राप्त की. 23 जून को खेले गए फाइनल मैच में अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाकर भारतीय टीम को विजय के कगार तक पहुँचाने वाले रविन्द्र जडेजा को **'मैन ऑफ द मैच'** घोषित किया गया. टूर्नामेन्ट में सर्वाधिक 12 विकेट लेने के लिए गोल्डन बाल पुरस्कार भी उन्हें मिला. भारत के प्रारम्भिक तीन मैचों में से दो में शतकीय पारी खेलने वाले शिखर धवन को **'मैन ऑफ द सीरिज'** का पुरस्कार मिला. टूर्नामेन्ट में सर्वाधिक 363 रन बनाने के लिए गोल्डन बैट शिखर धवन को ही दिया गया. खिताब जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के प्रत्येक सदस्य को पुरस्कारस्वरूप 1–1 करोड़ रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा बीसीसीआई ने की है.

बर्मिंघम में चैंपियंस ट्रॉफी के साथ विजेता भारतीय टीम

उपर्युक्त टूर्नामेन्ट की शुरुआत 1998 में आईसीसी नॉक आउट टूर्नामेन्ट के रूप में हुई थी तथा 2002 में इसे चैम्पियंस ट्रॉफी नाम दिया गया था तथा इसका आयोजन 2–2 वर्ष के अंतराल पर किया जाता था. आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी का जून 2013 का उपर्युक्त आयोजन इस टूर्नामेन्ट का अंतिम आयोजन था. इस टूर्नामेन्ट को आगे आयोजित न करने का फैसला अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् द्वारा पहले ही लिया जा चुका है. इसके स्थान पर आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का आयोजन 2017 से किया जाएगा. यह आयोजन 4 – 4 वर्ष के अंतराल पर किया जाएगा. इससे क्रिकेट के तीनों प्रारूपों के लिए विश्व चैम्पियनशिप के प्रावधान हो जाएंगे.

चैंपियंस ट्रॉफी (2013) में शीर्ष पाँच बल्लेबाज

खिलाड़ी	देश	मैच	रन	उच्चतम	शतक	अर्द्धशतक
शिखर धवन	भारत	5	363	114	2	1
जोनाथन ट्रॉट	इंगलैंड	5	229	82*	0	2
कुमार संगकारा	श्रीलंका	4	222	134*	1	1
रोहित शर्मा	भारत	5	177	65	0	2
विराट कोहली	भारत	5	176	58*	0	1

शीर्ष पाँच गेंदबाज

खिलाड़ी	देश	मैच	विकेट	सर्वश्रेष्ठ
रविंद्र जडेजा	भारत	5	12	5/36
मैकक्लेनाघन	न्यूजीलैंड	3	11	4/43
जेम्स एंडरसन	इंगलैंड	5	11	3/30
इशांत शर्मा	भारत	5	10	3/33
रेयान मैक्लारेन	दक्षिण अफ्रीका	4	8	4/19

इस टूर्नामेन्ट में विभिन्न खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर आईसीसी की चैम्पियंस ट्रॉफी टीम के लिए जिन खिलाड़ियों को चुना गया है, उनमें पाँच भारतीय हैं. टीम का कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को बनाया गया है. टीम में शामिल किए गए सभी खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं–

शिखर धवन, जोनाथन ट्रॉट, कुमार संगकारा, **विराट कोहली**, मिस्बाह उल-हक, **महेन्द्र सिंह धोनी (कप्तान)**, **रवीन्द्र जडेजा**, रेयान मैक्लारेन, **भुवनेश्वर कुमार**, जेम्स एंडरसन, मिशेल मैकक्लेनाघन और जो रूट.

sscexamonline.blogspot.com

2012 से 1 अप्रैल, 2013) के दौरान भारतीय टीम ने कुल 13 एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैच खेले थे जिनमें से 8 में वह विजयी रही, जबकि 5 मैचों में वह पराजित हुई.

आईसीसी एक दिवसीय रैंकिंग
4 जून 2013

रैंक		मैच	अंक	रेटिंग
1	भारत	38	4,514	119
2	ऑस्ट्रेलिया	37	4,285	116
3	दक्षिण अफ्रीका	27	3,063	113
4	इंगलैंड	35	3,916	112
5	श्रीलंका	41	4,446	108
6	पाकिस्तान	38	4,005	105
7	न्यूजीलैंड	28	2,465	88
8	वेस्टइंडीज	33	2,823	86
9	बांग्लादेश	25	1,949	78
10	जिम्बाब्वे	19	968	51
11	आयरलैंड	8	312	39
12	नीदरलैंड	5	69	14
13	केन्या	4	45	11

KBK SportsGraphics

उल्लेखनीय है कि आईसीसी विश्व रैंकिंग में भारतीय टीम का नम्बर एक स्थान अभी भी बना हुआ है. जून 2013 में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के प्रारम्भ होने से पूर्व की विश्व रैंकिंग (4 जून, 2013 की स्थिति) तालिका में दर्शाई गई है. जिसमें भारत के शीर्ष स्थान के पश्चात् दूसरा व तीसरा स्थान क्रमशः आस्ट्रेलिया व द. अफ्रीका का दर्शाया गया है. भारतीय उपमहाद्वीप की अन्य टीमों में श्रीलंका का पाँचवाँ, पाकिस्तान का छठा तथा बांग्लादेश का इसमें नौवाँ स्थान है.

बीसीसीआई अध्यक्ष एन. श्रीनिवासन ने त्यागपत्र दिए बिना अपना कामकाज अंतरिम तौर पर पूर्व अध्यक्ष जगमोहन डालमिया को सौंपा–आईपीएल–VI के दौरान मैचों में स्पॉट फिक्सिंग व सट्टेबाजी के मामलों के खुलासों तथा स्पॉट फिक्सिंग के तार अंडर-वर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम व उनकी डी कम्पनी से जुड़े होने के सुबूत मिलने के बाद क्रिकेट जगत् में उठे बवंडर में बीसीसीआई अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के त्यागपत्र की माँग प्रबल हो गई थी. श्रीनिवासन ने बीसीसीआई के अध्यक्ष पद से त्यागपत्र यद्यपि नहीं दिया है, तथापि मामले की पूरी जाँच तक अध्यक्ष के रूप में कार्य करना 2 जून, 2013 से छोड़ दिया है. अध्यक्ष के सभी काम बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष जगमोहन डालमिया को उन्होंने सौंप दिए हैं. श्री डालमिया को कोई पदनाम न देते हुए उन्हें कामकाज सौंपने का प्रस्ताव स्वयं एन. श्रीनिवासन का ही था, जो उन्होंने स्वयं ही बीसीसीआई बोर्ड की 2 जून, 2013 को चेन्नई में सम्पन्न बैठक में [illegible] किया था.

टेनिस

फ्रांसीसी ओपन टेनिस–2013—मई-जून 2013 में फ्रांस में पेरिस में सम्पन्न फ्रांसीसी ओपन टेनिस में पुरुष व महिला वर्ग के एकल खिताब क्रमशः राफेल नडाल व सेरेना विलियम्स ने जीते. दोनों ही खिलाड़ियों ने यह खिताब जीतकर नए कीर्तिमान स्थापित किए.

पुरुषों की एकल स्पर्द्धा की **मस्केटियर्स ट्रॉफी** (Musketeers' Trophy) के लिए राफेल नडाल (स्पेन) ने फाइनल मुकाबले में अपने ही देश के डेविड फेरर को हराकर रिकॉर्ड आठवीं बार यह टूर्नामेंट जीतने में सफलता प्राप्त की. 'लाल बजरी के बादशाह' (King of Clay Court) कहे जाने वाले राफेल नडाल ने 2005 से 2008 के दौरान लगातार चार वर्ष तक जीतने के पश्चात् 2010 से 2013 तक भी लगातार चार वर्ष तक यह टूर्नामेन्ट जीता है. **उनके द्वारा जीते गए 12 ग्रांड स्लैम एकल खिताबों में 8 फ्रांसीसी ओपन खिताबों के अतिरिक्त एक आस्ट्रेलियाई ओपन (2009), एक अमरीकी ओपन (2010) व** दो विम्बलडन (2008 व 2010) खिताब शामिल हैं.



ट्रॉफी के साथ राफेल नडाल

विभिन्न वर्षों में फ्रेंच ओपन चैम्पियन

वर्ष	पुरुष एकल	महिला एकल
1992	जिम कुरियर (अमरीका)	मोनिका सेलेस (यूगोस्लाविया)
1993	सर्गेई ब्रुगुएरा (स्पेन)	स्टेफी ग्राफ (जर्मनी)
1994	सर्गेई ब्रुगुएरा (स्पेन)	अरांचा सांचेज विकारियो (स्पेन)
1995	टॉमस मुस्टर (ऑस्ट्रिया)	स्टेफी ग्राफ (जर्मनी)
1996	येवगेनी काफेलनिकोव (रूस)	स्टेफी ग्राफ (जर्मनी)
1997	गुस्तावो कुएर्टन (ब्राजील)	इवा मायोली (क्रोएशिया)
1998	कार्लोस मोया (स्पेन)	अरांचा सांचेज विकारियो (स्पेन)
1999	आंद्रे अगासी (अमरीका)	स्टेफी ग्राफ (जर्मनी)
2000	गुस्तावो कुएर्टन (ब्राजील)	मैरी पियर्स (फ्रांस)
2001	गुस्तावो कुएर्टन (ब्राजील)	जैनिफर कैप्रियाती (अमरीका)
2002	अल्बर्ट कोस्टा (स्पेन)	सेरेना विलियम्स (अमरीका)
2003	हुआन कार्लोस फरेरा (स्पेन)	जस्टिन हेनिन (बेल्जियम)
2004	गैस्टन गॉडियो (अर्जेन्टीना)	अनास्तासिया मिस्कीना (रूस)
2005	राफेल नडाल (स्पेन)	जस्टिन हेनिन (बेल्जियम)
2006	राफेल नडाल (स्पेन)	जस्टिन हेनिन (बेल्जियम)
2007	राफेल नडाल (स्पेन)	जस्टिन हेनिन (बेल्जियम)
2008	राफेल नडाल (स्पेन)	एना इवानोविच (सर्बिया)
2009	रोजर फेडरर (स्विट्जरलैण्ड)	स्वेतलाना कुजनेत्सोवा (रूस)
2010	राफेल नडाल (स्पेन)	फ्रांसिस्का शियावोन (इटली)
2011	राफेल नडाल (स्पेन)	ली ना (चीन)
2012	राफेल नडाल (स्पेन)	मारिया शारापोवा (रूस)
2013	राफेल नडाल (स्पेन)	सेरेना विलियम्स (अमरीका)

Diploma in Banking & Finance
A **desirable qualification** for bank PO or Clerk recruitment (as per IBA).
Benefits : Better chances of selection
* **3 objective-type questions papers**
* **No negative marking.**
* **Exam** conducted **half-yearly** by IIBF.
* **Eligibility** is 10+2 pass. No age bar.
For **Study Kits** or **E-Learning** class.
Banking & Management Academy
SCO No.34, Sector 33-D, Chandigarh 160020
Phone 01722665623, 09814331661
www.bankingindiaupdate.com

sscexamonline.blogspot.com

महिलाओं के एकल खिताब के लिए विश्व की नम्बर एक खिलाड़ी सेरेना विलियम्स (अमरीकी) ने रोला गैरों में फाइनल में गत विजेता मारिया शारापोवा (रूस) को हराया और सुज़ेन लेंगलिन ट्रॉफी (Suzanne Lenglen Trophy) पर कब्जा किया. 31 वर्षीय सेरेना का फ्रांसीसी ओपन में यह दूसरा खिताब था. इससे पूर्व 2002 में उन्होंने फ्रांसीसी ओपन खिताब जीता था. इस खिताब को मिलाकर सेरेना के ग्रांड स्लैम टेनिस में खिताबों की कुल संख्या अब 16 हो गई है. इनमें 2

ट्रॉफी के साथ सेरेना विलियम्स

फ्रांसीसी ओपन खिताबों के अतिरिक्त 5 आस्ट्रेलियाई ओपन (2003, 2005, 2007, 2009 व 2010), 5 विम्बलडन (2002, 2003, 2009, 2010 व 2012) व 4 अमरीकी ओपन (1999, 2002, 2008 व 2012) शामिल हैं. सेरेना विलियम्स 2000, 2008 व 2012 में ओलम्पिक खेल में भी एकल स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक विजेता रही हैं. 2012 में महिला युगल में भी स्वर्ण उन्होंने जीता था.

फ्रांसीसी ओपन टेनिस का पुरुषों का युगल खिताब अमरीका के ब्रायन बन्धुओं (बॉब एवं माइक ब्रायन) ने जीतकर एक बार पुनः इतिहास रचा. फाइनल मुकाबले में माइकल लोड्रा व निकोलस माहुत की जोड़ी को हराकर फ्रांसीसी ओपन में 2003 के बाद दूसरा युगल खिताब उन्होंने जीता. इससे ग्रांड स्लैम टेनिस में उनके युगल खिताबों की कुल संख्या अब रिकॉर्ड 14 हो गई है.

फ्रांसीसी ओपन टेनिस–2013 में महिलाओं की युगल स्पर्द्धा एकातेरिना मकारोवा व एलेना वेसनीना की रूसी जोड़ी ने फाइनल में सारा इरानी व रॉबर्टा विन्सी की इटली की जोड़ी को हराकर जीती. मकारोवा-वेसनीना की रूसी जोड़ी का यह पहला ही ग्रांड स्लैम युगल खिताब है वहीं ो की जोड़ी (सारा इरानी व रॉबर्टा विन्सी) वर्ष 2012 में फ्रांसीसी ओपन व अमरीकी ओपन जीतने के पश्चात् इस वर्ष जनवरी 2013 में आस्ट्रेलियाई ओपन भी जीत चुकी थी. टूर्नामेन्ट की मिश्रित युगल स्पर्द्धा में लूसी हराडिका (Lucia Hradicka) व उनके सह-खिलाड़ी फ्रांटिसेक सेरमैक (Frantisec Cermak) की चैकगणराज्य की जोड़ी मिश्रित युगल स्पर्द्धा में विजेता रही. फाइनल मुकाबले में फ्रांस की क्रिस्टीना मिलाडिनोविक व कनाडा के डेनियल नेस्टर की जोड़ी को चैक जोड़ी ने पराजित किया. इस टूर्नामेन्ट के सभी प्रमुख खिताबों के विजेताओं के नाम बॉक्स में प्रदर्शित हैं.

फ्रांसीसी ओपन टेनिस – 2013

(मई-जून 2013, पेरिस)

विजेताओं के नाम एक दृष्टि में

स्पर्द्धा	विजेता	उपविजेता
पुरुष एकल	राफेल नडाल (स्पेन)	डेविड फेरर (स्पेन)
महिला एकल	सेरेना विलियम्स (अमरीका)	मारिया शारापोव (रूस)
पुरुष युगल	बॉब ब्रायन व माइक ब्रायन (अमरीका)	माइकल लोड्रा व निकोलस माहुत (फ्रांस)
महिला युगल	एकातेरिना मकारोवा व एलेना वेसनिना (दोनों रूस)	सारा इरानी व रॉबर्टा विन्सी (दोनों इटली)
मिश्रित युगल	लूसी हराडिका व फ्रांटिसेक सेरमैक (दोनों चैक गणराज्य)	क्रिस्टीना मिलाडिनोविक (फ्रांस) व डेनियल नेस्टर (कनाडा)

क्वींस क्लब टेनिस–17 जून, 2013 को लंदन में क्वींस क्लब टेनिस का खिताब ब्रिटेन के एंडी मुरे ने फाइनल में गत विजेता मारिन सिलिक (क्रोएशिया) को हराकर जीता.

हॉकी

हॉकी इंडिया की पुरुषों की तीसरी सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप–हॉकी इंडिया के तत्वावधान में जून 2013 में पुणे में सम्पन्न पुरुषों की तीसरी सीनियर राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप एयर इंडिया ने जीती. पुणे के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर 10 जून, 2013 को फाइनल मुकाबले में गत विजेता पंजाब को 6–2 से हराकर एयर इंडिया ने यह खिताब जीतने में सफलता प्राप्त की.

हॉकी इंडिया की पुरुषों की जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप–हॉकी इंडिया के तत्वावधान में जून 2013 में आयोजित पुरुषों की तीसरी जूनियर राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप का खिताब ओडिशा को फाइनल में हराकर गत विजेता पंजाब ने जीता. सोनीपत में 13 जून, 2013 को खेले गए फाइनल में ओडिशा को 2–1 से हराकर पंजाब ने खिताब पर कब्जा बरकरार रखा.

निशानेबाजी

विश्व कप निशानेबाजी में स्वर्ण पदक जीतने वाली राही सरनोबत को एक करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार—अप्रैल 2013 में दक्षिण कोरिया में चांगवोन में सम्पन्न आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी में स्वर्ण पदक जीतने वाली महाराष्ट्र की निशानेबाज राही सरनोबत को एक करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि महाराष्ट्र सरकार ने जून 2013 में प्रदान की है. 22 वर्षीय सरनोबत विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला पिस्टल निशानेबाज हैं.

गोल्फ

यू. एस. ओपन–अमरीका में आर्डमोर (Ardmore) में सम्पन्न यूएस ओपन गोल्फ टूर्नामेन्ट का खिताब ब्रिटेन के जस्टिन रोज (Justine Rose) ने 281 अंकों के साथ जीता. 1970 में टोनी जेकलिन के बाद यू. एस. ओपन जीतने वाले वह पहले ब्रिटिश गोल्फर हैं. 283 अंकों के साथ आस्ट्रेलिया के जेसन डे का उस टूर्नामेन्ट में दूसरा स्थान रहा.

फॉर्मूला-1 रेस

कनाडाई व ब्रिटिश ग्रांड प्रिक्स–रेडबुल टीम के सेबेस्टियन वेटटेल 9 जून, 2013 को मॉट्रियल में कनाडाई ग्रांड प्रिक्स फॉर्मूला-1 रेस में विजेता रहे. इस रेस में दूसरा स्थान फरारी के फर्नांडो अलॉसो का रहा. बाद में 30 जून, 2013 को सिलवरस्टोन ट्रैक पर ब्रिटिश ग्रांड प्रिक्स मर्सिडीज टीम के निको रोस बर्ग ने जीती तथा रेड बुल के मार्क वेबर का इसमें दूसरा स्थान रहा.

●●●

sscexamonline.blogspot.com

रोजगार समाचार

सशस्त्र सीमा बल में तकनीकी काडर के लिए भर्ती [उपनिरीक्षक (पायनियर) व प्रधान कांस्टेबल (कार्यशाला) के रिक्त पद]

सशस्त्र सीमा बल में उपनिरीक्षक (पायनियर) के 53 तथा प्रधान कांस्टेबल (कार्यशाला) के 186 रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप पर आवेदन-पत्र 20 जुलाई, 2013 तक आमंत्रित किए गए हैं. प्रधान कांस्टेबल (कार्यशाला) के पद हेतु केवल पुरुष उम्मीदवार ही आवेदन के पात्र हैं, जबकि एसआई (पायनियर) पद हेतु महिलाएं भी आवेदन कर सकती हैं.

विभिन्न वर्गों के उम्मीदवारों के लिए नियमानुसार आरक्षण का प्रावधान इस भर्ती के तहत् उपलब्ध है. रिक्तियों की संख्या घट-बढ़ सकती है.

शैक्षणिक योग्यता– **उपनिरीक्षक (पायनियर) हेतु**– सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री या डिप्लोमा.

प्रधान कांस्टेबल (कार्यशाला) हेतु–(i) मैट्रिक या समकक्ष, (ii) आईटीआई से वांछित ट्रेड में दो वर्षीय पाठ्यक्रम तथा (iii) भारी वाहन हेतु वैध ड्राइविंग लाइसेंस.

आयु सीमा–(20 जुलाई, 2013 को) उपनिरीक्षक हेतु–अधिकतम 30 वर्ष, प्रधान कांस्टेबल हेतु–18–25 वर्ष. विभिन्न वर्गों के लिए आयु सीमा में नियमानुसार छूट उपलब्ध है.

दोनों ही पदों पर भर्ती के लिए आयोजित की जाने वाली लिखित प्रतियोगिता परीक्षा में सामान्य अंग्रेजी/हिन्दी (25 अंक), सामान्य ज्ञान (25 अंक) व सिविल इंजीनियरिंग (50 अंक) के वस्तुनिष्ठ किस्म के प्रश्न 100 अंकों के प्रश्न-पत्र में होंगे.

इस भर्ती के सम्बन्ध में आवेदन-पत्र के प्रारूप व अन्य विस्तृत जानकारी हेतु 15–21 जून, 2013 का रोजगार समाचार देखें.

जीवन बीमा निगम में डायरेक्ट सेल्स एक्जीक्यूटिव की अनुबंध के आधार पर भर्ती

भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) में सेंट्रल जोनल ऑफिस के अधीन विभिन्न कार्यालयों में डायरेक्ट सेल्स एक्जीक्यूटिव्स (DSEs) के पदों [अ]नुबंध के आधार पर तीन वर्ष के लिए नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन 7 जुलाई, 2013 तक आमंत्रित किए गए हैं. आवेदन हेतु परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 6 जुलाई, 2013 है. इस भर्ती के तहत् उपलब्ध रिक्त पदों की कुल संख्या 786 है. विभिन्न वर्गों के उम्मीदवारों के लिए नियमानुसार आरक्षण का प्रावधान इस भर्ती के तहत् उपलब्ध है. रिक्तियों की संख्या घट-बढ़ सकती है.

शैक्षणिक योग्यता–स्नातक

आयु सीमा (1 जून, 2013 को)–21–35 वर्ष. विभिन्न वर्गों के लिए आयु सीमा में नियमानुसार छूट उपलब्ध है.

इस भर्ती के लिए आवश्यकतानुसार लिखित प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन निगम द्वारा किया जा सकता है. लिखित परीक्षा होने पर तर्कशक्ति, संख्यात्मक अभियोग्यता, सामान्य ज्ञान आदि के प्रश्न (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा में शामिल होंगे.

इस भर्ती के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हेतु निगम की वेबसाइट www.licindia.in/careers.htm देखें. आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी इस वेबसाइट पर ही ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

उपर्युक्त परीक्षा के लिए **उपकार प्रकाशन** द्वारा प्रकाशित **एल.आई.सी. सेल्स एक्जीक्यूटिव्स चयन परीक्षा** का अध्ययन करें.

राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा–2013

राजस्थान राज्य सेवा के तहत् राजस्थान प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा, लेखा सेवा, सहकारी सेवा आदि के कुल मिलाकर 233 तथा अधीनस्थ सेवा के तहत् तहसीलदार सेवा, आबकारी अधीनस्थ सेवा, वाणिज्य कर अधीनस्थ सेवा के कुल मिलाकर 490 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आयोजित की जाने वाली मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थियों के चयन के लिए राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त (प्रारम्भिक) परीक्षा का आयोजन राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा किया जाएगा. रिक्तियों की यह संख्या घट-बढ़ सकती है. इनमें कुछ रिक्तियाँ विभिन्न वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए नियमानुसार आरक्षित हैं.

शैक्षिक योग्यता–स्नातक अथवा समकक्ष

आयु सीमा–1 जनवरी, 2014 को 21–35 वर्ष. विभिन्न मामलों में आयु सीमा में नियमानुसार छूट उपलब्ध है.

परीक्षा योजना–प्रारम्भिक परीक्षा में केवल एक प्रश्न-पत्र सामान्य ज्ञान व सामान्य विज्ञान का वस्तुनिष्ठ किस्म का होगा. प्रारम्भिक परीक्षा में सफल घोषित अभ्यर्थी ही उपर्युक्त पदों के लिए आयोजित की जाने वाली मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने के पात्र होंगे. मुख्य परीक्षा वर्णनात्मक किस्म की होगी जिसमें चार प्रश्न-पत्र क्रमशः सामान्य अध्ययन प्रथम, सामान्य अध्ययन द्वितीय तथा सामान्य अध्ययन तृतीय (प्रत्येक 200-200 अंक) के होंगे. 200 अंकों का ही चौथा प्रश्न-पत्र सामान्य हिन्दी व सामान्य अंग्रेजी का होगा. मुख्य परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को व्यक्तित्व परीक्षा/मौखिक परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जाएगा, जो 100 अंकों की होगी.

प्रारम्भिक परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन आवेदन-पत्र 31 जुलाई, 2013 तक भरे जा सकते हैं. परीक्षा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी तथा आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी आयोग की वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है.

KALP
FACULTY OF EDUCATION
Pioneer Institute for Teacher's Eligibility & Recruitment Exams
शिक्षक/प्रवक्ता चयन संस्थान
प्रवक्ता योग्यता परीक्षा
UGC-NET/JRF
शिक्षक चयन परीक्षा
DSSSB / KVS
TGT / PGT / PRT
शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET)
CTET / STET
• Weekend Batches Available
• Correspondence Course Also Available
For details or registration contact :
Corp. Office & Learning Centre :
E2/252, Shastri Nagar, New Delhi-110052
URL : www.kalpeducation.com
Tel.: 011-23643867
Mob: 81306 73333, 81309 13333

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम में विभिन्न पदों हेतु परीक्षा

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम में यातायात निरीक्षक के 16, सहायक यातायात निरीक्षक के 40, कनिष्ठ अभियंता 'अ' के 27 कनिष्ठ अभियंता बी के 56, कनिष्ठ लेखाकार के 130 व कनिष्ठ लिपिक के 195 पदों सहित कुल मिलाकर 550 रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन निगम द्वारा 24 जुलाई, 2013 तक आमंत्रित किए गए हैं. विभिन्न वर्गों के उम्मीदवारों के लिए नियमानुसार आरक्षण का प्रावधान इस भर्ती के तहत् उपलब्ध है. रिक्तियों की संख्या घट-बढ़ सकती है.

शैक्षणिक योग्यता—उपलब्ध पदों में से अधिकांश पदों के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता यद्यपि स्नातक है तथापि अलग-अलग पदों की आवश्यकताओं के अनुरूप है. इनकी जानकारी हेतु निगम की वेबसाइट पर विस्तृत विज्ञापन देखें.

आयु सीमा (1 जनवरी, 2013 को)—18–35 वर्ष. विभिन्न वर्गों के लिए आयु सीमा में नियमानुसार छूट उपलब्ध है.

इन भर्तियों के लिए विज्ञापन की शर्तों के अनुसार पात्र पाए गए अभ्यर्थियों की ऑनलाइन लिखित परीक्षा 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के आधार पर 100 अंकों की होगी. जिसमें 50–50 प्रतिशत अंकों के आधार पर दो भागों में प्रश्न-पत्र होगा. सिलेबस के अनुसार भाग ए में सामान्य ज्ञान तथा भाग बी में विषय से सम्बन्धित प्रश्न होंगे. कनिष्ठ लिपिक पद हेतु प्रश्न-पत्र केवल एक ही भाग का 100 अंकों का होगा. सभी पदों पर परीक्षा हेतु परीक्षा अवधि दो घण्टे होगी.

इन भर्तियों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हेतु राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की वेबसाइट www.rsrtc.rajasthan.gov.in देखें. आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी इस वेबसाइट पर ही ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

उपर्युक्त परीक्षा के लिए **उपकार प्रकाशन** द्वारा प्रकाशित **पुस्तक राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम यातायात निरीक्षक/सहायक यातायात निरीक्षक तथा कनिष्ठ लिपिक** के लिए प्रकाशित पुस्तक का अध्ययन लाभकारी होगा.

इग्नू में बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा—2013

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) के क्षेत्रीय केन्द्रों पर संचालित बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 18 अगस्त, 2013 को होगा. वस्तुनिष्ठ किस्म के प्रश्नों वाली प्रवेश परीक्षा में 100 अंकों के एक प्रश्न-पत्र के खण्ड ए में जनरल इंगलिश प्रहेंशन (10 अंक), लॉजिकल एण्ड एनेलेटिकल रीजनिंग (20 अंक), एज्यूकेशनल एण्ड जनरल अवेयरनैस (25 अंक) व टीचिंग लर्निंग एण्ड द स्कूल (25 अंक) के कुल मिलाकर 80 प्रश्न होंगे, जबकि खण्ड बी में 20 अंकों के 20 विषय सम्बन्धी प्रश्न होंगे.

इस प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन-पत्र सम्बन्धित क्षेत्रीय केन्द्रों पर 15 जुलाई, 2013 तक स्वीकार किए जाएंगे. आवेदन-पत्र की प्राप्ति व पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी हेतु 'इग्नू' की वेबसाइट देखें.

उपर्युक्त परीक्षा के लिए **उपकार प्रकाशन** द्वारा प्रकाशित पुस्तक **इग्नू बी.एड. प्रवेश परीक्षा** का अध्ययन करें. पुस्तक का अंग्रेजी संस्करण भी उपलब्ध है.

राजस्थान में कृषि पर्यवेक्षक के रिक्त पद

राजस्थान कृषि अधीनस्थ सेवा के अधीन कृषि पर्यवेक्षक के कुल 2224 रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन-पत्र 15 जुलाई, 2013 तक आमंत्रित किए गए हैं. विभिन्न वर्गों के उम्मीदवारों के लिए नियमानुसार आरक्षण का प्रावधान इस भर्ती के तहत् उपलब्ध है. रिक्तियों की संख्या घट-बढ़ सकती है.

शैक्षणिक योग्यता—किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एस-सी. (कृषि) या बी.एस-सी. (कृषि-उद्यान) ऑनर्स अथवा किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 योजना के अधीन कृषि के साथ सीनियर माध्यमिक या पुरानी योजना के अधीन कृषि के साथ उच्च माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण.

आयु सीमा (1 जनवरी, 2014 को)—18–35 वर्ष. विभिन्न मामलों में आयु सीमा में नियमानुसार छूट उपलब्ध है.

इस भर्ती के लिए आयोजित की जाने वाली 200 अंकों की वस्तुनिष्ठ किस्म की लिखित प्रतियोगिता परीक्षा में सामान्य हिन्दी के 15 प्रश्न (60 अंक), राजस्थान का सामान्य ज्ञान, इतिहास एवं संस्कृति के 25 प्रश्न (100 अंक) तथा शस्य विज्ञान उद्यानिकी व पशुपालन के 60 प्रश्न (240 अंक) होंगे. दो घण्टे की अवधि की यह परीक्षा सितम्बर 2013 में आयोजित होने की सम्भावना है. भर्ती के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हेतु महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpuat.ac.in देखें.

इस वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक www.rcaudaipur.com के जरिए ही ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं.

उपर्युक्त परीक्षा के लिए **उपकार प्रकाशन** द्वारा प्रकाशित **राजस्थान कृषि निदेशालय कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा** पुस्तक का अध्ययन करें.

सशस्त्र सीमा बल में कॉस्टेबिलों (ड्राइवर्स) की भर्ती

सशस्त्र सीमा बल (SSB) में कॉस्टेबिलों (ड्राइवर्स) के कुल 6459 पदों की भर्ती के लिए पात्र पुरुष अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप पर 1 अगस्त, 2013 तक आवेदन-पत्र आमंत्रित किए गए हैं. उपलब्ध रिक्तियों में से कुछ रिक्तियाँ विभिन्न वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित हैं. रिक्तियों की संख्या घट-बढ़ सकती है.

शैक्षणिक योग्यता—मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण तथा साथ में हैवी व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस.

आयु सीमा—(1 अगस्त, 2013 को)—18–28 वर्ष. विभिन्न मामलों में आयु सीमा में नियमानुसार छूट उपलब्ध है.

इस भर्ती के तहत् अभ्यर्थियों का चयन शारीरिक दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा, ड्राइविंग व चिकित्सकीय परीक्षा आदि के आधार पर किया जाएगा. कुल 100 अंकों की वस्तुनिष्ठ किस्म की लिखित परीक्षा में सामान्य अंग्रेजी/हिन्दी तथा सामान्य ज्ञान की 50-50 अंकों की परीक्षा होगी. इस भर्ती के सम्बन्ध में आवेदन-पत्र के प्रारूप व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए सशस्त्र सीमा बल की वेबसाइट www.ssbrectt.gov.in व रोजगार समाचार देखें.

●●●

परमाणु के भीतर की पहली तस्वीर खींची गई

नीदरलैंड्स के वैज्ञानिकों ने परमाणु के भीतर की तस्वीर खींचने में सफलता प्राप्त की है. इस प्रयोग के लिए वैज्ञानिकों ने लेसर किरणों एवं माइक्रोस्कोप की सहायता ली है. विज्ञान की इस उपलब्धि से इलेक्ट्रॉनिक्स का मार्ग प्रशस्त हो सकता है और विकास का नया रास्ता खुल सकता है. ब्रह्माण्ड के उद्भव एवं विकास के मूलभूत रहस्य भी खुल सकते हैं.

परमाणु के भीतर की तस्वीर लेने की प्रक्रिया



ऐसी तस्वीर पहले कभी नहीं ली गई थी, क्योंकि जिस कण की तस्वीर लेने की कोशिश की जाती थी, वह कण ही नष्ट हो जाता था. यह प्रयोग एम्सटर्डम की अमोल्फ की अनुसंधानशाला में किया गया जो फाउंडेशन फॉर फंडामेन्टल रिसर्च ऑन मैटर के लिए विख्यात है.

इस प्रयोग के लिए हाइड्रोजन परमाणु को चुना गया, क्योंकि इसकी संरचना सबसे सरल होती है. अब वैज्ञानिक हीलियम पर यही प्रयोग कर रहे हैं. वैज्ञानिक मानते हैं कि जटिल परमाणुओं की तस्वीर लेना काफी कठिन है. वैज्ञानिकों ने परमाणु के भीतर झाँकने के लिए विशेष लेंस की मदद ली, जिससे तस्वीर को 20 हजार गुना बड़ा किया जा सकता है. इस लेंस से क्वांटम माइक्रोस्कोप तैयार किया गया. प्रयोग के लिए टीम ने हाइड्रोजन परमाणु पर दो लेसर डाले जिससे उसकी रफ्तार बढ़ गई और इलेक्ट्रॉन ने परमाणु को छोड़ दिया. इसके बाद इस चैम्बर में, तेज इलेक्ट्रिक फील्ड की मदद से, इलेक्ट्रॉन को पूर्व-निर्धारित दिशा में एक लेंस से गुजारा गया, तब उसकी तस्वीर एक स्फुरदीप्त पर्दे पर ली गई. इसमें इलेक्ट्रॉन लाइट और डार्क ...ों के रूप में दिखाई दिया. इसे एक हाई रिजोल्यूशन डिजिटल कैमरे से देखा गया. कई तरह के लेसर डाले गए, जिससे परमाणु के भीतर के कणों की अलग-अलग तस्वीरें आईं.

इस सफलता से क्वांटम फिजिक्स की सीमाएं बढ़ जाएंगी तथा भविष्य में अल्ट्राफास्ट इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम तैयार किया जा सकेगा जो अभी तक सम्भव नहीं था. विश्व के चोटी के भौतिकशास्त्रियों ने इसे असाधारण प्रयोग बताया, क्योंकि हमारे ब्रह्माण्ड का तीन-चौथाई भाग हाइड्रोजन से मिलकर बना है.

नई तकनीक से सात मृतकों को जीवित किया गया

मनुष्य जिस बात से सबसे अधिक डरता है, वह है मृत्यु. विज्ञान मनुष्य को अजर-अमर बनाने के लिए कृतसंकल्प है. अभी हाल में कुछ ऐसी वैज्ञानिक घटनाएं घटित हुईं जिन्होंने इस विश्वास को पक्का कर दिया कि आज नहीं तो कल, मृत्यु पर विजय पा ली जाएगी.

मृतक व्यक्ति को जीवित करने के लिए अभी हाल में कुछ नई तकनीकों का विकास हुआ है. मृतक व्यक्तियों पर इन तकनीकों का प्रयोग सफल रहा है. आस्ट्रेलिया के मेलबर्न स्थित अल्फ्रेड अस्पताल में क्लिनिकली डेड व्यक्ति को इस तकनीक के प्रयोग से जिन्दा कर लिया गया.

विक्टोरिया के रहने वाले 30 वर्षीय कॉलिन फीडलर अल्फ्रेड अस्पताल में दिल की बीमारी से पीड़ित थे और वहीं उनकी मृत्यु हो गई. अस्पताल में ही एक घण्टा तक मृत पड़े रहे, पर नई तकनीक ने उन्हें जिन्दा कर दिया. वह अकेले नहीं हैं, छः और भी मृतक हैं, जिन पर इस तकनीक का जादू चल गया और उन्हें मौत के मुँह से छीन लाया गया और अब वे प्रसन्नचित्त जीवन जी रहे हैं.

चिकित्सक जिन दो नई मशीनों की सहायता से इलाज कर रहे हैं, वे हैं **कार्डियोपल्मोनेरी रिससीटेशन** (सी पी आर) तकनीक एवं दूसरी है पोर्टेबल हार्टलंग मशीन (**एक्स्ट्राकार्पोरियल मेंब्रेन आक्सीजिनेशन तकनीक**). सी.पी.आर., जहाँ लगातार

उपकार

नवीन प्रस्तुति

प्रैक्टिस वर्क बुक

यू.जी.सी. नेट/जे.आर.एफ./सेट

शिक्षण एवं शोध अभियोग्यता

(अनिवार्य प्रश्न-पत्र)

लेखक :
डॉ. के. कौटिल्य

Code No. 2226

Price : ₹ 170/-

English Edition

Code No. 1781

Price : ₹ 155/-

उपकार प्रकाशन, आगरा - 2

E-mail : care@upkar.in

Website : www.upkar.in

sscexamonline.blogspot.com

छाती को दबाने का काम करती है, वहीं हॉर्टलंग मशीन रोगी के जरूरी अंगों, जैसेकि ब्रेन आदि तक, ऑक्सीजन एवं रक्त का प्रवाह बनाए रखती है.

इस तकनीक के द्वारा हृदय रोग के कारण मृत सात लोगों को जीवित किया जा चुका है. दिल का दौरा पड़ने के सही कारण को समझने में भी चिकित्सकों को इस तकनीक से मदद मिलेगी. इससे स्थायी विकलांगता का खतरा जाता रहेगा.

'स्मार्टबर्ड' – उड़ने वाला रोबोट

प्रकृति से प्रेरित होकर इंजीनियरों ने एक ऐसा रोबोट विकसित किया है, जो पक्षी की तरह स्वयं उड़ता है. इसका नाम 'स्मार्टबर्ड' रखा गया है. स्मार्टबर्ड बनाने वाले विकास एवं शोध दल के प्रमुख प्रोफेसर हाइनरिश फ्रोत्सेक ने बताया कि दशकों बाद यह पहला अवसर है जब विज्ञान ने एक लम्बी छलाँग लगाई है. उन्होंने बताया कि हमने यह राज जान लिया है कि पक्षी कैसे उड़ते हैं ? इंजीनियर पहले से ही बायोनिक्स के क्षेत्र में प्रकृति पर काम कर रहे हैं. हम प्रकृति से सीखने की कोशिश कर रहे हैं.



स्मार्टबर्ड

हम यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि मछलियाँ कैसे तैरती हैं, पक्षी कैसे उड़ते हैं ? शुरुआत मछलियाँ और पेंग्विन से हुई. हमने समुद्री चिड़िया ली और उसके उड़ने के तरीके को रोबोट में अपनाया. पहली उड़ान से पहले स्मार्टबर्ड को कई परीक्षणों से होकर गुजरना पड़ा. तीन वर्ष की कड़ी मेहनत के बाद एक ऐसा उपकरण बनाया गया जिससे 300 ग्राम का पक्षी आराम से उड़ सकता है बिलकुल असली चिड़िया की तरह.

स्मार्टबर्ड में हर पुर्जे का एक विशेष काम है. एक इलेक्ट्रिक मोटर पंखों को चलाती है. एक जटिल फ्रेम के द्वारा असली पंखों की तरह उन्हें लहराया जाता है. सेंसरों की मदद से स्मार्टबर्ड अपना रास्ता स्वयं तय करती है. इस प्रयोग के परिणामों का भविष्य में और क्षेत्रों में भी उपयोग किया जा सकता है.

बायोनिक सेन्टर में काम कर रहे प्रोफेसर हॉर्स्ट ब्लेकमन पक्षियों के पंखों पर काम कर रहे हैं. वह यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि बदलती हवा किस तरह चिड़िया की प्रतिक्रिया पर प्रभाव डालती है ? इस तकनीक से भविष्य में हवाई जहाजों को और सुरक्षित बनाया जा सकेगा. उन्होंने कहा कि यदि आप पक्षियों की उड़ान की जाँच करेंगे, तो स्पष्ट है कि आप उड़ान के बारे में और उड़ान की कुशलता के बारे में भी पता कर लेंगे. इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी मिलने से आप ऐसे विमान बनाएंगे जो अपेक्षाकृत अधिक तेज उड़ेंगे तथा यातायात के लिए सामान्य हवाई जहाजों से अधिक सुरक्षित रहेंगे. प्रकृति के पक्षियों के स्तर तक पहुँचने में हमें अभी काफी समय लगेगा.

तूफान में फँसा शनि ग्रह

शनि ग्रह इस समय भयंकर तूफान की चपेट में फँसा हुआ है. यह तूफान उमड़-घुमड़ रहा है. वह इतना बड़ा है कि इसमें सम्पूर्ण भारतीय उपमहाद्वीप समा सकता है. इस तूफान की तस्वीरें भेजी हैं कैसिनी अंतरिक्ष यान ने, जो 2004 से वहाँ मौजूद है. तस्वीरें लाल रुधिर के रंग की हैं. तूफान की गति 330 किमी प्रति घण्टा है. यह अभी पता नहीं चला है कि तूफान कितने दिनों से चल रहा है ?



शनि पर तूफान की तस्वीर नासा ने जारी की

कैसिनी जब पहली बार शनि के निकट पहुँचा, तो वहाँ अंधेरा था. उस समय शनि पर सर्दी का मौसम चल रहा था. यह पहला अवसर है जब दिन के उजाले में शनि के उत्तरी ध्रुव की तस्वीरें भेजी गई हैं. यह बहुत कुछ धरती पर आने वाले तूफान जैसा है, यद्यपि यह शनि ग्रह पर है और इसका दायरा बहुत बड़ा है. इस तूफान को शनि के वातावरण में मौजूद हाइड्रोजन से थोड़ा-बहुत पानी भी मिल रहा है. वैज्ञानिकों का मानना है कि तूफान ध्रुव तक सीमित रहेगा, क्योंकि हवाओं ने इसे उत्तर की ओर धकेल दिया है.

यह तूफान धरती पर आने वाले तूफानों से लगभग 20 गुना बड़ा है. तूफान की ऊपरी सतह पर चमकीले बादल दिखाई पड़ रहे हैं, जो 150 मीटर प्रति सेकण्ड की गति से उड़ रहे हैं. पृथ्वी की तरह, शनि के तूफान में भी बादल काफी नीचे हैं.

यूरोपा के डरावने 'आइस ब्लेड'

बृहस्पति के 70 से अधिक चन्द्रमाओं के विवरण मिल चुके हैं, उनमें चार सबसे प्रमुख चन्द्रमा हैं—लो, कैलिस्टो, गेनीमेड एवं यूरोपा. 'लो' ज्वालामुखियों, उबलते लावा तथा जहरीले सल्फर के गुब्बार से भरा हुआ है. कैलिस्टो बर्फीले चट्टानों से ढका है. गेनीमेड एवं यूरोपा पर बर्फ है, जिसके नीचे पानी का समुंदर है. कई शोध इस बात का संकेत दे रहे हैं कि यूरोपा पर तरल जल है तथा हाइड्रोजन परऑक्साइड भी हो सकती है. अतः यह माना जा रहा है कि यहाँ मानव-जीवन सम्भव है.



यूरोपा पर बर्फ की नुकीली चोटियाँ

यूरोपा के संदर्भ में एक बड़ी कठिनाई है. वहाँ तलवार की शक्ल में बर्फ की लगभग 19 मीटर लम्बी-लम्बी नुकीली चोटियाँ वैज्ञानिकों को डरा रही हैं. वैज्ञानिकों ने इन्हें 'पेनिटेंट्स' का नाम दिया है. वैज्ञानिक प्रयास कर रहे हैं कि वहाँ बर्फ की परतों के बीच जमे नीले पानी में विद्यमान धरातल के कुछ टुकड़ों के नमूने लाए जाएं. वैज्ञानिक यूरोपा की सतह पर रोबोट भेजकर मानव-जीवन के लिए जरूरी परिस्थितियों की छानबीन करना चाहते हैं. इससे वैज्ञानिक यह पता लगा सकेंगे कि कई किलोमीटर नीचे दबे समुद्र का पानी कैसा है ? लगभग ये ही परिस्थितियाँ धरती पर काफी ऊँचाई पर स्थित क्षेत्र 'एंडिज' पर भी मौजूद हैं.

'पेनिटेंट्स' तब बनना शुरू होता है जब बर्फ की सतह सूर्य की गर्मी के कारण तपने लगती है. धीरे-धीरे बर्फ के बीच में खाँचे बनने शुरू हो जाते हैं. फिर ये ही खाँचे सूरज की किरणों के लिए जाल बन जाते हैं जैसे-जैसे खाँचे गहरे होते जाते हैं, बर्फ की लम्बी-लम्बी नुकीली चोटियाँ बनती चली जाती हैं.

कोलेरेडो विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डिनियल होबले के अनुसार पेनीटेंट्स तभी बनते हैं, जब सूर्य बिलकुल सिर के ऊपर खड़ा होता है. यूरोपा, बृहस्पति के साथ मजबूत गुरुत्वाकर्षण से बँधा हुआ है तथा बृहस्पति, सूर्य के मजबूत गुरुत्वाकर्षण से बँधा हुआ है. इसलिए, सूर्य बृहस्पति पर एकदम सीधा ऊपर स्थित होता है.

sscexamonline.blogspot.com

यूरोपा पर ऑक्सीजन कम है. यह भी एक समस्या है.

लौटेगी रोशनी मात्र एक इंजेक्शन से

आँख की रेटिना में नस का अवरुद्ध हो जाना आम बीमारी है. इससे आँख की रोशनी चली जाती है. अवरोध के कारण नस सूज जाती है, जिससे दिखना बन्द हो जाता है. इसके निदान के लिए वैज्ञानिकों ने एक इंजेक्शन विकसित किया है, जिससे इस रोग का निदान हो जाता है, आँख स्वस्थ हो जाती है तथा दृष्टिहीन भी पुनः देखने लगता है. इस इंजेक्शन से सरलता से किसी की खोई हुई दृष्टि लौटाई जा सकती है तथा अन्य को नेत्रहीन होने से बचाया जा सकता है.

ब्रिटेन के एडिनबर्ग स्थित प्रिंसेस अलेगजेन्ड्रा आई हॉस्पिटल के प्रोफेसर पीटर कॉकेट इस इंजेक्शन को विकसित करने वाले शोध दल के प्रमुख हैं. इन्होंने बताया कि यह इंजेक्शन सीधे आँख में लगाया जाता है. इस तरह केवल सात मिनट की एक प्रक्रिया में आँख में दवा पहुँचाई जाती है.

सीधे आँख में लगता इंजेक्शन

रेटिना की एक नस में खून जम जाता है. खून का यह जमना किसी पाइपलाइन में रुकावट की तरह काम करता है. जमाव के पीछे दबाव बनता है तथा रेटिना में ताजा एवं ऑक्सीजनयुक्त रक्त की आपूर्ति घट जाती है. ऐसी स्थिति में ऑक्सीजन की जरूरत को पूरा करने के लिए रेटिना की कोशिकाओं से एक पदार्थ निकलता है जिसे वेस्कुलर एंडोथेलियल ग्रोथ फैक्टर कहते हैं. यह पदार्थ नई रक्त वाहिकाओं के पनपने में मदद करता है, लेकिन इसकी वजह से रेटिना में तरल पदार्थ भरने लगता है, जिससे अंततः मैक्युला में सूजन होने लगती है. जिसका असर दृष्टि पर पड़ता है.

यदि सूजन लम्बे समय तक कायम रहती है, तो यह रेटिना की कोशिकाओं को क्षति पहुँचाती है जिससे आँखों की रोशनी चली जाती है. नई इंजेक्शन वेस्कुलर, एंडोथेलियल ग्रोथ फैक्टर के दुष्प्रभावों को रोकती है. यह रक्त-वाहिकाओं में सूजन नहीं होने देती है.

सूर्य की चमक का कारण चुम्बकीय सोलर हार्टबीट

विभिन्न ग्रहों के अध्ययन के लिए उनकी सतहों पर अन्तरिक्ष यान और रोवर उतारे जाते हैं, जो लम्बे समय तक ग्रह की संरचना, उसकी जलीय स्थिति, वायुमण्डल एवं उससे सम्बन्धित विभिन्न तथ्यों का व्यापक अध्ययन करते हैं. इस विधि से सूर्य का अध्ययन सम्भव नहीं है, क्योंकि सूर्य एक गैसीय गोला है और उसकी सतह का ताप भी काफी ऊँचा है. सूर्य के आन्तरिक भाग के अध्ययन में भी ये कठिनाइयाँ हैं. अतः वैज्ञानिकों ने वैकल्पिक विधि से सूर्य का अध्ययन किया और पाया कि सूर्य के आन्तरिक भाग में एक चुम्बकीय सोलर हार्टबीट है. यही चुम्बकीय हार्टबीट ऊर्जा उत्पन्न करता है और इसी से सूर्य में चमक आती है.



यह नया अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ मांट्रियल के प्रोफेसर पॉल चेरबोन्यू के नेतृत्व में किया गया. उन्होंने बताया कि सूर्य के आन्तरिक भाग का अध्ययन दशकों से कठिन समस्या रही है. इस तरह का पहला प्रयास 1980 में किया गया था, लेकिन उस समय सूर्य के अन्दर की हलचल के बारे में पूर्ण जानकारी नहीं मिल सकी थी. बड़े और छोटे दोनों स्तरों पर हलचलें होती हैं. जब हलचल से उत्पन्न ऊर्जा उत्सर्जित होती है, तो वह छोटे भँवर के रूप में आगे बढ़ती है.

हार्टबीट की स्थिति में सूर्य

प्रोफेसर चेरबोन्यू ने बताया कि उत्सर्जन की प्रक्रिया के दौरान सूर्य अधिक काले धब्बे उत्पन्न करता है, जो कुछ हद तक सूर्य को धुँधला कर देता है. यह छोटी चुम्बकीय संरचनाओं का भी निर्माण करता है, जो इसकी सतह को चमकीला बनाती है.

●●●

sscexamonline.blogspot.com

धैर्य व आत्मबल के साथ निरन्तर मेहनत, मेरी सफलता का मूलमन्त्र है.

—काना राम

सिविल सेवा परीक्षा, 2012 में हिन्दी माध्यम से 54वें स्थान पर चयनित

संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित आई.ए.एस. परीक्षा में 54वें स्थान पर चयनित होकर काना राम ने एक सम्मानजनक उपलब्धि अर्जित की है, जिसके लिए वह प्रशंसा एवं हमारी हार्दिक बधाई के पात्र हैं. प्रतियोगिता दर्पण पत्रिका के साथ उनकी महत्वपूर्ण भेंटवार्ता यहाँ मूलरूप में प्रस्तुत है.

प्र. द.–सिविल सेवा परीक्षा में शानदार सफलता पर प्रतियोगिता दर्पण परिवार की ओर से हार्दिक बधाई.

काना राम–धन्यवाद.

प्र. द.–क्या आप इस प्रयास में अपनी तैयारी एवं परीक्षा में निष्पादन से सन्तुष्ट थे और उच्च सफलता के प्रति आशावान थे ? सफलता के इस समाचार पर आपकी क्या प्रतिक्रिया रही ?

काना राम–जी हाँ. इस समाचार पर मेरी पहली प्रतिक्रिया रही, "परिणाम परिश्रम के अनुरूप ही होता है" और इसके बाद मैंने अपने परिवार एवं मित्रों के साथ खुशियाँ मनाई.

प्र. द.–इन सेवाओं में आपने क्या प्राथमिकता दी है और इसका कोई विशेष कारण ?

काना राम–आई.ए.एस., आई.पी.एस., आई.आर.एस. एवं आई.एफ.एस. इसका कारण कार्य क्षेत्र की व्यापकता एवं ग्रामीण पृष्ठभूमि रहा.

प्र. द.–वैकल्पिक विषयों का चुनाव करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है ?

काना राम–वैकल्पिक विषयों के चयन के समय स्वयं की रुचि, मार्गदर्शन एवं पाठ्य-सामग्री की उपलब्धता तथा सिविल सेवा परीक्षा में वैकल्पिक विषयों के प्रदर्शन को ध्यान रखना आवश्यक है.

प्र. द.–आपके वैकल्पिक विषय क्या थे ?

काना राम–वैकल्पिक विषय–

(1) भूगोल, (2) इतिहास.

प्र. द.–आपके वैकल्पिक विषयों के चुनाव का आधार क्या रहा ?

काना राम–उक्त बिन्दु ही मेरे वैकल्पिक विषयों के चुनाव का आधार रहे. मेरे दोनों प्रयासों में दोनों ही वैकल्पिक विषय रहे.

प्र. द.–यह आपका कौनसा प्रयास था ?

काना राम–द्वितीय.

प्र. द.–आप अपने पिछले प्रयासों को ... प्रकार देखते हैं ?

...... प्रतियोगिता दर्पण में समसामयिक घटनाक्रम के साथ विश्लेषणात्मक लेख के कारण यह पत्रिका पृष्ठ मानकों के बहुत करीब है.

काना राम–मुझे लगता है कि पिछले प्रयास में कुछ कमी रही गयी थी, उसी को दूर कर इस बार सफलता सुनिश्चित की.

प्र. द.–अपना परिणाम जानने से पहले आप टॉपर्स के बारे में क्या सोचते थे ?

काना राम–यही कि सफल उम्मीदवार कुछ अलग नहीं करते, बल्कि उनका कार्य करने का तरीका अलग होता है. मैं बलवन्त सिंह जी (I.A.S.) और पद्मजी मिर्धा (I.R.S.) से प्रभावित हुआ.

प्र. द.–क्या प्रारम्भिक परीक्षा में आए बदलावों के कारण ही आप इस परीक्षा की ओर आकर्षित हुए या पहले से ही तैयारी कर रहे थे ?

काना राम–मैं पहले से ही तैयारी कर रहा था और पिछले प्रयास में प्रारम्भिक परीक्षा का सामना कर चुका था.

प्र. द.–नए कलेवर वाली प्रारम्भिक परीक्षा की तैयारी हेतु क्या रणनीति रही ?

काना राम–अब प्रारम्भिक परीक्षा में वैकल्पिक विषय नहीं रहा. अतः सामान्य अध्ययन के व्यापक व विस्तृत अध्ययन के साथ CSAT प्रश्न-पत्र में अधिकाधिक प्रश्नों को हल करने हेतु पूर्वाभ्यास आवश्यक है.

प्र. द.–आपकी प्रश्न-पत्र I (सामान्य अध्ययन) और 2 (अभिवृत्ति परीक्षण) की तैयारी हेतु क्या रणनीति रही ?

काना राम–प्रश्न-पत्र I में परम्परागत विषयों के अध्ययन के साथ-साथ समसामयिक घटनाओं से सहसम्बन्धित होने का प्रयास किया. प्रश्न-पत्र 2 में अधिकाधिक प्रश्नों को हल करने का प्रयास किया.

प्र. द.–ऋणात्मक अंकन (नेगेटिव मार्किंग) के लिए क्या सावधानी बरती ?

काना राम–नेगेटिव मार्किंग से ज्यादा डरने की जरूरत नहीं है. सकारात्मक सोच के साथ प्रश्नों को यथासम्भव हल करने का प्रयास करना चाहिए. यदि दो विकल्पों में से एक का चयन करना हो, तो ऐसे प्रश्नों को छोड़ना नहीं चाहिए.

व्यक्ति परिचय

नाम–*काना राम*

पिता का नाम–*श्री गैना राम*

माता का नाम–*श्रीमती सुगना देवी*

शैक्षिक योग्यता–

10th–*2002, RBSE, Ajmer, 67%*

12th–*2004, RBSE, Ajmer, 71%*

BA/B.Sc.–*2007, JNVU, Jodhpur, 76%*

MA/M.Sc.–*2010, MDSU, Ajmer, 63%*

पूर्व चयन–*ग्राम सेवक एवं पदेन सचिव, पंचायती राज, राजस्थान वरिष्ठ अध्यापक (विज्ञान), माध्यमिक शिक्षा विभाग, राजस्थान.*

प्र. द.–इस परीक्षा में बैठने का निर्णय लेने के बाद आपका पहला कदम सबसे कठिन होता है, शुरू में तैयारी के लिए आपको सही सलाह कहाँ से मिली ?

काना राम–मुझे सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी सम्बन्धी सही सलाह श्री दिलीप जी मेहता से प्राप्त हुई. स्प्रिंगबोर्ड अकादमी, जयपुर से मुझे इस परीक्षा की तैयारी हेतु सही मार्गदर्शन प्राप्त हुआ.

प्र. द.–मुख्य परीक्षा की तैयारी की योजना में क्या विशेष परिवर्तन किया ?

काना राम–मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए मैंने विषय-वस्तु के संक्षिप्त नोट्स तैयार करने के साथ लेखन-शैली पर विशेष जोर दिया. इस हेतु मैंने टेस्ट सीरीज भी ज्वाइन की थी.

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

प्र. द.—आपने निबन्ध के लिए किस प्रकार तैयारी की ?

काना राम—मैंने निबन्ध के लिए कोई कोचिंग नहीं ली; कोचिंग संस्थान में होने वाली डिबेट तथा दोस्तों के साथ चर्चा उपयोगी सिद्ध हुई.

इस प्रयास में मैंने पीपीपी विषय पर निबन्ध लिखा. इस विषय को चुनने का आधार इसकी प्रासंगिकता व इसके बारे में मेरे पास विचारों की स्पष्ट रूपरेखा रही.

प्र. द.—समय-प्रबन्धन को लें तो इस परीक्षा की तैयारी में कोई कठिनाई हुई ?

काना राम—मेरी लेखन गति थोड़ी धीमी है ऐसे में मैंने शब्द-सीमा के भीतर ही उत्तर लिखने का प्रयास किया और समय का ध्यान रख सभी प्रश्नों को हल करने का प्रयत्न किया.

प्र. द.—साक्षात्कार हेतु किस प्रकार की तैयारी की ?

काना राम—साक्षात्कार हेतु मैंने अपने शिक्षक एवं मित्रों के साथ चर्चा कर प्रमुख विषयों पर अपने ब्यूज तैयार किए.

प्र. द.—आपका साक्षात्कार किस बोर्ड में हुआ और आपका साक्षात्कार का अनुभव कैसा रहा ?

काना राम—मेरा साक्षात्कार डॉ. पुरुषोत्तम अग्रवाल के बोर्ड में हुआ. मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा और मैं अपने साक्षात्कार से सन्तुष्ट रहा.

प्र. द.—आपसे साक्षात्कार में किस तरह के प्रश्न पूछे गए ?

काना राम—मेरे साक्षात्कार में पूछे गए प्रश्नों में अधिकांश बायोडाटा को कवर किया गया. इसमें मुख्यतः मेरे दोनों वैकल्पिक विषयों भूगोल एवं इतिहास, गृह राज्य व गृह जिला, मेरे वर्तमान कार्य ग्राम सेवक आदि पर प्रश्न रहे.

कुछ प्रश्न समसामयिकी से भी रहे जैसे सोशल मीडिया, ग्लोबल वार्मिंग तथा कुछ प्रश्न मेरी रुचियों के बारे में भी रहे.

प्र. द.—**सिविल सेवा**—केवल यही एकमात्र लक्ष्य था या किसी और कैरियर विकल्प के लिए साथ-साथ तैयारी कर रहे थे ?

काना राम—सिविल सेवा ही मेरा एकमात्र लक्ष्य था. कैरियर विकल्प की मुझे कोई चिन्ता नहीं थी, क्योंकि मैं पहले से ही रोजगाररत था.

प्र. द.—आज के बदलते आर्थिक परिदृश्य में निजी क्षेत्र में सेवाओं के लुभावने अवसर उपलब्ध होने के बावजूद आप सिविल सेवाओं में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के भी गम्भीरता से तैयारी में लगे रहे. आखिर किस चीज ने आपका जोश बरकरार रखा ?

काना राम—सिविल सेवाओं की प्रतिष्ठा व व्यापक कार्यक्षेत्र ने मेरा जोश बरकरार रखा.

प्र. द.—किस शैक्षिक स्तर पर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के बारे में सोचना शुरू करना चाहिए ?

काना राम—सिविल सेवा परीक्षा में बैठने के लिए स्नातक के अन्तिम वर्ष में तैयारी शुरू कर देनी चाहिए. लगभग डेढ़ से दो वर्ष का समय इस तैयारी के लिए देना चाहिए.

प्र. द.—आपको लगता है कि इस परीक्षा में मानविकी विषयों की अपेक्षा विज्ञान विषयों के साथ अच्छे अंक प्राप्त करने की सम्भावनाएं ज्यादा हैं ?

काना राम—ऐसा कुछ नहीं है. किसी भी विषय में अच्छे अंक विषयवस्तु पर अपनी पकड़ से सम्भव होते हैं.

प्र. द.—आपके अनुसार, इस परीक्षा में हिन्दी माध्यम लेकर तैयारी करने एवं सफलता प्राप्त करने के बारे में क्या विचार है ?

काना राम—हाल ही के वर्षों में हिन्दी माध्यम वाले भी उच्च रैंक प्राप्त कर रहे हैं. फिर भी अंग्रेजी माध्यम वाले तुलनात्मक रूप से लाभप्रद स्थिति में होते हैं.

प्र. द.—आपको किस तरह और कब सिविल सेवाओं की गरिमा एवं महत्व का अनुभव हुआ ?

काना राम—मुझे सिविल सेवाओं की सशक्त स्नातक शिक्षा के दौरान विकसित होनी शुरू हो गयी थी, परन्तु वास्तविक महत्व बाद में अनुभव हुआ.

प्र. द.—वह क्षण कब आया जब आपने सिविल सेवाओं में कैरियर की सम्भावनाओं को तलाशने का फैसला लिया ?

काना राम—मैंने स्नातक डिग्री पूर्ण होते ही इस परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी थी.

प्र. द.—क्या तैयारी के शुरू में आपने अपने लिए इस परीक्षा का सामना करने के लिए कोई समय-सीमा या प्रयासों की संख्या सम्बन्धी सोच बनाई थी ?

काना राम—मैंने आईएएस में चयन ही अपने लिए लक्ष्य रखा था कोई समय-सीमा में नहीं बँधा.

प्र. द.—इस परीक्षा में बैठने का निर्णय आपका अपना था या फिर यह आपके माता-पिता का ?

काना राम—सिविल सेवाओं की ओर आकर्षण और इसमें बैठने का मेरा व्यक्तिगत निर्णय था.

प्र. द.—क्या अभ्यर्थी के शैक्षिक, आर्थिक और जनांकिकीय स्थिति का प्रभाव तैयारी पर पड़ता है ? यदि हाँ, तो कैसे ?

काना राम—यदि इरादे मजबूत हैं, तो किसी स्थिति विशेष का कोई प्रभाव नहीं पड़ता.

प्र. द.—आपकी सफलता का मूलमन्त्र क्या है ?

काना राम—मेरी सफलता का मूलमन्त्र धैर्य व आत्मबल के साथ निरन्तर मेहनत है.

व्यक्तिगत विशेषताएं

पसंदीदा व्यक्तित्व—महात्मा गांधी
रुचियाँ—साहित्य पढ़ना और लोक गीत गाना

प्र. द.—अपनी सफलता का श्रेय किनको देना चाहेंगे ?

काना राम—मैं अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवारीजनों, शैक्षणिक गुरु दिलीप सिंह जी मेहरा व मित्रों रविन्द, नथमल डिडेल, जयपाल, हरिओम को देता हूँ.

प्र. द.—इस परीक्षा की तैयारी हेतु एक मानक प्रतियोगिता पत्रिका में क्या विशेष सामग्री एवं संकलन की अपेक्षा रखते हैं ?

काना राम—एक मानक प्रतियोगिता पत्रिका में विषय की तथ्यवार जानकारियों के साथ उच्च कोटि का विश्लेषण होना आवश्यक है.

प्र. द.—भारत में सबसे ज्यादा पढ़ी जाने वाली प्रतियोगिता पत्रिका प्रतियोगिता दर्पण को इन मानकों के कितना करीब पाया ?

काना राम—प्रतियोगिता दर्पण में समसामयिक घटनाक्रम के साथ विश्लेषण युक्त लेख के कारण यह पत्रिका पुष्ट मानकों के बहुत करीब है.

प्र. द.—क्या आपने सिविल सेवा परीक्षा से सम्बद्ध अतुल कपूर द्वारा लिखे लेख पढ़े और इन्हें तैयारी के सन्दर्भ में उपयोगी पाया ?

काना राम—यह लेख मैंने पढ़े हैं और तैयारी में उपयोगी सिद्ध हुए.

प्र. द.—क्या आपने सामान्य अध्ययन के अतिरिक्तांकों की सीरीज का उपयोग किया जो पिछले कई वर्षों से उम्मीदवारों के बीच बहुत पसन्द की जा रही है ?

काना राम—मैंने प्रतियोगिता दर्पण के अर्थव्यवस्था के अतिरिक्तांक का अध्ययन किया.

प्र. द.—कोई सुझाव या सन्देश अभ्यर्थियों को देना चाहेंगे ?

काना राम—सिविल सेवा परीक्षा की परिवर्तित प्रकृति के अनुसार, स्वयं अनुकूलित कर धैर्य के साथ निरन्तर परिश्रम करें.

प्र. द.—आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं.

काना राम—धन्यवाद. ●●●

sscexamonline.blogspot.com

JUST RELEASED

FOR ALL CLASSES

UPKAR'S

General ENGLISH GRAMMAR



Dr. Ramphal Nain

The Main Features of the Book

- The teaching of grammar must be interesting and exciting. Author has made an attempt in this direction.
- This book explains basic concepts of English grammar in a pleasing way.
- It has been written in simple and idiomatic language.
- The style of the book is almost accessible to the students of all I.Q.'s.
- There is an extensive treatment of each topic with a variety of questions covering all units of grammar including sentences, tenses, articles, adjectives, adverbs, verbs, question tags, syntax, interjections, nouns, pronouns, prepositions, conjunctions, determiners, narrations, voices, punctuation, word confusion, synonyms, antonyms, clauses, synthesis of sentences and daily use sentences with proverbs.
- Hindi equivalents of grammatical terms have been given to facilitate the study of English grammar by comparison and contrast. The new terms and concepts have been explained to acquaint the reader with the emerging trends in the study of grammar.
- It gives proper and in-depth understanding of correct and good English.
- Each rule is followed by examples depicting its usage.
- This book explains troublesome grammatical aspects and how to avoid typical mistakes with a certain usage.
- The exercises for practice are adequate, simple, varied, well selected and carefully graded to evaluate learning progress.
- An ideal book for all classes and competitive examinations.

UPKAR PRAKASHAN
(An ISO 9001:2008 Company)
2/11 A, Swadeshi Bima Nagar, AGRA-282 002 Ph. : 4053333, 2530966, 2531101; Fax : (0562) 4053330
• E-mail : care@upkar.in • Website : www.upkar.in
Branch Offices : • New Delhi Ph. : 011-23251844/66 • Hyderabad Ph. : 040-66753330 • Patna Ph. : 0612-2673340

सफलता का कोई मूलमंत्र नहीं होता और न ही शॉर्ट-कट

—रजनी सिंह

सिविल सेवा परीक्षा, 2012 में हिन्दी माध्यम से 50वें स्थान पर चयनित

संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित आईएएस परीक्षा में 50वें स्थान पर चयनित होकर रजनी सिंह ने एक सम्मानजनक उपलब्धि अर्जित की है, जिसके लिए वह प्रशंसा एवं हमारी हार्दिक बधाई की पात्र हैं. प्रतियोगिता दर्पण के साथ उनकी महत्वपूर्ण भेंटवार्ता यहाँ मूलरूप में प्रस्तुत है.

प्र. द.–सिविल सेवा परीक्षा में शानदार सफलता पर प्रतियोगिता दर्पण परिवार की ओर से हार्दिक बधाई.

सुश्री रजनी–धन्यवाद.

प्र. द.–क्या आप इस प्रयास में अपनी तैयारी एवं परीक्षा में निष्पादन से सन्तुष्ट थीं और उच्च सफलता के प्रति आशावान थीं? सफलता के इस समाचार पर आपकी क्या प्रतिक्रिया रही?

सुश्री रजनी–यह मेरा अन्तिम प्रयास था. अपनी तैयारी को देखते हुए मुख्य परीक्षा व साक्षात्कार के बाद सफलता की काफी आशा थी. मुझे सफलता का समाचार सुनकर बहुत प्रसन्नता हुई.

प्र. द.–इन सेवाओं में आपने क्या प्राथमिकता दी है ?

सुश्री रजनी–आईएएस, आईपीएस, आईएफएस,आईआरएस आदि. प्रशासनिक सेवाओं के व्यापक कार्यक्षेत्र व जनसेवा के अवसर को देखते हुए इसे प्राथमिकता दी.

प्र. द.–वैकल्पिक विषयों का चुनाव करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है?

सुश्री रजनी–वैकल्पिक विषयों का चुनाव करते समय अपनी पृष्ठभूमि, विषय की समझ तथा अपनी रुचि को ध्यान में रखना चाहिए. केवल विषय की लोकप्रियता के आधार पर चयन नहीं करना चाहिए.

प्र. द.–आपके वैकल्पिक विषयों के चुनाव का आधार क्या रहा?

सुश्री रजनी–वैकल्पिक विषय चुनाव में भूगोल हेतु मेरा आधार इसकी विषय-वस्तु की समझ रही. संस्कृत के लिए सरस्वती स्कूल की शिक्षा के कारण मेरी रुचि उत्पन्न हुई.

प्र. द.–आपके वैकल्पिक विषय क्या थे?

सुश्री रजनी–(1) भूगोल और (2) संस्कृत.

प्र. द.–आपने सभी प्रयासों में वैकल्पिक विषय यही रखे या कोई परिवर्तन किया?

सुश्री रजनी–सभी प्रयासों में मैंने यही ल्पिक विषय रखे.

"... इस परीक्षा की तैयारी हेतु तथ्यात्मक समसामयिकी के साथ विभिन्न मुद्दों पर विश्लेषणात्मक सामग्री, अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों, विज्ञान एवं तकनीकी आदि सम्बन्धी जानकारियों का संकलन प्रतियोगिता दर्पण की विशेषता है.

प्र. द.–यह आपका कौनसा प्रयास था ?

सुश्री रजनी–चौथा एवं अन्तिम प्रयास.

प्र. द.–आप अपने पिछले प्रयासों को किस प्रकार देखती हैं ?

सुश्री रजनी–इससे पहले मैं तीन प्रयास कर चुकी थी और तीनों बार साक्षात्कार तक पहुँची, परन्तु अन्तिम सफलता नहीं मिल पाई. प्रथम प्रयास में तैयारी उच्च स्तर की नहीं हो पाई थी, परन्तु दूसरे और तीसरे प्रयास में चयन की आशा रही थी.

प्र. द.–अपना परिणाम जानने से पहले आप टॉपर्स के बारे में क्या सोचती थीं?

सुश्री रजनी–मुझे लगता था कि टॉपर्स कुछ विशिष्ट प्रतिभा के धनी होते हैं. अपने कोचिंग संस्थान में अध्ययन के दौरान मुझे कई टॉपर्स से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ और उनका मार्गदर्शन भी मिला. रानू साहू, प्रतिभा पाल, भानु गोस्वामी, विपुल उज्ज्वल, सदानन्द आदि कई टॉपर्स से प्रेरणा मिली.

प्र. द.–क्या प्रारम्भिक परीक्षा में आए बदलावों के कारण ही आप परीक्षा की ओर आकर्षित हुईं या पहले से ही तैयारी कर रही थीं?

सुश्री रजनी–मैं पहले से ही तैयारी कर रही थी. बदलावों के पूर्व मैं दो बार परीक्षा दे चुकी थी और प्रारम्भिक परीक्षा उत्तीर्ण की थी.

प्र. द.–नए कलेवर वाली प्रारम्भिक परीक्षा की तैयारी हेतु क्या रणनीति रही?

सुश्री रजनी–मुख्यतः समय प्रबन्धन पर विशेष ध्यान रहा. गणित एवं रीजनिंग के अधिकरण प्रश्नों को हल करने को महत्व दिया. साथ-साथ अधिक-से-अधिक अभ्यास किया और इसके लिए टेस्ट सीरिज दिए.

व्यक्ति परिचय

नाम–रजनी सिंह

पिता का नाम–श्री सुखनिधान सिंह

माता का नाम–श्रीमती दुर्गा सिंह

शैक्षिक योग्यता–

हाईस्कूल–*एम. पी. बोर्ड भोपाल, सरस्वती हायर सेकण्डरी (सतना) 2001*

इन्टरमीडिएट–*एम. पी. बोर्ड, भोपाल सरस्वती हायर सेकण्डरी (सतना) 2003*

बी.ई.–*आरजीपीवी (भोपाल) गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, जबलपुर (म. प्र.) 72%, 2007*

पूर्व चयन–

एमपीपीएससी असिस्टेंट डायरेक्टर, ऑडिट

प्र. द.–आपकी प्रश्न-पत्र–1 (सामान्य अध्ययन) और 2 (अभिवृत्ति परीक्षण) की तैयारी हेतु क्या रणनीति रही?

सुश्री रजनी–सामान्य अध्ययन के लिए अधिक-से-अधिक तथ्यात्मक स्मरण एवं विभिन्न विषयों का विश्लेषणात्मक अध्ययन. प्रश्न-पत्र-2 के लिए अधिक-से-अधिक प्रश्न-पत्रों पर अभ्यास किया.

प्र. द.–ऋणात्मक अंकन (नेगेटिव मार्किंग) के लिए क्या सावधानी बरती?

सुश्री रजनी–ऐसे प्रश्न जिनके उत्तर पूर्णतः या अंशतः ज्ञात थे, उन्हें हल किया तथा 50 प्रतिशत से अधिक संशय वाले प्रश्नों को छोड़ दिया, क्योंकि प्रारम्भिक परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु 55 प्रतिशत अंक पर्याप्त होते हैं. इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए ज्यादा जोखिम नहीं लिया.

sscexamonline.blogspot.com

प्र. द.–इस परीक्षा में बैठने का निर्णय लेने के बाद आपका पहला कदम सबसे कठिन होता है, शुरू में तैयारी के लिए आपको सही सलाह कहाँ से मिली?

सुश्री रजनी–शुरू में तैयारी के लिए मुझे सही सलाह अपने परिचितों से मिली, जो इस क्षेत्र में तैयारी कर रहे थे. इसके बाद कोचिंग संस्थान में पाठ्यक्रम व लेखन शैली सम्बन्धी मार्गदर्शन मिला. मैं भाग्यशाली रही कि बिना भटके मैं सही कोचिंग संस्थान और कमल देव सर से मिली और उनके सटीक मार्गदर्शन में मैंने अपने चारों प्रयासों में इंटरव्यू तक पहुँचने में सफलता पाई.

प्र. द.–मुख्य परीक्षा की तैयारी की योजना में क्या विशेष परिवर्तन किया?

सुश्री रजनी–मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए विभिन्न विषयों के लिए समय निर्धारित किया. वैकल्पिक विषयों के साथ-साथ सामान्य अध्ययन पर विशेष ध्यान दिया. इसके लिए इन्टरनेट से भी जानकारी जुटाने का प्रयास किया. लेखन पैटर्न अध्ययन फोकस करते हुए मैंने और दीपा (रैंक-52) ने उत्तर-लेखन का अभ्यास किया. परिणाम यह हुआ कि सामान्य अध्ययन में इस बार सर्वाधिक अंकों में मेरा 271 अंक और दीपा का 279 शामिल रहा.

प्र. द.–आपने निबन्ध के लिए किस प्रकार तैयारी की?

सुश्री रजनी–निबन्ध के सम्बन्ध में कोई विशेष तैयारी नहीं की. निबन्ध संरचना तथा शैली के सम्बन्ध में कोचिंग संस्थान में निबन्ध सम्बन्धी कक्षा की तथा एक-दो निबन्ध लिखकर अभ्यास किया.

निबन्ध लिखने के लिए 'गांधीजी', 'स्वाधीनता, स्वतन्त्रता व स्वराज' सम्बन्धी विषय चुना.

पुस्तकों की सूची

मुख्य परीक्षा

सामान्य अध्ययन–इतिहास, भूगोल, अर्थव्यवस्था, अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध, साइंस टेक्नोलॉजी-निर्माण, आईएएस के नोट्स योजना, कुरुक्षेत्र व दैनिक जागरण समाचार-पत्र.

ऐच्छिक प्रथम–भूगोल

भौतिक भूगोल–सविन्द्र सिंह, पी. दयाल

जलवायु विज्ञान–डी. एस. लाल

भारतीय भूगोल–तिवारी

मानव भूगोल, भौगोलिक चिंतन–माजिद हुसैन

NCERT–10th & 12th

आलोक रंजन सर व आशीष मिश्रा सर के नोट्स

ऐच्छिक द्वितीय–संस्कृत

कैलाश बिहारी सर (पाणिनी) व रंजीत मिश्रा सर के नोट्स

लघु सिद्धान्त कौमुदी, संस्कृत साहित्य का इतिहास, उमाशंकर शर्मा ऋषि, रचनानुवाद कौमुदी व संस्कृत NCERT, अभिज्ञान शाकुन्तलम्, मेघदूत, रघुवंश, नीतिशतक, स्वप्नवासवदत्ता आदि.

प्र. द.–समय प्रबन्धन को लेकर इस परीक्षा की तैयारी में कोई कठिनाई हुई?

सुश्री रजनी–समय प्रबन्धन को लेकर ज्यादा कठिनाई नहीं हुई. विषयों के अनुसार अपने समय का विभाजन कर अध्ययन किया. परीक्षा में भी उत्तर लिखते समय प्रबन्धन का ध्यान रखा. इसके लिए संस्थान में दिए टेस्ट उपयोगी रहे.

प्र. द.–साक्षात्कार हेतु किस प्रकार की तैयारी की ?

सुश्री रजनी–साक्षात्कार हेतु अपने बायो-डाटा सम्बन्धी पूर्ण जानकारी एकत्रित की. समसामयिकी मुद्दों का गहन अध्ययन किया तथा समूह बनाकर चर्चा की. प्रस्तुतीकरण को सुधारने के लिए मॉक इंटरव्यू दिए और ग्रुप डिस्कशन आदि में भाग लिया.

प्र. द.–आपका साक्षात्कार किस बोर्ड में हुआ और आपका साक्षात्कार का अनुभव कैसा रहा?

सुश्री रजनी–मेरा अनुभव अच्छा रहा. साक्षात्कार अलका सिरोही मैडम के बोर्ड में रहा. बोर्ड का रवैया सहयोगात्मक रहा.

प्र. द.–आपसे साक्षात्कार में किस तरह के प्रश्न पूछे गए?

सुश्री रजनी–साक्षात्कार में तथ्यात्मक और विश्लेषणात्मक दोनों प्रकार के प्रश्न किए गए, जो मेरी वर्तमान सेवा, गृह जिले, इलेक्ट्रॉनिक्स (ग्रेजुएशन पृष्ठभूमि), भूगोल, संस्कृत, समसामयिकी मुद्दों से सम्बन्धित थे.

प्र. द.–सिविल सेवा–केवल यही एकमात्र लक्ष्य था या किसी और कैरियर विकल्प के लिए साथ-साथ तैयारी कर रही थीं ?

साक्षात्कार में पूछे गए प्रश्न

RTE के लिए वर्ष 2013 क्यों महत्वपूर्ण है?, वर्तमान में सबसे तेज सुपर कम्प्यूटर कौनसा है? MIS क्या है? सतना की विशेषताएं, पिके सैटेलाइट पीजो, इलेक्ट्रॉनिक्स इफेक्ट्स, सैमीकंडक्टर मटेरियल LED, कालिदास के सन्दर्भ में 'अथ कश्चिद् वाग्विशेष' का महत्व, मेघदूत में किसका वर्णन किया गया है?, स्थानीय स्वशासन क्या है? भारत में इसकी कब शुरुआत हुई, Rain water harvesting क्या है? गृह जिले में सेवा करते हुए क्या समस्याएं एवं दबाव आते हैं? उन्हें कैसे हल करती हैं?

निर्माण IAS –कमल देव (K.D.)
हिन्दी माध्यम का सर्वश्रेष्ठ संस्थान
सफलता का पर्याय
नए पाठ्यक्रम पर आधारित सम्पूर्ण नोट्स एवं विशेषज्ञों के साथ कक्षा उपलब्ध
सामान्य अध्ययन
(Registration Open)
तृतीय बैच ► 13 July 6 PM कार्यशाला ► Regular Batch Time:- 9 AM

Rajani Singh

74 से अधिक परिणामों के साथ......
TEST SERIES start from 7 JULY | QIP After PT Results | CSAT/HISTORY
624, IInd Floor, Mukherjee Nagar (Near Agarwal Sweets) Delhi-9 # 011-47058219, 9691327521
12 Mall Road Hudson Lane, Kingsway Camp, Delhi-09 # 9990765484 (पत्राचार उपलब्ध)
ALIOR BRANCH: 2/3, Aziz Complex, New Khedapati colony, Phool Bagh Road, Infront of G.D.A Office Ph:- 9753002277 - 88

sscexamonline.blogspot.com

सुश्री रजनी—सिविल सेवा ही एकमात्र लक्ष्य था. विकल्प के रूप में मेरे पास वर्तमान सेवा थी, जिसमें चयन 2010 में मध्य प्रदेश लोक सेवा परीक्षा द्वारा हुआ है.

प्र. द.—आज के बदलते आर्थिक परिदृश्य में निजी क्षेत्र में सेवाओं के लुभावने अवसर उपलब्ध होने के बावजूद आप सिविल सेवाओं में बढ़ती प्रतिस्पर्द्धा के बाद भी गम्भीरता से तैयारी में लगी रहीं. आखिर किस चीज ने आपका जोश बरकरार रखा?

सुश्री रजनी—निजी क्षेत्र व सिविल सेवाओं की कोई तुलना नहीं की जा सकती है. दोनों क्षेत्र अच्छे हैं. यह अपनी रुचि का विषय है कि हम किस क्षेत्र में काम करना चाहते हैं. सिविल सेवा में कार्य का व्यापक क्षेत्र, जनसेवा का अवसर, सामाजिक प्रतिष्ठा आदि प्रेरित करते हैं.

प्र. द.—किस शैक्षिक स्तर पर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के बारे में सोचना शुरू करना चाहिए? आपके अनुसार इस परीक्षा की पूर्ण तैयारी में कितना समय लगना चाहिए?

सुश्री रजनी—स्नातक स्तर से ही तैयारी के बारे में विचार करना चाहिए. इसकी तैयारी में लगभग एक से डेढ़ वर्ष का समय लगता है, लेकिन सिविल सेवा परीक्षा की प्रकृति और बदलते पैटर्न को देखते हुए कोई समय सीमा तय नहीं की जा सकती.

व्यक्तिगत विशेषताएं

पसंदीदा

व्यक्तित्व – *डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम.*

सबल पक्ष– *धैर्य, विपरीत परिस्थितियों में भी ज्यादा तनाव न होना.*

दुर्बल पक्ष – *मन शीघ्र विचलित होना.*

रुचियाँ – *हिन्दी फिल्मों के गाने सुनना, इवेंट मैनेजमेंट.*

प्र. द.—आपको लगता है कि इस परीक्षा में मानविकी विषयों की अपेक्षा विज्ञान विषयों के साथ अच्छे अंक प्राप्त करने की सम्भावनाएं ज्यादा हैं?

सुश्री रजनी—विज्ञान विषयों में मानविकी विषयों की अपेक्षा अधिक अंक प्राप्त करने की सम्भावनाएं हैं, ऐसा नहीं कहा जा सकता. दोनों में ही अच्छी तैयारी व लेखन क्षमता द्वारा अच्छे अंक प्राप्त किए जा सकते हैं.

प्र. द.—आपके अनुसार इस परीक्षा में हिन्दी माध्यम लेकर तैयारी करने एवं सफलता प्राप्त करने के बारे में क्या विचार हैं?

सुश्री रजनी—इस परीक्षा में सफलता का माध्यम से सीधा सम्बन्ध नहीं है. सभी स्तरों में हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों को अवसर प्राप्त है. समग्र अध्ययन तथा विषयों की अच्छी समझ हो, तो किसी भी माध्यम के साथ सफलता प्राप्त की जा सकती है.

प्र. द.—आपको किस तरह और कब सिविल सेवाओं की गरिमा एवं महत्व का अनुभव हुआ?

सुश्री रजनी—विद्यालय में शिक्षा के समय से ही आईएएस, आईपीएस व अन्य सिविल सेवाओं के कार्यों को देखने का अवसर मिला, जिससे सिविल सेवाओं की गरिमा व महत्व का अनुभव हुआ तथा इन सेवाओं में कैरियर बनाने के लिए तैयारी कर इन सेवाओं में शामिल होने का विचार दृढ़ हुआ.

प्र. द.—वह क्षण कब आया, जब आपने सिविल सेवाओं में कैरियर की सम्भावनाओं को तलाशने का फैसला लिया?

सुश्री रजनी—मैंने इंजीनियरिंग करने के बाद ही सिविल सेवाओं में कैरियर बनाने का निर्णय लिया था.

प्र. द.—क्या तैयारी के शुरू में आपने अपने लिए इस परीक्षा का सामना करने के लिए कोई समय-सीमा या प्रयासों की संख्या सम्बन्धी सोच बनाई थी?

सुश्री रजनी—कोई समय सीमा तय नहीं की थी, परन्तु प्रथम प्रयास से ही पूर्ण प्रयत्न किया, परीक्षा में सफल होने का तथापि सफलता चौथे प्रयास में मिली.

प्र. द.—इस परीक्षा में बैठने का निर्णय आपका अपना था या फिर यह आपके माता-पिता का ?

सुश्री रजनी—यह निर्णय मेरा अपना था और मेरे इस निर्णय में मेरे माता-पिता, भाई-बहन, मित्रों आदि ने समर्थन दिया व पूर्ण सहयोग प्रदान किया.

प्र. द.—क्या अभ्यर्थी के शैक्षिक, आर्थिक और जनांकिकीय स्थिति का प्रभाव तैयारी पर पड़ता है? यदि हाँ, तो कैसे?

सुश्री रजनी—निश्चित रूप से व्यक्ति की पृष्ठभूमि व परिस्थिति का प्रभाव पड़ता है, क्योंकि इस परीक्षा में शैक्षिक व बौद्धिक स्तर अति महत्वपूर्ण हैं, साथ ही आर्थिक साधनों की भी आवश्यकता पड़ती है, परन्तु यदि निश्चय दृढ़ है, तो यह परिस्थितियाँ कभी बाधक नहीं बन सकतीं.

प्र. द.—आपकी सफलता का मूलमंत्र क्या है?

सुश्री रजनी—तनाव रहित होकर अपनी पूरी क्षमता व मेहनत से तैयारी करनी चाहिए. मेरे विचार से सफलता का कोई मंत्र नहीं होता और न ही कोई शॉर्ट-कट.

विभिन्न विषयों पर अपने व्यक्तिगत नोट्स बनाना सिनोप्सिस बनाना सफलता हेतु उपयोगी होता है.

प्र. द.—अपनी सफलता का श्रेय किनको देना चाहेंगी?

सुश्री रजनी—मेरी सफलता का श्रेय सर्वप्रथम ईश्वर को, मेरे माता-पिता, बड़े भाई रवि प्रताप, बहन रश्मि, मेरे घनिष्ठ मित्र दीपाली व जितेन्द्र, जिन्होंने मेरा संबल बनाए रखा तथा निर्माण IAS के कमल देव सर, जिन्होंने प्रारम्भिक परीक्षा से लेकर साक्षात्कार तक हर स्तर पर हर विषय में मार्गदर्शन दिया. साथ ही कैलाश बिहारी सर (पाणिनी क्लासेस), आशीष सर (भूगोल) का भी सहयोग मिला. दिल्ली में मेरे साथी भारती, प्रीति, सपना, संगीता, अल्पना आदि का भी हर सम्भव सहयोग मिला.

प्र. द.—इस परीक्षा की तैयारी हेतु एक मानक प्रतियोगिता पत्रिका में क्या विशेष सामग्री एवं संकलन की अपेक्षा रखती हैं?

सुश्री रजनी—इस परीक्षा की तैयारी हेतु तथ्यात्मक समसामयिकी के साथ विभिन्न मुद्दों पर विश्लेषणात्मक सामग्री, अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों, विज्ञान एवं तकनीकी आदि सम्बन्धी जानकारियों का संकलन प्रतियोगिता दर्पण की विशेषता है.

प्र. द.—कोई सुझाव या सन्देश अभ्यर्थियों को देना चाहेंगी ?

सुश्री रजनी—ईमानदार प्रयास कभी असफल नहीं होता है, इसलिए परीक्षा की आवश्यकताओं को देखते हुए लगन से प्रयास करें तथा परीक्षा में हो रहे परिवर्तनों के प्रति सकारात्मक विचार रखें.

प्र. द.—आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं.

सुश्री रजनी—धन्यवाद.

●●●

UPKAR'S New Edition
Essentials of
Banking & Finance
(For Banks & Other Competitive Exams.)
By : Gautam Majumdar
Code No. 1776 Price : ₹ 75/-
UPKAR PRAKASHAN, AGRA-2
● E-mail : care@upkar.in ● Website : www.upkar.in

sscexamonline.blogspot.com



धैर्य के साथ लगातार सही दिशा में कड़ी मेहनत ही मेरी सफलता का मूलमंत्र है.

—नथमल डिडेल

सिविल सेवा परीक्षा, 2012 में हिन्दी माध्यम से 35वें स्थान पर चयनित

संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित आईएएस परीक्षा में 35वें स्थान पर चयनित होकर नथमल डिडेल ने एक सम्मानजनक उपलब्धि अर्जित की है, जिसके लिए वह सभी प्रशंसा एवं हमारी हार्दिक बधाई के पात्र हैं. प्रतियोगिता दर्पण के साथ उनकी महत्वपूर्ण भेंटवार्ता यहाँ मूलरूप में प्रस्तुत है.

प्र. द.—सिविल सेवा परीक्षा में शानदार सफलता पर प्रतियोगिता दर्पण परिवार की ओर से हार्दिक बधाई.

श्री डिडेल—बहुत-बहुत, धन्यवाद.

प्र. द.—क्या आप इस प्रयास में अपनी तैयारी एवं परीक्षा में निष्पादन से सन्तुष्ट थे और उच्च सफलता के प्रति आशावान थे ? सफलता के इस समाचार पर आपकी क्या प्रतिक्रिया रही ?

श्री डिडेल—जी हाँ, मैं अपने प्रयास से सन्तुष्ट था और सफलता के इस समाचार से मैं और मेरे मित्र झूम उठे.

प्र. द.—इन सेवाओं में आपने क्या प्राथमिकता दी है ?

श्री डिडेल—आईएएस, आईपीएस, आई आरएस, आई.एफ.एस. ग्रामीण पृष्ठभूमि के कारण देश में रह कर ही कार्य करने का सोचा.



प्र. द.—वैकल्पिक विषयों का चुनाव करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है ?

श्री डिडेल—अपनी रुचि, अध्ययन सामग्री की उपलब्धता एवं पिछले वर्षों का प्रदर्शन आदि कारकों को ध्यान में रखते हुए अपने वैकल्पिक विषयों का चुनाव करना चाहिए.

प्र. द.—आपके वैकल्पिक विषय क्या थे ?

श्री डिडेल—1. भूगोल, 2. हिन्दी भाषा का साहित्य.

प्र. द.—आपके वैकल्पिक विषयों के चुनाव का आधार क्या रहा ?

श्री डिडेल—अपनी विज्ञान की पृष्ठभूमि, एवं दोनों विषयों में अध्ययन सामग्री

...... सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए प्रतियोगिता दर्पण अत्यन्त उपयोगी पत्रिका है. मेरा इससे भावनात्मक लगाव रहा है और मेरी सफलता में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है.

की उपलब्धता को आधार बना मैंने अपने विषयों का चुनाव किया.

प्र. द.—यह आपका कौनसा प्रयास था ?

श्री डिडेल—प्रथम

प्र. द.—अपना परिणाम जानने से पहले आप टॉपर्स के बारे में क्या सोचते थे ?

श्री डिडेल—टॉपर्स के बारे में यह ही सोचा था कि वह भी मुझ जैसे इन्सान ही होते हैं. अतः आईएएस बना जा सकता है. मैं पदम् जी मिर्धा से प्रभावित था.

प्र. द.—क्या प्रारम्भिक परीक्षा में आए बदलावों के कारण ही आप इस परीक्षा की ओर आकर्षित हुए या पहले से ही तैयारी कर रहे थे ?

श्री डिडेल—मैं इस परीक्षा की पहले से ही तैयारी करने का निर्णय ले चुका था.

प्र. द.—नए कलेवर वाली प्रारम्भिक परीक्षा की तैयारी हेतु क्या रणनीति रही ?

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

श्री ढिढेल–प्रारम्भिक परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग न करके स्वयं ही प्रयत्न किया.

प्र. द.–आपकी प्रश्न-पत्र-1 (सामान्य अध्ययन) और प्रश्न-पत्र-2 (अभिवृत्ति परीक्षण) की तैयारी हेतु क्या रणनीति रही ?

श्री ढिढेल–प्रारम्भिक परीक्षा की तैयारी हेतु प्रश्न-पत्र-1 के लिए परम्परागत विषयों एवं समाचार-पत्रों का गहन अध्ययन किया. प्रश्न-पत्र-2 में ज्यादा-से-ज्यादा प्रश्नों का अभ्यास करने की कोशिश की.

प्र. द.–ऋणात्मक अंकन (नेगेटिव मार्किंग) के लिए क्या सावधानी बरती ?

श्री ढिढेल–ऐसे प्रश्नों को हल किया, जो सही प्रकार से आते थे. नेगेटिव मार्किंग को ध्यान में रखते हुए अनुमान आधारित उत्तर नहीं दिए.

व्यक्ति परिचय

नाम–नथमल ढिढेल

पिता का नाम–श्री सीताराम ढिढेल (अध्यापक)

माता का नाम–श्रीमती नारायणी देवी (गृहिणी)

शैक्षिक योग्यता–

***High School**–Ist (80%) RBSE, Ajmer, Hind Public, Nagaur (2003).*

***Intermediate**–Ist (84%) RBSE, Ajmer, Sharda Bal, Nagaur (2005).*

***BA/B.Sc.**–JNVU, Jodhpur, JNUV (78%) (2008)*

***MA/M.Sc.**– JNU, New Delhi, JNU (80%) (A Grade) (2011)*

प्र. द.–इस परीक्षा में बैठने का निर्णय लेने के बाद आपका पहला कदम सबसे कठिन होता है, शुरू में तैयारी के लिए आपको सही सलाह कहाँ से मिली ?

श्री ढिढेल–शुरू में अपने दोस्त रविन्द्र चौधरी एवं गुरु दिलीप सिंह जी मेहचा से मुझे अत्यन्त महत्वपूर्ण सलाह मिली. जयपुर की स्प्रिंगबोर्ड संस्था से मैंने अपना आधार बनाया. यहीं से मैंने सामान्य अध्ययन एवं भूगोल पढ़ा, जो अत्यन्त उपयोगी रहा. हिन्दी साहित्य की तैयारी के लिए मैंने दिल्ली में दृष्टि संस्थान से सहायता प्राप्त की, जो बेहतरीन रहा.

प्र. द.–मुख्य परीक्षा की तैयारी की योजना में क्या विशेष परिवर्तन किया ?

श्री ढिढेल–परम्परागत विषयों का विस्तृत एवं गहन अध्ययन किया. समाचार-पत्रों, पत्रिकाओं के भी नोट्स तैयार किए. अपनी लेखन शैली को भी सुधारा एवं अपनी लेखन गति को भी बढ़ाया. उत्तर-लेखन का [...]स किया व टेस्ट-सीरीज भी ज्वाइन की.

प्र. द.–आपने निबन्ध के लिए किस प्रकार तैयारी की ?

श्री ढिढेल–निबन्ध प्रश्न-पत्र हेतु अलग से कोई तैयारी नहीं की. मैंने विश्लेषणात्मक एवं सकारात्मक सोच को विकसित किया.

मैंने पीपीपी पर निबन्ध लिखा. विषय की प्रासंगिकता एवं इसके बारे में मस्तिष्क में उपलब्ध विचारों के कारण मैंने इसे चुना.

प्र. द.–समय प्रबन्धन को लें, तो इस परीक्षा की तैयारी में कोई कठिनाई हुई.

श्री ढिढेल–हाँ, शुरू में ज्यादा समय लगा, तो अन्त में मैंने कम शब्द-सीमा में उत्तर दिए और अधिकतम प्रश्नों को छूने का प्रयास किया.

प्र. द.–साक्षात्कार हेतु किस प्रकार की तैयारी की ?

श्री ढिढेल–साक्षात्कार की तैयारी के लिए मैंने मुख्य समसामयिक मुद्दों के बारे में पढ़ा. मॉक इण्टरव्यू दिए एवं दोस्तों से चर्चा की.

प्र. द.–आपका साक्षात्कार किस बोर्ड में हुआ और आपका साक्षात्कार का अनुभव कैसा रहा ?

श्री ढिढेल–मेरा साक्षात्कार विजय सिंह जी के बोर्ड में था. मेरा अनुभव शानदार रहा और मैं अपने प्रयास से सन्तुष्ट था.

प्र. द.–आपसे साक्षात्कार में किस तरह के प्रश्न पूछे गए ?

श्री ढिढेल–मुझसे विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे गए जैसे–

भूगोल से सम्बन्धी–GIS, Industrial location, Fossil's age determination.

रुचियों से सम्बन्धित–उपन्यास पढ़ा, कौनसा पढ़ा ?

अल्पसंख्यकों के बारे में, यातायात से प्रदूषण और इसके नियन्त्रण के उपाय.

नागौर जिले और पंचायती राज के बारे में भी प्रश्न रहे.

प्र. द.–केवल यही एकमात्र लक्ष्य था या किसी और कैरियर विकल्प के लिए साथ-साथ तैयारी कर रहे थे ?

श्री ढिढेल–UGC एवं CSIR NET JRF होने के कारण मेरे पास एक कैरियर विकल्प था, परन्तु सिविल सेवाओं में कैरियर बनाना तो एक जुनून था.

प्र. द.–आज के बदलते हुए आर्थिक परिदृश्य में निजी क्षेत्र में सेवाओं के लुभावने अवसर उपलब्ध होने के बावजूद आप सिविल सेवाओं में बढ़ती प्रतिस्पर्द्धा के बाद भी गम्भीरता से तैयारी में लगे रहे. आखिर किस चीज ने आपका जोश बरकरार रखा ?

श्री ढिढेल–समाज के लिए बहुत कुछ करने की भावना ने मेरा जोश बरकरार रखा.

प्र. द.–किस शैक्षिक स्तर पर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के बारे में सोचना शुरू करना चाहिए ?

श्री ढिढेल–स्नातक के अन्तिम वर्ष में प्रवेश के साथ ही सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए. एक अच्छी तैयारी करने में लगभग एक से डेढ़ वर्ष का समय पर्याप्त है.

व्यक्तिगत विशेषताएं

पसंदीदा व्यक्तित्व	–	*महात्मा गांधी एवं कलाम साहब.*
सबल पक्ष	–	*धैर्य, कड़ी मेहनत.*
दुर्बल पक्ष	–	*भावुकता.*
आपकी रुचियाँ	–	*उपन्यास पढ़ना, फिल्में देखना, बैडमिंटन खेलना.*

प्र. द.–आपको लगता है कि इस परीक्षा में मानविकी विषयों की अपेक्षा विज्ञान विषयों के साथ अच्छे अंक प्राप्त करने की सम्भावनाएं ज्यादा हैं ?

श्री ढिढेल–यह एक महत्वपूर्ण निर्णय है और विषय वह लिया जाना चाहिए जिसमें अभ्यर्थी बेहतर निष्पादन कर सके.

प्र. द.–आपके अनुसार इस परीक्षा में हिन्दी माध्यम लेकर तैयारी करने एवं सफलता प्राप्त करने के बारे में क्या विचार है ?

श्री ढिढेल–परीक्षा में लिखने का माध्यम चुनने में अभ्यर्थी की सतर्कता आवश्यक है. आजकल हिन्दी माध्यम से भी शीर्ष स्थान प्राप्त किए जा रहे हैं, तो इस बारे में संशय उचित नहीं.

प्र. द.–आपको किस तरह और कब सिविल सेवाओं की गरिमा एवं महत्व का अनुभव हुआ ?

श्री ढिढेल–जब मैं बी.एस-सी. के अन्तिम वर्ष में था, तब मेरे मित्र रविन्द्र चौधरी ने मुझे इस बारे में बताया.

प्र. द.–वह क्षण कब आया जब आपने सिविल सेवाओं में कैरियर की सम्भावनाओं को तलाशने का फैसला लिया ?

श्री ढिढेल–मई 2008 में बी.एस-सी. के बाद सिविल सेवाओं में कैरियर बनाने का फैसला लिया.

प्र. द.–क्या तैयारी के शुरू में आपने अपने लिए इस परीक्षा का सामना करने के लिए कोई समय-सीमा या प्रयासों की संख्या सम्बन्धी सोच बनाई थी ?

श्री ढिढेल–मैंने अपने लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की थी. केवल चयन होने पर ही रुकता.

sscexamonline.blogspot.com

पठित पुस्तकें/पत्रिकाएं

सामान्य अध्ययन

भारतीय राजव्यवस्था–लक्ष्मीकांत, जीडी बसु

भूगोल–NCERT

Science & Tech.–NCERT

Economy–PD Extra Issue

History–Bipin Chandra, Spectrum

Art & Culture–Spectrum

Newspapers

वैकल्पिक–प्रथम

भूगोल–मौलिक भूगोल–सविन्द्र सिंह

NCERT Old & New

Models in Geography–Majid Hussain.

Economic Geography–Kashi Nath Singh.

वैकल्पिक–द्वितीय

हिन्दी साहित्य दृष्टि संस्थान (विकास दिवाकीर्ति सर) के नोट्स

प्र. द.–इस परीक्षा में बैठने का निर्णय आपका अपना था या फिर यह आपके माता-पिता का.

श्री डिंडेल–यह मेरा व्यक्तिगत निर्णय था.

प्र. द.–क्या अभ्यर्थी के शैक्षिक, आर्थिक और जनांकिकीय स्थिति का प्रभाव तैयारी पर पड़ता है ? यदि हाँ, तो कैसे ?

श्री डिंडेल–त्रिस्तरीय परीक्षा होने के कारण अभ्यर्थी के इन सभी पहलुओं का मजबूत होना चाहिए, लेकिन अभ्यर्थी अगर मेहनती है, तो विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सकारात्मक परिणाम प्राप्त कर सकता है.

प्र. द.–आपकी सफलता का मूलमंत्र क्या है ?

श्री डिंडेल–धैर्य के साथ लगातार सही दिशा में कड़ी मेहनत ही मेरी सफलता का मूलमंत्र है.

प्र. द.–अपनी सफलता का श्रेय किसको देना चाहेंगे ?

श्री डिंडेल–अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं मित्रों को देना चाहूँगा.

प्र. द.–इस परीक्षा की तैयारी हेतु एक मानक प्रतियोगिता पत्रिका में क्या विशेष सामग्री एवं संकलन की अपेक्षा रखते हैं ?

श्री डिंडेल–एक मानक पत्रिका में पूरे महीने की न्यूज अपडेट, विभिन्न विषयों पर विश्लेषणात्मक निबन्ध एवं लेख होने चाहिए.

प्र. द.–भारत में सबसे ज्यादा पढ़ी जाने वाली प्रतियोगिता पत्रिका प्रतियोगिता दर्पण को इन मानकों के कितना करीब पाया ?

श्री डिंडेल–सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए प्रतियोगिता दर्पण अत्यन्त उपयोगी है. मेरा इससे भावनात्मक लगाव रहा है और मेरी सफलता में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है.

प्र. द.–क्या आपने सिविल सेवा परीक्षा से सम्बद्ध अतुल कपूर द्वारा लिखे लेख पढ़े और इन्हें तैयारी के सन्दर्भ में उपयोगी पाया ?

श्री डिंडेल–जी हाँ, यह लेख अत्यन्त गहन, सटीक एवं परीक्षोपयोगी साबित हुए.

प्र. द.–क्या आपने सामान्य अध्ययन के अतिरिक्ताकों की सीरीज का उपयोग किया, जो पिछले कई वर्षों से उम्मीदवारों के बीच बहुत पसन्द की जा रही है ?

श्री डिंडेल–जी हाँ, विशेषकर अर्थ-व्यवस्था पर विशेषांक अत्यन्त उपयोगी रहा.

प्र. द.–क्या आपने प्रतियोगिता दर्पण–समसामयिकी वार्षिकी का उपयोग किया ?

श्री डिंडेल–एक उत्कृष्ट कोटि की पत्रिका है.

प्र. द.–कोई सुझाव या सन्देश अभ्यर्थियों को देना चाहेंगे ?

श्री डिंडेल–धैर्य एवं आत्मविश्वास के साथ कड़ी मेहनत (सही दिशा में) से कुछ भी सम्भव बनाया जा सकता है.

आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं. ●●●

sscexamonline.blogspot.com

राष्ट्रीय

1. किस वैज्ञानिक को भारत के रक्षा अनुसन्धान एवं विकास संगठन का डाइरेक्टर जनरल जून 2013 में नियुक्त किया गया है ?

– अविनाश चन्दर

☛ *मिसाइल वैज्ञानिक अविनाश चन्दर ने भारत के रक्षा अनुसन्धान एवं विकास संगठन (Defence Research and Development Organisation—DRDO) के प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है. इसके साथ ही वह रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार का कार्य भी करेंगे.*

2. किसे सत्र 2013-14 के लिए भारतीय बैंक संघ का अध्यक्ष पुनः निर्वाचित किया गया है ? **– के. आर. कामथ**

☛ *पंजाब नेशनल बैंक के चेयरमैन सह-प्रबन्ध निदेशक के. आर. कामथ को भारतीय बैंक संघ का जून 2013 में मुम्बई में सम्पन्न बैठक में लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए इसका (IBA) अध्यक्ष चुन लिया गया.*

3. भारत के किस शतरंज खिलाड़ी ने जून 2013 में शतरंज के ग्राण्ड मास्टर का खिताब हासिल किया है ? **– वी. विष्णु प्रसन्ना**

☛ *वी. विष्णु प्रसन्ना ने बुल्गारिया में अलबेना में जून 2013 में सम्पन्न ग्राण्ड यूरोप अल्बेना शतरंज टूर्नामेंट में ग्राण्ड मास्टर खिताब के लिए आवश्यक रेटिंग प्राप्त कर ली. इसके लिए आवश्यक तीन ग्राण्ड मास्टर नॉर्म क्रमशः 2010, 2012 व 2013 में प्राप्त कर लिए गए थे.*

4. केन्द्रीय सूचना आयोग द्वारा भारत के किन छः राजनीतिक दलों को सूचना के अधिकार के अन्तर्गत लाने का निर्णय जून 2013 में लिया है ? **– कांग्रेस, भाजपा, बसपा, भाकपा, माकपा, राकांपा**

☛ *केन्द्रीय सूचना आयोग (CIC) ने 3 जून, 2013 को एक निर्णय देते हुए भारत के छः प्रमुख राजनीतिक दलों भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, बहुजन समाजवादी पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को आर. टी. आई. (R. T. I.) एक्ट की धारा 2 (एच) के तहत् सूचना के अधिकार के अन्तर्गत माना है. इन दलों को अपने मुख्य जनसूचना अधिकारी नियुक्त करने तथा आर. टी. आई. एक्ट के तहत् माँगी गई सूचनाओं को आवेदकों को भेजने के लिए कहा गया है.*

5. भारत के मूलतः 20 जिलों में रसोई गैस सब्सिडी प्रत्यक्ष लाभ अन्तरण योजना कब से प्रारम्भ की गई है ? **– 1 जून, 2013**

☛ *रसोई गैस पर दी जाने वाली सब्सिडी को उपभोक्ता के सीधे खाते में जमा कराने के लिए रसोई गैस प्रत्यक्ष लाभ अन्तरण योजना 1 जून, 2013 से आन्ध्र प्रदेश, दमन एवं दीव, गोवा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, पाण्डिचेरी, पंजाब एवं मध्य प्रदेश के चुनींदा जिलों को मिलाकर कुल 20 जिलों में प्रारम्भ की गई है. इसके लिए आधार कार्ड के नम्बर का उपयोग किया जा रहा है.*

6. किस देश की क्रिकेट टीम को एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 1 अप्रैल, 2013 को नम्बर वन टीम रहने पर आई. सी. सी. ट्रॉफी जून 2013 में प्रदान की गई ? **– भारत**

☛ *1 अप्रैल, 2013 को एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट में विश्व की नम्बर वन टीम रहने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम को अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (ICC) द्वारा 1·75 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि तथा चाँदी की ट्रॉफी जून 2013 में प्रदान की गई.*

7. केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा नक्सली हिंसा से प्रभावित 24 जिलों में कौनसी कौशल विकास योजना जून 2013 में प्रारम्भ की गई है ? **– रोशनी**

☛ *ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जून 2013 में झारखण्ड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार, आन्ध्र प्रदेश, प. बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश के नक्सली प्रभावित 24 जिलों में युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए तीन वर्षीय योजना 'रोशनी' जून 2013 में प्रारम्भ की है.*

8. भारत के किस उभरते बैडमिंटन खिलाड़ी ने जून 2013 में थाइलैण्ड ओपन ग्राण्ड प्रिक्स गोल्ड टूर्नामेंट में एकल खिताब जीता ?

– के. श्रीकान्त

☛ *आन्ध्र प्रदेश में गुंटूर के के. श्रीकान्त ने थाइलैण्ड के ही खिलाड़ी बूनसाक पोनसाना को फाइनल में हराकर थाइलैण्ड ओपन ग्राण्ड प्रिक्स बैडमिंटन टूर्नामेंट का एकल खिताब जून 2013 में जीत लिया.*

9. चेन्नई में जून 2013 में सम्पन्न सीनियर राष्ट्रीय अन्तर्राज्यीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में किसने ओवरआल चैम्पियनशिप जीती ?

– केरल

☛ *चेन्नई में सम्पन्न राष्ट्रीय अन्तर्राज्यीय एथलेटिक चैम्पियनशिप में प्रथम स्थान पर रहे केरल ने ओवरआल चैम्पियनशिप प्राप्त की. दूसरा स्थान तमिलनाडु का रहा. पुरुष वर्ग की टीम चैम्पियनशिप का खिताब तमिलनाडु ने तथा महिला टीम का खिताब केरल ने जीता. तमिलनाडु के रंजीत माहेश्वरी को पुरुषों में तथा उत्तर प्रदेश की सुधा सिंह को महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया.*

10. भारत सरकार ने कौशल विकास के लिए जून 2013 में किस एकीकृत एजेंसी का गठन किया है ?

– राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी (National Skill Development Agency)

☛ भारत सरकार ने कौशल विकास हेतु एक एकीकृत एजेंसी (NSDA) का गठन जून 2013 में किया है. इसके अन्तर्गत पहले से कार्यरत् प्रधानमंत्री की कौशल विकास परिषद्, राष्ट्रीय कौशल विकास समन्वय बोर्ड तथा कौशल विकास पर प्रधानमंत्री के सलाहकार कार्यालय को कर दिया गया है.

11. भारत के किस राज्य के छः प्राचीन किलों को यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स में जून 2013 में सम्मिलित करने की घोषणा की है ? — राजस्थान

☛ राजस्थान के कुम्भलगढ़, जैसलमेर, रणथम्भोर, गागरौन तथा आम्बेर फोर्ट को वर्ल्ड हेरिटेज कमेटी (WHC) की कम्बोडिया में नॉमपेन्ह में जून 2013 में आयोजित 37वीं बैठक में वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स के रूप में मान्यता दी.

12. भारत के किस राज्य ने ग्रेट इण्डियन बस्टर्ड के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए 'प्रोजेक्ट ग्रेट इण्डियन बस्टर्ड' प्रारम्भ किया है ? — राजस्थान

☛ राजस्थान सरकार ने राजस्थान के राज्य पक्षी गोडावण (The Great Indian Bustard), जो विलुप्ति के कगार पर है, के संरक्षण के लिए जून 2013 में प्रोजेक्ट ग्रेट इण्डियन बस्टर्ड प्रारम्भ किया है.

13. भारत की सर्वाधिक प्राचीन किस संचार सेवा को 15 जुलाई, 2013 से बन्द करने की घोषणा जून 2013 में की गई है ? — टेलीग्राम (Telegram) सेवा

☛ भारत संचार निगम लि. अपनी सर्वाधिक प्राचीन सूचना सेवा टेलीग्राम (Telegram) को 15 जुलाई 2013 से बन्द करने जा रहा है. भारत में पहली टेलीग्राम 5 नवम्बर, 1850 को तत्कालीन कलकत्ता (कोलकाता) से डायमंड हार्बर जिसकी दूरी 50 किमी. है, भेजा गया था. जनता के लिए यह सेवा फरवरी 1855 से प्रारम्भ की गई थी.

14. पश्चिम बंगाल के वन विभाग द्वारा जून 2013 में जारी एक सूचना के अनुसार रॉयल बंगाल टाइगर्स की संख्या कितनी है ? — 103

☛ पश्चिम बंगाल के सुन्दरबन में पाए जाने वाले रॉयल बंगाल टाइगर्स की संख्या वन विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार 103 है.

अन्तर्राष्ट्रीय

1. भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में जून 2013 में कौन व्यक्ति तीसरी बार प्रधानमंत्री बना है ? — नवाज शरीफ

☛ पाकिस्तान में मई 2013 में सम्पन्न संसदीय चुनावों में सर्वाधिक सीट जीतने वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग के नेता नवाज शरीफ प्रधानमंत्री चुने गए हैं. 5 जून, 2013 को नवाज शरीफ ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पद सँभाला.

2. भारत के किस पड़ोसी देश में नया संविधान बनाने के लिए नवम्बर 2013 में दोबारा संविधान सभा के गठन के लिए निर्वाचन कराए जाएंगे ? — नेपाल

☛ नेपाल में क्रांति द्वारा राजशाही समाप्त होने के बाद लोकतांत्रिक संविधान बनाने के लिए एक संविधान सभा के गठन के लिए चुनाव मई 2008 में हुए थे, लेकिन यह संविधान निर्माण में असफल रही अतः इसे मई 2012 में भंग कर दिया गया. पुनः इसके चुनाव नवम्बर 2013 में कराने के लिए जून 2013 में घोषणा की गई है.

3. किस देश में प्राचीन माया सभ्यता के समय के एक शहर के अवशेष जून 2013 में प्राप्त हुए हैं ? — मैक्सिको

☛ पुरातत्ववेत्ताओं ने पूर्वी मैक्सिको के बरसाती जंगलों में माया सभ्यता के एक प्राचीन शहर के अवशेष जून 2013 में खोज निकाले हैं. खोजी दल ने इस शहर का नाम चैक्टन (Chactun) रखा है जिसका अर्थ है 'लाल चट्टान' या 'बड़ी चट्टान'. इस शहर की अनुमानतः जनसंख्या लगभग 30000 से 40000 रही होगी. यह शहर 600 से 900 ए.डी. के बीच आबाद रहा होगा ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है.

4. यूनेस्को (UNESCO) की वर्ल्ड हेरिटेज कमेटी (WHC) की 37वीं बैठक जून 2013 में कहाँ सम्पन्न हुई ? — नॉम पेन्ह (कम्बोडिया)

प्रवक्ता भर्ती परीक्षा

उपकार प्रवक्ता कृषि	17	190/-	उपकार प्रवक्ता वाणिज्य	1231	290/-
Upkar Lecturer Mathematics	1543	395/-	उपकार प्रवक्ता मनोविज्ञान	2172	165/-
उपकार प्रवक्ता हिन्दी (डॉ. दिलीप चण्डेल)	1033	175/-	उपकार प्रवक्ता वनस्पति विज्ञान	90	225/-
उपकार प्रवक्ता हिन्दी (ओंकार नाथ वर्मा)	2128	240/-	Upkar Lecturer Physics	1602	285/-
Upkar PGT English (Dr. B. B. Jain)	889	205/-	उपकार प्रवक्ता जन्तु विज्ञान	165	310/-
Upkar English (By : Dr. Surya Pal Yadav)	973	175/-	उपकार प्रवक्ता नागरिकशास्त्र/ राजनीति विज्ञान	631	145/-
उपकार प्रवक्ता संस्कृत	1068	140/-	उपकार प्रवक्ता संगीत	1300	75/-
उपकार प्रवक्ता समाजशास्त्र (एस.के. चौधरी)	635	370/-	उपकार प्रवक्ता कला (विजलेखा सिंह)	595	115/-
उपकार प्रवक्ता समाजशास्त्र (संजय गुप्ता)	2038	190/-	उपकार प्रवक्ता कला (एम. वसीम)	14	115/-
उपकार प्रवक्ता इतिहास	168	335/-	उपकार प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा	708	150/-
उपकार प्रवक्ता इतिहास (आर.के. सिंह)	2037	150/-	उपकार प्रवक्ता गृह विज्ञान (गायत्री सिन्हा)	83	115/-
उपकार प्रवक्ता भूगोल	633	255/-	उपकार प्रवक्ता गृह विज्ञान (डी.एन. श्रीवास्तव)	2229	130/-
उपकार प्रवक्ता अर्थशास्त्र	632	230/-	उपकार प्रवक्ता शिक्षाशास्त्र	2173	85/-

उपकार प्रकाशन ☎ आगरा 2466978, 2530966, 4053333 ● E-mail : care@upkar.in ● Website : www.upkar.in

sscexamonline.blogspot.com

☛ यूनाइटेड नेशन्स एजूकेशनल, साइन्टिफिक एण्ड कल्चरल ऑर्गनाइजेशन (UNESCO) की नॉमपेन्ह में वर्ल्ड हेरिटेज कमेटी में बैठक में वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स की नई सूची जारी की गई जिसमें इटली को माउंट एटना (Etna), जापान का माउंट फूजी (Fuji), नाइजर का शहर अगादेज (Agadez), मैक्सिको का बायो रिजर्व (El Pinacate and Gran Desierto de Altar Biosphere Reserve), ताजिकिस्तान का नेशनल पार्क, चीन के प्राचीन चावल के खेत (Terraced Rice Fields of Honghe Hani), चीन के ही जिंजिआंग तिआंन्शान (Xin Jiang Tianshan) तथा राजस्थान के छः फोर्ट आदि मॉन्युमेन्ट्स को सम्मिलित किया गया है.

5. किस भारतीय अमरीकन ने अमरीका के दूसरे उच्च अपीलीय न्यायालय में न्यायाधीश का पद जून 2013 में सँभाला है ?

– **श्रीकांत श्रीनिवासन**

☛ चंडीगढ़ में जन्मे श्रीकांत श्रीनिवासन अमरीका में वहाँ के उच्च अपीलीय न्यायालय (U.S. Court of Appeals for the Circuit) में जून 2013 में न्यायाधीश नियुक्त हुए हैं. श्रीनिवासन इस महत्वपूर्ण न्यायालय में न्यायाधीश बनने वाले पहले भारतीय अमरीकन हैं.

6. चीन द्वारा बनाया गया विश्व का सर्वाधिक तेज सुपर कम्प्यूटर कौनसा है ? – **तियान्हे-2 (Tianhe-2)**

☛ चीन की नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ डिफेंस टेक्नोलॉजी द्वारा बनाए गए सुपर कम्प्यूटर तियान्हे-2 (Tianhe-2) द्वारा प्रोसेसिंग स्पीड 33·86 पेटाफ्लाप्स (Petaflops), प्रति सेकण्ड अर्थात् 1000 ट्रिलियन कैल्कुलेशन्स, प्राप्त की, जो विश्व में सभी सुपर कम्प्यूटर्स से अधिक है.

7. ईरान में जून 2013 में सम्पन्न चुनावों में विजय के बाद वहाँ कौन राष्ट्रपति चुना गया ? – **हसन रूहानी**

☛ ईरान में सुधारवादी एवं उदारवादी नेता हसन रूहानी (Hassan Rouhani) राष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं.

8. किस देश ने अपना स्पेसक्राफ्ट शेनझाऊ-10 जून 2013 में अपने अंतरिक्ष स्टेशन के लिए भेजा है ? – **चीन**

☛ चीन ने 11 जून, 2013 को अपना पाँचवाँ मानव युक्त स्पेसक्राफ्ट शेनझाऊ-10 Shenzhou-10 सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है. यह चीन के अंतरिक्ष स्टेशन तिआंगौंग स्पेस लेबोरेटरी माड्यूल (Tiangong Space Laboratory Module) से जुड़ गया है. इसमें एक महिला सहित तीन अंतरिक्ष यात्री हैं, जो वहाँ प्रयोग करेंगे.

9. वह देश जिसकी क्रिकेट टीम ने जून 2013 में इंगलैण्ड में आयोजित चैम्पियन्स ट्रॉफी जीत ली. – **भारत**

☛ एम. एस. धोनी के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट टीम ने इंगलैण्ड की टीम को फाइनल में हराकर प्रतिष्ठित चैम्पियन्स ट्रॉफी जीत ली. मैन ऑफ द सीरीज, भारत के शिखर धवन चुने गए. फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच भारत के रवीन्द्र जडेजा थे. धोनी इस ट्रॉफी के साथ-साथ 2007 का वर्ल्ड टी-20 तथा 2011 का वर्ल्ड कप जीत चुके हैं.

10. स्पेन के किस टेनिस खिलाड़ी ने जून 2013 में फ्रेन्च ओपन टेनिस एकल प्रतियोगिता जीतकर रिकॉर्ड बनाया ? – **राफेल नडाल**

☛ राफेल नडाल ने डेविड फेरर को हराकर 2013 का फ्रेंच ओपन टेनिस का सिंगल खिताब जीत लिया. नडाल इस खिताब को आठ बार जीतने वाले प्रथम खिलाड़ी हैं.

11. किन दो टेनिस खिलाड़ी भाइयों ने 14 मेजर लॉन टेनिस के डबल्स खिताब जीतकर रिकॉर्ड बनाया ?

– **ब्रायन ब्रदर्स (बॉब तथा माइक ब्रायन)**

☛ जून 2013 में बॉब तथा माइक ब्रायन ब्रदर्स ने फ्रेन्च ओपन टेनिस का युगल खिताब जीतकर अपने मेजर डबल्स की संख्या 14 कर ली, जोकि एक रिकॉर्ड है. आस्ट्रेलिया के जॉन न्यूकॉम्बे तथा टॉनी रौश के नाम 13 मेजर डबल्स जीतने का रिकॉर्ड था.

12. इंस्टीट्यूट फॉर इकॉनोमिक्स एण्ड पीस (IEP) द्वारा जून 2013 में जारी ग्लोबल पीस इंडेक्स (GPI) में सर्वाधिक शांत देश कौनसा है ? – **आइसलेण्ड (Iceland)**

☛ इंस्टीट्यूट फॉर इकॉनोमिक्स एण्ड पीस द्वारा 22 गुणात्मक एवं संख्यात्मक मापदण्डों के आधार पर 162 देशों का ग्लोबल पीस इंडेक्स जून 2013 में जारी किया है. प्रथम बीस शांत देशों में शिखर पर आइसलेण्ड है तथा 13 यूरोपियन देश सम्मिलित हैं. भारत की रैंक इस इंडेक्स सूची में 141वीं है.

13. अमरीका की किस टेनिस खिलाड़ी ने जून 2013 में फ्रेन्च ओपन का महिला एकल खिताब जीता ? – **सेरेना विलियम्स**

☛ सेरेना विलियम्स ने रूस की मारिया शारापोवा का फाइनल मुकाबले में परास्त कर फ्रांसीसी ओपन का एकल महिला खिताब जीत लिया. सेरेना के ग्रांड स्लेम खिताबों की संख्या इसको मिलाकर 16 हो गई.

14. भारत के किस समाजसेवी को फ्रांस के लीजेण्ड ऑफ प्लेनेट अवार्ड जून 2013 में पेरिस में प्रदान किया गया ?

– **बिंदेश्वर पाठक**

☛ सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक को फ्रांस का लीजेन्ड ऑफ प्लेनेट अवार्ड उनके समाज के लिए दिए गए योगदान हेतु प्रदान किया गया. बिंदेश्वर पाठक ने सुलभ इंटरनेशनल के माध्यम से भारत में सुलभ शौचालयों की स्थापना की है.

15. किस देश में जून 2013 में 65वीं वर्ल्ड न्यूजपेपर कांग्रेस, 20वीं वर्ल्ड एडीटर्स फोरम और 23वीं वर्ल्ड एडवर्टाइजिंग फोरम का आयोजन किया गया ? – **थाइलैण्ड (बैंकॉक)**

☛ बैंकॉक में 2-5 जून, 2013 को 65वीं वर्ल्ड न्यूजपेपर कांग्रेस, 20वीं वर्ल्ड एडीटर्स फोरम तथा 23वीं वर्ल्ड एडवर्टाइजिंग फोरम का आयोजन किया गया. स्वीडन के स्टामपेन मीडिया ग्रुप के टॉमस ब्रुनेगार्ड (Tomas Brunegard) वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ न्यूजपेपर्स एण्ड न्यूज पब्लिशर्स (WAN-IFRA) के वार्षिक सम्मेलन में इसके दो वर्ष के लिए नए प्रेसीडेन्ट चुने गए.

●●●

sscexamonline.blogspot.com

संघ व राज्य लोक सेवा आयोग की प्रारम्भिक व मुख्य परीक्षाओं हेतु

ऐतिहासिक स्थल

✍ ऋतेश कुमार सिंह

1. जूनागढ़

जूनागढ़ गुजरात राज्य का एक जिला है. यह नगर गिरिनार पहाड़ियों के निचले हिस्से पर बसा है. गुजराती भाषा में जूनागढ का अर्थ होता है-**प्राचीन किला**. यहाँ पूर्व-हड़प्पा काल के स्थलों की खुदाई हुई है. मौर्य शासक **अशोक (260–238 ई. पू.)** के अभिलेखों पर ही शक शासक **रुद्रदामन (150 ई.)** और गुप्तशासक **स्कंदगुप्त (455–467 ई.)** के कार्यकाल में खुदवाए लेखों को देखा जा सकता है. इस अभिलेख की एक विशेषता यह भी है कि **रुद्रदामन के जूनागढ़ अभिलेख को ही संस्कृत भाषा का प्रथम शिलालेख माना जाता है.** जूनागढ अभिलेख से ही पता चलता है कि **चन्द्रगुप्त मौर्य** के गवर्नर **पुष्य गुप्त वैश्य** द्वारा सौराष्ट्र में **सुदर्शन झील** का निर्माण करवाया गया था, जिसकी मरम्मत अशोक, रुद्रदामन तथा स्कंदगुप्त ने भी करवाई थी. **जूनागढ़ अभिलेख** से ही पता चलता है कि सम्राट् स्कन्दगुप्त ने राज्यपालों एवं सामन्तों के अधिकारों में अत्यधिक वृद्धि कर दी थी जिसके कारण कालान्तर में केन्द्रीय सत्ता का अंकुश ढीला पड़ने लगा और सामन्तों तथा राज्यपालों ने स्वतन्त्र सत्ता की घोषणा कर दी. यह गुप्त साम्राज्य के पतन के कारणों में मुख्य कारण था.

2. बनवासी

बनवासी कर्नाटक राज्य का प्राचीनतम रामायणकालीन नगर था. यह कर्नाटक राज्य के उत्तर कन्नड़ जिले में एक मन्दिर वाला कस्बा है, जिसका उल्लेख **नासिक अभिलेख** में मिलता है. रामायण काल में यह **दण्डकारण्य** का मुख्य नगर था. यहीं पर ही राजा दशरथ एक युद्ध में घायल हो गए थे जिनकी सहायता कैकेयी ने की थी. प्राण-रक्षा के उपलक्ष्य में राजा दशरथ ने कैकेयी को दो वरदान दिए थे, जो उन्होंने बाद में माँग लिए थे. बनवासी को कदम्ब शासकों ने अपनी राजधानी बनाया था. चालुक्य शासक **पुलकेशिन द्वितीय** ने इस पर अपना अधिकार किया था.

3. सरायनाहर राय

मध्य पाषाणकालीन स्थल **सरायनाहर राय** उत्तर प्रदेश के **प्रतापगढ़** जिले में स्थित है. यहाँ के उत्खनन से प्राप्त अवशेषों के आधार पर इस स्थानीय सभ्यता की तिथि लगभग 8000 ई. पू. मानी गई है. **मानव के अस्थिपंजर (शारीरिक प्रारूपों) का सबसे पहला अवशेष 'सरायनाहर राय'** नामक स्थान से प्राप्त हुआ है.

4. शाकल

वर्तमान में **पाकिस्तान का स्यालकोट** ही शाकल है. बौद्ध ग्रंथों में इसे **सांगल** और यूनानी लेखों में इसे **संगल** बताया गया है. टॉलमी ने इसे **सूथेडेमिया** कहा है. कुछ विद्वानों के अनुसार शकों के निवास के कारण यह स्थान शाकल कहलाया. यह स्यालकोट एक विहार था. यहाँ महायान सम्प्रदाय के भिक्षु निवास करते थे. यहाँ की कठ जाति ने सिकन्दर से युद्ध किया था. शाकल 326 ई. पू. में **सिकन्दर महान्** के आधिपत्य में चला गया था. उसने उसे निकटस्थ झेलम तथा चिनाब के मध्यवर्ती क्षेत्र को क्षत्रप के अधीन कर दिया था. **मिलिन्दपन्हो** में भारत के इण्डोग्रीक नरेश **मिनांडर** की राजधानी **शाकल** थी. उसके समय में शाकल शिक्षा का एक प्रसिद्ध केन्द्र था तथा वैभव एवं ऐश्वर्य में पाटलिपुत्र के समान था. यहीं पर ही **अशोक ने 200 फुट ऊँचा एक स्तूप निर्मित किया था.** ह्वेनसांग ने अपने यात्रा वृत्तांत में इस नगर का वर्णन किया है.

UPKAR PRAKASHAN
PRATIYOGITA DARPAN
प्रतियोगिता दर्पण

BETTER PLACED TO SERVE YOU THAN EVER BEFORE

Buy all our books & magazines from our

Patna Branch

Branch Address
Pirmohani Chowk, Kadamkuan,
Patna-800003
Ph. : (0612) 2673340

Hyderabad Branch

Branch Address
1-8-1/B, R.R. Complex,
(Near Sundaraiah Park,
Adjacent to Manasa Enclave Gate)
Bagh Lingampally,
Hyderabad-500 044 (A.P.)
Ph. : (040) 66753330

Delhi Branch



Branch Address
4845, Ansari Road, Daryaganj,
New Delhi-110002
Ph. : (011) 23251844/66

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

5. शृंगीरामपुर

यह छोटासा नगर उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में गंगा नदी के दक्षिणी किनारे पर बसा है. यहाँ पर एक **प्राचीन शृंगी ऋषि का मन्दिर** है. कहा जाता है कि ऋषि ने अपने सिर पर लगे सींगों को हटाने के लिए यहाँ तपस्या की थी. ये सींग उनके सिर पर इसलिए निकल आए थे, क्योंकि उन्होंने गलती से राजा परीक्षित को शाप दिया था. तपस्या से सींग गिर गए. यहाँ पर प्रतिवर्ष **कार्तिक पूर्णिमा** और **दूसरे दशहरे** पर मेला लगता है.

6. रायचूर

कर्नाटक राज्य में **रायचूर कृष्णा और तुंगभद्रा नदियों के बीच स्थित है,** जो उपजाऊ भूमि के लिए प्रसिद्ध रहा है. प्रारम्भ में यहाँ हिन्दू तथा जैन राजवंशों का राज्य था. वारंगल राज्य के मंत्री **गंगावरूढडी वारू** ने यहाँ 294 ई. में एक दुर्ग का निर्माण किया था. यह क्षेत्र बहमनी एवं विजयनगर साम्राज्य के बीच सामरिक महत्व के कारण संघर्ष का कारण बना रहा. हालांकि अधिकांश समय तक बहमनी सुल्तानों का इस पर अधिकार रहा, लेकिन 1520 ई. में विजय-नगर के कृष्णदेव राय ने बहमनी सुल्तान आदिलशाह को पराजित कर इस पर अधिकार कर लिया. अन्ततः मुगल शासक औरंगजेब ने इस पर अधिकार कर लिया.

7. सिकन्दरा

उत्तर प्रदेश में आगरा के समीप स्थित सिकन्दरा मुगल बादशाह अकबर के मकबरे के लिए प्रसिद्ध है. अकबर ने अपने मकबरे की योजना स्वयं ही बनाई और उसके लिए सिकन्दरा में यमुना नदी के तट का स्थान पसन्द किया. उस समय इसका नाम **बिहिश्तावाद (स्वर्गिक आवास)** था. अकबर ने अपने जीवनकाल में ही इसका निर्माण प्रारम्भ कर दिया था, परन्तु अकबर की मृत्यु के बाद 1612 ई. में इसे जहाँगीर के काल में पूर्ण किया जा सका. इस मकबरे में **बौद्ध, इस्लाम, हिन्दू, ईसाई** तथा **जैन स्थापत्य शैली का प्रभाव** दृष्टिगत होता है. मकबरे के चारों कोनों पर तीन मंजिला मीनारें हैं. ये मीनारें लाल पत्थर की बनी हैं जिन पर संगमरमर का सुन्दर काम किया गया है. मकबरे के चारों ओर खूबसूरत बगीचा है जिसके बीच में **बरादी महल** है जिसका निर्माण सिकन्दर लोदी ने करवाया था.

8. अटक

अटक या हाटक पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त में स्थित एक छोटासा नगर है, जो नदी के तट पर स्थित है. सिकन्दर ने अटक से 16 किमी दूर ओहिन्द से सिन्धु नदी को पार किया था. ओहिन्द के निकट ही महमूद गजनवी ने आनन्दपाल की सेना को परास्त किया था. यहाँ पर ऊँची पहाड़ी पर स्थित सुदृढ़ किले का निर्माण अकबर ने करवाया था. अकबर ने अटक के पार युसुफजाइयों से लड़ने के लिए बीरबल, टोडरमल एवं मानसिंह को भेजा था.

9. जन्तर-मन्तर, जयपुर

जयपुर के पुराने राजमहल 'चन्द्रमहल' से जुड़ी एक आश्चर्यजनक मध्यकालीन उपलब्धि जन्तर-मन्तर है. प्राचीन खगोलीय यन्त्रों और जटिल गणितीय संरचनाओं के माध्यम से ज्योतिषीय और खगोलीय घटनाओं का विश्लेषण और सटीक भविष्यवाणी करने के लिए विश्व प्रसिद्ध इस **वेधशाला का निर्माण जयपुर नगर के संस्थापक सवाई जयसिंह द्वितीय** ने 1728 ई. में करवाया था. सवाई जयसिंह एक बहादुर योद्धा और मुगल सेनापति ही नहीं वरन् उच्च कोटि के खगोल वैज्ञानिक भी थे, जिनके योगदान और व्यक्तित्व की प्रशंसा **पं. जवाहरलाल नेहरू** ने अपनी पुस्तक **डिस्कवरी ऑफ इण्डिया** में की है. **ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में वर्ल्ड हैरिटेज कमेटी के 34वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन** में इस वेधशाला को **यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में 1 अगस्त, 2010** को शामिल किया गया. जयसिंह ने ऐसी वेधशालाओं का निर्माण **जयपुर** के अलावा **दिल्ली, मथुरा, उज्जैन, वाराणसी** में भी करवाया था.

10. विजय स्तम्भ

विजय स्तम्भ राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में स्थित है. इसे मेवाड़ नरेश **राणा कुम्भा** ने महमूद खिलजी के नेतृत्व वाली **मालवा और गुजरात की सेनाओं पर विजय के स्मारक के रूप में सन् 1440 ई. में बनवाया था.** 122 फीट ऊँचा, 9 मंजिला विजय स्तम्भ भारतीय स्थापत्य कला की बारीक एवं सुन्दर कारीगरी का नायाब नमूना है, जो नीचे से चौड़ा, बीच में संकरा एवं ऊपर से पुनः चौड़ा डमरू के आकार का है. इसमें ऊपर जाने के लिए 157 सीढ़ियाँ बनी हैं. इस स्तम्भ के आन्तरिक तथा बाह्य भागों पर भारतीय देवी-देवताओं की सैकड़ों मूर्तियाँ उत्कीर्ण हैं.

●●●

नवीन पाठ्यक्रमानुसार अति विशिष्ट अध्ययन सामग्री
उपकार
नवीन संस्करण
उत्तर प्रदेश
सब-इंस्पेक्टर पुलिस
मुख्य परीक्षा
प्रमुख आकर्षण
➡ सामान्य हिन्दी
➡ हिन्दी निबन्ध
➡ मूल विधि एवं संविधान
➡ संख्यात्मक योग्यता
➡ मानसिक अभिरुचि परीक्षा
➡ मानसिक एवं तार्किक परीक्षा
लेखकगण : डॉ. लाल, जैन एवं मिश्र
कोड नं. 207
₹ 475/-

उपकार प्रकाशन, आगरा–2
● E-mail : care@upkar.in
● Website : www.upkar.in

Just Released

झारखण्ड

शिक्षक पात्रता परीक्षा

(JHARKHAND TEACHER ELIGIBILITY TEST)

उपकार प्रकाशन की उपयोगी पुस्तकें

उच्च प्राथमिक स्तर
गणित एवं विज्ञान
(कक्षा 6–8 के लिए)

Code 2215 • ₹ 399/-



उच्च प्राथमिक स्तर
समाज अध्ययन
(कक्षा 6–8 के लिए)

Code 2216 • ₹ 330/-

प्राथमिक स्तर
(कक्षा 1–5 के लिए)

Code 2217 • ₹ 310/-



उपकार की पुस्तकें

सर्वश्रेष्ठता का विकल्प नहीं

उपकार प्रकाशन

• E-mail : care@upkar.in
• Website : www.upkar.in

2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, **आगरा-282 002 फोन** : 4053333, 2531101, 2530966; **फैक्स** : (0562) 4053330
ब्रांच ऑफिस : • 4845, अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली-2, **फोन** : 011-23251844/66
• 1-8-1/B, आर.आर. कॉम्पलेक्स (सुन्दरैया पार्क के पास), बाग लिंगमपल्ली, हैदराबाद-44, **फोन** : 040-66753330
• पीरमोहिनी चौक, कदमकुआँ, पटना-800 003, **फोन** : 0612-2673340

sscexamonline.blogspot.com

✍ डॉ. अरुणोदय बाजपेयी

हिमतक्षेस व भारत

हिमतक्षेस (Indian Ocean Rim Association for Regional Cooperation – IORARC) ऐसे देशों का संगठन है, जो हिन्द महासागर के तटीय क्षेत्र में स्थित है. उल्लेखनीय है कि वैश्वीकरण के वर्तमान युग में राष्ट्रों द्वारा आपसी हितों की पूर्ति की दृष्टि से क्षेत्रीय एकीकरण व सहयोग की प्रक्रिया को अत्यन्त महत्व दिया जा रहा है. इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों में कई क्षेत्रीय संगठनों की स्थापना की गई है. वास्तविकता यह है कि विश्व का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहाँ क्षेत्रीय सहयोग के लिए संगठनात्मक प्रयास नहीं किए गए. उदाहरण के लिए दक्षिण पूर्व एशिया में आसियान, दक्षिण एशिया में सार्क, अफ्रीका में अफ्रीकी संघ, यूरोप में यूरोपियन यूनियन, मध्य एशिया में शंघाई सहयोग संगठन तथा उत्तरी अमरीका में नाफ्टा आदि की स्थापना सम्बन्धित क्षेत्र में देशों के मध्य आर्थिक, वैज्ञानिक, सांस्कृतिक आदि मामलों में सहयोग की दृष्टि से की गई है. इस तरह के क्षेत्रीय संगठनों का प्रमुख लाभ यह है कि क्षेत्रीय स्तर पर स्थित विभिन्न राष्ट्र ऐतिहासिक, भौगोलिक तथा सांस्कृतिक निकटताओं का लाभ उठाकर सहयोग की प्रक्रिया को आगे बढ़ा सकते हैं. क्षेत्रीय सहयोग की प्रक्रिया बहुपक्षीय लाभ की प्रक्रिया है. हिमतक्षेस भी इसी प्रकार का एक क्षेत्रीय सहयोग संगठन है.

हिमतक्षेस की स्थापना मार्च 1997 में मॉरिशस में की गई थी. इसकी स्थापना में भारत तथा मॉरिशस की महत्वपूर्ण भूमिका थी. इस संगठन का मुख्य उद्देश्य सदस्य राष्ट्रों के मध्य आर्थिक और तकनीकि सहयोग को आगे बढ़ाना था. इस संगठन के सदस्य वही देश हो सकते हैं, जिनकी तटीय सीमा हिन्द महासागर से लगती हो. यद्यपि हिमतक्षेस की स्थापना के 15 वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन अभी तक इसमें शिखर सम्मेलन की व्यवस्था नहीं हो सकी है. वर्तमान में हिमतक्षेस की सर्वोत्तम निर्णय-निर्माण संस्था इसके सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों का सम्मेलन है.

हिमतक्षेस की 12वीं बैठक

हिमतक्षेस देशों के विदेश मंत्रियों की 12वीं बैठक 2 नवम्बर, 2012 को दिल्ली के निकट स्थित भारतीय शहर गुड़गाँव में सम्पन्न हुई थी. इस बैठक में सभी 20 देशों के विदेश मंत्रियों ने भाग लिया था. इस सम्मेलन के अन्त में 21 बिन्दुओं पर एक घोषणा-पत्र जारी किया गया, जिसमें आपसी सहयोग के विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया. इस घोषणा-पत्र का नाम गुड़गाँव घोषणा-पत्र रखा गया है. इसके मुख्य बिन्दु निम्नलिखित हैं–

(1) उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्रियों की उक्त बैठक के पहले हिमतक्षेस की अधीनस्थ संस्थाओं के द्वारा भी तैयारी बैठकों का आयोजन भी किया गया था. इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए गठित समूहों की बैठकें भी सम्पन्न हुई. इस अवसर पर हिमतक्षेस देशों के वरिष्ठ अधिकारियों की राजनीति की बैठक भी सम्पन्न हुई. इसके साथ ही हिमतक्षेस के बौद्धिक समूह की 18वीं बैठक व्यापार तथा निवेश पर गठित कार्यदल की 12वीं बैठक तथा हिमतक्षेस व्यापार मंच की बैठक भी सम्पन्न हुई. इस सभी बैठकों में सम्बन्धित विषयों पर सहयोग के कार्यक्रमों पर विचार किया गया. गुड़गाँव घोषणा-पत्र में इन समूहों की बैठकों के परिणामों पर संतोष व्यक्त किया गया.

(2) घोषणा-पत्र में इस बात को रेखांकित किया गया कि हिन्द महासागर क्षेत्र में स्थित राष्ट्रों के लिए हिमतक्षेस एक बहुपक्षीय शीर्ष मंच है. इसका मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र में तथा सदस्य राष्ट्रों में जीवन्त विकास तथा संतुलित विकास को बढ़ावा देना है. इसके साथ ही यह मंच क्षेत्रीय सहयोग के लिए एक साझा आधार भी प्रदान करता है. अपने 15 साल के जीवनकाल में इस मंच द्वारा शान्ति व सम्पन्नता के लिए क्षेत्रीय सहयोग को सुविधाजनक बनाने का प्रयास किया गया है.

(3) घोषणा-पत्र में हिमतक्षेस की विभिन्न संस्थाओं को मजबूत बनाने पर विशेष बल दिया गया है. तभी हिमतक्षेस हिन्द महासागर क्षेत्र के शीर्ष संगठन के रूप में अपनी प्रभावी भूमिका का निर्वाह कर सकता है.

(4) घोषणा-पत्र में पिछली बैठक में चिह्नित किए गए छह प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में हिमतक्षेस की गतिविधियों के प्रति संतोष व्यक्त किया गया. हिमतक्षेस की 11वीं बैठक नवम्बर 2011 में बंगलुरु में सम्पन्न हुई थी. इस बैठक में क्षेत्रीय सहयोग के जिन प्राथमिकता वाले छह क्षेत्रों को चिह्नित किया गया था, वे हैं– समुद्री सुरक्षा तथा समुद्री डकैती, आपदा के खतरों में कमी, व्यापार तथा निवेश को बढ़ावा, मछली उत्पादन का प्रबन्धन, शैक्षणिक एवं विज्ञान तकनीकि में सहयोग तथा पर्यटन तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान. उल्लेखनीय है कि वर्तमान में हिमतक्षेस उक्त छह क्षेत्रों में सहयोग की गतिविधियों को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है, जिसमें भारत की भूमिका प्रमुख है.

(5) गुड़गाँव घोषणा-पत्र में हिन्द महासागर के भूसागरिक महत्व को रेखांकित किया गया तथा माना गया कि क्षेत्रीय विकास तथा वैश्विक सम्पन्नता के लिए हिन्द महासागर क्षेत्र में शान्ति व स्थिरता का होना आवश्यक है. इस दृष्टि से घोषणा-पत्र में हिमतक्षेस व अन्य क्षेत्रीय संगठनों, जैसे–आसीकी संघ के मध्य घनिष्ठ सहयोग पर बल दिया गया. यहाँ यह उल्लेखनीय है कि व्यापार और सुरक्षा दोनों ही दृष्टि से हिन्द महासागर का भारत के लिए ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए सामरिक महत्व है. अतः इस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने से हिन्द महासागर में शान्ति व स्थिरता को बढ़ावा दिया जा सकेगा.

(6) सदस्य देशों ने इस बैठक में यह निर्णय लिया कि हिन्द महासागर में संचार व व्यापार की सुरक्षा के लिए समुद्री डकैती को समाप्त करने के लिए आपसी सहयोग की आवश्यकता है. उल्लेखनीय है कि हिन्द महासागर में मलक्का की खाड़ी तथा अदन की खाड़ी के पास समुद्री डकैती की घटनाएं हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ी हैं. समुद्री डकैती के कारण इस क्षेत्र में व्यापारिक वस्तुओं का आवागमन भी प्रभावित हुआ है.

(7) घोषणा-पत्र में इस बात पर बल दिया गया कि सदस्य राष्ट्र प्राकृतिक आपदाओं के प्रबन्धन में सहयोग को आगे बढ़ाएंगे. इस दृष्टि से सूचनाओं के आदान-प्रदान के साथ-साथ रोकथाम की कार्यवाही पर भी बल दिया जाएगा. उल्लेखनीय है कि हिन्द महासागर क्षेत्र प्राकृतिक आपदाओं के लिए विशेष संवेदनशील क्षेत्र है.

(8) सदस्य राष्ट्रों ने व्यापार के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की. घोषणा-पत्र के अनुसार सभी सदस्यों ने

sscexamonline.blogspot.com

हिन्द महासागर क्षेत्र में मुक्त व्यापार की घोषणा का समर्थन किया. हिमतक्षेस का यह भी प्रयास होगा कि उसके जो सदस्य देश तेजी से विकास कर रहे हैं, उनकी क्षमताओं तथा विकास का लाभ अन्य सदस्य देशों को भी प्राप्त हो सके.

(9) घोषणा-पत्र में हिमतक्षेस के सदस्य देशों में सांस्कृतिक और ऐतिहासिक सम्बन्धों के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा यह निर्णय लिया गया कि सदस्य देशों ने सम्पर्कता को बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे. सम्पर्कता के विस्तार के साथ ही हिन्द महासागर क्षेत्र में क्षेत्रीय सहयोग व आर्थिक एकीकरण की प्रक्रिया को बल मिलेगा. घोषणा-पत्र के अनुसार सम्पर्कता बढ़ाने के लिए बन्दरगाहों तथा तटीय मौलिक ढाँचे के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी.

(10) गुड़गाँव घोषणा-पत्र में शैक्षणिक तथा विज्ञान तथा तकनीकि के क्षेत्र में सहयोग को उच्च प्राथमिकता प्रदान की गई. घोषणा-पत्र में कहा गया कि हिमतक्षेस शैक्षणिक समूह द्वारा इस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे तथा योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा. साथ ही सदस्य देशों के मध्य शिक्षाविदों तथा तकनीकि विशेषज्ञों के आदान-प्रदान पर विशेष बल दिया जाएगा.

(11) हिमतक्षेस द्वारा प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एक विशेष कोष की स्थापना की गई है. घोषणा में कहा गया कि इस विशेष कोष की धनराशि को सहयोग कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में प्रभावी ढंग से प्रयुक्त किया जाए.

(12) सदस्य देशों ने निर्णय लिया कि कैमरोस का हिमतक्षेस के 20वें सदस्य के रूप में सदस्यता प्रदान की जाए. इसी तरह अमरीका को हिमतक्षेस के छठवें वार्ताकार देश के रूप में शामिल किया जाए. यह भी तय किया गया कि हिमतक्षेस के विदेश मंत्रियों की अगली बैठक 2013 में आस्ट्रेलिया में सम्पन्न होगी.

हिमतक्षेस का बढ़ता हुआ महत्व और भारत

उल्लेखनीय है कि हिन्द महासागर तटीय क्षेत्र में स्थित देशों की जनसंख्या दो बिलियन है, जोकि विश्व की कुल जनसंख्या का एक-चौथाई भाग है. हिन्द महासागर का आर्थिक और सामरिक महत्व केवल इसके तटीय राष्ट्रों के लिए नहीं, बल्कि सभी के लिए है. हिन्द महासागर का महत्व निम्नलिखित बिन्दुओं के अन्तर्गत समझा जा सकता है–

1. हिन्द महासागर अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार और संचार की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है. उल्लेखनीय है कि यह विश्व का तीसरा सबसे बड़ा समुद्र है. हिन्द महासागर से विश्व का आधा जहाजी व्यापार तथा दो-तिहाई तेल का व्यापार होता है.
2. हिन्द महासागर सामरिक महत्व के महत्वपूर्ण खनिज पदार्थों तथा अन्य प्राकृतिक संसाधनों का भण्डार है.
3. हिन्द महासागर तटीय क्षेत्र में स्थित देशों का कुल सकल राष्ट्रीय उत्पाद 2011 में 6·5 ट्रिलियन डॉलर था. इनमें से कई देश तकनीकि आर्थिक विकास तथा मानव क्षमता की दृष्टि से समृद्ध हैं. अतः इस क्षेत्र के देशों में विकास तथा सहयोग की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं.
4. हिन्द महासागर का सामरिक महत्व भी उल्लेखनीय है. यह क्षेत्र वैश्विक शान्ति व स्थिरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. इसीलिए हिन्द महासागर विश्व की प्रमुख शक्तियों अमरीका, चीन, भारत तथा आस्ट्रेलिया के मध्य सामरिक प्रतियोगिता का क्षेत्र है.

हिन्द महासागर का भारत के लिए विशेष महत्व है, क्योंकि भारत की सीमाएं तीन ओर से हिन्द महासागर से घिरी हुई हैं. भारत की सुरक्षा, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार, संचार साधनों तथा महत्वपूर्ण खनिज [illegible]ों व अन्य संसाधनों की दृष्टि से हिन्द महासागर अत्यन्त महत्वपूर्ण

उपकार
बिहार
सहायक अभियोजन पदाधिकारी
प्रारम्भिक परीक्षा
लेखकद्वय डॉ. लाल एवं अनिल मिश्र
Code No. 2032 मूल्य : ₹ 415/-
प्रमुख आकर्षण
♦ मॉडल प्रश्न–पत्र हल सहित ♦ बिहार एक दृष्टि में ♦ सामान्य ज्ञान ♦ समसामयिकी ♦ सामान्य विज्ञान ♦ दण्ड प्रक्रिया संहिता ♦ भारतीय साक्ष्य अधिनियम ♦ व्यवहार प्रक्रिया संहिता ♦ भारतीय संविदा अधिनियम ♦ सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम ♦ विविध प्रश्न ♦ भारत का संविधान ♦ इंगलैण्ड का संविधान ♦ हिन्दू–मुस्लिम विधि ♦ अपकृत्य विधि ♦ विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम ♦ साम्या विधि ♦ न्यास विधि ♦ वाणिज्य विधि
उपकार प्रकाशन, आगरा - 2
E-mail : care@upkar.in Website : www.upkar.in

UPKAR'S
JOURNALISM
&
MASS COMMUNICATION
By : Hena Naqvi Code No. 1567 ₹ 220/-



This book is very useful for any professional course based on Journalism and Mass Communication.
Revised & Enlarged Edition
Hindi Edition
Code No. 1332 ₹ 199/-
UPKAR PRAKASHAN, AGRA-2
● E-mail : care@upkar.in
● Website : www.upkar.in

sscexamonline.blogspot.com

है. अतः हिन्द महासागर के तटीय राष्ट्रों में सहयोग बढ़ाने से न केवल इस क्षेत्र में शान्ति और स्थिरता को बढ़ाया जा सकेगा, बल्कि भारत के सुरक्षात्मक और व्यापारिक राष्ट्रीय हितों की पूर्ति हो सकेगी. इसीलिए भारत हिमतक्षेस के माध्यम से हिन्द महासागर में क्षेत्रीय सहयोग का प्रबल समर्थक है.

यद्यपि हिमतक्षेस केवल 15 वर्ष पुराना संगठन है तथा यह अपनी शैशवावस्था में है, लेकिन इसमें विकास तथा सहयोग की विपुल सम्भावनाएँ मौजूद हैं. फिर भी इसको मजबूत बनाने की दिशा में कतिपय कमजोरियों का समाधान किया जाना आवश्यक है. हिमतक्षेस की कमजोरियाँ निम्नलिखित हैं–

प्रथम, अभी तक हिमतक्षेस को शिखर सम्मेलन के स्तर तक विकसित नहीं किया जा सका है. उच्चस्तरीय निर्णयों के लिए जरूरी है कि हिमतक्षेस देशों में शिखर सम्मेलनों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. द्वितीय, हिमतक्षेस देशों के मध्य आपसी व्यापार उनके अन्य देशों के व्यापार के तुलना में बहुत कम है. अतः क्षेत्रीय देशों के मध्य आपसी व्यापार को बढ़ाया जाना आवश्यक है. इससे क्षेत्रीय एकीकरण को बढ़ावा मिलेगा. तृतीय, क्षेत्रीय सहयोग और एकीकरण के लिए सदस्य देशों में मौलिक सुविधाओं का नितान्त अभाव है, अतः इस क्षेत्र में सम्पर्कता की मौलिक सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है.

हिमतक्षेस एक पृष्ठभूमि

1997 में हिमतक्षेस की स्थापना हिन्द महासागर के तट पर स्थित देशों का संगठन है. इन देशों के मध्य ऐतिहासिक और सांस्कृतिक सम्पर्क का माध्यम भी हिन्द महासागर ही रहा है. यह संगठन इन देशों की सामरिक और आर्थिक सहयोग की आकांक्षा की पूर्ति का एक साधन है. दक्षिण अफ्रीका के प्रसिद्ध नेता नेल्सन मण्डेला ने 1995 में अपनी भारत यात्रा के दौरान हिन्द महासागर के तटीय देशों की इस आकांक्षा को रेखांकित किया था, "ऐतिहासिक तथा भौगोलिक तथ्यों के आलोक में यह स्वाभाविक है कि हिन्द महासागर तटीय क्षेत्र में सामाजिक आर्थिक सहयोग तथा अन्य शान्तिपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग की आकांक्षा को आगे बढ़ाया जाए." उत्तर शीतयुद्ध काल में अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था में आए परिवर्तन भी यह माँग करते हैं कि हिन्द महासागर एक अलग मंच बने. इस पृष्ठभूमि में मार्च 1997 में हिमतक्षेस की स्थापना एक स्वाभाविक परिणाम है. अपनी पहली मंत्रिपरिषदीय बैठक में हिमतक्षेस ने अपना एक संविधान स्वीकार किया, जिसमें इसके सिद्धान्तों और उद्देश्यों का उल्लेख किया गया है. हिमतक्षेस का मुख्यालय मॉरिशस में स्थापित है, क्योंकि मॉरिशस ने इसकी स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. हिमतक्षेस का निर्देशक सिद्धान्त है, 'खुला क्षेत्रवाद'. हिमतक्षेस स्वैच्छिक कार्यवाहियों तथा आम सहमति पर लिए गए निर्णयों के आधार पर कार्य करता है.

खुले क्षेत्रवाद के सिद्धान्त

हिमतक्षेस विश्व में एकमात्र ऐसा संगठन है, जो खुले क्षेत्रवाद के सिद्धान्त पर आधारित है, जिसमें निम्नलिखित बातें शामिल हैं–

1. *हिमतक्षेस के प्रत्येक स्तर पर सभी मामलों में प्रत्येक निर्णय आम सहमति के आधार पर लिए जाएंगे.*
2. *ऐसे द्विपक्षीय और विवादास्पद मामलों को संगठन की परिधि से बाहर रखा जाएगा, जो सदस्य देशों के मध्य विवाद उत्पन्न कर सकें.*
3. *सभी सदस्य राष्ट्र हिमतक्षेस के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए विभिन्न उपाय करेंगे, साथ ही ऐसी कोई गतिविधि में संलग्न नहीं होंगे जो हिमतक्षेस के उद्देश्यों के विपरीत हो.*
4. *हिमतक्षेस की योजनाएं और कार्यक्रम सदस्य राष्ट्रों द्वारा स्वैच्छिक आधार पर क्रियान्वित किए जाएंगे.*

हिमतक्षेस के उद्देश्य

हिमतक्षेस के चार्टर में निम्नलिखित उद्देश्यों का उल्लेख किया गया है–

1. *सदस्य राष्ट्रों तथा हिन्द महासागर क्षेत्र में टिकाऊ विकास तथा संतुलित विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना तथा इस क्षेत्र में आर्थिक सहयोग के लिए साझा मंच प्रदान करना.*
2. *सदस्य राष्ट्रों के मध्य आर्थिक सहयोग के क्षेत्रों को प्राथमिकता प्रदान करना, क्योंकि यही वो क्षेत्र है, जो साझा हितों की पूर्ति के लिए अधिकतम अवसर उपलब्ध कराता है. इस उद्देश्य से हिमतक्षेस द्वारा आर्थिक सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए कार्यक्रमों को तैयार किया जाएगा तथा उन्हें लागू किया जाएगा.*
3. *आपसी सहमति के आधार पर क्षेत्रीय सहयोग के अन्य क्षेत्रों को चिह्नित करना.*
4. *हिन्द महासागर क्षेत्र में व्यापार, उदारीकरण को प्रोत्साहित करना, ताकि व्यापार में बढ़ोतरी और विभेदीकरण को बढ़ावा दिया जा सके.*
5. *सदस्य राष्ट्रों के मध्य उद्योग, शैक्षणिक संस्थाओं, नागरिकों के मध्य आदान-प्रदान को बढ़ावा देना.*
6. *विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय मंचों में वैश्विक आर्थिक मामलों पर सदस्य राष्ट्रों के मध्य सहयोग को मजबूत करना.*
7. *हिन्द महासागर क्षेत्र में सदस्य राष्ट्रों की संस्थाओं के मध्य सहयोग को आगे बढ़ाकर मानव संसाधन विकास को सुनिश्चित करना.*

हिमतक्षेस के सदस्य

वर्तमान में हिमतक्षेस के 20 सदस्य हैं–आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इण्डोनेशिया, भारत, ईरान, केन्या, मेडागास्कर, मलेशिया, मॉरिशस, मुजाम्बिक, ओमान, सेशल्स, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, तंजानिया, थाइलैण्ड, संयुक्त अरब अमीरात तथा कैमरोस. उल्लेखनीय है कि कैमरोस को 2012 की मंत्रिपरिषदीय बैठक के दौरान हिमतक्षेस के 20वें सदस्य के रूप में स्वीकार किया गया.

उल्लेखनीय है कि हिमतक्षेस में छह वार्ताकार देश भी शामिल हैं. ये हैं– मिस्र, जापान, चीन, इंगलैण्ड तथा फ्रांस. अमरीका को 2012 में छठवें वार्ताकार देश के रूप में शामिल किया गया.

भारत तथा थाइलैण्ड : सम्बन्धों का नया दौर

भारतीय प्रधानमंत्री की 30-31 मई, 2013 को सम्पन्न थाइलैण्ड यात्रा से भारत व थाइलैण्ड के सम्बन्धों में एक नए चरण की शुरुआत हुई है. शीतयुद्ध काल में जहाँ थाइलैण्ड अमरीका की सुरक्षा परिधि में शामिल था, वहीं भारत गुटनिरपेक्षता के अन्तर्गत एक स्वतंत्र विदेश नीति का पालन कर रहा था, लेकिन 1990 के दशक में शीतयुद्ध की समाप्ति तथा वैश्वीकरण की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण दोनों के सम्बन्धों में प्रगाढ़ता का एक नया युग आरम्भ हुआ. भारत ने जहाँ 1991 में पूरब की ओर देखो की नीति प्रारम्भ की, वहीं थाइलैण्ड ने भी इस युग में पश्चिम की ओर देखो की नीति का अनुसरण किया. थाइलैण्ड आसियान का एक महत्वपूर्ण संस्थापक देश है. वर्तमान में भारत और आसियान के देशों के मध्य व्यापार निवेश, शिक्षा तथा नागरिकों के आदान-प्रदान के क्षेत्र में सम्बन्धों को तेजी से विस्तार हो रहा है. जनवरी 2010 में भारत और आसियान के मध्य मुक्त व्यापार समझौते को लागू किया गया. जिससे दोनों देशों में व्यापार और निवेश बढ़ाने के नए अवसर प्राप्त हुए हैं. इसके अतिरिक्त भारत और थाइलैण्ड दोनों

sscexamonline.blogspot.com

ही पूर्व एशिया सम्मेलन, बिम्सटेक, मीकांग गंगा सहयोग तथा एशिया सहयोग वार्ता के सदस्य हैं तथा इन मंचों के माध्यम से दोनों के मध्य विचारों के आदान-प्रदान तथा सहयोग को आगे बढ़ाने के अवसर प्राप्त हो रहे हैं. पूर्वी एशिया सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य एक पूर्वी एशिया आर्थिक समुदाय की स्थापना करना है, जिसमें दोनों ही देश महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं.

यद्यपि भारत और थाइलैण्ड के बीच कूटनीतिक सम्बन्धों की शुरुआत 1947 में ही हुई, लेकिन दोनों के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक सम्बन्ध अत्यन्त प्राचीन हैं. थाइलैण्ड भारत के विस्तारित पड़ोस में स्थित है तथा अण्डमान समुद्र में दोनों की समुद्री सीमा भी मिलती है. भारत में जन्मे बौद्ध धर्म का थाइलैण्ड में व्यापक प्रभाव है. इसके कारण बौद्ध नागरिक बड़ी संख्या में प्रतिवर्ष भारत स्थित बौद्ध स्थलों को देखने भारत आते हैं. इतना ही नहीं थाइलैण्ड की कला तथा संस्कृति में हिन्दू धर्म का व्यापक प्रभाव देखा जा सकता है. थाई भाषा में भारतीय भाषाओं जैसे पाली तथा संस्कृत का प्रभाव स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है. साथ ही वर्तमान समय में करीब 1.5 लाख भारतीय समुदाय के लोग थाइलैण्ड में निवास करते हैं. इस भारतीय समुदाय को थाइलैण्ड की नागरिकता प्राप्त है. थाइलैण्ड स्थित भारतीय समुदाय में मुख्यतः सिख, पंजाबी, गोरखपुर निवासी, तमिल तथा सिंधी शामिल हैं. इनमें से दो भारतीय मूल के निवासियों को क्रमशः 2006 और 2010 में प्रवासी भारतीय सम्मान भी प्राप्त हो चुका है.

उच्चस्तरीय यात्राओं का आदान-प्रदान

इस पृष्ठभूमि में गत 20 वर्षों में दोनों के मध्य उच्चस्तरीय यात्राओं के आदान-प्रदान में तेजी से बढ़ोतरी हुई है. थाइलैण्ड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन सिनवात्रा ने नवम्बर 2001, फरवरी 2002 तथा जून 2005 में भारत की यात्रा की. इसी तरह अन्य प्रधानमंत्रियों ने जून 2007, नवम्बर 2008 तथा अप्रैल 2011 में भारत की यात्रा की. थाइलैण्ड की वर्तमान प्रधानमंत्री इंगलक सिनवात्रा ने जनवरी 2012 तथा दिसम्बर 2012 में भारत की यात्रा की. उन्होंने 24 से 26 जनवरी, 2012 को भारत की जो यात्रा की थी, उसमें वे भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे. इसके अतिरिक्त नवम्बर 2012 में थाइलैण्ड में सम्पन्न हुए भारत आसियान सम्मेलन के समय भारतीय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह व थाइलैण्ड प्रधानमंत्री के मध्य विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया. 20-21 दिसम्बर, 2012 को थाइलैण्ड की प्रधानमंत्री भारत-आसियान स्मृति शिखर सम्मेलन के उपलक्ष्य में भारत आयी थीं तथा अपनी इस यात्रा के दौरान उन्होंने बोधगया स्थित महाबोधि मन्दिर की यात्रा की. गत 20 वर्षों में भारत के प्रधानमंत्रियों ने भी थाइलैण्ड की महत्वपूर्ण यात्राएं की हैं. प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने अप्रैल 1993 में थाइलैण्ड की यात्रा की थी तथा प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने नवम्बर 2002 तथा अक्टूबर 2003 में थाइलैण्ड की यात्रा कर सहयोग के विभिन्न मुद्दों पर उच्चस्तरीय विचार-विमर्श किया. इसी क्रम में भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की जुलाई 2004, अक्टूबर 2009 तथा 30-31 मई, 2013 की यात्राएं सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं.

भारतीय प्रधानमंत्री की थाइलैण्ड यात्रा 30-31 मई, 2013

भारतीय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने थाइलैण्ड प्रधानमंत्री के आमंत्रण पर 30-31 मई, 2013 को थाइलैण्ड की अपनी राजकीय यात्रा सम्पन्न की. इस यात्रा के समय उनके साथ भारत के विदेश मंत्री के साथ-साथ एक उच्चस्तरीय सरकारी प्रतिनिधि मण्डल भी शामिल था. भारतीय प्रधानमंत्री ने यात्रा



sscexamonline.blogspot.com

के दौरान दोनों देशों के प्राचीन सांस्कृतिक सम्बन्धों के प्रतीक के रूप में थाइलैण्ड के सम्राट् को पवित्र बोधवृक्ष का एक पौधा भी भेंट किया. दोनों देशों के मध्य द्विपक्षीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय मामलों पर उच्चस्तरीय विचार-विमर्श किया गया. दोनों नेताओं ने इस बात को स्वीकार किया कि उनके सम्बन्ध दोनों देशों के लिए लाभकारी होने के साथ-साथ इस क्षेत्र में सामाजिक आर्थिक विकास, शान्ति तथा स्थिरता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है. दोनों ने यह स्वीकार किया कि भारत की 'पूरब की ओर देखो' की नीति तथा थाइलैण्ड की 'पश्चिम की ओर देखो' की नीति में इतनी सम्भावनाएं निहित हैं कि दोनों देशों के सम्बन्धों को सामरिक साझेदारी के स्तर तक आगे बढ़ाया जा सकता है. इस यात्रा के दौरान दोनों देशों ने 30 मई, 2013 को एक संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर किए, जिसकी मुख्य बातें इस प्रकार हैं–

(1) दोनों ने यह स्वीकार किया कि दोनों के मध्य द्विपक्षीय व्यापार वर्तमान समय में तेजी से आगे बढ़ रहा है. गत 5 वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार में 15 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है. वर्ष 2012 में द्विपक्षीय व्यापार 8·6 बिलियन डॉलर था. दोनों नेताओं ने माना कि द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि दोनों के आपसी लाभ तथा टिकाऊ विकास के लिए आवश्यक है.

(2) दोनों नेताओं ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि उनके मध्य निवेश में भी तेजी से वृद्धि हो रही है, जिसके कारण दोनों देशों में रोजगार की नई सम्भावनाएं उत्पन्न हो रही हैं. वर्ष 2012 में भारतीय कम्पनियों द्वारा थाइलैण्ड में 200 मिलियन डॉलर का निवेश किया गया. इसी तरह थाइलैण्ड की कम्पनियों द्वारा इसी वर्ष 12 मिलियन डॉलर का निवेश किया जा चुका है. उल्लेखनीय है कि भारत अब तक थाइलैण्ड में 2 बिलियन डॉलर की धनराशि निवेश कर चुका है.

(3) भारत ने थाइलैण्ड के निजी क्षेत्र को भारत के मौलिक ढाँचे के विकास के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया. उल्लेखनीय है कि भारत में मौलिक ढाँचा के विकास से सम्बन्धित दिल्ली–मुम्बई गलियारा, चेन्नई–बंगलुरू औद्योगिक गलियारा, बौद्ध सर्किल का विकास जैसी तमाम योजनाएं चल रही हैं. निजी क्षेत्र में सहयोग के लिए नवस्थापित थाइलैण्ड–भारत व्यापार मंच का दोनों द्वारा स्वागत किया गया. इस मंच का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के निजी क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाना है. इसके साथ ही दोनों देश इस बात पर सहमत हुए कि वे व्यापार से सम्बन्धित वीजा सेवाओं को उदार ...े का प्रयास करेंगे.

(4) दोनों देशों ने थाइलैण्ड–भारत मुक्त व्यापार समझौता वार्ताओं की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया. इन वार्ताओं का अन्तिम चक्र नवम्बर 2012 में दिल्ली में सम्पन्न हुआ था तथा अगला चक्र जुलाई 2013 में बैंकॉक में सम्पन्न होगा. जब भी यह समझौता सम्पन्न हो जाता है, दोनों देशों के व्यापार में तेजी से बढ़ोत्तरी होगी. उल्लेखनीय है कि आसियान के साथ 2010 में ही भारत इस प्रकार के समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है तथा बिम्सटेक के सदस्य देशों ने भी मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. इन प्रयासों से ही भारत और थाइलैण्ड के बीच आर्थिक क्षेत्र में सहयोग बढ़ेगा.

(5) दोनों देशों ने दोनों के मध्य भौतिक सम्पर्कता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया. इसके लिए एक संयुक्त कार्यदल की स्थापना भी की गई, जिसकी पहली बैठक सितम्बर 2012 में नई दिल्ली में सम्पन्न हुई. उल्लेखनीय है कि भारत, म्यांमार तथा थाइलैण्ड को रोड सम्पर्क मार्ग से जोड़ने के लिए एक त्रिपक्षीय हाइवे योजना पर तीनों देशों के मध्य बातचीत चल रही है. दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि इस योजना को 2016 तक पूरा कर लिया जाएगा. इस योजना के पूरा होते ही दोनों के मध्य व्यापार निवेश, सेवाओं तथा पर्यटन के विकास में सहयोग को आगे बढ़ाया जा सकेगा. इस यात्रा के दौरान इस योजना के सम्बन्ध में दोनों के मध्य उच्च स्तर पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ. साथ ही दोनों देशों ने वायु मार्ग से सम्पर्कता को बढ़ाने पर भी बल दिया. वर्तमान में दोनों देशों के मध्य प्रति सप्ताह 150 वायु उड़ानें संचालित होती हैं.

(6) दोनों देशों ने सुरक्षा तथा प्रतिरक्षा के क्षेत्र में भी सहयोग को महत्वपूर्ण मानते हुए इसे आगे बढ़ाने पर बल दिया. थाइलैण्ड ने भारत के रक्षा उत्पादनों पर रुचि दिखाई तथा प्रतिरक्षा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग करने पर बल दिया. उल्लेखनीय है कि दोनों देशों की नौसेनाओं द्वारा समुद्री सीमा पर समन्वयकारी निगरानी की जा रही है. भारत के प्रतिरक्षा मंत्री जून 2013 में थाइलैण्ड की यात्रा करेंगे. दोनों देशों ने समुद्री डकैती को रोकने तथा इस क्षेत्र में समुद्री मार्गों की सुरक्षा बनाए रखने के लिए सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की, जिससे इस क्षेत्र में शान्ति को बढ़ावा मिलेगा.

सुरक्षा के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि यह थी कि दोनों देशों ने इस यात्रा के दौरान एक द्विपक्षीय प्रत्यर्पण सन्धि पर हस्ताक्षर किए. इस सन्धि के उपरान्त दोनों देशों द्वारा अपराधियों के आदान-प्रदान में सुगमता होगी. दोनों नेताओं ने आतंकवाद को समाप्त करने, संगठित अपराधों, नशीली दवाओं के व्यापार, मुद्रा का अवैध व्यापार आदि के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर बल दिया.

(7) दोनों देशों ने विज्ञान तथा तकनीकि के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के साथ-साथ संयुक्त शोध प्रोजेक्ट लागू करने पर बल दिया. विज्ञान व तकनीकि में सहयोग के प्रमुख क्षेत्र है– शहरी नियोजन, कृषि फसलों का आकलन तथा अन्तरिक्ष विज्ञान.

(8) दोनों नेताओं ने दोनों देशों के मध्य ऐतिहासिक और सांस्कृतिक सम्बन्धों के आलोक में शिक्षा, संस्कृति तथा नागरिकों के आपसी आदान-प्रदान के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की. थाइलैण्ड के प्रधानमंत्री ने यह स्वीकार किया कि बैंकॉक में भारतीय सांस्कृतिक केन्द्र की स्थापना से थाइलैण्ड में भारतीय संस्कृति के प्रति समझ का विकास होगा. दोनों नेताओं ने संसदीय दलों, शिक्षाशास्त्रियों, वैज्ञानिकों तथा सांस्कृतिक कलाकारों के आदान-प्रदान बढ़ाने पर बल दिया.

(9) दोनों नेताओं ने इस यात्रा के दौरान कतिपय क्षेत्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श कर आपसी सहमति व्यक्त की. दोनों ने भारत-आसियान सामरिक साझेदारी तथा बिम्सटेक की भूमिका के आलोक में आर्थिक, वैज्ञानिक तथा तकनीकि सहयोग के माध्यम से क्षेत्रीय सम्बन्धों को मजबूत बनाने पर बल दिया. इसी तरह दोनों देशों ने मीकांग गंगा सहयोग के माध्यम से विकास योजनाओं तथा विशेषकर मानव क्षमता विकास के कार्यक्रमों को लागू करने पर सहमति व्यक्त की. दोनों प्रधानमंत्रियों ने यह स्वीकार किया कि पूर्वी एशिया सम्मेलन एशिया में क्षेत्रीय सहयोग के लिए तथा एशिया प्रशान्त क्षेत्र में शान्ति व सम्पन्नता की स्थापना के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह करने की क्षमता रखता है.

(10) दोनों नेताओं ने यह स्वीकार किया कि संयुक्त राष्ट्र संघ सहित अन्य अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत तथा थाइलैण्ड का आपसी सहयोग संतोषजनक है. इस सम्बन्ध में दोनों देशों ने अपनी इस माँग को दोहराया कि संयुक्त राष्ट्र संघ को अधिक लोकतांत्रिक, खुला तथा प्रभावी बनाने के लिए इसमें सुधार की आवश्यकता है, ताकि यह 21वीं शताब्दियों की चुनौतियों का सामना कर सके. इस सम्बन्धों में दोनों देशों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में शीघ्र सुधार के महत्व को रेखांकित किया. जिससे यह संस्था अधिक जवाबदेह तथा प्रभावी बन सके. थाइलैण्ड के प्रधानमंत्री ने सुरक्षा परिषद् में भारत की स्थायी सदस्यता के दावे का समर्थन किया.

(11) इस यात्रा के दौरान दोनों देशों ने अग्रलिखित महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए–

sscexamonline.blogspot.com

- प्रत्यर्पण संधि जिसके द्वारा दोनों देश एक-दूसरे के क्षेत्र में अपराध करने वाले अपराधियों का आदान-प्रदान कर सकेंगे. यह बहुप्रतीक्षित संधि भारत के लिए अत्यन्त लाभकारी है, क्योंकि इसके अन्तर्गत भारत में अपराध करके थाइलैण्ड में शरण पाए अपराधियों को वापस भारत लाने में सहायता मिलेगी.
- भारत-थाइलैण्ड आदान-प्रदान कार्यक्रम के सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए, जिसके द्वारा दोनों देशों के मध्य आर्थिक, वैज्ञानिक, शैक्षणिक तथा तकनीकि व सांस्कृतिक क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाया जा सकेगा.
- दोनों देशों ने सजायाफ्ता अपराधियों के आदान-प्रदान हेतु 25 जनवरी, 2012 को एक संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जिसका अनुमोदन किया गया. ऐसे सजायाफ्ता कैदियों को अपने देश में बची हुई सजा काटने की अनुमति प्राप्त हो सकेगी.
- अन्तरिक्ष तकनीकि के क्षेत्र में सहयोग के लिए दोनों देशों द्वारा एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए. इस सहमति पत्र से दोनों के मध्य अन्तरिक्ष तकनीकि के माध्यम से विभिन्न प्रकार के मानचित्रों को तैयार किया जाएगा.
- पुरातत्व एटलस तैयार करने के लिए दोनों देशों के मध्य एक अन्य सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए. इस सहमति पत्र के अन्तर्गत भारत सहित आसियान के सभी देश भाग ले सकेंगे.
- गुप्त के अवैध व्यापार तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलग्न व्यक्तियों की छानबीन के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए. इस सहमति पत्र के अन्तर्गत दोनों देश इन क्षेत्रों में सूचनाओं का आदान-प्रदान करेंगे.
- एक अन्य सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर किए गए. जिसके द्वारा थाइलैण्ड के थानसात विश्वविद्यालय में एक हिन्दी पीठ की स्थापना की जाएगी. इस पीठ द्वारा थाइलैण्ड में हिन्दी भाषा का स्नातक स्तर का पाठ्यक्रम संचालित किया जाएगा.

निष्कर्ष

थाइलैण्ड भारत के विस्तारित पड़ोस में स्थित एक छोटा देश है, लेकिन सामरिक दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है. भारत और थाइलैण्ड के सांस्कृतिक सम्बन्ध अत्यन्त प्राचीन है. क्षेत्रीय सहयोग की दृष्टि से भी दोनों देश बिम्सटेक, आसियान, पूर्व एशिया सम्मेलन तथा मीकांग गंगा सहयोग प्रक्रिया के माध्यम से क्षेत्रीय सहयोग की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे है. थाइलैण्ड आसियान का एक महत्वपूर्ण देश है. भारत की 'पूरब की ओर देखो' की नीति के आलोक में भारत और थाइलैण्ड के सम्बन्ध इस नीति की सफलता के लिए अत्यन्त आवश्यक है. व्यापार व निवेश के साथ-साथ दोनों देश वर्तमान में सुरक्षा, तकनीकि तथा सांस्कृतिक क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ा रहे हैं. दोनों देशों ने वर्तमान में भौतिक सम्पर्कता को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया है. इस सन्दर्भ में प्रस्तावित भारत-म्यांमार तथा थाइलैण्ड हाइवे का विशेष स्थान है. इस परियोजना के पूरे होने के उपरान्त दोनों देशों के मध्य व्यापार व निवेश के साथ-साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा. विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर भी थाइलैण्ड ने भारत के दृष्टिकोण का समर्थन किया है. अतः दोनों के मध्य सहयोग बढ़ाने की विपुल सम्भावनाएं मौजूद है.

●●●



sscexamonline.blogspot.com

समसामयिक लेख

भारत-ब्रिटेन के 'खास' रिश्ते

✍ गिरीश चन्द्र पाण्डे

डेविड कैमरून भारत में कुछ समय पहले भारत के दौरे पर तीन दिवसीय (18-20 फरवरी, 2013) सरकारी यात्रा पर आए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री डेविड कैमरून ने भारतीय कारोबारियों और विद्यार्थियों के लिए विशेष ऐलानों की घोषणा की. उन्होंने भारतीय कारोबारियों को ब्रिटेन में एक दिन में वीजा मिलने की घोषणा की. यह वीजा उन लोगों के लिए है जो ब्रिटेन में जाकर निवेश करना चाहते हैं. डेविड कैमरून ने जगुआर तथा लैंड रोवर जैसे निवेशों का उल्लेख कर इसे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर दोनों देशों की सफलता की कहानी बताया. यहाँ यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि **ब्रिटेन भारत में सबसे बड़ा यूरोपीय निवेशक है जबकि भारत का आधा निवेश ब्रिटेन में है.** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने भारत से ब्रिटेन जाने वाले विद्यार्थियों की तादाद सीमित न करने की बात भी की. उनका यह भी कहना था कि ब्रिटेन में रहते हुए पढ़ाई पूरी करने के बाद ग्रेजुएट लेवल जॉब करने और ठहरने की अवधि की भी कोई समय सीमा नहीं है. यहाँ यह गौर करना उचित होगा कि वीजा के सख्त नियमों की वजह से ब्रिटेन में अध्ययन हेतु जाने वाले भारतीय विद्यार्थियों की संख्या में भारी कमी आयी है. एक अनुमान के अनुसार 2011-12 की तुलना में वहाँ पढ़ने वाले विद्यार्थियों की तादाद 25 प्रतिशत से कम हो गयी. मुम्बई से अपनी यात्रा की शुरुआत करते हुए और भारतीय उद्योगपतियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ब्रिटेन का सबसे बड़ा वीजा ऑपरेशन्स भारत में है. मुम्बई में ब्रिटेन की कम्पनी यूनिलीवर की भारतीय यूनिट हिन्दुस्तान यूनिलीवर के कर्मचारियों के साथ बातचीत में कैमरून ने **भारत से रिश्तों को और खास बनाने की इच्छा व्यक्त की.** स्मरणीय है कि **डेविड कैमरून सिर्फ तीन वर्ष के अपने कार्यकाल में दूसरी बार इतना बड़ा प्रतिनिधिमण्डल यानी 100 सदस्यों से अधिक को साथ लेकर भारत आए. आज तक कोई ब्रिटिश प्रधानमंत्री इतने बड़े लाव लश्कर के साथ किसी भी देश की यात्रा पर नहीं गया. इस प्रतिनिधिमण्डल ने स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कृति तथा नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में और सहयोग की सम्भावनाएँ तलाशने** पर जोर दिया. मुम्बई में आधारभूत संरचना सम्बन्धी पहलकदमियों पर आपसी आदान-प्रदान करते हुए ट्रांसपोर्ट फॉर लंदन (टीएफएल) ने जिसकी लंदन में व्यापक मेट्रो नेटवर्क की व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका है, एमएमआरडीए के साथ मेट्रो प्रणालियों के विकास, दक्षता तथा सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं. अपनी यात्रा के दौरान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने भारत को ब्रिटेन की कम्पनियों हेतु बेहतर मौके पैदा करने के साथ-साथ व्यापार सम्बन्धी बाधाएं हटाने पर भी जोर दिया ताकि ब्रिटेन के लिए भारत में कारोबार करना आसान हो सके.

वीवीआईपी हेलीकॉप्टर-एडब्ल्यू-101 डील में कथित रिश्वतखोरी का मसला भी दोनों नेताओं की बातचीत में उभरा. स्मरण रहे कि अगुस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर बनाने वाली कम्पनी फिनमैकेनिका का मालिकाना हक भले ही इतालवी लोगों के हाथ में है, लेकिन ये हेलीकॉप्टर बनते ब्रिटेन में ही हैं. 12 हेलीकॉप्टरों की डील में से तीन 3 की डिलीवरी भारतीय वायुसेना को हुई है. वे सारक्ष वेस्ट इंग्लैण्ड में ही बने हैं. इसलिए सौदे में घूस का ताना-बाना बुनने में ब्रिटिश अधिकारियों की भी भूमिका रही है. वहीं यह गौर करना भी लाजिमी है कि **भारत में सबसे ज्यादा निवेश करने वाले तीन देश हैं-मॉरीशस, सिंगापुर तथा ब्रिटेन.** कहा जाता है कि मारीशस तथा सिंगापुर के आसान कानूनों का फायदा उठाकर भारत का काला पैसा वहीं सफेद होने जाता है फिर वापस भारत में ही निवेश होने चला आता है, जबकि ब्रिटेन के सम्बन्ध में ऐसा नहीं है. इसलिए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने हेलीकॉप्टर दलाली जाँच में हर सम्भव पूरी मदद का आश्वासन दिया है. उन्होंने यह भी कहा है कि ब्रिटेन में रिश्वतखोरी के खिलाफ दुनिया का सबसे बड़ा कानून है. कहा जाता है कि अगस्ता वेस्टलैंड द्वारा बनाए गए वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों के भारतीय वायुसेना के लिए 3600 करोड़ रुपए के सौदे में करीब 10 प्रतिशत की दलाली में भारत और इटली के एजेंट शामिल हैं. यहाँ यह भी ध्यान देने योग्य है कि जब भारतीय वायुसेना को फ्रेंच कम्पनी डसॉल्ट से राफेल जेट फाइटर की सप्लाई हेतु पसंदीदा बोली लगाने हेतु चुना गया तो ब्रिटेन, जर्मन, स्पेन और इटली को लगा, झटका लगा. फ्रेंच राष्ट्रपति फ्रैंकोइस होलांद की 14-15 फरवरी, 2013 को की गई भारत यात्रा के दौरान राफेल सौदे में अन्तिम मंजूरी न मिलने से ब्रिटेन की भारत को यूरो फाइटर खरीदने के लिए मनाने की भी इच्छा है.

दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय परमाणु सहयोग समझौते को हरी झंडी देते हुए परमाणु ऊर्जा में सहयोग के मसले पर बातचीत जारी रखने पर भी बल दिया. स्मरणीय है कि **ब्रिटेन ने पहले ही अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु जगत में भारत को शामिल करने पर अपना समर्थन दिया है और द्विपक्षीय परमाणु सहयोग समझौते पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की थी.** दोनों नेताओं ने 2010 में परमाणु मसले पर जारी संयुक्त घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए इस क्षेत्र में सहयोग को मजबूत बनाने की बात की. परमाणु मसले के अलावा सुरक्षा, आतंकवाद और आपसी व्यापार पर भी चर्चा हुई. **ब्रिटेन ने एनएसजी तथा दूसरे अन्य समान संगठनों जैसे एनएसजी, वासेनार अरेंजमेंट, आस्ट्रेलिया ग्रुप तथा एमटीसीआर में भारत की सदस्यता का भी समर्थन किया. साथ ही ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने मुम्बई, बंगलूर औद्योगिक गलियारा बनाने में ब्रिटेन द्वारा वित्तीय मदद का वादा किया.** डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने सहयोगी से एक उदार वीजा व्यवस्था लागू करने का आग्रह किया ताकि लोगों की आवाजाही आसान हो. भारत ने यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते हेतु ब्रिटेन से सहयोग की माँग की. दोनों नेताओं ने अफगानिस्तान में शान्ति और स्थिरता प्रदान करने की अपनी वचनबद्धता व्यक्त की. ब्रिटेन ने 2014 में अफगानिस्तान से नाटो सेना की वापसी के बाद भी उसे निरन्तर सहायता देने की पेशकश की है और अफगानिस्तान के सबसे बड़े दुश्मन आतंकवाद का भारत के साथ मिलकर मुकाबला करने की इच्छा व्यक्त की है. चूँकि दोनों देश 'आतंकवाद' का सामना कर रहे हैं इसलिए आतंकवाद के सफाए में भी दोनों के विचार एक समान हैं.

भारत-ब्रिटेन शिखर सम्मेलन 2013 : संयुक्त वक्तव्य

दोनों नेताओं की आपसी वार्ता के बाद 19 फरवरी, 2013 को जारी संयुक्त वक्तव्य का विषय था "भारत और ब्रिटेन : एक ठोस व्यापक तथा प्रगाढ़ भागीदारी (India and UK : A stronger, wider, deeper partnership)". संयुक्त वक्तव्य में पिछले 2010 के शिखर सम्मेलन से अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की गयी और इस पर संतोष व्यक्त करते हुए सम्बन्धों में

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

JUST RELEASED

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा

(CENTRAL TEACHER ELIGIBILITY TEST–CTET)

परीक्षा हल प्रश्न-पत्र सहित

उपकार प्रकाशन की उपयोगी पुस्तकें

द्वितीय प्रश्न-पत्र
गणित एवं विज्ञान
(कक्षा VI–VIII के लिए)

Code 2102 • ₹ 420/-

द्वितीय प्रश्न-पत्र
सामाजिक अध्ययन
(कक्षा VI–VIII के लिए)

Code 2103 • ₹ 340/-

प्रथम प्रश्न-पत्र
(कक्षा I–V के लिए)



Code 2104 • ₹ 335/-

उपकार की पुस्तकें

सर्वश्रेष्ठता का विकल्प नहीं

English Editions are also Available

उपकार प्रकाशन
• E-mail : care@upkar.in
• Website : www.upkar.in

2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा-282 002 फोन : 4053333, 2531101, 2530966; फैक्स : (0562) 4053330
ब्रांच ऑफिस : • 4845, अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली-2, फोन : 011-23251844/66
• 1-8-1/B, आर.आर. कॉम्प्लेक्स (सुन्दरैया पार्क के पास), बाग लिंगमपल्ली, हैदराबाद-44, फोन : 040-66753330
• पीरमोहनी चौक, कदमकुआँ, पटना—800 003 फोन : 0612-2673340

और विस्तार विशेषकर व्यापार तथा निवेश में और भावी व्यापक सम्भावनाओं के दोहन पर जोर देकर आर्थिक विकास तथा सहयोग का जिक्र किया गया. पिछले शिखर सम्मेलन से द्विपक्षीय व्यापार में आयी तेजी पर संतोष व्यक्त किया गया. यह 23 प्रतिशत के औसत से बढ़ा है. यद्यपि 2013 में आर्थिक परिस्थितियाँ प्रतिकूल रही हैं फिर भी दोनों देश व्यापार तथा निवेश बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं. उल्लेखनीय है कि **ब्रिटेन भारत में तीसरा सबसे बड़ा निवेशक है, जबकि भारत ब्रिटेन में पाँचवाँ सबसे बड़ा निवेशक है.** दोहरे कराधान अपवंचन अभिसमय (Double Taxation Avoidance Convention DTAC) के संशोधित प्रोटोकॉल पर अक्टूबर 2012 में हस्ताक्षर होने से दोनों देशों के निवासियों हेतु कर स्थायित्व में सहायता मिलेगी और दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ेगा. इससे निवेश, प्रौद्योगिकी तथा सेवा जैसे क्षेत्रों में बढ़ोतरी होगी. दोनों देश कर मामलों में पारदर्शिता के पक्षधर रहे हैं. ब्रिटेन-भारत सीईओ फोरम के सदस्यों से दोनों नेताओं ने मुलाकात की. उन्होंने उन्नत विनिर्माण और अनुसंधान तथा विकास, शिक्षा तथा दक्षता, स्वास्थ्य देखभाल तथा आधारभूत संरचना एवं ऊर्जा सहित कारोबारी भागीदारी के और विकास हेतु दिए गए सुझावों को ध्यान में रखा.

दोनों नेताओं ने यूरोपीय संघ–भारत वार्ता के सफल परिणाम आने के प्रति अपनी ठोस वचनबद्धता व्यक्त की ताकि 2013 तक इनके बीच एक व्यापक, संतुलित तथा महत्वाकांक्षी एफटीए अस्तित्व में आए और जो दोनों देशों में भारी जॉब सृजन तथा विकास का वाहक बने. संयुक्त वक्तव्य में आधारभूत संरचना क्षेत्र में बंगलूर-मुम्बई आर्थिक गलियारा के विकास के प्रति भारत को ब्रिटेन से सहयोग रेखांकित किया गया. स्वास्थ्य क्षेत्र में आपसी सहयोग की महत्ता को स्वीकारते हुए भविष्य में इस क्षेत्र में और सहयोग बढ़ाने हेतु दोनों देशों की सरकारों के बीच समझौता ज्ञापन के निष्पन्न होने का स्वागत किया गया. वक्तव्य में संयुक्त अनुसंधान गतिविधियों में दोनों देशों के सह निवेश में 2009 में 1 मिलियन डॉलर से बढ़ोतरी होकर वर्तमान में इसके 100 मिलियन डॉलर से अधिक होने का उल्लेख करते हुए उन्नत विनिर्माण, जैव ऊर्जा, स्मार्ट ग्रिड, ऊर्जा भण्डारण, भावी पीढ़ी की वायरलेस प्रणालियों तथा अनुप्रयुक्त गणित जैसे उभरते सहयोग के क्षेत्रों का भी उल्लेख किया गया. इससे निश्चित तौर पर भारत-ब्रिटेन अनुसंधान तथा विकास के तीव्र विस्तार में बढ़ोतरी होगी और एक ऐसी किस्म तथा उच्च प्रभाव की भागीदारी का विकास होगा जिससे नए ज्ञान सृजन में सहायता मिलेगी. दोनों नेता 2015 के बाद के ऐसे महत्वाकांक्षी तथा व्यवहार्य विश्व के विकास एजेंडे पर एक साथ कार्य करने पर सहमत हुए हैं ताकि जहाँ कहीं गरीबी है, उसका उन्मूलन किया जा सके और विकासशील देशों हेतु इस एजेंडे के कार्यान्वयन हेतु व्यापक साधनों को सुनिश्चय किया जा सके.

ऊर्जा सुरक्षा के प्रति दोनों देशों की समान चिन्ता का उल्लेख करते हुए इसे साझा चुनौती का आपसी सहयोग से मुकाबला करने पर जोर दिया गया है. तेल तथा गैस, नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा क्षमता, विद्युत क्षेत्र, कम कार्बन उत्सर्जन करने वाली प्रौद्योगिकी सहित ऊर्जा क्षेत्र में दोनों देशों के बीच व्यापक सहयोग का स्वागत किया गया है. भारत के ऊर्जा क्षेत्र में पर्याप्त ब्रिटिश निवेश पर संतोष व्यक्त करते हुए भविष्य में ऊर्जा, जैव ईंधन तथा पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकियों में नीतिगत, वाणिज्यिक तथा अनुसंधान सम्बन्धी सहयोग को प्रगाढ़ बनाने की बात कही गयी है. संयुक्त बयान में आतंकवाद के किसी भी रूप तथा नेटवर्क का खात्मा करने पर जोर देते हुए आतंकवादरोधी बलों के संयुक्त प्रशिक्षण पर सहयोग पर बल दिया है. साथ ही साइबर सुरक्षा में सहयोग को घनिष्ठ बनाने और अक्टूबर 2012 में सम्पन्न व्यापक द्विपक्षीय साइबर डायलॉग पर आगे बढ़ने तथा साइबर मुद्दों पर दोनों देशों के बीच सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने की बात की गयी है. इस सम्बन्ध में संयुक्त कार्यदल की स्थापना की घोषणा की है. परमाणु हथियार मुक्त विश्व निर्माण की दिशा में कार्य करने हेतु निरस्त्रीकरण तथा अप्रसार मुद्दों पर नियमित वार्ता पर जोर दिया गया है. व्यापक जनसंहार हथियारों के आतंकवादियों के हाथों में पहुँचने से उत्पन्न खतरे को भांपते हुए दोनों नेताओं ने रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल तथा परमाणु सुरक्षा पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने पर अपनी सहमति व्यक्त की. साथ ही वार मुख्य निर्यात नियंत्रण प्रणालियों (Major export control regimes) जिनका उल्लेख ऊपर किया जा चुका है, में भारत के प्रवेश पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने जोर दिया है. साथ ही उन्होंने असैन्य तथा सैन्य दोनों क्षेत्रों में ब्रिटेन की महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी को भारत को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है. दोनों देशों के बीच थल सेना के नियमित संयुक्त अभ्यास का स्वागत किया गया है. सितम्बर 2011 में हस्ताक्षरित समझौते के तहत् टेक्नोलॉजी लैबटॉरी तथा भारत के डीआरडीओ के बीच दोनों देशों के वैज्ञानिकों द्वारा रक्षा तथा सुरक्षा सम्बन्धी प्रौद्योगिकी को विकसित करने का भी उल्लेख किया. स्मरण रहे कि 2012 में इस आशय की तीन साझीदारी परियोजनाएं प्रारम्भ की गयी थीं तथा रक्षावन और जैव रक्षा की एक नई परियोजना पर साथ काम करने पर अभी सहमति बनी है. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में सुधार के साथ ही भारत की सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन किया गया. दोनों नेताओं ने निष्पक्ष, प्रभावी तथा कार्यक्षम संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को रेखांकित करते हुए इस संस्था की मार्फत अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति तथा सुरक्षा बनाए रखने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने की वचनबद्धता प्रदर्शित की है.

संयुक्त वक्तव्य में भारत तथा ब्रिटेन का शान्ति, स्थायित्व, प्रजातंत्र तथा समृद्धि में समान दृष्टिकोण रखने का उल्लेख करते हुए विदेश नीति में बढ़ते सहयोग का स्वागत किया गया है. सीरिया संघर्ष तथा ईरान के परमाणु कार्यक्रम के शान्तिपूर्ण समाधान के साथ ही पश्चिम एशिया/मध्य पूर्व पर मौजूदा भारत-ब्रिटेन सामरिक वार्ता को प्रगाढ़ बनाने पर जोर दिया गया है. अफगानिस्तान से 2014 में नाटो सेना की वापसी के बाद उसे संक्रमण के दौर में विकास तथा सुरक्षा के रूप में पूरी सहायता प्रदान करने की वचनबद्धता दी गयी है. साथ ही दोनों नेताओं ने पूरे अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय तथा अफगानिस्तान के पड़ोसियों को प्रोत्साहित किया है कि वे अफगानिस्तान में विदेशी निवेश बाजार पहुँच, निजी क्षेत्र विकास तथा ढाँचागत विकास हेतु कार्य करें ताकि अफगानिस्तान को आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बनाया जा सके. आतंकवाद के किसी भी रूप का मुकाबला करने हेतु क्षेत्रीय तथा अन्य देशों के बीच संयुक्त तथा समन्वित प्रयासों पर जोर दिया गया है. इन प्रयासों में आतंकवाद के आरामगाह बने स्थानों को समाप्त करना तथा आतंकवाद के वित्त पोषण पर भी चोट करना शामिल है. इस सन्दर्भ में दोनों नेताओं ने अफगानिस्तान सरकार के शान्तिपूर्ण अन्तर-अफगान डायलॉग (peaceful inter Afghan dialogue) की स्थापना हेतु किए जाने वाले प्रयासों का समर्थन किया है. दोनों देश अफगानिस्तान में शान्ति, सुरक्षा तथा विकास के सम्बन्ध में नियमित द्विपक्षीय डायलॉग हेतु मैकेनिज्म बतौर एक संयुक्त कार्यकारी दल की स्थापना पर भी सहमत हुए हैं. दोनों पक्षों ने राष्ट्रमण्डल के मुख्य स्तम्भ बतौर प्रजातंत्र तथा विकास की महत्ता को दोहराया है और राष्ट्रमण्डल के मूल्यों तथा सिद्धान्तों के प्रति अपनी वचनबद्धता दोहरायी.

लोगों के बीच आपसी सम्पर्क में तेजी लाने के प्रयास में दोनों नेताओं ने बीजा

sscexamonline.blogspot.com

आवजन तथा लोगों की आवाजाही के अन्य मुद्दों पर अपनी मौजूदा वार्ता को जारी रखने के लिए सहमति व्यक्त की. साथ ही सभी नागरिकों हेतु गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की महत्ता पर जोर देते हुए और दोनों देशों के विद्यार्थियों की आवाजाही तथा उनके विचारों के आदान-प्रदान पर बल दिया गया है. ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने भारतीय विद्यार्थियों के ब्रिटेन में आने का स्वागत किया है. गौरतलब है कि 2006 से प्रारम्भ यूके-इंडिया एजूकेशन एंड रिसर्च इनिशियेटिव (UKIERI) के तहत दोनों देशों के मध्य संस्थानिक सम्पर्कों में तेजी आयी है. यह दोनों देशों के बीच शैक्षणिक सम्पर्क बढ़ाने के उद्देश्य से प्रारम्भ किया गया था. इंडिया-यूके एजूकेशन फोरम की 30 जनवरी, 2013 को लंदन में सम्पन्न बैठक से भी अच्छे परिणाम सामने आए हैं.

संयुक्त वक्तव्य में ब्रिटिश काउंसिल की भारत में अंग्रेजी भाषा के प्रचार-प्रसार में बढ़ती भूमिका का भी उल्लेख किया गया है. भविष्य में 5 वर्षों में राज्य सरकारें तथा सीबीएसई, भारत सरकार तथा इसकी राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय कर इसमें और तेजी लाएंगी ताकि नई पद्धतियों में अंग्रेजी अध्ययन के प्रशिक्षण हेतु दक्षता निर्माण में सुविधा हो. दोनों नेताओं ने दक्षता विकास पर जोर दिया है ताकि अपने-अपने नागरिकों की सभी क्षेत्र में व्यावसायिक दक्षता के अवसरों की सुपुर्दगी का सुनिश्चय हो सके और इस हेतु दोनों नेताओं ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की इच्छा व्यक्त की है. सांस्कृतिक कूटनीति को भारत तथा ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय सम्बन्धों में मजबूती हेतु एक महत्वपूर्ण मैकेनिज्म माना गया है और भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद् यानी आईसीसीआर तथा ब्रिटिश काउंसिल जैसे संगठनों की इसमें मुख्य भूमिका है. दोनों नेताओं ने ब्रिटिश काउंसिल के 5 वर्षीय कला और संस्कृति पहल की घोषणा का स्वागत किया है जिसके परिणामस्वरूप दोनों देशों के लोगों के बीच सृजनात्मक सम्बन्ध विकसित होने में मदद मिली है. दोनों नेताओं ने भारत के संस्कृति मंत्रालय तथा ब्रिटिश संस्थानों के बीच 2010 में हस्ताक्षरित महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन के तहत 2012 में शीघ्रकालीन संग्रहालय तथा व्यावसायिकों के लिए आयोजित लीडरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम (LTP) का स्वागत किया है. इससे क्षमता कार्यक्रमों में और तेजी तथा दोनों देशों के सांस्कृतिक संस्थानों के मध्य और बेहतर सम्पर्क का मार्ग प्रशस्त होगा.

भारत-ब्रिटेन सम्बन्धों पर एक नजर

भारत तथा ब्रिटेन इतिहास तथा संस्कृति की मजबूत डोर से आपस में गुंथे हैं. भारत के ब्रिटेन के साथ सम्बन्धों में तेजी और उनका बहुआयामी रूप हमें 2004 में सामरिक भागीदारी में देखने को मिला जबकि ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर और भारत के प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने लंदन में "भारत-ब्रिटेन : एक नई तथा सक्रिय भागीदारी की तरफ उन्मुख" (India-UK : towards a new and dynamic partnership) नामक संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर कर उसे अपनाया तथा जिसमें वार्षिक शिखर बैठकें तथा विदेश मंत्रियों के बीच नियमित बैठकों का सिलसिला चला और उसी के अनुरूप समय-समय पर ये बैठकें आयोजित होती रही हैं. साथ ही इसमें असैन्य परमाणु ऊर्जा, अन्तरिक्ष, रक्षा, आतंकवाद का मुकाबला करने, आर्थिक सम्बन्ध तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी, शिक्षा तथा संस्कृति में भावी सहयोग की रूपरेखा भी खींची गयी. जैसाकि पहले उल्लेख किया जा चुका है कि ब्रिटेन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन करता है और साथ ही वह यूरोपीय संघ जी-8 तथा जी-20 तथा वैश्विक

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

परिप्रेक्ष्य में भारत के लिए महत्वपूर्ण वार्ताकार भी है. जलवायु परिवर्तन के मसले पर मतभेदों के बावजूद दोनों देश इस संकट का सामना करने हेतु आपसी भागीदारी करते रहे हैं. दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच 2010 में शिखर बैठक के दौरान दिल्ली में भारत-ब्रिटेन सीईओ फोरम तथा भारत-यूके इन्फ्रास्ट्रक्चर की स्थापना की गयी ताकि व्यापार तथा निवेश बढ़ाया जा सके. इससे साइबर मुद्दों पर भी सहयोग बढ़ा है. भारत तथा ब्रिटेन के बीच फॉरेन ऑफिस कन्सल्टेशन तंत्र की व्यवस्था भी है. 2012 में नई दिल्ली में इसकी अन्तिम दौर की वार्ता हुई थी. यह भी उल्लेखनीय है कि **ब्रिटेन के तीन प्रमुख राजनीतिक दल कंजरवेटिव, लेबर तथा लिबरल डेमोक्रेट में फ्रेंडस् ऑफ इंडिया ग्रुप्स बने हैं और ये दल समय-समय पर भारत की यात्रा कर यहाँ की अद्यतन गतिविधियों से परिचित होते रहते हैं.** राष्ट्रमंडल संसदीय एसोसिएशन के बैनर तले भी संसदीय आदान-प्रदान होता है. दोनों देशों के बीच 2009 में व्यापार तथा उद्योग सम्बन्धों हेतु अखिल पार्टी संसदीय ग्रुप की स्थापना हुई. **ब्रिटेन में अध्ययन हेतु जाने वाले विद्यार्थियों में भारत ऐसा दूसरा सबसे बड़ा देश है.** इसमें और तेजी लाने हेतु ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने अपनी इस यात्रा में भारतीय विद्यार्थियों को और रियायतें दी हैं जिनका उल्लेख ऊपर किया जा चुका है.

स्मरणीय है कि 2005 में प्रारम्भ ब्रिटेन-भारत शैक्षणिक तथा अनुसंधान पहलकदमी (यूकेआईईआरआई) का जोर उच्च शिक्षा तथा अनुसंधान, स्कूल तथा व्यावसायिक और तकनीकी दक्षता पर है. यूकेआईई-आरआई के पहले चरण में सफलता के बाद दूसरा चरण जून 2011 में प्रारम्भ किया गया जिसमें नेतृत्व, नवाचार, भागीदार, दक्षता, विकास तथा आदान-प्रदान पर बल दिया गया है. **भारत-ब्रिटेन शिक्षा फोरम की स्थापना 2008** में हुई थी और समय-समय पर इसकी बैठकें आयोजित की जाती हैं.

भारत के ब्रिटेन के साथ रक्षा क्षेत्र में भी बहुआयामी सम्बन्ध हैं. इस सम्बन्ध में रक्षा सचिव स्तर पर संस्थागत रक्षा डायलॉग की व्यवस्था के अतिरिक्त तीनों सेनाओं के प्रमुखों और रक्षा अधिकारियों की एक दूसरे के देश की यात्रा, प्रशिक्षण और उनकी नियमित बातचीत, संयुक्त सैन्य अभ्यास, ब्रिटेन से रक्षा उपकरणों की खरीद, डीआरडीओ द्वारा ब्रिटेन के साथ अनुसंधान तथा विकास के क्षेत्र में सहयोग प्रमुख हैं. यहाँ पर भारत-ब्रिटेन के बीच असैन्य परमाणु सहयोग का भी उल्लेख करना प्रासंगिक होगा जिस पर फरवरी 2010 में हस्ताक्षर हुए थे जिससे परमाणु व्यापार सहित इस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने में सुविधा हुई है. अभी दोनों देशों के बीच कई संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं चल रही हैं. दोनों देशों के बीच विज्ञान तथा नवाचार परिषद् (Science and Innovation Council) की स्थापना से भी इस क्षेत्र में सहयोग तेजी से बढ़ता रहा है. 1996 में इस विषयक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए. दोनों देशों के बीच 2006–10 के दौरान अनेक संयुक्त पहल-कदमियों की गयी जिसमें मूल कोशिका अनुसंधान, दूरसंचार, सौर ऊर्जा उपयोग तथा मौसम पूर्वानुमान सहित नैनो विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में संयुक्त परियोजनाएं शामिल हैं. दोनों देशों के बीच वायु सेवा की उचित कनेक्टिविटी होने से पर्यटन को भी अच्छी गति मिली है. 2005 में दोनों देशों के बीच संयुक्त आर्थिक तथा व्यापार समिति (JETCO) की स्थापना से आपसी व्यापार तथा निवेश में आने वाली अड़चनों को दूर करने में मदद मिली है. समय-समय पर इसकी बैठकें आयोजित होती रही हैं. ब्रिटेन के साथ निरन्तर आर्थिक मंदी के बावजूद व्यापार में बढ़ोतरी जारी है. वाणिज्यिक विभाग के आँकड़ों को देखें तो द्विपक्षीय वस्तुगत व्यापार 2011-12 में 16·19 बिलियन अमरीकी डॉलर था जिसने 2010-11 में 12.537 बिलियन अमरीकी डॉलर से आगे बढ़कर 29 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की.

यह भी उल्लेखनीय है कि भारत का ब्रिटेन को मुख्य निर्यात में तैयारशुदा वस्त्र तथा कपड़े, रत्न और आभूषण, इन्जीनियरिंग वस्तुएं, पेट्रो रसायन उत्पाद, परिवहन उपस्कर तथा कलपुर्जे, मसाले, धात्विक विनिर्माण, मशीनरी तथा उपस्कर, औषधि तथा समुद्री उत्पाद शामिल हैं, जबकि ब्रिटेन से भारत में किए जाने वाले मुख्य आयात में इलेक्ट्रॉनिक, नॉन फेरस मेटल्स, रसायन तथा मशीनरी के अलावा अयस्क तथा धात्विक स्क्रैप, इंजीनियरिंग वस्तुएं, व्यावसायिक उपकरण शामिल हैं. **सेवा क्षेत्र में ब्रिटेन भारतीय आईटी सेवाओं हेतु यूरोप में सबसे बड़ा बाजार है. निवेश क्षेत्र में भी ब्रिटेन चौथी पायदान से छलांग लगाकर 2011-12 में तीसरा सबसे बड़ा एफडीआई निवेशक बन गया है. ब्रिटेन से एफडीआई आकर्षित करने वाले शीर्ष क्षेत्र हैं– पेट्रोलियम, पत्तन, सेवा, सड़क तथा राजमार्ग, कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर आदि. भारत, अमरीका, चीन के बाद ब्रिटेन में तीसरा सबसे बड़ा निवेशक है.** टाटा ग्रुप ब्रिटेन में सबसे बड़ा प्राइवेट सेक्टर नियोक्ता है. ब्रिटेन के सेवा क्षेत्र में भारतीय समुदाय की उल्लेखनीय भूमिका है. जो डॉक्टरी, इन्जीनियरिंग तथा वित्तीय क्षेत्र में प्रमुख रूप से कार्यरत हैं. संसद तथा वहाँ की कार्यालय में भी भारतीय मूल के प्रतिनिधि शामिल हैं. ब्रिटेन की 62-3 मिलियन की आबादी में भारतीय मूल के लोगों की संख्या करीब 2 मिलियन है.

दृष्टिकोण

निश्चित तौर पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के लिए अभी भारत एक बड़ी आशा का केन्द्र है और इसीलिए वे भारत के साथ अपने सम्बन्धों को 'खास' बनाना चाहते हैं और ऐसा करके वह यूरोपीय संघ की वैश्विक मंदी से अपने देश को बचा लेना चाहते हैं. इस समय ब्रिटेन की आर्थिक दशा ठीक नहीं है. 2012 की चौथी तिमाही में आर्थिक विकास दर सिर्फ 0·30 प्रतिशत रही. निवेश भी वहाँ थमा है. इस कारण ब्रिटेन को निवेश तथा नकदी दोनों की जरूरत है. अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में पौंड लगातार गिर रहा है और भारत में अपनी सेवाएं तथा सामान बेचकर और भारत को ब्रिटेन में पूँजी निवेश का लालच देकर वह आर्थिक मंदी से बचना चाहता है. इसलिए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री अमरीकी राष्ट्रपति की तर्ज पर भारत से व्यापार बढ़ाने के इच्छुक हैं और इसीलिए उन्होंने भारतीय कारोबारियों तथा विद्यार्थियों हेतु अपनी यात्रा के दौरान रियायतों की घोषणा की है. साथ ही बीमा तथा पेंशन क्षेत्र में भी विदेशी निवेश के दरवाजे खोलने और उसकी सीमा बढ़ाने पर भी चर्चा की. ब्रिटेन द्वारा 2015 से आगे भारत को सहायता जारी रखने पर पुनर्विचार करने का निर्णय लेना भी स्वागत योग्य कदम है. ब्रिटेन स्वास्थ्य देखभाल से लेकर शिक्षा, स्ट्रीट लाइटिंग से लेकर स्वच्छता जैसे क्षेत्रों में भारत को सहयोग देता रहा है. इथोपिया को छोड़ दें तो भारत 2012 तक ब्रिटेन की द्विपक्षीय सहायता पाने वाला सबसे पहला देश है.

लेकिन यहाँ यह गौर करना जरूरी है कि पश्चिमी कम्पनियाँ भारत में कम से कम बाधाओं के साथ कारोबार करें, लेकिन यही बात ब्रिटेन पर भी लागू होती है. यह किसी से छिपा नहीं है कि पूरे यूरोप में वीजा व्यवस्था को कठोर बनाया जा रहा है. विश्व के अन्य देशों के साथ भारत भी उसका खामियाजा भुगत रहा है और यह कारोबारियों के लिए एक बड़ी दिक्कत है. हर्ष का विषय है कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री डेविड कैमरून का ध्यान इस ओर गया है और उन्होंने भारतीय कारोबारियों के ब्रिटेन के बाजार में अधिकाधिक प्रवेश को सुगम बनाने हेतु कुछ महत्वपूर्ण उपायों की घोषणा की है. उम्मीद करें कि उनका जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन शीघ्र सुनिश्चित हो और दोनों देशों के बीच व्यापार में बढ़ोतरी हो.

●●●

आतंकवाद : कारण एवं निदान

✍ डॉ. मनोहर कुमार नावरिया, नीति मीना

आतंकवाद सम्पूर्ण विश्व में व्याप्त भय है, आज कोई भी देश इससे सुरक्षित नहीं है, चाहे हम किसी भी स्थान, समय परिस्थिति में क्यों न हों ? समय, स्थान, परिस्थितियों के अनुसार इसका स्वरूप बदल रहा है. वैसे इसका तात्पर्य कुछ व्यक्तियों या जन समुदाय द्वारा अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए हिंसा और बल प्रयोग का सहारा लेकर अपनी बात मनवाने का प्रयास करना है.

'आतंक' से तात्पर्य संत्रास एवं भय की एक ऐसी मानसिक अवस्था है, जो पीड़ा की आशंका अथवा प्रतिकूल एवं आशंकाजनक घटनाओं से उत्पन्न होती है. संकट के समय जो भय उत्पन्न होता है, वह आतंक कहलाता है. जब यह कार्य एक व्यक्ति, कुछ व्यक्तियों या संगठित समूहों द्वारा किया जाता है, तब उन्हें आतंकवादी कहा जाता है. वस्तुतः आतंकवादी दूसरों को आतंकित करने वाला एक उद्देश्य, सिद्धांत और विचारधारा से जुड़ा व्यक्ति होता है, जिसके लिए हिंसा कोई पाप नहीं होती.

ऐतिहासिक दृष्टि से—आतंकवाद व्यापक असन्तोष एवं विद्रोह की भावना तथा अनुशासनहीनता की हिंसात्मक अभिव्यक्ति है, जिसके विभिन्न रूपों में हत्या, अपहरण, लूट, आगजनी, वायुयानों का अपहरण एवं उनमें बम विस्फोट, रेल की पटरियों को उड़ा देने के साथ यात्री गाड़ियों में विस्फोट करना आदि हैं. व्यावहारिक रूप में यह राजनीतिक स्वार्थ लोलुपता की सिद्धि के अमोघ अस्त्र के रूप में विद्यमान है और अपनी बात को मनवाने एवं मनमानी करने हेतु यह जीवन पद्धति का एक अंग बन गया है.

जैकिन्स का मत है कि "आतंकवाद में भय प्रसारित करना तथा हिंसक गतिविधियों को क्रियाशील रखना निहित होता है." **एनसाइक्लोपीडिया ऑफ सोशल साइंसेज के अनुसार,** "टेररिज्म एक ऐसा तरीका है, जिसके द्वारा एक संगठित समूह या दल अपने प्रकट उद्देश्यों की प्राप्ति मुख्य रूप से हिंसा के योजनाबद्ध तरीके से करता है."

वस्तुतः 'Terrorism' शब्द फ्रेंच शब्द Terrorisme से बना है, जोकि लेटिन के 'Terreo' से बना है, जिसका अर्थ है डराना. इस प्रकार आतंकवाद में भय, निर्दोषों की हत्या, अव्यवस्था आदि निहित है, परन्तु यह कहना मुश्किल है कि मानवीय हिंसा कब धीरे-धीरे अपना स्वरूप बदलकर आतंकवाद के रूप में प्रतिस्थापित हो गई है. **श्वार्जर बर्गर** ने लिखा है कि "आतंकवाद भय पैदा करने के उद्देश्य से शक्ति का प्रयोग करना या इस प्रकार अपने लक्ष्य की प्राप्ति करना है."

आतंकवाद

आ—आडम्बर, आगजनी, अत्याचार
तं—तोड़फोड़ करना
क—कुत्सित विचार
वा—विस्फोट करना
द—दहशत फैलाना

भारत में आतंकवाद

भारत में विगत कुछ दशकों से किसी-न-किसी रूप में आतंकवाद पंख पसार रहा

Read UPKAR'S
Hand Book of
ENGLISH VERB PATTERNS
AND
SENTENCE STRUCTURES
(Through English-Hindi Medium)

By : Dr. B. B. Jain
Code No. 1589 ₹ 125/-
UPKAR PRAKASHAN, AGRA-2
● E-mail : care@upkar.in
● Website : www.upkar.in

नवीन संशोधित पैटर्न पर आधारित
उपकार
यू.जी.सी.
नेट/जे.आर.एफ./सेट
हिन्दी
द्वितीय एवं तृतीय प्रश्न-पत्र
गत वर्षों के हल
प्रश्न-पत्र सहित
लेखकद्वय
डॉ. कुमार गणेश
एवं
डॉ. एस. के. शर्मा

उपकार प्रकाशन, आगरा–2
E-mail : care@upkar.in
Website : www.upkar.in

sscexamonline.blogspot.com



sscexamonline.blogspot.com

है. भारत-पाकिस्तान बँटवारे के समय से ही इसका प्रत्यक्ष अनुभव देश को हुआ, परन्तु अस्सी के दशक तक तो पाक प्रायोजित आतंकवाद पंजाब में कहर का कारण ही बन बैठा एवं नब्बे के दशक में यह जम्मू-कश्मीर इत्यादि विभिन्न प्रान्तों में व्याप्त हो गया. धीरे-धीरे इसे धार्मिक आवरण ओढ़ाने का प्रयास किया गया, जिसे 'जेहादी आतंकवाद' का नाम दिया गया. इस आतंकवाद के साथ-साथ भारत में हिंसात्मक आन्दोलन नक्सलवाद के रूप में उभरा, जो धीरे-धीरे पश्चिमी बंगाल, बिहार, झारखण्ड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, आन्ध्र प्रदेश तथा महाराष्ट्र में अपनी पैठ बनाने के साथ-साथ अन्य राज्यों में भी दस्तक देने लगा है. आतंकवाद का एक अन्य रूप अलगाववादी परिप्रेक्ष्य में पूर्वोत्तर राज्यों, जैसे—मणिपुर, मिजोरम, असम, नगालैण्ड, त्रिपुरा आदि में भी परिलक्षित हुआ है.

भारत में आतंकवाद का व्यवस्थित रूप से आरम्भ हम जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित गतिविधियों से मानते हैं, किन्तु इसके पीछे अप्रत्यक्ष रूप से उस समय की विश्व की दो ध्रुवीय शक्तियाँ एवं उनकी असीम महत्वाकांक्षाएं थीं, जो सम्पूर्ण विश्व को प्रभावित कर रही थीं. अमरीका का एशिया में अपनी धाक जमाने एवं प्राकृतिक संसाधनों पर एकाधिकार करने हेतु रणनीति अपनाना, आतंकवाद के विस्तार में पहला चरण था. अपनी इस रणनीति के तहत् यू.एस.ए. ने अफगानिस्तान में हस्तक्षेप आरम्भ किया, किन्तु उसे एशिया में अपने स्थायी केन्द्र की आवश्यकता थी, इसीलिए उसने पाकिस्तान को चुना और उसे आर्थिक सहायता देना आरम्भ किया. पाकिस्तान ने इस सहायता को भारत के विरुद्ध प्रयोग करना आरम्भ किया, जिसकी परिणति हम जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की भयावहता के रूप में देख सकते हैं.

कश्मीर ऐसा राज्य है, जहाँ वर्तमान में दो सौ से भी अधिक आतंकवादी संगठन काम कर रहे हैं, जिनमें हिजबुल मुजाहिदीन, अल-बदर तारीक-अल मुजाहिदीन, जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट आदि प्रमुख हैं. जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी धर्म एवं जेहाद के नाम पर वहीं की भोली-भाली जनता को भड़का रहे हैं, जिससे कि धार्मिक आतंकवाद फैल रहा है. धर्म के नाम पर कश्मीर की स्वतंत्रता के नाम पर यहाँ आतंकवादी हिंसात्मक कार्यवाहियों को अंजाम देते रहते हैं. जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट, जिसका पहले नाम जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रण्ट था, एक सैनिक संगठन था. इसका मुख्यालय ब्रिटेन में था. बाद में ये शाखाएं फ्रांस, हॉलैण्ड, जर्मनी, अमरीका एवं मध्य एशिया के चारों देशों में खुल गईं. पाकिस्तान इसकी …धियों का प्रमुख केन्द्र रहा, जिसने भारत में सबसे ज्यादा अपनी गतिविधियों को अंजाम दिया. सीमा पर आतंक को पाकिस्तान द्वारा सहायता दिए जाने के कारण भारत व पाक में तनाव ही पैदा हो रहा है, जिसके कारण आपसी विश्वास में कमी आ रही है. वर्तमान में विश्व मानचित्र पर पाक के आतंककारी संगठन प्रमुख रूप से अंकित हो गए हैं. यह भारत ही नहीं विश्व की समस्या है, क्योंकि विश्व में आतंकवाद की जड़ें कहीं-न-कहीं किसी-न-किसी रूप में पाक से जुड़ जाती हैं.

पंजाब में आतंकवाद पृथक् खालिस्तान की माँग को लेकर शुरू हुआ, जिसने देश की शांति व्यवस्था को झकझोर कर रख दिया. पंजाब में खालिस्तान की माँग 1970 के आसपास उठने लगी और 1980 में अपने चरम पर आ पहुँची. पंजाब में पृथकतावादी आन्दोलन के बीज ज्ञान बख्तार सिंह के द्वारा बोए गए थे, जो बिरतीधन के एक नक्सलवादी समर्थक नेता थे. बख्तार सिंह ब्रिटेन स्थित शिरोमणि अकाली दल के खालिस्तान समर्थक गुट के नेता थे. भिण्डरवाला के अलावा जगजीत सिंह ने इस आन्दोलन को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उठाया एवं अलग खालिस्तान की माँग कर इस समस्या को नया मोड़ दिया. इसी तरह पंजाब में आतंकवादी घटनाएं बढ़ीं और इसी के चलते 31 अक्टूबर, 1984 को प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की हत्या कर दी गई. 1985 के बाद यह फिर से जोर पकड़ने लगा. स्वर्ण मंदिर पर फिर से नियंत्रण करने का प्रयास किया गया. फलतः राष्ट्रीय सुरक्षा बल के जवानों द्वारा 'ऑपरेशन थंडर-2' नामक ऑपरेशन चलाया गया, इससे कुछ समय के लिए सिख आतंकवाद ढीला पड़ गया, लेकिन 1989 में आतंकवादी कार्यवाहियों में अचानक वृद्धि हो गई तथा हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली आदि में इसका प्रभाव दिखाई दिया जाने लगा, किन्तु वर्तमान समय में यहाँ शांति स्थापित है और खालिस्तान की माँग को उठाने वाले आतंकवादी अन्य देशों में जा बसे हैं.

भारत में आतंकवाद की भयावहता हमें उत्तर-पूर्व में स्थापित राज्यों में देखने को मिलती है. असम में कुल 25 आतंककारी संगठन हैं, जिनके माध्यम से असम में आज आतंकवाद फैल रहा है. यहाँ समय-समय पर अलग राष्ट्र की माँग उठने लगी है. असम में विदेशियों को बाहर निकालने की माँग 'आँसू' नामक एक संगठन ने की. जब 'आँसू' की माँग पर कोई ध्यान नहीं दिया गया, तो इसके कार्यकर्ता हिंसा पर उतर आए. असम में यहीं से हिंसा उत्तरोत्तर बढ़ती ही चली गई. इसी हिंसा को अन्य संगठनों ने भी बढ़ावा दिया. 'आँसू' के बाद 1987 में **'बोडो'** नामक चरमपंथी संगठन की माँग थी कि असम को शेष भारत से अलग करके स्वतंत्र राज्य बनाओ. इसी से असमियों में क्षेत्रवाद की भावना घर कर गई. 'अखिल बोडो छात्रसंघ' ने हिंसा के नए मानदण्ड स्थापित किए. इसने आदिवासी, गैर-आदिवासी आधार पर ही असम को बाँटने की माँग उठाई, जिससे हिंसा और अधिक तीव्र हो गई. इसी समय 'उल्फा' के नए संगठन का प्रभाव बढ़ता चला गया. असम की आतंकवादी गतिविधियों में **मणिपुर** आतंकवादी संगठन आकर जुड़ गए. जिनका मत है कि हमारी संस्कृति व भाषा भी अलग है और न हमारा आर्थिक विकास हुआ है, इसलिए हम भारत से अलग रहकर सुखी जीवन की कल्पना कर रहे हैं. मणिपुर के संगठन हैं—यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रण्ट, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी, कुकी नेशनल फ्रण्ट आदि. **मेघालय** के आतंककारी संगठनों (पीपल्स लिबरेशन फ्रण्ट ऑफ मेघालय, हिनीट्रेप नेशनल लिबरेशन काउन्सिल आदि) का मानना है कि केन्द्र हमारी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहा है, इसीलिए समय-समय पर यह संगठन हिंसात्मक कार्यवाही करने से भी नहीं हिचकिचाते.

असम, मेघालय, त्रिपुरा आदि में बांग्लादेशियों की संख्या काफी मात्रा में है, जिसके कारण वहाँ अशांति का जन्म हो रहा है. मिजोरम की जनता में भी अलगाववाद की भावना पाई जाती है. मिजोरम की तरह नगालैण्ड भी अशांत है. 1970 के आसपास आतंकवाद की शुरुआत हुई. यहाँ 'नागा' जाति के लोग बहुतायत में हैं. नागा के विद्रोह की शुरुआत देश की आजादी के समय से हुई. अंग्रेजों ने इन्हें लड़ाकू जाति के रूप में समर्थन दिया. बाद में पाकिस्तान में आई.एस.आई. के माध्यम से नागाओं को हथियारों की आपूर्ति की गई, जो अभी तक जारी है. इन विद्रोहियों का वैचारिक रूप से **वामपंथियों से जुड़ाव होने के कारण चीन व म्यांमार से मदद मिलती है.** इसकी कमान नागा नेशनल काउन्सिल (एन.एन.सी.) एवं नेशनल सोशिलिस्ट काउन्सिल ऑफ नगालैण्ड (एन.एस.सी.एन.) ने अपने हाथ में ले ली. यहाँ सैनिक एवं राजनीतिक दो प्रकार से शाखाएं काम कर रही हैं. ये लक्षण भारत से अपने आपको पृथकतावादी सोच के कारण पैदा हुए, जिसमें भारत सरकार की पूर्णतः उपेक्षा की गई थी.

त्रिपुरा में 1980 के आसपास आतंकवाद की शुरुआत हुई, जब त्रिपुरा के आदिवासी कबीलों ने गैर-कबीलाई लोगों को त्रिपुरा से बाहर खदेड़ना शुरू कर दिया. त्रिपुरा के आतंककारी संगठन त्रिपुरा डिफेन्स फोर्स, नेशनल लिबरेशन फ्रण्ट ऑफ त्रिपुरा आदि हैं. "राजनीतिक, आर्थिक एवं पिछड़ेपन के कारण इस क्षेत्र का अधिकांश युवा वर्ग

sscexamonline.blogspot.com

नशीली दवाओं का अभ्यस्त हो चुका है, जिसके कारण आतंकवाद को बढ़ावा मिल रहा है. नशीली दवाओं का धन्धा करने वाले व्यक्ति अपने निहित स्वार्थ के लिए आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं. त्रिपुरा राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चा आदि संगठनों की माँग है कि यह क्षेत्र स्थानीय लोगों का है. **माओवाद** की गिरफ्त में भारत के ओडिशा, असम, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, झारखण्ड, उत्तराखण्ड, आन्ध्र प्रदेश हैं, जो मात्र हिंसा की ही बोली बोलते हैं. माओवादी अपनी सत्ता स्थापित करने में लालायित हैं, जिस कारण ये स्वयं को राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित करने में सफल रहे हैं.

भारत में नक्सलवाद के रूप में फलीभूत हो रहे आतंकवाद को चीन समर्थन दे रहा है. वह अरुणाचल प्रदेश पर अपना अधिकार जमाना चाहता है. पाक एवं चीन भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देने हेतु भरसक प्रयासरत् हैं. विभिन्न विचारधाराओं, धर्म आदि को आधार बनाकर भारत को खण्डित करना चाहते हैं.

आतंकवाद के कारण

भारत जैसे विविधता लिए हुए देश में जहाँ विभिन्न जातियाँ, भाषाएं एवं धर्म, सम्प्रदायों से सम्बन्धित लोग निवास करते हैं, तो यहाँ आतंकवाद के प्रसार हेतु उचित वातावरण है. यद्यपि जहाँ अनेकता में एकता भारत की ताकत है, वहीं कई बार विद्वेष का कारण भी बन जाती है. आतंकवाद के कारण भारत की संरचना के मूल में भी है, जो ऐतिहासिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक परिप्रेक्ष्य में विद्यमान है.

भारत में आर्थिक, सामाजिक दोनों स्तरों पर शोषण हो रहा है, जिसके कारण देश को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. वर्तमान में देश में प्रत्येक प्रान्त के अंचलों में आतंकवादी अपने-अपने संगठन बना चुके हैं. समय-समय पर वे हिंसा को जन्म देते हैं. कहीं संसाधनों का अभाव, तो कहीं क्षेत्रीयतावाद, कहीं अलगाववाद, तो कहीं नक्सलवाद जैसे कारण भारत में समस्या उत्पन्न करते ही जा रहे हैं. इसी असन्तोष के कारण आतंकवाद का जन्म होता है. आर्थिक संसाधनों पर सभी का समान अधिकार होना चाहिए न कि कुछ वर्चस्ववादी लोगों का. यही वर्चस्ववाद की भावना आतंकवाद को जन्म देती है.

आतंकवाद के कारणों में **अल्पसंख्यकों में असुरक्षा की भावना या अलगाववाद** भी है, क्योंकि अल्पसंख्यकों में सुरक्षा एवं आत्मविश्वास की कमी देखने को मिलती है, जिसके कारण अल्पसंख्यकों को संरक्षण की तलाश सदैव ही बनी रही है. अल्पसंख्यकों [illegible]लभूत सुविधाओं के सम्बन्ध में उपेक्षित किया जाता है. यही भावना उनमें निराशा एवं हीन भावना को जन्म देती है, तो कहीं-न-कहीं उनमें कुण्ठा का जन्म होता है, जिसके परिणामस्वरूप विद्रोह, हिंसा और अलगाववादी प्रवृत्तियाँ हमारे सम्मुख आती हैं. यही भावना वर्तमान में भारत में देखने को मिल रही है. **उप्रेती** ने आतंकवाद का यही मूल कारण माना और कहा कि "भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों में अलगाववाद व आतंकवाद का प्रमुख कारण यही है. भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों को राजनीतिक रूप से संगठित कर आतंकवाद के लिए प्रेरित किया जाता है."

कुछ देशों की अन्तर्राष्ट्रीय दादागीरी एवं आर्थिक साम्राज्यवादी नीतियों ने भी आतंकवाद को जन्म दिया है. अमरीका द्वारा इराक, लीबिया, सीरिया, अफगानिस्तान पर कब्जा तथा अमरीकन साम्राज्यवादी मकड़जाल आदि के कारण अमरीका हर राष्ट्र का दुश्मन बन बैठा है. इसी कारण खाड़ी देशों में अमरीका एवं उसके नागरिकों के प्रति वैमनस्य तथा आतंकवाद का जन्म हुआ है. जिस आतंकवाद की शुरुआत अमरीका ने निर्दोष व्यक्तियों को मारने से की थी, उसकी प्रतिक्रियास्वरूप अलकायदा का जन्म और हिंसात्मक कार्यवाहियों के दमन के लिए हुआ. इसलिए आतंकवाद साम्राज्यवादी भावना एवं उपनिवेशवाद की भी देन है.

आतंकवाद की उत्पत्ति में कोई एक कारण नहीं है, जिसको हम केन्द्र में रख सकें. इसके अनेक कारण हैं, जिनमें राजनीतिक सत्ता की प्राप्ति, राष्ट्रों की विदेश नीति, आर्थिक पिछड़ापन, सांस्कृतिक दृष्टि, धार्मिक कट्टरता या धर्मान्धता, हथियारों की बिक्री प्रक्रिया व धर्म विशेष पर आधारित राज्य के निर्माण की माँग, विकास की अधूरी परिकल्पना, अशिक्षा, सांस्कृतिक उपेक्षा, आतंकवाद की गलत व्याख्या किया जाना, मानवीय मूल्यों में गिरावट आदि सम्मिलित हैं. आतंकवाद को बढ़ावा देने में सहायक है—तेल, खाद्यान्न व वस्त्र आदि भौतिक संसाधनों पर पूँजीवादी ताकतों का वर्चस्व.

स्वतंत्र भारत में हिंसात्मक उपद्रव एवं उग्रवाद का सामना करने हेतु सेना एवं अनेक सुरक्षा बलों का प्रयोग किया जा रहा है. इतना ही नहीं आतंकवाद के खिलाफ कठोर कानून भी बनाए गए हैं. सन् 1987 में पहली बार आतंक से लड़ने हेतु कानून का निर्माण किया गया. आतंककारी एवं विध्वंसक गतिविधियाँ (रोकथाम) कानून (टाडा) बनाया गया, परन्तु राजनेताओं द्वारा इसके दुरुपयोग करने की खबरें आने के बाद इसे रद्द कर दिया गया. इसके बाद टाडा के स्थान पर आतंकवाद रोकथाम कानून (पोटा) लाया गया, लेकिन उससे क्या हुआ ……… कुछ भी तो नहीं. वरन् आतंकवाद का विस्तार ही होता जा रहा है.

आतंकवाद के निदान हेतु सुझाव

- राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दोनों ही स्तरों पर खुफिया एजेंसियों को अधिक मजबूती प्रदान की जाए. राष्ट्रीय स्तर पर एक ऐसी सुरक्षा एजेंसी का निर्माण किया जाए, जिसकी भूमिका अमरीका की सी.आई.ए. की भाँति हो.
- अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ऐसे शिक्षा कार्यक्रमों का संचालन किया जाए, जिसमें हिंसा की रोकथाम, मानव अधिकारों का संरक्षण आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाए. आतंकवाद विरोधी प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन किया जाए. ये कार्य यूनेस्को एवं यू.एन.ओ. के तत्वावधान में किए जाएं.
- क्षेत्रीय, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय तीनों ही स्तरों पर आतंकवाद विरोधी नीति का निर्माण किया जाए.
- आतंकवाद की रोकथाम के लिए समुद्री तटों, हवाई अड्डों, रेलवे, बस स्टेशन, सार्वजनिक स्थलों एवं लोकतंत्र के प्रतीकों को सुरक्षा प्रदान करने की आवश्यकता है.
- आतंकवादियों को अत्याधुनिक हथियार, उपकरणों एवं आर्थिक सहायता देने वाले देशों के विरुद्ध लामबद्ध होकर विरोध करने एवं आतंकवादियों के फण्ड स्रोत पर नियंत्रण की महती आवश्यकता है.
- जैविकीय, रासायनिक, परमाण्विक, नाभिकीय विकिरण, सांस्कृतिक, धार्मिक, आणविक, साइबर आदि के द्वारा, जो आतंकवाद फैलाया जा रहा है, उसके लिए कठोर कदम उठाए जाएं, जिसके तहत् दोषियों को शीघ्र ही दण्ड दिया जाए, उन पर किसी भी रूप में दया नहीं दिखाई जाए. दण्ड का ऐसा कठोर प्रावधान हो कि अन्य आतंकवादियों को उससे भय लगे.
- आतंकवाद से निवारण हेतु सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण को सही स्थिति रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति से सामाजिक, आर्थिक स्तर पर समानता का व्यवहार किया जाए.
- आतंकवाद का निदान तभी हो सकता है, जब आम नागरिक अधिक जागरूक हो, स्वयं के स्तर पर उनका मुकाबला करने का उसमें साहस हो.
- गांधी दर्शन के मूल्यों का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार हो. अहिंसा का दर्शन वास्तविक रूप से अपनाया जाए.
- नवीन तकनीकी का प्रयोग मानव के विकास के रूप में हो, न कि विध्वंस के रूप में. इसका ज्ञान सही रूप में प्रसारित हो. ●●●

पूर्वी एशिया तथा भारत

✍ शंकर प्रसाद तिवारी (विनय)

नब्बे के दशक के बाद साम्यवादी संगठित संघ के विघटन के बाद दुनिया के प्रमुख देश तेजी से आर्थिक उदारीकरण तथा पश्चिमी पूँजीवादी विकास मॉडल को अपना रहे थे, ऐसे में पूर्वी एशियाई देशों ने भी आर्थिक सुधारों की राह पकड़नी शुरू कर दी, मगर वैश्वीकरण की संकल्पना के आधार पर आगे बढ़ने के लिए इन देशों ने साझे प्रयासों तथा परस्पर सहभागिता की आवश्यकता महसूस की. इस सम्बन्ध में सर्वप्रथम 'पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन' तथा 'एशियन समुदाय' का विचार मलेशिया के प्रधानमंत्री 'महाथिर-बिन-मोहम्मद' ने वर्ष 1991 में दिया, बाद में इस विचार पर आसियान मंचों पर चर्चा की गई. वर्ष 2001 में इस विचार को अमलीजामा पहनाने के संदर्भ में ठोस रणनीति बनाने के लिए 'आसियान प्लस-3 (जापान, द. कोरिया तथा चीन) ने 'ईस्ट एशियन स्टडी ग्रुप' की स्थापना की, जिसने अपनी रिपोर्ट वर्ष 2002 में प्रस्तुत की. रिपोर्ट में प्रतिवर्ष पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के आयोजन की संस्तुति दी गई तथा इसमें आर्थिक गतिविधियों को केन्द्र में रखने का विचार प्रस्तुत किया गया. साथ ही भारत, आस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैण्ड को इस ग्रुप से बाहर रखने की बात कही गई. मगर बाद में जापान, इण्डोनेशिया, सिंगापुर, वियतनाम तथा द. कोरिया के दबाव में उक्त तीनों देशों को भी इस ग्रुप में शामिल किया गया, इस प्रकार वर्ष 2005 में 16 देशों का क्षेत्रीय संगठन 'पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन' (EAS) अस्तित्व में आया. रूस तथा अमरीका को नवम्बर 2011 में छठे पूर्वी एशियाई शिखर सम्मेलन में सम्मिलित करने के पश्चात् इसकी सदस्य संख्या 18 हो गई है. इसका मुख्य उद्देश्य 'यूरोपियन यूनियन' की तर्ज पर इस क्षेत्र में एक एकीकृत आर्थिक समुदाय का विकास करना है. इस सम्मेलन में 18 सदस्य राष्ट्र शामिल हैं, जिनमें 10 आसियान समूह के देश (इण्डोनेशिया, कम्बोडिया, थाइलैण्ड, मलेशिया, वियतनाम, म्यांमार, लाओस, सिंगापुर, ब्रुनेई तथा फिलीपीन्स) तथा 8 अन्य देश (चीन, जापान, द. कोरिया, आस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैण्ड, रूस तथा अमरीका) शामिल हैं. अमूमन आसियान शिखर सम्मेलन के साथ ही इसका भी आयोजन किया जाता है. इस मंच की बढ़ती सक्रियता, सार्थकता तथा विस्तार को देखते हुए कहा जा सकता है कि इसका भविष्य बेहद उज्ज्वल है.

भारत के प्राचीन समय से ही पूर्वी एशिया के साथ विभिन्न क्षेत्रों में घनिष्ठ मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध रहे हैं. 1950 के दशक में पं. नेहरू की विदेश नीति में भी पूर्वी एशिया को विशेष महत्व दिया गया था. इस दौरान भारत ने इण्डोनेशिया की आजादी, उत्तरी व दक्षिण कोरिया समझौता तथा हिन्द-चीन समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. वर्ष 1955 में 'बाडुंग' (इण्डोनेशिया) में एफ्रो-एशियन देशों का सम्मेलन एक ऐतिहासिक घटना थी, जिसमें तीसरी दुनिया के देशों की एकता, अखण्डता, समग्र विकास तथा समकालीन विश्व में उन्हें उचित स्थान की प्राप्ति हेतु मूलभूत मापदण्डों का निर्धारण किया गया. वास्तव में इसी सम्मेलन ने गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के लिए जमीन तैयार की तथा आगे का मार्ग प्रशस्त किया. मगर वर्ष 1962 में चीन के हाथों भारत की पराजय, पं. नेहरू के अवसान तथा भारत द्वारा लगातार युद्धों में जूझने के कारण पूर्वी व दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के साथ भारत के सम्बन्धों में अपेक्षित प्रगति देखने को नहीं मिली, लेकिन इसके लिए सिर्फ भारत को ही जिम्मेदार नहीं माना जा सकता, क्योंकि भारत की तरह ही दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश भी इस दौरान युद्धों, विद्रोहों तथा राजनीतिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहे थे और उन्हें भी भारत के साथ सम्बन्धों को प्रगाढ़ बनाने का मौका नहीं मिल पाया.

नब्बे के दशक के बाद शीतयुद्ध की समाप्ति के बाद पूर्वी एशियाई देशों में भी आन्तरिक व बाह्य स्तर पर साम्यवादी तथा पूँजीवादी टकराव कम हो गया, नतीजतन इस क्षेत्र में अपेक्षाकृत शान्ति व स्थिरता का माहौल बनने लगा. साथ ही दुनियाभर में पाँव पसारते आर्थिक उदारीकरण, निजीकरण तथा वैश्वीकरण ने इस क्षेत्र में भी पैठ जमानी शुरू कर दी. दुनिया के प्रमुख समुद्रीय व्यापारिक-मार्ग होने तथा प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर इस क्षेत्र में नवीन तकनीकी के आगमन से इस क्षेत्र में आर्थिक सम्पन्नता बढ़ने लगी और एकाएक यह क्षेत्र वैश्विक अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण केन्द्र बन गया. इसलिए दुनिया के तमाम प्रमुख देशों ने इस क्षेत्र से विभिन्न स्तरों पर सम्पर्क स्थापित करने शुरू कर दिए, उदारीकरण की प्रक्रिया अपनाने के बाद भारत भी इससे अछूता नहीं रहा. आसियान तथा पूर्वी एशियाई देशों की बढ़ती आर्थिक-राजनीतिक हैसियत को देखते हुए भारत ने भी अपनी विदेश नीति में परिवर्तन करते हुए 'पूर्व की ओर देखो' नीति (Look East Policy) को महत्वपूर्ण स्थान दिया. इसी परिप्रेक्ष्य में वर्ष 1992 में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव की चीन, जापान, द. कोरिया, वियतनाम तथा सिंगापुर की यात्रा एक ऐतिहासिक कदम था, इस दौरान भारत को आसियान में 'प्रभागीय वार्ता भागीदार' (Sectoral Dialogue Partner) का दर्जा मिल गया. इस प्रकार भारत को आसियान के साथ सांस्कृतिक, पर्यटन तथा कुछ उत्पादों के व्यापार में परस्पर भागीदारी का भी अवसर दिया गया. वर्ष 1994 में इन तीन क्षेत्रों के अलावा विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी को भी इसमें शामिल कर दिया गया. वर्ष 1995 में पाँचवें आसियान शिखर सम्मेलन में भारत को 'पूर्ण वार्ता भागीदार' के रूप में स्वीकार किया गया. वर्ष 1996 में भारत को 'आसियान रीजनल फोरम' (ARF) की सदस्यता दी गई तथा वर्ष 1997 में भारत 'आसियान विजन 2020' का भी हिस्सा बना. वर्ष 2002 में भारत को आसियान का सम्मेलनस्तरीय भागीदार बनाने के साथ ही प्रतिवर्ष आसियान–भारत शिखर वार्ताओं के आयोजन का भी सिलसिला शुरू हो गया.

पूर्वी एशियाई शिखर सम्मेलन

बैठक	देश	स्थान	समय
पहला	मलेशिया	क्वालालम्पुर	14 दिसम्बर, 2005
दूसरा	फिलीपीन्स	सेबू शहर	15 जनवरी, 2007
तीसरा	सिंगापुर	सिंगापुर	21 नवम्बर, 2007
चौथा	थाइलैण्ड	चा अम हुआहुन	25 अक्टूबर, 2009
पाँचवाँ	वियतनाम	हनोई	30 अक्टूबर, 2010
छठा	इण्डोनेशिया	बाली	19 नवम्बर, 2011
सातवाँ	कम्बोडिया	नामपेन्ह	20 नवम्बर, 2012

पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन तथा भारत

आसियान शिखर सम्मेलनों के अलावा अन्य कई मंचों पर नब्बे के दशक के बाद

sscexamonline.blogspot.com

से ही इसी तर्ज पर 'पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन' भी शुरू करने की चर्चा समय-समय पर चलती रही. अन्ततः 29-30 नवम्बर, 2004 को लाओस में सम्पन्न आसियान शिखर बैठक में इस बारे में आम सहमति बनी और 14 दिसम्बर, 2005 को 'क्वालालम्पुर' (मलेशिया) में 16 देशों के प्रथम 'पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन' का आयोजन किया गया. इस सम्मेलन में भारत, आस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैण्ड जैसे गैर पूर्वी एशियाई देशों को शामिल करने को लेकर कुछ सदस्य देशों में मतभेद भी देखने को मिले. मसलन जहाँ भारत को इस मंच पर शामिल करने से चीन को आपत्ति थी, वहीं आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैण्ड की उपस्थिति को लेकर जापान तथा द. कोरिया असमंजस की स्थिति में थे. आस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैण्ड की भौगोलिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक विषमताओं को लेकर भी सदस्य देशों के बीच मतभेद उभरे, मगर चूँकि आस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैण्ड दोनों ही वर्ष 1974 से ही 'CER' (Closer Economic Relation) के तौर पर आसियान देशों के सम्पर्क में थे तथा वे आसियान की 'दक्षिण-पूर्व एशिया मित्रता व सहयोग संधि' (Treaty for ASEAN Cooperation—TAC) को अपना चुके थे, अतः इस आधार पर उनके इस मंच के सदस्य बनने का रास्ता साफ हो गया. दूसरी ओर भारत के इस क्षेत्र से पूर्व से ही सामाजिक-आर्थिक-धार्मिक तथा सांस्कृतिक सम्बन्ध होने के बावजूद चीन ने इस मंच पर भारत को शामिल किए जाने का मुखर विरोध किया. चीन ने इसके पीछे एक खास वजह यह भी बताई कि वर्ष 1955 में चीन के प्रस्ताव पर भारत ने आसियान देशों की वार्ताओं में भाग लेने से मना कर दिया था. मगर चीन के तमाम तर्कों के बावजूद अन्ततः सदस्य देशों ने इस मंच पर भारत की उपस्थिति को अनिवार्य बताया. बहरहाल इसके पीछे कुछ बड़े परोक्ष कारण भी शामिल हैं, जिसमें 'एशिया में शक्ति सन्तुलन' एक बड़ा कारण है, दरअसल हालिया वर्षों में अधिकांश आसियान तथा पूर्वी एशियाई देश सीमांत क्षेत्रों में बढ़ती चीन की सामरिक गतिविधियों, परस्पर विरोधाभासी बयानों तथा प्रशान्त व हिन्द महासागर में चीन के बढ़ते प्रभुत्व से चिन्तित हैं. अतः वे एक तरफ चीन से आर्थिक व राजनीतिक सम्बन्ध बढ़ाने के इच्छुक हैं, तो दूसरी तरफ चीन की सामरिक चौधराहट पर लगाम लगाने के लिए कूटनीतिक गठजोड़ भी बनाना चाहते हैं. 'पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन, जैसे मंचों पर भारत, जापान, द. कोरिया तथा आस्ट्रेलिया की उपस्थिति जहाँ आसियान व पूर्वी एशियाई देशों पर चीनी दबाव को कम करके 'शक्ति सन्तुलन' का काम करेगी, वहीं प्रशान्त तथा हिन्द महासागर क्षेत्र में चीन को अपनी अवांछित सामरिक गतिविधियों को सीमित करने के लिए मनोवैज्ञानिक दबाव डालेगी. जाहिर है इससे चीन की आक्रामक विदेश नीति में लचीलापन आयेगा.

पूर्वी एशियाई देशों का **दूसरा शिखर** सम्मेलन 15 जनवरी, [illegible] को फिलीपीन्स के 'सेबू' शहर में आयोजित किया गया. चीनी नाराजगी वहाँ भी उजागर हुई, जब उसने भारत को आसियान तथा पूर्वी एशिया के देशों में मुक्त व्यापार की सम्भावनाओं को तलाशने के लिए गठित शोध संस्था 'इकोनॉमिक रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर आसियान एण्ड ईस्ट एशिया' (ERIA) तथा 'कॉम्प्रिहेंसिव इकॉनोमिक पार्टनरशिप फॉर ईस्ट एशिया' (CEPEA) के गठन के प्रस्ताव में शामिल किए जाने पर आपत्ति जताई. इसके बावजूद भारत को उक्त प्रस्तावों में शामिल किया गया. इस प्रकार प्रथम तथा द्वितीय सम्मेलन नए सदस्यों के आगमन, उनके लिए नीति नियमन तथा इस मंच पर आपसी विश्वास कायम करने के दायरे में ही रहे.

तीसरे सम्मेलन में सदस्य देशों के बीच विभिन्न मुद्दों को लेकर चल रहा मतभेद तथा गतिरोध कुछ कम हुआ. 21 नवम्बर, 2007 को सिंगापुर में आयोजित इस सम्मेलन में आर्थिक मुद्दों के अलावा जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा, वित्त तथा पर्यावरण से जुड़े विषय छाए रहे. सम्मेलन में भारत ने पूर्वी एशिया क्षेत्र में शान्ति, सुरक्षा स्थायित्व तथा साथ मिलकर काम करने व व्यापारिक गतिविधियाँ तेज करने पर विशेष जोर दिया. इसके अलावा इस क्षेत्र में समन्वित मुक्त व्यापार व्यवस्था कायम करने की भी बात कही.

पूर्वी एशियाई देशों का **चौथा सम्मेलन** 'चाम हुआहुन' (थाइलैण्ड) में हुआ. इसमें भारत में प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय को पुनर्स्थापित करने तथा उसके लिए संसाधन जुटाने के लिए सभी सदस्य देशों ने सहमति देकर भारत को एक बड़ा तोहफा दिया. सम्मेलन में भारत ने इस मंच से सभी देशों से आपसी मतभेद भुलाकर सामाजिक-आर्थिक व सांस्कृतिक स्तर पर समन्वय स्थापित करने और सामूहिक प्रयास करके आगे बढ़ने पर विशेष जोर दिया, साथ ही आपदा प्रबन्धन, राहत कार्य तथा शिक्षा व स्वास्थ्य की दिशा में परस्पर सहयोग बढ़ाने की अपील की, जिसकी अधिकांश सदस्य देशों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की.

पूर्वी एशियाई देशों का पाँचवाँ शिखर सम्मेलन 'हनोई' (वियतनाम) में हुआ. इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह राजनीतिक-आर्थिक व सांस्कृतिक एकीकरण के द्वारा एकीकृत पूर्वी एशिया समुदाय के विकास पर बल दिया, साथ ही आर्थिक मंदी की चुनौती से निपटने के लिए दुनिया की प्रमुख शक्तियों से संरक्षणवादी रवैया त्यागने का आह्वान किया. इसके अलावा नालंदा विश्वविद्यालय को पुनर्स्थापित करके अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव रखा.

छठा पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन का आयोजन 19 नवम्बर, 2011 को 'बाली' (इण्डोनेशिया) में किया गया. इसमें रूस तथा अमरीका को सम्मिलित किया गया. सममेलन में भारत ने पूर्वी एशिया सम्मेलन के पाँच प्रमुख क्षेत्रों—ऊर्जा, वित्त, आपदा प्रबन्धन, जलवायु परिवर्तन तथा पर्यावरण आदि पर पूर्व में किए गए वादों व समझौतों के मुताबिक काम करने की जरूरत पर बल दिया. इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी क्षेत्र में परस्पर सहयोग बढ़ाने की बात भी कही. 'नामपेन्ह' (कम्बोडिया) में आयोजित **सातवें पूर्वी** एशिया शिखर सम्मेलन में भारत ने इस मंच के देशों से सभी क्षेत्र में परस्पर सहयोग, सहभागिता तथा समन्वय स्थापित करने के लिए निरन्तर संवाद बनाने की बात पर बल दिया और पूर्व में लिए गए निर्णयों, प्रस्तावों तथा वादों के क्रियान्वयन में गतिशीलता लाने का आह्वान किया. प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जहाँ मंच के सभी देशों से आपसी मतभेदों का शान्तिपूर्ण व सर्वमान्य समाधान निकालने की अपील की, वहीं एशिया-प्रशान्त क्षेत्र के देशों के बीच सामाजिक - आर्थिक - राजनीतिक-सांस्कृतिक तथा वैज्ञानिक क्षेत्र में परस्पर संवाद, सहयोग तथा सहभागिता बढ़ाने की बात भी कही. भारत के लिए यह बड़ी उपलब्धि कही जाएगी कि प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह एवं अन्य भारतीय प्रतिनिधियों ने प्रमुख सदस्य देशों से अलग से भी द्विपक्षीय मुद्दों पर सार्थक बातचीत की.

●●●

sscexamonline.blogspot.com

वाणिज्यिक लेख

उत्पादकता प्रोन्नयन में जवाबदेही की भूमिका

✍ प्रो. जी. सी. सुराना

वैश्वीकरण के दौर में सभी राष्ट्र अपनी उत्पादकता (Productivity) में वृद्धि करने का प्रयास कर रहे हैं. दुनियाभर के देशों के समक्ष यह चुनौती बढ़ती जा रही है कि वे किस प्रकार अपनी उत्पादकता को बढ़ाकर कम लागत पर अच्छी गुणवत्ता की वस्तुएँ एवं सेवायें उपभोक्ताओं के समक्ष प्रस्तुत कर सकें और विदेशों में अपना बाजार बढ़ा सकें. भारत उभरता हुआ बाजार है जहाँ उत्पादकता में वृद्धि-श्रम उत्पादकता तथा भू-उत्पादकता-विकास प्रक्रिया का मुख्य एवं सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण मुद्दा है.

उत्पादकता एक विस्तृत शब्द है जिसका विभिन्न अर्थों में प्रयोग किया जाता है. राष्ट्र के लिए उत्पादकता से आशय अधिक राष्ट्रीय आय और जनता के जीवन-स्तर में वृद्धि करना है. उद्योगों के लिए इसका आशय उत्पादन लागतों में कमी करना, बाजार का विकास करना और अधिक लाभार्जन करना है. कार्मिकों के लिए उत्पादकता में वृद्धि करके उनके कार्यकाल में कमी, कार्यदशाओं में सुधार और क्षतिपूरण (Compensation) में वृद्धि करना है. उपभोक्ताओं को उत्पादकता सस्ती एवं अच्छी किस्म की वस्तु प्रदान करने एवं अधिक संतुष्टि देने में सहायक होती है.

अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (I.L.O.) के अनुसार, "व्यापकतम अर्थ में उत्पादकता को किसी समूह, समाज या राष्ट्र के सम्भावी संसाधनों और उपलब्ध वस्तुओं एवं सेवाओं के अनुपात की रचना या निर्माण के लिए प्रयोग किया जाता है."

प्रबन्ध के विद्यार्थी यह भली-भाँति जानते हैं कि किसी वस्तु एवं सेवा के उत्पादन में अनेक संसाधन जैसे भूमि, पूँजी, श्रम, साहस, सामग्री, संगठन आदि सहयोग प्रदान करते हैं. उत्पादन में इन संसाधनों में से किसी एक संसाधन का जो आनुपातिक भाग (सहयोग) होता है, उसे उस संसाधन की उत्पादकता माना जाता है. उदाहरण के लिए इन सभी संसाधनों द्वारा किसी संगठन में प्रतिदिन 10000 इकाइयों का उत्पादन होता है, तो इस कुल उत्पादन में प्रत्येक संसाधन का जो आनुपातिक भाग या सहयोग होता है, वही उस संसाधन की उत्पादकता मानी [illegible] है. इन सभी संसाधनों में मानव संसाधन (श्रम) अति महत्वपूर्ण है, अतः उत्पादकता के मापन हेतु इस संसाधन का ही सर्वाधिक उपयोग किया जाता है और इससे कार्मिक उत्पादकता (Personnel Productivity) ज्ञात की जाती है. कार्मिक उत्पादकता ज्ञात करने के लिए निम्नलिखित सामान्य सूत्र का प्रयोग किया जा सकता है—

$$\text{कार्मिक उत्पादकता} = \frac{\text{उत्पादन की मात्रा}}{\text{कार्मिकों की संख्या}}$$

इसी प्रकार अन्य संसाधनों की उत्पादकता भी ज्ञात की जा सकती है.

$$\text{जैसे—भू-उत्पादकता} = \frac{\text{उत्पादन की मात्रा}}{\text{भूमि का क्षेत्रफल}}$$

संगठनों में प्रबन्धकों का सर्वाधिक ध्यान कार्मिक उत्पादकता में वृद्धि करने पर होता है, क्योंकि वे यह भली-भाँति महसूस करते हैं कि कार्मिकों की उत्पादकता में वृद्धि से ही उपलब्ध सभी संसाधनों का अधिकतम सदुपयोग करके पूर्व निर्धारित लक्ष्यों को सरलता से प्राप्त किया जा सकता है. अब प्रश्न यह उत्पन्न होता है कि कार्मिकों की उत्पादकता में किस प्रकार वृद्धि की जाए ? कार्मिकों को जवाबदेह (Accountable) बनाकर अन्य शब्दों में उनकी जवाबदेही (Accountability) बढ़ाकर उनकी उत्पादकता में वृद्धि की जा सकती है.

एडविन बी. फिलिप्पो (Edwin B. Filppo) के अनुसार, "अपने कार्य के निष्पादन के लिए उत्तरदेयता (Answerability) ही जवाबदेही (Accountability) है." **लुईस ए. ऐलन** (Louis A-Allen) का मानना है कि "जवाबदेयता उत्तरदायित्व को पूरा करने का एक बन्धन है तथा स्थापित प्रमाप के सन्दर्भ में प्राधिकार (Authority) के प्रयोग का एक दायित्व है."

इस प्रकार यह स्पष्ट होता है कि जवाबदेयता प्राधिकार एवं उत्तरदायित्व (Authority and Responsibility) के परिणामस्वरूप उत्पन्न होती है; यह अधीनस्थ से प्रबन्धकों की ओर होती है; इसका प्रत्यायोजन (Delegation) नहीं किया जा सकता है; एक अधीनस्थ एक ही उच्च प्रबन्धक के प्रति जवाबदेह होता है; प्राधिकार एवं उत्तरदायित्व की सीमा के अन्तर्गत ही जवाबदेयता का क्षेत्र निश्चित होता है तथा जवाबदेह व्यक्ति को दण्डित भी किया जा सकता है.

किसी भी संगठन की व्यावसायिक शक्ति प्राधिकार, उत्तरदेयता तथा जवाबदेही रूपी तीन सुदृढ़ स्तम्भों पर निर्भर करती है.

उत्तरदायित्व एवं जवाबदेयता को समान अर्थ में नहीं लिया जाना चाहिए. उत्तरदायित्व (Responsibility) किसी कार्य को पूरा करने से सम्बन्धित है, जबकि जवाबदेयता (Accountability) कार्य के परिणाम से सम्बन्धित है. उत्तरदायित्व की उत्पत्ति कार्यों से होती है, जबकि जवाबदेयता की उत्पत्ति सत्ता या अधिकारों से होती है. इसी प्रकार उत्तरदायित्व एक दायित्व है, जबकि जवाबदेयता एक बन्धन है.

सभी संगठनों में कार्मिकों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए जवाबदेही उपागम कारगर सिद्ध हो सकता है. संगठन में कार्मिकों को कार्य सौंप कर आवश्यक अधिकार प्रदान कर एवं दायित्व का निर्धारण करके प्रबन्धकों को कार्य के प्रति कार्मिकों को जवाबदेह बनाना चाहिए. यह उपागम कार्मिकों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है. इस विचारधारा को लागू करने के लिए आवश्यक है कि—

- सही कार्य पर सही कार्मिक (Right man to the right job) की नियुक्ति की जाए.
- कार्मिकों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाए.
- अच्छी कार्य-दशाएं उपलब्ध की जाएं.
- कार्मिकों को निकटस्थ अधिकारी/प्रबन्धक से पर्याप्त मार्गदर्शन प्राप्त हों.
- कार्मिकों की परिवेदनाओं का शीघ्र समाधान किया जाए.
- कार्यस्थल पर कार्मिकों की नियमित उपस्थिति हो. उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बायोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली लगाई जा सकती है.
- कार्मिक की उत्पादकता की जानकारी तो उस समय होती है जब वह कुछ कार्य करता है. इसके लिए उसके सामने कुछ-न-कुछ लक्ष्य अवश्य होना चाहिए.
- कार्मिकों के लक्ष्यों का निर्धारण उनकी योग्यता एवं कार्यक्षमता को ध्यान में रखकर पर्याप्त सावधानी के साथ करना चाहिए.
- कार्मिकों के लिए निर्धारित लक्ष्य ऐसे होने चाहिए जिनसे उनके मार्गदर्शन/कार्य सम्पादन का सही मूल्यांकन या मापन किया जा सके.

शेष पृष्ठ 98 पर

sscexamonline.blogspot.com

WAT (शब्द संगति परीक्षा)

✍ जे. पी. मल्ल (मनोवैज्ञानिक), श्रीमती सुनीता सिंह तोमर (सहलेखिका)

sscexamonline.blogspot.com

टीएटी अचेतन, अमार्गदर्शित तथा दिशाहीन परीक्षा है. यह शुद्ध रूप से आपकी कल्पना है. डब्ल्यूएटी आंशिक मार्गदर्शित है, अवचेतन परीक्षा है और आपकी कल्पना की भी परीक्षा है.

↓

यह वाक्य निर्माण परीक्षा है. इस परीक्षा में स्क्रीन पर दर्शाए गए सभी 60 शब्दों से जुड़े विचारों की गुणवत्ता का मूल्यांकन करता है.

↓

1. उपदेश डब्ल्यूएटी नहीं है.

2. उद्धरण लिखना डब्ल्यूएटी नहीं है.

3. उधार लिए गए विचार विचार नहीं हैं.

हम क्या चाहते हैं?

4. शब्द का अर्थ लिखना वैट नहीं है.

5. समझ और विचार को सूचित करना आशय नहीं है.

6. हम आपसे दिमाग और शब्द के बीच के संदर्भ की सराहना को स्थापित करना चाहते हैं.

↓

प्रणाली आपको आशय या विचार की आपूर्ति नहीं करती है, यह केवल प्रेरणा की आपूर्ति करती है.

↓

प्रत्येक शब्द प्रेरित होता है जिस पर हम सामान्य रूप से संचार करते हैं. ये शब्द आपको विचारों के साथ प्रतिक्रिया करने के लिए प्रेरित करते हैं जो हमारे मूल्यांकन के लिए सामग्री हो जाती है. यदि आपका प्रक्षेपण विचार या गुणात्मक विचार स्तर को नहीं रखता है, तो यह वाक्य निर्माण बन जाता है, लेकिन शब्द संगति परीक्षा नहीं होता है.

आप शब्द में किन गुणों की अपेक्षा करते हैं ?

प्रत्येक शब्द आपको इसके सम्बन्धित तत्व को प्रक्षेपित करने के लिए प्रेरित करता है. पुनः निगरानी पर दिखाए गए प्रत्येक शब्द में कुछ मूल्यवान अंतर्वस्तु या सशक्त या तत्व होते हैं. अपनी प्रभावी तथा बौद्धिक कल्पना का प्रयोग करें और शब्द पर अपनी कल्पनात्मक दृष्टि को लगाएँ. शब्द से परे जाने पर आप कई क्षेत्रों से शब्द का सम्बन्ध/जुड़ाव पाएँगे. इस विशेष क्षेत्र से विचार लें और शब्द के विरुद्ध इसे लिखें.

हम अंतर्वस्तु और तत्व में रुचि रखते हैं और शब्द के आशय में नहीं.

अब, मामला यह है कि यदि आप प्रशंसनीय नहीं हैं तो प्रक्षेपण स्वीकार्य स्तर तक नहीं पहुँच सकता. कोई भी वैट में ...फल नहीं होता है, केवल हम आपके विचार की डिग्री और स्तर को मापते हैं. उदाहरण के तौर पर–

(1) अच्छा सहयोग एक अच्छे संगठन का नतीजा है.

(2) बोल्ड और बहादुर युद्ध जीतते हैं.

व्याख्या–पहला शब्द सहयोग है और स्वीकार्य वाक्य अच्छा सहयोग है जो संगठन का नतीजा है. यहीं पर आप शब्द से परे जाते हैं कि अच्छा संगठन अच्छे सहयोग को उत्पन्न कर सकता है. पुनः मैंने सहयोग शब्द को संगठन से जोड़ा है और वह भी अच्छे संगठन से. आगे, दूसरे शब्द युद्ध में मैंने इसे बोल्ड और बहादुर से जोड़ा है.

तथ्यों का प्रयोग–यदि आप एक तथ्य को प्रक्षेपित करते हैं तो तथ्य गैर-विवादास्पद होना चाहिए. उदाहरण के तौर पर–भारत डब्ल्यूटीओ में अग्रणी है.

गैर-विवादास्पद तथ्य : (1) दोषी ठहराना–यूएसए ने पाक को पहले कथन में अनुचित हस्तक्षेप के लिए दोषी ठहराया. **(2) नाभिकीय**–एनएएम ने परमाणु हथियारों के उन्मूलन की घोषणा की.

वाक्य का पूर्ण होना विचार नहीं है, लेकिन अपने विचारों को पूर्ण वाक्य में ही प्रकट करें, यह आवश्यक नहीं है, लेकिन प्राथमिकता इसे ही दें.

उदाहरण के तौर पर–शब्द 'पत्नी' है, एक शब्द अनुक्रिया, तीन शब्दों पर अनुक्रिया और यहाँ तक कि प्राथमिक रूप से लेकिन आवश्यक रूप से नहीं पूर्ण वाक्य पर व्याख्या करें.

एक शब्द अनुक्रिया : पत्नी–कस्तूरबा गांधी.

दो से तीन शब्दों की अनुक्रिया : पत्नी–आगे की उन्नति के लिए प्रेरित करती है.

प्रमुखतया पूर्ण वाक्य के रूप में, आवश्यक नहीं : अच्छी पत्नी परिवार के मधुर रिश्तों को बढ़ावा देती है.

आप पत्नी शब्द से किस प्रकार स्वीकारात्मक हैं–एक समर्पित और बलिदान देने वाली पत्नी ही उन्नति में योगदान दे सकती है.

शब्द पत्नी पर दूसरे वाक्य–

1. पत्नी परिवार की शक्ति होती है.
2. परिवार को नया जीवन देती है.
3. जीवन को परिवर्तित कर सकती है.
4. पत्नी परिवार में उन्नति लाती है.
5. खुशियाँ लाती है या खुशियाँ उत्पन्न करती है.

तार्किक मूल्यांकन और अवलोकन–एसएसबी में 60 से 80 प्रतिशत अभ्यर्थी और 60 से 80 प्रतिशत वाक्य निर्माण मूल्यांकन और अवलोकन पर प्रक्षेपित किया जा रहा है. जब मैं इस लेख को लिख रहा था तो दिल्ली से एक एसएसबी अभ्यर्थी पारस त्रिपाठी की कॉल मेरे मोबाइल नं. 9415062698 तथा एसएसबी गाइडेन्स नं. 09918576833 पर आई. उसकी सिफारिश थी कि पूरे देश में कैसे पहलू और क्या पहलू पर कोई भी शिक्षा नहीं है. बिना क्या पहलू के सफलता सम्भव नहीं है. प्रतियोगिता दर्पण में क्या पहलू को बताया गया है. मैं एक लेखक होते हुए और देश एवं लोगों के हित का ध्यान रखते हुए मैंने कैसे? क्या और क्यों? पहलुओं की व्याख्या करने के लिए ज्यादा प्रेरित हुआ हूँ.

वैट का सर्वाधिक महत्वपूर्ण भाग होते हुए मैं तर्क एवं मूल्यांकन की व्याख्या कर रहा हूँ–मेरे शिष्य, दोस्त और छोटे भाई ने मुझसे सफलता की कुंजी पूछी. मैंने

sscexamonline.blogspot.com

'कड़ी मेहनत' उत्तर दिया. उसने पुनः पूछा, ''सर, यह आपका मूल्यांकन हो सकता है कि बहुत से लोग कड़ी मेहनत करते हैं, लेकिन सफल नहीं होते हैं.'' उसने एक रिक्शेवाला का उदाहरण दिया. सर, कृपया उसे देखें, वह कितनी कड़ी मेहनत करता है, लेकिन सफल नहीं होता है. मेरा दूसरा उत्तर एक सीरीज थी–

1. समर्पित कड़ी मेहनत सफलता लाती है.

2. बुद्धिमत्तापूर्ण रूप से योजित कार्य सफलता लाता है.

3. सुव्यवस्थित कड़ी मेहनत सफलता लाती है.

4. एकाग्रचित कड़ी मेहनत सफलता दिलाती है.

5. सफलता सफलता दिलाती है.

6. चुस्त कार्य हमेशा सफलता लाता है.

व्याख्या–मेरा पहला उत्तर : कड़ी मेहनत मूल्यांकन को बताता है. मेरे उत्तर का दूसरा भाग जो 6 है, तार्किक मूल्यांकन या तार्किक निष्कर्ष के उदाहरण हैं.

भोजन उचित रूप से वितरित किया जा रहा है.

सामूहिक जानकारी–(1) वोट देने का अधिकार प्रत्येक नागरिक को प्राप्त है. (2) संविधान स्त्री और पुरुष दोनों को समान अधिकार प्रदान करता है.

दुर्लभ जानकारी–(1) औरतें घरेलू शांति विधेयक की माँग करती हैं. (2) हेलीकॉप्टर का सर्वप्रथम प्रयोग कोरिया युद्ध में किया गया था. (3) घरेलू हिंसा अधिनियम सन् 2005 में पारित हुआ था.

कई विचारों या एक विचार का कई शब्दों से सम्बन्ध हो सकता है–उदाहरण के तौर पर–

(1) **उत्तम, अभ्यास या आदमी**–समर्पित अभ्यास उत्तमता लाता है.

(2) **दोस्ती, देना या मार्गदर्शन**–अच्छी दोस्ती अच्छा मार्गदर्शन करती है.

(3) **पूर्णता, शक्ति या संगठन**–पूर्णता संगठन को मजबूत करती है.

(4) **गम्भीरता, संचालन या सफलता**–ज्ञान की गम्भीरता सफलता के रास्ते पर ले जाती है.

क्या है ?





- मूल्यांकन (Evaluation)
  - जब आप समाज या देश की भलाई का ध्यान रखते हुए किसी चीज के प्रभाव का परीक्षण करते हैं, तो यह अवलोकन कहलाता है. उदाहरण के तौर पर–(1) युद्ध : शांति लाता है. (2) कड़ी मेहनत : सफलता लाती है.
- अवलोकन और तार्किक निष्कर्ष (Observation and Logical Conclusion)
  - जब आप किसी चीज के पक्ष-विपक्ष, उजाला और अंधेरा पक्ष, सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष, पहले और बाद के प्रभाव को प्रक्षेपित करते हैं और आप एक तार्किक निष्कर्ष पर पहुँचते हैं, तो यह तार्किक मूल्यांकन, तार्किक निष्कर्ष या तार्किक अवलोकन हो जाता है. इस प्रकार के वाक्य को एसएसबी में उच्च ग्रेड दिया जाता है. उदाहरण के तौर पर, (1) युद्ध : युद्ध की तैयारी शांति का उपकरण है. (2) कड़ी मेहनत : समर्पित कड़ी मेहनत सफलता लाती है.

वैट में तीन भाग बहुत ही महत्वपूर्ण हैं–

1. मूल्यांकन (उपर्युक्त विवरण को देखें)	2. जानकारी	3. अवलोकन (क्रमशः उपर्युक्त को देखें)

न तो दैनिक जानकारी है, न ही सामूहिक जानकारी है, लेकिन यह दुर्लभ जानकारी है, जो लोगों के लिए बहुत मुश्किल से उपलब्ध है.

दैनिक, सामूहिक और दुर्लभ जानकारी के उदाहरण

दैनिक जानकारी–(1) दून एक्सप्रेस ...यतया समय पर आती है. (2) मध्याह्न

(5) **गहराई या स्थायित्व**–गहरी नींव स्थायित्व प्रदान करती है.

(6) **विजय या आशा**–जीतने की आशा रखने से जीत होती है.

(7) **दक्षता या नेतृत्व**–दक्षता नेतृत्व उत्पन्न करती है.

वाक्यों की व्याख्या, श्रेणीकरण, तुलना और वर्गीकरण–शब्द संगति परीक्षा में प्रेरक दिखाया जाता है और अभ्यर्थियों को सहज तरीके से प्रक्षेपित करना होता है. अनुक्रियाएँ या जुड़े हुए विचार उच्च रूप से सकारात्मक, प्रचालनात्मक, अवलोकनात्मक और परिणामोन्मुखी होने चाहिए. उदाहरण के तौर पर–

रक्त–मैंने घायल व्यक्ति को रक्तदान किया.

सहायता–(1) सहायक प्रकृति की प्रशंसा प्रत्येक लोग करते हैं.

(2) मैं अपने माता-पिता की खेती में मदद करता हूँ.

(3) मैंने अपने दोस्त के व्यवहार को सुधारा है.

(4) उसे सहायक प्रकृति के कारण जाना जाता है.

(5) आत्मसहायता सर्वश्रेष्ठ है.

व्याख्या–अंतिम वाक्य को स्वीकार करें, प्रत्येक प्रक्षेपण अच्छा है. अंतिम वाक्य 'आत्मसहायता सर्वश्रेष्ठ है' सुनने में अच्छा लगता है लेकिन यह किताबी वाक्य है. वाक्य बनाने की प्रक्रिया में शब्द वही रहता है, लेकिन सकारात्मक की श्रेणी के साथ उत्तर अलग हो जाते हैं. यह श्रेणी आगे सामान्य, कम सामान्य और अधिक सामान्य के बीच अन्तर स्थापित करती है. लीडर और लीडर नहीं. औसत, औसत से कम और औसत से ऊपर के बीच के अंतर को बताती है.

उदाहरण के तौर पर–शब्द 'सहायता' है. यदि आप वाक्य बनाते हैं कि 'जरूरतमंद की सहायता करें'. या 'व्यक्ति को जरूरतमंद की सहायता करनी चाहिए'. तो यह सामान्य वाक्य है जो उपदेश को प्रदर्शित करता है. इससे अच्छा वाक्य बनाने का प्रयास करें.

आप शब्द को किसी भी रूप, वर्तमान, भूत या भविष्य यहाँ तक कि विशेषण में प्रयोग कर सकते हैं. शब्द का वाक्य में प्रयोग करना जरूरी नहीं है, क्योंकि एसएसबी के मूल्यांकनकर्ताओं के पास इसकी सूची होती है. सामंजस्य के साथ छोटे वाक्य लिखना का आशय न तो छोटा और न ही लम्बा वाक्य से है. स्पष्ट रूप से और ज्यादा अर्थपूर्ण ढंग से लिखें. 60 शब्दों में से यदि आप 50 या 55 या 58 को प्रदर्शित करते हैं तो यह ठीक है. छोटे और अपूर्ण वाक्य न लिखें. उदाहरण के तौर पर–शब्द 'पिता' : रोटी कमाने वाला के बजाय मधुर और पूर्ण वाक्य लिखें, जैसे– ''पिता बताते हैं कि किस प्रकार जीवन का सामना करना और जीतना है.'' 'मैं' का प्रयोग–'मैं' पर वाक्य बनाना आसान है. इससे विचार के आगे बढ़ने या विचारोत्तेजक उपायों की कमी दिखती है. वाक्य का अच्छा, प्रभावी अर्थ निकलना चाहिए.

> प्रणाली के मूल्यांकनकर्ता जुड़े हुए गुणात्मक विचारों को चाहते हैं.

चूँकि समय बहुत ही कम होता है, अतः यह देखना होता है कि तीव्र 'प्रतिक्रिया' और 'पकड़' कैसी है. उदाहरण

के तौर पर–शब्द अध्यापक को लें. अध्यापक बच्चों के ज्ञान को बढ़ाता है.

> व्यक्तित्व सतह है और इसकी शक्ति तत्व है. तत्व की अभिव्यक्ति वैट है. वैट का तात्पर्य शब्द संगति परीक्षा (Word Association Test) से है.

व्याख्या–यदि आप शब्द 'अध्यापक' पर पूर्ण वाक्य नहीं लिख सकते हैं, तो आप लिख सकते हैं : अध्यापक ज्ञान को बढ़ाता है.

नमूनों के साथ व्याख्या–

(1) **पूछना**–मुझसे प्रश्न पूछें, मैं उसका उत्तर दूँगा.

मूल्यांकन–एससी यानी Social and Cooperative (सामाजिक एवं सहयोगात्मक) और श्रेणी पी-1 है. इसका अर्थ सकारात्मक से है.

(2) **छुट्टा**–क्या आपके पास ₹ 100 का छुट्टा है. इसका आशय सकारात्मक एवं पारस्परिक क्रिया से है और श्रेणी पी-1 है.

(3) **आकर्षक**–वह राष्ट्रपति की आकर्षक पत्नी हैं. अवलोकनात्मक, गंभीर मूल्यांकन और श्रेणी सकारात्मक है.

(4) **बोल्ड**–बोल्ड और बहादुरी का सम्मान किया जाता है. अवलोकनात्मक, गंभीर मूल्यांकन, पी-3.

वाक्य को श्रेणी कैसे दी जाए

अब वैट की श्रेणीकरण से परिचित हो लिया जाए–

(1) N-1 (इसका आशय तटस्थ 1 से है.)

(2) P-1 (इसका आशय सकारात्मक 1 से है.)

(3) N-2 (इसका आशय तटस्थ 2 से है.)

(4) P-3 (इसका आशय सकारात्मक 3 से है.)

(5) HP-3 High Positive-3 (इसका आशय उच्च सकारात्मक 3 से है.)

वाक्यों की प्रकृति, समूह और श्रेणीकरण, उदाहरणों के साथ स्पष्टीकरण

1. बिना सोचे-समझे कार्य नहीं करना चाहिए. (उपदेश और सामाजिक सहयोग शब्द, पी-1).

2. मैं एक रुचिकर विचार-विमर्श में शामिल था सकारात्मक-अंतर्क्रिया. यह सामाजिक सामंजस्य से सम्बन्धित है और सहयोग के अनुभव को प्रकट करता है. श्रेणी पी-2.

3. अपराध कभी भी भुगतान करता है : शब्द शोध एवं विश्लेषण विंग से सम्बन्धित है और वाक्य की बनावट अवलोकनात्मक है और श्रेणी पी-2.

4. उसका और मेरा दृष्टिकोण अलग है, लेकिन हम सर्वश्रेष्ठ मित्र हैं– सकारात्मक, अंतर्क्रिया, उच्च सामाजिक सामंजस्य और श्रेणी पी-3 है.

5. मुझे संकेत दें, मैं समस्या का समाधान करूँगा : सकारात्मक, सूचनात्मक और गठन सामाजिक सहयोग समूह से सम्बन्धित है और श्रेणी पी-3.

6. सुंदर व्यक्ति हमेशा गर्वित है : अवलोकनात्मक, मूल्यांकन, एन-2.

7. हमारे अंदर जीत का आत्मविश्वास होना चाहिए. सामाजिक सहयोगात्मक समूह लेकिन श्रेणी तटस्थ-1.

8. यह गर्मी में गर्म है : यह तथ्यात्मक वाक्य है.

9. जीवन बाधा से भरा है : यह प्रक्षेपण शोध एवं विश्लेषण समूह से सम्बन्धित है. यह अवलोकनात्मक वाक्य है, लेकिन स्वतः सुझाव और श्रेणी तटस्थ-2 है.

10. बच्चे बहुत ज्यादा शोर मचाते हैं : यह अवलोकनात्मक है और वाक्य सामाजिक सामंजस्य समूह से सम्बन्धित है और श्रेणी तटस्थ है.

श्रेणीगत और अश्रेणीगत वाक्यों की व्याख्या

आपको विशेष शब्द से जुड़ना या सम्बन्धित होना है. यह शब्द संगति परीक्षा है, वाक्य निर्माण परीक्षा नहीं है.

> यह शब्द की परीक्षा नहीं है, न ही यह अर्थ है, न ही यह वाक्य निर्माण परीक्षा है. इसमें विशेष शब्द के साथ विचारों के जुड़ाव की आवश्यकता है.

विचार को वाक्य के रूप में पूर्ण रूप से लिखा गया है, यदि आप ऐसा नहीं कर सकते हैं तो कृपया परेशान न हों. पूर्ण अर्थपूर्ण वाक्य लिखें. अच्छे सकारात्मक श्रेणी वाक्यों को अच्छी श्रेणी दी जाती है. उदाहरण के तौर पर–घास हरी है. यह वाक्य केवल घास की प्रकृति को प्रकट करता है जोकि हरा है और यह हरा ही है. नीला, लाल नहीं या हरा के सिवाय अन्य रंग नहीं. अतः इस वाक्य में अच्छी श्रेणी या स्वीकार्य स्तर नहीं है. इसका कारण यह है कि उपर्युक्त वाक्य/विचार में कोई भी सृजनात्मक विचार, उन्नतिशील अंतर्वस्तु नहीं है. अतः सर्वश्रेष्ठ वाक्य निम्नलिखित हो सकता है–

(1) **घास**–

(क) इंदिरा नहर से राजस्थान में हरित क्रांति आ गई. पी-3.

(ख) गंगा नदी के जल से पूरी फसल में सिंचाई होती है. एचपी-3.

(ग) हरित क्रांति ने हमें ज्यादा उन्नतिशील बनाया. पी-2.

(घ) हरियाली से प्रदूषण कम होता है. पी-3.

स्पष्टीकरण–यहाँ पर उपर्युक्त वाक्यों में घास शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है. मुझे स्पष्ट करने दें : घास का रंग हरा है. घास की प्रकृति हरियाली को प्रदर्शित करने की है. अतः उपर्युक्त सभी वाक्य हरियाली से सम्बन्धित है.

(2) **माँ**–(1) मैं अपनी माँ का सम्मान करता हूँ. पी-1 लेकिन श्रेणीकृत वाक्य नहीं है.

व्याख्या–पहला प्रश्न है, यदि आप अपनी माँ का सम्मान नहीं करते हैं, तो कौन आपका सम्मान करेगा ? दूसरा प्रश्न है : आप अपनी माँ का सम्मान क्यों नहीं करेंगे? तीसरा प्रश्न है; क्या आप केवल अपनी माँ का सम्मान करेंगे? दूसरा वाक्य है : मैं अपनी माँ से प्यार करता हूँ. इससे भी वही व्याख्या निकलती है. अब श्रेणीगत वाक्य हो सकता है–

(क) माँ का बलिदान असाधारण है. पी-3.

(ख) मैं अपनी माँ को अपना रक्त दूँगा. पी-2.

(ग) मैं अपनी माँ के लिए कुछ भी कर सकता हूँ. पी-2.

(घ) मदर टेरेसा ने लोगों का उत्थान किया. पी-3.

(ङ) मदर इंडिया को उच्च सम्मान हासिल है. पी-3.

(च) हम सभी अपनी मातृभूमि के लिए समर्पित हैं. एचपी-3.

(3) **देश**–(क) हम लोकतांत्रिक हैं. पी-1; क्या कोई व्यक्ति यह कह सकता है कि वह लोकतांत्रिक नहीं है ?

(ख) हम अपने देश को प्यार करते हैं. पी-1; क्या कोई व्यक्ति यह कह सकता है कि वह अपने देश से प्यार नहीं करता है?

(ग) भारत एक देश है, एन-1; तटस्थ वाक्य. क्या कोई व्यक्ति यह कह सकता है कि भारत एक देश नहीं है?

ये उपर्युक्त वाक्य सकारात्मक हैं और अच्छे भी हैं, लेकिन बेहतर श्रेणीकृत नहीं हैं, क्योंकि ये अच्छे प्रभावनात्मक, विचारोत्तेजक/परिणामोन्मुखी/उन्नतिशील/ मूल्यांकनकारी तथा अवलोकनात्मक नहीं हैं. अतः बेहतर वाक्य हैं–

देश–(1) विदेशी मुद्रा उदारवाद का नतीजा है. पी-2.

sscexamonline.blogspot.com

(2) पूर्वी पाक को मानने वाला (Recognized करने वाला) भारत पहला देश है. पी-3.

(3) हमारा लोकतंत्र विश्व का सर्वश्रेष्ठ लोकतंत्र है. एचपी-3.

(4) हमने पूरे विश्व में भाईचारा फैलाया है. एचपी-3.

(5) हमारे पड़ोसियों के लिए बड़े भाई का सिद्धान्त. एचपी-3

समाज—(क) मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है. पी-1 लेकिन यह तटस्थ वाक्य है. अब, यदि मनुष्य सामाजिक प्राणी नहीं है, तो वह क्या है? और इस वाक्य से क्या प्रदर्शित होता है? क्या यह किसी चीज को योगदान देता है? क्या यह समाज को किसी प्रकार की शक्ति देता है?

(ख) मनुष्य समाज में रहता है? पी-1, लेकिन तटस्थ. अब, प्रश्न यह है, यदि आदमी समाज में नहीं रहेगा, तो वह कहाँ रहेगा? क्या वह जानवरों के साथ रहेगा? नहीं, निश्चित रूप से नहीं.

(ग) अपराधी समाज में रहते हैं. नकारात्मक वाक्य. अब, व्याख्या यह है, आप कैसे जानते हैं कि अपराधी समाज में रहते हैं? क्या आपने समाज में केवल अपराधियों को ही देखा है? आपने कहाँ से सुना कि अपराधी समाज में रहते हैं? समाज सुधार और अपराधियों को सलाह नहीं दी जा सकती है?

अतः सर्वश्रेष्ठ और श्रेणीकृत वाक्य है : उन्नतिशील, सकारात्मक, उच्च सकारात्मक, पारस्परिक क्रियाशील, अवलोकनात्मक, दोस्ती और भाईचारे की भावना ये हैं—

समाज—(1) हम एक दहेज मुक्त समाज विकसित करने का वादा करते हैं. पी-2.

(2) 2015 तक हमारा देश अपराधमुक्त समाज हो जाएगा. एचपी-3

(3) हमारा समाज बहुसांस्कृति वाला समाज है. पी-2

(4) सहकारी संस्थाएँ किसानों को उन्नत कर रही हैं. पी-2

(5) हमने चकमा शरणार्थियों को समाजीकृत किया है. एचपी-3

(6) हम सभी समाज के सदस्य हैं. एचपी-3

बहन : मैं अपनी बहन से बहुत प्यार करता हूँ. एसए (सामाजिक सामंजस्य) पी-1

मेरी बहन खुश है. एसआई (Social Interaction) (सामाजिक बातचीत), पी–1

मेरी बहन का स्वभाव अच्छा है. एसवी (सामाजिक सहयोगात्मक), पी-1

ये सकारात्मक, सामाजिक, बातचीत और अच्छे वाक्य हैं, लेकिन आप इन वाक्यों को निम्नलिखित प्रकार से उन्नत कर सकते हैं—

बहन : (1) अब सारी बहनें विकसित हो रही हैं.

(2) मिलिट्री नर्सिंग सेवाएँ सर्वश्रेष्ठ हैं. पी-2

(3) स्वामी जी ने पूरे विश्व को भाई एवं बहन के रूप में सम्बोधित किया. एचपी-3

(4) प्रयासों से मेरी बहन ने मिलिट्री नर्सिंग सेवा में उच्च श्रेणी प्राप्त की पी-2

यह रिपोर्ट किया जा रहा है कि एसएसबी अभ्यर्थी सामान्यतया अवलोकनात्मक और वाक्य प्रक्षेपण उपदेशों के बीच भ्रमित हो जाते हैं. मैं इन्हें निम्नलिखित रूप में श्रेणीकृत करूँगा. शब्द 'विश्वास' है—

(1) ईमानदार आदमी बनें. पी-1; लेकिन उपदेश है.

(2) भरोसेमंद आदमी बनो. पी-1, लेकिन उपदेश है.

(3) आपको सब पर विश्वास करना चाहिए. पी-1, लेकिन स्वतः सुझाव.

(4) भरोसेमंद दोस्त बनें. पी-1, लेकिन स्वतः सुझाव.

(5) विश्वास करना एक गुण है. पी-1; लेकिन उपदेश है.

व्याख्या—उपदेश, सुझाव, प्रवचन से बचें और एक शब्द के उत्तर से भी बचें, यदि यह पूर्ण विचार नहीं प्रकट कर रहा है. उदाहरण के तौर पर, मैं वही शब्द 'विश्वास' लेता हूँ—

(1) पारस्परिक समझ से विश्वास बढ़ता है. एचपी-3

(2) विश्वास खुशहाली उत्पन्न करता है. पी-3

(3) मेरे पास सभी विश्वासी दोस्त हैं. पी-2

(4) पारस्परिक बातचीत से विश्वास आता है. एचपी-3

मुश्किल शब्द जिस पर अभ्यर्थी विचार प्रकट करने के लिए मुश्किल का सामना करता है. वह शब्द है 'नहीं हो सकता'.

(1) कैंसर का इलाज संभव है. पी-2

(2) अमरीका विश्व को प्रभावित नहीं कर सकता है. पी-2

(3) मैं धोखा बर्दाश्त नहीं कर सकता. पी-1

(4) हम आगे अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं कर सकते. पी-2

(5) पाक कारगील में आगे नहीं आ सकता. पी-2

महिला कमीशन के लिए विशेष लेख

सशस्त्र सेना उन महिलाओं के लिए रोमांचक कैरियर पेश करता है जो यह सिद्ध करना चाहती है कि कमजोर वर्ग के रूप में कोई भी इस प्रकार की चीज नहीं है.

भारतीय संविधान कैरियर बढ़ोत्तरी के लिए पुरुष एवं महिलाओं को समान अवसर प्रदान करता है. यद्यपि 18 वर्ष पहले तक सशस्त्र बलों में केवल पुरुष ही भर्ती होते थे. यूएस में 1991 के खाड़ी युद्ध में महिलाओं की भूमिका ने उच्च नीति निर्माताओं की प्रवृत्ति को बदल दिया और उन्होंने सशस्त्र बल की तीनों विंग में महिलाओं के प्रवेश को अनुमति दे दी. यद्यपि, निर्णय पर पहुँचने से पहले मनोवैज्ञानिक शोध एवं संस्थान को कुछ मुश्किल मामलों का सामना करना है—

(1) महिलाओं को सर्वोच्च संकट प्रबंधन एजेंसी में अनुमति देने के निर्णय का स्वागत है लेकिन किस श्रेणी में ?

(2) क्या वैज्ञानिक एवं सरल प्रणाली (जिसके द्वारा युवाओं को 1942-43) से कमीशन किया जाता रहा है) में छूट देना है. यदि हाँ, तो कैसे और किस स्तर तक ?

महिलाओं को 5 से 7 वर्षों की अवधि के लिए लघु सेवा कमीशन की अस्थायी स्थापना के अन्तर्गत सशस्त्र सेनाओं के तीनों अंगों में उच्च श्रेणी में शामिल किया जा रहा है. निष्पादन, मूल्यांकन, मेरिट एवं शारीरिक/चिकित्सकीय योग्यता के आधार पर लघु सेवा कमीशन को आगे स्थायी कमीशन या जो भी वे चुनें उनमें विस्तारित किया जा सकता है.

(3) क्या हमारी लड़कियाँ रेगिस्तान एवं सियाचिन की कठिनाइयों का सामना करने के लिए तैयार होंगी?

(4) क्या हमारी लड़कियाँ युद्धक्षेत्र के विषम एवं अदृष्ट उतार-चढ़ावों का सामना करने के लिए तैयार होंगी? और क्या वे युद्ध क्षेत्र में अनिश्चित काल के लिए भूखी-प्यासी रह पाएँगी?

(5) और अंततः कमीशन होने के बाद क्या हमारी लड़कियाँ सांस्कृतिक और सामाजिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सेवा में रह पाएँगी?

सशस्त्र बल के तीनों विंग और पैरामिलिट्री पुरुष वर्ग के रूप में उनकी श्रेणी में औरतों को शामिल करने की आवश्यकता को जगाने वाले शायद अंतिम थे. शुरुआती अवस्था में दी गई प्रविधि छोटी थी, अपनी जगह को अपने प्रयास एवं निष्पादन से बढ़ाना था. शुरुआती प्रयास हिचकिचाहट से भरे और इस बारे में अनिश्चित थे कि किस प्रकार शामिल लिंग कैरियर में निष्पक्ष होगा जो स्वतंत्रता, हिम्मत और साहस की माँग है.

●●●

sscexamonline.blogspot.com

वैश्वीकरण के दौर में उपभोक्ता अधिकार व संरक्षण व्यवस्था

✍ अर्चना शर्मा

वैश्वीकरण व उदारीकरण की अवधारणा के विकास के साथ लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा व्यावहारिक रूप से भले ही गौण होने लगी हो, केन्द्र एवं राज्य सरकारों के लिए लोक कल्याणकारी राज्य की संकल्पना को साकार करना अभी भी विकास का एक प्रमुख लक्ष्य है. किसानों, मजदूरों, शिल्पकारों सहित गरीब आबादी को उसके भाग्य पर ही छोड़ दिया है. बढ़ती महँगाई, बेरोजगारी के कारण सामाजिक न्याय का सिद्धान्त अप्रभावी होता जा रहा है. आज का युग उपभोक्तावाद का युग है, लेकिन वैश्वीकरण के दौर में उपभोक्ताओं के हितों की अनदेखी बढ़ती जा रही है. 15 मार्च को दुनिया भर में विश्व उपभोक्ता दिवस धूमधाम से मनाया गया, पर वास्तविकता यह है कि विश्व में चाहे सैन्य शासन हो या लोकतंत्र, पूँजीवाद हो या समाजवाद आमतौर पर उपभोक्ताओं का अमानवीय शोषण हुआ है. ऐसा देश प्रगति, स्थायित्व प्राप्त करता है जहाँ कि सरकारें उपभोक्ताओं का सुशासन देती हैं व उनके हितों का संरक्षण करती हैं. विश्व में जिन देशों की आबादी ज्यादा है, वहीं या विकासशील देशों में उपभोक्ता वर्ग ज्यादा शोषित है. आजादी के 65 साल बाद भी आज हमारे देश में सरकार उपभोक्ताओं को न्याय, संरक्षण व अधिकार नहीं दिला पाई है. विश्व में उपभोक्ताओं पर शोषण नीति की दौड़ में भारत पाकिस्तान, चीन व अपने अन्य पड़ोसी देशों से आगे है. कुशासन, भ्रष्टाचार स्वार्थपूर्ण राजनीति, अराजकता, कालाबाजारी, बढ़ती महँगाई, जमाखोरी की बढ़ती प्रवृत्तियाँ इसके लिए जिम्मेदार हैं.

उपभोक्ता कौन ?

आज देश का प्रत्येक व्यक्ति उपभोक्ता है चाहे वह किसी भी वर्ग का क्यों न हो, अपनी आवश्यकता की वस्तुएं हाट, बाजार व मण्डियों से प्राप्त करता है. उपभोक्ता दो प्रकार के होते हैं. **पहला** जो कीमत देकर वस्तुएं या माल खरीदते हैं. **दूसरा** जो कीमत देकर सेवा प्राप्त करते हैं जैसे– टिकट खरीद कर रेल या बस में यात्रा करना.

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम में उपभोक्ता से आशय उस व्यक्ति से माना गया **पहला** जो प्रतिफल का भुगतान करके या उसके आंशिक भुगतान या अस्थगित भुगतान की पद्धतियों के द्वारा माल क्रय करते हैं. **दूसरा** सेवाओं के मामले में उपभोक्ताओं से अभिप्राय ऐसे व्यक्तियों से है–

(1) वह व्यक्ति जो प्रतिफल या भुगतान करके या आंशिक भुगतान करके या अस्थगित भुगतान के द्वारा किसी सेवा को भाड़े पर लेता है.

(2) इसमें प्रतिफल का या कीमत का भुगतान करके सेवाओं को भाड़े या किराए पर लेने के अतिरिक्त ऐसा लाभभोगी भी शामिल है, जो वास्तव में भाड़े या किराए पर लेने वाले व्यक्ति के अनुमोदन से ऐसी सेवाओं का उपयोग करता है.

उपभोक्ताओं के अधिकार

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 6 के अन्तर्गत उपभोक्ता के निम्नलिखित अधिकारों का उल्लेख किया गया है–

(1) **सुरक्षा का अधिकार**–ऐसे माल जो जीवन और सम्पत्ति के लिए खतरनाक हों, उसे बाजार में भेजने तथा बेचने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करना ताकि उपभोक्ताओं की रक्षा करना.

(2) **सूचित किए जाने का अधिकार**–अनुचित व्यापार से उपभोक्ताओं को संरक्षण प्रदान करने के लिए माल की गुणवत्ता, मात्रा, क्षमता, शुद्धता व मूल्य के बारे में सूचित किए जाने का अधिकार.

(3) **पहुँच का अधिकार**–जहाँ तक सम्भव हो प्रतियोगी मूल्यों पर माल की विभिन्न किस्मों को सुलभ कराए जाने का अधिकार, ताकि माल उचित कीमत पर और अच्छी किस्म का उपभोक्ता को उपलब्ध हो.

(4) **सुनवाई का अधिकार**–यह आश्वस्त करना कि उपभोक्ताओं के हितों पर सक्षम मंचों पर सम्यक् रूप से विचार किया जाएगा.

(5) **क्षतिपूर्ति पाने का अधिकार**–अनुचित व्यापारिक व्यवहार या उपभोक्ताओं के अनुचित शोषण के विरुद्ध क्षतिपूर्ति प्राप्त करने का अधिकार.

(6) **शिक्षा का अधिकार**–उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों का बोध कराना व जागरूक बनाना, ताकि वे अपने अधिकार हासिल करने के लिए प्रयासरत् रहें.

(7) **मूल्य का प्रतिफल प्राप्त करने का अधिकार**

(8) **स्वस्थ वातावरण का अधिकार**

(9) **सूचना का अधिकार**–उपभोक्ता जिन वस्तुओं व सेवाओं को खरीदता है उनके बारे में उसे सूचना पाने का अधिकार है. जब उपभोक्ता किसी वस्तु को खरीदेंगे तो उसके पैकेट पर कुछ जानकारियाँ पाएंगे. ये वस्तु के अवयवों, मूल्यों, बैच संख्या, निर्माण की तारीख, खराब होने की तिथि और वस्तु बनाने वाले के पते के बारे में होती हैं जैसे दवा खरीदते समय उसके उचित प्रयोग, उसके अन्य प्रभाव, खतरों से सम्बन्धित जानकारियाँ प्राप्त कर सकते हैं. भारत सरकार प्रदत्त विविध सेवाओं को उपयोगी बनाने के लिए सूचना पाने के अधिकार को बढ़ा दिया गया है. सन् 2005 में सरकार ने नागरिकों को सरकारी विभागों के कार्यकलापों की सभी सूचनाएं पाने के अधिकार को सुनिश्चित किया है. उपभोक्ता वस्तु में किसी भी प्रकार की खराबी होने पर शिकायत करने, मुआवजा पाने या वस्तु बदलने की माँग कर सकता है. इसके तहत् जो विक्रेता अंतिम तिथि समाप्त हो जाने वाली दवाओं को बेचते हैं, उनके खिलाफ कार्यवाही की जा सकती है. यदि कोई व्यक्ति मुद्रित मूल्य से अधिक मूल्य पर वस्तु बेचता है, तो उसके विरोध करने, शिकायत करने का उपभोक्ता को अधिकार है.

(10) **चुनने का अधिकार**–उपभोक्ता को किसी भी तरह की वस्तु या सेवा प्राप्त करते समय चुनने का अधिकार है जैसे आप दंत मंजन खरीदना चाहते हैं और दुकानदार दंत मंजन के साथ बुश खरीदने का दबाव डालता है जिसे खरीदने की हमारी इच्छा नहीं है तब आपके चुनने के अधिकार का उल्लंघन हुआ है.

उपभोक्ता आन्दोलन

सरकार ने उपभोक्ताओं का शोषण रोकने, पीड़ित उपभोक्ताओं को न्याय दिलाने के उद्देश्य से समय-समय पर अनेक सराहनीय प्रयास किए हैं.

उपभोक्ता आन्दोलन का प्रारम्भ उपभोक्ताओं के असन्तोष के कारण हुआ, क्योंकि विक्रेता कई अनुचित व्यावसायिक व्यवहारों में शामिल होते हैं. उस समय बाजार में उपभोक्ताओं को शोषण से बचाने के लिए कोई कानूनी व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी. उपभोक्ता एक विशेष ब्राण्ड उत्पाद या दुकान से संतुष्ट नहीं होता, या तो सामान्यतः वह उस ब्राण्ड उत्पाद को खरीदना बंद कर देता था. अर्थात् उपभोक्ता की जिम्मेदारी थी कि वह वस्तु या सेवा खरीदते वक्त सावधानी बरते. जनता में जागरूकता लाने में भारत और पूरे विश्व में कई वर्ष लग गए.

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

भारत में उपभोक्ता आन्दोलन का जन्म अनैतिक और अनुचित व्यावसायिक कार्यों से उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने और प्रोत्साहित करने की आवश्यकता के साथ हुआ. अत्यधिक खाद्य कमी, जमाखोरी, कालाबाजारी, खाद्य पदार्थों में मिलावट की वजह से 1960 के दशक में व्यवस्थित रूप से उपभोक्ता आन्दोलन का उदय हुआ. 1970 के दशक तक उपभोक्ता संस्थाएं, वृहत् स्तर पर उपभोक्ता अधिकार से सम्बन्धित आलेखों के लेखन और प्रदर्शनियों का आयोजन होने लगा. सडक परिवहन में बढती भीडभाड और राशन की दुकानों में होने वाले अनुचित कार्यों पर नजर रखने के लिए उपभोक्ता दल बनाया. भारत में उपभोक्ता दलों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई.

1985 में संयुक्त राष्ट्र ने उपभोक्ता सुरक्षा के लिए उपभोक्ता इंटरनेशनल नामक संरक्षक संस्था बनाई, जो 100 से भी अधिक देशों के 240 संस्थाओं से जुडी हुई है.

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986

सरकार ने उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने के लिए समय-समय पर अनेक प्रयास किए. इसके लिए नापतौल मानक अधिनियम तथा खाद्य अपमिश्रण अधिनियम अस्तित्व में लाए गए. 1986 में सरकार ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम पारित किया. यह अधिनियम जम्मू एवं कश्मीर राज्य को छोडकर शेष सभी राज्यों एवं केन्द्रशासित क्षेत्रों में लागू है. जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने ऐसा ही एक कानून अलग से बनाया और लागू किया है. यह अमरीका, ब्रिटेन, न्यूजीलैण्ड, कनाडा, आस्ट्रेलिया आदि देशों के प्रभावी उपभोक्ता संरक्षण अधिनियमों एवं व्यवस्थाओं का गहन अध्ययन के पश्चात् तैयार किया गया है. यह अधिनियम उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है.

उपभोक्ता शिकायत निवारण प्रक्रिया : कहाँ और कैसे दायर करें ?

क्रय की गई वस्तु या सेवा में किसी भी प्रकार की कमी या दोष हो या ग्राहक से निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूली गई या खरीदी जाने वाली वस्तु की नापतौल या गुणवत्ता सही नहीं हो या फिर त्रुटि के कारण उपभोक्ता की सुरक्षा या जीवन में संकट पैदा हो गया हो, तो उपभोक्ता को पूरा अधिकार है कि वह इन प्रकरणों की शिकायत विवाद के आधार पर दर्ज कराए.

1. यदि माल अथवा सेवाओं का मूल्य तथा क्षतिपूर्ति के लिए मांगी गई रकम बीस लाख रुपए तक है, तो शिकायत जिला उपभोक्ता मंच में दायर कर सकते हैं.
2. यह राशि 20 लाख से ऊपर या एक करोड़ की सीमा तक के विवाद हैं, तो शिकायत राज्य आयोग के अन्तर्गत दायर की जा सकती है.
3. एक करोड़ से अधिक राशि के विवाद राष्ट्रीय आयोग, नई दिल्ली में दायर किए जा सकते हैं.

शिकायत दर्ज कराने का तरीका

- उपभोक्ता मंच में शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया सरल व शीघ्रगामी है.
- वस्तु या सेवा क्रय करने के बाद दो साल की अवधि के भीतर कोई भी उपभोक्ता निर्धारित फीस व सबूत सहित सादे कागज पर अपनी शिकायत लिखकर उपभोक्ता मंच को व्यक्तिगत रूप से डाक या कुरियर से भी शिकायत भेज सकता है.
- शिकायत पत्र में–
  1. शिकायत करने वाले का नाम व पूरा पता होना चाहिए.
  2. जिसके विरुद्ध शिकायत की गई है, उस व्यक्ति अथवा संस्था का पूरा नाम व पता होना चाहिए.
  3. खरीदी गई वस्तु या सेवा का पूर्ण विवरण.
  4. वस्तु या सेवा की कमी का विवरण.
  5. चाही गई क्षतिपूर्ति या हर्जाना राशि.
  6. शिकायत पर शिकायतकर्ता या प्राधिकृत अभिकर्ता के हस्ताक्षर होने चाहिए.
  7. फीस की राशि जुर्माने के आधार पर निर्धारित होती है.
- उपभोक्ता संरक्षण कानून के अनुसार एक लाख तक दावा (राशि) की मांग के लिए दो सौ रुपए फीस का प्रावधान है.

आवश्यक साक्ष्य/सबूत

शिकायत-पत्र के साथ क्रय की गई वस्तु या सेवा सम्बन्धित सबूतों में–

1. खरीद की रसीद.
2. गारंटी कार्ड या अन्य कोई सबूत या दस्तावेज की प्रतिलिपि.

उपभोक्ताओं को उपलब्ध राहत

उपभोक्ता द्वारा मांगी गई राहत के स्वरूप व तथ्यों को देखते हुए फोरम आयोग द्वारा निम्नलिखित में से एक या अधिक राहत देने का आदेश दिया जा सकता है–

1. माल में त्रुटि दूर करना.
2. माल को बदलना.
3. अदा किया गया मूल्य वापस करना.
4. अतिपूर्ति उपभोक्ता द्वारा मांगी गई राहत या वस्तु या सेवा में कमी के तथ्यों को देखते हुए उपभोक्ता को हुई हानि के लिए अतिपूर्ति राशि या परिवाद खर्च भी दिलाया जा सकता है.
5. जेल या जुर्माना अथवा दोनों दण्ड एक साथ दिए जा सकते हैं.

उपभोक्ता विवाद समाधान की प्रशासनिक व्यवस्था

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 में उपभोक्ता के परिवादों या शिकायतों के निवारण हेतु त्रिस्तरीय अर्द्ध न्यायिक व्यवस्था है. इस व्यवस्था में निम्नलिखित प्राधिकारी या संस्थाएं हैं–

क्रम	संस्थाएं	स्तर	संख्या भारत में
जिला स्तर	जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष फोरम	निम्न स्तर	607
राज्य स्तर	राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग	मध्य स्तर	35
राष्ट्रीय स्तर	राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, नई दिल्ली	उच्च स्तर	1

प्रारम्भ में लगभग 5 वर्षों तक यह व्यवस्था अधिक कारगर नहीं थी, लेकिन जब से देशभर में पीडित उपभोक्ताओं को शीघ्र, सुलभ व सस्ता न्याय प्रदान करने के लिए प्रभावी पहल की है तब से उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली है.

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष मंच

इनमें जिला मंचों का विशेष महत्व है, क्योंकि उपभोक्ता की सर्वाधिक शिकायतें इसी प्राधिकारी के समक्ष आती हैं. लम्बित मामलों की बढती संख्या के कारण एक जिले में एक से अधिक जिला मंच गठित किए गए हैं.

संगठन

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष मंच के सभापति व सदस्यों की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा गठित चयन समिति की सिफारिश के आधार पर की जाती है. इनका कार्यकाल 5 वर्ष या 65 वर्ष की आयु से अधिक नहीं होता. इस मंच का कोई भी सदस्य पुनः नियुक्त नहीं हो सकता. शिकायत या परिवाद मान्यता प्राप्त उपभोक्ता संघ या जिला मंच की अनुमति से एक या एक से अधिक उपभोक्ताओं द्वारा प्रस्तुत किया जाता है. शिकायत प्रस्तुत होने के 21 दिन के भीतर जिला मंच द्वारा शिकायत की ग्राह्यता पर निर्णय ले लिया जाता है.

राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग

प्रत्येक राज्य या केन्द्रशासित प्रदेश में एक राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग गठित किया गया है. जिला मंच द्वारा दिए गए निर्णय के विरुद्ध कोई भी पक्षकार निर्णय की तिथि से 30 दिन के भीतर अथवा राष्ट्रीय आयोग द्वारा बढ़ाई गई अवधि के भीतर अपील कर सकता है. यह आयोग माल या सेवा या क्षतिपूर्ति के ऐसे दावों की सुनवाई करता है, जो 20 लाख रुपए से अधिक और एक करोड़ रुपए तक के होते हैं.

संगठन

इस आयोग में एक सभापति एवं दो सदस्य होते हैं. सभापति राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है, जो उच्च न्यायालय का न्यायाधीश हो या रह चुका हो. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श के बाद राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है. दो अन्य सदस्यों में एक महिला सदस्य होते हैं. सदस्यों का चयन चयन समिति की सिफारिश से होता है.

राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग

केन्द्रीय स्तर पर राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण हेतु गठित किया गया था. यह आयोग उपभोक्ताओं की उन सभी शिकायतों की सुनवाई करता है. जिसके माल या सेवाओं का मूल्य अथवा क्षतिपूर्ति की राशि एक करोड़ रुपए से अधिक है. इसके अतिरिक्त राज्य आयोगों के निर्णयों के विरुद्ध अपील की सुनवाई यह आयोग करता है. सरकार ने ऐसे 13 शहरों को अधिसूचित किया है, जहाँ राष्ट्रीय आयोग अपनी सर्किट बैंच बैठकें कर सकता है.

संगठन

राष्ट्रीय आयोग के कुल पाँच सदस्यों में एक सभापति और चार सदस्य होते हैं. सभापति की नियुक्ति भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से केन्द्र सरकार द्वारा की जाती है. वह उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश हो या रह चुका हो. सभापति के अतिरिक्त चार अन्य सदस्यों में एक महिला होती है. इन सदस्यों की नियुक्ति एक चयन समिति की सिफारिश पर होती है. सदस्यों का कार्यकाल 5 वर्ष या 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो, तक बना रहता है.

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लागू होने के बाद जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित उपभोक्ता संरक्षण निकायों ने लगभग 90% शिकायतों का निपटारा किया है, जो [illegible] आप में एक रिकॉर्ड है. (देखें तालिका)

तालिका : उपभोक्ता संरक्षण फोरमों में शिकायतों का निपटारा

(31 जनवरी, 2012)

क्र.	निकाय	स्थापना की तिथि के बाद से दायर शिकायतें	स्थापना की तिथि के बाद से निपटाई गई शिकायतें	लम्बित शिकायतें	निपटाई गई शिकायतों का प्रतिशत
1.	राज्य उपभोक्ता संरक्षण आयोग	72863	63370	9493	86·97
2.	राज्य उपभोक्ता संरक्षण आयोग	560961	464243	96718	82·76
3.	जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम	3093931	2845823	248108	91·98
	कुल योग	**3727755**	**3373436**	**354319**	**90·50**

उपभोक्ताओं में जागरूकता लाने के लिए प्रभावी प्रयास

उपभोक्ताओं को अपने अधिकार के ज्ञान के साथ-साथ अधिकार हासिल करने के लिए प्रयासरत् रहना चाहिए. बाजार में विभिन्न किस्म के विज्ञापन व उत्पाद देखकर उपभोक्ता आकर्षित हुए बिना नहीं रह पाता. आए दिन नकली घी, मसाले, दूध के नमूने, खाद्य पदार्थों में मिलावटों के मामले पकड़े जाते हैं. सरकार विगत् चार साल से 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान चला रही है. पर यह अभियान बीच में ही दम तोड़ता नजर आ रहा है. विभागीय टीम खाद्य सुरक्षा निरीक्षक दिखावटी कार्यवाही करते हैं. आज भी वी.आई.पी. व्यक्तियों, मंत्री, न्यायाधीश, प्रशासक, विधायक व उच्च वर्गों को छोड़कर 80 प्रतिशत उपभोक्ता शोषण की आग में सुलग रहे हैं. बेरोजगारी, महँगाई, कालाबाजारी, जमाखोरी, खाद्य पदार्थों में मिलावट, नकली दवाइयाँ घूस एवं रिश्वत, पुलिस ताण्डव और सरकारी तंत्र की मार से उपभोक्ता त्रस्त हैं.

उपभोक्ताओं को शोषण से बचाने के नवीन सुधार

उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति सजग व जागरूक है. इस हेतु सरकार ने जन जागरूकता अभियान भी चलाया है जिसके तहत् 'मेघदूत' पोस्टकार्ड पर उपभोक्ता जागरूकता संदेश लिखकर देश के डेढ़ लाख ग्रामीण एवं पच्चीस हजार शहरी डाक-घरों के माध्यम से आम लोगों को उपभोक्ता हितों के प्रति जागरूक करने की कोशिश की है, वहीं राष्ट्रीय स्तर पर उपभोक्ताओं को सहायता देने के लिए उपभोक्ता हेल्पलाइन बनाई गई. इतना ही नहीं, उपभोक्ताओं को अपने हितों के प्रति सजग करने के लिए समाचार-पत्रों में विज्ञापन से लेकर आकाशवाणी एवं दूरदर्शन पर भी "जागो ग्राहक जागो" की अलख जगाई है.

गुणवत्ता का प्रमाण

विज्ञापनों एवं संदेशों के माध्यम से उपभोक्ताओं को भारतीय मानक ब्यूरो के आई एस आई के बारे में बताया गया है, जो वस्तु की गुणवत्ता का प्रमाण है. जैसे सोने की गुणवत्ता का प्रामाणिक चिह्न हॉलमार्क, वस्तु की गुणवत्ता का शब्द चिह्न (लोगो) जैसेकि आईएसआई चिह्न, एफपीओ चिह्न, बीआईएस हॉलमार्क, इकोमार्क, इण्डिया आर्गेनिक एगमार्क आदि. ये शब्द चिह्न व प्रामाणिक चिह्न वस्तु व सेवा की अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करते हैं. यद्यपि सभी उत्पादकों को इन मानदण्डों का पालन करना जरूरी नहीं होता, परन्तु ऐसे उत्पाद जो उपभोक्ता की सुरक्षा व स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं उनके लिए इनका पालन करना अनिवार्य होता है, जैसे– बोतलबंद पेय पदार्थ, डिब्बाबन्द पदार्थ, खाद्य रंग व प्रयुक्त सामग्री आदि.

बीमा लोकपाल

इंश्योरेंस कम्पनियों को बीमाधारक की लिखित शिकायतों का निपटारा दो हफ्तों में करना होगा. बीमाधारकों के हितों की रक्षा के लिए 1998 में बीमा लोकपाल संस्थान बनाया गया है.

जन जागरूकता अभियान

जागृति शिविर योजना के अन्तर्गत जिला स्तर पर उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए शिविर सभाओं व कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है. प्रत्येक जिले में जिला उपभोक्ता सूचना केन्द्र की स्थापना की गई है. दोषपूर्ण वस्तुओं व त्रुटिपूर्ण सेवाओं की बिक्री या अनुचित व अवरोधक व्यापारिक व्यवहारों को अपनाने के विरुद्ध शिकायतें दर्ज करानी होंगी.

नवीन सत्र में खाद्य सुरक्षा विधेयक प्रस्तावित है. लागू हो जाने से सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अधिक पारदर्शी हो जाएगी. लोगों की शिकायतों का बेहतर ढंग से समाधान होगा. इससे 75 प्रतिशत ग्रामीण व 50 प्रतिशत शहरी आबादी की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी.

शेष पृष्ठ 114 पर

sscexamonline.blogspot.com

अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति लेख

भारत-भूटान सम्बन्धों की ऐतिहासिक विरासत

✍ डॉ. पदम सिंह गजराज एवं चेतना नेहरा

भूटान शब्द संस्कृत के भूतांत से बना है जिसका अर्थ होता है–'सबसे ऊँची धरती'. भूटान एक छोटा पर्वतीय देश है जो हिमालय पर्वत शृंखला में भारत की पूर्वोत्तर सीमा पर भारत और चीन के मध्य 'बफर स्टेट' है. भूटान का नाम भूटानी भाषा में ड्रुक युल (Druk Yull) है जिसका तात्पर्य 'Land of Thunder Dragon' होता है. भूटान की सीमाएं उत्तर में तिब्बत तथा पूर्व, पश्चिम तथा दक्षिण में भारत के साथ लगती है. भारत के साथ इसकी सीमा 605 किमी लम्बी और चीन के साथ इसकी 470 किमी लम्बी सीमा है. इससे स्पष्ट होता है कि भू-रणनीतिक दृष्टिकोण से यह देश भारत के लिए कितने मायने रखता है. भूटान का पूरा नाम 'किंगडम ऑफ भूटान' (Kingdom of Bhutan) है.

भारत-भूटान सम्बन्ध मैत्रीपूर्ण रहे हैं और दोनों में कोई खास समस्या नहीं है. भारत भूटान को एक स्वतन्त्र देश के रूप में बनाए रखना चाहता है. भारत के सभी पड़ोसी देशों के साथ सम्बन्ध में कुछ मुद्दों पर विवादास्पद स्थिति रही है. भूटान के साथ भारत का सम्बन्ध इसका अपवाद है. भारत भूटान के सम्बन्धों में कभी-कभी कुछ गौण विषयों को लेकर भिन्नता अवश्य देखी गई है, परन्तु गहन मतभेदों व संघर्षपूर्ण सम्बन्धों का अभाव रहा है. भारत की प्रतिरक्षा में भूटान का अत्यधिक महत्व है. भारत की उत्तरी प्रतिरक्षा व्यवस्था में भूटान की महत्वपूर्ण भागीदारी है. चुम्बी घाटी से चीन की सीमा केवल 80 मील है. यदि चीन विस्तारवादी महत्वाकांक्षा से इस क्षेत्र में घुसपैठ करे तो वह न केवल भूटान को बल्कि उत्तरी पश्चिम बंगाल, असम और अरुणाचल प्रदेश को भारत से काट सकता है. चीन ने भूटान-सिक्किम की वर्तमान प्राकृतिक सीमाओं को कभी स्वीकार नहीं किया है.

सिनचुला संधि 1865 एवं पुनरवा सन्धि 1910

भारत-भूटान सम्बन्धों की ऐतिहासिक शुरुआत 1865 की ब्रिटिश भारत सरकार व भूटान के मध्य हुई सन्धि से माना जाता है. इस संधि को 'सिनचुला सन्धि' के नाम से भी जाना जाता है, जो भारत की स्वतन्त्रता पूर्व हुई थी. इस प्रकार से 8 अगस्त, 1949 से पूर्व भारत तथा भूटान सम्बन्ध 1865 की सिनचुला संधि के अनुसार चलते रहे हैं. 1910 में पुनरवा संधि द्वारा भारत-भूटान के सम्बन्ध और अधिक सुदृढ बन गए. इस संधि के अन्तर्गत ब्रिटिश सरकार ने भूटान के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने का वादा किया तथा भूटान ने अपनी विदेशी मामलों के सम्बन्ध में ब्रिटिश सरकार के निर्देशों पर काम करने का वचन भी दिया.

चिरस्थाई शान्ति और मित्रता संधि–1949

स्वतन्त्रता के पश्चात् भारत सरकार ने 8 अगस्त, 1949 को भूटान के साथ एक संधि की. जिसके तहत् दोनों देशों के मध्य 'चिरस्थाई शान्ति और मित्रता' स्थापित करने का प्रावधान किया गया. 1949 की संधि के अन्तर्गत अनु. 2 के तहत् भारत की सरकार ने यह निश्चित किया कि वह भूटान के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगी तथा भूटान की सरकार ने अपनी विदेशी मामलों में भारत की सलाह के अनुसार चलने की स्वीकृति दी. भूटान के प्रति भारत सरकार ने चिरस्थाई शान्ति, मित्रता एवं सद्भावना के प्रतीक रूप में देवनागिरी नाग के स्थान में से 32 वर्ग मील का वह क्षेत्र भूटान को वापस देने का निर्णय लिया जो 1865 में भारतीय क्षेत्र में मिला लिया गया था. इस सन्धि के अनु. 6 के तहत् यह भी प्रावधान किया कि भूटान अपने वैदेशिक मामलों में भारत सरकार से मार्गदर्शन प्राप्त करेगा तथा इसके अतिरिक्त भूटान केवल भारत की सन्तुष्टि पर ही हथियार मँगा सकता है. भारत भूटान को लगातार आर्थिक एवं प्रौद्योगिकी सहायता दे रहा है. वर्ष 2007 में 1949 की भारत भूटान संधि में थोड़ा संशोधन भी कर दिया गया है.

भारत-भूटान के राजनैतिक सम्बन्ध

भारत-भूटान के राजनैतिक सम्बन्ध मधुर बने हुए हैं. दोनों देशों के सम्बन्धों को अधिक सुदृढता व प्रौढता प्रदान करने हेतु भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने सितम्बर 1958 में भूटान की प्रथम यात्रा की थी. नेहरू ने अपनी भूटान यात्रा के दौरान वहाँ पर संचार विकास, आर्थिक विकास, सड़क निर्माण, भूटान के हवाई अड्डे का निर्माण तथा चिकित्सालय निर्माण आदि कार्यक्रमों में रुचि दिखाई. उस समय चीन का साम्राज्यवादी व विस्तारवादी अभियान भी जारी था जिसके कारण चीन ने एक पत्रिका China Pictorial में भूटान की सीमा को अपने क्षेत्र में दर्शा रखा था. इस कारण पं. जवाहरलाल नेहरू ने 28 अगस्त, 1959 में लोकसभा में वक्तव्य दिया कि "सिक्किम या भूटान पर किया गया कोई भी आक्रमण भारत पर आक्रमण माना जाएगा." भारत के इस प्रकार के विचारों से भूटान का भारत के प्रति झुकाव होना स्वाभाविक ही था, क्योंकि 1959 में चीन ने तिब्बत पर कब्जा करने के कारण से भूटान को और कोई विकल्प भी नजर नहीं आ रहा था.

1960 के दशक में भूटान की आन्तरिक घटनाओं के कारण, कुछ गौण विषयों पर दोनों देशों के मध्य मतभेद उभरते नजर आए. जिसमें प्रमुख मुद्दा वहाँ के तत्कालीन प्रधानमंत्री दोरोजी की 5 अप्रैल, 1964 में हत्या करने में भारतीय सेना की षड्यंत्रकारी नीति की अफवाह होने लगी. तत्पश्चात् 1965 में राजा वांग्चुक की हत्या का भी प्रयास हुआ, लेकिन ये सब चीन के षड्यन्त्र के कारण हुआ. 1964 में महाराजा की भारत यात्रा से सभी बातें स्पष्ट हो गईं. 1970 में राष्ट्रपति वी. वी. गिरी व भारतीय विदेश मंत्री दिनेश सिंह द्वारा भूटान यात्रा से दोनों देशों के सम्बन्धों को और बल मिला.

1970 में जब भूटान ने संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य बनने के लिए आवेदन किया तो भारत ने उसका समर्थन किया. सितम्बर 1971 में भूटान यू. एन. ओ. का सदस्य बन गया तथा 1973 में गुट-निरपेक्ष आन्दोलन (NAM) की सदस्यता भी प्राप्त कर ली. बांग्लादेश के संकट के समय भूटान ने भारत को नैतिक समर्थन प्रदान किया तथा भूटान ने भारत के युद्ध बाद 1971 में बांग्लादेश को मान्यता प्रदान की. 1972 में महाराजा वांग्चुक की मृत्यु के बाद राजकुमार जिग्मे सिंग्मे वांग्चुक के राजा बनने से भी दोनों देशों के सम्बन्धों में कोई अन्तर नहीं आया, बल्कि सम्बन्धों में और वृद्धि हुई. 1977 में भूटान की माँग पर भारत ने उसे नई दिल्ली में अपना दूतावास खोलने की स्वीकृति प्रदान कर दी. 1978 में भूटान नरेश ने भारत की यात्रा की. भारत से भी 1968 व 1972 में भारतीय प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने भारत के दूसरे प्रधानमंत्री के रूप में भूटान की यात्रा की तथा सम्बन्धों को प्रगाढ़ बनाने की मुहिम जारी रखी. उसी दौरान भारत से कई विदेश मंत्री के रूप में नवम्बर 1977 में अटल बिहारी वाजपेयी ने भूटान यात्रा की.

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

नवम्बर 1981 में तत्कालीन भारतीय विदेश मंत्री पी. वी. नरसिन्हा राव ने थिम्पू की सद्भावना यात्रा की. उसी दौरान भारत के तत्कालीन वाणिज्य मंत्री ने 2 मार्च, 1990 को भूटान यात्रा की. भूटान की यात्रा करने वाले तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 24 सितम्बर से 1 अक्टूबर, 1985 में भूटान यात्रा की और इसी क्रम में 1988 में भी वह भूटान गए. 1990 के दशक में भी भारत व भूटान के बीच पारस्परिक मधुर सम्बन्धों का दौर जारी रहा. 21-22 अगस्त, 1993 में तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव अपनी उदारीकरण की नीति जारी करते हुए भूटान की यात्रा पर गए. पी. वी. नरसिन्हा राव की इस सद्भावना यात्रा ने दोनों देशों के मध्य आर्थिक सम्बन्धों के साथ-साथ राजनैतिक सम्बन्धों को भी और सुदृढ़ किया. कई आर्थिक योजनाओं की स्वीकृति के साथ-साथ भूटान के शीतयुद्धोत्तर युग में उदारीकरण के अन्तर्गत भारत की कम्पनियों ने भूटान में निवेश की अपील की. विश्व स्तर पर 1996 में 'व्यापक परमाणु परीक्षण संधि' (CTBT) पर भारत का समर्थन करके भूटान ने भारत के साथ सम्बन्धों को सुदृढ़ किया. इस प्रकार दोनों देश इस शीत युद्धोत्तर युग में शांति व सुरक्षा की स्थापना हेतु एक मत है. इस दशक में ही 2 मार्च, 1990 को भारत के वाणिज्य मंत्री, दिस. 1991 में भारत के योजना आयोग के उपाध्यक्ष श्री प्रणब मुखर्जी, 21–25 मई 1996 को भारतीय मंत्रिमंडल सचिव तथा 10-12 अगस्त, 1996 को भारत के तत्कालीन विदेश मंत्री ने भूटान यात्रा कर पारस्परिक राजनैतिक सम्बन्धों को संबल प्रदान किया.

1997 में भारत व भूटान ने बांग्लादेश व नेपाल के साथ उपक्षेत्रीय सहयोग की धारणा को स्वीकार किया ताकि दक्षिण एशिया के इस आर्थिक उपक्षेत्र का तीव्रता से विकास सम्भव हो. दोनों देशों के सम्बन्धों को अधिक विकसित करने के लिए दिसम्बर 1999 में भारत-भूटान मित्रता समाज (Indo-Bhutan Friendship Society 1999) का गठन किया गया.

मई 1999 तथा दिसम्बर 2003 में भूटान के राजा ने भारत की सरकारी यात्रा की भूटानी नरेश जिग्मे सिग्मे वांगचुक ने जनवरी, फरवरी व नवम्बर 1990 में, जनवरी व दिसम्बर 1994 में, 6–9 जनवरी 1997 में, तथा 5–8 अक्टूबर, 1998 में भारत यात्रा की और पारस्परिक सम्बन्धों को अधिक बल दिया. सितम्बर 2006 में भारत यात्रा पर आए भूटान नरेश ने विदेश मंत्री के साथ भारत के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति अन्य मंत्रियों से व्यापक वार्तालाप किया. दोनों देशों ने पुनात्सांगछु जल बिजली योजना के सम्बन्ध में स्मरण पत्र पर हस्ताक्षर किए. इस परियोजना में 870 M.W. बिजली का उत्पादन होना था तथा इसे 10वीं भारतीय पंचवर्षीय योजना में पूरा करना था. 19 सितम्बर, 2003 को भारत और भूटान ने संयुक्त घोषणा की जिसमें असम की उल्फा तथा बोडो उग्रवादियों जोकि भूटान की धरती पर शरण लिए हुए थे कि समस्या का समाधान करने का निर्णय लिया गया. दिसम्बर 2003 में भूटान की शाही सेना ने 'उल्फा', KLOC तथा NDFB के भूटान की धरती पर विद्यमान प्रशिक्षण शिविरों के विरुद्ध एक सैनिक अभियान Operational All Clear नाम से प्रारम्भ किया गया तथा इस सम्बन्ध में भारत ने भी सहायता की. जुलाई 2006 में भूटान के राजा जिग्मे सिग्मे वांगचुक ने भारत की यात्रा की तथा भारतीय प्रधानमंत्री के साथ सभी द्विपक्षीय तथा अन्य मुद्दों पर खुला वार्तालाप किया. इस अवसर पर भूटान ने यह घोषणा की कि वह भारतीय किसानों से जल कर (Water Tax) नहीं लेगा.

> **नई मैत्री संधि–2007 एवं भारत भूटान सम्बन्ध**
>
> *इस नई संधि ने 57 वर्ष पूर्व 8 अगस्त, 1949 को भारत के पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में हस्ताक्षरित मैत्री संधि का स्थान लिया है. प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की उपस्थिति में हैदराबाद हाउस (दिल्ली) में भारत-भूटान की नई मैत्री संधि पर भारत की ओर से विदेश मंत्री प्रणब मुखर्जी व भूटान के नरेश ने 8 फरवरी व 2007 को हस्ताक्षर किए. संशोधित संधि में मुख्यतः 1949 की मैत्री संधि के अनु. 2 व 6 में संशोधन किए गए हैं. 1949 की संधि के अनु. 2 में यह प्रावधान था कि भूटान अपनी विदेश नीति के संचालन में भारत की सलाह से निर्देशित होगा. अब नई संशोधित मैत्री संधि में इसकी भाषा बदलते हुए 'सलाह' की बजाय 'सहयोग' की बात कही गई है. इससे भूटान अपनी विदेश नीति को और अधिक स्वतंत्र ढंग से चला सकेगा. अनु. 6 में किए गए संशोधन से भूटान को अब भारत की अनुमति के बिना भी अन्य देशों से गैर घातक सैन्य उपकरण आयात करने का अधिकार मिल गया है. नई मैत्री संधि में यह भी प्रावधान किया गया कि भूटान अपनी भूमि पर ऐसी कोई गतिविधि नहीं करेगा और न ही किसी को करने की अनुमति देगा जो भारत के हितों के विरुद्ध हो.*

भारत-भूटान के राजनीतिक सम्बन्धों की कड़ी में 8 फरवरी, 2007 को भारत के विदेश मंत्री प्रणब मुखर्जी व भूटान नरेश जिग्मे सिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने "भारत-भूटान मित्रता की नई संधि-2007" (Indo-Bhutan Friendship Treaty-2007) पर हस्ताक्षर किए. 2008 में भूटान में लोकतन्त्रीय राजनीतिक प्रक्रिया के आधार पर भारत और भूटान सम्बन्ध और अधिक व्यापक व मधुर बने. इस अवसर पर 16-17 मई, 2008 को भारतीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने भूटान की यात्रा की तथा इसी दौरान भूटान वांगचुक वंश के 100 वर्ष पूर्ण हुए. 15 वर्ष में पहली बार प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की यह पहली भूटान यात्रा थी जिसमें दोनों देशों में पारस्परिक सहयोग विकसित हुआ. इस प्रकार से 26 जनवरी, 2013 को भारत के 64वें गणतंत्र के दिवस उपलक्ष्य में भूटान के जिग्मे सिग्मे खेसर नामगयाल वांगचुक को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया और 21वीं सदी में भारत भूटान सम्बन्धों को नए युग की चुनौतियों के साथ नया आयाम दिया गया. 8 फरवरी, 2013 में भूटान के प्रधानमंत्री जिग्मे वाई थिनले ने भारत की यात्रा की.

भारत-भूटान आर्थिक सम्बन्ध

भारत प्रारम्भ से ही भूटान को भारी आर्थिक मदद प्रदान करता रहा है. 8 अगस्त, 1949 की संधि द्वारा भारत ने भूटान को वार्षिक रूप से ₹ 5 लाख की आर्थिक सहायता राशि देनी प्रारम्भ की. 1959 में भारत में जलगाँव (पश्चिम बंगाल) से पारो व थिम्पू तक सड़क निर्माण हेतु 15 करोड़ की सहायता प्रदान की. बाद में थिम्पू को सड़क मार्ग से असम के साथ जोड़ दिया गया. 1960 से भारत ने पूर्व 5 लाख से अतिरिक्त लगभग ₹ 7 लाख प्रतिवर्ष देने का वायदा किया. भारत ने ₹ 5 करोड़ की लागत से बनने वाली भूटान व पश्चिमी बंगाल सीमा पर ढाका पन बिजली परियोजना को स्वीकृति प्रदान की. भारत अपनी ओर से भूटान की विकासीय आवश्यकताओं के प्रति पूरी तरह से सचेत है तथा सदैव ही इसने भूटान के आर्थिक विकास में योगदान दिया है. भारत ने इस छोटे हिमालियाई देश के लिए दूरसंचार, यातायात तथा औद्योगिक सुविधाओं के विकास के लिए आर्थिक, भौतिक तथा तकनीकी सहायता प्रदान की है. भारत ने उत्तरी बंगाल में फुतसोलिंगे से भूटान की राजधानी थिम्पू तक 200 किलोमीटर लम्बी सुन्दर सड़क तथा पारो व थिम्पू में हवाई पट्टियों का निर्माण किया है. भारत ने 1975 में चुक्खा नदी जल विद्युत् गृह के निर्माण पर तथा पुरदेन सीमेंट योजना की पूर्ण लागत लगभग 83 करोड़ स्वयं वहन करने का निर्णय लिया.

भूटान की पंचवर्षीय योजनाओं के लिए भी भारत ने उदार रूप से सहायता की. पहली पंचवर्षीय योजना हेतु भारत ने ₹ 17·22 करोड़ की सहायता प्रदान की.

महत्वपूर्ण तिथियाँ

- *1865 में भारत-भूटान के मध्य सम्बन्धों की ऐतिहासिक शुरूआत सिनचुला संधि से हुई.*
- *1910 में भारत-भूटान के मध्य पुनरखा संधि हुई.*
- *8 अगस्त, 1949 को भारत-भूटान के मध्य 'चिरस्थाई शान्ति और मित्रता' की संधि हुई.*
- *सितम्बर 1958 में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने प्रथम भूटान यात्रा की.*
- *1967 में भूटान नरेश वांगचुक ने भारत यात्रा की.*
- *5 अप्रैल, 1964 को भूटान प्रधानमंत्री दोरजी की हत्या कर दी गई.*
- *1968 व 1972 में भारतीय प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने भूटान की यात्रा की.*
- *1972 में भूटान नरेश की मृत्यु के बाद राजकुमार जिग्मे सिग्मे वांगचुक राजा बना.*
- *1978 में भूटान नरेश जी. एस. वांगचुक ने भारत यात्रा की.*
- *1985 में भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भूटान यात्रा की.*
- *नवम्बर 1977 व नवम्बर 1981 को क्रमशः भारतीय विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी व नरसिम्हा राव ने भूटान यात्रा की.*
- *6–9 जनवरी, 1997 व 5–8 अक्टूबर, 1988 को भूटान नरेश जिग्मे सिग्मे वांगचुक ने भारत की यात्रा की.*
- *1954 में भूटान के तत्कालीन नरेश जिग्मे दोर जी, 1984 व 2005 में तत्कालीन नरेश जिग्मे सिग्मे वांगचुक भारत के गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि रहे हैं.*
- *दिसम्बर 1991 में भारत के योजना आयोग के उपाध्यक्ष श्री प्रणब मुखर्जी ने भूटान यात्रा की.*
- *21-22 अगस्त 1988 को प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भूटान की सद्भावना यात्रा की.*
- *दिसम्बर 2003 को भूटानी शाही सेना ने अपनी जमीन का उपयोग भारत के विरुद्ध किसी आतंकवादी गतिविधियों हेतु न करने देने के लिए Operation All Clear शुरू किया.*
- *2006 में भूटान नरेश जिग्मे सिग्मे वांगचुक के पद त्याग कर लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहल की.*
- *16 दिसम्बर, 2006 को भूटान नरेश जिग्मे सिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने नरेश के रूप में कार्यभार सँभाला.*
- *2007 में भूटान के वांगचुक वंश ने 100 वर्ष पूर्ण किए.*
- *फरवरी 2007 को भारत भूटान के मध्य नई चिर स्थायी शान्ति व मैत्री सन्धि पर भारतीय विदेश मंत्री प्रणब मुखर्जी व भूटान नरेश खेसर ने हस्ताक्षर किए.*
- *भूटान संसद के 47 सदस्यीय निचले सदन National Assembly के 24 मार्च, 2008 को तथा उच्च सदन National Council की 25 सीटों के लिए 31 दिसम्बर, 2007 को चुनाव हुए.*
- *2008 में लोकतंत्र की स्थापना भूटान में की गई.*
- *16-17 मई, 2008 को प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भूटान यात्रा की.*
- *6 नवम्बर, 2008 को 28 वर्षीय जी. एस. खेसर नामग्याल वांगचुक का राज्याभिषेक किया गया.*
- *26 जनवरी, 2013 को भूटान के नरेश जिग्मे सिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक भारत के गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि बने.*

द्वितीय पंचवर्षीय योजना हेतु भारत ने ₹ 20 करोड़ की राशि देने की घोषणा की. तृतीय पंचवर्षीय योजना हेतु भारत ने 33 करोड़ की राशि जुटाने का वचन दिया. प्रथम दो पंचवर्षीय योजनाओं हेतु भारत ने सम्पूर्ण योजना राशि प्रदान की, लेकिन तीसरी योजना से इसमें विश्व बैंक तथा अन्य अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों की भागीदारी भी सम्मिलित होने लगी, क्योंकि 1971 में भूटान संयुक्त राष्ट्र संघ, 1973 में गुट निरपेक्ष आन्दोलन, विश्व बैंक तथा अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का सदस्य बन चुका था, परन्तु फिर भी भारत द्वारा भूटान को दी जाने वाली राशि महत्वपूर्ण थी. छठी पंचवर्षीय योजना में भारत ने ₹ 3000 मिलियन का योगदान तथा सातवीं पंचवर्षीय योजना में यह अंशदान बढ़कर 7500 मिलियन पहुँच गया. 9वीं पंचवर्षीय योजना में भारत का अंशदान ₹ 2600 करोड़ था. अब सहयोग की उसी कड़ी को मजबूत करते हुए भारत ने भूटान को 10वीं पंचवर्षीय योजना में ऊर्जा बुनियादी ढाँचा और कुशलता विकास हेतु ₹ 10,000 करोड़ के आर्थिक सहयोग की पेशकश की है. भूटान के साथ भारत का पूर्णतः मुक्त व्यापार होता है. भूटान की मुद्रा 'नगूलट्रम' को भारतीय रुपए में स्थिर किया जाता है. भारतीय रुपए को भूटान में वैध मुद्रा के रूप में स्वीकार किया जाता है. 1972 में हस्ताक्षरित भारत-भूटान व्यापार संधि को 10 वर्ष के बाद नया रूप दिया गया था.

1993 में दोनों देशों के मध्य 2500 मिलियन की लागत से तैयार होने वाले कुरीचु पन बिजली परियोजना पर स्वीकृत हुई. इसके अतिरिक्त 'दस्तक योजना' के तहत् दोनों पक्षों में कुछ राष्ट्रीय राजमार्ग व पुलों को बनाने की स्वीकृत हुई. इसके साथ भूटान के लिए अत्यन्त हर्ष की बात है कि भारत ने दोनों के बीच उधार राशि की 100 मिलियन से बढ़ाकर 250 मिलियन कर दी है. जनवरी 2006 में भारतीय रेलवे ने भारत तथा भूटान के बीच में पाँच सम्भावित रेल सम्पर्कों की पहचान की. इसमें से दो सम्पर्कों ने भारतीय प्रान्त पश्चिमी बंगाल को भूटान से जोड़ना था, जबकि तीन सम्पर्कों ने भारतीय प्रान्त असम तथा भूटान का जोड़ना था. भूटान की 1020 मेगावाट की "ताला जलविद्युत परियोजना" का लोकार्पण नेशनल असेम्बली परिसर में ही प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 17 मई, 2008 को किया यह परियोजना पूर्णतः भारत की आर्थिक सहायता से स्थापित की गई जो मार्च 2007 में चालू हुई थी. भारत भूटान पुनत्सांगछू द्वितीय व मान्दछू की दो विशाल जल विद्युत परियोजनाओं का संयुक्त रूप से निर्माण ... का मनमोहन सिंह ने मई 2008 में कहा. उन्होंने भारत भूटान का द्विपक्षीय व्यापार अगले पाँच वर्षों में 2013 तक बढ़कर ₹ 100 अरब का हो जाने की आशा भी व्यक्त की.

21वीं शताब्दी में भारत-भूटान सम्बन्ध पहले की तरह ही सकारात्मक रूप में विकसित हो रहे हैं. दोनों देशों के नेता और अधिकारी एक-दूसरे के साथ निरन्तर सम्पर्क में रहे हैं तथा दक्षिण एशिया क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC) मंच पर दोनों देशों ने आपसी सहयोग को भी बढ़ाया है और उसका प्रमाण भी दिया है. अपनी ओर से भूटान ने भी भारत के सहयोग की हमेशा प्रशंसा की है तथा भारत के साथ सौहार्दपूर्ण तथा मधुर सम्बन्ध बनाए रखने का प्रयत्न किया है. भारत तथा भूटान अच्छे पड़ोसी हैं जैसाकि भूटान के राजा जिग्मे सिग्मे वांगचुक ने कहा है कि "भारत न केवल हमारा पड़ोसी देश है बल्कि हमारा अन्तरंग मित्र भी है." (India is not only our close neighbour but our genuine friend also). भारत भूटान के साथ सहयोग तथा मैत्री को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता को पूर्णतः महसूस करता है. भूटान ने भारत के साथ गहरी मित्रता निभाई है क्योंकि यह दोनों देशों की सुरक्षा तथा राष्ट्रीय हितों में मेल खाती है. इन गहरे सम्बन्धों को दोनों ओर से अधिक महत्व तथा सुदृढ़ता प्रदान की जानी चाहिए.

शेष पृष्ठ 117 पर

sscexamonline.blogspot.com

वित्तीय आलेख

प्रतिगामी बंधक (Reverse Mortgage) का अर्थ, महत्व एवं उपयोगिता

✍ संतोष श्रीवास्तव

एक परिवार का मुखिया अपनी जिन्दगी का बहुमूल्य समय परिवार के पालन-पोषण एवं अन्य जरूरी चीजों को इकट्ठा करने में लगा देता है. इस समय वह एक-एक पैसा जमा करता है और किसी तरह एक मकान बना पाता है, लेकिन तब तक वह वृद्धावस्था तक पहुँच जाता है और जब उसके आराम के दिन आते हैं, तब कई बार उसके बेटे-बहू उसे एकाकी एवं अभावपूर्ण जिन्दगी जीने को मजबूर कर देते हैं, जबकि उस समय वह उस मकान का मालिक तो होता है, जिसमें वह रहता है, परन्तु वही मकान उसके लिए कोई विशेष महत्व नहीं रखता है.

वास्तव में बुजुर्गों को सम्मानपूर्ण जीवन जीने के लिए ही सरकार ने एक प्रयास किया है, जिसमें प्रतिगामी बंधक के प्रावधान किए गए हैं. इसके अन्तर्गत बैंक बुजुर्ग एवं वृद्धजनों को सहज, सुलभ उत्पाद उपलब्ध करवा कर एक सहारा प्रदान करते हैं और उनकी बुढ़ापे की लाठी बनते हैं. अपनी खून-पसीने और मेहनत की गाढ़ी कमाई से बनाए गए मकान एवं अचल सम्पत्ति को बैंक प्रतिगामी बंधक रखकर एक सुविधा प्रदान करते हैं.

प्रतिगामी बंधक का अर्थ एवं मुख्य प्रावधान

भारतीय रिजर्व बैंक ने नई 2007 में सब्सिडियरी नेशनल हाउसिंग बैंक द्वारा प्रतिपादित प्रतिगामी बंधक सुविधा प्रदान की है. इसके अन्तर्गत बैंक एवं अन्य हाउसिंग फाइनेंस कम्पनियाँ निम्नलिखित उद्देश्य से काम कर रही हैं–

- 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को अपनी जीविका चलाने के लिए संसाधन जुटाने/आय के लिए यह योजना काम करेगी.
- ऐसे बुजुर्ग व्यक्तियों के अपने स्वामित्व वाले मकान जिसमें वे स्वयं निवास करते हैं और उस पर पहले कोई अभिभार न हो तथा जो सम्पत्ति आगामी 20 वर्ष तक चल सकती हो, उसके वर्तमान बाजार मूल्य के आधार पर एकमुश्त तथा नियमित अवधि (मासिक/त्रैमासिक/आदि) आधार पर कम-से-कम ₹ 1-00 तथा अधिक-से-अधिक ₹ 1-00 करोड़ तक की राशि ऋण के रूप में प्रदान की जाएगी, जिसकी अधिकतम अवधि 20 वर्ष तक हो सकती है. यह राशि मकान की वर्तमान बाजारी कीमत का 60 प्रतिशत तक हो सकती है.
- लिए गए ऋण पर लगने वाले ब्याज का भुगतान ऋणी द्वारा नहीं किया जाता है, क्योंकि ऋण तथा ब्याज की रकम, ऋण अवधि उपरान्त या उससे पहले ऋणी की मृत्यु होने अथवा मकान हमेशा के लिए छोड़ने की स्थिति में मकान बेचकर बैंक प्राप्त कर लेता है.
- यदि मकान बेचने से प्राप्त राशि ऋण एवं ब्याज से अधिक होती है, तो ऋण समायोजन के उपरान्त आधिक्य राशि ऋणी के वारिसों को दे दी जाती है.
- इसके अलावा यदि ऋणी के वारिस चाहें, तो ऋण अवधि से पूर्व ऋण चुका कर, मकान को बंधक मुक्त करा सकते हैं.
- इस व्यवस्था के अन्तर्गत ऋणी को मकान की समुचित देखभाल करनी होती है एवं सम्पत्ति कर, जल कर, बिजली बिल आदि का नियमित भुगतान करना होता है अन्यथा बैंक को ऋण राशि में से भुगतान करना होगा.
- प्रत्येक पाँच वर्षों के बाद मकान/सम्पत्ति का पुनर्मूल्यांकन किया जाता है तथा बढ़े हुए मूल्य के अनुसार हितग्राही को अधिक राशि का भुगतान किया जा सकेगा.
- इस योजना में ऋणी अपने ही मकान में पूर्ण हक और सम्मान से रह सकता है.

भारत में प्रतिगामी बंधक की स्थिति

भारत में अभी इसकी स्थिति बहुत अच्छी नहीं है. राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) की वर्ष 2010-11 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार दिनांक 30-6-2011 तक 23 बैंक एवं 2 आवास वित्त निगमों द्वारा 8903 वरिष्ठ/बुजुर्ग/वृद्धजन नागरिकों को ₹ 1740 करोड़ का ऋण प्रदान किया गया है. इसमें आगामी वर्षों में तेजी से वृद्धि की सम्भावना है, क्योंकि दिनोंदिन इसका प्रचार-प्रसार हो रहा है एवं वृद्धजन इसकी उपयोगिता समझ रहे हैं. अमरीका एवं यूरोपीय देशों में यह योजना बहुत सफल रही है और वहाँ अधिकाधिक वृद्धजन इस योजना का लाभ उठाते हुए सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं.

भारत में प्रतिगामी बंधक की सम्भावनाएं

वर्ष 2013 तक भारत में 10 करोड़ आबादी 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों की होगी, जबकि अभी तक इस योजना से केवल 10,000 ऋणी जुड़े हैं, इस दृष्टि से भारत में प्रतिगामी बंधक की अपार सम्भावनाएं हैं.

भारत में प्रतिगामी बंधक में व्यवधान

- वृद्धावस्था में भारतीय बुजुर्ग अपने बच्चों पर आश्रित हो जाते हैं तथा वह स्वविवेक से कोई निर्णय नहीं ले पाते हैं. उनके निर्णय बच्चों की सहमति पर आधारित होते हैं. इसलिए प्रतिगामी बंधक के लिए वह स्वतन्त्र नहीं हो पाते हैं, जबकि अमरीका एवं अन्य पश्चिमी देशों में बुजुर्ग निर्णय लेने में ज्यादा स्वतन्त्र एवं सक्षम होते हैं. इस कारण पारिवारिक सम्पत्ति को प्रतिगामी बंधक रखने में उन्हें व्यवधान नहीं आते हैं.
- भारत में बच्चे अपने माँ-बाप के जिन्दा रहते हुए ही उनकी सम्पत्ति पर अपना अधिकार समझने लगते हैं. ऐसी स्थिति में माता-पिता सम्पत्ति को प्रतिगामी बंधक नहीं रख पाते हैं.
- बुजुर्गों को सम्पत्ति से भावनात्मक लगाव ज्यादा रहता है, इसलिए वह अभावपूर्ण जीवन जीते हुए भी अपने नाम सम्पत्ति को प्रतिगामी बंधक रखने में रुचि नहीं रखते हैं.
- प्रतिगामी बंधक से बुजुर्ग को धन तो मिल जाता है, परन्तु सेवा-सुश्रूषा नहीं मिल पाती है. साथ ही वह यदि अपने बच्चों की सहमति या इच्छा के बिना सम्पत्ति को प्रतिगामी बंधक रख देते हैं, तो उन्हें बच्चों की उपेक्षा का शिकार होना पड़ता है.
- भारत के सामाजिक बंधनों एवं व्यवस्था के अन्तर्गत बुजुर्ग समाज की अनदेखी कर कोई ऐसा निर्णय नहीं ले पाते हैं, जो परिवार के अन्य सदस्यों को मंजूर नहीं हो.
- चूँकि प्रतिगामी बंधक के अन्तर्गत ऋण चुकौती अन्त में बच्चों को करनी पड़ती है, इसलिए वह अपने माता-पिता की इस पहल का विरोध करते हैं.
- सम्पत्ति को प्रतिगामी बंधक रखने के बजाय, बुजुर्ग मकान में किरायेदार रखना पसन्द करते हैं, जिससे कि उनकी देखभाल भी हो जाए एवं जीवन-यापन के लिए धन भी मिलता रहे.

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

प्रतिगामी बंधक को लोकप्रिय बनाने के उपाय

- इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए.
- इस योजना को और अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं को इसे सरल एवं आकर्षक बनाने की तरफ ध्यान देना चाहिए, जिससे अधिकाधिक लोगों को इसके लाभ मिलने की संभावनाएं बन सकें.
- ऋणी के बच्चों पर ऋण चुकौती का आर्थिक बोझ नहीं पड़े इसके लिए ऋणी का ऋण राशि तक का व्यक्तिगत बीमा करने की सुविधा को एक पैकेज के रूप में इस योजना में शामिल किया जाएगा, तो यह योजना और अधिक लोकप्रिय होगी.
- ऋण आकलन, वितरण तथा समीक्षा प्रणाली की उलझनों तथा जटिल कानूनी प्रावधानों एवं पारदर्शिता के अभाव में ऋणी इस योजना का लाभ लेने के इच्छुक नहीं होते हैं, अतः नीति-निर्धारकों को इस तरह ध्यान देना चाहिए, जिससे यह लोकप्रिय हो सके.
- पैतृक सम्पत्ति के लिए यह योजना/सुविधा उपलब्ध नहीं है. अतः इसको भी योजना में शामिल कर इसे लोकप्रिय बनाया जा सकता है.

प्रतिगामी बंधक की एक वैकल्पिक योजना

भारत में 2007 से लागू प्रतिगामी बंधक योजना को अपेक्षित सफलता न मिल पाने पर कतिपय वाणिज्यिक बैंकों (विशेष रूप से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया) ने भारतीय रिजर्व बैंक से 'एक नवीन बंधक उत्पाद' जो आवास ऋण तथा प्रतिगामी बंधक ऋण का संयुक्त स्वरूप है, को प्रारम्भ किए जाने की अनुमति मांगी है. इस नवीन अभिनव उत्पाद की अवधि 20 वर्ष या इससे अधिक होगी, जिसमें से प्रारम्भिक 10 वर्ष सामान्य आवास ऋण के रूप में होंगे, जिसे बाद में प्रतिगामी बंधक ऋण के रूप में परिवर्तित किया जा सकेगा. आवास ऋण लेने के 10 वर्ष बाद ऋण लेने वाले के लिए निम्नलिखित विकल्प खुले होंगे–

- सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त होने वाले सेवा नैवृत्तिक प्राप्तियों से सम्पूर्ण ऋण एवं उस पर देय ब्याज का भुगतान कर दें.
- बकाया ऋण राशि एवं उस पर देय ब्याज का आंशिक रूप से भुगतान कर दें तथा शेष धनराशि को प्रतिगामी बंधक ऋण के रूप में परिवर्तित कर दें.
- सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि एवं उस पर देय ब्याज को प्रतिगामी बंधक ऋण के रूप में परिवर्तित कर दें.

वास्तव में प्रतिगामी बंधक योजना का उद्देश्य बुजुर्ग व्यक्तियों को एक सम्मानपूर्ण जीवन देना है, जहाँ वह अभाव की जिन्दगी से उबर कर, अपने मनमाफिक खा-पहन सके एवं बीमारी की स्थिति में अपना समुचित इलाज आदि करा सके. यह योजना विशेष कर उन बुजुर्गों के लिए बहुत कारगर एवं उपयोगी है, जो व्यवसायी हैं एवं जिनको पेंशन आदि से कोई नियमित आय नहीं होती है. इसके अलावा किसी गम्भीर बीमारी में जब धन की आवश्यकता हो एवं बच्चे पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहे हों, तब इस योजना के अन्तर्गत एकमुश्त राशि प्राप्त की जा सकती है.

ऐसा माना जा रहा है कि बुजुर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दृष्टि से यह योजना एक महत्वाकांक्षी एवं उपयोगी सिद्ध होगी. जैसे-जैसे इसका व्यापक प्रचार-प्रसार होगा एवं इसके लाभ बुजुर्गों तक पहुँचेंगे, प्रतिगामी बंधक भविष्य में लोकप्रिय होता जाएगा, ऐसी पूर्ण सम्भावना है.

●●●

शेष पृष्ठ 86 का

- संगठन में कार्मिक समूह के रूप में टीम भावना से कार्य करते हैं, अतः कई बार टीम की आड़ में अच्छा कार्य न करने वाले कार्मिक बच निकलते हैं, लेकिन ड्यूटी बदलकर उन्हें चिह्नित किया जा सकता है अथवा उनके कार्य निष्पादन का मूल्यांकन किया जा सकता है.
- कार्मिकों को उचित पारिश्रमिक एवं विभिन्न प्रेरणाएं (Incentives) प्रदान की जाएं.
- प्रबन्ध में सहभागिता से भी कार्मिकों को अपनी बढ़ी हुई जवाबदेयता का अहसास होता है.
- अच्छा कार्य करने वाले कार्मिक या टीम के कार्य की प्रशंसा करनी चाहिए.
- कार्य की सराहना के साथ-साथ श्रेष्ठ कार्य निष्पादन करने वाले कार्मिकों को पुरस्कृत किया जाना चाहिए. ऐसा करके कार्मिकों को और अधिक जवाबदेय बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है.
- जवाबदेयता का ठीक ढंग से निर्वाह करने वाले कार्मिकों को पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराये जाएं.
- जवाबदेयता पूरी नहीं करने वाले कार्मिकों को दण्डित भी किया जाना चाहिए.
- कार्मिकों के कार्यों का नियमित अनुश्रवण होता रहना चाहिए. अच्छा प्रदर्शन करने वाले कार्मिक सदैव यह चाहते हैं कि उनके कार्यों का अनुश्रवण होता रहे क्योंकि उन्हें कामचोरी करते हुए पकड़े जाने का भय नहीं होता है.
- अनुश्रवण रिपोर्ट के बारे में सम्बन्धित कार्मिक या टीम के साथ प्रबन्धकों का खुला विचार-विमर्श होना चाहिए. इससे कार्मिक अपनी खूबियों एवं कमियों के बारे में जानकारी कर सकेंगे.
- अनुश्रवण रिपोर्ट में दर्शायी गई कमियों को दूर करने के लिए कार्मिक सदैव तत्पर रहने चाहिए तथा ऐसे कार्मिकों के प्रति प्रबन्धकों की सोच सकारात्मक ही होनी चाहिए.
- इस उपागम की सफलता के लिए यह भी आवश्यक है कि कार्मिक प्रबन्ध सम्बन्ध सौहार्दपूर्ण हों. अतः दोनों पक्षों को मधुर सम्बन्ध बनाए रखने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए.

सार रूप में यह कहा जा सकता है कि प्रबन्धक उपर्युक्त वर्णित बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए कार्मिकों की जवाबदेही को बढ़ाकर उनसे बेहतर उत्पादकता हासिल करने के साथ उनमें संगठन के प्रति निष्ठा, वफादारी एवं विश्वास की भावना जाग्रत कर सकते हैं.

●●●



शिक्षा में नई सदी की चुनौती : ऑनलाइन-शिक्षा

✍ डॉ. जितेन्द्र लोढ़ा

शिक्षा के तीन परम्परागत रूप अभी तक हमारे सामने है—स्कूल, कॉलेज जाकर शिक्षा प्राप्त करना, किसी बोर्ड या विश्व-विद्यालय से पत्राचार-पाठ्यक्रम के तहत् पढ़ाई करना और स्कूल, कॉलेज जाए बिना निजी परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा देना. इस कड़ी में अब एक और रास्ता खुला है—'ऑनलाइन-शिक्षा' यानी इन तीनों के गुणों को समाहित करते हुए टेक्नोलॉजी से सज्जित-शिक्षा. इस शिक्षा का मतलब है—इंटरनेट के जरिए कम्प्यूटरी ज्ञान के तमाम औजारों से लैस शिक्षा. अर्थात् स्कूल, कॉलेज एवं विश्वविद्यालय न जाकर, विद्यार्थी इंटरनेट के माध्यम मल्टी-मीडिया से सज्जित पाठों को न केवल पढ़कर, बल्कि दिशापरक ऑनलाइन परामर्श प्राप्त कर, सतत् स्वरूप में ज्ञान को लेते हुए, घर बैठे ऑनलाइन परीक्षा देकर, डिग्री हासिल करता है. कम्प्यूटर व सूचना प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षा की इस अवधारणा में अब ताजातरीन सोशल-नेट-वर्किंग साइट्स अर्थात् सोशल-मीडिया के दस्तक देने पर, शिक्षा की विकास-यात्रा को जहाँ एक ओर अनेक नवीन आयाम व मददगारियाँ मिली है, तो वहीं दूसरी ओर कुछ हानिप्रद पहलू भी उठ खड़े हुए हैं, जिन पर चिन्तन करना, सामयिक और समीचीन होगा.

विश्व में शिक्षा के इस बदलते स्वरूप के चलते अब कोई भी 'एकलव्य' बन सकता है. शिक्षा की इस वर्चुअल (आभासी) दुनिया में बड़ी आसानी से पाठ्यक्रम, अध्ययन सामग्री एवं गुरु के साथ-साथ डिग्री देने वालों को तलाशा जा सकता है. शिक्षा के इस नव नवेलेपन में आज सवाल है, सवालों के हल हैं, संवाद है, वाद है, विवाद है, बहस है, सूचना है, ज्ञान है, विज्ञान है, सलाह है, मशविरा है, खुलापन है, लचीलापन है, सापेक्षिक समय है, सापेक्षिक स्थान है, हर आयु एवं वर्ग का विद्यार्थी है, तुरन्त प्रतिक्रिया के साथ तुरन्त ही परिणाम है. इंटरनेट के व्यापक विस्तार के चलते अब शिक्षा में भी मानो सब कुछ तुरन्त हो रहा है, अर्थात् इंस्टेंट (फटाफट). तुरन्तवाद के इस उत्साह ने इंटरनेट की दुनिया में एक विशिष्ट सैशिक-जोश भर दिया है, जिसके चलते ज्ञान व सूचनाएं अब मुक्त हैं, वितरित हैं, सम्पादन की जिम्मेदारी आपकी है. आपका एक सवाल, जवाब, सुझाव या विचार, एक कोलाहल या एक क्रान्ति भी बन सकता है. जाहिर है कि ज्ञान की प्राप्ति और किसी विषय में गहराई से अध्ययन के लिए अब आवश्यक नहीं कि शिक्षा के पारम्परिक एवं औपचारिक साधनों की शरण ली जाए. आज ऑनलाइन कम्युनिटीज पर यदि लगन के साथ प्रयास किया जाए, तो कोई भी विद्यार्थी किसी भी विषय में महारत हासिल कर सकता है और ऐसी प्रतिष्ठा अर्जित कर सकता है, जिसकी सम्भावनाओं का कहीं कोई छोर नहीं है.

इस दिशा के यक्ष प्रश्न ये हैं कि सोशल-नेटवर्किंग के क्या मायने हैं? क्या ऑनलाइन शिक्षा की अवधारणा में सोशल-नेटवर्किंग अर्थात् सोशल-मीडिया का प्रयोग करना अच्छा है या बुरा ?

जब सोशल-नेटवर्किंग की बात आती है, तो हमारा ध्यान आरकुट, फेसबुक, ट्विटर एवं यू-ट्यूब जैसी सोशल-साइट्स पर जाता है, लेकिन सोशल-नेटवर्किंग या सोशल-मीडिया का मायना इन साइट्स से ऊपर उठकर, उन सभी इंटरनेट आधारित कम्युनिटी से है, जहाँ उपयोगकर्ता जनित सामग्री (यूजर जनरेटेड कंटेंट) को साथ-साथ तैयार किया जा सकता है, साझा किया जा सकता है, उस पर चर्चा की जा सकती है, उस पर सवाल खड़े कर, जवाबों का आकलन कर, परिमाप दिया जा सकता है. अर्थात् एक नया मकसद दिया जा सकता है. अतः यह कहना अधिक सुरक्षित होगा कि कम्प्यूटर व सूचना-प्रौद्योगिकी में नए-नए प्लेटफार्म्स आते रहेंगे जो शिक्षा के विकास को सामयिक गति प्रदान करते रहेंगे, क्योंकि वेबसाइट माई स्पेस व आरकुट की तरह यू-ट्यूब, फेसबुक एवं ट्विटर आदि के भविष्य का अनुमान लगाना भी कठिन है, जबकि शिक्षा तो एक सतत् अवधारणा है, जो हर विकास व नवाचार के आधार के साथ-साथ सहगामिनी भी है.

सोशल-नेटवर्किंग की साइट्स ने अपनी उपयोगिता साबित की है, यह एक अध्ययन का विषय है, खासकर जनांदोलनों में उसने एक कारगर भूमिका का निर्वहन किया है. अनेक खतरों के साथ उसके सामाजिक लाभों का मूल्यांकन होना अभी शेष है. शिक्षा के क्षेत्र में इसके प्रभाव की गहराई को मापने के लिए, हमें शिक्षा के वर्तमान उद्देश्यों व परिस्थितियों पर दृष्टिपात करना होगा, साथ ही हमें यह विचार करना होगा कि सोशल नेटवर्किंग साइट्स शिक्षा के वर्तमान उद्देश्यों को प्राप्त करने में किस सीमा तक सहायक है या बाधक है ?

यदि शिक्षा के उद्देश्य ज्ञानार्जन, ज्ञान के एक या विविध क्षेत्रों की गहरी समझ पैदा करना और उसमें प्रवीणता, सृजनात्मकता, नवाचार एवं सम्यक् मूल्यों का संवर्द्धन करना है, तो निःसंदेह सोशल-नेटवर्किंग साइट्स से लाभ होगा है, क्योंकि गहरी समझ के लिए संवाद और सहयोग दो अनिवार्य घटक हैं और इन दोनों घटकों के लिहाज से सोशल-साइट्स उपयुक्त मंच है. बड़ा फायदा यह है कि सोशल-साइट्स विद्यार्थियों में विवेचना, बहस, चर्चा, प्रदर्शन, प्रकटीकरण एवं अभिव्यक्ति आदि की शक्ति को ननोवैज्ञानिक दृष्टि से नवीनता एवं विविध उद्दीपक लिए हुए विकसित कर सकती है. इसीलिए ही मुक्त विश्वविद्यालयों द्वारा टेलीविजन की शक्ति को अध्ययन के साथ जोड़ा जाता है. अतः कहा जा सकता है कि सोशल-नेटवर्किंग द्वारा शिक्षा के ज्ञानार्जन, स्व-संतोष, स्व-विकास, स्व-चेतना एवं आनन्द प्राप्ति जैसे सभी लक्ष्यों की आपूर्ति की जा सकती है, पर शर्त यह है कि इनका उपयोग गांभीर्य व विवेक के साथ होना चाहिए.

विद्यालयों में निश्चित पाठ्यक्रम के माध्यम से ज्ञान के विभिन्न बिन्दुओं को संग्रह कर, उनके अनेक पक्षों को परस्पर जोड़कर, शिक्षकों द्वारा परोसा जाता है. इसी प्रकार ऑनलाइन शिक्षा की साइट्स भी अपने पाठकों या हितग्राहियों को ज्ञान के विविध क्षेत्रों व उनके बिन्दुओं को जोड़ने में मदद करता है. अर्थात् यह विद्यार्थियों को अध्ययन की विविधता, चित्रमय व लाइव प्रदर्शन के साथ-साथ बहु-सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य प्रदान करता है. शिक्षा मनोवैज्ञानिक हार्वर्ड गार्डनर के अनुसार, "अच्छी समझ के लिए विद्यार्थियों को अपने ज्ञान को विविध रूपों में व्यक्त करने के अवसर देना, ज्यादा अच्छा होता है". प्रकृति से मल्टी-मीडिया होने के कारण यह विद्यार्थियों को अभिव्यक्ति व ज्ञान-प्रदर्शन के लिहाज से टेक्स्ट (लिखित सामग्री भाग) प्रस्तुतिकरण (स्लाइड-शेयर) वीडियो (यू-ट्यूब) जैसे अनेक सहज माध्यम उपलब्ध कराता है. इस प्रकार की पढ़ाई से विद्यार्थियों में कुछ सृजनात्मक करने का आत्मविश्वास तो बढ़ेगा ही साथ ही उनमें स्वायत्तता व स्व-प्रेरणा के चलते स्व-हितों से बढ़ा कुछ करने की उत्कण्ठा भी पैदा होगी.

विद्यार्थियों की उपलब्धि का आकलन उन्हीं के प्रदर्शन में छुपा होता है. अनौपचारिक

sscexamonline.blogspot.com

व अप्रत्यक्ष आकलन, औपचारिक आकलन से बेहतर होता है. इसमें किसी प्रकार की परीक्षा का भय नहीं होता. अतः ऑनलाइन शिक्षा का अदृश्य मूल्यांकन विद्यार्थियों के मनोबल को कुंठित नहीं करेगा. अपने आकलन के प्रति वे स्वतन्त्र रूप से प्रतिक्रिया भी दे सकते हैं. विविध स्रोतों से दिशापरक सुझाव प्राप्त कर, सतत् सुधार भी कर सकते हैं. इस प्रकार स्पष्ट है कि 'ऑनलाइन रूपी शिक्षा' के आयाम में विद्यार्थियों की उच्चस्तरीय भागीदारी सुनिश्चित् है, जो उनके सर्वांगीण-विकास के लिए अनिवार्य व आवश्यक है.

ऑनलाइन आधारित शिक्षा का विशिष्ट फायदा यह है कि शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक अपने-अपने व मिश्रित संघ बनाकर, समस्या-समाधान व सूचनाओं को साझा कर सकते हैं. शैक्षिक-प्रबन्धन इन मंचों के जरिए सशक्त जन-सम्पर्क व प्रतिष्ठा अर्जित कर सकता है. अनेकानेक शिक्षकों के लेख आदि–साइट्स पर लोकप्रिय व प्रसिद्ध हैं, जिन्हें लाखों विद्यार्थी ऑनलाइन अपना रहे हैं.

नेटवर्किंग की शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उपयोगिता तो है, लेकिन इसके खतरों को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. शिक्षा के क्षेत्र में इसे आँखें बन्द करके भी नहीं अपनाया जा सकता है. ज्ञान व सूचनाओं को तोड़-मरोड़कर पेश करना, असम्पादित व अमर्यादित अध्ययन-सामग्रियों की प्रचुरता का खतरा, अवसाद व अनेक प्रकार के शारीरिक व मानसिक रोगों का खतरा, नकली प्रोफाइल व पाठ्यक्रमों से छले जाने का खतरा, स्वतंत्रता व स्वच्छंदता के नाम पर संस्कारों व मूल्यों के पतित होने के भय जैसे अनेक खतरे हमें सावधान कर रहे हैं कि इस दिशा में सँभल-सँभल कर कदम उठाना, वरना अर्थ का अनर्थ भी हो सकता है.

शिक्षा के क्षेत्र में इंटरनेट-साइट्स के प्रयोग के संशयवादियों (आलोचकों) में बहुत सारे शिक्षक व अभिभावक शामिल हैं, जो यह मानते हैं कि इन साइट्स पर ध्यान बाँटने वाली सामग्रियों की भीड़ जमा है, जिससे विद्यार्थियों पर अवांछित व बुरा प्रभाव पड़ेगा और वे अपने मूल लक्ष्य से भटक जाएंगे. प्रसिद्ध अमरीकी लेखक निकोलस कार का मानना है कि "इंटरनेट का लम्बा व सतत् प्रयोग जहाँ एक ओर तथ्यों की पहचान और छान-बीन की जन्मजात योग्यता को सुधारता है, वहीं दूसरी ओर यह ध्यान केन्द्रित करने और सोचने की बौद्धिक क्षमताओं को क्षीण कर देता है". ऐसा व्यवहार में भी कई बार देखा गया है कि जो शिक्षाकर्मी अध्ययन करवाने में पॉइन्ट प्रस्तुतिकरण का सहारा लेते हैं, जब तक पॉवर है, तब तक तो ठीक है, जैसे ही किसी कारण से पॉवर कट हुई न कि उनके व्याख्यान का प्रवाह खण्डित हो जाता है. कमोबेश यही हाल विद्यार्थियों का भी है. हर अध्ययन व प्रोजेक्ट निर्माण सम्बन्धी कार्यों में गूगल या इन साइट्स को बृहस्पति मानकर, उनके द्वारा अध्ययन को इतिश्री प्रदान करने का चलन बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते पुस्तकालयों में जाने एवं विविध शैक्षिक-संदर्भों का अवलोकन करने की प्रवृत्ति आज शिक्षकों व विद्यार्थियों दोनों में क्षीण होती जा रही है. इसके अलावा इसकी सामग्रियों की गुणवत्ता की पहचान, छानबीन और उनके सही सम्पादन का कार्य क्या विद्यार्थी-वर्ग सही मायने में कर पाएगा, यह भी एक विचारणीय विषय है.

देखा जा रहा है कि नेटवर्किंग साइट्स का प्रयोग विद्यार्थियों में व्यसन का रूप लेता जा रहा है, वे घण्टों-घण्टों उसका प्रयोग कर रहे हैं. फलतः मानसिक थकान व अन्य मनोशारीरिक व्याधियाँ उन्हें बैठे-बिठाए मिल रही हैं, इसके साथ-साथ औपचारिक पढ़ाई के समय का आकार भी छोटा होता जा रहा है. देखा गया है कि विद्यार्थी कक्षाओं में पढ़ाई के समय के दौरान छुप-छुपकर मोबाइल या टेबलेट पर चैटिंग, वीडियोगेम या फिल्म देख रहे होते हैं, जैसे ही शिक्षक की उन पर नजर जाती है, तो वे शॉर्टकट से तुरन्त बन्द कर देते हैं. अर्थात् अब इस दिशा में निगरानी रखने का कार्य भी कठिन होता जा रहा है. इतना ही नहीं है, हाल ही के दिनों अनेक विद्यार्थियों द्वारा इन साइट्स के शर्मसार व आपत्तिजनक प्रयोग के मामले हम सबके सामने प्रत्यक्ष हुए हैं, जो सामाजिक-दृष्टि से चिन्ता के विषय हैं.

थोड़ा और आगे बढ़कर विश्लेषण करें, तो नजर आता है कि शैक्षिक-अनुसन्धानों एवं शोधपत्रों में इन साइट्स की सामग्रियों का कट-पेस्ट व अविश्वसनीय संदर्भों के प्रयोग का चलन भी चल निकला है, जो हमें गलत व असार्थक परिणामों की ओर भी ले जा सकता है. आज शिक्षक, छात्र, माता-पिता, लेखक, पत्रकार, शिक्षाशास्त्री, समाजशास्त्री, अर्थशास्त्री एवं विधि-विज्ञ सहित अनेकानेक शिक्षा के पैरोकार इन साइट्स की दुनिया में शामिल हो चुके हैं. इन्हीं की सोच के दायरे से शिक्षा में रोज-ब-रोज नए फॉर्मूले काम करते दिख जाते हैं. फलतः शैक्षिक-क्षेत्रों में उच्चस्तरीय बदलाव व नवाचारों का आलम छाया हुआ है.

शिक्षा में ऑनलाइन शिक्षा को सम्मिलित करने के प्रश्न पर, इसके गुण व दुर्गुणों के अवलोकन के पश्चात्, यही कहा जा सकता है कि वर्तमान समय की आवश्यकता व हितधारियों की माँग के चलते, इसकी प्रबल आवश्यकता है. इसकी उपयोगिताओं को नकारा भी नहीं जा सकता. अतः इसे शिक्षा के साधन के रूप में स्वीकार कर केवल विकास एवं ज्ञान के साधन के रूप में इस्तेमाल किया जाए तो अच्छा है. इसलिए हमें शिक्षा में इसके प्रयोग के हानिप्रद पहलुओं के प्रति न केवल सतत् सचेत रहना होगा, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में इसके नए व रचनात्मक पहलुओं को पुरजोर दिशा प्रदान कर अनेकानेक फायदे भी लेने होंगे. नेटवर्किंग की दुनिया में वार्तालाप, सहयोग, मित्रता, सामंजस्य, वैश्विक पहुँच, अपेक्षा पर खरा उतरने और कम लागत पर शिक्षा की जो सम्भावनाएं निहित हैं, उन्हें यदि शिक्षण और प्रशिक्षण का हिस्सा बनाया जाए, तो हर्ज भी क्या है ? वैसे भी देखा जाए, तो नेटवर्किंग एक प्रकार से सम्प्रेषण का साधन है, यदि उसका कोई बुरा व विध्वंसात्मक प्रयोग करता है, तो इसमें वो साधन दोषी नहीं, बल्कि प्रयोग-कौशल में खामी व प्रयोगकर्ता दोषी है. अतः सोशल-मीडिया के सम्यक् प्रयोग-प्रबन्धन द्वारा शिक्षा की विकास-यात्रा को असीम ऊँचाइयाँ प्रदान की जा सकती हैं, पर शर्त यह है कि उसे शिक्षा के क्षेत्र में एक चुनौती के रूप में मानकर, उसके अच्छे प्रयोग की शोधन प्रक्रिया को जारी रखा जाए. ●●●

UPKAR'S
TEACHER ELIGIBILITY TEST
Solved Papers
(Solved Papers from Various States with Explanatory Answers)

Hindi Edition Code 2159 ₹ 190/-
UPKAR PRAKASHAN
2/11 A, Swadeshi Bima Nagar, AGRA-282 002
E-mail : care@upkar.in • Website : www.upkar.in

sscexamonline.blogspot.com



राजस्थान प्रशासनिक सेवा परीक्षा की तैयारी, नए पैटर्न के साथ

✍ संजय कुमार

राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) द्वारा प्रति वर्ष राजस्थान प्रशासनिक एवं अधीनस्थ सेवाएं (RAS/RTS) संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की जाती है. प्रशासन के क्षेत्र में चुनौतीपूर्ण दायित्व स्वीकार करने वाले अभ्यर्थियों के लिए यह परीक्षा कभी सम्भावनाएं लिए हुए होती है. यह परीक्षा (RAS) राजस्थान प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा, लेखा सेवा, वाणिज्यकर सेवा आदि में अभ्यर्थियों की भर्ती के लिए आयोजित होती है. अधीनस्थ सेवाओं (RTS) के कुछ पद हैं—नायब तहसीलदार, आबकारी निरीक्षक, कनिष्ठ नियोजन अधिकारी आदि. आयोग द्वारा इस परीक्षा को तीन चरणों में विभाजित किया गया है—प्रारम्भिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार.

शैक्षिक योग्यता एवं आयु सीमा—अभ्यर्थी का किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएट (कला, विज्ञान एवं कॉमर्स) होना जरूरी है. ग्रेजुएशन के अन्तिम वर्ष के परीक्षार्थी भी आवेदन कर सकते हैं. उम्मीदवार की आयु सीमा 21 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए. विभिन्न मामलों में आयु सीमा में नियमानुसार छूट है.

प्रारम्भिक परीक्षा—राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आर.ए.एस.) की प्रारम्भिक परीक्षा में अब 200 अंकों का एक ही वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्र होगा. पहले दो पेपर होते थे. यह निर्णय 2013 से आयोजित होने वाली परीक्षा से लागू हुआ है. प्रारम्भिक परीक्षा में भारत और राजस्थान का सामान्य ज्ञान, सामान्य विज्ञान और मानसिक योग्यता से सम्बन्धित प्रश्न होंगे. पहले इसमें एक सामान्य ज्ञान और एक ऑप्शनल सब्जेक्ट का पेपर होता था. इस परीक्षा के अंक चयन के लिए कुल अंकों में नहीं जोड़े जाएंगे.

प्रारम्भिक परीक्षा

प्रश्न-पत्र—सामान्य ज्ञान और सामान्य विज्ञान

अंक—200 समय—3 घण्टे

- प्रश्न-पत्र बहुविकल्पीय प्रकार के 150 प्रश्न होंगे व सभी प्रश्न समान अंक के होंगे.
- मूल्यांकन में ऋणात्मक अंकन किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक काटे जाएंगे.

मुख्य परीक्षा

- लिखित परीक्षा के चारों प्रश्न-पत्रों वर्णनात्मक/विश्लेषणात्मक होंगे. संक्षिप्त, मध्यम, दीर्घ उत्तर वाले और वर्णनात्मक प्रकार के प्रश्नों वाले प्रश्न-पत्र भी होंगे.
- सामान्य हिन्दी और सामान्य अंग्रेजी वाले प्रश्नों का स्तर सीनियर सैकण्डरी स्तर का होगा.

प्रश्न-पत्र	विषय	अंक	समय
प्रश्न-पत्र—I	सामान्य अध्ययन-I	200	3 घण्टे
प्रश्न-पत्र—II	सामान्य अध्ययन-II	200	3 घण्टे
प्रश्न-पत्र—III	सामान्य अध्ययन-III	200	3 घण्टे
प्रश्न-पत्र—IV	सामान्य हिन्दी एवं सामान्य अंग्रेजी-IV	300	3 घण्टे
	सामान्य हिन्दी— 100 अंक		
	अंग्रेजी— 80 अंक		
	राजस्थानी— 20 अंक		

साक्षात्कार—100 अंक

आर.ए.एस. की मुख्य परीक्षा में 200-200 अंकों के चार प्रश्न-पत्र हैं. इसमें तीन प्रश्न-पत्र सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन के और चौथा प्रश्न-पत्र हिन्दी और अंग्रेजी भाषागत ज्ञान का है. पहले आठ पेपर होते थे. इनमें दो पेपर सामान्य ज्ञान के, एक-एक पेपर हिन्दी व अंग्रेजी का तथा दो ऑप्शनल सब्जेक्ट के दो-दो पेपर होते थे. साक्षात्कार 100 अंकों का होगा. पहले 150 अंकों का होता था. उसमें पूरे अंक जुड़ते थे, अब 12-50 प्रतिशत अंक ही जुड़ेंगे.

राजस्थान लोक सेवा आयोग की वेबसाइट—www.rpsc.rajasthan.gov.in

प्रारम्भिक परीक्षा की सफलता के लिए रणनीति

नए पैटर्न के अनुसार आर.ए.एस. प्रारम्भिक परीक्षा का सामान्य ज्ञान (भारत/राजस्थान), सामान्य विज्ञान, व मानसिक योग्यता 200 अंकों का एक प्रश्न-पत्र होगा. इस प्रश्न-पत्र में मानसिक योग्यता के प्रश्नों का भी समावेश किया गया है.

सामान्य ज्ञान को चरणबद्ध तरीके से पढ़ें. प्रारम्भिक परीक्षा में सामान्य ज्ञान के पत्र में लगभग 40 प्रश्न राजस्थान के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, कला, संस्कृति, समसामयिकी से सम्बन्धित होते हैं. शेष प्रश्न भारत के भूगोल, भारतीय इतिहास एवं संस्कृति, दैनिक जीवन में विज्ञान, समसामयिकी एवं मानसिक योग्यता विषयों से सम्बन्धित होंगे. सामान्य ज्ञान के लिए 9वीं से 12वीं कक्षा तक की एनसीईआरटी (इतिहास, भूगोल, विज्ञान) विषयों का अध्ययन अपेक्षित रहता है. विज्ञान के लिए **स्तरीय पत्रिका प्रतियोगिता दर्पण अतिरिक्तांक (Vol-1,2)** का अध्ययन कर सकते हैं. समसामयिक खण्ड को राजस्थान पत्रिका, दैनिक भास्कर समाचार पत्र एवं **कैरियर पत्रिका प्रतियोगिता दर्पण** से अच्छी तरह तैयार किया जा सकता है. राजस्थान की जनसंख्या (2011) के आंकड़े व आर्थिक आंकड़ों पर प्रश्न अवश्य रहेंगे, इसलिए नवीनतम समसामयिकी आंकड़ों सहित विभिन्न विभागों की जानकारी अपेक्षित है.

राजस्थान प्रादेशिक को अच्छी प्रमाणिक टेस्ट बुकों से, राजकीय गजटों, सूजस वार्षिकी, राजस्थान पत्रिका की वार्षिकी, **उपकार प्रकाशन से प्रकाशित राजस्थान सामान्य ज्ञान** एवं राजस्थान सरकार के विभिन्न विभागों से प्रकाशित होने वाली वीकली एवं मासिक पत्रिका से तैयार करना चाहिए. मानसिक योग्यता हेतु प्रतियोगिता दर्पण में प्रकाशित मॉडलों व उपकार प्रकाशन से प्रकाशित पुस्तकों का सहारा लें. फिर भी आपके मन में कोई प्रश्न व दुविधा हो तो आप careersalah.com के माध्यम से फोन कर समाधान पा सकते हैं.

- **राज्य सेवाएं**
  पदों की संख्या—253
  आयु—1 जनवरी, 2014 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष से कम.
- **अधीनस्थ सेवाएं**
  पदों की संख्या—490
  आयु—अराजपत्रित कर्मचारी दिनांक 1 जनवरी, 2014 को 25 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुका हो, परन्तु 45 वर्ष का नहीं हुआ हो.
- **आवेदन तिथि**—24 जून, 2013 से 31 जुलाई, 2013 तक
- **वेबसाइट**—www.rpsc.rajasthan.gov.in

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

राजस्थान सिविल सेवा में सफलता हेतु पढ़ें उपकार प्रकाशन की निम्नलिखित पुस्तकें

- राजस्थान जिला दर्शन एवं सामान्य ज्ञान
- राजस्थान एक दृष्टि में
- राजस्थान सामान्य ज्ञान दिग्दर्शिका
- राजस्थान इतिहास एवं संस्कृति

उपकार की पुस्तकों हेतु लॉग ऑन करें–www.upkar.in

- **इतिहास**–'राजस्थान' नाम इतिहासकार कर्नल जेम्स टॉड की देन है. राजस्थान का वर्तमान नामकरण 26 जनवरी, 1950 को हुआ. राजस्थान का वर्तमान स्वरूप 1 नवम्बर, 1956 के दिन अस्तित्व में आया.
- **क्षेत्रफल**–3,42,239 वर्ग किमी (देश में प्रथम)
- **राजधानी**–जयपुर
- **जनसंख्या**–6,85,48,437
  पुरुष–3,55,50,997
  महिलाएं–3,29,97,440
- **दशकीय (2001–11) जनसंख्या वृद्धि दर**–21·3 प्रतिशत
- **ग्रामीण जनसंख्या**–5,15,00,352
  पुरुष–2,66,41,747
  महिलाएं–2,48,58,605
- **शहरी जनसंख्या**–1,70,48,085
  पुरुष–89,09,250
  महिलाएं–81,38,835
- **अनुसूचित जाति जनसंख्या**–1,22,21,593 (17·8 प्रतिशत)
  पुरुष–63,55,564
  महिलाएं–58,66,029
- **अनुसूचित जनजाति जनसंख्या**–13·5 प्रतिशत
- **0-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की संख्या**–15·5 प्रतिशत

  लिंगानुपात (0-6)–888 बालिकाएं प्रति हजार बालक
- **साक्षरता**–66·1 प्रतिशत
  पुरुष–79·2 प्रतिशत
  महिलाएं–52·1 प्रतिशत
- **कुल साक्षर व्यक्ति**–3,82,75,282
  पुरुष साक्षर–2,36,88,412
  महिला साक्षर–1,45,86,870
- **जनसंख्या घनत्व**–200 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी
- **लिंगानुपात**–928 महिलाएं प्रति हजार पुरुष
- **राज्य पशु**–चिंकारा
- **राज्य पक्षी**–गोडावण
- **राज्य पुष्प**–रोहिड़ा
- **राज्य वृक्ष**–खेजड़ी
- **राजकीय खेल**–बास्केट बाल
- **विधान सभा सदस्यों की संख्या**–200
- **लोक सभा सदस्यों की संख्या**–25
- **राज्य सभा सदस्यों की संख्या**–10
- **उच्च न्यायालय**–जोधपुर
- **जिले**–33
- **राजस्थान दिवस**–30 मार्च
- **प्रथम राज्यपाल**–गुरुमुख निहाल सिंह
- **प्रथम मुख्यमंत्री**–हीरालाल शास्त्री
- राजस्थान में सबसे लम्बी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा वाला जिला जैसलमेर है.
- राजस्थान की सीमा पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व गुजरात राज्य से मिलती है.
- लड़कियों की शिक्षा के लिए प्रसिद्ध वनस्थली विद्यापीठ की स्थापना पं. हीरालाल शास्त्री ने की थी.
- भारत ने 18 मई, 1974 को अपना प्रथम भूमिगत विस्फोट पोखरण में किया था.
- कर्क रेखा राज्य की दक्षिणी सीमा के दो जिलों डूँगरपुर तथा बाँसवाड़ा को छूती हुई निकलती है.
- महाराणा कुम्भा ने 'विजय स्तम्भ' मालवा विजय के उपलक्ष्य में बनवाया था.
- राजस्थान में केन्द्रीय ऊँट प्रजनन केन्द्र नागौर में है.
- राजस्थान के मरुस्थल को थार नाम से जाना जाता है.
- राजस्थान की सबसे पवित्र व प्राचीन प्राकृतिक झील पुष्कर झील है.
- व्यास परियोजना पंजाब, राजस्थान, व हरियाणा राज्यों की संयुक्त परियोजना है.
- केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (CAZRI) जोधपुर में है.
- पर्यटन स्थल 'पटवों की हवेली' जैसलमेर में स्थित है.
- राजस्थान में बीकानेर जिले में 'करणी-माता का मंदिर' जो 'चूहों के मंदिर' के नाम से विख्यात है, बीकानेर में है.
- ऊँट समारोह बीकानेर में मनाया जाता है.
- पंचायती राज सर्वप्रथम राजस्थान राज्यों में लागू हुआ था.
- पशु-पक्षियों को जिस शैली में विशेष स्थान मिला है, वह है बूँदी शैली.
- 'बनी-ठनी' चित्र, जिसे भारतीय कला की मोनालिसा कहा जाता है, किशनगढ़ शैली में है.
- अजमेर में मेयो कॉलेज की स्थापना 1875 ई. में की गई थी.
- महाराणा कुम्भा शासक थे–मेवाड़ के.
- राजा भारमल कछवाह शासक ने अपनी पुत्री का विवाह सम्राट अकबर से किया था.
- पृथ्वीराज रासो के लेखक चन्द्रबरदाई हैं.
- कालीबंगा में सिन्धु घाटी सभ्यता के अवशेष प्राप्त हुए हैं. कालीबंगा गंगा-नगर जिले में स्थित है.
- चौहान वंश का अन्तिम राजा पृथ्वीराज था.
- जयपुर को सी.वी. रमन ने 'Island of Glory' कहा था.
- अजमेर स्थित 'अढ़ाई दिन का झोंपड़ा' मस्जिद दिल्ली स्थित कुव्वत-उल इस्लाम मस्जिद की भाँति है. इसका निर्माण 1199 ई. में कुतुबुद्दीन ऐबक ने कराया था. 1230 ई. में इल्तुतमिश ने सात चापों वाली युवनिका से इसके सौन्दर्य में वृद्धि की थी.

राजस्थान सामान्य ज्ञान

1. विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान करने वाली विशिष्ट हस्तियों के लिए राज-स्थान सरकार द्वारा वर्ष 2012 में कौनसे नए पुरस्कार की शुरुआत की गई है ?
   (A) राजस्थान रत्न
   (B) राजीव गांधी पुरस्कार
   (C) इंदिरा गांधी पुरस्कार
   (D) मरू रत्न
2. शरण रानी को जिस क्षेत्र में ख्याति प्राप्त है, वह है–
   (A) संगीत (B) चित्रकला
   (C) साहित्य (D) नृत्य
3. 'राग मंजरी' का रचना काल 16वीं शताब्दी है. इसके रचनाकार हैं–
   (A) राणा कुम्भा
   (B) पुण्डरिक विट्ठल
   (C) महाकवि पद्माकर
   (D) राजकवि राज भट्ट
4. 'जसनाथी' सम्प्रदाय की उत्पत्ति कहाँ हुई थी ?
   (A) टोंक में (B) अलवर में
   (C) जोधपुर में (D) बीकानेर में

5. राजस्थान की 'बहुरूपिया कला' को विश्व के अनेक राष्ट्रों में प्रदर्शित करने वाले थे–
(A) उदयशंकर
(B) जानकीलाल
(C) देवीलाल सागर
(D) पुरुषोत्तम जी

6. राजस्थान का कौनसा शहर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का अंग है ?
(A) अलवर (B) करौली
(C) झुंझुनूं (D) पिलानी

7. राजस्थान के किस शहर में परमाणु ऊर्जा संयन्त्र स्थित है ?
(A) उदयपुर (B) कोटा
(C) बाँसवाड़ा (D) अलवर

8. राजस्थान का प्रसिद्ध पुष्कर मेला किस माह में लगता है ?
(A) अक्टूबर (B) नवम्बर
(C) फरवरी (D) मार्च

9. सूफी संत ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती किसके शासनकाल में राजस्थान आए थे ?
(A) महाराणा प्रताप सिंह
(B) राणा साँगा
(C) राणा कुम्भा
(D) पृथ्वीराज चौहान

10. राजस्थान में किस जनजाति की जनसंख्या सर्वाधिक है ?
(A) सहरिया (B) भील
(C) मीणा (D) गडुलिया लुहार

11. भीलों का प्रसिद्ध लोक नाट्य कौनसा है ?
(A) गवरी (B) स्वांग
(C) तमाशा (D) रम्मत

12. लोकदेवता मल्लीनाथजी का मंदिर कहाँ पर है ?
(A) पाँचोटा गाँव (जालौर)
(B) सायूं गाँव (जालौर)
(C) नगला जहाज (भरतपुर)
(D) तिलवाड़ा (बाड़मेर)

13. गोपीजी भट्ट राजस्थान की किस लोक नृत्य शैली के कलाकार हैं ?
(A) तमाशा (B) स्वांग
(C) रम्मत (D) नौटंकी

14. राजस्थान में 'ब्लू पोटरी' का प्रमुख केन्द्र कौनसा है ?
(A) बीकानेर (B) डूँगरपुर
(C) जयपुर (D) जैसलमेर

15. 'ताराभांत की ओढ़नी' राजस्थान की किन स्त्रियों की लोकप्रिय वेशभूषा है ?
(A) राजपूत स्त्रियाँ
(B) गुर्जर स्त्रियाँ
(C) आदिवासी स्त्रियाँ
(D) जाट स्त्रियाँ

16. राजस्थान का ग्रामीण बिश्नोई सम्प्रदाय किस लोक देवता का अनुयायी है ?
(A) हरभुजी (B) मेहाजी
(C) जांभोजी (D) पाबूजी

17. राजस्थान का कौनसा शहर बेल-बूटों की छपाई की पारम्परिक कला के लिए जाना जाता है ?
(A) जयपुर (B) बागरू
(C) सांगानेर (D) बाड़मेर

18. गढ़बीठली दुर्ग है–
(A) मेहरानगढ़
(B) तारागढ़-अजमेर
(C) तारागढ़-बूँदी
(D) रणथम्भौर

19. एशिया का श्रेष्ठ जस्ता एवं सीसा अयस्क भण्डार उपलब्ध है–
(A) उदयपुर जिले के दिलवाड़ा में
(B) राजसमन्द जिले के राजपुर दरीबा में
(C) भीलवाड़ा जिले के रामपुर आंगुचा में
(D) उदयपुर जिले के झामर कोटड़ा में

20. मेवाड़ में स्थित बाड़ौली का मंदिर किस मंदिर शैली से सम्बन्धित है ?
(A) नागर (B) द्रविड़
(C) बेसर (D) पंचायतन

21. वृहद राजस्थान का प्रधानमंत्री कौन था ?
(A) गोकुलभाई भट्ट
(B) जय नारायण व्यास
(C) हीरालाल शास्त्री
(D) माणिक्यलाल वर्मा

22. 'बागड़ प्रदेश के गांधी' के नाम से विख्यात स्वतंत्रता सेनानी थे–
(A) हरिदेव जोशी
(B) मोतीलाल तेजावत
(C) माणिक्यलाल वर्मा
(D) भोगीलाल पाण्ड्या

23. वर्धा में राजस्थान सेवा संघ की स्थापना कब की गई थी ?
(A) 1919 में (B) 1920 में
(C) 1921 में (D) 1922 में

24. 'बीकानेर के राठौरां री ख्यात' के रचयिता कौन हैं ?
(A) सूर्यमल मिश्रण
(B) नैणसी
(C) दयालदास
(D) श्यामलदास

25. राजस्थान में 'खस' का सर्वाधिक उत्पादन किस मेखला (Belt) से होता है ?
(A) गंगापुर-दौसा-अलवर
(B) सवाई माधोपुर-भरतपुर-टोंक
(C) झालावाड़ा-कोटा-बूँदी
(D) डूँगरपुर-बाँसवाड़ा-उदयपुर

26. 'वंश भास्कर' के लेखक हैं–
(A) सूर्यमल मिश्रण
(B) बाँकीदास
(C) गौरीशंकर ओझा
(D) कविराज श्यामलदास

27. 'बनी-ठनी' किस चित्र शैली से सम्बन्धित थी ?
(A) जयपुर शैली
(B) बूँदी शैली
(C) किशनगढ़ शैली
(D) चावण्ड शैली

28. 'जल दुर्ग' कहाँ स्थित है ?
(A) सिवाना में (B) आम्बेर में
(C) अजमेर में (D) गागरोन में

29. राजस्थान की नाथरा-की-पाल क्षेत्र में कौनसा खनिज पाया जाता है ?
(A) ताँबा
(B) लौह अयस्क
(C) सीसा व जस्ता
(D) मैंगनीज

30. राजस्थान में किस शहर को 'सन सिटी' के नाम से जाना जाता है ?
(A) उदयपुर (B) बीकानेर
(C) जोधपुर (D) जैसलमेर

31. राजस्थान में 'ईसबगोल प्लाण्ट' निम्नलिखित में से कहाँ लगे हैं ?
(A) जालोर
(B) आबू रोड
(C) सिरोही
(D) उपर्युक्त सभी में

32. राजस्थान का कौनसा वृक्ष 'जंगल की ज्वाला' के नाम से जाना जाता है ?
(A) नीम (B) खेजड़ी
(C) पारस पीपल (D) पलास

33. मेवाड़ वागड़ और पास के क्षेत्रों के भीलों में सामाजिक सुधार के लिए 'लसोड़िया आन्दोलन' का सूत्रपात किसने किया ?
(A) सुरमल दास
(B) गोविन्द गिरि

sscexamonline.blogspot.com

(C) नाथजी
(D) मोतीलाल तेजावत

34. वह अभिलेख जो महाराणा कुम्भा के लेखन पर प्रकाश डालता है–
(A) राज प्रशस्ति
(B) कीर्तिस्तम्भ प्रशस्ति
(C) कुम्भलगढ़ शिलालेख
(D) जगन्नाथ राय शिलालेख

35. गंग नहर राजस्थान की सबसे प्राचीन नहर है. इस नहर का निर्माण महाराजा गंगा सिंह जी ने करवाया–
(A) 1930 में (B) 1927 में
(C) 1944 में (D) 1932 में

36. राजस्थान लोक साहित्य में किस देवी/देवता का गीत सबसे लम्बा है ?
(A) मल्लीनाथजी (B) रामदेवजी
(C) आई माता (D) जीण माता

37. रणथम्भौर एवं सरिस्का निम्नलिखित में से किन जानवरों के लिए संरक्षित है ?
(A) भालू (B) हिरण
(C) सिंह (D) बाघ

38. 'बैंक ऑफ राजस्थान' का विलय किस बैंक में हुआ है ?
(A) स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर
(B) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
(C) एचडीएफसी बैंक
(D) आईसीआईसीआई बैंक

39. राजस्थान के विख्यात इतिहासकार, जो एक समाज सुधारक भी थे–
(A) मानकरण शारदा
(B) जमनालाल बजाज
(C) हरबिलास शारदा
(D) सी. के. वाल्टेयर

40. राजस्थान का सबसे बड़ा तेजाजी का पशु मेला कहाँ लगता है ?
(A) बाड़मेर में (B) नागौर में
(C) झालावाड़ में (D) हनुमानगढ़ में

41. मंगला-भाग्यम्-शक्ति एवं ऐश्वर्या–
(A) अनुसूचित जनजाति हेतु एक योजना है
(B) निजी क्षेत्र में स्थापित विश्व-विद्यालय है
(C) बाड़मेर-सांचौर बेसिन में खोजे गए तेल क्षेत्र हैं
(D) इनमें से कोई नहीं

42. भारत का सबसे बड़ा बाजरा उत्पादक राज्य है–
(A) राजस्थान (B) उत्तर प्रदेश
(C) पंजाब (D) हरियाणा

43. राजस्थान में ताँबे का विशाल भण्डार स्थित है–
(A) खेतड़ी (झुंझनूं) क्षेत्र में
(B) डीडवाना क्षेत्र में
(C) उदयपुर क्षेत्र में
(D) बीकानेर क्षेत्र में

44. मत्स्य संघ को वृहद राजस्थान संघ में सम्मिलित किया गया–
(A) 1947 ई. में (B) 1948 ई. में
(C) 1949 ई. में (D) 1950 ई. में

45. डूँगरपुर प्रजामण्डल की स्थापना 1944 ई. में किसके द्वारा की गई थी ?
(A) माणिक्य लाल वर्मा
(B) भोगी लाल पण्ड्या
(C) प्रताप सिंह बारहठ
(D) राम नारायण चौधरी

46. शेखावटी के प्रसिद्ध नृत्य का नाम है–
(A) घूनर (B) घेर
(C) तेरह ताली (D) गींदड़

शेष पृष्ठ 117 पर

sscexamonline.blogspot.com

भारतीय इतिहास एवं संस्कृति

1. विजयनगर साम्राज्य का प्रसिद्ध शासक कृष्णदेव राय किस राजवंश से सम्बद्ध था ?
   – तुलुव राजवंश
2. महरौली अभिलेख से किस सम्राट् के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त होती है ?
   – चन्द्रगुप्त द्वितीय
3. नृत्य करती हुई नारी की कांस्य मूर्ति सिन्धु सभ्यता के किस स्थान से प्राप्त हुई है ?
   – मोहनजोदड़ो से
4. विदेशी यात्री इब्नबतूता किसके शासनकाल में भारत आया था ?
   – मुहम्मद-बिन-तुगलक के शासनकाल में
5. कोणार्क का सूर्य मन्दिर नरसिंह प्रथम ने बनवाया था. वे किस राजवंश से थे ?
   – शाही (पूर्वी) गंग राजवंश
6. किस पाल शासक ने विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना की ? – धर्मपाल
7. पारस से आने वाले अब्दुल रज्जाक की हम्पी यात्रा के समय दक्षिण भारत में विजयनगर का शासक कौन था ?
   – देवराय द्वितीय
8. सिन्ध से लेकर सोनारगाँव (बांग्लादेश) तक जाने वाले मार्ग सड़क-ए-आजम का निर्माण किसके द्वारा करवाया गया ?
   – शेरशाह
9. लॉर्ड डलहौजी ने अपहरण की नीति (Doctrine of Lapse) के अन्तर्गत सर्वप्रथम किस राज्य को अंग्रेजी साम्राज्य के अधीन रखा ? – सतारा
10. 'ईस्ट इण्डिया कम्पनी' की बुराइयों को दूर करने के लिए 'रेग्यूलेटिंग एक्ट' (Regulating Act) कब पास किया गया ?
    – 1773 ई. में
11. भारत में अंग्रेजों की सर्वश्रेष्ठता किस युद्ध से स्थापित हो गई ? – बक्सर युद्ध से

राष्ट्रीय स्वतन्त्रता आन्दोलन

12. महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत किस वर्ष में लौटे ?
    – 1915 में
13. मैकडोनाल्ड द्वारा प्रस्तावित 'कम्यूनल एवार्ड' को गांधीजी द्वारा ठुकराए जाने का प्रमुख कारण क्या था ?
    – दलित वर्ग को हिन्दुओं से अलग करना
14. 16 अगस्त, 1946 को किसने 'प्रत्यक्ष कार्यवाही दिवस' के रूप में मनाने का आह्वान किया ?
    – मुस्लिम लीग ने
15. महात्मा गांधी द्वारा द्वितीय सविनय अवज्ञा आन्दोलन कब प्रारम्भ किया गया ? – 1932 में
16. ए. ओ. ह्यूम ने किस वर्ष भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना की थी ? – 1885 में
17. आजाद हिन्द फौज के किन नेताओं पर दिल्ली के लाल किले में मुकदमा चलाया गया ?
    – गुरदयाल सिंह ढिल्लो, शाहनवाज खाँ तथा प्रेम सहगल पर
18. जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड के सन्दर्भ में बाग में एकत्रित लोग किसका विरोध कर रहे थे ?
    – सत्यपाल मलिक एवं सैफुद्दीन किचलू की गिरफ्तारी का
19. सुभाषचन्द्र बोस ने कांग्रेस के किस अधिवेशन में अध्यक्ष चुने जाने के पश्चात् इस्तीफा दिया था ?
    – त्रिपुरी अधिवेशन (1939) में
20. 'व्यक्तिगत सत्याग्रह' आन्दोलन 17 अक्टूबर, 1940 को कहाँ से प्रारम्भ हुआ ? – पवनार से
21. बिहार में 1857 के विद्रोह का अग्रणी नेता कौन था जिसने आरा में अंग्रेजी फौज से लोहा लिया था ?
    – कुँवरसिंह (जगदीशपुर)

भारतीय राजव्यवस्था एवं संविधान

22. किन परिस्थितियों में राष्ट्रपति आपातकाल घोषित कर सकता है ?
    – बाह्य आक्रमण, आन्तरिक अशान्ति, वित्तीय संकट की परिस्थितियों में
23. नए राज्य के गठन अथवा सीमा परिवर्तन का अधिकार किसको है ? – संसद को
24. 'भारत राज्यों का संघ होगा' यह किस अनुच्छेद के अन्तर्गत घोषित है ? – अनुच्छेद-1 के अन्तर्गत
25. लोक सभा में अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए कितने सदस्यों की सहमति आवश्यक है ? – 50 सदस्यों की
26. कम्पट्रोलर एण्ड ऑडिटर जनरल सेवानिवृत्त होते हैं
    – नियुक्ति के छह वर्ष बाद या 65 वर्ष पूरे होने पर, जो पहले हो
27. सरकारिया आयोग किसके अध्ययन के लिए गठित किया गया था ? – केन्द्र-राज्य सम्बन्ध
28. अपना कार्यकाल समाप्त होने से पूर्व यदि सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश त्यागपत्र देना चाहे, तो वह किसको सम्बोधित करते हुए त्यागपत्र देगा ? – राष्ट्रपति
29. भारतीय संविधान के अनुसार लोक सभा का चुनाव लड़ने के लिए वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता क्या है ?
    – ऐसी किसी योग्यता की आवश्यकता नहीं है
30. विकास कार्यों के प्रति प्रत्येक सांसद की सांसद निधि की धनराशि है – दो करोड़ रुपए वार्षिक

sscexamonline.blogspot.com

31. भारत में राष्ट्रपति की मृत्यु, पदत्याग, अथवा हटाए जाने पर, पद में हुई रिक्ति को भरने की समय सीमा क्या है ?
– *छह माह*

32. राष्ट्रपति संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत लोक सभा को भंग कर सकता है ? – *अनुच्छेद 85*

33. भारतीय संविधान के किस भाग को उसकी 'आत्मा' की संज्ञा प्रदान की गई है ? – *प्रस्तावना*

भारत एवं विश्व का भूगोल

34. लोकटक झील, जिस पर जलविद्युत् परियोजना का निर्माण किया गया है, किस राज्य में स्थित है ? –*मणिपुर*

35. न्यूयॉर्क नगर किस नदी के तट पर स्थित है ?
– *हडसन नदी के तट पर*

36. भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन का मुख्यालय कहाँ है ?
– *बंगलुरू में*

37. बॉम्बे हाई किसके लिए प्रसिद्ध है ?
– *पेट्रोलियम भण्डार के लिए*

38. देश में मौसम मानचित्र बनाने का प्रमुख कार्यालय किस नगर में स्थित है ? – *पुणे में*

39. पोर्ट लुईस किस देश की राजधानी है ? – *मॉरिशस की*

40. विश्व की मीठे पानी की सबसे बड़ी झील कौनसी है ?
– *लेक सुपीरियर*

41. 'गिर का सुरक्षित वन' क्यों प्रसिद्ध है ?
– *एशियाई शेर के लिए*

42. नेवेली किस वस्तु की खानों के लिए प्रसिद्ध है ?
– *लिग्नाइट कोयला*

43. भारत में उष्णकटिबन्धीय सदाबहार वन कहाँ पाए जाते हैं ?
– *पश्चिमी घाट के पश्चिमी ढाल पर*

44. भारत में 12 बड़े बन्दरगाह हैं, इनमें पारादीप किस राज्य में स्थित है ? – *ओडिशा*

45. भागीरथी एवं अलकनन्दा नदियाँ मिलकर गंगा कहलाती हैं
– *देव प्रयाग में*

भारतीय अर्थव्यवस्था

46. हरित क्रान्ति द्वारा खाद्यान्नों के उत्पादन में आशातीत वृद्धि हुई है, इसका सर्वाधिक प्रभाव किस फसल में हुआ है ?
– *गेहूँ की फसल में*

47. भारत का किस देश के साथ सबसे अधिक विदेशी व्यापार है ? – *चीन*

48. मुद्रास्फीति (Inflation) से किसे लाभ होता है ?
– *ऋणी (Debtor) को*

49. भारत में संघ सरकार के व्यय का सर्वाधिक महत्वपूर्ण मद है
– *केन्द्रीय आयोजना*

50. राष्ट्रीय विकास परिषद् का प्रमुख कार्य क्या है ?
– *पंचवर्षीय योजनाओं का अनुमोदन*

51. भारत का सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज कौनसा है ?
– *बम्बई स्टॉक एक्सचेंज*

52. स्वतंत्र भारत में सर्वाधिक 10 बार केन्द्रीय बजट प्रस्तुत करने का श्रेय किस व्यक्ति को जाता है ? – *मोरारजी देसाई*

53. अप्रैल 2013 में देश की सबसे मूल्यवान कम्पनी बन गई
–*ओ.एन.जी.सी.*

54. राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान कहाँ स्थित है ?
– *हैदराबाद में*

55. क्लोज्ड इकोनॉमी (Closed Economy) उस अर्थव्यवस्था को कहते हैं जिसमें – *आयात व निर्यात नहीं होते*

56. कृषि उपजों के विपणन हेतु सहकारी क्षेत्र में किस संस्था की स्थापना की गई है ? – *नैफेड (NAFED)*

57. भारतीय आयोजन की द्वितीय पंचवर्षीय योजना विकास की किस नीति पर आधारित थी ?
– *महालनोबिस रणनीति*

58. 'वर्ल्ड इन्वेस्टमेंट रिपोर्ट' किस अन्तर्राष्ट्रीय संस्था द्वारा जारी की जाती है ?
– *अंकटाड (UNCTAD)*

59. वर्ष 2012-13 के दौरान विकास दर के मामले में मध्य प्रदेश देश में प्रमुख राज्यों में अग्रणी रहा है, इसकी विकास दर रहने का अनुमान है – *14·28%*

सामान्य विज्ञान एवं तकनीकी

60. पारिस्थितिकी (Ecology) का सम्बन्ध है
– *जीव एवं पर्यावरण के सहसम्बन्धों से*

61. मानव शरीर में ऑक्सीजन को लाने और ले जाने वाला वाहक है – *हीमोग्लोबिन*

62. भेड़ का प्रथम प्रतिरूप (क्लोन) 'डॉली' किसने तैयार किया ? – *इयान विल्मट ने*

63. बायोलॉजी की किस ब्रांच में कोशिकाओं का अध्ययन किया जाता है ? – *साइटोलॉजी में*

64. विद्युत् चुम्बकत्व में लेन्ज का नियम किसके संरक्षण का परिणाम है ? – *ऊर्जा*

65. ओटोहान किस आविष्कार के लिए प्रसिद्ध है ?
– *एटम बम बनाने के लिए*

66. ऑटो इंजन में पेट्रोल जहाँ वाष्प में परिवर्तित होता है, कहलाता है – *कार्बोरेटर*

67. पौधे का कौनसा भाग श्वसन करता है ? – *पत्ती*

68. 'विकास का सिद्धान्त' किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया था ? – *चार्ल्स डार्विन*

69. माणिक्य और नीलम रासायनिक रूप में कैसे जाने जाते हैं ?
– *खनिज, एल्युमीनियम ऑक्साइड*

70. जब रक्त में ऑक्सीजन की सान्द्रता में कमी आती है तो श्वास की गति – *बढ़ जाती है*

71. कौनसा हॉर्मोन 'लड़ो या उड़ो' हॉर्मोन कहलाता है ?
– *एड्रीनेलिन*

72. जोन्स साल्क ने किसका टीका तैयार किया ?
– *पोलियो का*

sscexamonline.blogspot.com

कृषि

73. 'Opus Rualium Kao Darum' लिखित शस्यविज्ञान (Agronomy) से सम्बन्धित लेखों का संग्रह सर्वप्रथम किसने किया था ? — *पीटर डेक्रेसेन्जी*

74. इम्पीरियल एग्रीकल्चरल रिसर्च इन्स्टीट्यूट (Imperial Agricultural Research Institute) की स्थापना किस वर्ष एवं कहाँ हुई थी ?
— *वर्ष 1905 में, पूसा (समस्तीपुर), बिहार में*

75. इम्पीरियल एग्रीकल्चरल रिसर्च इन्स्टीट्यूट पूसा (समस्तीपुर) बिहार को भीषण भूकम्प (Earthquake) के बाद कब व किस नाम से दिल्ली स्थानान्तरित किया गया ?
—*जुलाई 1929 में भूकम्प से इमारत पूरी तरह ध्वस्त हुई, जिसे बाद में नाम बदल कर Indian Agricultural Research Institute (IARI) नया पूसा, नई दिल्ली वर्ष 1936 में स्थापित की गई.*

76. विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (ICAR के अन्तर्गत) स्थित है
— *अल्मोड़ा (उत्तराखण्ड) में*

77. नेशनल ब्यूरो ऑफ सॉयल सर्वे एण्ड लैण्ड यूज प्लानिंग (NBSSLUP) कहाँ स्थित है ? — *नागपुर (महाराष्ट्र) में*

78. सबसे कम वर्षा भारत के किस क्षेत्र में होती है ?
— *जैसलमेर (राजस्थान)*

79. डॉ. वर्गीज कुरियन किस क्षेत्र से सम्बन्धित हैं ?
— *(स्व.) डॉ. वर्गीज कुरियन दुग्ध उत्पादन से देश में श्वेत क्रांति (White Revolution) लाने से*

80. राष्ट्रीय मशरूम अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र स्थित है
— *चम्बाघाट, सोलन (हि. प्र.) में*

81. मत्स्यपालन में प्रथम राज्य है — *पश्चिमी बंगाल*

82. 'वन्डर ट्री' (Wonder Tree) नाम से किस वृक्ष को जाना जाता है ? — *नीम (Neem)*

खेलकूद

83. माइकल शूमाकर किस खेल के सुविख्यात खिलाड़ी हैं ?
— *फॉर्मूला-1 रेस*

84. दिसम्बर 2012 में सचिन तेंदुलकर ने वन-डे क्रिकेट से संन्यास ले लिया. उनके नाम वन-डे क्रिकेट में कितने शतकों का रिकॉर्ड है ? — *49 शतकों का*

85. भारतीय तीरंदाजी संघ (AAI) के वर्तमान अध्यक्ष हैं
— *विजय कुमार मल्होत्रा*

86. भारत की सीनियर बास्केटबाल टीम के नए प्रशिक्षक हैं
— *स्कॉट फ्लेमिंग*

87. विक्टोरिया अजारेंका किस देश की लॉन टेनिस खिलाड़ी हैं ? — *बेलारूस*

88. महिलाओं के पहले टी-20 एशिया कप क्रिकेट का खिताब भारत ने फाइनल में किस देश को हराकर जीता ?
— *पाकिस्तान*

89. चर्चित चेतेश्वर पुजारा का सम्बन्ध किस खेल से है ?
— *क्रिकेट (भारत)*

90. नवम्बर 2012 में पुरुषों की टीम टेनिस की विश्व चैम्पियनशिप का वर्ष 2012 का डेविस कप चैक गणराज्य ने जीता. इस कप का उपविजेता था — *स्पेन*

91. नई दिल्ली में नवम्बर 2012 में इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने फाइनल में भारत पेट्रोलियम को हराकर कौनसा टूर्नामेंट जीता ?
— *49वाँ ओएनजीसी नेहरू सीनियर हॉकी टूर्नामेंट*

92. फेड कप क्या है ?
— *महिलाओं की टीम टैनिस की विश्व चैम्पियनशिप*

93. अर्जुन पुरस्कार किसके हेतु प्रदान किया जाता है ?
— *खेल के क्षेत्र में श्रेष्ठता के लिए*

94. इन्दिरा गांधी इनडोर स्टेडियम कहाँ है ? — *नई दिल्ली में*

विविध

95. मिस वर्ल्ड 2012 हैं — *यू वेनशिया (चीन)*

96. 'शान्ति निकेतन' की स्थापना किसने की ?
— *रवीन्द्रनाथ टैगोर ने*

97. 'बिग बी' के नाम से कौनसे फिल्म अभिनेता प्रसिद्ध हैं ?
— *अमिताभ बच्चन*

98. गांधीजी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तैने कहिए' के रचयिता कौन हैं ? — *नरसी मेहता*

99. यदि वातावरण न हो, तो आकाश का क्या रंग होगा ?
— *काला*

100. यूरो क्या है ? — *यूरोप की मुद्रा*

101. 'CRY' संगठन किस क्षेत्र में काम करता है ?
— *उपेक्षित बच्चों का कल्याण*

102. सम्पूर्ण क्रान्ति के प्रणेता और 'लोकनायक' के नाम से प्रसिद्ध महापुरुष थे — *जयप्रकाश नारायण*

103. बांग्लादेश के राष्ट्रगान 'आमार सोनार बांग्ला' के रचयिता कौन हैं ? —*रवीन्द्रनाथ टैगोर*

104. डाक-टिकट संग्रह के शौक को क्या कहते हैं ?
— *फिलेटली (Philately)*

105. इरडा (IRDA) किस क्षेत्र के व्यवसाय के विनियामक के रूप में कार्य करती है ? — *बीमा क्षेत्र के*

106. 'भारतरत्न' और 'निशाने-पाकिस्तान' दोनों से सम्मानित होने वाले भारतीय हैं — *मोरारजी देसाई*

107. लिटिल कॉर्पोरल (Little Corporal) के नाम से कौन प्रसिद्ध है ?
— *नेपोलियन बोनापार्ट*

108. 'Man of Blood and Iron' के नाम से कौन जाना जाता है ?
— *ओटो वॉन बिस्मार्क*

109. 'कलिंग पुरस्कार' संयुक्त राष्ट्र संघ की किस एजेन्सी द्वारा प्रदान किया जाता है ?
— *यूनेस्को (UNESCO) द्वारा*

●●●

sscexamonline.blogspot.com

सामान्य अध्ययन

(प्रथम प्रश्न-पत्र)

प्रश्न 1. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में हो—

(क) आप शब्द 'नवाचार' से क्या समझते हैं ? भारत में एक राष्ट्रीय नवाचार नीति का प्रवर्तन करने की आवश्यकता पर चर्चा कीजिए.

(ख) देश के कुल अगवल में अनौपचारिक क्षेत्रक के अंश को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ किए गए प्रासंगिक समावेशी उपायों और उनकी प्रभाविता का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए.

(ग) भारत में 'मरुस्थलीकरण' (Desertification) के कारणों और उसके विस्तार का परीक्षण कीजिए और उपचारी उपाय भी सुझाइए.

(घ) देश में ऐंडोसल्फान पर प्रतिबंध लगाने की बढ़ती हुई माँगों के संदर्भ में, शामिल मुद्दों का समालोचनापूर्वक परीक्षण कीजिए. आपके विचार में, इस मामले में क्या किया जाना चाहिए ?

(ङ) ''भारत का स्वतंत्रता आंदोलन, एक जन-आधारित आंदोलन था, जिसमें समाज के विभिन्न वर्ग सम्मिलित थे. इसमें निरंतर वैचारिक विकास का प्रक्रम भी चला था.'' समालोचनापूर्वक परीक्षण कीजिए.

(च) देश में बाघ आरक्षित वनों के आंतरिक क्षेत्रों में पर्यटन का मुद्दा वाद-विवाद का विषय है. हाल के प्रासंगिक न्यायिक निर्णयों को ध्यान में रखते हुए, इस मुद्दे के विभिन्न पक्षों का समालोचनापूर्वक परीक्षण कीजिए.

उत्तर—

sscexamonline.blogspot.com

मानव स्वास्थ्य पर विपक्ष वसाओं के क्या निहितार्थ है ?

उत्तर—

प्रश्न 2. निम्नलिखित में से किन्हीं सात के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में हो—

(क) "योजना आयोग के लिए, 12वीं योजना प्रलेख में स्वास्थ्य पर अध्याय को संशोधित करने की तुरन्त आवश्यकता है." टिप्पणी कीजिए.

(ख) हाल ही में, संघ मंत्रिमंडल ने बालक श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 का नाम परिवर्तन करने और संशोधन करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी. प्रस्तावित संशोधनों के प्रमुख अभिलक्षण क्या हैं ?

(ग) "घरेलू संसाधनों को जुटाय, यद्यपि भारत की आर्थिक संवृद्धि के प्रक्रम के लिए केन्द्रीय है, तथापि इसमें अनेक बाध्यताएँ उसका स्वलक्षण है." स्पष्ट कीजिए.

(घ) भारतीय कला में 'बाँसुरी-वादक कृष्ण' विषय अत्यंत लोकप्रिय है. चर्चा कीजिए.

(ङ) दिसम्बर, 2011 में लोक सभा में पेश किए गए उपभोक्ता संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2011 के प्रमुख अभिलक्षण क्या है ?

(च) आप शब्द "बहु-औषध प्रतिरोधी यक्ष्मा" (एम.डी.आर.-टी.बी.) से क्या समझते है. उसके परिरोधन के लिए, आप किन उपायों की पैरवी करेंगे और समुदाय में उसके फैलाव हो जाने के क्या निहितार्थ हैं ?

(छ) विकास की त्वरित गति एवं ऊर्जा की माँग की स्थिति में, क्या आप भारत के भविष्य के लिए एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में नवीकरणीय ऊर्जा (रिन्यूएबल एनर्जी) पर विचार करेंगे ?

(ज) अनेक खाद्य वस्तुओं में 'विपक्ष वसाएँ' (ट्रांस-फैट्स) होती हैं. आप इस शब्द से क्या समझते है ? कौनसे भारतीय पदार्थों में 'विपक्ष वसाएँ' होती हैं ?

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

प्रश्न 3. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक लगभग 50 शब्दों में हो—

(क) 'पारिवारिक महिला लोक अदालत' क्या है ?

(ख) राष्ट्रीय विनिर्माण नीति (एन.एम.पी.), 2011 के मुख्य उद्देश्यों की सूची तैयार कीजिए.

(ग) भारतीय रसायन के इतिहास के अध्ययन में 'रसरत्नाकर' के महत्व पर टिप्पणी कीजिए.

(घ) भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 की परिधि में कौन-कौनसे अधिकार शामिल हैं ?

(ङ) सूचना का अधिकार अधिनियम में शामिल उद्देशिका के महत्व पर टिप्पणी कीजिए.

(च) गोहिनी गिरि समिति की एक कुंजी सिफारिश के कार्यान्वयन के लिए, सरकार ने हाल में एक राष्ट्रीय परिषद् के गठन की घोषणा की है. इस राष्ट्रीय परिषद् के संघटन एवं अधिदेश पर प्रकाश डालिए.

(छ) पुस्तकालयों पर राष्ट्रीय मिशन (एन.एम.एल.) के हाल के आरंभन पर टिप्पणी कीजिए.

(ज) भारत में वाद्य यंत्रों को पारम्परिक रूप से किन समूहों में वर्गीकृत किया जाता रहा है ?

(झ) पारसी-धर्म में अग्नि के महत्व पर टिप्पणी कीजिए.

(ञ) क्या कारण है कि लौरी बेकर को 'भारतीय वास्तुकला की अंतश्चेतना का रक्षक' कहा जाता है ?

sscexamonline.blogspot.com

प्रश्न 4. निम्नलिखित में से प्रत्येक पर लगभग 20 शब्दों में टिप्पणी कीजिए—

(क) भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष में पथरघाट का महत्व

(ख) वसुंधरा लोक नृत्य

(ग) भारतीय राष्ट्रपति चुनावों में राज्य विधान सभा के सदस्य और संसद के सदस्य के वोट पर नियम 'मूल्य' का निर्धारण करना

(घ) 'इसरो' के लिए स्पॉट–6 रॉकेट प्रक्षेपण का महत्व

(ङ) पालगुमी साइनाथ के कार्य के माध्यम से उजागर हुए मुद्दे

उत्तर—

प्रश्न 5. निम्नलिखित हाल में खबरों में क्यों रहे हैं ? (उत्तर केवल एक वाक्य में)

(क) पी. वी. सिंधु

(ख) आदित्य कुमार गंडी

(ग) साइरस मिस्त्री

(घ) अशोक सेन

(ङ) मारियो डि मिरांडा

उत्तर—

●●●

शेष पृष्ठ 93 का

कॉन्फोनेट योजना (Confonet Scheme)

मार्च 2005 में भारत सरकार की ओर से 'कम्प्यूटराइजेशन एण्ड कम्प्यूटर नेटवर्किंग ऑफ कन्ज्यूमर फोरम (Confonet Scheme) नामक एक योजना लागू की गई जिसके अन्तर्गत जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय तीनों ही स्तरों पर उपभोक्ता शिकायतों का कम्प्यूटरीकरण किया गया है.

सुझाव

- उपभोक्ताओं को ध्यान में रखना चाहिए कि जो वस्तु, माल अथवा औषधि वह खरीद रहा है, वह कालातीत न हो चुकी हो.
- स्वयंसेवी संस्थाओं को भी उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण हेतु आगे आना चाहिए. उपभोक्ता विवाद निवारण एजेंसियों द्वारा दिए गए निर्णयों, आदेशों का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से किया जाना चाहिए.
- उपभोक्ताओं को वारंटी/गारंटी कार्ड लेना चाहिए जिस पर विक्रेता द्वारा आवश्यक मोहर लगाई गई हो तथा उस पर वस्तु खरीदने की तारीख व विक्रेता के हस्ताक्षर अवश्य हों. यह भी एक प्रकार का साक्ष्य है. इससे परिवादों के निस्तारण में सुविधा हो जाती है.
- जब भी उपभोक्ता बाजार से माल या वस्तु खरीदें तब यह देख लें कि वस्तु उनके उपयोग की है या नहीं. विक्रेताओं पर भरोसा नहीं करें.
- उपभोक्ता क्रय किए गए सामान की रसीद/बिल मेमो अवश्य प्राप्त करें, ताकि ऐसी वस्तु या सेवा में कमी पाए जाने पर पीड़ित उपभोक्ता वस्तु या सेवा प्रदाताओं के खिलाफ उपभोक्ता अदालत में जा सकें. इन प्रदाताओं में दुकानदार व व्यापारिक प्रतिष्ठानों से लेकर सभी उत्पाद कम्पनियों तथा सेवा प्रदाताओं, जैसे डाक विभाग, दूरसंचार, बीमा कम्पनियों, स्वास्थ्य सेवा, परिवहन विभाग, रेल विभाग, आदि भी शामिल हैं.
- झूठे व भ्रामक विज्ञापनों से उपभोक्ता सावधान रहें.

निष्कर्ष

इस प्रकार से उपभोक्ता संरक्षण कानून उपभोक्ताओं को न्यायिक व विशेषाधिकार संरक्षण प्रदान करता है. परिणाम यह है कि उपभोक्ताओं में अपने अधिकारों के प्रति लड़ने का जज्बा भी पैदा हुआ है. पीड़ित उपभोक्ता न्याय पाने के लिए उपभोक्ता अदालतों का दरवाजा खटखटाने लगे हैं. उपभोक्ताओं व व्यवसायियों के बीच विश्वासपूर्ण सम्बन्ध बनाने की दिशा में यह एक सक्रिय प्रयास है, परन्तु अभी इस दिशा में सरकारी प्रयासों को प्रभावी व सक्षम बनाने की आवश्यकता है. साथ ही उपभोक्ताओं को भी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक व सजग होना पड़ेगा. तभी वैश्वीकरण के दौर में वह धोखाधड़ी, शोषण व जालसाजी से बच सकता है. ●●●

सामान्य जानकारी

1. निम्नलिखित में से क्या न्यूटन के रंग चक्रिका परीक्षण की कार्य प्रणाली के लिए उत्तरदायी है ?
(A) विशुद्ध स्पेक्ट्रम के निर्माण
(B) अशुद्ध स्पेक्ट्रम के निर्माण
(C) दृष्टि के स्थायित्व
(D) पूरक रंग के सिद्धान्त

2. विमा MLT^{-2} किसके अनुरूप है ?
(A) बल (B) किए गए कार्य
(C) त्वरण (D) वेग

3. विकिरण के प्रमात्रा सिद्धान्त के संस्थापक कौन हैं ?
(A) आइंस्टाइन (B) बोर
(C) प्लैंक (D) एस.एन. बोस

4. संचार में प्रयुक्त फाइबर ऑप्टिक केबल किस सिद्धांत पर कार्य करता है ?
(A) प्रकाश के नियमित परावर्तन
(B) प्रकाश के विकीर्ण परावर्तन
(C) प्रकाश के अपवर्तन
(D) प्रकाश के पूर्ण आन्तरिक परावर्तन

5. मूरे स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में निर्मित प्रथम इलेक्ट्रॉनिक कम्प्यूटर कौनसा था ?
(A) EOVAC (B) ONIVAC
(C) ENIAC (D) EDSAC

6. इंटरनेट द्वारा निम्नलिखित में से किस मानक प्रोटोकॉल का सर्वाधिक प्रयोग किया जाता है ?
(A) HTTP (B) TCP/IP
(C) SMTP (D) SLIP

7. अधिकांश क्रस्टेशिया की बाहरी त्वचा किस कार्बोहाइड्रेट से बनी होती है ?
(A) सेलुलोस (B) गैलेक्टोस
(C) काइटिन (D) स्टार्च

8. रदरफोर्ड के प्रकीर्णन परीक्षण ने किस की मौजूदगी को सिद्ध किया ?
(A) सभी पदार्थों में परमाणु
(B) परमाणुओं में इलेक्ट्रॉन
(C) परमाणुओं में न्यूट्रॉन
(D) परमाणुओं में न्यूक्लियस

9. जब किसी धातु को लपट पर गर्म किया जाता है तो इलेक्ट्रॉन ऊर्जा को अवशोषित कर लेते हैं और उच्चतर ऊर्जा स्थिति की ओर छलांग लगाते हैं. वे प्रकाश का उत्सर्जन करते हैं, जिसे हम किसमें देख सकते हैं ?
(A) रमन स्पेक्ट्रम
(B) अवशोषण स्पेक्ट्रम
(C) उत्सर्जन स्पेक्ट्रम
(D) फ्लोरोसेंस

10. रक्तचाप किसका अधिक स्राव होने से बढ़ सकता है ?
(A) थायरॉक्साइन
(B) टेस्टोस्टिरोन
(C) एस्ट्राडिओल
(D) एस्ट्रोजन

11. 'ग्रीन हाउस गैसों' की अवधारणा किसकी थी ?
(A) जोसेफ फ्यूरियर
(B) अब्दुल कलाम
(C) एम. एस. स्वामिनाथन
(D) रिचेल कार्लसन

12. 'भोपाल गैस त्रासदी 1984' किससे सम्बन्धित है ?
(A) एलुमिनियम फॉस्फाइड
(B) मीथेल ब्रोमाइड
(C) मीथेल आइसोसियानेट
(D) कार्बन डाइ-ऑक्साइड

13. प्रदूषित वातावरण से छोड़े गए विविक्त पदार्थ को प्रायः किस प्रक्रिया के दौरान फिल्टर किया जाता है ?
(A) खाँसने
(B) छींकने
(C) (A) और (B) दोनों
(D) मूत्र त्याग

14. सारस कहाँ का राज्य पक्षी है ?
(A) राजस्थान
(B) उत्तर प्रदेश
(C) मध्य प्रदेश
(D) पश्चिम बंगाल

15. 21 नवम्बर, 2012 को टॉगेरियो ज्वालामुखी किस देश में फूटा ?
(A) आस्ट्रेलिया
(B) इण्डोनेशिया
(C) पापुआ न्यू गायना
(D) न्यूजीलैण्ड

16. डाओचेंग येडिंग एयरपोर्ट कहाँ स्थित है ?
(A) थाइलैण्ड (B) फिलीपिन्स
(C) चीन (D) तिब्बत

17. बीसीसीआई ने किसे "वर्ष 2011-12 का भारतीय क्रिकेटर" सम्मानित करने के लिए नामित किया ?
(A) सुनील गावस्कर
(B) वीवीएस लक्ष्मण
(C) विराट कोहली
(D) युवराज

18. "शहीदी दिवस" कब मनाया जाता है ?
(A) 1 जनवरी (B) 15 जनवरी
(C) 30 जनवरी (D) 9 जनवरी

19. विश्व कैरम चैम्पियनशिप वर्ष 2012 में किसने जीती ?
(A) रश्मि कुमारी
(B) मीराबाई चानू
(C) निशान्त फर्नैंडो
(D) नुतकी प्रियंका

20. निम्नलिखित में से कौनसा पशु नमक का सबसे अधिक सेवन करता है ?
(A) भेड़ (B) ऊँट
(C) गधा (D) कुत्ता

21. निम्नलिखित में से कौनसा एयरपोर्ट केवल घरेलू एयरपोर्ट है ?
(A) डाबोलिन एयरपोर्ट, गोवा
(B) श्रीनगर एयरपोर्ट
(C) देवी अहिल्याबाई होल्कर एयरपोर्ट
(D) इनमें से कोई नहीं

22. कृषि से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अंशदान के सम्बन्ध में सही विकल्प चुनिए–
(A) वर्ष 1950-51 में (जीडीपी 51·88%) और 2011-12 में (जीडीपी-14·01%)
(B) वर्ष 1950-51 में (जीडीपी 11·00%) और 2011-12 में (जीडीपी-25%)
(C) वर्ष 1990-91 में (जीडीपी 29·53%) और 2011-12 में (जीडीपी-66·77%)
(D) वर्ष 1980-81 में (जीडीपी 35·69%) और 2011-12 में (जीडीपी-20·69%)

23. दूसरी भारतीय-अफ्रीकी फोरम समिट-2011 कहाँ आयोजित हुई थी ?
(A) इरेट्रिया (B) इथियोपिया
(C) सूडान (D) नाइजीरिया

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

24. औरंगजेब की मृत्यु कहाँ हुई थी ?
(A) पुणे
(B) औरंगाबाद
(C) अहमद नगर
(D) मुम्बई

25. अधिकतम सामाजिक लाभ सिद्धान्त किसका बुनियादी सिद्धान्त है ?
(A) सूक्ष्म अर्थशास्त्र
(B) वृहत् अर्थशास्त्र
(C) राजकोषीय अर्थशास्त्र
(D) पर्यावरणीय अर्थशास्त्र

26. निम्नलिखित में से कौनसी पंचवर्षीय योजना सही नहीं है ?
(A) प्रथम 1951–56
(B) द्वितीय 1956–61
(C) तृतीय 1961–66
(D) चतुर्थ 1966–71

27. मनुष्य की ध्वनि (शोर) की सामान्य एवं अधिकतम सहिष्णुता सीमा कितनी होती है ?
(A) 50 से 70 डेसिबल
(B) 60 से 80 डेसिबल
(C) 65 से 75 डेसिबल
(D) 70 से 85 डेसिबल

28. आर्थिक सिद्धान्त क्या है ?
(A) अभिगृहीत
(B) प्रस्थापना
(C) प्राक्कल्पना
(D) परीक्षित प्राक्कल्पना

29. भारतीय विशेष आर्थिक नियम संशोधन किस वर्ष हुआ ?
(A) 2000 (B) 2002
(C) 2004 (D) 2006

30. भारतीय संविधान में नागरिकता के प्रावधान कब लागू हुए ?
(A) 1950 (B) 1949
(C) 1951 (D) 1952

31. वल्लभ भाई पटेल को 'सरदार' की पदवी किसने दी ?
(A) महात्मा गाँधी
(B) विनोबा भावे
(C) बारदोलाई की महिलाएं
(D) गुजरात के किसान

32. मार्क्स के अनुसार मूल्य का स्रोत क्या है ?
(A) पूँजी
(B) भूमि
(C) श्रम
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

33. भारत में बाहरी आक्रमण अथवा सशस्त्र विद्रोह के कारण भारत के राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा किसके अन्तर्गत की गई ?
(A) अनुच्छेद-352
(B) अनुच्छेद-356
(C) अनुच्छेद-360
(D) अनुच्छेद-368

34. सामुदायिक विकास कार्यक्रम का प्रारम्भ किस वर्ष किया गया ?
(A) 1950 (B) 1952
(C) 1951 (D) 1953

35. सन् 1923 में नागपुर में कौनसा सत्याग्रह हुआ ?
(A) नमक सत्याग्रह
(B) व्यक्तिगत सत्याग्रह
(C) किसान सत्याग्रह
(D) ध्वजा सत्याग्रह

36. निम्नलिखित में से कौनसा सम्प्रदाय बौद्ध धर्म का नहीं है ?
(A) महायान (B) हीनयान
(C) दिगम्बर (D) थेरावाद

37. जिस समय दिल्ली ब्रिटिश भारत की राजधानी बनी उस समय वायसराय कौन था ?
(A) लॉर्ड कर्जन
(B) लॉर्ड मिंटो
(C) लॉर्ड हार्डिंग
(D) लॉर्ड वेवेल

38. सन् 1936 में भारतीय नागरिक स्वतन्त्रता संघ की स्थापना किसने की ?
(A) सुभाष चन्द्र बोस
(B) बाल गंगाधर तिलक
(C) जवाहर लाल नेहरू
(D) राजेन्द्र प्रसाद

39. निम्नलिखित में से किस विश्वविद्यालय की स्थापना पहले की गई थी ?
(A) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय
(B) बॉम्बे यूनिवर्सिटी
(C) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय
(D) इलाहबाद विश्वविद्यालय

40. 'योसेमाइट' क्या है ?
(A) नदी (B) चोटी
(C) झरना (D) बाँध

41. प्रथम भारतीय उपग्रह 'आर्यभट्ट' किस वर्ष छोड़ा गया ?
(A) 1972 (B) 1975
(C) 1977 (D) 1979

42. तट आधारित इस्पात संयंत्र कहाँ स्थित है ?
(A) तूतीकोरिन
(B) सलेम
(C) विशाखापट्टनम
(D) मंगलूर

43. निम्नलिखित में से कौनसे दो शहर उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर से जुड़े हुए हैं ?
(A) श्रीनगर और कन्याकुमारी
(B) मुम्बई और चेन्नई
(C) अमृतसर और कोलकाता
(D) हैदराबाद और भोपाल

44. भूमिगत जल के प्रवाह के साथ नीचे की ओर बहने वाले प्रदूषकों को क्या कहते हैं ?
(A) निक्षालक
(B) प्रदूषक
(C) मिट्टी के कण
(D) स्राव

45. फेफड़े कहाँ स्थित होते हैं ?
(A) उदरीय गुहिका
(B) हृदयावरणीय गुहिका
(C) उदरावरणीय गुहिका
(D) फुफ्फुसावरणीय गुहिका

46. नवजात बच्चों के लिए सबसे आदर्श भोजन निम्नलिखित में से क्या है ?
(A) पानी (B) चीनी
(C) शहद (D) दूध

47. अनुलेखन का अर्थ किसका संश्लेषण है ?
(A) लिपिड (B) प्रोटीन
(C) डीएनए (D) आरएनए

48. हाइड्रोक्लोरिक अम्ल किसकी कोशि-काओं से स्रावित होता है ?
(A) मुख कोटर (B) पेट
(C) इलियम (D) कोलोन

49. पायसीकरण क्या है ?
(A) वसा को छोटी-छोटी गोलिकाओं में भंजित करना
(B) वसा का पाचन
(C) वसा का अवशोषण
(D) वसा का संग्रहण

50. वर्गीकरण विज्ञान किससे सम्बन्धित विज्ञान है ?
(A) आकृति-विज्ञान
(B) शरीर-रचना विज्ञान
(C) वर्गीकरण
(D) आर्थिक प्रयोग

●●●

शेष पृष्ठ 96 का

इसके लिए नियमित सम्पर्क, बैठकें तथा उच्च स्तर पर विचार-विमर्श जारी रखना चाहिए.

भारत को हमेशा ध्यान देना चाहिए कि वह भूटान को चीन के बढ़ते दबाव की ओर झुकने से बचाए रखे तथा इसके लिए उसे भूटान की आवश्यकताओं तथा आकांक्षाओं में सामंजस्य स्थापित करे. चीन भूटान के साथ सीमा निर्धारण के लिए बातचीत द्वारा समझौता करने का प्रयत्न कर रहा है. वह इस समझौते में ऐसे अनुबंध शामिल करने का प्रयत्न कर सकता है जो भारत के विरुद्ध हो सकते हैं तथा भारत-चीन विवाद में चीन के पक्ष में उद्धृत किए जा सकते हैं. भारत को भूटान के साथ सम्बन्धों में चीन की भूमिका को सीमित ही रखना चाहिए. चीन ऐसा प्रयत्न कर सकता है कि भूटान के साथ सम्बन्धों में उसे भारत से अधिक सामकक्ष महत्व मिल जाए. भारतीय कूट-नीतिज्ञों को इसके प्रति सजग रहना चाहिए. इसका यह लक्ष्य होना चाहिए कि भारत भूटान के सहयोग के प्रत्येक क्षेत्र में उच्च स्तर के सम्बन्ध स्थापित हों और इसमें निरन्तर प्रगति हो. भूटान के आधुनिकीकरण तथा विकास में भारत भरपूर सहायता दे रहा है तथा भविष्य में ऐसा करने के लिए वचनबद्ध भी है. भूटान भी भारत के साथ अपने सम्बन्धों को अधिक से अधिक महत्व प्रदान करता रहा है. आशा है दोनों देशों के राज नेता समय-समय पर नियमित रूप से एक-दूसरे देशों की यात्रा करके भारत भूटान सम्बन्धों को और अधिक शक्ति देने का प्रयत्न करते रहेंगे.

निष्कर्षतः राजनीतिक एवं आर्थिक रूप से भारत व भूटान के बीच घनिष्ठ मित्रतापूर्ण सम्बन्ध रहे हैं. भारत ने जहाँ भूटान के आर्थिक विकास एवं आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, वहीं भूटान ने भी सामरिक व सुरक्षा की दृष्टि से भारत के साथ सहयोग की भावना का प्रदर्शन किया है. भारत ने जहाँ एक ओर भूटान को अन्तर्राष्ट्रीय व्यक्तित्व व पहचान प्राप्त करने में मदद की है, वहीं दूसरी ओर सभी अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर भूटान का साथ दिया है. यद्यपि दोनों के सम्बन्धों का मूल आधार आज भी 1949 की मित्रता व सहयोग की संधि ही है, तथापि परिपक्व राजनैतिक सम्बन्धों तथा महत्वपूर्ण आर्थिक सहयोग ने इन्हें मित्रता की पराकाष्ठा पर पहुँचा दिया है. इन दोनों के मित्रतापूर्ण सम्बन्धों ने भारत सम्बन्धों को आदर्श श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है. आज भूटान राजशाही से निकलकर लोकतांत्रिक प्रणाली मजबूत करने में लगा है जो भारत-भूटान सम्बन्धों को भावी-भविष्य में नए आयाम प्रदान करने में सक्षम होगा.

●●●

शेष पृष्ठ 104 का

47. प्रसिद्ध कैला देवी मेला कहाँ आयोजित होता है ?
(A) धौलपुर
(B) सवाई माधोपुर
(C) करौली
(D) हिण्डौन

48. प्रसिद्ध चौरासी खम्भों की छतरी कहाँ स्थित है ?
(A) जयपुर (B) कोटा
(C) झालावाड़ (D) बूँदी

49. राजस्थान का वह जिला, जो विश्व का अद्वितीय पक्षी अभयारण्य है एवं जल पक्षियों का स्वर्ग है–
(A) उदयपुर (B) जैसलमेर
(C) अलवर (D) भरतपुर

50. जनगणना 2011 के अन्तिम आँकड़ों के अनुसार राजस्थान में कुल साक्षरता का प्रतिशत है–
(A) 66·1 प्रतिशत
(B) 86·2 प्रतिशत
(C) 75·8 प्रतिशत
(D) 61·8 प्रतिशत

उत्तरमाला

●●●

sscexamonline.blogspot.com

सामान्य अध्ययन

(प्रथम प्रश्न-पत्र)

1. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है ?
   (A) बोलीविया – टिन
   (B) ब्राजील – लौह अयस्क
   (C) मैक्सिको – चाँदी
   (D) पेरू – नाइट्रेट

2. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गये कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए—

सूची-I (कोयला क्षेत्र)	सूची-II (देश)
(a) डोनेट्स	1. जर्मनी
(b) कुजनेट्स्क	2. यू.के.
(c) लंकाशायर	3. रूस
(d) सार	4. यूक्रेन

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	1	2	3	4
(B)	4	3	2	1
(C)	3	4	1	2
(D)	1	3	2	4

3. किस देश में उसके भौगोलिक क्षेत्र का उच्चतम प्रतिशत वनाच्छादित है ?
   (A) चीन (B) भारत
   (C) इण्डोनेशिया (D) जापान

4. जहाँ चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर नवम्बर 2010 में एक बाँध निर्माण करना प्रारम्भ किया है, वह स्थान है—
   (A) यँगदयू (B) ज़ाँगमऊ
   (C) युआँग (D) म्यांगसी

5. सूची-I को सूची-II में सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए—

सूची-I (उद्योग)	सूची-II (केन्द्र)
(a) एल्युमिनियम	1. मलांजखंड
(b) ताँबा	2. दुण्डू
(c) जस्ता	3. जे. के. नगर
(d) जूट	4. भाटपाड़ा

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	3	1	4	2
(B)	3	1	2	4
(C)	1	4	2	3
(D)	1	2	3	4

6. रामसेतु (Adam's Bridge) शुरू होता है—
   (A) धनुष्कोडि से
   (B) मण्डपम् से
   (C) पम्बन से
   (D) रामेश्वरम् से

7. निम्नलिखित में से कौनसा देश अपने कुल निर्यात से प्राप्त धन का लगभग दो-तिहाई चावल के व्यापार से प्राप्त करता है ?
   (A) जापान (B) थाइलैण्ड
   (C) म्यांमार (D) इण्डोनेशिया

8. विश्व में कुल कहवा (Coffee) उत्पादन के प्रतिशत की दृष्टि से शीर्षस्थ देश है—
   (A) कोलम्बिया (B) ब्राजील
   (C) भारत (D) इथियोपिया

9. निम्नलिखित संघ शासित राज्यों में स्त्री साक्षरता 2011 की जनगणना के अनुसार उच्चतम है—
   (A) पुडुचेरी
   (B) चण्डीगढ़
   (C) दमन एवं दीव
   (D) लक्षद्वीप

10. एक दन्त चिकित्सक द्वारा रोगी के दाँतों की जाँच के लिए प्रयुक्त दर्पण है—
    (A) अवतल (Concave)
    (B) उत्तल (Convex)
    (C) समतल (Plane)
    (D) बेलनाकार (Cylindrical)

11. बेतार (Wireless) संचार पृथ्वी की सतह को निम्नांकित द्वारा परावर्तित किया जाता है ?
    (A) क्षोभ मंडल (Troposphere)
    (B) समताप मंडल (Stratosphere)
    (C) आयन मंडल (Ionosphere)
    (D) बहिर्मंडल (Exosphere)

12. निम्नलिखित देशों को उनके नाभिकीय शक्ति संयंत्रों की संख्या के अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए—
    1. फ्रांस
    2. जापान
    3. रूस
    4. संयुक्त राज्य अमरीका (यू.एस.ए.)

    कूट :
    (A) 3, 4, 2, 1 (B) 3, 1, 4, 2
    (C) 4, 1, 2, 3 (D) 4, 3, 2, 1

13. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए—

सूची-I (नदी)	सूची-II (बाँध)
(a) कोलोरेडो	1. अस्वान
(b) दामोदर	2. कैरीबा
(c) नील	3. पंचेत हिल
(d) जाम्बेजी	4. हूवर

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	1	2	3	4
(B)	1	3	4	2
(C)	3	4	1	2
(D)	4	3	1	2

14. किस स्तर (डेसीबल में) से अधिक की ध्वनि खतरनाक (Hazardous) ध्वनि प्रदूषण कहलाता है ?
    (A) 30 dB (B) 40 dB
    (C) 60 dB (D) 80 dB

15. टेलीविजन के दूरस्थ नियंत्रण के लिए किस प्रकार के विद्युत् चुम्बकीय विकिरण का उपयोग किया जाता है ?
    (A) अवरक्त (Infrared)
    (B) पराबैंगनी (Ultra-violet)
    (C) दृश्य (Visible)
    (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(C) 1999 (D) 1997
(E) इनमें से कोई नहीं

22. किस वर्ष उत्पादित N प्रकार के टायरों की संख्या में पिछले वर्ष की अपेक्षा 40% वृद्धि हुई?
(A) 1998 (B) 1999
(C) 1997 (D) 2000
(E) इनमें से कोई नहीं

23. वर्ष 1998 में N प्रकार के टायरों का उत्पादन, उसी वर्ष M प्रकार के टायरों के उत्पादन का लगभग कितने % था?
(A) 90 (B) 80
(C) 175 (D) 150
(E) इनमें से कोई नहीं

24. वर्ष 1998 में उत्पादित और 1999 में उत्पादित 'N' प्रकार के टायरों की संख्या में कितना अन्तर है?
(A) 30 लाख (B) 35 लाख
(C) 32 लाख (D) 40 लाख
(E) इनमें से कोई नहीं

25. वर्ष 1997 से 1998 में M प्रकार के टायरों की संख्या में लगभग कितने % कमी हुई?
(A) 30% (B) 50%
(C) 40% (D) 60%
(E) इनमें से कोई नहीं

28. किस वर्ष में सभी विषयों में उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत सबसे अधिक रहा?
(A) 2000 (B) 2001
(C) 2002 (D) 2003
(E) 2004

29. वर्ष 2001 में कला में उत्तीर्ण छात्रों की संख्या और 2000 में कृषि एवं इंजीनियरिंग में मिलाकर उत्तीर्ण छात्रों की संख्या में कितना अन्तर है?
(A) 27 (B) 89
(C) 142 (D) 33
(E) इनमें से कोई नहीं

30. वाणिज्य विषय में 2002 में सम्मिलित छात्रों की संख्या, उस वर्ष सभी विषयों में सम्मिलित छात्रों की संख्या का लगभग कितने प्रतिशत है?
(A) 36% (B) 35%
(C) 34% (D) 26%
(E) इनमें से कोई नहीं

31. आकाश ने किसी साहूकार से कोई धन-राशि 8% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से उधार ली और उसे बने सिंह को 12% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से उधार दे दिया. यदि दो वर्ष बाद उसने इस लेनदेन से ₹ 320 का लाभ कमाया तो वह धनराशि कितनी थी?
(A) ₹ 4000 (B) ₹ 3000
(C) ₹ 7000 (D) ₹ 6000
(E) इनमें से कोई नहीं

निर्देश–(प्रश्न 26 से 30 तक) प्रत्येक प्रश्न निम्नलिखित सारणी पर आधारित है.

किसी परीक्षा में सम्मिलित एवं उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की संख्या

वर्ष	कला		विज्ञान		वाणिज्य		कृषि		इंजी.		योग	
	स.	उ.	स.	उ.	स.	उ.	स.	उ.	स.	उ.	स.	उ.
1999	242	186	395	248	414	305	195	101	215	201	1461	1041
2000	280	193	384	250	405	296	231	202	273	212	1573	1153
2001	346	237	362	297	398	216	246	205	284	232	1636	1187
2002	195	101	312	242	376	231	315	234	230	205	1428	1013
2003	232	112	439	315	439	358	286	212	240	215	1895	1212
2004	375	178	396	287	347	239	339	294	296	232	1753	1230

26. वर्ष 1999 में कला विषय में उत्तीर्ण प्रतिशत किस वर्ष इन्जीनियरिंग में उत्तीर्ण के प्रतिशत के ठीक बराबर था ?
(A) 2000 (B) 2004
(C) 2002 (D) 2001
(E) इनमें से कोई नहीं

27. वर्ष 2001 में किस विषय में उत्तीर्ण का % सबसे अधिक रहा?
(A) कला (B) विज्ञान
(C) वाणिज्य (D) कृषि
(E) इन्जीनियरिंग

32. यदि एक पुस्तकालय में 20% पुस्तकें हिन्दी में, शेष की 50% अंग्रेजी में और शेष 4500 पुस्तकें अन्य भाषाओं में हैं, तो अंग्रेजी भाषा में वहाँ कुल कितनी पुस्तकें हैं?
(A) 9000 (B) 2600
(C) 2230 (D) 2400
(E) इनमें से कोई नहीं

33. एक ब्याज मुक्त ऋण को 40 मासिक किस्तों में अदा करने के लिए प्रतिग्रहीता ₹ 180 अदा करना पड़ता है. यदि वह 30 मासिक किस्तों में अदा करना हो तो मासिक किस्त कितने रुपए की होगी?
(A) ₹ 198 (B) ₹ 350
(C) ₹ 250 (D) ₹ 240
(E) इनमें से कोई नहीं

34. एक आयताकार मैदान की लम्बाई 50% और चौड़ाई 20% बढ़ाने पर नया क्षेत्रफल पुराने क्षेत्रफल का कितने गुना होगा?
(A) $\frac{17}{19}$ (B) $\frac{21}{25}$
(C) $7\frac{4}{5}$ (D) $8\frac{2}{5}$
(E) इनमें से कोई नहीं

35. 175 लिटर दूध में, जिसका मूल्य ₹ 16·00 प्रति लिटर है, कितना पानी मिलाया जाए कि मिश्रण का मूल्य ₹ 14·00 प्रति लिटर हो जाए?
(A) 27 (B) 25
(C) 34 (D) 24
(E) इनमें से कोई नहीं

निर्देश–(प्रश्न 36 से 40 तक) प्रत्येक निम्नांकित ग्राफ पर आधारित है.

पाँच पदों के लिए साक्षात्कार किए गए तथा चुने गए अभ्यर्थियों की संख्या



36. चुने गए मैनेजरों की संख्या चुने गए कारीगरों की संख्या से कितने प्रतिशत कम है ?
(A) 25% (B) 32%
(C) 34% (D) 24%
(E) इनमें से कोई नहीं

37. निम्नलिखित में से किस पद पर चुनाव-अनुपात (चुने गए : साक्षात्कार किए गए) अधिकतम है?
(A) मजदूर (B) कारीगर
(C) अधिकारी (D) क्लर्क
(E) मैनेजर

38. किस पद के लिए अस्वीकृत अभ्यर्थियों की संख्या न्यूनतम है?
(A) मजदूर (B) अधिकारी
(C) कारीगर (D) क्लर्क
(E) मैनेजर

sscexamonline.blogspot.com

39. मजदूर पद के लिए साक्षात्कार किए जाने वालों की संख्या और क्लर्क पद के चुने जाने वालों की संख्या में कितना अन्तर है?
(A) 90 (B) 80
(C) 70 (D) 60
(E) इनमें से कोई नहीं

40. कुल चुने गए अभ्यर्थियों की संख्या और कुल साक्षात्कार किए गए अभ्यर्थियों की संख्या में क्रमशः क्या अनुपात है?
(A) 50 : 37 (B) 38 : 49
(C) 37 : 50 (D) 36 : 55
(E) इनमें से कोई नहीं

निर्देश–(प्रश्न 41 से 45 तक) प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न तथा उसके बाद I और II कथन दिए गए हैं. आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं. **उत्तर दीजिए**–
(A) यदि केवल कथन I में दिया गया डाटा, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है.
(B) यदि केवल कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है.
(C) यदि केवल I और II में से प्रत्येक कथन में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है.
(D) यदि दोनों कथनों में मिलाकर डाटा भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है.
(E) यदि दोनों कथनों में मिलाकर डाटा, प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक है.

41. उस रेलगाड़ी की लम्बाई क्या है जो एक सिग्नल के खम्भे को 10 सेकण्ड में पार कर जाती है?
I. रेलगाड़ी की गति 54 किमी/घण्टा है.
II. रेलगाड़ी 150 मीटर लम्बे प्लेटफार्म को 20 सेकण्ड में पार कर जाती है.

42. किसी धन पर 3 वर्ष के लिए साधारण ब्याज और चक्रवृद्धि ब्याज में कितना अन्तर होगा?
I. ब्याज की दर 8% सालाना है.
II. साधारण ब्याज की कुल राशि 1200 रु. है.

43. यदि 3 मेज और 1 कुर्सी का मूल्य 4800 रु. है, तो 1 कुर्सी का मूल्य क्या है?
I. चार कुर्सी और 1 मेज का मूल्य 4900 रु. है.
II. दो कुर्सी और 2 मेजों का मूल्य 4400 रु. है.

44. यदि बड़ौदा और सुल्तानपुर के बीच अन्तर 100 किमी है तो बड़ौदा और धानपुर के बीच कितना अन्तर होगा?
I. सुल्तानपुर और रहमतनगर के बीच अन्तर 100 किमी है.
II. सुल्तानपुर और धानपुर के बीच अन्तर 500 किमी है, जबकि धानपुर और बड़ौदा सुल्तानपुर के विपरीत ओर हैं.

45. कुमार, चन्दा, कमला और यशोधरा के बीच 7500 रु. वितरित किए गए. चन्दा को कुमार से दो गुना धन मिला. कुमार को कितना धन मिला?
I. कमला और यशोधरा को मिलाकर चन्दा से 200 अधिक मिले.
II. कुमार को कमला से आधा धन मिला.

निर्देश–(प्रश्न 46 से 50 तक) प्रत्येक प्रश्न में एक अंक शृंखला दी गई है, जिसमें एक संख्या असंगत है. उस असंगत संख्या को ज्ञात कीजिए.

46. 7706, 1927, 386, 64, 10, 2, 1
(A) 1927 (B) 386
(C) 64 (D) 10
(E) 2

47. 13, 16, 21, 28, 36, 48, 61
(A) 36 (B) 61
(C) 16 (D) 15
(E) 21

48. 32, 36, 41, 61, 86, 122
(A) 36 (B) 32
(C) 86 (D) 61
(E) 41

49. 2, 3, 6, 15, 52·5, 157·5
(A) ·3 (B) 6
(C) 52·5 (D) 15
(E) 157·5

50. 293, 172, 91, 42, 16, 8, 7
(A) 1 (B) 8
(C) 91 (D) 42
(E) 16

उत्तर व्याख्या सहित

sscexamonline.blogspot.com

कि न्यायिक सक्रियतावाद (Judicial Activism) क्या है ?

☛ न्यायिक सक्रियतावाद (Judicial Activism) न्यायपालिका की वह सक्रिय प्रवृत्ति है जिसके द्वारा वह सामाजिक एवं प्रशासनिक मामलों का कार्यपालिका तथा व्यवस्थापिका को पीछे छोड़कर नियमित करने लगती है. न्यायिक सक्रियतावाद की आलोचना भी की जाती है तथा न्यायपालिका को यह सलाह दी जाती है कि वह अन्य संस्थाओं के अधिकारों पर अतिक्रमण न करे.

कि हाइजेकिंग क्या होती है ?

☛ हाइजेकिंग (Hijacking) का अर्थ विमान अपहरण है. जब कोई व्यक्ति विमान में घुस जाता है और विमान चालक को हथियारों के बल पर डराता है. यात्रियों को मारने की धमकी देता है और विमान अपने मन चाहे स्थान पर ले जाने के लिए चालक को मजबूर करता है और ऐसा करने में वह सफल भी हो जाता है. यह विमान अपहरण या हाइजेकिंग कहलाती है. ये विमान अपहरणकर्ता आतंकवादी या जघन्य अपराधी हो सकते हैं. ये यात्रियों एवं चालक दल को बन्दी बनाकर अपनी शर्तें मनवाने का प्रयास करते हैं. 1971 के मॉन्ट्रियल– अभिसमय के अन्तर्गत ऐसे अपराधियों के प्रत्यर्पण और उन्हें दण्ड देने की व्यवस्था की गई है.

कि खगोलीय एकक (Celestial Unit) क्या है ?

☛ सूर्य से पृथ्वी की औसत दूरी (14·96 करोड़ किमी) को खगोलीय एकक (इकाई) माना जाता है और इसी के संदर्भ में सूर्य से अन्य ग्रहों की दूरी को व्यक्त किया जाता है. इससे आनुपातिक दूरी प्रदर्शित की जाती है जिनकी गणना सूर्य से किसी ग्रह की वास्तविक दूरी में सूर्य से पृथ्वी की औसत दूरी (खगोलीय इकाई) से भाग देकर की जाती है. इससे यह ज्ञात होता है कि कोई आकाशीय पिंड पृथ्वी की तुलना में सूर्य से कितना गुना दूर है ?

कि गुल्म (Scrub) क्या है ?

☛ यह छोटी झाड़ियों तथा बौने (छोटे-छोटे) वृक्षों के रूप में उगने वाली वनस्पति है कहीं-कहीं अपेक्षाकृत बड़े वृक्ष भी पाए जाते हैं. इसमें अधिकांश वृक्ष 1 से 2 मीटर तक ऊँचाई वाले होते हैं. गुल्म का विकास प्रायः उन भागों में होता है, जहाँ वर्षा कम होती है और मिट्टी की गहराई भी बहुत कम होती है जिसके कारण बड़े-बड़े वृक्षों का विकास नहीं हो पाता है. इस प्रकार की वनस्पतियाँ अधिकांशतया गर्म मरुस्थलों के सीमांत प्रदेश के अर्द्ध शुष्क भागों में विकसित होती हैं. आस्ट्रेलिया के अर्द्ध शुष्क प्रदेश में पाई जाने वाली माली गुल्म (Mallee Scrub) और मुलगा गुल्म (Mulga Scrub) इसके विशिष्ट उदाहरण हैं.

कि जल गर्तिका (Pot hole) क्या है ?

☛ मैदानी भाग में तीव्र गति से प्रवाहित होने वाली नदी की तली में निर्मित गर्त, जिनकी उत्पत्ति जल भँवर के साथ चलने वाले कंकड़, पत्थर एवं बजरी द्वारा अपरदन के परिणामस्वरूप होती है. पहले छोटे-छोटे गर्तों का निर्माण होता है जिनका आकार धीरे-धीरे बढ़ता जाता है. जल गर्तिका का व्यास कुछ सेमी से लेकर कई मीटर तक हो सकता है. इसकी गहराई, इसके व्यास की तुलना में अधिक होती है. जल गर्तिका का निर्माण प्रायः जल प्रपात की तली वाले भाग में होता है जहाँ जल ऊपर से नीचे गिरता है. कभी-कभी चूना पत्थर प्रदेश में निर्मित घोल रन्ध्र तथा बिलियन छिद्र के लिए भी जल गर्तिका शब्द का प्रयोग किया जाता है.

कि चिकित्सा विज्ञान के अनुसार क्या मनुष्य के मस्तिष्क और कमर की संरचना के बीच कोई सम्बन्ध है ?

☛ मोटापा शरीर को ही नहीं, बल्कि मस्तिष्क को भी गम्भीरता से प्रभावित करता है. अभी हाल ही में किए गए शोध के अनुसार आपकी कमर के चारों ओर जमी चर्बी आपके मस्तिष्क को सिकोड़ रही है. शोधकर्ताओं ने पाया कि मस्तिष्क का वह क्षेत्र, जो बोध और संज्ञान के लिए महत्वपूर्ण होता है, वह मोटे लोगों में छोटा हो जाता है. ऐसे लोगों का दिमाग, अपनी उम्र के हिसाब से 16 साल अधिक बूढ़ा होता है. मस्तिष्क का यह संकुचन 'डिमेंशिया' (मनोभ्रंश) से सम्बद्ध होता है.

यह शोध उस संदेह को बल प्रदान करता है कि बढ़ता वजन मस्तिष्क की स्थिति में बदलाव का खतरा पैदा करता है. शरीर में बढ़ी हुई चर्बी हृदय-धमनियों में अवरोध उत्पन्न करती है, जो मस्तिष्क की कोशिकाओं तक पहुँचने वाले रक्त और ऑक्सीजन के संचरण को कम करती है. फलतः, मेटाबोलिज्म में होने वाली कमी से मस्तिष्क की कोशिकाएं मृत होने लगती हैं.

कि 'बायोनिक मैन' क्या है ?

☛ बायोनिक मैन को विकसित करने में बायोनिक्स की भूमिका महत्वपूर्ण रही है. आखिर, बायोनिक्स क्या है ? बायोनिक्स इलेक्ट्रॉनिक्स एवं बायोलॉजी का समन्वय है. इसमें जीवों एवं कृत्रिम संरचनाओं के बीच तकनीक का हस्तांतरण होता है. इससे युद्ध या दुर्घटनाओं में हाथ, पैर या अन्य महत्वपूर्ण अंग गँवा चुके लोगों को हू-ब-हू वैसे ही बायोनिक आर्गन ट्रांसप्लांट किए जाते हैं. बायोनिक्स शरीर में होने वाली सभी रासायनिक जैविक और भौतिक क्रियाओं को कृत्रिम रूप से साकार करने की इंजीनियरिंग है. इन बायोनिक अंगों में सेन्सर, रेडार, अल्ट्रासाउंड तथा कम्प्यूटर साइंस की नवीनतम तकनीकों का उपयोग होता है.

बायोनिक मैन एक तरह से कृत्रिम मानव होता है, लेकिन उसमें सभी आंतरिक एवं बाह्य मानवीय क्रियाएं-प्रतिक्रियाएं होती हैं. ऐसे बायोनिक मैन में, सामान्य व्यक्ति की तुलना में, असीमित बल होता है. बायोनिक अंग तार और इलेक्ट्रॉनिक सूक्ष्म पुर्जों से तैयार होता है, लेकिन वे पूर्णतः इंसानी अंगों की तरह काम करते हैं तथा दिमाग से संकेत ग्रहण करते हैं.

कि टाईफून (Typhoon) क्या है ?

☛ यह एक उष्ण कटिबंधीय चक्रवात है, जो पश्चिमोत्तर प्रशान्त महासागर तथा चीन सागर में उत्पन्न होता है. इस चक्रवात में हवाएं अत्यधिक तेजी से (ब्यूफोर्ट पवन मापी पर 12 से अधिक) बहार से केन्द्र की ओर चलती हैं. इनका व्यास सामान्यतः 150 से 650 किमी तक पाया जाता है. इसके केन्द्र और परिधि के वायुदाब में अधिक अन्तर (10 से 50 मिली बार) के कारण दाब प्रवणता अधिक होती है. जिससे हवाएं अति वेग से चलती हैं. इन चक्रवातों से वर्षा मूसलाधार होती है और सागर तटीय भाग में अधिक जनधन की हानि होती है. इस प्रकार के चक्रवात संयुक्त राज्य अमरीका के दक्षिण पूर्वी भाग में भी आते हैं जहाँ इन्हें हरीकेन कहते हैं.

कि पीलियायी मेघ (Pelean Cloud or Nuee ardente) क्या है ?

☛ यह ज्वालामुखी उद्गार के समय उत्पन्न देदीप्यमान बादल है, जो भाप ज्वालामुखी धूल तथा तप्त गैसों से युक्त होते हैं. जब ये बादल नीचे उतरते हैं, तो अत्यधिक विनाशकारी होते हैं, क्योंकि इनसे प्रज्ज्वलित धूल कणों तथा शैल खण्डों की वर्षा होने लगती है. सन् 1902 में माउण्ट पीली (Mount Pelee) के उद्भेदन के समय मारटिनिक द्वीप पर स्थित सेंट पियरे नगर बर्बाद हो गया था. इस प्रकार के ज्वालामुखी द्वारा निर्मित मेघ को पीलियायी मेघ कहा जाता है. फ्रांसीसी भाषा में इस प्रकार के बादल को नुई अर्डेन्टी कहते हैं.

●●●

sscexamonline.blogspot.com

प्रश्न–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कोई राजनीतिक दल न होकर बुद्धिजीवियों का समूह था.

उत्तर–

प्रश्न–खुला समुद्र का क्या अभिप्राय है ?

उत्तर–

प्रश्न–फियोर्ड (Fiord or fgord) क्या है ?

उत्तर–

प्रश्न–क्या बिना मिट्टी और बिना खाद के फल और सब्जी उगा सकते हैं ?

उत्तर–

प्रश्न–भारत की लोक सभा में 'सदन का नेता' का क्या अभिप्राय है ?

उत्तर–

प्रश्न–फैदोमीटर (Fathometer) क्या है ?

उत्तर–

प्रश्न–'हुजूर दफ्तर' क्या था ?

उत्तर–

प्रश्न–क्या मनुष्य को निगलने वाली कोई चिड़िया थी या है ?

उत्तर–

●●●

sscexamonline.blogspot.com

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

1. निम्नलिखित में से किसके जलने पर ज्वाला उण्डी (Cold Flame) होती है, जिसमें न हाथ जलता है और न कोई अन्य वस्तु ?
   (A) एण्टीमनी
   (B) फॉस्फोरस
   (C) बिस्मथ
   (D) क्लोरोफ्लोरो कार्बन

2. हिन्दी व्याकरण के अनुसार भूतकाल के कितने भेद होते हैं ?
   (A) 6 (B) 5
   (C) 4 (D) 3

3. द्वितीयक इन्द्रधनुष (Secondary Rainbow) प्रकाश की निम्नलिखित प्रक्रिया के कारण बनता है–
   (A) अपवर्तन
   (B) परावर्तन
   (C) ध्रुवण
   (D) पूर्ण आन्तरिक परावर्तन

4. साबरमती नदी किस शहर के बीच से होकर गुजरती है ?
   (A) नागपुर
   (B) बड़ोदरा
   (C) अहमदाबाद
   (D) नासिक

5. लोक सभा की बैठक समाप्त की जा सकती है–
   (A) स्थगन द्वारा
   (B) सत्रावसान द्वारा
   (C) विघटन द्वारा
   (D) उपर्युक्त सभी के द्वारा

6. भारतीय नागरिकों का यह मूल कर्तव्य नहीं है–
   (A) संविधान का पालन करें
   (B) देश की रक्षा करें
   (C) सार्वजनिक सम्पत्ति को सुरक्षित रखें
   (D) देश में स्कूल, कॉलेज और अस्पताल बनवाएं

7. उत्तर-वैदिककालीन मुद्रा को कहते थे–
   (A) पण
   (B) निष्क
   (C) शतमान
   (D) दीनार

8. ऋग्वेद में सर्वाधिक उल्लेख किस नदी का किया गया है ?
   (A) गंगा (B) सरस्वती
   (C) यमुना (D) कावेरी

9. सरदार पटेल को 'सरदार' की उपाधि किसने दी ?
   (A) महात्मा गांधी
   (B) मदन मोहन मालवीय
   (C) लोकमान्य तिलक
   (D) दीनबन्धु चितरंजन दास

10. महर्षि भारद्वाज के पितामह का नाम है–
    (A) महर्षि अगस्त्य
    (B) महर्षि वशिष्ठ
    (C) महर्षि कश्यप
    (D) महर्षि अंगिरा

11. यह किसका वाक्य है, "The pen is mighter than the sword ?"
    (A) शेक्सपीयर
    (B) बुलवर लिटन (Bulwer Lytton)
    (C) नेल्सन
    (D) चार्ल्स डिकेंस

12. प्रवाह (Drift) कहते हैं–
    (A) मन्द गति वाली समुद्री धारा को
    (B) लाइट हाऊस को
    (C) पृथ्वी की ऊपरी ठोस परत को
    (D) इनमें से कोई नहीं

13. चीन की खोज किसने की ?
    (A) एरिक्सन
    (B) कोलम्बस
    (C) मार्कोपोलो
    (D) वास्को-डि-गामा

14. चूरेन ज्वालामुखी निम्नलिखित देश में है–
    (A) चिली
    (B) जापान
    (C) इण्डोनेशिया
    (D) कोलम्बिया

15. सन् 1947 में स्वतन्त्र भारत के प्रथम खाद्य मंत्री थे–
    (A) रफी अहमद किदवई
    (B) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
    (C) सरदार पटेल
    (D) जगजीवन राम

16. सप्त ऋषियों में से है–
    (A) जमदग्नि (B) कण्व
    (C) वेदव्यास (D) लोमश

17. निम्न में से किस मद से प्राप्त राजस्व का बँटवारा केन्द्र द्वारा राज्यों को नहीं करना पड़ता है ?
    (A) आयकर
    (B) उत्पाद शुल्क
    (C) सीमा शुल्क
    (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

18. नरसिंहम समिति ने किस सम्बन्ध में अपने सुझाव केन्द्र सरकार को दिए थे ?
    (A) उच्च शिक्षा सुधार सम्बन्धी
    (B) कर-संरचना सुधार सम्बन्धी
    (C) बैंकिंग संरचना सुधार सम्बन्धी
    (D) पंचवर्षीय योजनाओं के क्रियान्वयन सम्बन्धी

19. विद्युत् धारा एवं समय, दोनों ही में परिमाण एवं दिशा होती है, परन्तु ये राशियाँ वेक्टर (सदिश) क्यों नहीं है ?
    (A) इनके गात्रक उपयुक्त नहीं हैं
    (B) ये वेक्टर के जोड़ के नियमों का पालन नहीं करती है
    (C) वेक्टर की दुनिया में ये महत्वहीन राशियाँ है
    (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

20. निम्नलिखित का प्रयोग चिकित्सा शास्त्र में नहीं होता है–
    (A) लाइन एलिमेन्ट
    (B) आइरिस
    (C) इन्टेंस्टाइन
    (D) येलो स्पॉट

21. शब्द "Commander-in-Chief" में कौनसा सिलेबल (Syllable) है ?
    (A) मोनो सिलेबल
    (B) डाई सिलेबल
    (C) ट्राई सिलेबल
    (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

22. "कॉमर्शियल सेटेलाइट कम्यूनिकेशन अर्थ स्टेशन" कहाँ स्थित है ?
    (A) पालनपुर
    (B) कोचि
    (C) विशाखापट्टनम
    (D) अर्वी

23. न्यूक्लिओसाइड और न्यूक्लिओटाइड में मुख्य अन्तर होता है–
    (A) फॉस्फेट यूनिट की उपस्थिति
    (B) बेस यूनिट की उपस्थिति

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

(C) न्यूक्लिक अम्ल की उपस्थिति
(D) हाइड्रोजन बन्ध

24. भारतीय संसद ने राज्य के पुनर्गठन अधिनियम को कब पारित किया ?
(A) 1956 (B) 1957
(C) 1958 (D) 1952

25. अशोक के किस अभिलेख पर 'मयूर' की आकृति है ?
(A) इलाहाबाद (B) सारनाथ
(C) लुम्बिनी (D) नन्दनगढ़

26. किसी वृत्त में एकसमान कोणीय वेग से गति करते समय कण में–
(A) संवेग का संरक्षण होता है
(B) ऊर्जा का संरक्षण होता है
(C) संवेग तथा ऊर्जा दोनों का ही संरक्षण होता है
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

27. साथ में दिए गए चित्र को पहचानिए–

(A) केविन रड
(B) डेविड कैमरून
(C) शिमोन पेरेज
(D) स्टीफन हार्पर

28. साथ में दिया गया चित्र किसका है ?

(A) जुलिया गिलार्ड
(B) लिज हर्ले
(C) शिनवात्रा
(D) इनमें से कोई नहीं

●●●

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के नियम

1. इसमें सभी विद्यार्थी अथवा किसी प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले प्रत्याशी भाग ले सकेंगे.
2. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्याशियों को निर्धारित तिथि तक अपने उत्तर भेजना आवश्यक है. प्रविष्टियाँ सामान्य डाक से ही भेजी जाएं तथा लिफाफे पर बाईं ओर '**सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता**' अवश्य लिखें.
3. प्रतियोगिता के उत्तर पत्रिका में दिए गए प्रपत्र पर ही मान्य होंगे.
4. प्रश्न के क्रमांक के आगे चार खाने बने हैं. प्रतियोगी जिस उत्तर को ठीक समझें उस कॉलम में केवल गुणा (×) का चिह्न लगाएं. एक प्रश्न का एक से अधिक उत्तर देने पर वह प्रश्न निरस्त कर दिया जाएगा.
5. प्रतियोगी जितने प्रश्न हल करें उनकी संख्या स्वयं अवश्य लिखें.
6. अशुद्ध उत्तर देने पर अंक काटे जाएंगे.
7. सर्वाधिक शुद्ध हल भेजने वाले प्रतियोगी को प्रथम पुरस्कारस्वरूप ₹ 700 दिए जाएंगे. उससे कम शुद्ध हल भेजने वाले प्रतियोगियों को क्रमशः द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा, जो क्रमशः ₹ 500 व ₹ 300 का होगा. यदि किसी पुरस्कार को प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों की संख्या एक से अधिक होगी, तो पुरस्कार राशि उनमें समान रूप से विभक्त कर दी जाएगी.
8. पुरस्कार के विषय में सम्पादक का निर्णय सर्वमान्य होगा. किसी भी दशा में वह न्यायालय का विषय नहीं होगा.

प्रतियोगिता प्रवेश प्रारूप

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता क्रमांक–157 का हल भेजने की अन्तिम तिथि 10 अगस्त, 2013

नाम श्री/कु./श्रीमती ______________________

पूरा पता ______________________

____

____

राज्य .... पिन कोड नं. ☐☐☐☐☐☐

____

आयु .... शैक्षणिक योग्यता ....

प्रतियोगिता परीक्षा जिसकी तैयारी कर रहे/रही हैं ______________

____

मैंने प्रतियोगिता दर्पण द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के नियमों का अध्ययन कर लिया है और मैं उनसे सहमत हूँ।

....

(हस्ताक्षर)

परिणाम

कुल हल किए प्रश्नों की संख्या ______________

शुद्ध हल प्रश्नों की संख्या ______________

अशुद्ध हल प्रश्नों की संख्या ______________

अर्जित अंक ______________

उत्तर-पत्र

प्रश्न संख्या	A	B	C	D	प्रश्न संख्या	A	B	C	D
1.	☐	☐	☐	☐	15.	☐	☐	☐	☐
2.	☐	☐	☐	☐	16.	☐	☐	☐	☐
3.	☐	☐	☐	☐	17.	☐	☐	☐	☐
4.	☐	☐	☐	☐	18.	☐	☐	☐	☐
5.	☐	☐	☐	☐	19.	☐	☐	☐	☐
6.	☐	☐	☐	☐	20.	☐	☐	☐	☐
7.	☐	☐	☐	☐	21.	☐	☐	☐	☐
8.	☐	☐	☐	☐	22.	☐	☐	☐	☐
9.	☐	☐	☐	☐	23.	☐	☐	☐	☐
10.	☐	☐	☐	☐	24.	☐	☐	☐	☐
11.	☐	☐	☐	☐	25.	☐	☐	☐	☐
12.	☐	☐	☐	☐	26.	☐	☐	☐	☐
13.	☐	☐	☐	☐	27.	☐	☐	☐	☐
14.	☐	☐	☐	☐	28.	☐	☐	☐	☐

उपकार प्रकाशन की उपयोगी पुस्तकें

(गत वर्षों के प्रश्न-पत्र हल सहित)



Code 684 ₹ 525.00



Code 180 ₹ 420.00



Code 678 ₹ 195.00



Code 68 ₹ 225.00

Code 1118 ₹ 360.00

Code 1222 ₹ 220.00

Code 35 ₹ 140.00

उपकार
की पुस्तकें

सर्वश्रेष्ठता का विकल्प नहीं

English Editions also available

उपकार प्रकाशन

2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा-282 002 फोन : 4053333, 2531101, 2530966; फैक्स : (0562) 4053330

ब्रांच ऑफिस :
- 4845, अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली-2, फोन : 011-23251844/66
- 1-8-1/B, आर.आर. कॉम्प्लेक्स (सुन्दरैया पार्क के पास, मनसा एन्क्लेव गेट के बगल में), बाग लिंगमपल्ली, हैदराबाद-44 फोन : 040-66753330
- पीरमोहानी चौक, कदमकुआँ, पटना-800 003 फोन : 0612-2673340

e-mail : care@upkar.in

sscexamonline.blogspot.com

प्रथम पुरस्कृत निबन्ध

भारत में 'सभी के लिए शिक्षा' अभियान : मिथक या वास्तविकता

✍ अजय सिंह यदुवंशी

शिक्षा का मौलिक अधिकार

शिक्षा, व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र की प्रगति के साथ-साथ सभ्यता एवं संस्कृति के विकास के लिए भी आवश्यक है. 'सुभाषितरत्न दोष' में उल्लिखित है कि "ज्ञान मनुष्य का तीसरा नेत्र है, जो उसे समस्त तत्वों के मूल को जानने में सहायता करता है तथा यही कार्य करने की विधि बताता है."

महाभारत काव्य में भी वर्णित है कि "विद्या के समान नेत्र तथा सत्य के समान कोई दूसरा तप नहीं है." कहा गया है कि शिक्षा विनय प्रदान करती है, विनय से पात्रता आती है. धन से धर्म तथा अन्ततोगत्वा सुख प्राप्त होता है.

प्राचीन ग्रन्थों में विद्या का महत्व निम्नांकित श्लोक से स्पष्ट समझा जा सकता है–

"न चौर हार्यं न च भ्रातृ भाज्यं,
न राजहार्यं न च भार कारि:
व्यये कृते वर्धते एव नित्यं,
विद्या धनं सर्वधन प्रधानम् ।"

प्राचीन भारतीय शिक्षा गुरुकुल पद्धति पर आश्रित थी, जिसमें विद्यार्थी गुरु के निवास में ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए शिक्षा प्राप्त करते थे. शिक्षा का मूल उद्देश्य व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक उन्नयन था. शुद्धता एवं सादगी पर बल दिया जाता था. गीता में वर्णित है कि–

"युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु,
युक्त-स्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुखहा ।"

इस पद्धति में आचार्य स्वयं जिज्ञासु को ही शिष्य बनाते थे. शिक्षण शुल्क के रूप में कुछ नहीं लिया जाता था. जो व्यक्ति धन की लालसा में शिक्षा देते थे, समाज उन्हें घृणा की नजर से देखता था.

कालिदास ने ऐसे व्यक्ति के लिए 'ज्ञान का व्यवसायी' संज्ञा प्रयुक्त की है. शनैः-शनैः गुरुकुलों का स्थान नालन्दा, विक्रमशिला तथा तक्षशिला जैसे बड़े-बड़े शिक्षा केन्द्रों ने लिया, लेकिन शिक्षा का मूल उद्देश्य ज्ञान की गहराई में उतरना ही रहा. यह व्यवस्था विद्यार्थी के सम्मुख, 'सादा जीवन उच्च [illegible]र' का आदर्श रखती थी.

मैकाले की शिक्षा नीति ने यह समझकर ही कि अंग्रेजी भाषा और अंग्रेजी शिक्षा व्यवस्था से भारतीयों का एक ऐसा वर्ग तैयार किया जा सकता है, जो रक्त व रंग से भारतीय, परन्तु प्रकृति विचार एवं नैतिक मापदण्डों में अंग्रेजों जैसा होगा. वे हमारी आदर्श शिक्षा का नाश कर भूरे अंग्रेज पैदा करना चाहते थे और वे इस कार्य में सफल भी हुए.

अनिवार्य एवं मुफ्त शिक्षा के सम्बन्ध में न्यायालय का मत

मोहिनी जैन *बनाम* कर्नाटक राज्य (1992) 3 SCC 666 के मामले में शीर्ष अदालत ने अनुच्छेद 21 के तहत् शिक्षा पाने के अधिकार को प्रत्येक नागरिक का मूल अधिकार बताते हुए ऐतिहासिक निर्णय दिया. अनुच्छेद 21 के तहत् प्राण व दैहिक स्वतन्त्रता के अधिकार में शिक्षा पाने का अधिकार भी शामिल है तथा निजी कॉलेज द्वारा कैपीटेशन शुल्क लेना नागरिकों के इस अधिकार का उल्लंघन है. प्रत्येक नागरिक को शिक्षा उपलब्ध करवाना राज्य का संवैधानिक दायित्व है.

यूनी कृष्णन *बनाम* आन्ध्र प्रदेश (1993) 4 SCC 645 के मामले में निजी कॉलेज संचालकों ने न्यायालय से मोहिनी जैन वाद में दिए गए निर्णय पर पुनर्विचार के लिए आवेदन किया. उनका तर्क था कि उक्त निर्णय को लागू किया गया, तो उनको कॉलेज बन्द करने पड़ेंगे. विद्वान् न्यायमूर्तियों ने शिक्षा को मूल अधिकार माना तथा इसे 14 वर्ष के बच्चों तक सीमित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा के सम्बन्ध में यह राज्य की आर्थिक क्षमता पर निर्भर करेगा. एम. सी. मेहता *बनाम* तमिलनाडु राज्य (1996) 6 SCC 756 के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य को आदेश दिया कि अनुच्छेद 45 के अनुसार बाल श्रमिकों को शिक्षा का पूर्ण अवसर प्रदान करें. यह भी निर्देश दिया कि संरक्षक का दायित्व होगा कि वह बालक को शिक्षा के लिए भेजे तथा सम्बन्धित सरकार यह देखे कि उनके काम की अवधि 4 से 6 घण्टे से अधिक न हो और प्रत्येक दिन में 2 घण्टे शिक्षा प्राप्त करें व उनकी शिक्षा का सम्पूर्ण व्यय नियोजक वहन करें.

शिक्षा के अधिकार से सम्बन्धित संवैधानिक प्रावधान

अनुच्छेद 21 क-86वें संविधान संशोधन अधिनियम 2002 द्वारा संविधान में अनुच्छेद 21 के पश्चात् नया अनुच्छेद 21 क जोड़ा गया, जो यह उपबन्धित करता है कि "राज्य ऐसी रीति से जैसा कि विधि बनाकर निर्धारित करे 6 वर्ष की आयु से 14 वर्ष आयु के सभी बालकों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा के लिए उपलब्ध करेगा.

अनुच्छेद 41 : कुछ अवस्थाओं में काम, शिक्षा और लोक सहायता पाने का अधिकार–राज्य अपनी सामर्थ्य और विकास की सीमाओं के भीतर प्रत्येक व्यक्ति के लिए काम पाने, शिक्षा पाने तथा बेकारी, बुढ़ापा, बीमारी और अशक्तता की दशाओं में सार्वजनिक सहायता पाने के अधिकार को प्राप्त करने का कार्यसाधक उपबन्ध करेगा.

अनुच्छेद 45 : उपबन्धित करता है कि "राज्य 6 वर्ष की आयु के सभी बालकों के पूर्व बाल्यकाल की देखरेख और शिक्षा के लिए अवसर प्रदान करने के लिए उपलब्ध करेगा.

अनुच्छेद 46 : समाज के दुर्बल वर्गों के शिक्षा और अर्थ सम्बन्धी हितों की अभिवृद्धि–राज्य जनता के दुर्बल वर्गों के विशेषतया अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों की शिक्षा तथा अर्थसम्बन्धी हितों की विशेष सावधानी से अभिवृद्धि करेगा तथा सामाजिक अन्याय तथा सब प्रकार के शोषण से उनकी सुरक्षा करेगा.

1 अप्रैल, 2010 से प्रभावी हुए 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा कानून शिक्षा के लिए नया सबेरा लेकर आएगा. अनिवार्य शिक्षा दिए जाने को मौलिक अधिकार बनाया जाना सचमुच शिक्षा क्षेत्र के नए सबेरे की तरह है. इसे आने में 63 वर्ष लग गए हैं, साथ ही यह सवाल भी है कि इतने वर्षों बाद भी क्या यह अधिकार सचमुच पूर्णरूप से प्रभावी होगा. भारतीय लोकतन्त्र की इस महान् उपलब्धि पर जय-जयकार होनी चाहिए और वह हो भी रही है, लेकिन आशंकाओं को देखते हुए हमें जोश के साथ उस होश को बरकरार रखना चाहिए, जिसके बिना यह उपलब्धि तमाम अन्य उपलब्धियों की तरह एक अधूरा सपना बनकर रह सकती है. भारत सरकार का दावा है कि देश में छह से चौदह (6 से 14) साल की आयु वर्ग के बच्चों की संख्या 22 करोड़ (बाईस करोड़) के लगभग है और उसमें करीब एक करोड़ ऐसे हैं, जो अपनी सामाजिक, पारिवारिक, आर्थिक स्थितियों के कारण स्कूल नहीं जा पाते हैं. इस बारे में साक्षरता और शिक्षा के सरकारी आँकड़े चाहे जो बोलें, लेकिन सच्चाई तो

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

यह है कि अधिकांश राज्यों की ग्रामीण आबादी का ज्यादातर भाग निरक्षर है.

आज साक्षरता के लिए भारत सरकार लाखों, करोड़ों रुपए खर्च कर रही है. भारत सरकार द्वारा शिक्षा के लिए चलाए जा रहे साक्षरता आन्दोलन अभियान के अन्तर्गत ग्रामीण अंचल के गाँव, तहसील व जिलों में निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के बाद साक्षर किए गए लोग पुनः कुछ समय के बाद निरक्षर लोगों के समान ही हो जाते हैं, क्योंकि उनके पास प्राथमिकता से जीवनयापन का विकल्प नहीं है और वे सपरिवार सर्वप्रथम जीविका के संसाधनों के लिए जुट जाते हैं और स्कूल, विद्यालय या मदरसों में पढ़ाई छोड़कर परिवार के साथ धन कमाने के लिए काम पर लग जाते हैं.

''बराबरी और विकास लाने की जिस भावना के तहत् शिक्षा को मौलिक अधिकार बनाया गया है, उसे पाने के लिए गुणवत्ता के फर्क को भी मिटाना होगा.''

इस कानून से उम्मीद जताई जा रही है कि एक करोड़ बच्चों को सर्वाधिक लाभ होगा और भारत के माथे पर लगा निरक्षरता का कलंक भी मिटेगा, लेकिन ये सरकारी आँकड़े विश्व बैंक और गैर-सरकारी संगठनों के आँकड़ों से समानता नहीं रखते हैं. इनके अनुसार बीच में स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की संख्या इससे कहीं ज्यादा है और बच्चों को पुनः स्कूल से जोड़ने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं हैं.

इसमें सरकारी स्कूलों की दशा सुधारने के प्रति कोई प्रतिबद्धता नहीं है, लेकिन निजी स्कूलों के भरोसे शिक्षा क्रान्ति सम्भव भी नहीं है. पूरी आबादी को शिक्षित करने का लक्ष्य निजी स्कूलों के दम पर हासिल नहीं हो सकता तथा भारत की शिक्षा समस्या का समाधान नहीं हो सकता, क्योंकि जिन सस्ते निजी स्कूलों में गरीब और निम्न मध्य वर्ग के बच्चे जाते हैं, वहाँ भी काफी अत्याचारी, बाजारू एवं घटिया शिक्षा मिलती है.

1 अप्रैल, 2010 से लागू हो रहा शिक्षा अधिकार, कानून क्या सरकारी स्कूलों की दुर्दशा दूर करने के उपाय करता है? सतही तौर पर ऐसा दिखाई देने पर भी असलियत में ऐसा नहीं है. जैसा कि इस कानून में शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात इतना कम रखा गया है कि देश के 70 प्रतिशत प्राथमिक स्कूलों में मात्र दो, तीन या चार शिक्षक देने की अनिवार्यता होगी और एक शिक्षक से दो या तीन कक्षाओं को एक साथ पढ़ाना चमत्कार करने जैसा होगा.

हाँ यह जरूर हो जाएगा कि सरकारी आँकड़े शिक्षा के प्रति खाली नहीं रहेंगे तथा ... को शिक्षा नहीं, बल्कि सरकारी प्रमाण-पत्र जरूर मिल जाएंगे व सरकारी सफलता के गुणगान भी किए जाएंगे.

शिक्षा के अधिकार के नाम पर यह कानून इस बात की गारण्टी देता है कि यदि प्रत्येक बच्चा पढ़ना चाहे, तो मुफ्त शिक्षा के लिए उसके पड़ोस में एक सरकारी स्कूल होगा, लेकिन इस बात की गारण्टी नहीं है कि वहाँ पर शिक्षक है या नहीं ? पेयजल, शौचालय, मैदान, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं आदि की तो उम्मीद ही नहीं है. पाँच या दस वर्ष इन स्कूलों में जाने के बाद भी बच्चे को पढ़ने-लिखने, गणित, विज्ञान की न्यूनतम योग्यता हासिल नहीं हो पाती, इसीलिए इन सरकारी स्कूलों से पलायन हो रहा है. जिनकी हैसियत स्तरीय निजी स्कूलों की फीस देने की नहीं होती, उन्हीं के बच्चे मजबूरन इन स्कूलों में जाते हैं, क्योंकि देश में गरीबी बहुत है, इसलिए तीन-चौथाई आबादी की किस्मत में यही सरकारी स्कूल है. छह से चौदह की उम्र के बच्चों को एक से आठ तक की कक्षा के लिए आरक्षित किया गया है ? अब सवाल यह है कि आठ के बाद क्या होगा ? क्या आठवीं की पढ़ाई कर आज कोई बच्चा रोजगार पा सकता है ? इससे आगे की शिक्षा की बड़ी-बड़ी बातें हो जाएं, लेकिन हकीकत यह है कि गरीब और साधारण बच्चों के लिए आगे की शिक्षा निरन्तर लेना नामुमकिन है. भले ही शिक्षा अधिकार कानून को बड़े जोर-शोर से लागू किया तो जा रहा है, पर इसकी सफलता की गारण्टी नहीं है तथा शिक्षा अधिकार कानून को लागू करने के लिए भी एक कानून की आवश्यकता पड़ेगी, ऐसा प्रतीत हो रहा है इस कानून के लागू होने के बाद शिक्षक-छात्र अनुपात की कमी दूर करने के लिए राज्य सरकारों को बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति करनी पड़ेगी, जिसके लिए राज्य सरकारों के पास धन नहीं है.

अन्त में बराबरी और विकास लाने की जिस भावना के तहत् शिक्षा को मौलिक अधिकार बनाया गया है, उसे पाने के लिए गुणवत्ता के फर्क को भी मिटाना होगा, नहीं तो अधिकार केवल कागजी अधिकार बनकर ही रह जाएगा. ●●●

शेष पृष्ठ 162 का

(v) अर्थ प्रभाग (Economic Wing) के द्वारा **'e-Office'** प्रोजेक्ट 'Paperless Office' के उद्देश्य से शुरू किया गया.

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. **'Song and Drama Division'**–All India Radio (**AIR**) की एक इकाई के रूप में वर्ष 1954 में स्थापना की गई, जिसका अस्तित्व एक स्वतंत्र इकाई के रूप में संचार विकास के उद्देश्य से, किस वर्ष आया?
   (A) 1956 (B) 1958
   (C) 1960 (D) 1961
2. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय–**MOI & B** (भारत सरकार) के अधीनस्थ फोटो डिवीजन (Photo Division) एक स्वतंत्र विभाग के रूप में 16 अक्टूबर वर्ष .... को स्थापित किया गया.
   (A) 1957
   (B) 1959
   (C) 1960
   (D) इनमें से कोई नहीं
3. **MOI & B** (Ministry of Information & Broadcasting, **GOI**) के अधीनस्थ **IIMC** (Indian Institute of Mass Communication)–A Centre of Excellence एक स्वायत्तशासी संगठन/संस्थान को कब स्थापित किया गया?
   (A) 17 अगस्त, 1965
   (B) 17 अगस्त, 1967
   (C) 17 अगस्त, 1970
   (D) इनमें से कोई नहीं
4. सामुदायिक रेडियो माट्टोली (Community Radio Mattoli) द्वारका, नैल्लूरनाडु पोस्ट–वेयानद (केरल)–एक सफल कहानी के रूप में, को 1 जून, वर्ष .... में लाँच किया गया.
   (A) 2009 (B) 2010
   (C) 2011 (D) 2012
5. पूर्वोत्तर क्षेत्र (**NER**–भारत की 7 बहिनें *i.e.*, 7 Sisters of India) में Krishna Kanta Handique State Open University–**KKHSOU**; गुवाहाटी (असम) में उत्तर-पूर्व भारत में **'Jnan Taranga'–First Radio Station** 20 नवम्बर वर्ष .... को लाँच किया गया.
   (A) 2010
   (B) 2011
   (C) 2012
   (D) इनमें से कोई नहीं

उत्तरमाला

●●●

UPKAR'S
Just Released
UGC
NET/JRF/SET
PSYCHOLOGY
Paper-II
Including Previous Years' Solved Papers
By : Dr. Kalika Jha Code 1765 ₹ 360/-
HINDI EDITION Code 2195 ₹ 360/-
UPKAR PRAKASHAN, AGRA-2



sscexamonline.blogspot.com

प्रतियोगिता दर्पण
हिन्दी मासिक

निवन्ध प्रतियोगिता क्रमांक–409 का परिणाम

प्रथम

द्वितीय

तृतीय

विषय : भारत में 'सभी के लिए शिक्षा' अभियान : मिथक या वास्तविकता

प्रथम अजय सिंह यदुवंशी
40, गौरी विहार, सरोजनी नगर,
लखनऊ (उ. प्र.)
पिन–226 008

द्वितीय दीपांजली सेंगर
बिरला नगर, ग्वालियर (म. प्र.)
पिन–474 004

तृतीय विनोद कुमार
सतनाली का बास, सुरेहती कलां,
महेन्द्रगढ़, हरियाणा

अन्य प्रशंसनीय प्रयास

1. आराधना श्रीवास्तव
इरीगेशन कॉलोनी, अजयगढ़,
पन्ना (मध्य प्रदेश)

2. शगुफ्ता सिद्दीकी
श्रीपुरा, कोटा (राजस्थान)

3. राहुल चौहान
7/73, चिरंजीव विहार,
गाजियाबाद (उ. प्र.)

4. रत्नेश्वर सिंह
12/9, EWS कॉलोनी
गोविन्दपुर, तेलियरगंज,
इलाहाबाद (उ. प्र.)

5. रवीन्द्र कुमार
20, मयूर विहार कॉलोनी,
ज्वालापुर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

6. पूजा
महादेव जंगल, चौरी-चौरा,
गोरखपुर (उ. प्र.)

7. वैशाली गुप्ता
पंचशील प्रिमरोज, हापुड़ रोड,
डरसांव, गाजियाबाद (उ. प्र.)

8. निटिन राय
जवाहर नवोदय विद्यालय
बिरौली, समस्तीपुर (बिहार)

9. राहुल लक्ष्मण पाडवी
प्लॉट नं. 8A, हरकलाल नगर,
शहादा रोड, तलोदा
नंदुरबार (महाराष्ट्र)

10. अंशुल त्यागी
CH-122, पल्लवपुरम फेस-I
मोदीपुरम, मेरठ (उ. प्र.)

➠ उपर्युक्त प्रशंसित निबन्ध प्रतियोगियों में से प्रत्येक को उपकार प्रकाशन की 200 रुपए मूल्य तक की वांछित पुस्तक/पुस्तकें भेंटस्वरूप प्रदान की जाएंगी. कृपया अपनी पसंद की पुस्तक अलग से प्रकाशक के नाम पत्र द्वारा सूचित करें. यदि 200 रुपए से अधिक मूल्य की पुस्तक की माँग की गई, तो उसके मूल्य में से 200 रुपए पुरस्कारस्वरूप कम कर दिए जाएंगे.

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता क्रमांक–156 का सर्वशुद्ध हल एवं पुरस्कार विजेता

प्रतियोगिता के नियमानुसार प्रवेश प्रपत्र-पत्र पर प्राप्त हलों के परीक्षण के उपरान्त निम्नलिखित प्रतियोगी पुरस्कार प्राप्त करने में सफल हुए हैं. 'प्रतियोगिता दर्पण' उनकी सफलता पर शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है तथा उनकी खोजपूर्ण प्रवृत्ति के प्रति आभार व्यक्त करती है.

पुरस्कृत विजेता

प्रथम पुरस्कार संजय कुमार शर्मा
ग्राम–गढ़ी उम्मेद, पो.–जारखी
जि.-फिरोजाबाद (उ. प्र.) पिन–283 103

द्वितीय पुरस्कार अमल कुमार विश्वास
बरसौनी पूर्णिया (बिहार)
पिन–854 326

तृतीय पुरस्कार राजकुमार जायू
90, सुन्दर नगर, महादेव घाट रोड
त्रिमूर्ति चौक से पहले, साईं मन्दिर चौक
रायपुर (छत्तीसगढ़)
पिन–492 013

सर्वशुद्ध हल

नवीन प्रस्तुति
उपकार
मध्य प्रदेश
सहायक ग्रेड-3/
पंजीयन एवं निम्न श्रेणी लिपिक
संयुक्त चयन परीक्षा

लेखकद्वय : डॉ. लाल एवं जैन
कोड नं. 2176 मूल्य : ₹ 195/-

प्रमुख आकर्षण
☞ मध्य प्रदेश सामान्य ज्ञान
☞ सामान्य हिन्दी
☞ प्रारम्भिक गणित
☞ कम्प्यूटर ज्ञान

उपकार प्रकाशन, आगरा–2
E-mail : care@upkar.in Website : www.upkar.in

sscexamonline.blogspot.com

"प्रतियोगिता दर्पण के अगस्त अंक में इसके प्रकाशन से एक वर्ष पूर्व तक के देश व विश्व के अन्य देशों में घटित प्रमुख घटनाओं का समीक्षात्मक लेखा-जोखा समग्र रूप में प्रस्तुत करने का श्रमसाध्य प्रयास पत्रिका की परम्परा रही है. हमारे इस प्रयास का उद्देश्य केवल प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु पाठकों को सशक्त रूप से तैयार करना ही नहीं है, अपितु हमारे इस विनम्र प्रयास के नेपथ्य में पाठकों को ज्ञान की ऊर्जा से एक नई दिशा देने का उद्देश्य निहित है. पाठकों ने हमारे इस प्रयास को सराहा है. पाठकों के स्नेह से उत्साहित होकर तथा बदलते परीक्षा प्रतिमानों के अनुरूप इस वर्ष से हम इस परम्परा को नए कलेवर और गुणात्मक सुधारों के साथ प्रस्तुत कर रहे हैं. आशा है हमारा यह प्रयास पाठकों के लिए बहुपयोगी सिद्ध होगा."

–डॉ. सूर्यनारायण पाण्डेय

विशिष्ट एवं बहुचर्चित राष्ट्रीय मुद्दे/घटनाएं-समीक्षात्मक विवेचन

आईपीएल के छठे संस्करण हेतु क्रिकेटरों की नीलामी

क्रिकेट अब खेल के मैदान की बजाय कॉर्पोरेट जगत् की वाणिज्यिक गतिविधियों का खेल हो गया है इसी क्रम में आईपीएल (IPL—Indian Premier League) के छठे संस्करण (3 मार्च, 2013 से 26 मई, 2013 में भारत के विभिन्न शहरों में आयोजित) हेतु क्रिकेटरों की नीलामी 3 फरवरी, 2013 को चेन्नई में सम्पन्न हुई. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) की **इण्डियन प्रीमियर लीग** (IPL—Indian Premier League) की टीमों के रिक्त स्थानों की फ्रेन्चाइजी के लिए करोड़ों रुपए की बोलियाँ लगाई गईं.

चेन्नई में 3 फरवरी, 2013 को सम्पन्न इस नीलामी में भारत सहित विभिन्न देशों के कुल 108 क्रिकेटर इस नीलामी में खरीद के लिए उपलब्ध थे. इनमें 37 खिलाड़ियों को विभिन्न फ्रेंचाइजियों द्वारा अनुबन्धित किया गया. इस नीलामी में सर्वाधिक 10 लाख डॉलर (₹ 5·3 करोड़) की बोली आस्ट्रेलिया के उदीयमान ऑलराउंडर **ग्लेन मैक्सवेल** को मिली, जिन्हें **मुम्बई इण्डियंस** ने खरीदा. दूसरे स्थान पर ₹ 3·85 करोड़ **अजंता मेंडिस** को इस नीलामी में प्राप्त हुए, जिन्हें **पुणे वारियर्स** ने इस मूल्य पर लिया. भारतीय खिलाड़ियों में ऑलराउंडर अभिषेक नायर व तेज गेंदबाज आर.पी. सिंह में विशेष रुचि फ्रेंचाइजियों ने प्रदर्शित की. इनमें अभिषेक नायर के लिए पुणे वारियर्स ने तथा आर.पी. सिंह के लिए रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू ने क्रमशः ₹ 3·50 करोड़ व ₹ 2·10 करोड़ की सर्वोच्च बोलियाँ दीं. इस नीलामी में सर्वाधिक 13 खिलाड़ी आस्ट्रेलिया के अनुबन्धित हुए. भारत व श्रीलंका के 6-6, वेस्टइंडीज के 5, दक्षिण अफ्रीका के 4 व [इंग्लै]ण्ड के 3 खिलाड़ी अनुबन्धित हुए.

जनगणना 2011 : प्रमुख आँकड़े एक दृष्टि में

(फाइनल आँकड़े; 30 अप्रैल, 2013 को जारी)

- **कुल जनसंख्या**–1,21,07,26,932 (121·07 करोड़)
- **कुल जनसंख्या में :**
  - ग्रामीण जनसंख्या–83·3 करोड़ (कुल जनसंख्या का 68·8 प्रतिशत
  - शहरी जनसंख्या–37·7 करोड़ (कुल जनसंख्या का 31·2 प्रतिशत)
  - **योग 121·07**
- **दशकीय वृद्धि दर** (2001–2011)—17·70 प्रतिशत
  - निरपेक्ष वृद्धि–18·20 करोड़ (17·70 प्रतिशत)
  - पुरुष जनसंख्या में वृद्धि–9·097 करोड़
  - महिला जनसंख्या में वृद्धि–9·099 करोड़
- 0–6 आयु वर्ग की जनसंख्या–16·45 करोड़ (कुल जनसंख्या का 13·58 प्रतिशत)
- **साक्षरता दर :**
  - **सकल**–73·00 प्रतिशत
    - पुरुष साक्षरता–80·9 प्रतिशत
    - महिला साक्षरता–64·6 प्रतिशत
    - सर्वाधिक साक्षरता वाला राज्य–केरल (94·0 प्रतिशत)
    - न्यूनतम साक्षरता वाला राज्य–बिहार (61·8 प्रतिशत)
- **जनसंख्या घनत्व**–382 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर
  - सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व–**दिल्ली** में 11320 –प्रति वर्ग किमी
  - सबसे कम जनसंख्या घनत्व–अरुणाचल प्रदेश में 17 प्रति हजार
- **प्रति हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या**–943 (2001 में 898)
  - सर्वाधिक लिंगानुपात वाला राज्य–केरल (प्रति हजार पुरुषों पर 1084 महिलाएं)
  - न्यूनतम लिंगानुपात वाला राज्य–हरियाणा (प्रति हजार पुरुषों पर 879 महिलाएं)
- **सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य**–क्रमशः उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार
- **सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य**–सिक्किम

26/11 के मुम्बई हमले के आरोपी कसाब को फाँसी

मुम्बई में 26 नवम्बर, 2008 को हुए आतंकी हमले के मामले में जीवित पकड़े गए एकमात्र पाकिस्तानी आतंकी मोहम्मद अजमल आमिर कसाब की दया याचिका राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा खारिज किए जाने के एक माह के भीतर इस आतंकी को 21 नवम्बर, 2012 को फाँसी दे दी गई. दया याचिका राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा खारिज किए जाने की बात को सार्वजनिक नहीं किया गया था तथा इसके बाद से ही कसाब को फाँसी पर लटकाने की तैयारियाँ गृह मंत्रालय व महाराष्ट्र सरकार ने शुरू कर दी थीं. **ऑपरेशन एक्स** नाम से संचालित इस समस्त प्रक्रिया को अति गोपनीय रखा गया था.

संसद भवन पर आतंकी हमले के मुख्य षड्यंत्रकर्ता को फाँसी

आतंकवादियों को कड़ा संदेश देते हुए दिसम्बर 2001 में संसद भवन पर हमले के मुख्य षड्यंत्रकर्ता जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी अफजल गुरु को 9 फरवरी, 2013 को तिहाड़ जेल में फाँसी दे दी गई. 13 दिसम्बर, 2001 को देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक प्रतिष्ठान संसद भवन के परिसर में घुसकर आत्मघाती हमलावरों ने रोंगटे खड़े कर देने वाले हमले में अंधाधुंध गोलियाँ चलाई थीं, परन्तु कोई बड़ा नुकसान पहुँचाने से पूर्व सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को मार गिराया था. इस हमले के लिए कुख्यात आतंकवादी संगठनों–'**जैश-ए-मोहम्मद**' व '**लश्कर-ए-तोइबा**' को जिम्मेदार माना गया था. इस हमले में 10 लोग शहीद हुए थे. हमला करने वाले सभी पाँचों आतंकी भी सुरक्षाकर्मियों की जवाबी कार्यवाही में मारे गए

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

थे. संसद भवन पर हमले के मामले में सोपोर (कश्मीर) के अफजल गुरु को 15 दिसम्बर, 2001 को गिरफ्तार किया गया था. अफजल गुरु ने जैश-ए-मोहम्मद के उन पाँच आतंकवादियों को संसद भवन पर हमले की योजना बनाने और उन्हें दिल्ली में पनाह देने में मदद उपलब्ध कराई थी.

चुनाव, चुनाव आयोग एवं सत्ता परिवर्तन

14वें राष्ट्रपति चुनाव

25 जुलाई, 2012 को 76 वर्षीय प्रणव मुखर्जी ने देश के नए राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार ग्रहण किया. सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस.एच. कपाड़िया ने उन्हें देश के इस सर्वोच्च पद की शपथ ग्रहण कराई. संसद के सेन्ट्रल हॉल में राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद अपने पहले भाषण में उन्होंने देशवासियों को शांति और विकास की राह पर आगे ले जाने की सीख दी. 76 वर्षीय प्रणव मुखर्जी भारत के 14वें राष्ट्रपति इस पद पर रहे व्यक्तियों की गणना की दृष्टि 13वें राष्ट्रपति हैं. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद दो बार राष्ट्रपति रहे हैं. इस पद पर रहते हुए संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार वह देश के प्रथम नागरिक व तीनों सेनाओं के सर्वोच्च कमाण्डर भी वह रहेंगे.

राष्ट्रपति चुनावों के लिए 19 जुलाई, 2012 को मतदान हुआ था. प्रणव मुखर्जी को सांसद व विधायकों के कुल 3095 वोट मिले जिनका कुल मूल्य 7,13,763 रहा, जबकि पी.ए. संगमा को केवल 3,15,987 मत ही प्राप्त हुए. इस प्रकार संगमा को 3,97,776 मतों के भारी अन्तर से पराजित कर प्रणव मुखर्जी रायसीना हिल्स पहुँचने में सफल हुए. चुनाव आयोग के अनुसार कुल 4659 मत पड़े जिसमें 81 अमान्य करार दिए गए. मतदान में पड़े कुल मतों का मूल्य 10,47,971 था. अमान्य करार दिए गए मतों का कुल मूल्य 18,221 था. इस प्रकार वैध मतों (अमान्य को घटाने के बाद) का मूल्य 10,29,750 रहा. इस चुनाव में 776 सांसदों में से 748 सांसदों ने वोट डाले. प्रणव मुखर्जी को 527 और संगमा को 206 सांसदों ने मत दिया.

उपराष्ट्रपति चुनाव–2012

अगस्त 2012 में उपराष्ट्रपति पद के लिए मुकाबले में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (UPA) के उम्मीदवार मोहम्मद (डॉ.) हामिद अंसारी भारत के दोबारा उपराष्ट्रपति चुने गए हैं. राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा पाटिल ने राष्ट्रपति भवन के अशोक हाल में आयोजित समारोह में इस पद और गोपनीयता की शपथ उन्हें दिलाई. वह भारत के 14वें उपराष्ट्रपति (इस पद पर रहे व्यक्तियों की संख्या की दृष्टि से 12वें) हैं. इस पद पर रहते हुए वह राज्य सभा के सभापति भी रहेंगे.

उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान केवल दिल्ली में ही कराया गया था. मतदान के पश्चात् मतगणना भी 7 अगस्त, 2012 को सम्पन्न हुई. चुनाव में श्री अंसारी को जहाँ 490 …प्त हुए, एनडीए के उम्मीदवार जसवंत सिंह 238 मत ही प्राप्त कर सके. पिछले (वर्ष 2007) उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में यूपीए उम्मीदवार के तौर पर हामिद अंसारी को 455 वोट मिले थे. वर्ष 2012 के उपराष्ट्रपति चुनाव में 8 मत रद्द हुए तथा 51 सांसदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया.

गुजरात

गुजरात में दो चरणों में 13 दिसम्बर, 2012 व 17 दिसम्बर, 2012 को विधान सभा चुनाव सम्पन्न हुए. 20 दिसम्बर, 2012 को हुए मतगणना में मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीत की हैट्रिक बनाई. वह लगातार तीसरी बार गुजरात की सत्ता पर काबिज हुए. राज्य में भाजपा की यह लगातार पाँचवीं जीत रही. 182 सदस्यीय गुजरात विधान सभा के वर्ष 2012 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को 115 सीटों पर विजयश्री मिली, जबकि कांग्रेस को एनसीपी की दो सीटों सहित 63 सीटें प्राप्त हुईं. 4 सीटें अन्य के खाते में गईं. 26 दिसम्बर, 2012 को नरेन्द्र मोदी ने चौथी बार गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की.

गुजरात विधान सभा चुनाव - 2012 (दलीय स्थिति)	
कुल सीटें	**182**
मतदान हुए	**182**
भारतीय जनता पार्टी	115
कांग्रेस	63
निर्दलीय व अन्य	04

हिमाचल प्रदेश

4 नवम्बर, 2012 को हिमाचल प्रदेश में विधान सभा चुनाव सम्पन्न हुए. 20 दिसम्बर, 2012 को हुई मतगणना में 68 सदस्यीय विधान सभा में कुल 36 सीटें कांग्रेस को प्राप्त हुईं. 26 सीटों पर भाजपा को सफलता प्राप्त हुई. 25 दिसम्बर, 2012 को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता **वीरभद्र सिंह** ने छठवीं बार हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की. वीरभद्र सिंह अप्रैल 1983 में पहली बार हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे. वह 1990 तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे. इसके बाद 1993 से 1998 तक और पुनः 2003 से 2007 तक वह हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे.

हिमाचल प्रदेश विधान सभा चुनाव - 2012 (दलीय स्थिति)	
कुल सीटें	**68**
मतदान हुए	**68**
कांग्रेस	36
भारतीय जनता पार्टी	26
निर्दलीय व अन्य	06

त्रिपुरा

त्रिपुरा में विधान सभा की सभी सीटों के लिए मतदान 14 फरवरी, 2013 को सम्पन्न हुए. त्रिपुरा की 60 सदस्यीय विधान सभा में 50 सीटें जीतकर माकपा की अगुवाई वाले वाम मोर्चे ने अपना वर्चस्व कायम रखा. गठबंधन की 50 सीटों में से 49 सीटें अकेले माकपा ने ही जीतीं. इन चुनाव परिणामों के बाद 5 मार्च, 2013 को माकपा के माणिक सरकार को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया. 6 मार्च, 2013 को अगरतला स्थित राजभवन में त्रिपुरा के राज्यपाल डी. वाई. पाटिल ने मुख्यमंत्री सहित 11 मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. लगातार पाँचवीं बार माकपा के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे की सरकार त्रिपुरा में बनी है तथा माणिक सरकार चौथी बार मुख्यमंत्री वहाँ बनाए गए हैं.

त्रिपुरा विधान सभा चुनाव - 2013 (दलीय स्थिति)	
कुल सीटें	**60**
मतदान हुए	**60**
मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा)	49
कांग्रेस	10
भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा)	01

नगालैण्ड

फरवरी, 2013 में नगालैण्ड में सम्पन्न विधान सभाई चुनावों में राज्य की 60 सदस्यीय विधान सभा में 38 सीटों पर विजय प्राप्त करके सत्तारूढ़ नगा पीपुल्स फ्रंट (NPF) ने सत्ता पर कब्जा बरकरार रखा. चुनाव में एन.पी.एफ. की सहयोगी रही भाजपा व जनता दल (यू) ने भी एक-एक सीट पर विजय इन चुनावों में प्राप्त की. जबकि विपक्षी कांग्रेस को केवल 8 सीटें प्राप्त हो सकीं. नगालैण्ड के निवर्तमान मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने छठवीं बार विधान सभा के लिए निर्वाचित हुए. उन्हें ही एनपीएफ विधायक दल का नेता सर्वसम्मति से चुना गया तथा 5 मार्च, 2013 को नए मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें शपथ दिलाई गई. नेफ्यू रियो लगातार तीसरे कार्यकाल हेतु नगालैण्ड के मुख्यमंत्री बने हैं.

नगालैण्ड विधान सभा चुनाव - 2013 (दलीय स्थिति)	
कुल सीटें	**60**
मतदान हुए	**60**
नगा पीपुल्स फ्रंट (NPF)	38
भारतीय जनता पार्टी	01
जनता दल (यू)	01
कांग्रेस	08
राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी	04
निर्दलीय	08

मेघालय

फरवरी 2013 में विधान सभाई चुनाव वाला तीसरा राज्य मेघालय था. 60 सदस्यीय मेघालय विधान सभा के लिए मतगणना 28 फरवरी, 2013 को हुई. पिछली बार की भाँति इस बार भी किसी दल को अकेले ही सरकार बनाने के लिए स्पष्ट बहुमत प्राप्त नहीं हुआ तथा 29 सीटों के

साथ कांग्रेस की विधान सभा में सबसे बड़ी पार्टी बनी रही. 02 सीटें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी व कांग्रेस की सहयोगी यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी को 07 सीटों पर सफलता इस चुनाव में प्राप्त हुई है. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 2 तथा 13 निर्दलीय विधायकों में से 8 के बिना शर्त समर्थन मिलने से निवर्तमान मुख्यमंत्री मुकुल संगमा की नई सरकार के गठन के लिए 39 विधायकों का समर्थन प्राप्त हो गया था. मुकुल संगमा को गठबंधन के नेता चुने जाने के पश्चात् उन्हें 5 मार्च, 2013 को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई. संगमा लगातार दूसरे कार्यकाल हेतु मेघालय के मुख्यमंत्री बने.

मेघालय विधान सभा चुनाव - 2013 (दलीय स्थिति)	
कुल सीटें	60
मतदान हुए	60
कांग्रेस	29
राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी	02
यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी	07
निर्दलीय	13
अन्य	09

कर्नाटक

कर्नाटक विधान सभा चुनाव-2013 में कांग्रेस पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला. कांग्रेस को 224 सदस्यीय कर्नाटक विधान सभा में 121 सीटें जीतीं. सत्ताधारी भाजपा को 40 सीटें मिलीं. 13 मई, 2013 को के. सिद्धारमैया ने कर्नाटक के 22वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की. कर्नाटक के नवनियुक्त मुख्यमंत्री के सिद्धारमैया ने मंत्रिमंडल में 28 मंत्रियों को 18 मई, 2013 को शामिल कर इसका विस्तार किया.

कर्नाटक विधान सभा चुनाव - 2013 (दलीय स्थिति)	
कुल सीटें	224
मतदान हुए	223
कांग्रेस	121
भारतीय जनता पार्टी	40
जनता दल-एस	40
कर्नाटक जनता पार्टी	06
निर्दलीय व अन्य	16

चर्चित राजनीतिक गतिविधियाँ

'आम आदमी पार्टी' का गठन

भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाने के मामले में अन्ना हजारे की टीम में शामिल रहे अरविन्द केजरीवाल ने अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए अन्ना हजारे से अलग होकर राजनीति की राह पकड़ ली है. अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए 'आम आदमी पार्टी' (AAP) नाम से अपनी अलग पार्टी की स्थापना अरविन्द केजरीवाल ने नवम्बर 2012 में अपनी अलग पार्टी की घोषणा केजरीवाल ने यद्यपि 2 अक्टूबर, 2012 को गांधी जयन्ती के अवसर पर की थी. इसकी औपचारिक घोषणा 26 नवम्बर, 2012 को नई दिल्ली में की.

राहुल गांधी—कांग्रेस के उपाध्यक्ष

19 जनवरी, 2012 को जयपुर में कांग्रेस पार्टी की कार्यसमिति की बैठक में राहुल गांधी को सर्वसम्मति से पार्टी का उपाध्यक्ष चुना गया. इससे पूर्व वह पार्टी के महासचिव थे. उपाध्यक्ष बनाए जाने के पश्चात् पार्टी प्रोटोकॉल में अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी के पश्चात् उनका अब औपचारिक रूप से दूसरा स्थान हो गया है.

उद्धव ठाकरे—शिवसेना के अध्यक्ष

23 जनवरी, 2013 को मुम्बई में शिवसेना की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में उद्धव ठाकरे को पार्टी का अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया. 17 नवम्बर, 2012 को महाराष्ट्र की राजनीति के 'युग पुरुष' तथा शिव सेना के प्रमुख बाबा साहेब ठाकरे का मुम्बई में निधन हो गया था. वर्ष 1966 में बाल ठाकरे ने 'शिवसेना' का गठन किया था. वर्ष 1995 में भाजपा-शिवसेना के गठबंधन ने महाराष्ट्र में अपनी सरकार बनाई थी.

लालू प्रसाद यादव—आठवीं बार राजद के अध्यक्ष

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव एक बार पुनः अपनी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के अध्यक्ष जनवरी 2013 में चुने गए. 20 जनवरी, 2013 को पटना में पार्टी के खुले अधिवेशन में उन्हें निर्विरोध इस पद हेतु निर्वाचित किया गया. वह लगातार आठवीं बार इस पार्टी के अध्यक्ष चुने गए.

राजनाथ सिंह—तीसरी बार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह एक बार पुनः भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनवरी 2013 में चुने गए. 22 जनवरी, 2013 को नई दिल्ली में पार्टी की बैठक में उनका यह चुनाव निर्विरोध हुआ. इस पद पर नितिन गडकरी का स्थान उन्होंने लिया है, जो 2009 से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे. लगभग पाँच दशकों से पहले जनसंघ व बाद में भाजपा से सम्बद्ध रहे राजनाथ सिंह, लालकृष्ण आडवाणी से त्यागपत्र के पश्चात् 24 दिसम्बर, 2005 को पहली बार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए थे. 26 नवम्बर, 2006 को वह दूसरी बार इस पार्टी के अध्यक्ष चुने गए थे तथा 2009 में उनसे ही यह कार्यभार नितिन गडकरी ने ग्रहण किया था.

जनक्रान्ति पार्टी का भाजपा में विलय

उत्तर प्रदेश के पूर्व भाजपाई मुख्यमंत्री कल्याण सिंह, जो पार्टी आला कमान के साथ मतभेदों के चलते जनवरी 2009 में भाजपा छोड़कर पहले सपा से जुड़ गए थे तथा बाद में सपा का दामन छोड़कर अपनी अलग जनक्रान्ति पार्टी का गठन जनवरी 2010 में किया था, की पुनः भाजपा में वापसी जनवरी 2013 में हुई. 21 जनवरी, 2013 को लखनऊ में एक समारोह में अपनी जनक्रान्ति पार्टी के भाजपा में विलय की घोषणा कल्याण सिंह के पुत्र व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया ने की.

पी. ए. संगमा द्वारा नए राजनीतिक दल का गठन

लोक सभा के पूर्व अध्यक्ष पी.ए. संगमा ने राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल पीपुल्स पार्टी (NPP) का गठन करने तथा इसके साथ ही इस दल के राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन (NDA) में शामिल होने की घोषणा 5 जनवरी, 2013 को नई दिल्ली में की. उनकी पार्टी का चुनाव चिह्न पुस्तक है.

उल्लेखनीय है कि श्री संगमा ने वर्ष 2012 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से अलग होकर प्रणब मुखर्जी के विरुद्ध राष्ट्रपति पद हेतु चुनाव लड़ा था. इस चुनाव में एनडीए ने उन्हें समर्थन प्रदान किया था.

द्रमुक द्वारा यूपीए सरकार से समर्थन वापस

श्रीलंका में तमिलों के कथित मानवाधिकार हनन के मामले में दबाव बनाने के लिए द्रमुक ने मार्च 2013 में केन्द्र की यूपीए सरकार से समर्थन वापस ले लिया है. इसके साथ ही उसके सभी पाँच मंत्रियों ने मंत्रिपरिषद् से त्यागपत्र दे दिए. लोक सभा में 18 सांसदों वाली द्रमुक के सरकार से बाहर होने पर निचले सदन में सरकार की स्थिति कमजोर अवश्य हुई, तथापि सपा व बसपा के बाहरी समर्थन के चलते सरकार के पास आवश्यक बहुमत बना हुआ है.

जद (यू) व भाजपा गठबंधन समाप्त

16 जून, 2013 को जद (यू) ने भारतीय जनता पार्टी से अपना 17 वर्ष पुराना गठबंधन तोड़ दिया. जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष शरद यादव व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में इसकी औपचारिक घोषणा की. इसी के साथ नीतिश कुमार ने राज्य में भाजपा के 11 मंत्रियों को भी बर्खास्त कर दिया. इस घोषणा के बाद बिहार में नीतीश सरकार अल्पमत में आ गई और विश्वास मत प्राप्त करने के लिए 19 जून, 2013 को विधान सभा का विशेष सत्र बुलाया गया.

नीतियाँ/कार्यक्रम/योजना/परियोजना

किन्नर पेंशन योजना

1 अगस्त, 2012 को तमिलनाडु सरकार ने किन्नर समुदाय से जुड़ने की कोशिश के तहत् किन्नर पेंशन योजना की घोषणा की. इसके तहत् उन्हें प्रतिमाह ₹ 1 हजार भत्ता दिया जाएगा. मुख्यमंत्री जयललिता द्वारा प्रस्तावित किन्नर पेंशन योजना के अनुसार 40 वर्ष से अधिक आयु के गरीब किन्नरों को प्रतिमाह ₹ 1 हजार पेंशन दी जाएगी. इसके लिए ₹ 1-17 करोड़ आवंटित किए गए हैं.

sscexamonline.blogspot.com

यमुना एक्सप्रेस वे

9 अगस्त, 2012 को नोएडा से आगरा के बीच यमुना एक्सप्रेस वे को आम जनता के लिए खोल दिया गया. लगभग 165 किमी लम्बी यह एक्सप्रेस वे परियोजना उत्तर प्रदेश की पूर्व बसपा सरकार के कार्यकाल के दौरान बनी थी. इस एक्सप्रेस वे को निजी कम्पनी जेपी ग्रुप ने बनाया है. इस चर्चित एक्सप्रेस वे के निर्माण में कम्पनी ने ₹ 14,000 करोड़ खर्च किए हैं. इसका पूर्व नाम ताज एक्सप्रेस वे था.

मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना

मध्य प्रदेश के बुजुर्गों को प्रदेश के बाहर स्थित तीर्थ स्थानों की यात्रा कराने के लिए यह अनूठी योजना मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही है. इस योजना के तहत् प्रदेश के बाहर स्थित विभिन्न तीर्थ स्थलों के लिए विशेष रेलगाड़ियाँ राज्य शासन द्वारा आईआरसीटीसी के सहयोग से चलाई.

आधार इनेबल्ड सर्विस डिलीवरी सिस्टम

20 अक्टूबर, 2012 को राजस्थान के जयपुर के निकट दूदू में यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आधार इनेबल्ड सर्विस डिलीवरी सिस्टम की शुरूआत की. 'आधार कार्ड' आरम्भ होने की दूसरी वर्षगाँठ के अवसर पर इसे प्रारम्भ किया गया.

ईरान-पाकिस्तान गैस पाइपलाइन परियोजना

ईरान के नाभिकीय कार्यक्रम के कारण उस पर तेल एवं गैस कारोबार के लिए अमरीकी प्रतिबन्धों के बावजूद ईरान से पाकिस्तान के लिए गैस के परिवहन हेतु प्रस्तावित पाइपलाइन परियोजना पर कार्य 11 मार्च, 2013 से प्रारम्भ हो गया है. पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी व ईरान के राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद ने संयुक्त रूप से ईरान के **चबाहर** (Chabahar) शहर में इसकी शुरूआत की.

विधेयक/अधिनियम/अध्यादेश

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न पर अंकुश हेतु विधेयक

निजी एवं सार्वजनिक कार्यस्थलों पर महिलाओं को यौन उत्पीड़न से बचाने के उद्देश्य से संसद में लाया गया संशोधित महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण विधेयक–2010 (Protection of Women Against Sexual Harassment at Workplace Bill) लोक सभा ने 3 सितम्बर, 2012 को पारित किया.

आपराधिक कानून (संशोधन) अध्यादेश, 2013

महिलाओं के खिलाफ जघन्य यौन अपराध करने वालों को अब फाँसी तक की सजा हो सकती है. 1 फरवरी, 2013 को केन्द्र सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए इस सम्बन्ध में एक अहम अध्यादेश (Ordinance)—आपराधिक कानून (संशोधन) अध्यादेश [Criminal Law (Amendment) Bill] 2013 को मंजूरी दी. प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की अध्यक्षता में 1 फरवरी, 2013 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में जघन्य किस्म के यौन अपराधों के लिए फाँसी या पूरी उम्र जेल की सजा के प्रावधान को स्वीकृत प्रदान की. 3 फरवरी, 2013 को राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने इस अध्यादेश को अपनी स्वीकृति प्रदान की.

प्रतिवेदन/दिशा-निर्देश/समिति/आयोग/परिषद्–अद्यतन गतिविधियाँ

महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों की समीक्षा हेतु गठित वर्मा समिति की सिफारिशें

महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े कानूनों की समीक्षा के लिए सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जे.एस. वर्मा की अध्यक्षता में गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट 23 जनवरी, 2013 को गृह मंत्रालय को सौंपी. दिल्ली में 23 वर्षीय छात्रा के साथ चलती बस में सामूहिक दुष्कर्म की 16 दिसम्बर, 2012 की दुःखद घटना के पश्चात् इस समिति का गठन 23 दिसम्बर, 2012 को किया गया था तथा इसे अपनी पहली बैठक में 30 दिन के भीतर ही अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया था. समिति ने निर्धारित समय सीमा से एक दिन पूर्व ही अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी. तीन सदस्यीय इस समिति में न्यायामूर्ति जे.एस. वर्मा के अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश की पूर्व मुख्य न्यायाधीश लीला सेठ और पूर्व सॉलिसिटर जनरल गोपाल सुब्रमण्यम बतौर सदस्य शामिल थे.

वर्मा समिति ने 640 पृष्ठों में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है. इस रिपोर्ट में दुष्कर्म के दोषियों के लिए मृत्यु दण्ड तथा बाल अपराध के मामले में बालिग की उम्र 18 से घटाकर 16 वर्ष करने की माँग को समिति ने खारिज किया है, वहीं बलात्कारियों के लिए अधिक कड़े दण्डात्मक प्रावधान के लिए आपराधिक कानून में संशोधन के सुझाव इसमें दिए हैं. बलात्कार के मामले में 20 वर्ष तक के तथा सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास की सजा की संस्तुति वर्मा समिति ने अपनी रिपोर्ट में की है. आजीवन कारावास को समिति ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया है. आजीवन कारावास से समिति का तात्पर्य जीवन भर जेल में रहने की सजा से है.

'मेहरा आयोग' की रिपोर्ट प्रस्तुत

दिल्ली में 16 दिसम्बर, 2012 को चलती बस में एक छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन कर महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सुझाव देने के लिए न्यायमूर्ति उषा मेहरा की अध्यक्षता में जो जाँच आयोग सरकार द्वारा दिसम्बर 2012 में ही गठित किया गया था, उसने अपनी रिपोर्ट 22 फरवरी, 2013 को सरकार को सौंपी. आयोग को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए सरकार ने तीन माह का समय दिया था, किन्तु इस समय-सीमा से एक माह पूर्व ही आयोग ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी है. इसी मामले में कानूनों में बदलाव सुझाने के लिए जस्टिस वर्मा समिति ने भी अपनी रिपोर्ट केवल 29 दिन में ही सरकार को सौंप दी थी तथा जिसके आधार पर वर्तमान कानूनों के बदलाव के परिप्रेक्ष्य में एक अध्यादेश को सरकार ने मार्च 2013 में पारित करा लिया गया है.

चर्चित सम्मेलन/बैठक/महोत्सव/आयोजन

'ऑक्सफोर्ड ऑफ द ईस्ट' के 125 वर्ष

'ऑक्सफोर्ड ऑफ द ईस्ट' के नाम से विख्यात रहे इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने अपनी स्थापना के 125 वर्ष सितम्बर, 2012 में पूर्ण किए हैं. देश के इस चौथे प्राचीनतम विश्वविद्यालय की स्थापना 23 सितम्बर, 1887 को हुई थी.

26वाँ महालेखाकार सम्मेलन

8 अक्टूबर, 2012 को नई दिल्ली में राज्यों के महालेखाकारों का सम्मेलन सम्पन्न हुआ. सम्मेलन में राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक (CAG) की 'नियमित लेखा परीक्षा से अधिक वृहत्तर परिप्रेक्ष्य' अपनाने की प्रणाली की प्रशंसा की.

स्वामी विवेकानन्द का 150वाँ जयन्ती वर्ष

वर्ष 2013 स्वामी विवेकानन्द का 150वाँ जयन्ती वर्ष है. स्वामी विवेकानन्द, जिनका मूल नाम नरेन्द्र नाथ दत्त था, का जन्म 12 जनवरी, 1863 को कोलकाता में हुआ था. स्वामी विवेकानन्द की 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में वर्षभर के कार्यक्रमों का शुभारम्भ देशभर में 12 जनवरी, 2013 को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर हुआ. 12 जनवरी, 2013 को वर्षभर के कार्यक्रमों की शुरूआत राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने एक स्मारक डाक टिकट जारी करके किया.

भारत का 43वाँ अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

20–30 नवम्बर, 2012 के दौरान गोवा में पणजी में भारत का 43वाँ अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI—International Film Festival of India) सम्पन्न हुआ. यह लगातार नौवाँ वर्ष था जब इस चर्चित वार्षिक महोत्सव का आयोजन गोवा में किया गया.

पोलैण्ड के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता क्रिस्टॉफ जानुषी को उद्घाटन समारोह में ही लाइफ टाइम एचीवमेंट पुरस्कार केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री मनीष तिवारी ने प्रदान किया. ऑस्कर पुरस्कार विजेता आंग ली (Ang Lee) की लाइफ ऑफ पाई (Life of Pi) इस महोत्सव की उद्घाटन फिल्म थी. इस वर्ष भारतीय सिनेमा के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में **भारतीय सिनेमा के 100 वर्ष'** को एक थियेटर रचना के माध्यम से इस महोत्सव में प्रस्तुत किया गया. 10 दिन चले

sscexamonline.blogspot.com

भारत के इस 43वें अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में विभिन्न देशों की कुल मिलाकर लगभग 200 फिल्मों का प्रदर्शन विभिन्न खण्डों में किया गया. इस महोत्सव में प्रतियोगी वर्ग में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का **स्वर्ण मयूर** (Golden Peacock) पंजाबी फिल्म **अन्हे घोड़े दा दान** के लिए **गुरविन्दर सिंह** को प्रदान किया गया. स्वर्ण मयूर के साथ ₹ 40 लाख की राशि पुरस्कार के तहत् प्रदान की गई. सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का रजत मयूर पुरस्कार **क्यू-ह्वान जेओन** (Kyu-hwan Jeon) को उनकी फिल्म 'द वेट' (The Weight) के लिए प्रदान किया गया. इसके तहत् रजत मयूर के साथ ₹ 15 लाख की नकद राशि उन्हें प्रदान की गई. सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार अभिनेता **मार्सिन डोरोसिंस्की** (Marcin Dorocinski) को पोलिश-रशियन-जर्मन फिल्म 'रोज' (Rose) में भूमिका के लिए तथा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार **अंजलि पाटिल** को सिंहली-तमिल फिल्म '**विद यू विदाउट यू**' में भूमिका के लिए दिया गया. इन पुरस्कारों के तहत् रजत मयूर के साथ ₹ 10-10 लाख प्रदान किए गए. किसी फिल्म में सर्वाधिक कलात्मक वैयक्तिक योगदान के लिए **ज्यूरी का विशेष पुरस्कार** स्पेन की लूसी मुलॉय (Lucy Mulloy) को उनकी फिल्म Una Noche के लिए प्रदान किया गया.

100वाँ भारतीय विज्ञान कांग्रेस

3–7 जनवरी, 2013 के दौरान 100वें भारतीय विज्ञान कांग्रेस का आयोजन कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में हुआ. प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न इस वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने किया. कोलकाता विश्वविद्यालय की मेजबानी में आयोजित इस अधिवेशन के उद्घाटन समारोह में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी उपस्थित थीं. भारतीय विज्ञान कांग्रेस के इतिहास में यह पहला अवसर था जब राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री दोनों ही उद्घाटन समारोह में एक साथ उपस्थित थे. वर्ष 2013 के भारतीय विज्ञान कांग्रेस का थीम था–'साइंस फॉर शेपिंग द फ्यूचर ऑफ इण्डिया.

11वाँ प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन

7–9 जनवरी, 2013 के दौरान **कोच्चि** (केरल) में विदेशों में बसे भारतीय मूल के निवासियों को भारत से भावनात्मक दृष्टि से जोड़ने तथा उन्हें भारत में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारत का 11वाँ प्रवासी भारतीय दिवस (PBD) सम्मेलन सम्पन्न हुआ. विगत ग्यारह वर्षों से ऐसे सम्मेलन का आयोजन प्रतिवर्ष भारत में किया जा रहा है. यह पाँचवाँ अवसर था जब यह सम्मेलन नई दिल्ली से बाहर किसी अन्य शहर में आयोजित किया गया था. 11वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में 60 देशों से आए लगभग 2000 भारतवंशियों ने भाग लिया. उनमें शीर्ष उद्योगपतियों के अतिरिक्त वैज्ञानिक व अर्थशास्त्री भी शामिल थे. मॉरिशस के राष्ट्रपति **राजकेश्वर पुरयाग** (Rajkeshwar Purryag) इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि थे. वह उन 13 हस्तियों में भी शामिल थे, जिन्हें 9 जनवरी, 2013 को सम्मेलन के समापन समारोह ...वासी भारतीय सम्मान' से राष्ट्रपति प्रणब

अब तक हुए प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन : एक दृष्टि में		
आयोजन	**अवधि एवं स्थल**	**मुख्य अतिथि**
पहला	9–11 जनवरी, 2003; नई दिल्ली	नवीन रामगुलाम (मॉरिशस के प्रधानमंत्री)
दूसरा	9–11 जनवरी, 2004; नई दिल्ली	भरत जगदेव (गुयाना के राष्ट्रपति)
तीसरा	7–9 जनवरी, 2005; मुम्बई	–
चौथा	7–9 जनवरी, 2006; हैदराबाद	अहमद एम. कथराडा (नेल्सन मंडेला के सहयोगी)
पाँचवाँ	7–9 जनवरी, 2007; नई दिल्ली	एस जयकुमार (सिंगापुर के उपप्रधानमंत्री)
छठा	8–9 जनवरी, 2008; नई दिल्ली	डॉ. नवीन चन्द्र रामगुलाम (मॉरिशस के प्रधानमंत्री)
सातवाँ	7–9 जनवरी, 2009; चेन्नई	रामदीन सर्दजोय (सूरीनाम के उपराष्ट्रपति)
आठवाँ	7–9 जनवरी, 2010; नई दिल्ली	लॉर्ड खालिद हमीद (ब्रिटेन के अल्फा हॉस्पीटल के ग्रुप के अध्यक्ष व लंदन इंटरनेशनल हॉस्पीटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी)
नौवाँ	7–9 जनवरी, 2011; नई दिल्ली	आनन्द सत्यानंद– न्यूजीलैण्ड के गवर्नर जनरल
दसवाँ	7–9 जनवरी, 2012; जयपुर	कमला प्रसाद बिसेसर– त्रिनिडाड व टोबैगो की प्रधानमंत्री
ग्यारहवाँ	7–9 जनवरी, 2013; कोच्चि	राजकेश्वर पुरयाग–मॉरीशस के राष्ट्रपति

मुखर्जी ने सम्मानित किया. इस वर्ष प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की थीम था– **भारतीय विकास गाथा में प्रवासियों का सहयोग**. भारतीय उद्योग महासंघ (CII) व केरल सरकार के सहयोग से केन्द्र सरकार के अप्रवासी भारतीयों के मामलों के मंत्रालय (Ministry of Overseas Indian Affairs) के तत्वावधान में इस सम्मेलन का आयोजन किया गया था.

इलाहाबाद कुम्भ मेला–2013

14 जनवरी, 2013 से 10 मार्च, 2013 के दौरान इलाहाबाद में गंगा, यमुना व अदृश्य सरस्वती के संगम पर कुम्भ मेले का आयोजन हुआ. इलाहाबाद कुम्भ मेला कई दुःखद स्मृतियों को भी छोड़ गया. इलाहाबाद कुम्भ मेले में 10 फरवरी, 2013 को मौनी अमावस्या के शाही स्नान के दिन दो बार भगदड़ मचने से कम-से-कम 41 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई. **कुम्भ मेले का आयोजन हरिद्वार में गंगा के तट पर, प्रयाग (इलाहाबाद) में संगम (गंगा, यमुना व अदृश्य सरस्वती) पर, नासिक में गोदावरी के तट पर उज्जैन में शिप्रा नदी के तट पर होता है. प्रत्येक केन्द्र पर यह आयोजन 12 वर्ष के अन्तराल के पश्चात् होता है.**

शताब्दी फिल्म समारोह

*भारतीय सिनेमा के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा शताब्दी फिल्म समारोह (Centenary Film Festival) का आयोजन नई दिल्ली में 25–30 अप्रैल, 2013 के दौरान किया गया. इसका शुभारम्भ केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री मनीष तिवारी ने भारतीय सिनेमा 100 (शताब्दी जश्न दृश्य श्रव्य यात्रा) का उद्घाटन किया. समारोह के प्रारम्भ में मूक फिल्म '**ओ द ब्रिक**' का प्रदर्शन 25 अप्रैल, 2013 को किया गया, जबकि 30 अप्रैल, 2013 का समारोह के अन्त में दादा साहेब फाल्के के जीवन व दौर के बारे में आमिर रजा हुसैन का नाटक दिखाया गया. छह दिन के इस कार्यक्रम के दौरान कुछ महत्वपूर्ण कालजयी फिल्मों का प्रदर्शन किया गया.*

उत्तर प्रदेश विधानमण्डल के 125 वर्ष

उत्तर प्रदेश विधान मण्डल की स्थापना के 125 वर्ष जनवरी 2013 में पूर्ण हुए. इस उपलक्ष्य में तीन दिवसीय उत्तरशती रजत जयंती समारोह 6–8 जनवरी, 2013 के दौरान लखनऊ स्थित विधान भवन में आयोजित किया गया. इस आयोजन में विधानमण्डल के दोनों सदनों–विधान सभा व विधान परिषद्, के वर्तमान एवं पूर्व सदस्यों ने भाग लिया.

45वाँ भारतीय श्रम सम्मेलन

17-18 मई, 2013 के दौरान नई दिल्ली में 45वाँ भारतीय श्रम सम्मेलन का आयोजन हुआ. इस सम्मेलन में श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा और पेंशन की गारंटी देने का संकल्प पारित किया गया. सम्मेलन में राज्य सरकारों के श्रम मंत्रियों, केन्द्रीय मजदूर संघों के नेता, नियोक्ताओं के प्रतिनिधि तथा केन्द्र और राज्य सरकारों के कर्मचारियों ने विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे श्रमिकों के लिए सेवा शर्तों, वेतन और सामाजिक सुरक्षा जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया.

समझौते/सम्बन्ध/विदेश नीति के नए आयाम

भारत-फ्रांस

8 अक्टूबर, 2012 को भारत और फ्रांस ने ज्ञान साझा करने तथा सतत् शहरी विकास क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौता किया. यह समझौता अधिकारियों, पेशेवरों, व्यापारिक नेताओं, स्थानीय स्वशासित निकायों को मिलने-जुलने एवं ज्ञान साझा करने में सक्षम मंच प्रदान करेगा. इस समझौते पर पेरिस में भारत के शहरी विकास मंत्री कमलनाथ व फ्रांस के विदेश व्यापार मंत्री निकोल ब्रिक ने हस्ताक्षर किए.

भारत-जापान

10 अक्टूबर, 2012 को भारत और जापान ने प्राकृतिक गैस के मूल्य निर्धारण प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए एक संयुक्त अनुसंधान

sscexamonline.blogspot.com

परियोजना गठित की. इसके अन्तर्गत सस्ती प्राकृतिक गैस की खोज संयुक्त रूप से करने पर बल दिया गया है. जापान विश्व का सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस आयातक देश है. वर्तमान में प्राकृतिक गैस खरीद के मूल्य सम्बन्धी संकेतक अमरीका व कनाडा द्वारा निर्धारित किए जाते हैं.

भारत-ईरान

भारत-ईरान संयुक्त आयोग की 17वीं बैठक ईरान की राजधानी तेहरान में 5 मई, 2013 को सम्पन्न हुई. इस बैठक में भारत व ईरान ने दोनों देशों के बीच सम्पर्क बढ़ाने के साथ-साथ द्विपक्षीय सम्बन्धों को मजबूत बनाने का निर्णय किया.

भारत-नीदरलैण्ड

भारत के शहरी विकास और संसदीय कार्य मंत्री कमलनाथ व नीदरलैण्ड की आधारभूत संरचना एवं पर्यावरण मंत्री मेलेनी शल्ट्ज वैन हेगेन ने 14 मई, 2013 को हेग, नीदरलैण्ड में शहरी आयोजना, जल प्रबंधन एवं संचालन प्रबंधन के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए. इसके अन्तर्गत एक संयुक्त कार्यदल का गठन करने का निर्णय लिया गया, जिसका कार्य वार्षिक कार्यक्रम तैयार करना है.

चर्चित न्यायिक निर्णय व न्यायपालिका से जुड़े चर्चित मुद्दे

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन के विरुद्ध भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा आरोपित प्रतिबन्ध रद्द

8 नवम्बर, 2012 को आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने खिलाड़ी से राजनीतिज्ञ बने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन के विरुद्ध भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) द्वारा 12 वर्ष पूर्व आरोपित प्रतिबन्ध को रद्द किया. मैच फिक्सिंग के आरोपों के परिप्रेक्ष्य में सीबीआई रिपोर्ट के आधार पर तीन सदस्यीय समिति की संस्तुति पर अजहर पर आजीवन प्रतिबन्ध बीसीसीआई ने दिसम्बर 2000 में आरोपित किया था. इस मामले में बीसीसीआई के निर्णय को बरकरार रखते हुए हैदराबाद स्थित स्थानीय अदालत ने मोहम्मद अजहरुद्दीन की याचिका वर्ष 2003 में खारिज कर दी थी. स्थानीय अदालत के इस फैसले के विरुद्ध मोहम्मद अजहरुद्दीन ने आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में अपील की थी. पूरे मामले की सुनवाई के पश्चात् उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों की पीठ ने बीसीसीआई की कार्यवाही को एकतरफा करार देते हुए स्थानीय अदालत का फैसला 8 नवम्बर, 2012 को रद्द कर दिया.

राष्ट्रमण्डल घोटाले में कलमाड़ी व भनोट सहित 10 के विरुद्ध आरोप निर्धारित

वर्ष 2010 के राष्ट्रमण्डल घोटाले के मामले [में] खेलों की आयोजन समिति (CWGOC) के अध्यक्ष सुरेश कलमाड़ी व महासचिव ललित भनोट सहित कुल 10 अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप का निर्धारण दिल्ली की एक अदालत में 4 फरवरी, 2013 को किया गया. धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश, जालसाजी, फर्जी दस्तावेज तैयार करने तथा टाइमिंग, स्कोरिंग व रिजल्ट (TSR) सिस्टम तैयार करने के लिए स्विस कम्पनी को गैर-कानूनी रूप से ठेका देने आदि के आरोप भारतीय दण्ड संहिता के विभिन्न प्रावधानों के तहत् विशेष न्यायाधीश रविन्दर कौर ने निर्धारित किए हैं. इन आरोपों का प्रतिवाद करते हुए कलमाड़ी ने कहा है कि उन्होंने अपने सभी दायित्वों का निर्वाह नियमानुसार ही किया है.

गुजरात में लोकायुक्त पद पर न्यायमूर्ति मेहता की नियुक्ति के मामले में नरेन्द्र मोदी सरकार की याचिका खारिज

गुजरात में लोकायुक्त की नियुक्ति के बहुचर्चित मामले में नरेन्द्र मोदी सरकार को एक बड़ा झटका जनवरी 2013 में उस समय लगा जब राज्यपाल कमला बेनीवाल द्वारा इस पद पर न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) आर. ए. मेहता की अगस्त 2011 में की गई नियुक्ति को सर्वोच्च न्यायालय ने वैध करार दिया तथा इस नियुक्ति को चुनौती देने वाली मोदी सरकार की याचिका को शीर्ष न्यायालय ने खारिज कर दिया. मोदी सरकार ने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्ति) आर. ए. मेहता की लोकायुक्त पद पर नियुक्ति को पहले उच्च न्यायालय में इस आधार पर चुनौती दी थी कि इसे प्रदेश सरकार के साथ विचार-विमर्श करके नहीं किया गया था.

मणिपुर, मेघालय व त्रिपुरा के लिए पृथक्-पृथक् उच्च न्यायालयों की स्थापना

पूर्वोत्तर के तीन राज्यों– मणिपुर, मेघालय व त्रिपुरा के लिए पृथक्-पृथक् उच्च न्यायालयों की स्थापना की गई है. यह तीनों उच्च न्यायालय मार्च 2013 में अस्तित्व में आ गए. इससे देश में उच्च न्यायालयों की संख्या 21 से बढ़कर 24 हो गई है. अभी तक पूर्वोत्तर के सभी सात राज्यों की आवश्यकताओं की पूर्ति असम व गुवाहाटी स्थित उच्च न्यायालयों द्वारा ही की जाती थी. गुवाहाटी उच्च न्यायालय की पीठें इंफाल, शिलांग व अगरतला के अतिरिक्त कोहिमा, आइजोल व इटानगर में स्थित हैं. इंफाल, शिलांग व अगरतला में उच्च न्यायालयों की स्थापना से मणिपुर, मेघालय व त्रिपुरा के निवासियों को अलग उच्च न्यायालय उपलब्ध हो गया है. इनमें इंफाल में **मणिपुर उच्च न्यायालय** व शिलांग में **मेघालय उच्च न्यायालय** का उद्घाटन मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अल्तमस कबीर ने विधि मंत्री अश्विनी कुमार की उपस्थिति में 25 मार्च, 2013 को किया, जबकि अगरतला में **त्रिपुरा उच्च न्यायालय** का उद्घाटन उन्होंने 26 मार्च, 2013 को किया. न्यायमूर्ति अभय मोहन सप्रे ने मणिपुर उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति टी. मीना कुमारी ने मेघालय उच्च न्यायालय में तथा न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता ने त्रिपुरा उच्च न्यायालय में पहले मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यभार ग्रहण किया.

विदेशी अतिथियों का आगमन

सिंगापुर के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा

भारत के साथ द्विपक्षीय राजनीतिक व आर्थिक-वाणिज्यिक सम्बन्धों में मजबूती लाने के उद्देश्य से अपने देश के उच्चस्तरीय शिष्टमण्डल के साथ सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लुंग (Lee Hsien Loong) ने 11-12 जुलाई, 2012 के दौरान भारत की यात्रा की. इस यात्रा के दौरान भारत में सिंगापुर के निवेश को प्रोत्साहित करते हुए इस देश को 'निवेश-मित्र' (Investment Friendly) ली सीन लुंग ने करार दिया. भारत में निवेशकों के मार्ग में आने वाली कठिनाइयों का उल्लेख मेहमान प्रधानमंत्री ने इस वार्ता में किया. पारस्परिक सहयोग के तीन समझौतों पर हस्ताक्षर इस वार्ता के पश्चात् किए गए. इनमें वोकेशनल एज्युकेशन, रक्षा व सुरक्षा के क्षेत्र के समझौते शामिल हैं. दोनों देशों के बीच कार्यशील **व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते** (CECA–Comprehensive Economic Cooperation Agreement) की दूसरी समीक्षा के कार्य को शीघ्रता से निपटाने को सहमति द्विपक्षीय वार्ता में हुई. इससे वस्तुओं व सेवाओं के व्यापार व पारस्परिक निवेश को और अधिक बढ़ावा दिया जा सकेगा. ज्ञातव्य है कि सिंगापुर न केवल **'आसियान'** (ASEAN) में भारत का अग्रणी व्यापारिक भागीदार होने के साथ-साथ भारत में एफडीआई का प्रमुख स्रोत भी है.

ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति की भारत यात्रा

1–4 सितम्बर, 2012 के दौरान भारत के साथ द्विपक्षीय सम्बन्धों के सिलसिले में ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति **इमोमाली रहमोन** भारत की चार दिन की यात्रा पर आए थे. राष्ट्रपति के रूप में यह उनकी पाँचवीं भारत यात्रा थी. 3 सितम्बर, 2012 को भारतीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के साथ द्विपक्षीय क्षेत्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न मुद्दों पर उनकी वार्ता हुई. शिक्षा, खेलकूद, स्वास्थ्य, संस्कृति, श्रम, वस्त्र उद्योग व ऊर्जा के क्षेत्रों में सहयोग के लिए विभिन्न समझौतों पर हस्ताक्षर इस अवसर पर किए गए.

श्रीलंका के राष्ट्रपति की भारत यात्रा

सितम्बर 2012 में श्रीलंका के राष्ट्रपति **महिन्दा राजपक्षे** भारत की दो दिन की यात्रा पर आए थे. वह मध्य प्रदेश सरकार के निमंत्रण पर सांची (मध्य प्रदेश) में एक बौद्ध समारोह में भाग लेने व वहाँ एक अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध विश्वविद्यालय की आधारशिला रखने के लिए आए थे. राजकीय यात्रा न होने के बावजूद 20 सितम्बर, 2012 को नई दिल्ली में भारतीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के साथ पारस्परिक महत्व के मुद्दों पर उन्होंने वार्ता की.

बुरुंडी के राष्ट्रपति की भारत यात्रा

17–19 सितम्बर, 2012 के दौरान भारत के साथ द्विपक्षीय सम्बन्धों के सिलसिले में पूर्वी अफ्रीकी देश बुरुंडी के राष्ट्रपति **पियरे नकुरुनजिजा** भारत की तीन दिन की यात्रा पर आए थे. 17

sscexamonline.blogspot.com

सितम्बर, 2012 को हैदराबाद हाउस में भारतीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर उनकी वार्ता हुई. बुरुंडी में कृषि क्षेत्र के साथ-साथ आधारिक संरचना के विकास के लिए भारत की हर सम्भव सहायता का आश्वासन भारतीय प्रधानमंत्री ने मेहमान राष्ट्रपति को इस वार्ता के दौरान दिया. भारत की सहायता से वहाँ निर्माणाधीन **काबू जलविद्युत परियोजना** के लिए 40 मिलियन डॉलर की एक अन्य 'लाइन ऑफ क्रेडिट के अतिरिक्त बुरुंडी में कृषि के यंत्रीकरण व खाद्य प्रसंस्करण परियोजना के लिए 40 मिलियन डॉलर की एक अन्य लाइन ऑफ क्रेडिट की घोषणा भारतीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने इस अवसर पर की.

आस्ट्रेलिया की प्रधानमंत्री की भारत यात्रा

अक्टूबर 2012 में आस्ट्रेलिया की प्रधानमंत्री जूलिया गिलार्ड भारत की यात्रा पर आई थीं. इस यात्रा के दौरान 17 अक्टूबर, 2012 को प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के साथ हुई वार्ता के पश्चात् यूरेनियम आपूर्ति समझौते पर दोनों देशों में सहमति बनी. इसी दिन भारत तथा आस्ट्रेलिया के बीच विज्ञान-प्रौद्योगिकी, अन्तरिक्ष तथा शैक्षिक सहयोग सहित चार समझौते हस्ताक्षरित किए गए.

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) समारोह के मुख्य अतिथि : एक दृष्टि में

वर्ष	मुख्य अतिथि (परिचय)
2001	अब्दुल अजीज बूटेफिलका (अल्जीरिया के राष्ट्रपति)
2002	कस्सम उतीम (मॉरीशस के तत्कालीन राष्ट्रपति)
2003	सैयद मोहम्मद खातमी (ईरान के राष्ट्रपति)
2004	ल्यूइज इनासिओ लूला दा सिल्वा (ब्राजील के राष्ट्रपति)
2005	जिग्मे सिंग्ये वांगचुक (भूटान नरेश)
2006	अब्दुल्ला बिन अब्दुल अजीज अल-सउद (सऊदी अरब के शाह)
2007	व्लादिमीर पुतिन (रूस के राष्ट्रपति)
2008	निकोलस सरकोजी (फ्रांस के राष्ट्रपति)
2009	नूर सुल्तान नजरबायेव (कजाकस्तान के राष्ट्रपति)
2010	ली म्युंग-बाक (द. कोरिया के राष्ट्रपति)
2011	सुसिलो युधोयोनो (इंडोनेशिया के राष्ट्रपति)
2012	यिंगलुक शिनवात्रा (थाइलैण्ड की प्रधानमंत्री)
2013	जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक (भूटान के नरेश)

फ्रांस के राष्ट्रपति की भारत यात्रा

फ्रांस के राष्ट्रपति **फ्रेंकोइस होलांद** (Francois Hollande) ने फरवरी 2013 में भारत की यात्रा की. मई 2012 में ही फ्रांस के राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् फ्रांसीसी राष्ट्रपति की किसी एशियाई देश की यह पहली ही यात्रा थी. फ्रांस के राष्ट्रपति फ्रेंकोइस होलांद की 14-15 फरवरी, 2013 की इस भारत यात्रा के दौरान शिक्षा, रेलवे व अन्तरिक्ष विज्ञान आदि के क्षेत्रों में पारस्परिक सहयोग पत्रों/समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए. रेलवे के क्षेत्र में सम्पन्न समझौते के तहत् रेलवे स्टेशनों व ट्रैक्स के प्रोन्नयन, हाई स्पीड कॉरिडोर्स के निर्माण व रेलवे के आधुनिकीकरण के लिए सहयोग प्रदान करने की सहमति जापान ने दी है. अन्तरिक्ष विज्ञान क्षेत्र में 'इसरो' व फ्रांस की अन्तरिक्ष एजेंसी सीएनईएस के बीच हस्ताक्षरित समझौते के तहत् उपग्रहों के प्रक्षेपण व मिसाइल प्रौद्योगिकी के प्रोन्नयन हेतु दोनों देश आपस में सहयोग करेंगे. पारस्परिक सम्पर्क संवर्द्धन के लिए किए गए एक अन्य समझौते के तहत् विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, खिलाड़ियों, शिक्षकों, वास्तुविदों व कलाकारों के आदान-प्रदान को सहमति दोनों देशों में हुई है. बंगलुरू मेट्रो के पहले चरण के लिए साख सुविधा हेतु सहमति-पत्र भी दोनों पक्षों के बीच हस्ताक्षरित अन्य समझौते/सहमति-पत्रों में शामिल है.

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा

18–20 फरवरी, 2013 के दौरान भारत के साथ द्विपक्षीय सम्बन्धों को बढ़ावा देने के लिए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री **डेविड कैमरन** (David Cameron) ने भारत की आधिकारिक यात्रा की. प्रधानमंत्री के रूप में भारत की उनकी यह दूसरी राजकीय यात्रा थी. भारत के साथ वाणिज्यिक सम्बन्धों को प्राथमिकता देते हुए कैमरन ने अपनी इस यात्रा की शुरूआत देश की वाणिज्यिक राजधानी मुम्बई से की. विगत दो दशकों में पहली बार किसी ब्रिटिश प्रधानमंत्री की मुम्बई की यह यात्रा थी. 19 फरवरी, 2013 को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में कैमरन ने भारतीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह से वार्ता की. वार्ता में दोनों देशों के द्विपक्षीय आर्थिक-वाणिज्यिक सम्बन्धों के मामले में विगत वर्षों में हुई प्रगति विशेषत: प्रधानमंत्री कैमरन की जुलाई 2010 की भारत यात्रा के पश्चात् हुई प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ इन्हें और गहरा करने पर विचार-विमर्श हुए. शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की व्यापक सम्भावनाओं को देखते हुए नागरिकों की सुगम आवाजाही के लिए वीजा नीति में उदारता की अपेक्षा भारतीय प्रधानमंत्री ने की.

मिस्र के राष्ट्रपति की भारत यात्रा

19–21 मार्च, 2013 के दौरान मिस्र के राष्ट्रपति **मोहम्मद मोरसी** (Mohamad Morsi) ने भारत की यात्रा की. इस यात्रा के लिए नई दिल्ली पहुँचने से पूर्व वह एक दिन इस्लामाबाद (पाकिस्तान) में रुके थे. होस्नी मुबारक के लगभग तीन दशकों के शासन के अन्त के पश्चात् मिस्र में ही लोकतान्त्रिक तरीके से निर्वाचित पहले राष्ट्रपति मोहम्मद मोरसी की इस यात्रा के दौरान उनके साथ आए शिष्टमण्डल में उनके वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों के अतिरिक्त मिस्र के अग्रणी उद्यमियों का दल भी शामिल था.

मिस्र के राष्ट्रपति मोहम्मद मोरसी का औपचारिक स्वागत 19 मार्च, 2013 को राष्ट्रपति भवन में हुआ. इसके पश्चात् भारतीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के साथ विभिन्न मुद्दों पर वार्ता हुई. इनमें द्विपक्षीय मुद्दों के अतिरिक्त पश्चिम एशिया, उत्तर अफ्रीका व खाड़ी क्षेत्र में शान्ति व स्थायित्व के मुद्दे शामिल थे. सीरिया में बिगड़ती हुई स्थिति व वहाँ जारी हिंसा में निर्दोषों की मौतों के प्रति चिन्ता भारत ने व्यक्त की तथा इन सभी मुद्दों को पारस्परिक वार्ताओं के जरिए शान्तिपूर्ण तरीके से हल करने पर बल भारतीय प्रधानमंत्री ने दिया. द्विपक्षीय मुद्दों में सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स, लघु एवं मध्यम उपक्रम, विनिर्माण उर्वरक, नवीकरणीय ऊर्जा व सेवा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए सहमति दोनों पक्षों ने व्यक्त की. दोनों देशों के बीच वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार के 5·5 अरब डॉलर के मौजूदा स्तर से 'कुछ ही वर्षों में' दोगुना होने की आशा मेहमान राष्ट्रपति ने व्यक्त की. इनके अतिरिक्त सामाजिक, आर्थिक विकास कार्यक्रमों, कौशल विकास, उच्च शिक्षा, सुरक्षा, कृषि एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्रों में उत्पादक सहभागिता बढ़ाने के लिए सहमति दोनों नेताओं की वार्ता में हुई. द्विपक्षीय सहयोग के सात विभिन्न समझौतों/सहमति-पत्रों पर हस्ताक्षर इस वार्ता के पश्चात् किए गए. साइबर सिक्योरिटी, बौद्धिक सम्पदा अधिकारों की सुरक्षा तथा पुरातात्विक वस्तुओं के अवैध व्यापार पर रोक सम्बन्धी समझौते इनमें शामिल हैं. मिस्र की **अल-अजहर विश्वविद्यालय** में आई.टी. क्षेत्र के एक सेंटर फॉर एक्सीलेंस की स्थापना तथा भारत के पीएसएलवी के जरिए मिस्र के नैनो सैटेलाइट को अन्तरिक्ष में स्थापना के लिए सहमति-पत्र पर भी हस्ताक्षर सहमति-पत्रों में शामिल हैं.

चीन के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा

19–22 मई, 2013 के दौरान चीन के प्रधानमंत्री ली केकियांग भारत यात्रा पर आए थे. उनकी भारत यात्रा पर तिब्बतियों ने विरोध-प्रदर्शन भी किए. मार्च 2013 में ही ली केकियांग चीन के प्रधानमंत्री बने हैं तथा उन्होंने अपनी पहली विदेश यात्रा भारत से शुरू की. इस यात्रा के दौरान भारत व चीन के मध्य 8 विभिन्न समझौतों पर हस्ताक्षर हुए.

विज्ञान/प्रौद्योगिकी/अन्तरिक्ष/चिकित्सा–नई उपलब्धियाँ

आईएनएस सह्याद्रि

21 जुलाई, 2012 को स्वदेश निर्मित स्टील्थ (राडार की नजर में नहीं आने वाला) युद्धपोत आईएनएस सह्याद्रि को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया. आईएनएस सह्याद्रि का निर्माण कार्य 17 मार्च, 2003 को प्रारम्भ हुआ था तथा 27 मई, 2005 को इसका जलावतरण हुआ था. लगभग 10 हजार करोड़ की लागत से निर्मित आईएनएस सह्याद्रि की लम्बाई 142·5 मीटर तथा वजन 4900 टन है. यह युद्धपोत रूसी, यूरोपीय और इजराइली मिसाइलों से लैस है. इस पर सतह से हवा में मार करने वाली 24 मिसाइलें तैनात हैं. शत्रुओं के पोत की पहचान कर उन्हें निष्क्रिय करने की क्षमता वाले आईएनएस सह्याद्रि शत्रुओं पर नजर रखने के लिए अत्याधुनिक सोनार व राडार तंत्र से सुसज्जित है.

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

एक बार पुनः सुनीता विलियम्स की अंतरिक्ष यात्रा

अन्तर्राष्ट्रीय अन्तरिक्ष स्टेशन (ISS) पर सर्वाधिक समय (195 दिन) तक प्रवास करने वाली महिला बनने का रिकॉर्ड बनाने वाली भारतीय मूल की अमरीकी अन्तरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स एक बार पुनः जुलाई 2012 में अन्तरिक्ष यात्रा पर गईं. 16 जुलाई, 2012 को सुनीता विलियम्स अपने दो साथियों के साथ चार माह की यात्रा के लिए अन्तर्राष्ट्रीय अन्तरिक्ष स्टेशन पर पहुँचीं. 16 सितम्बर, 2012 को सुनीता विलियम्स अन्तर्राष्ट्रीय अन्तरिक्ष स्टेशन की कमाण्डर बन गईं.

जीसैट–10

29 सितम्बर, 2012 को इसरो ने एक शक्तिशाली संचार उपग्रह जीसैट–10 (GSAT–10) का सफल परीक्षण किया गया. 3400 किग्रा वजन के इस उपग्रह का प्रक्षेपण यूरोप की एरियन स्पेश कम्पनी द्वारा अपने एरियन–5 (Ariane–5) रॉकेट के जरिए द. अमरीकी देश फ्रेंच गुयाना के कौरू स्थित अन्तरिक्ष केन्द्र से किया गया. यह इसरो का 101वाँ मिशन था.

के–15 मिसाइल का सफल परीक्षण

प्रक्षेपास्त्र विकास में भारत ने बड़ी उपलब्धि जनवरी 2013 में उस समय प्राप्त की जब समुद्र के भीतर से प्रहार करने वाली एक के–15 (K–15) मिसाइल का सफल परीक्षण रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा किया गया. 27 जनवरी, 2013 को आन्ध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में बंगाल की खाड़ी में गहरे समुद्र में 50 मीटर की गहराई से 10 मीटर लम्बी इस सब मैरीन-लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइल (SLBM–Submarine–Launched Ballistic Missile) का प्रक्षेपण किया गया, जो पूर्ण शुद्धता के साथ अपने लक्ष्य पर पहुँची.इस परीक्षण की सफलता के पश्चात् भारत ऐसा पाँचवाँ राष्ट्र हो गया है जिसके पास समुद्र के भीतर से बैलिस्टिक मिसाइल प्रहार क्षमता है. ऐसे चार अन्य राष्ट्र अमरीका, फ्रांस, रूस व चीन हैं. के–15 पनडुब्बी आधारित बैलिस्टिक मिसाइल है, जो परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम है. इसकी मारक क्षमता 700 किमी है.

> **अंटार्कटिका में भारत का तीसरा अनुसंधान केन्द्र 'भारती'**
>
> *'दक्षिण गंगोत्री' व 'मैत्री' के पश्चात् अंटार्कटिका में भारत के तीसरे स्थायी अनुसंधान केन्द्र 'भारती' की स्थापना की गई है. नैशनल ध्रुवीय एवं समुद्री शोध केन्द्र के सहयोग से निर्मित इस केन्द्र पर 35 वैज्ञानिक व 10 कर्मचारी रह सकते हैं. 1984 में स्थापित किया गया* **'दक्षिण गंगोत्री'** *केन्द्र अब नष्ट हो चुका है. भारती की स्थापना अंटार्कटिका में लार्समैन्न पहाड़ी पर की गई है, जो शिरमाकर क्षेत्र, जहाँ मैत्री स्थित है, से लगभग 3000 किमी दूर है.* **भारती** *का सेवाकाल 25 वर्ष अनुमानित किया गया है.*

भारत में पोलियो रहित दो वर्ष

पोलियोमाइलिटिस (Poliomyelitis) अर्थात् **पोलियो** उन्मूलन की दिशा में भारत ने एक बड़ी उपलब्धि जनवरी 2013 में उस समय प्राप्त की जब दूसरा पोलियोमुक्त वर्ष 13 जनवरी, 2013 को पूरा हो गया. पोलियो वायरस (Polio Virus) संक्रमण से होने वाले इस रोग की तीन श्रेणियां पीवी–1 (PV1), पीवी–2 (PV2) व पीवी–3 (PV3) होती हैं. इनमें से पीवी–2 का उन्मूलन विश्वभर में हो चुका है. भारत में पीवी–2 का अन्तिम मामला अक्टूबर 1999 में बिहार में पाया गया था. पीवी–1 (PV1) व पीवी–3 (PV3) श्रेणी का पोलियो ही अब देश में विद्यमान था. इनमें से पीवी–3 श्रेणी के पोलियो का देश में अन्तिम मामला 22 अक्टूबर, 2010 को झारखण्ड में पाकुर (Pakur) में तथा पीवी–1 श्रेणी के पोलियो का अन्तिम मामला 13 जनवरी, 2011 को पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में पांचला ब्लॉक में दर्ज किया गया था. यह पूरे वर्ष 2011 के दौरान देश में पोलियो का एकमात्र मामला था. 13 जनवरी, 2011 के बाद किसी भी श्रेणी के पोलियो का कोई भी मामला अब तक देश में नहीं पाया गया है. इस प्रकार 13 जनवरी, 2013 को देश में पोलियोमुक्त दूसरा वर्ष पूरा हुआ.

'सरल' के साथ सात उपग्रह कक्षा में स्थापित

25 फरवरी, 2013 को समुद्री विज्ञान से जुड़े अध्ययनों के लिए भारत-फ्रांस के संयुक्त उपग्रह 'सरल' का इसरो (ISRO) के अन्तरिक्ष यान पीएसएलवी-सी 20 से सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया गया. इस यान के साथ 6 अन्य विदेशी लघु और सूक्ष्म उपग्रहों को भी अन्तरिक्ष की कक्षा में भेजा गया. श्रीहरिकोटा (आन्ध्र प्रदेश) स्थित सतीश धवन अन्तरिक्ष केन्द्र से राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की उपस्थिति में ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (PSLV–C20) को रवाना किया गया. प्रक्षेपण के 22 मिनट बाद उपग्रहों को कक्षाओं में स्थापित कर दिया गया. 21 बार सफल प्रक्षेपण का रिकॉर्ड बनाने वाले पीएसएलवी का यह 23वाँ अभियान था. इससे पूर्व 12 दिसम्बर, 2012 को भी 'सरल' को पीएसएलवी के द्वारा प्रक्षेपित करने की योजना बनाई गई थी, परन्तु तकनीकी कारणों और अतिरिक्त परीक्षण के लिए उस दौरान अभियान टाल दिया गया था.

सबसोनिक क्रूज मिसाइल 'निर्भय' का पहला परीक्षण विफल

12 मार्च, 2013 को देश के पहली सबसोनिक क्रूज मिसाइल 'निर्भय' का पहला परीक्षण विफल रहा. ओडिशा के तट के निकट चांदीपुर परीक्षण रेंज से सतह-से-सतह पर मार करने वाली इस मिसाइल का परीक्षण रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के वैज्ञानिकों ने किया. इस परीक्षण के तहत् इसे बंगाल की खाड़ी में 1000 किमी की दूरी पर अपने लक्ष्य को बेधना था, परन्तु मार्ग से विचलित हो जाने के कारण इसे बीच में ही नष्ट किया गया. इस मिसाइल का अगला परीक्षण शीघ्र ही सम्भावित है. इस सबसोनिक क्रूज मिसाइल थल सेना के साथ-साथ वायुसेना व नौसेना के लिए भी उपयोगी होगी.

अग्नि–II का सफल परीक्षण

7 अप्रैल, 2013 को भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित मध्यम दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि–II का एक परीक्षण ओडिशा के तट के निकट बंगाल की खाड़ी स्थित व्हीलर द्वीप से किया. नाभिकीय विस्फोटकों के साथ 2000 किमी की दूरी तक सतह-से-सतह पर मार करने में सक्षम इस मिसाइल को कई सफल परीक्षणों के पश्चात् भारतीय सेना में पहले ही शामिल किया जा चुका है.

अविस्मरणीय राष्ट्रीय क्षतियाँ

दारा सिंह

12 जुलाई, 2012 को मुम्बई में प्रसिद्ध पहलवान, फिल्म अभिनेता व पूर्व सांसद दारा सिंह का निधन हो गया. वह 84 वर्ष के थे. पिछले 50–60 वर्षों से भारतीय जनमानस ने एक ताकतवर व्यक्ति की छवि दारा सिंह में देखी है. दारा सिंह का जन्म 19 नवम्बर, 1928 को पंजाब के अमृतसर के धारामुचक गाँव में हुआ था. इनका पूरा नाम दारा सिंह रंधावा था. दारा सिंह वास्तविक जीवन में ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने सम्पूर्ण विश्व में भ्रमण करके 500 से अधिक कुश्तियाँ लड़ीं. 1947 में सिंगापुर में कुश्ती में विश्व विजेता बनने की शुरूआत हुई. 200 किग्रा वजन के आस्ट्रेलियाई पहलवान किंगकांग को जब उन्होंने सिर पर उठाकर घुमाया और पटकनी दी तब से उनका नाम बच्चे-बच्चे की जबान पर आ गया. दारा सिंह ने रामानन्द सागर के टेलीविजन धारावाहिक 'रामायण' में हनुमान की भूमिका निभाकर अत्यधिक लोकप्रियता प्राप्त की. रामायण में इन्होंने हनुमान की भूमिका को जीवंत कर दिया. वर्ष 2003 से 2009 तक ये राज्य सभा के सदस्य भी रहे थे.

राजेश खन्ना

18 जुलाई, 2012 को मुम्बई में हिन्दी फिल्म जगत् के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना का निधन हो गया. वह 70 वर्ष के थे. वह 'काका' के नाम से प्रसिद्ध थे तथा उनका मूल नाम जतिन खन्ना था. राजेश खन्ना को जो लोकप्रियता मिली वैसी लोकप्रियता कम ही अभिनेताओं को प्राप्त हुई है. संवाद अदायगी का उनका अंदाज अनूठा था. 'आई ओ पुष्पा, आई हेट टियर्स रे' जैसे संवाद को लोग आज भी याद करते हैं. राजेश खन्ना ने कुल 163 फिल्मों में काम किया जिसमें से 106 फिल्मों में वह अकेले हीरो थे. राजेश खन्ना के नाम लगातार 15 हिट फिल्में देने का रिकॉर्ड है.

कैप्टन लक्ष्मी सहगल

23 जुलाई, 2012 को कानपुर में जंग-ए-आजादी की सिपाही, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की सहयोगी और आजाद हिन्द फौज की कैप्टन डॉ. लक्ष्मी सहगल का निधन हो गया. वह 98 वर्ष की थीं. देश, समाज, बेसहारा और गरीबों के लिए अपना जीवन समर्पित कर देने वाली डॉ. लक्ष्मी सहगल के निधन के साथ ही एक युग का अन्त

हो गया. वह 1943 में अस्थायी आजाद हिंद सरकार की कैबिनेट में पहली महिला सदस्य बनीं. आजाद हिन्द फौज की रानी झाँसी रेजिमेंट में डॉ. लक्ष्मी सहगल अत्यधिक सक्रिय रहीं.

विलासराव देशमुख

14 अगस्त, 2012 को चेन्नई में केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री विलासराव देशमुख का निधन हो गया. 67 वर्षीय देशमुख को 6 अगस्त, 2012 को गम्भीर हालत में भर्ती किया गया था. उन्हें गुर्दा एवं लिवर प्रत्यारोपण होना था. उनके निधन पर दिल्ली व सभी राज्यों की राजधानियों में राष्ट्रध्वज झुके रहे. महाराष्ट्र सरकार ने तीन दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया.

डॉ. वर्गीस कुरियन

9 सितम्बर, 2012 को देश में श्वेत क्रान्ति के जनक डॉ. वर्गीस कुरियन का निधन हो गया. वह 90 वर्ष के थे. राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. वर्गीस कुरियन की अगुआई में ही 1970 में देश में '**ऑपरेशन फ्लड**' की शुरूआत की गई थी, जिसने भारत को विश्व का सर्वाधिक दुग्ध उत्पादक देश बना दिया. उन्हें अमूल डेयरी को घर-घर में लोकप्रिय बनाने का श्रेय जाता है.

के. एस. सुदर्शन

15 सितम्बर, 2012 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरसंघचालक के. एस. सुदर्शन का निधन हो गया. वह 82 वर्ष के थे. वह 2000 से 2009 के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक रहे थे.

यश चोपड़ा

21 अक्टूबर, 2012 को भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च दादा साहेब फाल्के पुरस्कार सहित अनेक पुरस्कारों से सम्मानित प्रख्यात निर्माता-निर्देशक यश चोपड़ा का निधन हो गया. वह 80 वर्ष के थे. रोमांटिक फिल्मों के किंग के रूप में विख्यात यश चोपड़ा डेंगू का शिकार बने.

जसपाल भट्टी

24-25 अक्टूबर, 2012 की मध्य रात्रि को जाने-माने हास्य कलाकार जसपाल भट्टी का एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया. वह 57 वर्ष के थे. भटिंडा से जालंधर आते समय उनकी कार रात्रि लगभग दो बजे एक वृक्ष से टकरा गई. दूरदर्शन के लोकप्रिय धारावाहिक 'उलटा-पुलटा', 'फ्लॉप शो', 'फुल टेंशन', 'हाय जिन्दगी बाय जिन्दगी', 'शैकजी' आदि के माध्यम से ख्याति प्राप्त करने वाले जसपाल भट्टी अपनी फिल्म 'पॉवर कट' के प्रमोशन के सिलसिले में इस यात्रा पर थे.

के. सी. पन्त

15 नवम्बर, 2012 को नई दिल्ली में पूर्व केन्द्रीय मंत्री के. सी. पन्त (कृष्ण चन्द्र पन्त) का निधन हो गया. वह 81 वर्ष के थे. उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री व देश के पूर्व गृहमंत्री भारत रत्न [illegible] वल्लभ पंत के पुत्र के. सी. पन्त ने केन्द्र में श्रीमती इंदिरा गांधी व राजीव गांधी के नेतृत्व वाली सरकारों में रक्षा, वित्त, गृह, शिक्षा, ऊर्जा मंत्री आदि महत्वपूर्ण पद संभाले थे.

बाला साहेब ठाकरे

17 नवम्बर, 2012 को महाराष्ट्र की राजनीति के 'युग पुरुष' तथा शिव सेना के प्रमुख बाला साहेब ठाकरे का 86 वर्ष की आयु में मुम्बई के बांद्रा स्थित उनके आवास '**मातोश्री**' में निधन हो गया. महाराष्ट्र के साथ-साथ देश की राजनीति में भी अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बाल ठाकरे ने स्वयं कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा था, तथापि महाराष्ट्र की राजनीति को कोई भी दिशा प्रदान करने की क्षमता उनके पास थी. वर्ष 1966 में उन्होंने 'शिवसेना' का गठन किया था. 30 अक्टूबर, 1966 को शिवसेना की पहली सभा में 5 लाख से अधिक लोग जुटे थे. वर्ष 1995 में भाजपा-शिवसेना के गठबंधन ने महाराष्ट्र में अपनी सरकार बनाई. यद्यपि वर्ष 2005 में उनके बेटे उद्धव ठाकरे को अतिरिक्त महत्व दिए जाने से नाराज उनके भतीजे राज ठाकरे ने शिवसेना छोड़ दी और वर्ष 2006 में अपनी नई पार्टी महाराष्ट्र नव निर्माण सेना बना ली.

इन्द्र कुमार गुजराल

30 नवम्बर, 2012 को देश के पूर्व प्रधानमंत्री इन्द्र कुमार गुजराल का लम्बी बीमारी के पश्चात् गुड़गाँव के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया. वह 93 वर्ष के थे. 1997-1998 के दौरान वह देश के प्रधानमंत्री रहे थे. नई दिल्ली में शान्ति वन (देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की समाधि स्थल) व विजयघाट के बीच स्मृति स्थल पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अन्तिम संस्कार 1 दिसम्बर, 2012 को किया गया. उनके निधन पर 7 दिन के राजकीय शोक की घोषणा सरकार ने की थी.

पंडित रविशंकर

12 दिसम्बर, 2012 को अमरीका में कैलिफोर्निया के सेन डियागो में भारत रत्न से सम्मानित प्रख्यात सितार वादक पंडित रविशंकर का निधन हो गया. वह 92 वर्ष के थे तथा पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे. पंडित रविशंकर का जन्म 7 अप्रैल, 1920 को वाराणसी में हुआ था. इनका पुराना नाम **रोबिंद्रो शंकर चौधरी** था. पंडित रविशंकर ने अपने कैरियर की शुरूआत एक नर्तक के रूप में की थी. 1955 में सत्यजीत रे की पहली फिल्म 'पाथेर पंचाली' में दिए उनके संगीत ने फिल्म की मानवीय कथावस्तु को कालजयी बना दिया. पंडित रविशंकर को 1986 में राज्य सभा के लिए मनोनीत किया गया था. वह मैगसेसे पुरस्कार से भी सम्मानित थे तथा देश का सर्वोच्च भारत रत्न अलंकरण उन्हें 1999 में प्रदान किया गया था.

जसु शिल्पी

14 जनवरी, 2013 को अहमदाबाद में '**भारत की कांस्य महिला**' के नाम से प्रसिद्ध जानी-मानी मूर्तिकार जसु शिल्पी का 64 वर्ष की आयु में निधन हो गया. घोड़े पर सवार रानी लक्ष्मीबाई की एक मूर्ति के लिए वर्ष 2005 में जसु शिल्पी का नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में शामिल किया गया. जसु द्वारा बनाई गई महात्मा गांधी और मार्टिन लूथर किंग जूनियर की कांस्य की मूर्तियाँ अमरीका में फ्लोरिडा विश्वविद्यालय, गैंसविले, शिकागो और उत्तर कैरोलिना के शार्लेट शहर में लगी हुई हैं.

मस्तराम कपूर

2 अप्रैल, 2013 को वरिष्ठ समाजवादी चिंतक व लेखक मस्तराम कपूर का निधन हो गया. वह 87 वर्ष के थे. समाजवादी चिंतन के साथ ही कहानी, कविता, निबन्ध व बाल साहित्य की अनेक पुस्तकों के वह लेखक थे. अनेक पुरस्कारों से सम्मानित मस्तराम कपूर को निधन से लगभग एक सप्ताह पूर्व 23 मार्च, 2013 को उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने सर्वोच्च यश भारती सम्मान से सम्मानित किया था.

आर. पी. गोयनका

14 अप्रैल, 2013 को कोलकाता में प्रसिद्ध उद्योगपति राम प्रसाद गोयनका का निधन हो गया. वह 83 वर्ष के थे. उनके द्वारा स्थापित आरपीजी इंटरप्राइजेज के कारोबारों में टायर्स, फिलिप्स कार्बन ब्लैक, एशियन केबल्स, अगरपाड़ा जूट मिल व मर्फी इंडिया शामिल हैं.

शकुंतला देवी

21 अप्रैल, 2013 को बंगलुरू में प्रसिद्ध गणितज्ञ शकुंतला देवी का निधन हो गया. वह 80 वर्ष की थीं. अपनी अद्भुत गणनात्मक क्षमता के चलते वह **ह्यूमन कम्प्यूटर** के रूप में विख्यात थीं व गिनीज बुक में उनका नाम दर्ज किया गया था.

जे. एस. वर्मा

22 अप्रैल, 2013 को नई दिल्ली में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जे. एस. वर्मा का निधन हो गया. वह 25 मार्च, 1997 से 17 जनवरी, 1998 के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश रहे थे.

शमशाद बेगम

24 अप्रैल, 2013 को मुम्बई में बीते वर्षों की जानी-मानी गायिका शमशाद बेगम का निधन हो गया. वह 94 वर्ष की थीं. 14 अप्रैल, 2013 को अमृतसर में जन्मी शमशाद बेगम ने खजांची (1941), तकदीर (1943), अनमोल घड़ी (1946), दुलारी (1949), दीदार (1951), आन (1952), शबाब (1954), मदर इंडिया (1957), मुगल-ए-आजम (1960) जैसी हिट फिल्मों में गीत गाए थे.

असगर अली इंजीनियर

14 मई, 2013 को मुम्बई में प्रख्यात मुस्लिम विद्वान्, लेखक और दाऊदी बोहरा समुदाय के सुधारवादी नेता असगर अली इंजीनियर का 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया. 1970 के दशक में बी.एम.सी. से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने के बाद वह दाऊद बोहरा समुदाय के सुधारवादी आन्दोलन से जुड़ गए.

विद्याचरण शुक्ल

नक्सली हमले से घायल हुए 85 वर्षीय पूर्व केन्द्रीय मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विद्याचरण शुक्ल का 11 जून, 2013 को निधन हो गया. सल्वा जुडूम अभियान के विरोध में नक्सलियों ने

sscexamonline.blogspot.com

25 मई, 2013 को छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में हमला किया था, जिसमें विद्याचरण शुक्ल घायल हो गए थे. कांग्रेस के वरिष्ठतम नेताओं में से एक और कई दलों में रह चुके विद्याचरण शुक्ल कई दशक तक देश की राजनीति में ताकतवर भूमिका में रहे.

विविध राष्ट्रीय घटनाएं

'गदर व रेशमी रूमाल आन्दोलन' के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में स्मारक डाक टिकट

वर्ष 2013 देश के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास के दो प्रमुख आन्दोलनों– 'गदर' व 'रेशमी रूमाल आन्दोलन' (Silk Letter Movement) का शताब्दी वर्ष है. बीसवीं सदी के प्रारम्भ में ही सम्पन्न ये दोनों आन्दोलन ब्रिटिश सरकार द्वारा दबा दिए गए थे तथा अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में ये नाकाम रहे थे, तथापि स्वाधीनता संग्राम में इनके महत्व को देखते हुए उन पर 5-5 मूल्य के दो स्मारक डाक टिकट भारतीय डाक विभाग ने जनवरी 2013 में जारी किए. 'रेशमी रूमाल आन्दोलन' (तहरीक-ए-रेशमी रूमाल) के दो महत्वपूर्ण नेता ओबैदुल्लाह सिंधी व मौलाना महमूद हसन थे. ये देवबंद के दारूल उलूम से सम्बन्धित थे. इस आन्दोलन का उद्देश्य ब्रिटिश हुकूमत की समाप्ति में अफगानिस्तान और तुर्की सरकार का समर्थन प्राप्त करना था. अगस्त 1916 में रेशम के रूमाल पर लिखे कुछ पत्र अंग्रेजों के हाथ लग गए. जिसके चलते इस आन्दोलन का नाम रेशमी रूमाल पड़ा. ये पत्र ओबैदुल्लाह सिंधी ने काबुल से मक्का में रह रहे मौलाना महमूद हसन को भेजे थे. पत्रों से योजना का खुलासा हो गया. जिसके बाद में अंग्रेजों ने इस आन्दोलन को दबा दिया था.

बिहार की राजधानी में विश्व की सबसे ऊँची गांधी प्रतिमा का अनावरण

15 फरवरी, 2013 को बिहार की राजधानी पटना में महात्मा गांधी की 74 फीट ऊँची प्रतिमा का अनावरण किया गया. इस प्रतिमा को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में स्थापित किया गया है. इसका अनावरण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया. यह प्रतिमा मूलतः 40 फीट की है तथा इसका आधार 34 फीट है. इस प्रकार इसकी कुल ऊँचाई 74 फीट है. यह गांधीजी की विश्व में अब तक स्थापित प्रतिमाओं में से सबसे ऊँची प्रतिमा है. इस प्रतिमा में बापू को दो बच्चों के साथ खड़ा दर्शाया गया है. महात्मा गांधी की इस कांस्य प्रतिमा के निर्माण में 10 करोड़ का खर्च आया है. इस प्रतिमा के मूर्तिकार दिल्ली के रामसुतार हैं.

सीबीआई का स्वर्ण जयन्ती वर्ष

देश की अग्रणी खुफिया जाँच एजेंसी सीबीआई (CBI–Central Bureau of Investigation) के स्वर्ण जयंती कार्यक्रमों का शुभारम्भ राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने 6 अप्रैल, 2013 को नई दिल्ली में समारोह में किया. एजेंसी के स्वर्ण जयन्ती लोगो का अनावरण भी राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने इस अवसर पर किया तथा एजेंसी के संस्थापक निदेशक डी. पी. कोहली की स्मृति में (14वाँ) डी.पी. कोहली मेमोरियल व्याख्यान भी उन्होंने विज्ञान भवन में आयोजित इस समारोह में दिया. केन्द्रीय जाँच ब्यूरो (CBI) की स्थापना 1 अप्रैल, 1963 को हुई थी. गृह मंत्रालय की एक अधिसूचना (Notification) के द्वारा तत्कालीन स्पेशल पुलिस संगठन को सीबीआई में रूपान्तरित किया गया था.

आगरा के प्रधान डाकघर के 100 वर्ष पूर्ण होने पर स्मारक डाक टिकट

आगरा के प्रधान डाकघर के 100 वर्ष पूर्ण होने पर एक स्मारक डाक टिकट डाक विभाग द्वारा 13 अप्रैल, 2013 को जारी किया गया. लखनऊ जीपीओ के पश्चात् यह डाकघर उत्तर प्रदेश का ऐसा दूसरा डाकघर है जिस पर डाक टिकट जारी किया गया है. आगरा के इमारतों में ताजमहल आगरा किला व फतेहपुर सीकरी पर डाक टिकट पहले जारी किया जा चुका है तथा प्रधान डाकघर का भवन आगरा की ऐसी चौथी इमारत है. जिस पर डाक विभाग द्वारा डाक टिकट जारी किया गया है.

भारतीय रेल के 160 वर्ष पूर्ण

16 अप्रैल, 2013 को भारतीय रेल की सेवा के 160 वर्ष पूरे हुए. रेलवे के दस्तावेजों के अनुसार भारत में पहली रेलगाड़ी 16 अप्रैल, 1853 को मुम्बई व ठाणे के बीच 34 किमी रेलमार्ग पर चलाई गई थी. ग्रेट इंडियन पेनिनसुलर रेलवे की 14 डिब्बों वाली इस रेलगाड़ी को फॉकलैण्ड नाम के भाप इंजन के द्वारा चलाया गया था. इन 160 वर्षों में लगभग 65 हजार किमी रेलमार्ग, 7 हजार से अधिक स्टेशनों, प्रतिदिन चलने वाली 11 हजार से अधिक रेलगाड़ियों व लगभग 16 लाख रेलकर्मियों के साथ भारतीय रेल आज देश की जीवन रेखा बन गई है.

●●●

शेष पृष्ठ 146 का

●●●

शेष पृष्ठ 167 का

●●●

sscexamonline.blogspot.com

विश्व के तनावग्रस्त क्षेत्र/ बहुचर्चित प्रकरण/चर्चित मुद्दे

विश्व के सर्वाधिक प्रभावशाली व्यक्तियों की फोर्ब्स सूची-2012

अमरीका की चर्चित वाणिज्यिक पत्रिका फोर्ब्स (Forbes) ने विश्व के सर्वाधिक प्रभावशाली व्यक्तियों की वर्ष 2012 की सूची दिसम्बर 2012 में जारी की. चुनिंदा व्यक्तियों की वर्ष 2012 की सूची में शीर्ष स्थान लगातार दूसरी बार अमरीकी राष्ट्रपति **बराक ओबामा** का है. सूची में दूसरा स्थान जर्मनी की चांसलर **एंजेला मर्केल** का है, जबकि रूस के राष्ट्रपति **व्लादिमीर पुतिन** को तीसरा स्थान इस सूची में दिया गया. सूची में चौथे स्थान पर **बिल गेट्स** और पाँचवें स्थान पर **पोप बेनेडिक्ट-XVI** हैं. फोर्ब्स की वर्ष 2012 की सूची में भारत की सोनिया गांधी भारत में सर्वाधिक प्रभावशाली हस्ती हैं. श्रीमती सोनिया गांधी के अतिरिक्त भारत के प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह भी शामिल हैं. इनमें सर्वोच्च 12वाँ स्थान कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी का है. प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह 19वें स्थान पर हैं. इस सूची में शामिल अन्य भारतीयों में रिलायंस समूह के मुकेश अम्बानी 37वें स्थान पर व स्टील किंग लक्ष्मी मित्तल 47वें स्थान पर हैं.

फिलीपींस में शान्ति समझौता

दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश फिलीपींस में विगत 40 वर्षों में चल रहे गृह युद्ध की समाप्ति की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि अक्टूबर 2012 में उस समय प्राप्त हुई, जब स्वायत्तता हेतु संघर्षरत् अल्पसंख्यक मुस्लिमों व सरकार के मध्य एक प्रारम्भिक समझौता सम्पन्न हो गया. 15 अक्टूबर, 2012 को हस्ताक्षरित इस समझौते में फाइनल शान्ति समझौते के लिए रोड मैप निर्धारित किया गया है. समझौते से दक्षिण फिलीपींस में रह रहे अल्पसंख्यक मुस्लिम अपने लिए बेहतर अधिकारों की माँग को लेकर विगत लगभग चार दशकों से संघर्षरत् रहे हैं. इस संघर्ष में हजारों लोगों की जानें जा चुकी हैं.

हेलीकॉप्टरों की खरीद के सौदे में रिश्वतखोरी का चर्चित प्रकरण

अतिविशिष्ट लोगों के लिए इटली की फिनमैकेनिका कम्पनी की सहयोगी अगस्ता-वेस्टलैण्ड (यू.के.) से तीन इंजन वाले 12 एडब्ल्यू-101 हेलीकॉप्टरों की खरीद का लगभग ₹ 3600 करोड़ का सौदा भारत ने 2010 में सम्पन्न किया था. उस सौदे में ₹ 350 करोड़ से अधिक की रिश्वत दिए जाने के आरोप इतालवी एजेन्सी ने लगाए हैं. फिनमैकेनिका एवं उसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी गिडुसिपी ओरसी को इस मामले में 12 फरवरी, 2013 को रोम में गिरफ्तार भी किया गया. आर्डर किए गए 12 हेलीकॉप्टरों में से तीन हेलीकॉप्टर भारत को जनवरी 2013 में प्राप्त हो चुके हैं तथा शेष 9 हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति सितम्बर 2013 तक होनी है. भारत सरकार ने विवाद को देखते हुए शेष 9 हेलीकॉप्टरों की प्राप्ति को फिलहाल स्थगित कर दिया है.

'सब-एटोमिक पार्टिकल' की खोज

दशकों के अथक परिश्रम एवं अनवरत प्रयास के पश्चात् वैज्ञानिकों ने अन्ततः उस 'सब-एटोमिक पार्टिकल' को खोज निकालने में सफलता प्राप्त कर ली है, जिसके कारण कणों में भार है तथा जिसके कारण ब्रह्माण्ड व सभी ग्रह-उपग्रह अस्तित्व में आए हैं एवं सभी वस्तुओं को रूप, आकार व भार प्राप्त हुआ है. नया खोजा गया वह 'सब-एटोमिक पार्टिकल' वर्षों पूर्व परिकल्पित **'हिग्स बोसॉन'** (Higgs Boson), जिसे **'गॉड पार्टिकल'** कहा जाता रहा था, के अनुरूप ही है. इस खोज को भौतिकी क्षेत्र में महानतम खोजों में स्थान दिया जा रहा है. भौतिक विज्ञान के क्षेत्र की महानतम खोजों में से एक मानी जा रही इस खोज की घोषणा **जेनेवा की यूरोपियन सेंटर फॉर न्यूक्लियर रिसर्च** (सर्न, CERN) के वैज्ञानिकों ने 4 जुलाई, 2012 को की. 'सर्न' के महानिदेशक रोल्फ हिउर (Rolf Heuer) ने इस खोज को 'पार्टिकल फिजिक्स' में ऐसा मील का पत्थर बताया है, जिससे ब्रह्माण्ड सहित प्रत्येक वस्तु के अस्तित्व के रहस्य समझने में मदद मिलेगी तथा ब्रह्माण्ड के रहस्यों से पर्दा उठ सकेगा.

पोप बेनेडिक्ट-16 द्वारा पद त्याग व नए पोप का चयन

28 फरवरी, 2013 को रोमन कैथोलिक समुदाय के सर्वोच्च धर्मगुरु पोप बेनेडिक्ट-16, जिनका मूल नाम जोसेफ रैट जिंगर है, ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया. पोप जॉन पॉल के निधन के पश्चात् अप्रैल 2005 में वह 265वें पोप चुने गए थे. 13 मार्च, 2013 को अर्जेन्टीना के जॉर्ज मारियो बरगोग्लियो को वेटिकन सिटी का नया पोप चुना गया. इन्हें पोप फ्रांसिस के नाम से जाना जाएगा. 2005 के बाद यह दूसरा अवसर है, जब कार्डिनल को नए पोप के चयन में मात्र दो दिन लगे.

उत्तर कोरिया द्वारा परमाणु परीक्षण

अन्तर्राष्ट्रीय विरोध एवं दबाव को दरकिनार करते हुए उत्तर कोरिया द्वारा लम्बी दूरी के स्वदेश निर्मित 'उन्हा-3' रॉकेट द्वारा अन्तरिक्ष में एक छोटे उपग्रह की स्थापना के दो माह पश्चात् उत्तर कोरिया ने अपना तीसरा परमाणु परीक्षण 12 फरवरी, 2013 को किया. संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद् के प्रतिबन्धों के साथ-साथ अमरीका, जापान व दक्षिण कोरिया की चेतावनियों की अनदेखी करते हुए उत्तर कोरिया द्वारा किए गए इस परमाणु परीक्षण की विश्वव्यापी निन्दा की गई है. यहाँ तक कि उत्तर कोरिया के निकट सहयोगी रहे चीन ने भी इस परीक्षण के लिए उसकी निन्दा की है. उत्तर कोरिया द्वारा अपना तीसरा भूमिगत परमाणु परीक्षण चीन की सीमा के निकट प्यांगी-री में किया गया. उत्तर कोरिया की समाचार एजेंसी 'केसीएनए' ने इस परीक्षण को सफल बताया. इसमें 6-7 किलो टन विस्फोटक का प्रयोग किया गया तथा विस्फोट भूमि के अन्दर 1 किमी गहराई में किया गया. विस्फोट से 4·9 रिक्टर स्केल की आवृत्ति महसूस की गई. इस तीसरे परमाणु परीक्षण से पूर्व उत्तर कोरिया ने दो परमाणु परीक्षण क्रमशः 2006 व 2009 में किए थे.

अन्तर्राष्ट्रीय चुनावी गतिविधियाँ/सत्ता परिवर्तन

वेनेजुएला

वेनेजुएला में 14 वर्षों से सत्तारूढ़ राष्ट्रपति ह्यूगो शावेज (Hugo Chavez) 7 अक्टूबर, 2012 को राष्ट्रपति पद हेतु सम्पन्न चुनाव में पुनः भारी मतों से निर्वाचित हुए. कुल पड़े मतों में से 55·25 प्रतिशत मत यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी ऑफ वेनेजुएला के शावेज को इस चुनाव में प्राप्त हुए.

मेक्सिको

मेक्सिको में विगत एक दशक से भी अधिक समय तक अलग-थलग रही मध्य-मार्गी इंस्टीट्यूशनल रिवॉल्यूशनरी पार्टी (PRI) के एनरिक पेना नीटो (Enrique Pena Nieto) देश के नए राष्ट्रपति निर्वाचित हुए. इस पद हेतु 1 जुलाई, 2012 को सम्पन्न चुनाव में 38 प्रतिशत से अधिक मत नीटो ने प्राप्त किए, जबकि उनके निकटतम वामपंथी उम्मीदवार आंद्रेस लोपेज ओब्रेडोर को 31 प्रतिशत मत ही प्राप्त हो सके. नवनिर्वाचित राष्ट्रपति पेना नीटो ने 1 दिसम्बर, 2012 को अपना यह कार्यभार ग्रहण किया. इस पद पर उनका कार्यकाल 6 वर्ष होगा. इस पद पर फेलिपे काल्डेरॉन (Felipe Calderon) जो 1 दिसम्बर, 2006 से मेक्सिको के राष्ट्रपति हैं, का स्थान उन्होंने लिया.

अमरीका

अश्वेत मूल के **बराक हुसैन ओबामा** (Barack Hussein Obama) चार वर्ष के लगातार दूसरे कार्यकाल (20 जनवरी, 2013–20 जनवरी, 2017 तक) के लिए अमरीका के राष्ट्रपति बने हैं. 'इलेक्टोरल कॉलेज' के 538 वोटों में से 332 वोट 6 नवम्बर, 2012 को सम्पन्न चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के बराक हुसैन ओबामा ने प्राप्त किए थे, जबकि विजय के लिए उन्हें 270 मतों की ही आवश्यकता थी. प्रतिद्वन्द्वी रिपब्लिकन पार्टी के **मिट रोमनी** 'इलेक्टोरल कॉलेज' के 206 वोट ही इस चुनाव में प्राप्त कर सके. 'इलेक्टोरल कॉलेज' में औपचारिक निर्वाचन के पश्चात् अपने इस दूसरे

sscexamonline.blogspot.com

कार्यकाल के लिए ओबामा ने 20 जनवरी, 2013 तथा पुनः 21 जनवरी, 2013 को शपथ ग्रहण की तथा इसके साथ ही उनका दूसरा कार्यकाल प्रारम्भ हो गया. अमरीकी संविधान के 20वें संशोधन के अन्तर्गत नवनिर्वाचित राष्ट्रपति का कार्यकाल 20 जनवरी को दोपहर में शुरू होता है.

दक्षिण कोरिया

25 फरवरी, 2013 को दक्षिण कोरिया की नवनिर्वाचित राष्ट्रपति पार्क गियुन-हाइ (Park Geun-hye) ने अपना यह कार्यभार ग्रहण किया. 61 वर्षीय पार्क दिसम्बर 2012 में सम्पन्न चुनाव में राष्ट्रपति निर्वाचित हुई थीं. वह दक्षिण कोरिया की पहली महिला राष्ट्रपति हैं. दिसम्बर 2012 में हुए चुनावों में सत्तारूढ़ सायनूरी पार्टी (न्यू फ्रंटियर पार्टी) की उम्मीदवार **पार्क गियुन हाइ** ने कुल पड़े मतों में से 51·6 प्रतिशत मत प्राप्त कर डेमोक्रेटिक यूनाइटेड पार्टी के अपने निकटतम प्रतिद्वन्द्वी मून जे इन (Moon Jae-in) को इस चुनाव में पराजित किया था.

चीन

1. **चीन के राष्ट्रपति**–14 मार्च, 2013 को **शी जिनपिंग** (Xi Jinping) को औपचारिक रूप से चीन का राष्ट्रपति और सैन्य प्रमुख चुन लिया गया. इसके साथ ही विश्व में सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश में 10 वर्ष के लिए सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया पूरी हो गई. जिनपिंग ने हू जिन्ताओ का स्थान लिया. ग्रेट हाल ऑफ द पीपुल में चीन की संसद ने सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चीन (CPC) का अध्यक्ष पद सँभालने के 4 माह बाद 59 वर्षीय शी जिनपिंग को विधिवत् राष्ट्रपति निर्वाचित किया.

2. **चीन के प्रधानमंत्री**–15 मार्च, 2013 को चीन में सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया के तहत् सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के दूसरे स्थान के नेता **ली केकियांग** को देश का नया प्रधानमंत्री चुना गया. नवनियुक्त राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 57 वर्षीय ली केकियांग को प्रधानमंत्री के तौर पर नामित किया. ली के चुनाव को नेशनल पीपुल कांग्रेस ने अनुमोदन किया. नेशनल पीपुल कांग्रेस (NPC) देश की संसद है. इस चुनाव में चार माह पूर्व कम्युनिस्ट पार्टी का प्रभार सँभालने वाले शी जिनपिंग को नेशनल पीपुल कांग्रेस ने 14 मार्च, 2013 को औपचारिक तौर पर राष्ट्रपति नियुक्त किया था. इसके एक दिन बाद 15 मार्च, 2013 को ली केकियांग को नया प्रधानमंत्री चुना गया.

नेपाल

नेपाल के प्रधान न्यायाधीश **खिल राज रेग्मी** को नेपाल की अन्तरिम सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में 14 मार्च, 2013 को शपथ दिलाई गई. खिल राज रेग्मी ने पूर्व प्रधानमंत्री बाबूराम भट्टराई का स्थान लिया है. राष्ट्रपति रामबरन यादव ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में खिल राज रेग्मी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई.

वेनेजुएला

14 अप्रैल, 2013 को दक्षिण अमरीकी देश वेनेजुएला में राष्ट्रपति चुनाव सम्पन्न हुए. इन चुनावों में कार्यवाहक राष्ट्रपति **निकोलस मादुरो** (Nicolas Maduro) ही मामूली मतांतर से नए राष्ट्रपति निर्वाचित हुए. इस पद पर ह्यूगो शावेज, जिनका निधन 6 मार्च, 2013 को हुआ था, का स्थान उन्होंने विधिवत् निर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में लिया है. ह्यूगो शावेज के निधन के पश्चात् कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार निकोलस मादुरो ने सँभाला हुआ था. नए निर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में वह ह्यूगो शावेज का इस पद पर शेष कार्यकाल पूरा करेंगे. इस शेष कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति पद हेतु 14 अप्रैल, 2013 को सम्पन्न चुनाव में कुल पड़े मतों का 50·66 प्रतिशत मत ही मादुरो को प्राप्त हुए, जबकि विपक्षी उम्मीदवार हेनरिक कैप्राइल्स (Henrique Capriles) को 49·1 प्रतिशत मत मिले.

इटली

20 अप्रैल, 2013 को इटली के राष्ट्रपति जिओर्जियो नैपोलितानो सात वर्ष के लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए इस पद पर पुनर्निर्वाचित हुए. इटली की संसद में इसके लिए 20 अप्रैल, 2013 को सम्पन्न चुनाव में उन्हें दूसरे कार्यकाल हेतु चुना गया. लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए निर्वाचित होने वाले वह इटली के पहले राष्ट्रपति हैं.

पराग्वे

21 अप्रैल, 2013 को लेटिन अमरीकी देश पराग्वे में राष्ट्रपति चुनाव सम्पन्न हुए. इन चुनावों में विपक्षी कोलोरेडो पार्टी के उम्मीदवार धनी उद्योगपति **होरासियो कार्टेस** पराग्वे के नए राष्ट्रपति निर्वाचित हुए. 56 वर्षीय तम्बाकू उद्योगपति कार्टेस ने इस पद के लिए 21 अप्रैल, 2013 को सम्पन्न चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वन्द्वी सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी के एफ्रेन एलेग्रे को भारी बहुमत से पराजित किया. इस चुनाव में निर्वाचित राष्ट्रपति कार्टेस को 46 प्रतिशत मत प्राप्त हुए, जबकि निकटतम प्रतिद्वन्द्वी एफ्रेन एलेग्रे को 37 प्रतिशत मत मिले. नवनिर्वाचित राष्ट्रपति होरासियो कार्टेस का इस पद पर कार्यकाल 5 वर्ष का होगा.

बांग्लादेश

22 अप्रैल, 2013 को बांग्लादेश के वरिष्ठ राजनीतिज्ञ व संसद के अध्यक्ष **अब्दुल हामिद** देश के नए राष्ट्रपति निर्वाचित हुए. सत्तारूढ़ अवामी लीग के उम्मीदवार अब्दुल हामिद का इस पद पर यह चुनाव निर्विरोध हुआ. मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी सहित किसी भी अन्य दल ने उनके विरुद्ध कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं किया था. इस पद पर जिलउर रहमान, जिनका 20 मार्च, 2013 को सिंगापुर के एक अस्पताल में निधन हो गया था, का स्थान अब्दुल हामिद ने लिया. पूर्व राष्ट्रपति जिलउर रहमान के अस्वस्थ होने पर इलाज के लिए सिंगापुर जाने के बाद संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप 14 मार्च, 2013 से वह कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में सँभाले हुए थे.

नीदरलैण्ड्स

एक ऐतिहासिक घटना के तहत् नीदरलैण्ड्स की महारानी बीट्रिक्स (Queen Beatrix) ने 30 अप्रैल, 2013 को 'क्वीन्स डे' के अवसर पर राजगद्दी अपने ज्येष्ठ पुत्र विलेम एलेक्जेंडर (Willem Alexander) को सौंप दी. इसके साथ ही विलेम एलेक्जेंडर नीदरलैण्ड्स के सम्राट् हो गए. विगत 123 वर्षों में यह पहला अवसर है, जब नीदरलैण्ड्स की राजगद्दी पर कोई पुरुष आसीन हुआ. क्वीन बीट्रिक्स 1980 से नीदरलैण्ड्स की महारानी थीं.

मलेशिया

5 मई, 2013 को मलेशिया में सम्पन्न संसदीय चुनाव में सत्तारूढ़ बैरिसन नेशनल राष्ट्रीय गठबन्धन सत्ता पर अपना कब्जा बरकरार रखने में सफल रहा. 222 सदस्यीय संसद में 133 सीटें जीतकर सरकार के गठन हेतु आवश्यक बहुमत इस गठबन्धन ने प्राप्त कर लिया. इन चुनावों के पश्चात् 16 मई, 2013 को निवर्तमान प्रधानमंत्री **नजीब रजाक** (Najib Razak) ही लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री यहाँ बनाए गए.

पाकिस्तान

पाकिस्तान में 14वीं नेशनल असेम्बली के लिए 11 मई, 2013 को सम्पन्न चुनाव के परिणामों ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की सत्ता में वापसी सुनिश्चित की. पाकिस्तानी संसद के निचले सदन–नेशनल असेम्बली की सीधे चुनाव से भरी जाने वाली 272 सीटों में से 269 सीटों के लिए ही मतदान 11 मई, 2013 को कराया गया था. नवगठित असेम्बली में 5 जून, 2013 को नवाज शरीफ को प्रधानमंत्री चुना गया.

ईरान

14 जून, 2013 को ईरान में सम्पन्न राष्ट्रपति चुनाव में सुधारवादी नेता और पूर्व परमाणु वार्ताकार **हसन रोहानी** नए राष्ट्रपति चुने गए. इस चुनाव में ईरानी जनता ने भारी मतों से उन्हें अहमदीनेजाद का उत्तराधिकारी चुना. इन्हें 50·7 प्रतिशत से अधिक मत मिले.

कुवैत

16 जून, 2013 को कुवैत की सर्वोच्च न्यायालय ने संसद भंग करने के साथ ही चुनाव की घोषणा की. विपक्ष ने चुनावी प्रक्रिया में कुवैत के अमीर शेख सबा अल अहमद अल सबा द्वारा किए गए बदलाव को चुनौती दी थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया.

बहुचर्चित संगठन/ सम्मेलन/बैठक

गुटनिरपेक्ष देशों का 16वाँ शिखर सम्मेलन

30-31 अगस्त, 2012 के दौरान **तेहरान** (ईरान) में गुटनिरपेक्ष आन्दोलन (NAM—Non-Aligned Movement) का 16वाँ शिखर सम्मेलन सम्पन्न हुआ. इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारतीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह तेहरान के लिए रवाना हुए थे.

नौवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन

21–24 सितम्बर, 2012 के दौरान दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में नौवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन सम्पन्न हुआ. यह पहला अवसर था जब

sscexamonline.blogspot.com

इसका आयोजन दक्षिण अफ्रीका में किया गया. देश-विदेश के लगभग 700 हिन्दी विद्वानों ने 'भाषा की अस्मिता और हिन्दी का वैश्विक सन्दर्भ' थीम वाले इस सम्मेलन में भाग लिया. ऐसा पिछला आठवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन जुलाई 2007 में न्यूयॉर्क (अमरीका) में किया गया था.

सुरक्षा परिषद् के स्थायी / अस्थायी सदस्य

15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद् के पाँच अस्थायी सदस्यों–भारत, कोलम्बिया, जर्मनी, पुर्तगाल व दक्षिण अफ्रीका की द्विवार्षिक सदस्यता 31 दिसम्बर, 2012 को समाप्त हो गई तथा 1 जनवरी, 2013 से इनका स्थान ***अर्जेन्टीना, आस्ट्रेलिया, रवांडा, दक्षिण कोरिया व लक्जेम्बर्ग*** *ने ले लिया है. इनकी सदस्यता 31 दिसम्बर, 2014 तक रहेगी. इन 5 नए सदस्यों का चुनाव संयुक्त राष्ट्र महासभा के 67वें सत्र में 18 अक्टूबर, 2012 को किया गया. इसके साथ ही सुरक्षा परिषद् की संरचना अब इस प्रकार हो गई है–*

- ***स्थायी सदस्य*** *(5)–अमरीका, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस व चीन.*
- ***अस्थायी सदस्य*** *(10)–*
  1. ***1 जनवरी, 2011 से 31 दिसम्बर, 2013 तक कार्यकाल***–*पाकिस्तान, अजरबैजान, मोरक्को, ग्वाटेमाला व टोगो.*
  2. ***1 जनवरी, 2011 से 31 दिसम्बर, 2014 तक कार्यकाल***–*अर्जेन्टीना, आस्ट्रेलिया, रवांडा, दक्षिण कोरिया व लक्जेम्बर्ग.*

'ब्रिक्स' का पाँचवाँ शिखर सम्मेलन

26-27 मार्च, 2013 के दौरान दक्षिण अफ्रीका के **डरबन** (Durban) में ब्राजील, रूस, भारत, चीन व दक्षिण अफ्रीका के समूह 'ब्रिक्स' (BRICS—Brazil, Russia, India, China and South Africa) का पाँचवाँ शिखर सम्मेलन सम्पन्न हुआ. इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारतीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह देश के उच्चस्तरीय शिष्टमण्डल के साथ 25 मार्च, 2013 को ही नई दिल्ली से रवाना हो गए थे. डरबन शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों में भारतीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के अतिरिक्त, ब्राजील की राष्ट्रपति डिल्मा रोसेफ (Dilma Rousseff), रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन (Vladimir Putin), चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग (Xi Jinping) व मेजबान राष्ट्रपति जेकब जुमा (Jacob Juma) शामिल थे. चीन के नए राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अपना यह कार्यभार सँभालने के बाद किसी शिखर सम्मेलन में यह पहली ही भागीदारी थी. ब्रिक्स के इस पाँचवें शिखर सम्मेलन में पाँच देशों के 2 हजार प्रतिनिधियों ने भाग लिया. ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का थीम–**'ब्रिक्स एण्ड अफ्रीका : पार्टनरशिप फॉर डेवलपमेंट, इंटीग्रेशन एण्ड इंडस्ट्रियलाइजेशन'** था.

'ब्रिक्स' शिखर सम्मेलन : एक दृष्टि में			
क्र.	तिथि व वर्ष	आयोजन स्थल	देश
1.	16 जून, 2009	येकातेरिन बर्ग	रूस
2.	16 अप्रैल, 2010	ब्रासीलिया	ब्राजील
3.	14 अप्रैल, 2011	सान्या	चीन
4.	29 मार्च, 2012	नई दिल्ली	भारत
5.	26-27 मार्च, 2013	डरबन	दक्षिण अफ्रीका
[illegible]	2014	ब्राजील (प्रस्तावित)	

आसियान के साथ भारत की 10वीं शिखर बैठक

19 नवम्बर, 2012 को कम्बोडिया की राजधानी नोमपेन्ह (Phnompenh) में दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन 'आसियान' के साथ भारत की 10वीं शिखर बैठक सम्पन्न हुई. इस बैठक में भाग लेने के लिए भारतीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह सपत्नीक नोमपेन्ह पहुँचे थे. कम्बोडिया के प्रधानमंत्री हुन सेन की अध्यक्षता में पीस पैलेस (नोमपेन्ह) में आसियान नेताओं के साथ भारत की 10वीं शिखर बैठक में अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ भारत के ऐतिहासिक सम्पर्क व प्राचीन सांस्कृतिक सम्बन्धों का स्मरण करते हुए कहा कि आसियान के साथ अपने सम्बन्धों को भारत रणनीतिक रूप से सर्वोच्च प्राथमिकता देता है.

सातवाँ पूर्वी एशियाई शिखर सम्मेलन

20 नवम्बर, 2012 को कम्बोडिया की राजधानी नोमपेन्ह (Phnompenh) में सातवाँ पूर्वी एशियाई शिखर सम्मेलन (EAS) सम्पन्न हुआ. कम्बोडिया के प्रधानमंत्री **हुन सेन** की मेजबानी में सम्पन्न इस सम्मेलन में 'आसियान' के सभी 10 सदस्यों के अतिरिक्त 8 अन्य राष्ट्रों ने भाग लिया. इस शिखर सम्मेलन में आतंकवाद, समुद्री लुटेरों की समस्या व क्षेत्रीय महत्व की अन्य समस्याओं पर चर्चा के बीच कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप इन ईस्ट एशिया (CEPEA) के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करने पर चर्चा की गई. इस क्षेत्र में वाणिज्य सम्बन्ध एवं भागीदारी में वृद्धि के लिए 'सम्पर्क' को अति महत्वपूर्ण मानते हुए इस मामले में ईएएस के सहयोग की आवश्यकता विभिन्न नेताओं ने बताई. सम्मेलन में सम्बोधित करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए साझा सिद्धान्तों व सहयोग पूर्ण तत्वों की स्थापना की आवश्यकता भारतीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने बताई. पारस्परिक चर्चाओं के पश्चात् विकास पहल पर पूर्वी एशियाई शिखर सम्मेलन घोषणा-पत्र नोमपेन्ह घोषणा-पत्र में स्वीकार किया गया.

आसियान-भारत संवाद भागीदारी के 20 वर्ष : आसियान-भारत स्मृति सम्मेलन

दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के समूह आसियान (ASEAN—Association of South East Asian Nations) के साथ भारत की संवाद भागीदारी के 20 वर्ष तथा इस समूह के साथ भारत के शिखर वार्ता स्तरीय सम्बन्धों के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दो दिवसीय आसियान-भारत स्मृति सम्मेलन 20-21 दिसम्बर, 2012 के दौरान सम्पन्न हुआ. सम्मेलन से पूर्व 18–20 दिसम्बर, 2012 के दौरान भारत-आसियान व्यापार मेले का आयोजन भी 'फिक्की' (FICCI) द्वारा किया गया.

आसियान के सभी 10 सदस्य देशों के नेता इस सम्मेलन में भागीदारी के लिए 20 दिसम्बर, 2012 को नई दिल्ली में उपस्थित थे. ब्रूनेई के सुल्तान **हाजी हसनल बोलकिया मुइज्जादिन वदाउल्लाह** (Haji Hassanal Bolkiah Muzzaddin Waddaulah), इण्डोनेशिया के प्रधानमंत्री **डॉ. सुसिलो बांगबांग युधोयोनो** (Dr. Susilo Banghang Yudhoyono), म्यांमार के राष्ट्रपति **थीन सीन** (Thein Sein), वियतनाम के प्रधानमंत्री **न्गुयेन तान डुंग** (Nguyen Tan Dung), मलेशिया के प्रधानमंत्री **मोहम्मद नजीब बिन तुन अब्दुल रजाक** (Mohd. Najib bin Tun Abdul Razak), फिलीपिंस के उपराष्ट्रपति **जेजोमार बिनाय** (Jejomar Binay), सिंगापुर के प्रधानमंत्री **सीन लूंग ली** (Hsein Loong Lee), लाओस के प्रधानमंत्री **थोंगसिंग थम्मावोंग** (Thonsing Thammavong), कम्बोडिया के प्रधानमंत्री **हुन सेन** (Hun Sen) व थाइलैण्ड की प्रधानमंत्री **यिंगलुक शिनवात्रा** (Yingluck Shinawatra) इनमें शामिल थे. यह पहला अवसर था, जब आसियान के सभी दस देशों के नेता नई दिल्ली में उपस्थित थे. इस शिखर सम्मेलन का थीम ASEAN—India Partnership for Peace and Shared Prosperity था. सम्मेलन में एक **विजन स्टेटमेंट** (Vision Statement) स्वीकार किया गया. इसमें राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक-सांस्कृतिक, सुरक्षा एवं विकासात्मक सहयोग के लिए रोड मैप निर्धारित किया गया है.

अफ्रीकी संघ का स्वर्ण जयन्ती शिखर सम्मेलन

25–27 मई, 2013 के दौरान इथोपिया की राजधानी **अदीस अबाबा** (Addis Ababa) में 54 देशों के अफ्रीकी संघ (AU) का स्वर्ण जयन्ती शिखर सम्मेलन सम्पन्न हुआ. 54 सदस्य देशों के अतिरिक्त 10 अन्य सहयोगी राष्ट्र संगठन की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस आयोजित स्वर्ण जयन्ती शिखर सम्मेलन में आमन्त्रित किए गए थे. इनमें भारत भी सम्मिलित था.

यात्रा परिदृश्य

भारतीय प्रधानमंत्री की जर्मनी यात्रा

10–12 अप्रैल, 2013 के दौरान जर्मनी के साथ द्विपक्षीय सम्बन्धों को नए आयाम प्रदान करने के लिए भारत के प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने देश के उच्चस्तरीय शिष्टमण्डल के साथ यूरोपीय देश जर्मनी की यात्रा की. प्रधानमंत्री

sscexamonline.blogspot.com

के रूप में जर्मनी की उनकी यह तीसरी यात्रा थी, जिसका मुख्य उद्देश्य जर्मनी के साथ दूसरी अन्तर्सरकारी वार्ता सम्पन्न करना था.

भारतीय उपराष्ट्रपति की ताजिकिस्तान यात्रा

अप्रैल 2013 में भारत के उपराष्ट्रपति मोहम्मद हामिद अंसारी ने मध्य एशियाई देश ताजिकिस्तान की सद्भावना यात्रा की. चार दिन की उनकी यह यात्रा द्विपक्षीय सम्बन्धों के सिलसिले में की गई थी. उपराष्ट्रपति के रूप में ताजिकिस्तान की उनकी यह पहली यात्रा तो थी ही, साथ ही किसी भी भारतीय उपराष्ट्रपति की ताजिकिस्तान की यह पहली ही यात्रा थी.

भारतीय प्रधानमंत्री की जापान व थाइलैण्ड यात्रा

मई 2013 में भारत की 'पूर्व की ओर देखो–**लुक ईस्ट पॉलिसी**' को मजबूती प्रदान करने के लिए भारत के प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने देश के उच्चस्तरीय शिष्टमण्डल के साथ पूर्व के दो देशों–जापान व थाइलैण्ड की पाँच दिनों की यात्रा की.

जापान–दो देशों की इस यात्रा के प्रथम चरण में 27–30 मई, 2013 के दौरान वह जापान में रहे. उनकी जापान की यह यात्रा दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की वार्षिक बैठक के विशेष सन्दर्भ में सम्पन्न की गई थी. नाभिकीय ऊर्जा क्षेत्र में जापानी सहयोग हासिल करना प्रधानमंत्री की जापान यात्रा के मुख्य मुद्दों में था, किन्तु इस दिशा में कोई उल्लेखनीय प्रगति द्विपक्षीय वार्ता में नहीं हो सकी.

थाइलैण्ड–दो देशों की इस यात्रा के द्वितीय चरण में 30 मई, 2013 को वह बैंकाक (थाइलैण्ड) पहुँचे. पारस्परिक प्रत्यर्पण सन्धि के अतिरिक्त 6 विभिन्न समझौता-ज्ञापनों पर हस्ताक्षर इस यात्रा के दौरान हुए. थाई प्रधानमंत्री के साथ वार्ता में प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने नालंदा विश्वविद्यालय के लिए थाइलैण्ड की ओर से एक लाख डॉलर की मदद दिए जाने पर आभार व्यक्त किया.

समझौते/संधियाँ/सम्बन्ध

अमरीका-अफगानिस्तान

अफगानिस्तान के साथ सामरिक सम्बन्धों को मजबूती प्रदान करते हुए अमरीका ने इसे 'महत्वपूर्ण गैर-नाटो सहयोगी' (Major Non-NATO Ally) का दर्जा प्रदान करने की घोषणा जुलाई 2012 में की. इससे वर्ष 2014 में अमरीका के नेतृत्व वाले नाटो बलों की अफगानिस्तान से वापसी के बाद दोनों देशों के सामरिक सम्बन्धों और सहयोग को बल मिलेगा. अफगानिस्तान को यह दर्जा प्रदान करने की घोषणा अमरीकी विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने 7 जुलाई, 2012 को काबुल में अफगान राष्ट्रपति हामिद करजई से वार्ता के बाद की. अफगानिस्तान यह दर्जा हासिल करने वाला 15वाँ देश है.

कांगो-रवाण्डा

16 जुलाई, 2012 को लोकतान्त्रिक गणराज्य कांगो तथा रवाण्डा ने एक क्षेत्रीय शान्ति समझौते पर हस्ताक्षर किए. इस समझौते के अनुसार कांगो के पूर्वी हिस्से में विद्रोही गुटों के सशस्त्र संघर्ष को समाप्त करने की सहमति व्यक्त की गई है. इस समझौते पर कांगो के राष्ट्रपति जोसेफ कबीला तथा रवाण्डा के राष्ट्रपति पॉल केगमे ने हस्ताक्षर किए.

पाकिस्तान-अमरीका

पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में तैनात नाटो (NATO) बलों के लिए महत्वपूर्ण साजो-सामान की आपूर्ति के लिए अपने देश में मार्ग जुलाई 2012 में पुनः उपलब्ध करा दिए हैं. नवम्बर 2011 में नाटो के एक हमले में 24 पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने के पश्चात् पाकिस्तान ने आपूर्ति मार्ग बन्द कर दिए थे. इससे अमरीका के साथ उसके सम्बन्धों में खटास आ गई थी. इसके लिए दोनों देशों के बीच एक समझौता-पत्र पर हस्ताक्षर 31 जुलाई, 2012 को रावलपिंडी में किए हैं.

हथियारों की अन्तर्राष्ट्रीय बिक्री को विनियमित करने वाली सन्धि

हथियारों की अन्तर्राष्ट्रीय बिक्री को विनियमित करने की दिशा में संयुक्त राष्ट्र संघ ने पहल की है. इस दिशा में एक महत्वपूर्ण सन्धि का मसौदा 2 अप्रैल, 2013 को पारित किया. आर्म्स ट्रेड ट्रीटी नाम से पारित इस मसौदे के पक्ष में 154 व विपक्ष में 3 ही मत पड़े. विपक्ष में ईरान, सीरिया व उत्तर कोरिया ने मत दिया. भारत, पाकिस्तान, चीन, रूस, श्रीलंका सहित कुल 23 देशों ने मतदान का बहिष्कार किया. सन्धि का अनुमोदन करने वाले देश टैंकों, युद्धक विमानों, मिसाइल लांचरों आदि कन्वेंशनल हथियारों की बिक्री करते समय मानवाधिकारों के संरक्षण जैसे मुद्दों को ध्यान में रखेंगे.

विभिन्न देशों की विशिष्ट एवं बहुचर्चित गतिविधियाँ

श्रीलंका

1. कोलम्बो स्थित जेल में कैदियों व सुरक्षा बलों के बीच संघर्ष–9 नवम्बर, 2012 को श्रीलंका के कोलम्बो स्थित वेलिकाडा जेल (Welikada Prison) में सुरक्षा बलों व कैदियों के बीच हुए भीषण संघर्ष में कम-से-कम 27 कैदियों की मृत्यु हो गई. कैदियों के पास से प्रतिबन्धित वस्तुओं की खोज के लिए एक अर्द्ध सैन्य बल/स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा की गई कार्यवाही से कैदी भड़क गए थे, जिससे भड़की हिंसा ने व्यापक रूप ले लिया था. बड़ी संख्या में कैदी इस हिंसा में घायल भी हुए. बाद में सेना ने स्थिति पर नियन्त्रण पाने में सफलता प्राप्त की.

2. मुख्य न्यायाधीश के विरुद्ध महाभियोग प्रस्ताव–नवम्बर 2012 में श्रीलंकाई सर्वोच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश शिरानी भण्डारनायके, जो इस द्वीपीय राष्ट्र में मुख्य न्यायाधीश का पद पाने वाली पहली व एकमात्र महिला हैं, के विरुद्ध महाभियोग प्रस्ताव (Impeachment Motion) संसद में लाया गया. संसद के 75 से भी अधिक सदस्यों, जिनमें से अधिकांश सत्ता पक्ष के हैं, के हस्ताक्षरयुक्त यह प्रस्ताव स्पीकर चमाल राजपक्षे को 1 नवम्बर, 2012 को सौंपा गया, जिन्होंने पार्लियामेंटरी सिलेक्ट कमेटी (PSC) को सन्दर्भित किया. महाभियोग प्रस्ताव में लगाए गए वित्तीय व प्रशासकीय मामलों में कदाचार के आरोपों पर पूछताछ के लिए संसदीय समिति ने न्यायमूर्ति भण्डारनायके को 23 नवम्बर, 2012 को बुलाया था. सर्वोच्च न्यायालय के अनुरोध के बावजूद इस मामले में संसद ने कोई राहत उन्हें प्रदान नहीं की.

3. श्रीलंका के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद् में प्रस्ताव–संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद् (UNHRC—United Nations Human Right Commission) ने 21 मार्च, 2013 को श्रीलंका में मानवाधिकारों के उल्लंघन के सन्दर्भ में अमरीका समर्थित प्रस्ताव को पारित किया. भारत सहित 25 देशों ने इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जबकि 47 सदस्यीय परिषद् में 13 देशों ने इसका विरोध किया. प्रस्ताव के विपक्ष में मतदान करने वाले देशों में पाकिस्तान भी शामिल था. आठ देश मतदान से अनुपस्थित रहे. संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद् के एक सदस्य गैबन के मताधिकार के मुद्दे पर विवाद भी रहा. इस कारण गैबन मतदान में भाग नहीं ले सका.

चीन

नौसेना में पहला विमानवाहक युद्धपोत–चीन अब उन चुनींदा देशों में शामिल हो गया है, जिनकी नौसेना में विमानवाहक युद्धपोत शामिल हैं. पूर्व सोवियत संघ में निर्मित इस पोत, जिसका नवीकरण बाद में किया गया है, चीनी नौसेना में 25 सितम्बर, 2012 को शामिल किया गया. चीन ने यह युद्धपोत यूक्रेन से खरीदा था. 1945 में जापान के कब्जे से चीन द्वारा मुक्त कराए गए एक प्रान्त के नाम पर इस युद्धपोत का नामकरण **लिआओनिंग** (Liaoning) किया गया है.

पाकिस्तान

दोहरी नागरिकता के मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गृहमंत्री सहित कई सांसद अयोग्य घोषित–दोहरी नागरिकता रखकर संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन करने के मामले में पाकिस्तान के गृहमंत्री रहमान मलिक तथा 11 अन्य सांसदों व विधायकों को पाकिस्तानी सर्वोच्च न्यायालय ने अयोग्य करार दिया है. मई 2012 तक ब्रिटेन की नागरिकता भी रखने वाले रहमान मलिक के मामले में अयोग्यता का सर्वोच्च न्यायालय का 20 सितम्बर, 2012 का यह फैसला उनकी 2008 में तथा जून 2012 में उच्च सदन (सीनेट) की सदस्यता से सम्बन्धित है. ब्रिटिश नागरिकता छोड़ने के अपने दावे के सम्बन्ध में प्रमाण उपलब्ध नहीं कराए जाने के आधार पर मलिक की सदस्यता को सर्वोच्च न्यायालय ने जून 2012 में ही निलम्बित कर दिया था, जिसके पश्चात् संसद से त्यागपत्र उन्हें देना पड़ा था. बाद

sscexamonline.blogspot.com

में जुलाई 2012 में उपचुनाव लड़कर वह पुनः सीनेट के लिए निर्वाचित हुए थे.

आस्ट्रेलिया

संसद द्वारा समलैंगिक विवाह को मान्यता सम्बन्धी विधेयक रद्द–सितम्बर 2012 में समलैंगिक विवाहों को मान्यता प्रदान करने के लिए आस्ट्रेलियाई संसद में लाए गए एक विधेयक को 'हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स' (प्रतिनिधि सभा) ने रद्द कर दिया. दो दिन की लम्बी बहस के बाद 19 सितम्बर, 2012 को विधेयक पर मतदान कराया गया था. प्रधानमंत्री जूलिया गिलार्ड ने अपनी पार्टी के सांसदों को पार्टी लाइन से हटकर स्वविवेक से इस पर मतदान करने की छूट दी थी. प्रधानमंत्री जूलिया गिलार्ड तथा विपक्षी कंजरवेटिव पार्टी के नेता टोनी एबोट उन सांसदों में शामिल रहे, जिन्होंने विधेयक के विरोध में मतदान किया. संसद में यह विधेयक 42–98 के मतान्तर से खारिज हुआ.

सऊदी अरब

सलाहकारी निकाय 'शूरा' में महिलाओं को स्थान–महिलाओं को मताधिकार प्रदान करने के पश्चात् सामाजिक सुधारों की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सऊदी अरब के शाह अब्दुल्ला ने महिलाओं को देश की सर्वोच्च सलाहकारी निकाय 'शूरा' काउन्सिल में 30 स्थान प्रदान किया है. यह पहला अवसर है, जब इस पुरुष प्रधान देश में महिलाओं को शूरा में शामिल किया गया है. 150 सदस्यीय शूरा परिषद् सऊदी अरब में सर्वोच्च सलाहकारी निकाय है.

अमरीका

बराक ओबामा की लोकप्रियता में गिरावट–अमरीका में हुए ताजा सर्वेक्षण में राष्ट्रपति बराक ओबामा की लोकप्रियता में 8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है. सितम्बर 2012 के बाद यह पहला अवसर है, जब मार्च 2013 में उनकी रेटिंग 50 प्रतिशत से नीचे पहुँच गई है. सीएनएन/ओआरसी इंटरनेशनल सर्वेक्षण के अनुसार 47 प्रतिशत लोगों ने ओबामा के कामकाज की सराहना की और 50 प्रतिशत लोगों ने उनकी आलोचना की. ताजा सर्वेक्षण में ओबामा की रेटिंग 47 प्रतिशत के आसपास दर्ज की गई है.

जिम्बाब्वे

नया संविधान लागू–22 मई, 2013 को अफ्रीकी देश जिम्बाब्वे में राष्ट्रपति रॉबर्ट मुगाबे ने नए संविधान पर हस्ताक्षर किए, जिसके साथ ही वहाँ यह लागू हो गया. नए संविधान ने 1980 के संविधान के तहत् नए चुनाव में वहाँ वर्ष 2013 के अन्त तक कराए जाएंगे. नए संविधान में राष्ट्रपति की शक्तियों में कटौती की गई है.

बांग्लादेश

1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान मानवता के विरुद्ध अपराधों के लिए एक और नेता को फाँसी की सजा–9 मई, 2013 को बांग्लादेश के 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना का साथ देने वाले जमात-ए-इस्लामी के एक अन्य दिग्गज नेता मोहम्मद कुमारुज्जमां को नरसंहार व [illegible]ता के विरुद्ध अपराध के लिए मौत की सजा बांग्लादेश के एक विशेष न्यायालय ने सुनाई. वह ऐसे चौथे आरोपी हैं, जिन्हें 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना का पक्ष लेने के लिए दोषी करार दिया गया है.

अन्तर्राष्ट्रीय क्षतियाँ

सैली राइड

23 जुलाई, 2012 को अमरीका की पहली महिला अन्तरिक्ष यात्री सैली राइड का निधन हो गया. वह 61 वर्ष की थीं. 26 मई, 1951 को अमरीका के कैलिफोर्निया में जन्मी राइड स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से भौतिकी और अंग्रेजी में स्नातक किया. 1977 में विश्वविद्यालय की पत्रिका में छपे विज्ञापन को देखकर उन्होंने अमरीकी अन्तरिक्ष एजेंसी 'नासा' के लिए आवेदन किया था. 1978 में नासा ने उन्हें अन्तरिक्ष यात्री के तौर पर नियुक्त किया. यह पहला अवसर था, जब नासा ने महिलाओं के लिए अन्तरिक्ष के दरवाजे खोले थे. राइड ने पहली बार 1983 में अमरीका के सातवें स्पेस मिशन के तहत् चैलेंजर यान से अन्तरिक्ष के लिए उड़ान भरी थी.

नोरोदम सिहानुक

15 अक्टूबर, 2012 को कम्बोडिया के पूर्व नरेश नोरोदम सिहानुक का बीजिंग में निधन हो गया. वह 89 वर्ष के थे.

अमरीका व निकटवर्ती देशों में 'सैंडी' तूफान का कहर

अक्टूबर 2012 के अन्तिम सप्ताह में अमरीका व निकटवर्ती जमैका, हैती, बहामास, क्यूबा आदि देश सैंडी तूफान के कहर का शिकार बने. तूफान के कारण समुद्र में उठी रिकॉर्ड 14-14 फुट ऊँची लहरें न्यूयॉर्क के केन्द्रीय इलाकों तक पहुँची. लगभग एक दशक बाद इतनी तीव्रता का तूफान अमरीका के तटवर्ती इलाकों में आया, जिसने इस देश के घनी आबादी वाले पूर्वी तटीय क्षेत्र में भारी तबाही मचाई. अमरीका के 50 में से 24 राज्य इस आपदा से प्रभावित हुए, परन्तु आपदा का सर्वाधिक खामियाजा न्यूयॉर्क व न्यू जर्सी को भुगतना पड़ा. कुल मिलाकर 253 लोगों की जानें अमरीका में इस आपदा में गईं. जापान में वर्ष 2011 की फुकुशिमा परमाणु दुर्घटना को ध्यान में रखते हुए अपने तीन परमाणु संयन्त्रों को अमरीका ने बन्द कर दिया था.

ह्यूगो शावेज (Hugo Chavez)

5 मार्च, 2013 को काराकास के सैन्य अस्पताल में वेनेजुएला के राष्ट्रपति ह्यूगो शावेज का 58 वर्ष की आयु में निधन हो गया. 14 वर्ष तक सत्ता में रहने के बाद अक्टूबर 2012 में वह पुनः निर्वाचित हुए थे, परन्तु स्वास्थ्य समस्याओं के चलते 10 जनवरी, 2013 को शपथ ग्रहण नहीं कर सके थे. ह्यूगो शावेज लैटिन अमरीका के सबसे विवादास्पद नेताओं में से एक थे. सेना में रहे शावेज वर्ष 1992 में सैन्य तख्तापलट की विफल कोशिश के बाद नेता के रूप में पहली बार सुर्खियों में आए थे. पुनः 6 वर्ष बाद ही वेनेजुएला की राजनीति में मची उथल-पुथल के बाद वह जनाक्रोश की लहर पर सवार होकर राष्ट्रपति की कुर्सी तक पहुँच गए.

जॉर्ज लोव

माउण्ट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई करने वाले पहले दल के अन्तिम जीवित सदस्य जॉर्ज लोव का 20 मार्च, 2013 को मध्य इंगलैण्ड में 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया. जॉर्ज लोव और उनके मित्र एडमंड हिलेरी न्यूजीलैण्ड के निवासी थे. इन्होंने वर्ष 1953 में ब्रिटेन के नेतृत्व में विश्व की सबसे ऊँची चोटी पर चढ़ने का प्रयास किया था. जॉर्ज लोव उस छोटे से समूह के हिस्सा थे, जिसने पहाड़ से 1000 फुट (300 मीटर) नीचे 28 मई, 1953 को अन्तिम पड़ाव डाला था. अगले दिन 29 मई, 1953 को हिलेरी और नेपाल के तेनजिंग नार्गे 29,035 फुट (8,850 मीटर) की चोटी पर पहुँच गए थे.

जिलउर रहमान

बांग्लादेश के राष्ट्रपति जिलउर रहमान का 20 मार्च, 2013 को सिंगापुर के माउण्ट एलिजाबेथ अस्पताल में निधन हो गया. वह 84 वर्ष के थे. बांग्लादेश के कार्यवाहक राष्ट्रपति और जातीय संसद के सभापति अब्दुल हामिद ने रहमान के सम्मान में तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की. अब्दुल हामिद 14 मार्च, 2013 को कार्यवाहक राष्ट्रपति बने. जिलउर रहमान वर्ष 2009 में बांग्लादेश के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए थे.

रुथ प्रोवर झबवाला

जर्मनी मूल की ब्रिटिश उपन्यासकार रुथ प्रोवर झबवाला, जो एक भारतीय के साथ विवाह कर वर्षों भारत में रही थीं, का 86 वर्ष की आयु में अप्रैल 2013 में निधन हो गया. उनके उपन्यास 'हीट एण्ड डस्ट' के 1975 में उन्हें बुकर पुरस्कार से तथा अंग्रेजी फिल्म 'ए रूम विद ए व्यू' (1986) व 'हॉवर्ड्स एण्ड्स' (1992) में पटकथा के लिए ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था. रुथ प्रोवर झबवाला एकमात्र व्यक्ति हैं, जिन्हें साहित्य के क्षेत्र में बुकर पुरस्कार व सिनेमा के क्षेत्र के ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

जिरोएमोन किमुरा

12 जून, 2013 को विश्व के सबसे ज्यादा उम्रदराज व्यक्ति जिरोएमोन किमुरा का 116 वर्ष की आयु में निधन हो गया. सन् 1897 में जन्मे जिरोएमोन किमुरा का नाम सबसे पहले 17 दिसम्बर, 2012 को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दुनिया के सबसे उम्रदराज व्यक्ति के रूप में दर्ज किया गया था.

विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय घटनाएं/ सामयिक टिप्पणियाँ

द शार्ड

5 जुलाई, 2012 को लंदन में यूरोप की सबसे ऊँची इमारत 'द शार्ड' का उद्घाटन किया गया. इससे पूर्व यूरोप की सबसे ऊँची इमारत

sscexamonline.blogspot.com

मॉस्को स्थित 'कैपिटल सिटी टॉवर' थी. 'द शार्ड' 95 मंजिल की इमारत है तथा इसकी ऊँचाई 310 मीटर है. इसका डिजाइन इटली के 'रेंजो पियानो' ने तैयार किया है.

हक्कानी नेटवर्क

हक्कानी नेटवर्क अफगानिस्तान तथा पाकिस्तान में सक्रिय संगठन है. 27 जुलाई, 2012 को अमरीकी सीनेट ने निर्विरोध उस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की, जिसमें 'हक्कानी नेटवर्क' को आतंकी संगठनों की सूची में रखे जाने की माँग रखी गई थी.

बोको हरम

यह एक आतंकवादी संगठन है, जिसका सम्बन्ध अल-कायदा से बताया जा रहा है. 12 अगस्त, 2012 को अफ्रीकी देश नाइजीरिया के बोर्नो प्रान्त में सेना ने एक कार्यवाही में इस आतंकी संगठन के 20 सदस्यों को मार गिराया गया.

ऐलिजाबेथ टॉवर

ब्रिटेन के वेस्टमिंस्टर स्थित ऐतिहासिक बिग बैन क्लॉक टॉवर का नाम अब ऐलिजाबेथ टॉवर कर दिया गया है. महारानी ऐलिजाबेथ के शासन के 60 वर्ष पूरे होने पर उनके सम्मान में इसका नाम परिवर्तित किया गया है. हाउस ऑफ कामंस के अध्यक्ष जॉन बरकाऊ ने सितम्बर 2012 में इस क्लॉक के नए नाम की पट्टिका का एक समारोह में अनावरण किया. हाउस ऑफ कामंस ने इस टॉवर का नाम महारानी के नाम पर रखने का निर्णय जून 2012 में किया था.

अर्थ ऑवर

जलवायु परिवर्तन आने वाले संकट का संकेत है. जलवायु परिवर्तन के सिलसिले में उठाए जाने वाले कदमों के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रति वर्ष 'अर्थ ऑवर' मनाया जाता है. इस क्रम में भारत सहित विश्व के अधिकांश देशों में 'अर्थ ऑवर' 23 मार्च, 2013 को मनाया गया. वर्ष 2013 के इस कार्यक्रम में भारत के 150 शहर वर्ल्डवाइड फण्ड फॉर नेचर के आह्वान पर मनाए जाने वाले 'अर्थ ऑवर' में शामिल रहे. इसके तहत् आवासीय व सरकारी ठिकानों पर रात्रि 8·30 से 9·30 बजे तक सभी अनावश्यक बल्ब बुझाए जाते हैं. 'अर्थ ऑवर' की शुरुआत 2007 में आस्ट्रेलिया में हुई थी.

माइक्रोसॉफ्ट 2013

सॉफ्टवेयर की शीर्ष कम्पनी माइक्रोसॉफ्ट ने एमएस ऑफिस का नया संस्करण 'माइक्रोसॉफ्ट 2013' जारी किया है. यह संस्करण पर्सनल कम्प्यूटर, टैबलेट के साथ टचस्क्रीन वाले डिवाइस में भी प्रयोग हो सकता है. इसे की-बोर्ड, माउस के अतिरिक्त टचस्क्रीन पर भी ऑपरेट किया जा सकता है. यह हाथ से लिखे शब्दों को स्वयं टैक्स्ट में बदल देगा. यह तीन मॉडलों—ऑफिस-365 होम प्रीमियम, ऑफिस-365 बिजनेस प्रीमियम व ऑफिस-365 प्रो प्लस, में उपलब्ध होगा.

साँप का वर्ष

चीन में 12 वर्षों के ज्योतिष चक्र के आधार पर लगातार 12 वर्षों का नामकरण अलग-अलग जानवरों के नाम पर होता है. इसी शृंखला में वर्ष 2013 को **'साँप का वर्ष'** के रूप में चीन द्वारा मनाया जा रहा है. 10 फरवरी, 2013 से 'साँप के वर्ष' का शुभारम्भ वहाँ हुआ. इस शृंखला में 2014 **'हॉर्स का वर्ष'** चीन में होगा.

●●●

बधाई संदेश

श्री नेकी बिजारणियां का चयन यूपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा के माध्यम से रक्षा मंत्रालय में सुरक्षा अधिकारी के पद पर हो गया है. श्री बिजारणियां 'प्रतियोगिता दर्पण' की गुणवत्ता को श्रेय देते हुए इसे एक विशिष्ट पत्रिका मानते हैं. प्रतियोगिता दर्पण परिवार श्री बिजारणियां जी को उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर कोटिशः बधाइयां प्रेषित करता है.



नेकी बिजारणियां

—सम्पादक

sscexamonline.blogspot.com

राष्ट्रीय आय

- **2012-13 में राष्ट्रीय आय सम्बन्धी सीएसओ के संशोधित आँकड़े : विकास दर का अनुमान 5 प्रतिशत पर यथावत**

केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन द्वारा जारी ताजा संशोधित आँकड़ों में 2012-13 में देश का सकल घरेलू उत्पाद (2004-05 के स्थिर मूल्यों पर) 55,05,437 करोड़ रुपए आकलित किया गया है, 2011-12 में यह 52,43,582 करोड़ रुपए रहने का सीएसओ का 31 जनवरी, 2013 का पहला संशोधित अनुमान था. **जीडीपी आँकड़ों में संशोधन के पश्चात् भी 2012-13 में आर्थिक वृद्धि दर 5·0 प्रतिशत ही अनुमानित है.** 7 फरवरी, 2013 के आँकड़ों में भी 2012-13 में आर्थिक वृद्धि 5·0 प्रतिशत ही अनुमानित की गई थी. 2012-13 में सकल राष्ट्रीय उत्पाद, राष्ट्रीय आय व प्रति व्यक्ति आय आदि के आँकड़ों में भी संशोधन सीएसओ द्वारा मई 2013 में किया गया है, किन्तु 31 मई, 2013 के ये आँकड़े 7 फरवरी, 2013 के आँकड़ों के काफी निकट ही हैं. जीडीपी, जीएनपी व प्रति व्यक्ति आय के ताजा संशोधित आँकड़े बॉक्स में दर्शाए गए हैं.

चालू कीमतों पर राष्ट्रीय आय के अनंतिम अनुमान (2012-13)

(धनराशि करोड़ रुपए)

	मद	2010-11 द्वितीय संशोधित अनुमान	2011-12 प्रथम संशोधित अनुमान	2012-13 अनंतिम अनुमान
अ	कुल योग स्तर पर			
1.	राष्ट्रीय उत्पाद			
1.1	साधन लागत पर सकल राष्ट्रीय आय (GNI)	7,185,160	8,276,665 (15·2)	93,61,113 (13·1)
1.2	साधन लागत पर निवल राष्ट्रीय आय (NNI)	6,422,359	7,399,94 (15·2)	83,67,706 (13·1)
2	घरेलू उत्पाद			
2.1	साधन लागत पर सकल उत्पाद (GDP)	7,266,567	8,353,495 (15·0)	94,61,013 (13·3)
2.2	बाजार मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद (GDP)	7,795,314	8,974,947 (15·1)	1,00,20,620 (11·7)
2.3	साधन लागत पर निवल घरेलू उत्पाद (NDP)	6,504,166	7,476,764 (15·0)	84,67,606 (13·3)
		7,955,508	9,203,019	1,02,67,820
ब	प्रति व्यक्ति आय स्तर			
	जनसंख्या (मिलियन)	1,186	1,202	1,217
	साधन लागत पर प्रति व्यक्ति निवल राष्ट्रीय आय	54,151	61,564 (13·7)	68,757 (11·7)
	साधन लागत पर प्रति व्यक्ति जीडीपी	61,273	69,497	77,740

नोट—कोष्टक में पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि दी गयी है.

राष्ट्रीय आय तथा सकल घरेलू उत्पाद पर व्ययों के अनंतिम अनुमान (2012-13)

(2004-05 की कीमतों पर)

(धनराशि करोड़ रुपए)

	मद	2010-11 द्वितीय संशोधित अनुमान	2011-12 प्रथम संशोधित अनुमान	2012-13 अनंतिम अनुमान
अ	कुल योग स्तर पर			
1.	राष्ट्रीय उत्पाद			
1.1	साधन लागत पर सकल राष्ट्रीय आय (GNI)	4,882,249	5,196,848 (6·4)	5,449,104 (4·9)
1.2	साधन लागत पर निवल राष्ट्रीय आय (NNI)	4,310,195	4,572,075 (6·1)	4,766,754 (4·3)
2	घरेलू उत्पाद			
2.1	साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद (GDP)	4,937,006	5,243,582 (6·2)	5,505,437 (5·0)
2.2	बाजार कूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद (GDP)	5,296,108	5,631,379 (6·3)	5,813,664 (3·2)
2.3	साधन लागत पर निवल घरेलू उत्पाद (NDP)	4,364,952	4,618,809 (5·8)	4,823,087 (4·4)
ब	प्रति व्यक्ति आय स्तर जनसंख्या (मिलियन)	1,186	1,202	1,217
	साधन लागत पर प्रति व्यक्ति निवल राष्ट्रीय आय	36,342	38,037 (4·7)	39,168 (3·0)
	साधन लागत पर प्रति व्यक्ति जीडीपी	41,627	43,624	45,238

कोष्टक में पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि दी गयी है.

- **2013-14 में भारत में आर्थिक वृद्धि के मामले में विश्व बैंक, आईएमएफ व एडीबी के पूर्वानुमान**

चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 में भारत में सम्भावित आर्थिक वृद्धि दर के सम्बन्ध में अपने नए पूर्वानुमान विश्व बैंक, अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF), एशियाई विकास बैंक (ADB) व ओईसीडी आदि अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं ने हाल ही में व्यक्त/संशोधित किए हैं. विश्व बैंक ने 6 माह पूर्व, सितम्बर 2012 में 2013-14 में भारत में आर्थिक वृद्धि 7·0 प्रतिशत रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया था, जो अब अप्रैल 2013 में 6·1 प्रतिशत व्यक्त किया गया है. अगले वित्तीय वर्ष 2013-14 में यह वृद्धि 6·7 प्रतिशत रहने की सम्भावना विश्व बैंक की भारत सम्बन्धी रिपोर्ट इण्डिया डेवलपमेंट अपडेट में अप्रैल 2013 में व्यक्त की गई है. उधर अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के ताजा आकलन के अनुसार कैलेण्डर वर्ष 2013 में भारत में आर्थिक वृद्धि 5·7 प्रतिशत रहने की सम्भावना है. आईएमएफ की अप्रैल 2013 में जारी रिपोर्ट में 2014 में भारत में आर्थिक वृद्धि 6·2 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है. एशियाई विकास बैंक (ADB) का 2013-14 में भारत में वृद्धि दर का पूर्वानुमान लगभग 6 प्रतिशत वृद्धि का है, जबकि 2014-15 के लिए यह पूर्वानुमान 6·5 प्रतिशत का व्यक्त किया गया है. पेरिस स्थित ऑर्गेनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एण्ड डेवलपमेन्ट (OECD) का

sscexamonline.blogspot.com

2013-14 में भारत में आर्थिक वृद्धि 5·9 प्रतिशत रहने का पूर्वानुमान 5·9 प्रतिशत का नवम्बर 2012 में था, जो अब घटाकर 5·3 प्रतिशत मई 2013 में किया गया है.

ज्ञातव्य है कि भारत के केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (CSO) ने 2012-13 में भारत में आर्थिक वृद्धि 5·0 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया हुआ है तथा 2013-14 में यह वृद्धि 6·1 से 6·7 प्रतिशत के बीच रहने की सम्भावना वित्त मंत्रालय की फरवरी 2013 की **आर्थिक समीक्षा** (Economic Survey) में व्यक्त की गई है. प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् की अप्रैल 2013 की **रिव्यू ऑफ द इकोनॉमी** रिपोर्ट में 2013-14 में देश में आर्थिक वृद्धि 6·4 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है.

- **2012-13 की पहली तिमाही में 5·5 प्रतिशत की वृद्धि के पश्चात् दूसरी तिमाही में वृद्धि दर 5·3 प्रतिशत ही रही : सीएसओ आकलन**

चालू वित्तीय वर्ष 2012-13 में देश में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में वृद्धि पिछले 10 वर्षों में न्यूनतम रहने की सम्भावना है. इस आशय का संकेत इस वित्तीय वर्ष के पहले छह महीनों में प्राप्त की गई वृद्धि की नीची दर से मिलता है. 2012-13 के पहले तीन महीनों (अप्रैल-जून 2012) में आर्थिक वृद्धि 5·5 प्रतिशत रही थी, जो दूसरी तिमाही (जुलाई-सितम्बर 2012) में 5·3 प्रतिशत ही प्राप्त की जा सकी है. **जुलाई-सितम्बर 2012 में सकल घरेलू उत्पाद में 5·3 प्रतिशत की यह वृद्धि पिछले तीन वर्षों में किसी भी तिमाही में जीडीपी वृद्धि का निम्नतम स्तर है.** इससे इस वित्तीय वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितम्बर 2012) में जीडीपी वृद्धि 5·4 प्रतिशत ही दर्ज की गई है. **वित्तीय वर्ष की दूसरी छमाही में 6·5 प्रतिशत की वृद्धि भी यदि प्राप्त की जा सकी, तो भी इस पूरे वित्तीय वर्ष में 6·0 प्रतिशत की वृद्धि ही प्राप्त की जा सकेगी, जो पिछले 10 वर्षों में न्यूनतम होगी.**

2012-13 की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि के आँकड़े सीएसओ द्वारा 30 नवम्बर, 2012 को जारी किए गए थे. इन अनंतिम आँकड़ों के अनुसार जुलाई-सितम्बर 2012 में कृषि, उद्योग व सेवा क्षेत्र में वृद्धि क्रमशः 1·20 प्रतिशत, 1·16 प्रतिशत व 7·10 प्रतिशत दर्ज की गई है, जो पूर्व वर्ष की समान अवधि में क्रमशः 2·90 प्रतिशत, 0·78 प्रतिशत व 7·36 प्रतिशत थी.

आर्थिक क्रियाओं के अनुसार साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद के अनन्तिम अनुमान (2004-05 की कीमतों पर) (2012-13)

(धनराशि ₹ करोड़)

	उद्योग	2010-11 द्वितीय संशोधित अनुमान	2011-12 प्रथम संशोधित अनुमान	2012-13 अनन्तिम अनुमान	पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि (आर्थिक विकास दर)	
					2011-12	2012-13
1.	कृषि, वानिकी एवं मत्स्य पालन	713,477	7,39,495	7,53,610	3·6	1·9
2.	खनन एवं उत्खनन	108,938	1,08,249	1,07,619	−0·6	−0·6
3.	विनिर्माण	801,476	8,23,023	8,31,648	2·7	1·0
4.	विद्युत, गैस एवं जलापूर्ति	92,773	98,814	1,02,918	6·5	4·2
5.	निर्माण	390,692	4,12,412	4,30,277	5·6	4·3
6.	व्यापार, होटल, परिवहन एवं संचार	1,345,660	14,40,312	15,32,034	7·0	6·4
7.	वित्तीयन, बीमा, स्थावर सम्पदा एवं व्यावसायिक सेवाएं	849,632	9,48,808	10,30,684	11·7	8·6
8.	सामुदायिक, सामाजिक एवं वैयक्तिक सेवाएं	634,358	6,72,469	7,16,645	6·0	6·6
9.	साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद	4,937,006	52,43,582	55,05,437	6·2	5·0

आर्थिक क्रियाओं के अनुसार चालू कीमतों पर साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद के अनन्तिम अनुमान (2012-13)

(धनराशि ₹ करोड़)

	उद्योग	2010-11 द्वितीय संशोधित अनुमान	2011-12 प्रथम संशोधित अनुमान	2012-13 अनन्तिम अनुमान	पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि (आर्थिक विकास दर)	
					2011-12	2012-13
1.	कृषि, वानिकी एवं मत्स्य पालन	13,06,942	14,65,753	16,44,834	12·2	12·2
2.	खनन एवं उत्खनन	1,96,092	2,01,076	2,18,910	2·5	8·9
3.	विनिर्माण	10,80,750	12,02,086	12,79,966	11·2	6·5
4.	विद्युत, गैस एवं जलापूर्ति	1,31,008	1,44,817	1,70,238	10·5	17·6
5.	निर्माण	5,95,454	6,85,204	7,67,388	15·1	12·0
6.	व्यापार, होटल, परिवहन एवं संचार	17,74,708	21,02,558	24,09,965	18·5	14·6
7.	वित्तीयन, बीमा, स्थावर सम्पदा एवं व्यावसायिक सेवाएं	11,65,901	13,84,481	16,17,397	18·7	16·8
8.	सामुदायिक, सामाजिक एवं वैयक्तिक सेवाएं	10,16,112	11,67,520	13,52,314	14·9	15·8
9.	साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद	72,66,967	83,53,495	94,61,013	15·0	13·3

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् की रिव्यू ऑफ द इकोनॉमी में अर्थव्यवस्था की स्थिति की समीक्षा

अर्थव्यवस्था की स्थिति के सम्बन्ध में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् की ताजा रिपोर्ट 18 अप्रैल, 2013 को जारी की गई. अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने वाली इस रिपोर्ट में 2013-14 में भारतीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि 6·4 प्रतिशत रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है. इससे पूर्व 2012-13 में वृद्धि 5 प्रतिशत रहने की सम्भावना सीएसओ ने व्यक्त की हुई है. ***रिव्यू ऑफ द इकोनॉमी 2012-13*** *शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में बताया गया है कि सन्दर्भित वर्ष (2013-14) में कृषि क्षेत्र में वृद्धि 3·5 प्रतिशत रहने की सम्भावना है, जबकि विनिर्माणी व सेवाओं में वृद्धि क्रमशः 4·0 प्रतिशत व 7·7 प्रतिशत रहने का पूर्वानुमान इसमें व्यक्त किया गया है.*

वित्तीय वर्ष 2012-13 के अंत में ***मुद्रास्फीति*** *की थोक मूल्य सूचकांक आधारित दर 5·96 प्रतिशत (अनंतिम) रही है. प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् की इस रिपोर्ट में वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर 6 प्रतिशत के आसपास रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है. साथ ही प्राइमरी फूड इन्फ्लेशन लगभग 8 प्रतिशत, फ्यूल इन्फ्लेशन लगभग 11 प्रतिशत तथा विनिर्माणी उत्पादों के मामले में यह 4 प्रतिशत के आसपास रहने की सम्भावना रिपोर्ट में व्यक्त की गई है.*

चालू खाते के घाटे *(Current Account Deficit—CAD) के सम्बन्ध में* ***रिव्यू ऑफ द इकोनॉमी (2012-13)*** *में कहा गया है कि 2013-14 में यह 100 अरब डॉलर (जीडीपी का लगभग 4·7 प्रतिशत) रहने की सम्भावना है. वस्तुगत व्यापार (Merchandise Trade) में जहाँ 213 अरब डॉलर (जीडीपी का 9·9 प्रतिशत) का घाटा रहने का पूर्वानुमान रिपोर्ट में व्यक्त किया गया है, वहीं अदृश्य मदों में निवल प्राप्तियाँ (Net Earning from invisibles) 113 अरब डॉलर (जीडीपी की 5·3 प्रतिशत) सम्भावित हैं. चालू खाते के घाटे को अति उच्च स्तर पर मानते हुए तीन मोर्चों—कोयला, स्वर्ण व तेल पर इससे निपटने की बात रिपोर्ट में कही गई है. इसमें बताया गया है कि 2013-14 में तेल आयात बिल 125 अरब डॉलर रहने का अनुमान है, जो पूर्व वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक होगा.*

राजकोषीय घाटे *(Fiscal Deficit) के सम्बन्ध में 'रिव्यू ऑफ द इकोनॉमी' रिपोर्ट में बताया गया है कि 2012-13 में संशोधित आकलन में यह ₹ 5,20,924 करोड़ रहा है, जबकि 2013-14 में यह ₹ 5,42,499 करोड़ रहने का बजट अनुमान है.*

विदेशी पूँजी के अन्तर्प्रवाह *के मामले में रिपोर्ट में कहा गया है कि 2013-14 में देश में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) का निवल अन्तर्प्रवाह 24 अरब डॉलर का अपेक्षित है, जबकि विदेशी संस्थागत निवेश (FII) 18 अरब डॉलर रहने की सम्भावना इसमें बताई गई है. रिपोर्ट में कहा गया है कि विदेशी पूँजी का निवल अन्तर्प्रवाह सन्दर्भित वर्ष में चालू खाते के घाटे की भरपाई करने में सहायक होगा.*

अर्थव्यवस्था में बेहतर विकास सुनिश्चित करने के लिए, जो सुझाव रिपोर्ट में दिए गए हैं, उनमें परियोजनाओं की शीघ्र मंजूरियाँ, चालू खाते के घाटे में कमी लाना तथा इस घाटे के सुविधाजनक वित्तीयन हेतु पूँजी खाते के घाटे का समुचित प्रबन्धन, पूँजी के अन्तर्प्रवाह को प्रोत्साहित करना, मुद्रास्फीति पर नियंत्रण बनाए रखना तथा ऊर्जा की भी उपलब्धता में सुधार करना आदि शामिल हैं.

भारतीय अर्थव्यवस्था के चुनिन्दा संकेतांक

- **यूएनडीपी की मानव विकास रिपोर्ट (2013) में मानव विकास की दृष्टि में भारत का 136वाँ स्थान**

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) की वर्ष 2013 की मानव विकास रिपोर्ट (Human Development Report-2013) 14 मार्च, 2013 को जारी की गई. **द राइज ऑफ द साउथ : ह्यूमन प्रोग्रेस इन ए डाइवर्स वर्ल्ड** (The Rise of the South : Human Progress in a Diverse World) शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में विभिन्न देशों में मानव विकास का आकलन मानव विकास सूचकांक (HDI) के साथ-साथ मल्टी डायमेंशनल पॉवर्टी इंडेक्स (MPI) व जेंडर इनीक्वेलिटी इंडेक्स (GII) के आधार पर किया गया है. विश्व के कुल 187 देशों के लिए मानव विकास सूचकांक (Human Development India—HDI) इसमें आकलित किए गए हैं, जिनमें भारत का 136वाँ स्थान है. इससे पूर्व, वर्ष 2011 की मानव विकास रिपोर्ट में मानव विकास सूचकांक के मामले में 187 देशों में 134वाँ स्थान भारत को दिया गया था. मानव विकास सूचकांक स्वास्थ्य, शिक्षा व आय के स्तर के आधार पर तैयार किया जाने वाला यूएनडीपी का सूचकांक है जिसका उच्चतम मान 1·0 तक हो सकता है. भारत के लिए यह सूचकांक 0·554 आकलित है. वर्ष 2013 की मानव विकास रिपोर्ट में प्रदर्शित सूचकांक वर्ष 2012 के लिए हैं. 0–1 के बीच मानव विकास सूचकांक के मान के आधार पर विभिन्न देशों को कम मानव विकास (Low Human Development) वाले देश मानव विकास सूचकांक का मान 0·535 तक, मध्यम विकास (Medium Human Development) वाले देश सूचकांक का मान 0·536 से 0·710 तक, उच्च मानव विकास (High Human Deve-lopment) वाले देश (0·711–0·796) तथा बहुत-बहुत ऊँचे मानव विकास (Very High Human Development) वाले देश (0·797–1·00) के रूप में रिपोर्ट में वर्गीकृत किया गया है. रिपोर्ट में 47 देश बहुत उच्च मानव विकास वाले देशों के रूप में, 47 देश उच्च मानव विकास वाले देश के रूप में, 47 देश मध्यम मानव विकास वाले देश के रूप में तथा शेष 46 देश निम्न मानव विकास वाले देश के रूप में वर्गीकृत हैं. बहुत ऊँचे मानव विकास वाले देशों में जहाँ नॉर्वे आस्ट्रेलिया, अमरीका, जर्मनी व जापान आदि देश शामिल हैं. इनमें सर्वोच्च सूचकांक नॉर्वे का

मानव विकास सूचकांक की दृष्टि से पहले 10 राष्ट्र

क्र.	राष्ट्र	मानव विकास सूचकांक
1.	नॉर्वे	0·955
2.	आस्ट्रेलिया	0·938
3.	अमरीका	0·937
4.	नीदरलैण्ड्स	0·921
5.	जर्मनी	0·920
6.	न्यूजीलैण्ड	0·919
7.	आयरलैण्ड	0·916
8.	स्वीडन	0·916
9.	स्विट्जरलैण्ड	0·913
10.	जापान	0·912
12.	दक्षिण कोरिया	0·909
26.	यू. के.	0·875
41.	संयुक्त अरब अमीरात	0·818
45.	अर्जेन्टीना	0·811
55.	रूस	0·788
57.	सऊदी अरब	0·782
64.	मलेशिया	0·769
85.	ब्राजील	0·730
92.	श्रीलंका	0·715
101.	चीन	0·699
103.	थाइलैण्ड	0·690
112.	मिस्र	0·662
121.	दक्षिण अफ्रीका	0·629
136.	भारत	0·554
140.	भूटान	0·538
146.	बांग्लादेश	0·515
146.	पाकिस्तान	0·515
157.	नेपाल	0·463
175.	अफगानिस्तान	0·374

0·955 है. इस दृष्टि से उसे सर्वोच्च मानव विकास वाला देश स्वीकार किया गया है. इससे पूर्व 2011 की मानव विकास रिपोर्ट में भी शीर्ष स्थान नॉर्वे का ही था. उच्च मानव विकास वाले देशों में रूस, सऊदी अरब व मलेशिया आदि के अतिरिक्त श्रीलंका को भी स्थान दिया गया है. मानव विकास की दृष्टि से 136वें स्थान पर भारत मध्यम मानव विकास वाले देशों में शामिल है. चीन व भूटान भी इसी वर्ग में हैं, जबकि बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल व अफगानिस्तान निम्न मानव विकास वाले देशों में है. वर्ष 2013 की मानव विकास रिपोर्ट में चीन का स्थान 101वाँ है, जबकि बांग्लादेश, पाकिस्तान संयुक्त रूप से 146वें, नेपाल 157वें व अफगानिस्तान 175वें स्थान पर है. रिपोर्ट में सबसे नीचा मानव विकास सूचकांक 0·304 नाइजर व कांगो का है. इससे 187 देशों की सूची में सबसे नीचा 186वाँ संयुक्त स्थान इन दोनों देशों का है.

ज्ञातव्य है कि संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा विश्व के विभिन्न देशों के लिए मानव विकास सूचकांक का आकलन निम्नलिखित सूचकों के आधार पर किया जाता है–

1. जन्म के समय जीवन प्रत्याशा द्वारा मापित जीवित रहने की सम्भावना
2. माध्य विद्यालयी शिक्षा वर्ष तथा अपेक्षित विद्यालयी शिक्षा द्वारा मापित ज्ञान
3. प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (क्रय शक्ति समता आधारित) द्वारा मापित जीवन स्तर.

वर्ष 2010 की मानव विकास रिपोर्ट से पूर्व शिक्षा सूचकांक के आकलन हेतु (i) वयस्क साक्षरता दर तथा (ii) प्रारम्भिक माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा स्तर पर सकल नामांकन दर का प्रयोग किया जाता है.

- **ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत का नीचा स्थान**

देश में सामाजिक क्षेत्र में सरकार के लगातार बढ़ते व्यय के बावजूद ग्लोबल हंगर इंडेक्स (GHI) की दृष्टि से भारत की स्थिति चिन्ताजनक बनी हुई है तथा इस मामले में अपने पड़ोसी देशों चीन, पाकिस्तान, श्रीलंका व नेपाल के साथ-साथ कांगो, नामीबिया, बोत्सवाना, सेनेगल, गाम्बिया, नाइजीरिया, युगाण्डा, माली व जिम्बाब्वे आदि अफ्रीकी देशों से भी यह पीछे है. वाशिंगटन स्थित इंटरनेशनल फूड पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट (IFPRI) के वर्ष 2012 के वैश्विक भूख सूचकांक (Global Hunger Index) अक्टूबर 2012 में जारी किए गए. इस सूचकांक के आधार पर भारत में भूख की स्थिति अलार्मिंग स्थिति में है. 0–100 तक के मूल्य वाले इस सूचकांक का मूल्य किसी देश के लिए जितना अधिक होता है, उतना ही वहाँ भूख की स्थिति अधिक चिन्ताजनक होती है. वर्ष 2012 में भारत के लिए यह सूचकांक 22·9 आकलित किया गया है, जो 1990, 1996 व 2001 में क्रमशः 30·3, 22·6 व 24·2 आकलित किया गया था. **वर्ष 2012 में IFPRI का यह सूचकांक 120 देशों के लिए आकलित किया गया है. इनमें 57 देशों में ग्लोबल हंगर इंडेक्स का मान 10 या 10 से अधिक है. इसका अर्थ यह है 63 देशों में, जहाँ सूचकांक का मान 10 से कम है. भूख की स्थिति गम्भीर नहीं है.** गम्भीर भूख की स्थिति व खतरे की चेतावनी वाली स्थिति में जो 57 राष्ट्र इस वर्ष माने गए हैं, उनमें भारत से ऊपर 42 देश हैं. इसका तात्पर्य है कि 120 देशों, जिनके लिए ग्लोबल हंगर इंडेक्स-2012 आकलित किए गए हैं, में 105 देशों में स्थिति भारत से बेहतर है तथा भारत का इनमें नीचे से 15वाँ स्थान है. इन 120 देशों में भूख की सर्वाधिक चिन्ताजनक स्थिति बुरुंडी में है, जिसके लिए ग्लोबल हंगर इंडेक्स 37·1 आकलित किया गया है.

- **भारत में शिशु मृत्यु दर में गिरावट : गोवा में मणिपुर में शिशु मृत्यु दर सबसे कम, मध्य प्रदेश में यह सर्वाधिक**

सामाजिक एवं चिकित्सकीय सुविधाओं के विस्तार के चलते देश में शिशु मृत्यु दर (Infant Mortality Rate–IMR) में संतोषजनक गिरावट विगत वर्षों में दर्ज की गई है. इस सम्बन्ध में ताजा आँकड़े भारत के महापंजीयक (Registrar General of India) की अक्टूबर 2012 की एक रिपोर्ट में उपलब्ध हैं. नमूना पंजीकरण प्रणाली (Sample Registration System) पर आधारित रिपोर्ट में बताया गया है कि **2011 के दौरान देश में शिशु मृत्यु दर 3 अंक घटकर 44 प्रति 1000 जीवित जन्म (44 per Thousand live births) रह गई थी. ग्रामीण क्षेत्रों में यह जहाँ 51 प्रति हजार से घटकर 48 प्रति हजार जीवित जन्म रह गई थी, वहीं शहरी क्षेत्रों में यह 31 प्रति हजार से घट कर 29 प्रति हजार जीवित जन्म रह गई थी.**

महापंजीयक की इस रिपोर्ट के अनुसार 2011 में देश में सबसे कम शिशु मृत्यु दर गोवा व मणिपुर में (11 प्रति हजार) रही, जबकि केरल में यह 12 प्रति हजार दर्ज की गई. **2011 में सर्वाधिक शिशु मृत्यु दर वाला राज्य मध्य प्रदेश रहा, जहाँ यह दर 59 प्रति हजार पाई गई. उसके पश्चात् उत्तर प्रदेश व ओडिशा में यह दर 57 प्रति हजार दर्ज की गई. रिपोर्ट के अनुसार जिन अन्य राज्यों में शिशु मृत्यु दर राष्ट्रीय औसत (44 प्रति हजार) से अधिक दर्ज की गई उनमें असम, छत्तीसगढ़, राजस्थान व मेघालय शामिल हैं.**

कृषि

- **2012-13 में देश में कृषिगत उत्पादन के सम्बन्ध में कृषि मंत्रालय के तीसरे अग्रिम अनुमान**

2012-13 में देश में कृषिगत उत्पादन के तीसरे अग्रिम अनुमान (Third Advanced Estimates) कृषि मंत्रालय द्वारा 3 मई, 2013 को जारी किए गए. इस आकलन में सन्दर्भित वर्ष में देश में खाद्यान्नों का कुल उत्पादन 255·36 मिलियन टन अनुमानित किया गया है. इससे पूर्व सन्दर्भित वर्ष में देश में कृषिगत उत्पादन के पहले अग्रिम अनुमान सितम्बर 2012 में तथा दूसरे अग्रिम अनुमान फरवरी 2013 में कृषि मंत्रालय ने जारी किए थे. 8 फरवरी, 2013 के दूसरे अग्रिम आकलन में 2012-13 में देश में खाद्यान्नों का उत्पादन 250·14 मिलियन टन अनुमानित किया गया था. इससे पूर्व 2011-12 में देश में खाद्यान्न उत्पादन 259·32 मिलियन टन के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था. **2012-13 में प्राप्त किया गया 255·36 मिलियन टन उत्पादन 2011-12 के बाद अब तक का सर्वोच्च खाद्यान्न उत्पादन है.**

3 मई, 2013 के तीसरे अग्रिम आकलन में 2012-13 में चावल का कुल उत्पादन 104·22 मिलियन टन व गेहूँ का 93·62 मिलियन टन अनुमानित किया गया है. इससे पूर्व दूसरे अग्रिम आकलन में चावल का उत्पादन 101·80 मिलियन टन व गेहूँ का 92·30 मिलियन टन अनुमानित था. मोटे अनाजों का कुल उत्पादन फरवरी 2013 के दूसरे अग्रिम आकलन में 38·47 मिलियन टन (ज्वार 5·26 मिलियन टन, बाजरा 8·15 मिलियन टन व मक्का 21·06 मिलियन टन) अनुमानित था, जो अब तीसरे अग्रिम आकलन में 39·52 मिलियन टन (ज्वार 5·30 मिलियन टन, बाजरा 8·71 मिलियन टन व मक्का 21·82 मिलियन टन) अनुमानित किया गया है. दालों का कुल उत्पादन जो दूसरे अग्रिम आकलन में 17·58 मिलियन टन रहने का अनुमान लगाया गया था, ताजा आकलन में 18·00 मिलियन टन अनुमानित है. इनमें तूर का उत्पादन 3·04 मिलियन टन, चना का 8·49 मिलियन टन, उड़द का 1·87 मिलियन टन व मूँग का उत्पादन 1·18 मिलियन टन अनुमानित किया गया है. पूर्व वर्ष 2011-12 में देश में दालों का कुल उत्पादन 17·09 मिलियन टन रहा था. 2011-12 व 2012-13 में कृषिगत उत्पादन के यह आँकड़े एक दृष्टि में तालिका में प्रदर्शित हैं.

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

भारत में कृषिजन्य उत्पादन

(मिलियन टन)

उपज	2011-12 (फाइनल आँकड़े)	2012-13	
		8 फरवरी, 2013 के दूसरे अग्रिम अनुमान	3 मई, 2013 के तीसरे अग्रिम अनुमान
कुल खाद्यान्न	**259·32**	**250·14**	**255·36**
1. चावल	105·31	101·80	104·22
2. गेहूँ	94·88	92·30	93·62
3. मोटे अनाज	**42·04**	**38·47**	**39·52**
(a) ज्वार	6·01	5·26	5·30
(b) बाजरा	10·28	8·15	8·71
(c) मक्का	21·76	21·06	21·82
4. दालें	**17·09**	**17·58**	**18·00**
(a) तूर	2·65	2·75	3·04
(b) चना	7·70	8·57	8·49
(c) उड़द	1·77	1·74	1·87
(d) मूँग	1·63	1·27	1·18
तिलहन	**29·80**	**29·47**	**30·7**
(a) मूँगफली	6·96	5·78	5·4
(b) सोयाबीन	12·21	12·96	14·1
(c) रेपसीड/सरसों	6·60	7·36	7·4
गन्ना	**361·04**	**334·54**	**336·1**
कपास (मिलियन गाँठें)*	35·20	33·80	33·80
जूट एवं मेस्टा (मिलियन गाँठें)**	11·40	11·13	10·6

* 170 किग्रा की प्रत्येक गाँठ ** 180 किग्रा की प्रत्येक गाँठ

कृषि मंत्रालय के तीसरे आकलन (तीसरे अग्रिम आकलन) में 2012-13 में देश में तिलहनों का कुल उत्पादन 30·7 मिलियन टन, गन्ने का 336·1 मिलियन टन, कपास का 33·8 मिलियन गाँठें (170 किग्रा की प्रत्येक गाँठ) तथा जूट एवं मेस्ता का 10·6 मिलियन गाँठें (180 किग्रा की प्रत्येक गाँठ) अनुमानित है.

- **रबी उपजों के नए समर्थन मूल्यों की घोषणा**

फसल वर्ष 2012-13 की रबी उपजों के लिए नए न्यूनतम समर्थन मूल्यों (Minimum Support Prices–MSPs) की घोषणा केन्द्र सरकार ने 1 नवम्बर, 2012 को की है. जिन्हें निम्न तालिका में दर्शाया गया है–

26 दिसम्बर, 2012 को सरकार ने गेहूँ के न्यूनतम समर्थन मूल्य में से ₹ 65 की वृद्धि करके इसे ₹ 1350 प्रति कुन्तल किए जाने की घोषणा की.

मुद्रा एवं बैंकिंग

- **क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की अधिकृत पूँजी ₹ 5 करोड़ से बढ़ाकर ₹ 500 करोड़ करने की योजना : विधेयक संसद में लाया गया**

ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत साख व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRBs) के वित्तीय आधार के विस्तार की सरकार की योजना है. इसके लिए इन बैंकों की अधिकृत पूँजी में वृद्धि की जाएगी. इसके लिए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (संशोधन) विधेयक, 2013 लोक सभा में अगस्त 2013 में प्रस्तुत किया गया है. विधेयक में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की अधिकृत पूँजी (Authorised Capital) में 100 गुना वृद्धि कर इसे ₹ 500 करोड़ करने का प्रस्ताव किया गया है. वर्तमान में इन बैंकों की अधिकृत पूँजी ₹ 5 करोड़ व निर्गमित पूँजी (Issued Capital) ₹ 1 करोड़ है. संशोधन विधेयक में किए गए एक अन्य महत्वपूर्ण प्रावधान के तहत् क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक केन्द्र, राज्य सरकार व प्रवर्तक बैंक के अतिरिक्त अन्य स्रोतों से भी पूँजी जुटा सकेंगे तथा स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध भी हो सकेंगे.

उल्लेखनीय है कि देश में कार्यरत् क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की कुल संख्या 82 है तथा इनकी पूँजी में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी केन्द्र सरकार की, 15 प्रतिशत राज्य सरकार की तथा 35 प्रतिशत हिस्सेदारी उनके प्रवर्तक बैंक (Sponsorer Bank) की है. संशोधन विधेयक में किए गए एक प्रावधान में यह भी किया गया है कि 'अन्य स्रोतों' से पूँजी जुटाने के बावजूद इन बैंकों की कुल पूँजी में केन्द्र सरकार व प्रवर्तक बैंक की संयुक्त हिस्सेदारी 51 प्रतिशत से कम नहीं हो सकेगी. इन बैंकों के लेखांकन वर्ष में समानता लाने के लिए वर्ष समापन की तिथि 31 दिसम्बर के स्थान पर 31 मार्च करने का प्रावधान भी संशोधन विधेयक में किया गया है.

मुद्रास्फीति की दर से अधिक प्रतिफल प्रदान करने वाले नए इन्फ्लेशन-इन्डेक्स्ड बॉंड

बैंकों में सावधि जमाओं तथा सरकारी व गैर-सरकारी वित्तीय संस्थाओं के बॉंडों में निवेश आमतौर पर इस आधार पर हतोत्साहित होता है कि उनमें प्रदत्त ब्याज दर की तुलना में मुद्रास्फीति की दर अधिक होने पर वास्तविक प्रतिफल ऋणात्मक हो जाता है. इसके अतिरिक्त निवेशित राशि का भी मूल्य-ह्रास मुद्रास्फीति के कारण हो जाता है. इसी के चलते निजी एवं संस्थागत निवेशक ऐसे बॉंडों में निवेश से हिचकिचाते हैं, जिससे बाजारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है. इस स्थिति से निपटने के लिए अब ऐसे बॉंड जारी करने का सरकार का इरादा है, जिनमें निवेशित राशि का मुद्रास्फीति की वजह से कोई मूल्यह्रास नहीं होगा तथा मुद्रास्फीति के समायोजन के बाद मूल दर पर कुछ ब्याज निवेशकों को प्राप्त हो सकेगी. ऐसे बॉंडों की पहली शृंखला जून 2013 में जारी करने का सरकार का इरादा है तथा निजी निवेशकों के साथ-साथ संस्थागत निवेशक भी इनमें निवेश कर सकेंगे. ऐसे इन्फ्लेशन इन्डेक्स्ड बॉंडों (IIBs) में निवेश के लिए आयकर में किसी छूट का प्रावधान वर्तमान में नहीं है, किन्तु आगे चल कर अन्य छूट के प्रोत्साहन इनमें दिए जा सकते हैं.

रबी उपजों के नए समर्थन मूल्य

(रुपए प्रति क्विंटल)

उपज	फसल वर्ष/ विपणन वर्ष 2011-12/2012-13	फसल वर्ष/ विपणन वर्ष 2012-13/2013-14	वृद्धि
गेहूँ	1285	1350	65
जौ	980	1100	120
चना	2800	3200	400
रेपसीड/सरसों	2500	3000	500
सैफ्लोवर	2500	2800	300
मसूर	2800	3200	400

नोट : 2012-13 में बोई गई व काटी गई रबी उपजों का विपणन 2013-14 में होगा. खरीफ उपजों के मामले में फसल वर्ष एवं विपणन वर्ष समान रहता है.

- **बैंकों व बीमा कम्पनियों की मनी लाउंड्रिंग में संलिप्तता के कोबरा पोस्ट के आरोप**

ऑनलाइन समाचार पोर्टल कोबरा पोस्ट ने अप्रैल-मई 2013 में जारी अपनी तीन अलग-अलग रिपोर्टों में सार्वजनिक व निजी क्षेत्र के 30 विभिन्न बैंकों व बीमा कम्पनियों पर मनी लाउंड्रिंग में संलिप्तता के आरोप लगाए हैं. कई माह तक चले स्टिंग ऑपरेशन के आधार पर पोर्टल ने अपनी रिपोर्टों में यह आरोप लगाया है कि यह बैंक व बीमा कम्पनियाँ देश भर में कानूनों का खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं तथा लोगों के बेनामी धन को वैध रूप देने में मदद कर रहे हैं. पोर्टल द्वारा यह स्टिंग ऑपरेशन '**ऑपरेशन रेड स्पाइडर-2**' नाम से सम्पन्न किया गया, जिसके आधार पर 6 मई की अपनी रिपोर्ट में इसने कहा है कि इससे यह साबित हुआ है कि मनी लाउंड्रिंग केवल निजी बैंकों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पूरी बैंकिंग प्रणाली व बीमा क्षेत्र इसमें शामिल है. इससे पूर्व अप्रैल 2013 में एक रिपोर्ट में निजी क्षेत्र के शीर्ष बैंकों– एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक व एक्सिस बैंक पर मनी लाउंड्रिंग के आरोप कोबरा पोस्ट ने लगाए थे.

कोबरा पोस्ट के इस खुलासे से बैंकिंग व बीमा क्षेत्र में खलबली मची है. जिन बीमा कम्पनियों का नाम कोबरा पोस्ट की उपर्युक्त रिपोर्ट में लिया गया है, उनमें भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) के अतिरिक्त रिलायंस लाइफ, टाटा एआईए व बिड़ला सनलाइफ शामिल हैं. इनके विरुद्ध लगे आरोपों की जाँच बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDA) द्वारा की जा रही है, जबकि बैंकों के मामलों की जाँच के लिए भारतीय बैंक संघ (IBA) को वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा कहा गया है. लापरवाही के कुछेक मामलों में बैंकों व बीमा कम्पनियों के कुछ अधिकारियों को निलम्बित भी किया गया है. बैंकिंग **सूत्रों के अनुसार यह मामला मूलतः केवाईसी (KYC–Know Your Customer) मानकों का अनुपालन न करने से सम्बन्धित है. उपर्युक्त खुलासे के पश्चात् बैंकों ने केवाईसी के मामलों में कड़ाई बरतनी शुरू कर दी है. उधर भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के गवर्नर डॉ. डी. सुब्बाराव ने इस मामले में टिप्पणी करते हुए कहा है कि कोबरा पोस्ट की रिपोर्टों में मनी लाउंड्रिंग का कोई ठोस प्रमाण नहीं है. इसके साथ ही यह भी उन्होंने कहा है कि इस प्रकार की गतिविधियों पर लगाम लगाने की जिम्मेदारी सरकार व कर विभागों की है.** भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने ग्राहक को पहचानो' नियमों का पालन न करने वाले एक्सिस बैंक पर ₹ 5·0 करोड़, एच.डी.एफ.सी. बैंक पर ₹ 4·5 करोड़ तथा आईसीआईसीआई बैंक पर ₹ 1·0 करोड़ का जुर्माना लगाया है.

- **मार्च 2013 के अंत में मुद्रास्फीति की थोक मूल्य सूचकांक आधारित अंतिम दर 5·96 प्रतिशत**

2012-13 के दौरान मौद्रिक नीति को कठोर बनाए रखने के परिणाम अन्ततः वित्तीय वर्ष के अंत तक सामने आए हैं तथा मुद्रास्फीति की दर में आशा से भी अधिक कमी रिज़र्व बैंक की इस नीति के चलते दर्ज की गई है. **अद्यतन उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार मार्च 2013 में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की अंतिम दर 5·96**



प्रतिशत रही है जो इसका पिछले तीन वर्षों में न्यूनतम स्तर है. मार्च 2013 में ही अपनी मौद्रिक एवं साख नीति (2012-13) की अंतिम समीक्षा में यह दर 6·80 प्रतिशत रहने का पूर्वानुमान रिज़र्व बैंक ने व्यक्त किया था. इससे पूर्व फरवरी 2013 में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर 6·84 प्रतिशत थी, जबकि एक वर्ष पूर्व मार्च 2012 में यह 7·69 प्रतिशत रही थी.

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) आधारित मुद्रास्फीति की दर मार्च 2013 में 10·39 प्रतिशत थी. सीएसओ द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार मार्च 2013 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 10·33 प्रतिशत व शहरी क्षेत्रों के लिए 10·38 प्रतिशत आकलित की गई है.

- **2013-14 के लिए नई मौद्रिक एवं साख नीति घोषित : रेपो दर में पुनः कटौती**

चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए नई मौद्रिक एवं साख नीति की घोषणा भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने 3 मई, 2013 को की. मुद्रास्फीति की दर पर संतोषजनक नियंत्रण के बावजूद मुद्रा एवं साख के विस्तार के मामले में सतर्कतापूर्ण रवैया आरबीआई ने अपनाया है तथा नीतिगत रेपो दर में 0·25 प्रतिशत बिन्दु की कटौती एक बार पुनः की है, जो तत्काल प्रभाव से लागू की गई है (इससे पूर्व 29 जनवरी व 19 मार्च, 2013 को रेपो दर में 0·25-0·25 प्रतिशत बिन्दु की कटौतियाँ 2012-13 की मौद्रिक एवं साख नीति की समीक्षाओं के समय आरबीआई ने की थीं). ताजा कटौती के परिणामस्वरूप रेपो दर 7·50 प्रतिशत से घटकर 7·25 प्रतिशत हो गई है तथा इसके साथ ही सम्बद्ध दरों (रिवर्स रेपो दर, मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी व बैंक दर) में भी 0·25-0·25 प्रतिशत की कटौतियाँ स्वतः ही हो गई हैं. इस प्रकार रिवर्स रेपो रेट 6·50 प्रतिशत से घटकर 6·25 प्रतिशत, मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी रेट 8·50 प्रतिशत से घटकर 8·25 प्रतिशत तथा बैंक रेट भी 8·50 प्रतिशत से घटकर 8·25 प्रतिशत अब रह गया है. अन्य बैंकिंग दरों नकद आरक्षण अनुपात (4·0 प्रतिशत) व सांविधिक तरलता अनुपात (23·0 प्रतिशत) में कोई परिवर्तन आरबीआई ने नई नीति में फिलहाल नहीं किया है. रेपो दर में 0·25 प्रतिशत बिन्दु की ताजा कटौती से ब्याज दरों में किसी प्रभावी कटौती की सम्भावना से बैंकों ने आम तौर पर इनकार यद्यपि किया है, तथापि इसमें नरमी की प्रवृत्ति बनी रहेगी. निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्योग व्यापार जगत् की अपेक्षा ब्याज दरों में कमी लाने की है. इसके लिए नकद आरक्षण अनुपात में भी कटौती की अपेक्षा उद्योग व्यापार जगत् के साथ-साथ बैंकों ने भी की थी, किन्तु मुद्रास्फीति के मामले में सतर्कता बरतते हुए अभी इसके लिए ज्यादा ढील आरबीआई ने नहीं दी है. रेपो दर में मामूली कटौती को उचित ठहराते हुए आरबीआई के गवर्नर डॉ. सुब्बाराव ने कहा है कि केवल मौद्रिक नीति सम्बन्धी पहल से आर्थिक वृद्धि तेज नहीं हो सकती, इसके लिए पूर्ति सम्बन्धी अड़चनें दूर करने, परियोजनाओं के रास्ते की दिक्कतें दूर करने, कामकाज में सुधार लाने व सार्वजनिक निवेश में वृद्धि की भी आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि मार्च 2013 में मुद्रास्फीति की दर तीन वर्ष के न्यूनतम स्तर पर आ गई है, तथापि खाद्य स्फीति का दबाव बने रहने तथा पेट्रोलियम कीमतों को सरकारी तौर पर नीचे बनाए रखने के परिप्रेक्ष्य में इसके बढ़ने के जोखिम बरकरार हैं. आर्थिक वृद्धि व मुद्रास्फीति के बीच के समीकरण के आकलन में दिख रहे जोखिम के चलते मौद्रिक नीति को फिलहाल और उदार बनाने की सम्भावना से उन्होंने इनकार किया है.

sscexamonline.blogspot.com



sscexamonline.blogspot.com

प्रमुख बैंकिंग दरें एक दृष्टि में

(3 मई, 2013 की स्थिति)

रेपो दर	7·25 प्रतिशत
रिवर्स रेपो दर	6·25 प्रतिशत
बैंक दर	8·25 प्रतिशत
मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी दर	8·25 प्रतिशत
नकद आरक्षण अनुपात (CRR)	4·0 प्रतिशत
सांविधिक तरल अनुपात (SLR)	23·0 प्रतिशत

2012-13 के अन्त में मार्च 2013 में मुद्रास्फीति की दर 5 प्रतिशत के स्तर पर आ गई थी, जोकि विगत तीन वर्षों में इसका न्यूनतम स्तर था. चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान यह दर 5·5 प्रतिशत के आसपास बनी रहने की सम्भावना रिजर्व बैंक ने व्यक्त की है और साथ ही कहा है कि इसे 5 प्रतिशत से नीचे लाने के प्रयास वह जारी रखेगा. चालू खाते के घाटे (Current Account Deficit–CAD) का मौजूदा स्तर अत्यन्त खतरनाक बताते हुए इसे देश की अर्थव्यवस्था के समक्ष वर्तमान में विद्यमान सबसे बड़ी चुनौती आरबीआई ने बताया है. मुद्रास्फीति बढ़ने के खतरे विद्यमान होने तथा चालू खाते के घाटे की मौजूदा स्थिति के आधार पर रिजर्व बैंक ने इस वर्ष ब्याज दरों में बड़ी कटौती की सम्भावना को खारिज किया है.

मौद्रिक एवं साख नीति 2013-14 के दस्तावेज में इस वित्तीय वर्ष (2013-14) में सम्भावित आर्थिक वृद्धि दर का जो पूर्वानुमान आरबीआई ने व्यक्त किया है, वह सरकार के पूर्वानुमान से कहीं कम है. फरवरी 2013 में वित्त मंत्रालय द्वारा संसद में प्रस्तुत आर्थिक समीक्षा में 2013-14 में आर्थिक वृद्धि 6·1 से 6·7 प्रतिशत के बीच रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया था. बाद में डॉ. सी. रंगराजन की अध्यक्षता वाली प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् की अप्रैल 2013 में जारी 'रिव्यू ऑफ द इकोनॉमी' रिपोर्ट में 2013-14 में आर्थिक वृद्धि 6·4 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है. इन पूर्वानुमानों के विपरीत रिजर्व बैंक ने 2013-14 की मौद्रिक एवं साख नीति दस्तावेज में इस वित्तीय वर्ष में आर्थिक वृद्धि 5·7 प्रतिशत ही रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है. मौद्रिक नीति के इस नीतिगत दस्तावेज में बैंकों के लिए कुछेक अन्य नीतिगत दिशा-निर्देशों की घोषणा भी आरबीआई ने की है. चालू खाते के घाटे पर अंकुश के लिए स्वर्ण के आयात को हतोत्साहित करने तथा यह आयात केवल स्वर्ण आभूषण निर्यातकों की जरूरतों को पूरा करने तक ही सीमित रखने, 50 ग्राम से अधिक वजन वाले सोने के सिक्कों पर ऋण न देने आदि के प्रस्ताव इनमें शामिल हैं. इनके अतिरिक्त बैंकों से अपनी शाखा के खाताधारकों और दूसरी शाखा के खाताधारकों के साथ बर्ताव में भेदभाव बंद करने को भी आरबीआई ने कहा है. 2013-14 की मौद्रिक एवं साख नीति की पहली मध्य त्रैमासिक समीक्षा 17 जून, 2013 को होगी.

मौद्रिक एवं साख नीति (2013-14) महत्वपूर्ण बिन्दु

- प्रमुख नीतिगत दर (रेपो दर) 7·50 प्रतिशत से घटाकर 7·25 प्रतिशत की गई. इससे रिवर्स रेपो दर भी 6·50 प्रतिशत से घटकर 6·25 प्रतिशत तथा बैंक दर 8·50 प्रतिशत से घटकर 8·25 प्रतिशत हुई.
- बैंक के कुल निक्षेपों में 14% की वृद्धि होगी.
- नकद आरक्षण अनुपात (CRR) 4 प्रतिशत पर बरकरार.
- रिजर्व बैंक ने कहा कि आर्थिक वृद्धि और मुद्रास्फीति के समीकरण का आकलन नीतिगत दरों में और कटौती की सम्भावना को सीमित करता है.
- चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 5·7 प्रतिशत रहने का अनुमान.
- मुद्रास्फीति चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 में 5·5 प्रतिशत के दायरे में रहने की सम्भावना.
- चालू खाते का घाटा अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती.
- रिजर्व बैंक ने प्राथमिक क्षेत्र के अन्तर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों के लिए ऋण सीमा दोगुनी कर ₹ 5 करोड़ करने का प्रस्ताव किया.
- बैंकों को खाताधारकों के साथ बर्ताव में भेदभाव बंद करने को कहा.
- सोने का आयात केवल स्वर्ण आभूषण निर्यातकों की वास्तविक जरूरतों को पूरा करने तक ही सीमित.
- वर्ष 2013-14 में साख प्रवाह में 15% की वृद्धि होगी.
- प्राथमिकता क्षेत्रक में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के प्रति उधार लेने वाले की दृष्टि से उधार की सीमा को बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए किया गया.
- कृषि क्षेत्र में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रकों में प्रति उधार लेने वाले की सीमा को एक करोड़ रुपए से 5 करोड़ रुपए किया.
- भण्डारगारों में जमा वस्तुओं की जमानत पर ऋण की सीमा को 2·50 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 5·00 करोड़ रुपए किया गया.
- मेट्रोपोलिटन शहरों में लीड बैंक योजना सभी जिलों में चलेगी.
- बैंक ब्रांचों में शाखा के ग्राहकों के प्रति तथा दूसरा बैंक के ग्राहकों के बीच किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करे.
- बैंक सार्वभौमिक एवं पारदर्शी कीमत नीति को अपनाएंगे तथा ग्राहकों के बीच कोई भेदभाव नहीं करेंगे.
- बैंक केवल 50 ग्राम स्वर्ण सिक्कों तक ही स्वर्ण ऋण प्रदान करेंगे.

वित्तीय क्षेत्र के विनियमन हेतु फाइनेंशियल सेक्टर लेजिस्लेटिव रिफॉर्म्स कमीशन के सुझाव

देश में बदलते वित्तीय परिवेश में इस क्षेत्र के विनियमन के लिए सम्बन्धित कानूनों एवं व्यवस्थाओं में सुधार के लिए सुझाव देने के लिए सरकार द्वारा गठित फाइनेंशियल सेक्टर लेजिस्लेटिव रिफॉर्म्स कमीशन (FSLRC) ने अपनी फाइनल रिपोर्ट केन्द्रीय वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम् को 22 मार्च, 2013 को सौंप दी, जिसे बाद में 28 मार्च को सार्वजनिक किया गया. **सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी. एन. श्रीकृष्णा की अध्यक्षता में इस 10 सदस्यीय आयोग का गठन सरकार ने मार्च 2011 में किया था, जिसने अपनी रिपोर्ट के सम्बन्ध में एप्रोच पेपर अक्टूबर 2012 में जारी किया था. एप्रोच पेपर पर सम्बन्धित पक्षों की प्रतिक्रियाओं व टिप्पणियों के अध्ययन के पश्चात् अपनी फाइनल रिपोर्ट आयोग ने मार्च 2013 में सरकार को सौंपी है.** 2 खण्डों में प्रस्तुत अपनी इस रिपोर्ट में रिजर्व बैंक का दायित्व मौद्रिक एवं बैंकिंग मामलों के विनियमन तक सीमित रखते हुए गैर बैंकिंग कम्पनियों व विदेशी निवेश आदि का दायित्व इससे अलग रखने को कहा है. मौद्रिक नीति

sscexamonline.blogspot.com

के मामले में नीतिगत निर्णय सुझाने के लिए वित्त मन्त्रालय के अधीन एक मौद्रिक नीति समिति के गठन का आयोग का सुझाव है. इस समिति में 5 सदस्य रिजर्व बैंक के व 2 सदस्य सरकार द्वारा नियुक्त स्वतंत्र विशेषज्ञ हों. विदेशी मुद्राओं के बाह्य प्रवाह के नियमन को आरबीआई पर छोड़ते हुए इनके अन्तर्प्रवाह सम्बन्धी मामलों का विनियमन सरकार पर छोड़ने को इसने कहा है. 10 सदस्यीय आयोग के चार विभिन्न सदस्यों ने इस संस्तुति के प्रति अपनी असहमति भी व्यापि व्यक्त की है.

देश में शेयर बाजार का विनियमन करने वाले 'सेबी' (SEBI—Securities and Exchange Board of India), कमोडिटी मार्केट का विनियमन करने वाले फॉरवर्ड मार्केट कमीशन (FMC), बीमा क्षेत्र का विनियमन करने वाले 'इरडा' (IRDA—Insurance Regulatory and Development Authority) तथा पेंशन फण्ड का विनियमन करने वाले पेंशन फण्ड रेग्यूलेटरी एण्ड डेवलपमेंट अथॉरिटी (PFRDA) का काम लगभग एक जैसा मानते हुए इन चारों नियामकों को मिलाकर एक यूनीफाइड फाइनेंशियल एजेन्सी (UFA) के गठन का सुझाव रिपोर्ट में दिया गया है. वित्तीय क्षेत्र के नियामकों के विरुद्ध निवेशकों की सुनवाई के लिए पृथक् से एक **फाइनेंशियल सेक्टर एपीलेट ट्रिब्यूनल** (FSAT) व दो अन्य नई एजेन्सियों–**डैट मैनेजमेंट ऑफिस** (Debt Management Office—DMO) व **रिसॉल्यूशन कॉर्पोरेशन** (Resolution Corporation) के गठन का प्रस्ताव आयोग की रिपोर्ट में डैट मैनेजमेंट ऑफिस जहाँ सरकार के लिए ऋण प्रबन्धन का दायित्व संभालेगा, वहीं **रिजोल्यूशन कॉर्पोरेशन** वर्तमान में कार्यरत् **डिपॉजिट इंश्योरेंस एण्ड क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन** का स्थान लेगा. एक अन्य संस्तुति के तहत् **वित्तीय क्षेत्र विकास परिषद्** (Financial Sector Development Council—FSDC) को वैधानिक शक्तियाँ प्रदान करने को आयोग ने कहा है. वित्त मंत्री की अध्यक्षता वाली वित्तीय क्षेत्र विकास परिषद् में विभिन्न नियामक एजेन्सियों के प्रमुख ही शामिल रहते हैं. **इस प्रकार देश के वित्तीय क्षेत्र के विनियमन के लिए कुल मिलाकर सात एजेन्सियों के लिए संस्तुति आयोग ने की है.** इनमें रिजर्व बैंक (RBI), यूनीफाइड फाइनेंशियल एजेन्सी (UFA), फाइनेंशियल सेक्टर एपीलेट ट्रिब्यूनल (FSAT), फाइनेंशियल सेक्टर डेवलपमेंट काउंसिल (FSDC), रिजोल्यूशन कॉर्पोरेशन, फाइनेंशियल रिड्रेसल एजेन्सी व डैट मैनेजमेंट ऑफिस शामिल हैं. नई प्रस्तावित फाइनेंशियल रिड्रेसल एजेंसी जहाँ वित्तीय संस्थाओं के विरुद्ध शिकायतों की सुनवाई करेगी.

विदेशी पूँजी के अन्तर्प्रवाह के मामले भी अनेक एजेन्सियों की भूमिकाओं वाली मौजूदा व्यवस्था में सुधार करने की संस्तुति आयोग ने की है. **आयोग ने कहा है कि वर्तमान में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) के लिए नीति का निर्धारण डिपार्टमेंट ऑफ इण्डस्ट्रियल पॉलिसी एण्ड प्रमोशन (DPIP) द्वारा जहाँ किया जाता है, वहीं FDI के प्रस्तावों को मंजूरी फॉरेन इन्वेस्टमेंट प्रमोशन बोर्ड (FIPB) द्वारा प्रदान की जाती है. इससे पूर्व आरबीआई, सीबीआई व प्रवर्तन निदेशालय की मंजूरियाँ भी जरूरी होती हैं. इस प्रक्रिया को सुगम बनाने को आयोग ने कहा है.** एक अन्य संस्तुति के तहत् भारतीय स्टेट बैंक (SBI) व जीवन बीमा निगम (LIC) आदि संस्थाओं, जो विशेष अधिनियमों के तहत् संचालित एवं संरक्षित हैं, को कम्पनी अधिनियम के दायरे में लाने को आयोग ने कहा है. पूर्व वर्षों में आईडीबीआई, आईएफसीआई व यूटीआई को पहले ही कम्पनी अधिनियम के तहत् लाया जा चुका है. आयोग का मानना है कि अगले 25–30 वर्षों में भारत का सकल घरेलू उत्पाद मौजूदा स्तर से आठ गुना अधिक होने की सम्भावना है. ऐसे में समय के अनुरूप नियमों एवं विनियमों की आवश्यकता के सन्दर्भ में अपनी सिफारिशें आयोग ने प्रस्तुत की हैं.

- **सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वित्त पोषण हेतु ₹ 12517 करोड़ स्वीकृत**

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के पूँजी आधार को मजबूत बनाने के लिए ₹ 12517 करोड़ की बजटीय सहायता को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने 10 जनवरी, 2013 को मंजूरी प्रदान की है. यह राशि सार्वजनिक क्षेत्र के 9-10 बैंकों को 2012-13 के दौरान उपलब्ध कराई जाएगी. सार्वजनिक बैंकों के पूँजी आधार में वृद्धि के लिए 2010-11 में ₹ 20,117 करोड़ व 2011-12 में ₹ 12,000 करोड़ सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए थे. इस पूँजीगत सहायता से बैंकों को बेसल-III मानक प्राप्त करने में मदद मिलेगी. **बेसल-III मानकों के अनुपालन के लिए समय सीमा 1 जनवरी, 2013 थी जिसे तीन माह के लिए रिजर्व बैंक ने बढ़ा दिया है. यह मानक अब 1 अप्रैल, 2013 से 31 मार्च, 2018 तक चरणबद्ध तरीके से प्राप्त किए जाने हैं.**

- **चैक क्लीयरिंग में तीव्रता हेतु सीटीएस–2010 मानक चैक**

स्थानीय व दूसरे शहरों के चैकों के भुनाने (Clearance) की प्रक्रिया को सुरक्षित बनाने, इस प्रक्रिया में तेजी लाने तथा चैकों से जुड़े फ्रॉड्स पर शिकंजा कसने के लिए क्लीयरिंग का एक नया चैक ट्रंकशन सिस्टम (CTS) देश में शुरू होगा जिसके तहत् चैकों की फिजीकल क्लीयरेंस की आवश्यकता पूरी तरह समाप्त हो जाएगी अर्थात् क्लीयरिंग के लिए चैक को दूसरे बैंक में नहीं भेजना होगा तथा क्लीयरेंस प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन हो जाएगी. नई व्यवस्था के तहत् चैक की स्कैन कॉपी ही अदा करने वाले बैंक के पास इलेक्ट्रॉनिक तरीके से भेजी जाएगी.

2012 के अन्त में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर तीन वर्ष के न्यूनतम स्तर पर जबकि उपभोक्ता मूल्य आधारित दर द्विअंकीय हुई

मुद्रास्फीति पर नियन्त्रण के लिए ब्याज दरों को उच्च स्तर पर बनाए रखने की रिजर्व बैंक की पिछले महीनों में अपनाई गई नीति थोक मूल्य सूचकांक के मामले में कुछ कारगर यद्यपि रही है तथापि खुदरा मूल्य आधारित मुद्रास्फीति इसके बावजूद द्विअंकीय हो गई है. उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार दिसम्बर 2012 में थोक मूल्य सूचकांक (आधार वर्ष 2004-05) आधारित मुद्रास्फीति की अनंतिम दर 7·18 प्रतिशत रही है. इससे पूर्व नवम्बर 2012 में यह 7·24 प्रतिशत व अक्टूबर 2012 में यह 7·45 प्रतिशत थी. एक वर्ष पूर्व दिसम्बर 2011 में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर 7·24 प्रतिशत थी. थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर में विगत महीनों में अपेक्षित गिरावट यद्यपि दर्ज की गई है, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में इन महीनों में वृद्धि की प्रवृत्ति बनी रही है तथा अक्टूबर 2012 में 9·75 प्रतिशत व नवम्बर 2012 में 9·90 प्रतिशत यह रही. मुद्रास्फीति की यह दर दिसम्बर 2012 में 10·56 प्रतिशत दर्ज की गई है.



जाँच के पश्चात् भुगतान हेतु सम्बन्धित बैंक की सहमति मिलते ही चैक क्लीयर हो जाएगा. इससे चैक क्लीयरिंग पर लगने वाले समय व धन की बचत होगी तथा ग्राहकों को चैक की राशि की अदायगी भी जल्दी हो सकेगी. इस व्यवस्था को सफल बनाने के लिए वाटर मार्क युक्त विशेष CTS-2010 चैक बैंकों द्वारा अपने ग्राहकों को जारी किए जा रहे हैं. सीटीएस-2010 चैक के मानक सभी बैंकों के लिए एकसमान हैं. भारतीय रिजर्व बैंक ने पहले 1 जनवरी, 2013 से ही केवल सीटीएस-2010 मानक चैक स्वीकार करने को निर्देश सभी बैंकों को जारी किए थे, किन्तु दूरदराज के क्षेत्रों में स्थित बैंक शाखाओं में स्कैनिंग की तैयारियाँ पूरी न होने देख इसके लिए समय सीमा को अब 1 जुलाई, 2013 तक के लिए बढ़ा दिया गया है.

- **बीमा क्षेत्र में 49 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति का सरकार का फैसला : पेंशन क्षेत्र भी विदेशी निवेश हेतु खुला**

मल्टी ब्रांड रिटेल सेक्टर व नागरिक उड्डयन क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (Foreign Direct Investment–FDI) की अनुमति को लेकर विपक्ष का विरोध अभी थमा नहीं था कि इस दिशा में दूरगामी प्रभाव वाला एक और कदम सरकार ने अक्टूबर 2012 में उठाया है. इसके तहत् अब पेंशन क्षेत्र को भी विदेशी निवेश के लिए सरकार ने खोल दिया है. पेंशन क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) की सीमा बीमा क्षेत्र के समान ही रहेगी. **बीमा क्षेत्र में वर्तमान में 26 प्रतिशत की सीमा तक ही एफडीआई की अनुमति है. इस सीमा को बढ़ाकर 49 प्रतिशत करने का फैसला केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की 4 अक्टूबर, 2012 की बैठक में किया गया है.** इसके लिए बीमा नियम (संशोधन) विधेयक [Insurance Laws (Amendment) Bill] 2008 में संशोधन को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की इस बैठक में मंजूरी प्रदान की गई. यह संशोधन विधेयक राज्य सभा में लम्बित है.

- **बैंकिंग विधि संशोधन विधेयक-2011 संसद के दोनों सदनों में पारित : नए बैंकों की स्थापना हेतु मार्ग प्रशस्त**

बैंकिंग क्षेत्र में आगे के सुधारों की दिशा में मार्ग प्रशस्त करने के लिए बैंकिंग विधि संशोधन विधेयक-2011 (Banking Laws Amendment Bill 2011) को संसद के दोनों सदनों में दिसम्बर 2012 में पारित किया गया है. लोक सभा ने 18 दिसम्बर, 2012 को तथा राज्य सभा ने 20 दिसम्बर, 2012 को इसे पारित किया है. बैंकिंग रेग्यूलेशन एक्ट 1949, बैंकिंग कम्पनीज (एक्विजिशन एण्ड ट्रांसफर ऑफ अंडरटेकिंग्स) एक्ट 1970 तथा बैंकिंग कम्पनीज (एक्विजिशन एण्ड ट्रांसफर ऑफ अंडरटेकिंग्स) एक्ट 1980 में संशोधनों के प्रावधान वाले इस विधेयक के अधिनियमित होने से भारतीय रिजर्व बैंक की नियामक शक्तियों में वृद्धि होगी. नए बैंकों की स्थापना के लिए लाइसेंस जारी करने का मार्ग भी इससे प्रशस्त होगा. बैंकों के जमाकर्ताओं व शेयरधारकों के हितों की सुरक्षा के लिए इनके प्रबन्धक मण्डलों के निर्णयों को 'ओवररूल' करने के अधिकार रिजर्व बैंक को इसमें प्रदान किए गए हैं. राष्ट्रीयकृत बैंकों के शेयरधारकों के मताधिकार की सीमा 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत तथा निजी बैंकों के मामले में इसे 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 26 प्रतिशत इसमें किया गया है. भारतीय बैंकों में विदेशियों के मताधिकार की 10 प्रतिशत की मौजूदा उच्चतम सीमा को भी इस विधेयक के प्रावधानों के तहत् समाप्त कर दिया गया है. विभिन्न पक्षों की आपत्तियों के चलते फॉरवर्ड कॉन्ट्रैक्ट मार्केट से सम्बन्धित प्रावधान को लोक सभा में ही विधेयक में से हटा लिया गया था.

रोजगार कार्यक्रम

स्वर्ण जयन्ती शहरी रोजगार योजना के स्थान पर अब 'राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन' शुरू करने की सरकार की योजना

शहरी निर्धनता निवारण के लिए आवास एवं शहरी निर्धनता निवारण मंत्रालय (Ministry of Housing and Urban Poverty Alleviation) की राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (National Urban Livelihoods Mission–NULM) शुरू करने की योजना है. इसकी शुरुआत चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 में ही सम्भावित है. स्वर्ण जयन्ती शहरी रोजगार योजना (SJSRY) के स्थान पर लाए जाने वाले इस कार्यक्रम के तहत् शहरी निर्धनों के लिए कौशल प्रशिक्षण (Skill Training), नवोन्मेष विकास, सवेतन रोजगार (Wage Employment) व स्वरोजगार के अवसरों में वृद्धि पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा. ***सपोर्ट टु अर्बन स्ट्रीट वेंडर्स*** *तथा* ***शैल्टर फॉर अर्बन होमलैस*** *नाम की दो उपयोजनाएं इस नए प्रस्तावित मिशन में शामिल होंगी.*

राजस्व

- **18 जिलों में रसोई गैस सब्सिडी प्रत्यक्ष लाभ अन्तरण के तहत् लाई गई**

1 जून, 2013 से देश के 18 चुनींदा जिलों में रसोई गैस सब्सिडी प्रत्यक्ष लाभ अन्तरण (Direct Benefit Transfer) के तहत् लाई गई है. (मूलतः 20 जिलों में यह व्यवस्था शुरू करने की घोषणा पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा की गई थी, किन्तु दो जिलों में उप चुनावों के कारण यह व्यवस्था एक माह बाद लागू की जाएगी.) यह सब्सिडी (वर्तमान में ₹ 435 प्रति सिलेण्डर) अब उपभोक्ताओं के आधार सम्बद्ध बैंक खाते में हस्तान्तरित की जाएगी. इसके लिए उपभोक्ताओं को अपने आधार सम्बद्ध बैंक खाते का नम्बर अपने रसोई गैस वितरक को उपलब्ध कराना होगा. इस औपचारिकता को पूरा करने के लिए तीन माह की छूट उपभोक्ताओं को दी गई है. छूट की अवधि तक औपचारिकता पूरी न करने वाले उपभोक्ताओं को रसोई गैस सिलेण्डर बाजार भाव पर ही उपलब्ध हो सकेगा.

जिन 18 जिलों में यह योजना 1 जून, 2013 से लागू की गई है, उनमें आन्ध्र प्रदेश के अनंतपुर, चित्तूर, पूर्वी गोदावरी, हैदराबाद व रंगारेड्डी जिले, दमन और दीव का दीव, गोवा का उत्तरी गोवा, हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर, हमीरपुर व ऊना, कर्नाटक का टुमकुर, केरल के पथनामथिट्टा व वायनाड, महाराष्ट्र का वर्धा, पुदुचेरी का पाण्डिचेरी, पंजाब का एसबीएस नगर (नवां शहर) तथा मध्य प्रदेश के खंडवा (पूर्वी निमाड़) व हर्दा जिले शामिल हैं. जिन दो जिलों में उपचुनाव के कारण प्रत्यक्ष लाभ हस्तान्तरण व्यवस्था एक माह बाद लागू होगी, उनमें कर्नाटक का मैसूर तथा हिमाचल प्रदेश का मंडी जिला शामिल है.

- **जीएसटी पर राज्यों की सहमति**

अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में सुधार की दिशा में मार्ग उस समय प्रशस्त हो गया जब बहुप्रतीक्षित वस्तु एवं सेवा कर (Goods and Service Tax–GST) लागू करने के लिए केन्द्र व राज्य सरकारों में सहमति फरवरी 2013 में बन गई. केन्द्रीय वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम् के साथ राज्यों के वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति (Empowered Committee of State Finance Ministers) की नई दिल्ली में 14 फरवरी, 2013 को सम्पन्न बैठक में इस मामले में दोनों पक्षों के बीच एक राय बनी. जीएसटी के कार्यान्वयन के लिए वांछित संविधान संशोधन के लिए राज्यों ने अपनी सहमति इस बैठक में दे दी है.

बैठक के पश्चात् बिहार के उप-मुख्यमंत्री तथा राज्यों के वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति के अध्यक्ष सुशील मोदी ने कहा कि समिति जीएसटी पर एक मॉडल कानून तैयार करेगी तथा सभी राज्यों के विधानमंडल इसे मंजूरी देंगे. उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार राज्यों को केन्द्रीय बिक्री कर 2 प्रतिशत घटाने के बदले में मुआवजे की राशि का भुगतान करने को भी तैयार हो गई है.

sscexamonline.blogspot.com

'गार' का कार्यान्वयन अब 1 अप्रैल, 2016 से

विदेशी निवेश के मामलों में कर-वंचना पर अंकुश के लिए सामान्य कर परिवर्जनरोधी नियमों (General Anti-Avoidance Rules–GAAR) पर गठित विशेषज्ञ समिति की प्रमुख सिफारिशों को कुछ बदलावों के साथ स्वीकार करते हुए सरकार ने इनका कार्यान्वयन दो वर्ष के लिए टाल दिया है. ताजा फैसले के अनुसार 'गार' के प्रावधान अब 1 अप्रैल, 2016 से लागू होंगे. इन नियमों को लाने का उद्देश्य विदेशी निवेशकों को ऐसे रास्ते अपनाने से रोकना है, जिनका मुख्य ध्येय केवल कर लाभ प्राप्त करना हो. इन नियमों को लागू करने की घोषणा 2012-13 के बजट भाषण में तत्कालीन वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी ने की थी, किन्तु विदेशी निवेशकों की प्रतिक्रिया देखते हुए यह कार्यान्वयन 1 अप्रैल, 2014 से करने की घोषणा सरकार ने बाद में की. विदेशी निवेश पर इसके प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए इसके लिए रोडमैप निर्धारण हेतु पार्थ सारथी शोम की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति का गठन प्रधानमंत्री ने जुलाई 2012 में किया था जिसकी 1 सितम्बर, 2012 को प्रस्तुत फाइनल रिपोर्ट में इन नियमों का कार्यान्वयन तीन वर्ष के लिए स्थगित करने की संस्तुति की गई थी. शोम समिति की रिपोर्ट पर सरकार के ताजा फैसले की घोषणा वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम् ने 14 जनवरी, 2013 को की. समिति की सिफारिशों को कुछेक परिवर्तन के साथ स्वीकार करते हुए 'गार' नियम 1 अप्रैल, 2016 से लागू करने के सरकार के फैसले की घोषणा वित्त मंत्री चिदम्बरम् ने की है. उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि एक करदाता की एक आय पर दो बार कर न लगे. 'गार' पर सरकार के ताजा फैसले से विदेशी निवेशकों को राहत मिली है.

- **केन्द्रीय योजनाओं की सब्सिडी सीधे ही लाभार्थियों के बैंक खातों में नकद जमा करने की प्रत्यक्ष लाभ हस्तान्तरण योजना : पहले चरण का शुभारम्भ**

केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी को सीधे ही लाभार्थियों के खाते में जमा करने की प्रत्यक्ष लाभ हस्तान्तरण (Direct Benefit Transfer–DBT) योजना के पहले चरण की शुरूआत 1 जनवरी, 2013 से हुई है. इस योजना को देशभर के 51 चुनींदा जिलों में लागू करने की घोषणा सरकार ने पहले की थी. चुनाव आयोग के निर्देशों के चलते गुजरात व हिमाचल प्रदेश, जहाँ नवम्बर-दिसम्बर 2012 में चुनाव हुए हैं, के 8 जिलों को योजना से पहले ही हटा दिया गया था जिससे 1 जनवरी, 2013 से 51 की बजाय 43 जिलों में ही इसे लागू किया जाना था, किन्तु फिलहाल 20 जिलों में ही यह 1 जनवरी से शुरू की जा सकी है.

इस योजना के तहत् 34 विभिन्न योजनाओं के तहत् दी जा रही सब्सिडी लाभार्थियों के खाते में सीधे जमा करने की घोषणा सरकार ने पहले की थी, किन्तु अब 26 केन्द्रीय योजनाओं की सब्सिडी लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे ही डालने की सरकार की योजना है. **फिलहाल 1 जनवरी, 2013 से सात योजनाओं को प्रत्यक्ष लाभ हस्तान्तरण योजना के दायरे में लाया गया है.** इनमें दलित, आदिवासी और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति, इंदिरा गांधी मातृत्व सहायता योजना, दलित परिवारों की कन्याओं की बीमा सुरक्षा तथा सशर्त नकदी अंतरण धनलक्ष्मी योजना शामिल है. बाद में धीरे-धीरे अन्य लक्षित योजनाओं को डीबीटी के दायरे में लाया जाएगा. **खाद्यान्न, उर्वरक व ईंधन पर दी जाने वाली सब्सिडी फिलहाल इसमें शामिल नहीं की गई है.**

प्रत्यक्ष लाभ हस्तान्तरण योजना में पहले चरण में शामिल सात योजनाएं

1. *अनुसूचित जाति के लिए मैट्रिक बाद छात्रवृत्ति योजना*
2. *अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए मैट्रिक बाद छात्रवृत्ति योजना*
3. *अनुसूचित जनजातियों के लिए मैट्रिक बाद छात्रवृत्ति योजना*
4. *अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए मैट्रिक पूर्व छात्रवृत्ति योजना*
5. *इंदिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना*
6. *धनलक्ष्मी योजना*
7. *रोजगार तलाश करने वाले अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों को प्रशिक्षण देने की योजना*

पहले चरण में शामिल 20 जिलों के नाम

1 जून, 2013 से निम्नलिखित 20 जनपदों में एलपीजी रसोई गैस की सब्सिडी सीधे उपभोक्ताओं के खाते में हस्तांतरित की जाने लगी है. तुमकुर, मैसूर, धारवाड़, पुडुचेरी, चंडीगढ़, एसबीएस नगर, नवाशहर, पूर्वी निमाड़ (खंडवा), उत्तर-पूर्व दिल्ली, उत्तर-पश्चिम दिल्ली, होशंगाबाद, हरदा, अजमेर, उदयपुर, अलवर, हैदराबाद, अनंतपुर, चित्तूर, पूर्वी गोदावरी, दीव और दमन में.

विदेशी व्यापार

- **2012-13 में विदेशी व्यापार में शिथिलता : आयातों में मात्र 0·44 प्रतिशत की वृद्धि, जबकि निर्यातों में 1·76 प्रतिशत की गिरावट**

वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी के चलते भारत के विदेशी व्यापार में भी शिथिलता का सिलसिला जारी है. इसी के चलते बीते वित्तीय वर्ष 2012-13 में देश के वस्तुगत निर्यातों में डॉलर मूल्य में 1·76 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है जिससे सन्दर्भित वर्ष में यह निर्यात 300·571 अरब डॉलर के ही रहे हैं. पूर्व वर्ष 2011-12 में भारत के वस्तुगत निर्यात 305·964 अरब डॉलर के रहे थे. विदेशी व्यापार के यह अनंतिम आँकड़े वाणिज्य मंत्री आनंद शर्मा ने 18 अप्रैल, 2013 को जारी किए. इन आँकड़ों के अनुसार 2012-13 में डॉलर मूल्य में भारत के आयातों में वृद्धि भी 0·44 प्रतिशत ही रही है तथा इस वर्ष कुल आयात 491·487 अरब डॉलर के रहे हैं जो पूर्व वर्ष 2011-12 में 489·319 अरब डॉलर के थे. इससे 2012-13 के दौरान देश का व्यापार घाटा (निर्यातों की तुलना में आयातों का आधिक्य) 190·916 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा है. 2011-12 में व्यापार घाटा 183·355 अरब डॉलर दर्ज किया गया था.

वाणिज्य मंत्रालय के इन अनंतिम आँकड़ों के अनुसार ₹ मूल्य में 2012-13 में भारत के निर्यात ₹ 16,35,261 करोड़ व आयात ₹ 26,73,113 करोड़ के रहे हैं. इन आँकड़ों के अनुसार डॉलर मूल्य में निर्यातों में जहाँ 1·76 प्रतिशत की गिरावट आई है, वहीं ₹ मूल्य में निर्यातों में 11·55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है. ₹ मूल्य में 2012-13 में व्यापार घाटा ₹ 10,37,852 करोड़ रहा है. विदेशी व्यापार के यह अनंतिम आँकड़े दी गई तालिका में दर्शाए गए हैं–

भारत के विदेशी व्यापार के आँकड़े–एक दृष्टि में

(डॉलर मूल्य में)

	2011-12	2012-13
	(अरब डॉलर)	
निर्यात	305·964	300·571 (–1·76)
आयात	489·319	491·487 (0·44)
व्यापार शेष	183·355	190·916
	(₹ मूल्य में)	(करोड़ रुपए)
निर्यात	14,65,959	16,35,261 (11·55)
आयात	23,45,463	26,73,113 (13·97)
व्यापार शेष	8,79,504	10,37,852

नोट–कोष्ठक में दिए गए आँकड़े पूर्व वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि दर्शाते हैं.

ताजा आँकड़ों के अनुसार 2012-13 के दौरान 491·487 अरब डॉलर के कुल आयातों में तेल आयात 169·253 अरब डॉलर के व गैर-तेल आयात (Non-Oil Import) 322·234 अरब डॉलर के थे. पूर्व वर्ष की समान अवधि की तुलना में

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

2012-13 में तेल आयातों में 9·22 प्रतिशत की वृद्धि जहाँ हुई वहीं गैर तेल आयातों में 3·62 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है. 2011-12 में 489·319 अरब डॉलर के कुल आयात में तेल आयात 154·967 अरब डॉलर के व गैर तेल आयात 334·352 अरब डॉलर के थे.

- **2012-13 के लिए अनुपूरक विदेश व्यापार नीति : निर्यात सम्वर्द्धन के लिए अनेक उपाय**

1 अप्रैल, 2009 से 31 मार्च, 2014 (2009–14) के दौरान की अवधि के लिए विदेश व्यापार नीति सरकार द्वारा 27 अगस्त, 2009 को घोषित की गई थी. पाँच वर्षों के लिए घोषित इस नीति के तहत् ही 2010-11 के लिए वार्षिक अनुपूरक नीति 23 अगस्त, 2010 को, 2011-12 के लिए 13 अक्टूबर, 2011 को तथा 2012-13 के लिए यह 6 जून, 2012 को घोषित की गई थी. 2013-14 के लिए वार्षिक अनुपूरक विदेश व्यापार नीति की घोषणा वाणिज्य मंत्री आनंद शर्मा ने 18 अप्रैल, 2013 को की. यह अनुपूरक नीति ऐसे समय में घोषित की गई है जब देश का विदेशी व्यापार भारी शिथिलता का शिकार है तथा पूर्व वर्ष 2011-12 में वस्तुगत निर्यातों में 1·76 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई है. साथ ही विदेशी व्यापार घाटा भी 190·9 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर दर्ज किया गया है. इनके साथ-साथ देश विश्व में चावल का सबसे बड़ा तथा गेहूँ का दूसरा बड़ा निर्यातक बन गया है. ऐसे में निर्यातों को बढ़ावा देने के जो विशेष प्रयास अनुपूरक नीति में किए गए हैं, उनमें निम्नलिखित मुख्य हैं–

1. विशेष आर्थिक क्षेत्रों (Special Economic Zons—SEZs) में निवेशकों की रुचि बढ़ाने के लिए विशेष उपाय किए गए हैं. आई. टी. सेक्टर के निर्यातों में उत्साहवर्द्धक परिणामों को देखते हुए इस क्षेत्र के SEZs के लिए अतिरिक्त रियायतें दी गई हैं.
2. निर्यातों को बढ़ावा देने के लिए **निर्यात सम्वर्द्धन पूँजीगत सामान** (Export Promotion Capital Goods—EPCG) योजना के दो घटक–कुछ क्षेत्रों के लिए शून्य प्रशुल्क ईपीसीजी तथा अन्य सभी क्षेत्रों के लिए 3 प्रतिशत प्रशुल्क वाली ईपीसीजी योजना कार्यरत् है. निर्यातकों की माँग के चलते अब सभी क्षेत्रों के लिए यह योजना शून्य प्रशुल्क वाली बना दी गई है. इसके साथ ही पूँजीगत सामानों के सन्दर्भ में निर्यात बाध्यता में कटौती भी की गई है.
3. 2 प्रतिशत की ब्याज रियायत (Interest Sub-vention Scheme) अभी तक हस्तशिल्प, हथकरघा, कालीन, रेडीमेड, कपड़ों, प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों, खेल के सामानों व खिलौनों आदि के निर्यातों के लिए ही उपलब्ध थी. इस योजना का दायरा बढ़ाते हुए इंजीनियरिंग क्षेत्र के 134 सब सेक्टर्स को भी इसके तहत् लाया गया है. ब्याज में 2 प्रतिशत की यह रियायत 31 मार्च, 2014 तक उपलब्ध रहेगी.
4. **फोकस मार्केट स्कीम** (FMS), **फोकस प्रोडक्ट स्कीम** (FPS) व **विशेष कृषि ग्रामीण उद्योग योजना** (VKGUY) के तहत् जारी **'ड्यूटी क्रेडिट स्क्रिप्स'** के उपयोग के दायरे का विस्तार किया गया है.
5. **फोकस मार्केट स्कीम** के तहत् नॉर्वे को तथा **स्पेशल फोकस मार्केट स्कीम** के तहत् वेनेजुएला को शामिल किया गया है. इससे इन योजनाओं में शामिल देशों की संख्या बढ़कर क्रमशः 125 व 50 हो गई है.
6. **फोकस प्रोडक्ट स्कीम** का भी विस्तार करते हुए इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्युटिकल्स व टेक्सटाइल्स सेक्टर्स के लगभग 126 अन्य उत्पाद इसमें शामिल किए गए हैं. इसी प्रकार मार्केट लिंक्ड फोकस प्रोडक्ट स्कीम के तहत् 47 उत्पाद बढ़ाए गए हैं.
7. गुजरात के मोरबी (Morbi) को सिरेमिक टाइल्स के लिए तथा हरियाणा के गुड़गाँव को वस्त्रों के निर्यात के लिए **'टाउन्स ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस'** की सूची में जोड़ा गया है.
8. जनवरी 2013 से मार्च 2013 के दौरान अमरीका, यूरोपीय संघ व एशिया के लिए परिवर्द्धित निर्यातों के प्रोत्साहन (Incremental Export Incentivisation Scheme) की घोषणा सरकार ने 26 दिसम्बर, 2012 को की थी, जो जनवरी–मार्च 2013 के लिए थी. इस योजना को 2013-14 के दौरान जारी रखने तथा लैटिन अमरीका व अफ्रीका के 53 देशों को इसमें शामिल करने की घोषणा अनुपूरक नीति के तहत् की गई है.
9. ईपीसीजी योजना के निर्यात बाध्यता सम्बन्धी देनदारी के मामलों को बंद करने की सुविधा दी गई है.
10. सेवा प्रदाताओं को **सर्व्ड फ्रॉम इंडिया स्कीम** (SFIS) के तहत् उपलब्ध कराई जाने वाली **ड्यूटी फ्री स्क्रिप्स** के लिए गणना विधि को निर्यातकों के अनुकूल बनाया गया है.
11. **विशेष कृषि ग्रामीण उद्योग योजना** (VKGUY) के उस प्रावधान को हटाया गया है जिसके चलते इस योजना का लाभ सीमित हो रहा था.
12. **स्टेट्स होल्डर इन्सेंटिव स्कीम** (SHIS) का विस्तार 2012-13 के लिए किया गया था. 2013-14 में यह योजना उपलब्ध नहीं रहेगी.
13. कारों का आयात चुनींदा बंदरगाहों पर ही किया जा सकता है. **यह आयात अब इनलैण्ड कंटेनर डिपो (ICD) फरीदाबाद व एन्नोर पोर्ट (तमिलनाडु) पर भी किया जा सकेगा.**
14. विदेशी व्यापार सम्बन्धी आँकड़ों की गुणवत्ता में सुधार तथा इन्हें जारी करने में लगने वाले समय में कटौती के लिए कदम उठाए गए हैं. विदेशी व्यापार के अनंतिम आँकड़े अब सम्बन्धित माह समाप्त होने के 15 दिन के भीतर ही जारी किए जाने की व्यवस्था की गई है. इसके साथ ही प्रक्रियाओं का सरलीकरण किया गया है तथा दस्तावेजी गतिविधियों को आसान बनाया गया है.

- **विशेष आर्थिक क्षेत्रों (SEZ) के मानकों में रियायतें**

वर्ष 2013-14 के लिए घोषित अनुपूरक व्यापार नीति में विशेष आर्थिक क्षेत्रों के मानकों में निम्नलिखित रियायतें प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है.

विभिन्न प्रकार के SEZ के लिए न्यूनतम भू-क्षेत्रफल आवश्यकता को आधा कर दिया गया है.

बहु उत्पाद SEZ के लिए न्यूनतम भू-क्षेत्रफल 1000 हेक्टेयर के स्थान पर 500 हेक्टेयर तथा क्षेत्रक विशिष्ट SEZ के लिए 50 हेक्टेयर कर दिया गया है.

सूचना प्रौद्योगिकी/सूचना प्रौद्योगिकीजनित सेवाओं के SEZ के न्यूनतम भूमि होने की शर्त को हटा लिया गया है. न्यूनतम निर्मित एरिया की कसौटी को भी ढीला किया गया है.

SEZ की बिक्री तथा स्वामित्व हस्तान्तरण की भी अनुमति दी गयी है.

- **विदेशों से प्राप्तियों के मामले में भारत का पहला स्थान : विश्व बैंक रिपोर्ट**

विदेशों में काम कर रहे अपने नागरिकों द्वारा सम्प्रेषित धन प्राप्त करने के मामले में भारत का विकासशील देशों में पहला स्थान है. बीते वर्ष 2012 के दौरान 69 अरब डॉलर की प्राप्तियाँ भारत को इस मद में हुई हैं, जबकि 60 अरब डॉलर की प्राप्तियों के साथ चीन का इस मामले में दूसरा स्थान रहा है. यह जानकारी विश्व बैंक की एक ताजा रिपोर्ट में दी गई है. अप्रैल 2013 में जारी इस रिपोर्ट के अनुसार तेल सम्पन्न खाड़ी सहयोग परिषद् (GCC) देशों में अकुशल श्रमिकों की बड़ी. संख्या के अतिरिक्त अमरीका व अन्य उच्च आय वाले देशों में भी बड़ी संख्या में भारत के कुशल प्रवासी श्रमिक रहते हैं. इनके द्वारा बड़ी मात्रा में सम्प्रेषित धन देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार 2012 के दौरान सम्प्रेषित धन प्राप्तियों में भारत व चीन के पश्चात् आगे के तीन स्थान क्रमशः फिलीपींस (24 अरब

डॉलर), मैक्सिको (23 अरब डॉलर) तथा नाईजीरिया व मिस्र (21-21 अरब डॉलर) के रहे हैं. रिपोर्ट में बताया गया है कि 2012 के दौरान विकासशील देशों में कुल प्राप्तियाँ 401 अरब डॉलर रही हैं, जो पूर्व वर्ष की तुलना में 5·3 प्रतिशत अधिक है. अगले तीन वर्षों में इन सम्प्रेषणों (Remittances) में 8·8 प्रतिशत की सालाना वृद्धि की सम्भावना रिपोर्ट में व्यक्त की गई है जिससे 2015 तक यह 515 अरब डॉलर के स्तर तक पहुँच सकेगी.

- **अक्षय ऊर्जा मामले में स्थानीय सामग्री पर अमरीकी सब्सिडी का भारत द्वारा विरोध : मामला डब्ल्यूटीओ में ले जाया गया**

  भारत में सोलर सैल व सोलर मॉड्यूल्स पर जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय सौर मिशन के तहत् दी जा रही सहायता को विश्व व्यापार संगठन (WTO) के नियमों का उल्लंघन मानते हुए उसके विरुद्ध डब्ल्यूटीओ का दरवाजा अमरीका ने फरवरी, 2013 में यह कहते हुए खटखटाया था कि इससे अमरीकी कम्पनियाँ प्रभावित हो रही थीं. अब ऐसे ही एक अन्य मामले में भारत ने अमरीका के विरुद्ध अपना विरोध डब्ल्यूटीओ में अप्रैल 2013 में दर्ज कराया है. भारत का कहना है कि अमरीका अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में स्थानीय सामग्री पर सब्सिडी की पेशकश कर रहा है, जिसके चलते इस क्षेत्र में भारतीय कम्पनियों का प्रवेश मुश्किल हो गया है. स्वदेशी सामग्री के इस्तेमाल के लिए अमरीकी सब्सिडी की पेशकश को डब्ल्यूटीओ के ट्रिम्स (TRMS) समझौते का उल्लंघन मानते हुए इस पर अपना विरोध भारत ने दर्ज कराया है.

- **सकल घरेलू उत्पाद में निर्यातों का अंश**

  वाणिज्य मंत्री आनंद शर्मा द्वारा लोक सभा में 22 अप्रैल, 2013 को दी गई एक सूचना के अनुसार देश के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में निर्यातों का अंश 2009-10 में 13·9 प्रतिशत था, जो बढ़कर 2010-11 में 16·0 प्रतिशत व 2011-12 में 17·7 प्रतिशत हो गया था.

- **विश्व में वस्तुगत निर्यातों में भारत का अंश**

  लोक सभा में एक जानकारी देते हुए वाणिज्य मंत्री आनंद शर्मा ने 22 अप्रैल, 2013 को बताया कि विश्व के कुल वस्तुगत निर्यातों में भारत का अंश 2010 में 1·48 प्रतिशत था, जो बढ़कर 2011 में 1·66 प्रतिशत होने के पश्चात् 2012 में 1·60 प्रतिशत रह गया था.

- **भारत व जापान के बीच नया करेंसी स्वैप समझौता**

  भारत व जापान के आपसी, आर्थिक, वाणिज्यिक एवं वित्तीय सम्बन्धों को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से दोनों देशों के केन्द्रीय बैंकों ने पारस्परिक मुद्राओं की अदला-बदली के एक नए समझौते (Currency Swap Pact) पर 4 दिसम्बर, 2012 को हस्ताक्षर किए हैं. पारस्परिक मुद्राओं की अदला-बदली के लिए दोनों देशों के बीच 'करेंसी स्वैप पैक्ट' यद्यपि पहले भी कार्यशील रहा है तथापि दिसम्बर 2012 के ताजा समझौते द्वारा इसे और अधिक व्यापक किया गया है. भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर डी. सुब्बाराव व बैंक ऑफ जापान के गवर्नर मसाकी शिराकावा द्वारा हस्ताक्षरित इस समझौते के तहत् अगले तीन वर्षों में दोनों देश अपनी-अपनी मुद्राओं (येन व रुपया) की 15 अरब डॉलर की सीमा तक अदला-बदली कर सकेंगे. इससे पूर्व 2008 से 2011 के दौरान प्रभावी रहे, ऐसे त्रिवर्षीय समझौते के तहत् करेंसी अदला-बदली की सीमा 3 अरब डॉलर ही थी.

पूँजी बाजार

यूसीएक्स—भारत का छठा कमोडिटी एक्सचेंज

जिंसों के वायदा कारोबार के लिए मुम्बई में नवस्थापित यूनीवर्सल कमोडिटी एक्सचेंज (UCX) ने 19 अप्रैल, 2013 से कार्य प्रारम्भ कर दिया है. आईडीबीआई बैंक, इफ्को, 'नाफेड' व आरईसी के साथ संयुक्त उपक्रम के रूप में कॉमिक्स टेक्नोलॉजीस (Commex Technologies) द्वारा प्रवर्तित इस एक्सचेंज में कृषि व गैर-कृषि अनुबंध में कारोबार सुविधा उपलब्ध कराई गई है. मुम्बई स्थित यह एक्सचेंज देश का छठा कमोडिटी एक्सचेंज है. इन सभी छह कमोडिटी एक्सचेंजों के नाम निम्नलिखित हैं–

- *एमसीएक्स–मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज*
- *MCX–Multi Commodity Exchange*
- *एनसीडीईएक्स–नेशनल कमोडिटी एण्ड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज.*
- *NCDEX–National Commodity and Derivatives Exchange.*
- *एनएमसीई–नेशनल मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज*
- *NMCE–National Multi Commodity Exchange*
- *आईसीईएक्स–इंडियन कमोडिटी एक्सचेंज*
- *ICEX–Indian Commodity Exchange*
- *एसीई–एस डेरिवेटिव्स एण्ड कमोडिटी एक्सचेंज लि.*
- *ACE–Ace Derivatives and Commodity Exchange Ltd.*
- *यूसीएक्स–यूनीवर्सल कमोडिटी एक्सचेंज*
- *UCX–Universal Commodity Exchange*

एमसीएक्स–एसएक्स : देश में राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा ऑनलाइन स्टॉक एक्सचेंज

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) व राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज के पश्चात् अब एमसीएक्स–एस एक्स देश में राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा ऑनलाइन स्टॉक एक्सचेंज है. एमसीएक्स-एसएक्स (एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज) में शेयरों का कारोबार फरवरी 2013 में शुरू हो गया है. 9 फरवरी, 2013 को मुम्बई में इसका उद्घाटन वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम् ने किया. बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) व राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज (NSE) के पश्चात् यह ऑनलाइन कारोबार वाला देश का तीसरा राष्ट्रीय स्तर का स्टॉक एक्सचेंज है. इस एक्सचेंज में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (MCX) की इक्विटी 51 प्रतिशत है. इस एक्सचेंज के कार्यशील होने से शेयर कारोबार में प्रतिस्पर्द्धा में वृद्धि होगी तथा निवेशकों के लिए विकल्प बढ़ेंगे.

उल्लेखनीय है कि देश में वर्तमान में कुल 21 स्टॉक एक्सचेंज हैं जिनमें से 17 में पिछले पाँच वर्षों में कोई ट्रेडिंग नहीं हुई है.

राजीव गांधी इक्विटी सेविंग योजना

छोटे निवेशकों को प्रोत्साहन देने के लिए राजीव गांधी इक्विटी सेविंग योजना का शुभारम्भ वित्त मंत्री चिदम्बरम् ने 9 फरवरी, 2013 को मुम्बई में किया. इस योजना की घोषणा मार्च 2012में 2012-13 का बजट प्रस्तुत करते हुए तत्कालीन वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी ने की थी. योजना के तहत् 10 लाख रुपए तक वार्षिक आय वाले निवेशक आयकर में छूट का लाभ अनुमन्य किया गया था किन्तु 2013-14 के बजट प्रस्तावों के तहत् इस सीमा को 12 लाख रुपए किया गया है. अधिकतम 50 हजार रुपए तक कर लाभ इस योजना के तहत् लिया जा सकता है. निवेश की गई राशि पर कर लाभ केवल आधी राशि पर मिलेगा, जो 50 हजार रुपए से ज्यादा नहीं हो सकती है. योजना का लाभ इक्विटी में पहली बार निवेश करने वाले ग्राहकों को ही मिलेगा.

- **एम कैप की दृष्टि से टीसीएस सबसे मूल्यवान कम्पनी बनी**

  कुल बाजार मूल्य (M. Cap) की दृष्टि से टाटा समूह की सॉफ्टवेयर कम्पनी टीसीएस ने 23 अप्रैल, 2013 को ओएनजीसी को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान बना लिया था. शेयर मूल्यों में उतार-चढ़ाव के चलते टीसीएस का बाजार मूल्य 23 अप्रैल को ₹ 2,79,804 करोड़ हो गया था, जबकि उस दिन की स्थिति में ओएनजीसी, जो पहले स्थान पर थी, का कुल बाजार मूल्य ₹ 2,79,465 करोड़ था. उल्लेखनीय है कि किसी भी कम्पनी के शेयर मूल्यों के उतार-

sscexamonline.blogspot.com

चढ़ाव के साथ उसके एम. कैप में भी परिवर्तन आता है. इस नाते सर्वाधिक एम कैप वाली कम्पनियों के स्थान आए दिन ऊपर नीचे होते रहते हैं.

उद्योग क्षेत्र

- **अम्बानी बन्धुओं में कारोबारी सम्बन्ध**

अम्बानी परिवार के दोनों भाइयों मुकेश अम्बानी व अनिल अम्बानी की कम्पनियों ने टेलीकॉम कारोबार में पारस्परिक सहयोग के लिए एक समझौता अप्रैल 2013 में सम्पन्न किया है. 1200 करोड़ रुपए के इस समझौते के तहत् मुकेश अम्बानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज की टेलीकॉम कम्पनी रिलायंस जियो इंफोकॉम लि. 4जी सेवाओं की शुरुआत के लिए अनिल अम्बानी की रिलायंस कम्युनिकेशंस (आर. कॉम) के ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क का इस्तेमाल करेगी. दोनों कम्पनियों के बीच इस आशय का समझौता 2 अप्रैल, 2013 को सम्पन्न हुआ है. रिलायंस जियो इंफोकॉम (पूर्व नाम इंफोटेल ब्रॉड बैण्ड) को देशभर में 4जी सेवाएं प्रदान करने के लिए लाइसेंस 2010 में प्राप्त हुआ था, किन्तु इसके द्वारा यह सेवाएं अभी तक शुरू नहीं की जा सकी हैं. यह सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आर. कॉम के देशभर में फैले तथा विभिन्न शहरों से जुड़े 1,20,000 किमी के ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क का इस्तेमाल रिलायंस जियो इंफोकॉम द्वारा किया जाएगा. इस ऑप्टिकल फाइबर ढाँचे का इस्तेमाल आर. कॉम द्वारा भी किया जा सकेगा.

- **ईरान-पाकिस्तान गैस पाइपलाइन परियोजना पर कार्य प्रारम्भ : दोनों देशों के राष्ट्रपतियों ने किया शुभारम्भ**

ईरान के नाभिकीय कार्यक्रम के कारण उस पर तेल एवं गैस कारोबार के लिए अमरीकी प्रतिबन्धों के बावजूद ईरान से पाकिस्तान के लिए गैस के परिवहन हेतु प्रस्तावित पाइपलाइन परियोजना पर काम 11 मार्च, 2013 को शुरू हो गया है. पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी व ईरान के राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद ने संयुक्त रूप से ईरान के चबहार (Chabahar) शहर में इसकी शुरुआत की. इस पाइपलाइन के ईरान वाले भाग में निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जबकि पाकिस्तान में 781 किमी लम्बी पाइपलाइन अभी बिछाई जानी है. वित्तीय कठिनाइयों के साथ-साथ प्रतिबन्धों के भय के चलते पाकिस्तान में यह कार्य अभी तक लम्बित रहा है. 1.5 अरब डॉलर की यह अनुमानित परियोजना दिसम्बर 2014 में पूरी होने की सम्भावना है. इस पाइपलाइन के जरिए ईरान अपने सबसे विशाल गैस भण्डार 'साउथ पार्स' से पाकिस्तान में सिंध में नवाबशाह तक के लिए 21.5 बिलियन घन मीटर गैस की आपूर्ति प्रतिदिन कर सकेगा. इसे 'पीस पाइपलाइन' कहते हुए पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा है कि इसका निर्माण दोनों पड़ोसी देशों में आर्थिक, सुरक्षा एवं विकास हेतु महत्वपूर्ण होगा.

प्रतिबन्धों का सामना कर रहे ईरान के साथ पाकिस्तान की इस पाइपलाइन परियोजना का अमरीका ने भारी विरोध किया है. परियोजना पर काम शुरू होने से दो सप्ताह पूर्व ही अमरीकी विदेश विभाग ने पाकिस्तान को चेतावनी दी थी कि इस परियोजना को लेकर कई प्रतिबन्ध लगाए जा सकते हैं. इस मामले में अमरीकी विरोध को दरकिनार करते हुए पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने 2 मार्च, 2013 को अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्पष्ट कहा था कि इस परियोजना को रोकने की ताकत किसी के पास नहीं है. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक सम्प्रभु और स्वतन्त्र राष्ट्र है, जो पाइपलाइन परियोजना को आगे बढ़ाने में अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर काम कर रहा है. अमरीका के विरोध के बारे में पूछे जाने पर जरदारी ने कहा कि पाकिस्तान स्वतन्त्र रूप से फैसला कर सकता है और अपने ऊर्जा संकट को दूर करने के लिए किसी भी देश के साथ समझौता कर सकता है. उन्होंने आशा व्यक्त की कि आगे चलकर आलोचक भी इस परियोजना की प्रशंसा करेंगे.

- **सिस कम्पनी नोवार्टिस को कैंसर की दवा का पेटेंट प्रदान करने के मामले में सर्वोच्च न्यायालय का इनकार**

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्विट्जरलैण्ड की दवा कम्पनी नोवार्टिस की भारतीय इकाई को कैंसर की दवा ग्लाइवेक का पेटेंट प्रदान करने से इनकार किए जाने से यह दवा भारतीय बाजार में बेहद कम मूल्य पर उपलब्ध हो सकेगी. इससे ल्यूकेमिया (ब्लड कैंसर) के रोगियों को बड़ी राहत मिल सकेगी. एक माह के इलाज के लिए नोवार्टिस की ग्लाइवेक दवा का मूल्य जहाँ लगभग 1.10 लाख रुपए बताया जाता है, वहीं इसकी जेनेरिक दवा की एक महीने की खुराक 8–10 हजार रुपए ही बैठती है.

नोवार्टिस की भारतीय इकाई ने ग्लाइ-बेक को अपना इनोवेशन बताते हुए इसके लिए पेटेंट की माँग की थी जिसे विभिन्न आधारों पर सर्वोच्च न्यायालय ने 1 अप्रैल, 2013 के अपने फैसले में खारिज किया है.

- **'गेल' व 'मेल' को महारत्न का दर्जा मिलने से देश में महारत्न कम्पनियों की संख्या अब सात**

सार्वजनिक क्षेत्र की दो अन्य कम्पनियों भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लि. (BHEL) व गेल (इंडिया) लि. को 'महारत्न' का दर्जा सरकार ने फरवरी 2013 में प्रदान किया है. इससे पूर्व ये कम्पनियाँ सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कम्पनियाँ थीं. महारत्न का दर्जा प्राप्त होने से इन्हें अब अपेक्षाकृत अधिक वित्तीय एवं परिचालन स्वायत्तता प्राप्त होगी तथा 5000 करोड़ रुपए तक के निवेश के फैसले ये स्वयं अपने ही स्तर पर कर सकेंगी. नवरत्न कम्पनियों के लिए यह सीमा 1000 करोड़ रुपए की है. 'गेल' व 'मेल' को महारत्न का दर्जा प्राप्त हो जाने से देश में महारत्न कम्पनियों की कुल संख्या अब सात हो गई है. पाँच अन्य महारत्न कम्पनियाँ–ओएनजीसी, भारतीय तेल निगम (IOC), राष्ट्रीय ताप विद्युत् निगम (NTPC), कोल इंडिया लि. (CIL) व स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAIL) हैं. दोनों अन्य कम्पनियों 'गेल' व 'मेल' को 'नवरत्न' का दर्जा पिछले सप्ताह ही प्रदान किया गया है. इन कम्पनियों के निदेशक मंडलों में स्वतंत्र निदेशकों की संख्या निर्धारित संख्या से कम है. महारत्न कम्पनियों को प्राप्त अधिकारों का इस्तेमाल करने के लिए इन दोनों कम्पनियों को अपने निदेशक मंडलों में स्वतंत्र निदेशकों की संख्या में वांछित वृद्धि करनी होगी. 'मेल' व 'गेल' को महारत्न का दर्जा प्रदान किए जाने से देश में महारत्न कम्पनियों की संख्या 5 से बढ़कर 7 नहीं हुई है, वहीं नवरत्न कम्पनियों की संख्या 16 से घटकर 14 रह गई है. 68 अन्य कम्पनियों को मिनीरत्न कम्पनी का दर्जा फरवरी 2013 के अंत में प्राप्त था.

भारत की 7 महारत्न कम्पनियाँ

(फरवरी 2013 के अन्त की स्थिति)

- भारतीय इस्पात प्राधिकरण (SAIL)
- तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ONGC)
- भारतीय तेल निगम (IOC)
- राष्ट्रीय ताप विद्युत् निगम (NTPC)
- कोल इंडिया लि. (CIL)
- भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लि. (BHEL)
- गेल (इंडिया) लि.

14 नवरत्न कम्पनियाँ

(फरवरी 2013 के अन्त तक की स्थिति)

- भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. (BPCL)
- ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लि. (REC)
- हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. (HPCL)
- नेशनल एल्यूमिनियम कम्पनी (NALCO)
- महानगर टेलीफोन निगम लि. (MTNL)
- पॉवर फाइनेन्स कॉर्पोरेशन (PFC)
- भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि. (BEL)
- भारतीय नौवहन निगम (SCI)
- हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लि. (HAL)
- ऑइल इण्डिया लि. (OIL)

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

- पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लि. (PGCIL)
- राष्ट्रीय इस्पात निगम लि. (RINL)
- राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (NMDC)
- नेवेली लिग्नाइट लि. (NLL)

● **डीजल के मूल्य निर्धारण की तेल विपणन कम्पनियों को आंशिक छूट**

पेट्रोलियम सब्सिडी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सरकार ने पेट्रोल के पश्चात् अब डीजल का मूल्य निर्धारण भी अब तेल विपणन कम्पनियों के हाथों में सशर्त सौंप दिया है. तेल विपणन कम्पनियों को डीजल मूल्य में वृद्धि की जो छूट सरकार ने प्रदान की है, उसके तहत् थोक क्रेताओं के लिए डीजल का बाजार आधारित मूल्य निर्धारण की पूरी छूट कम्पनियों को जहाँ मिल गई है, वहीं खुदरा मूल्य के मामले में तेल कम्पनियाँ प्रति माह अधिकतम 50 पैसे प्रति लिटर की वृद्धि ही डीजल के मूल्य में कर सकेंगी. खुदरा बिक्री के मामले में तेल विपणन कम्पनियों को मिली छूट सीमित होने के बावजूद धीरे-धीरे डीजल के खुदरा मूल्य बाजार आधारित हो सकेंगे तथा इन पर देय सब्सिडी का बोझ कम हो सकेगा.

डीजल मूल्य निर्धारण की छूट मिलने के बाद थोक क्रेताओं के लिए डीजल के मूल्य में लगभग ₹ 10 प्रति लिटर की भारी वृद्धि हो सकेगी. 'वैट' व अन्य कर-उपकर मिलाकर मूल्य में प्रभावी वृद्धि इससे अधिक होगी. इससे रेलवे व रोडवेज आदि थोक क्रेताओं पर भारी वित्तीय भार पड़ेगा. इस स्थिति से निपटने के लिए कुछेक राज्यों में रोडवेज ने अपनी बसों के लिए डीजल थोक की बजाय रिटेल में खरीदने की घोषणा की है, जबकि रेलवे के पास इससे बचाव का कोई रास्ता नहीं है. रेलवे की डीजल की सालाना जरूरत लगभग 250 करोड़ लिटर की है, जिससे उस पर पड़ने वाला अतिरिक्त भार लगभग ₹ 2700 करोड़ का होगा. रेलवे ने अपनी वित्तीय स्थिति सुधारने के लिए यात्री किरायों में भारी वृद्धि जनवरी 2013 में की है, जिससे ₹ 12000 करोड़ की अतिरिक्त राजस्व प्राप्ति का अनुमान रेलवे का है. इसका लगभग एक-चौथाई भाग उसे अब डीजल के अतिरिक्त मूल्य के रूप में खर्च करना होगा.

● **संसद की मंजूरी के पश्चात् खुदरा क्षेत्र में एफडीआई की बाधा दूर**

मल्टी ब्रांड खुदरा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) के मामले में विपक्ष द्वारा अटकाया जा रहा रोड़ा हटाने में सरकार को सफलता दिसम्बर 2012 में उस समय मिली जब एफडीआई के विरोध में विपक्ष की नेता सुषमा स्वराज द्वारा संसद में चर्चा के लिए लाया गया प्रस्ताव दोनों ही सदनों में खारिज हो गया. इससे इस क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के लिए मार्ग प्रशस्त हो गया है. इस मामले में विवाद का हो हल्ला एक बार पुनः बाद में उस समय हुआ जब अमरीकी मीडिया में प्रकाशित एक रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ कि इस मामले में लॉबिंग के लिए 125 करोड़ रुपए वॉलमार्ट द्वारा खर्च किए गए. इस मामले में किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश से जाँच कराने का आश्वासन सरकार ने संसद में दिया है.

● **नई राष्ट्रीय दवा मूल्य नीति को मंत्रिमण्डल की मंजूरी**

केन्द्र सरकार ने नई दवा मूल्य नीति को मंजूरी 22 नवम्बर, 2012 को प्रदान की है. इस नीति को अन्तिम रूप देने के लिए 27 नवम्बर, 2012 की समय सीमा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक माह पूर्व निर्धारित की गई थी. यह समय सीमा समाप्त होने से पूर्व ही इस नीति का अनुमोदन सरकार ने कर दिया है. नई नीति के चलते अब 348 आवश्यक दवाएं मूल्य नियंत्रण के दायरे में आ जाएंगी जिससे इनकी कीमतों में कमी होने की सम्भावना है. इससे पूर्व राष्ट्रीय दवा मूल्य प्राधिकरण (NPPA) के जरिए 74 बल्क दवाओं और उनके फार्मूलेशंस का मूल्य ही सरकार निर्धारित करती थी.

2013 को नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस को वाई-फाई से लैस किया. इससे यात्रियों को 4 MBPs की डाउनलोडिंग स्पीड प्राप्त हो सकेगी. राजधानी व शताब्दी एक्सप्रेस जैसी कुछ अन्य सुपरफास्ट रेलगाड़ियों में भी यह सुविधा इसी वित्त वर्ष में उपलब्ध कराने की घोषणा रेल मंत्री ने की है. रेलवे द्वारा फिलहाल यह सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई गई है, किन्तु बाद में इसके लिए कुछ शुल्क भी रेलवे द्वारा निर्धारित किया जा सकता है. रेलगाड़ियों में वाई-फाई सुविधा टेक्नोसैट.कॉम के सहयोग से शुरू की गई है.

● **जैट एयरवेज की 24 प्रतिशत हिस्सेदारी एतिहाद एयरवेज को बेचने का समझौता**

भारत की जैट एयरवेज ने आबू धाबी की एतिहाद एयरवेज के साथ भागीदारी के एक समझौते की घोषणा अप्रैल 2013 में की है. इसके तहत् जैट की 24 प्रतिशत हिस्सेदारी एतिहाद द्वारा ₹ 2058 करोड़ में खरीदी जाएगी. इसके लिए जैट एयरवेज के 2·73 करोड़ शेयर ₹ 754·74 प्रति शेयर की दर से प्राथमिकता के आधार पर एतिहाद को जारी किए जाएंगे. यह कीमत जैट के शेयरों के तत्कालीन बाजार मूल्य से लगभग 30 प्रतिशत अधिक है. इस बिक्री के बाद भी जैट एयरवेज की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी व कम्पनी पर नियंत्रण नरेश गोयल का बना रहेगा.

चीनी उद्योग को नियन्त्रणमुक्त करने के सम्बन्ध में रंगराजन समिति की सिफारिशें

लम्बे समय से सरकार के कठोर नियन्त्रणाधीन चल रहे चीनी उद्योग के अब नियन्त्रणमुक्त होने की सम्भावना है. इस उद्योग को नियन्त्रणमुक्त करने से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर विचार के लिए प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् (PMEAC) के अध्यक्ष डॉ. सी. रंगराजन की अध्यक्षता में एक समिति का गठन सरकार ने जनवरी 2012 में किया था. समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को 12 अक्टूबर, 2012 को सौंपी है.

समिति के सुझाव एक दृष्टि में

- *चीनी की लेवी व्यवस्था समाप्त की जाए.*
- *राशन की दुकानों के लिए वितरण हेतु चीनी राज्य सरकारें खुले बाजार से ही क्रय करें तथा इसके लिए सब्सिडी सीधे राज्य सरकारों को केन्द्र द्वारा उपलब्ध कराई जाए.*
- *गन्ना क्षेत्र के आरक्षण की व्यवस्था समाप्त की जाए.*
- *किन्हीं दो चीनी मिलों के बीच न्यूनतम दूरी का प्रतिबन्ध समाप्त किया जाए.*
- *चीनी के बाई-प्रोडक्ट्स का मूल्य बाजार आधारित हो.*
- *सीमेंट की तरह चीनी के मामले में भी जूट की बोरियों में पैकिंग की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए.*

परिवहन एवं संचार

● **नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस वाई-फाई सुविधा वाली भारत की पहली रेलगाड़ी**

रेल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए रेलगाड़ियों में इंटरनेट सुविधा की शुरुआत अब रेलवे ने की है. इसकी शुरुआत फिलहाल नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस से की गई है. पायलट प्रोजेक्ट के तहत् तत्कालीन रेल मंत्री पवन बंसल ने 2 अप्रैल,

● **यात्री गाड़ियों में आरक्षण अब 60 दिन पूर्व**

रेलगाड़ियों में आरक्षण अब यात्रा की तिथि से अधिकतम दो माह पूर्व कराया जा सकेगा. यह समय सीमा पहले चार माह थी, जिसे 1 मई, 2013 से घटाकर 2 माह किया गया है. इस मामले में रेलवे का अब यह मानना है कि अधिकांश रेल यात्री अपनी यात्रा की योजना दो माह के भीतर ही बना पाते हैं, किन्तु बुकिंग 120 दिन पहले खुल

जाने के कारण टिकटों की कालाबाजारी करने वाले इसे बुक करा लेते हैं और बाद में इन टिकटों को अधिक मूल्य पर बेचते हैं.

देश में पहला महिला डाकघर नई दिल्ली में स्थापित : पहला महिला बैंक नवम्बर तक खुलने की सम्भावना

देश में पहला महिला डाकघर नई दिल्ली में शास्त्री भवन में मार्च 2013 में स्थापित किया गया है. 8 मार्च, 2013 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इसका उद्घाटन संचार व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री कपिल सिब्बल ने किया. इसका परिचालन पूरी तरह से महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा. इस तर्ज का देश में यह पहला ऐसा डाकघर है. आने वाले दिनों में ऐसे और महिला डाकघरों की स्थापना की घोषणा संचार मंत्री कपिल सिब्बल ने इस अवसर पर की है.

महिला डाकघरों की स्थापना के साथ-साथ पूरी तरह से महिलाओं द्वारा संचालित बैंक की स्थापना की भी सरकार की योजना है. चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए बजट प्रस्तुत करते समय अपने बजट भाषण में देश में 'महिला बैंक' की स्थापना का प्रस्ताव वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम् ने किया था. यह बैंक नवम्बर 2013 तक शुरू होने की सम्भावना बाद में पत्रकारों के साथ बातचीत में वित्तमंत्री चिदम्बरम ने व्यक्त की है. इस बैंक की प्रारम्भिक पूँजी के लिए ₹ 1000 करोड़ का प्रावधान 2013-14 के बजट में किया गया है. बैंक के लिए आवश्यक लाइसेंस अक्टूबर 2013 तक प्राप्त हो जाने की सम्भावना वित्त मंत्री ने व्यक्त की है. प्रारम्भ में बैंक की छः शाखाएँ विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित की जाएंगी.

- **निष्क्रिय सिमों को रद्द करने व नए सिम जारी करने में कड़ाई के चलते देश में टेलीडेंसिटी घटी**

दिसम्बर 2012 के अन्त में देश में टेलीफोन परिदृश्य के आँकड़े केन्द्रीय संचार मंत्रालय द्वारा 11 फरवरी, 2013 को जारी किए गए. इन आँकड़ों के अनुसार देश में टेलीफोन कनेक्शनों की संख्या में विगत वर्षों में तीव्रगति से हो रही वृद्धि फिलहाल थम गई है. नए 'सिम' प्रदान करने में बर्ती जा रही कड़ाई तथा निष्क्रिय 'सिमों' को रद्द करने की कुछेक कम्पनियों की कार्यवाहियों के चलते दिसम्बर 2012 में देश में टेलीफोन उपभोक्ताओं की कुल संख्या घटी है. यह कमी शहरी व ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में दर्ज की गई है. उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार दिसम्बर 2012 में देश में टेलीफोन उपभोक्ताओं की कुल संख्या 89·551 करोड़ रह गई थी. जो एक माह पूर्व नवम्बर 2012 के अन्त में 92·147 करोड़ थी. सन्दर्भित अवधि में शहरी क्षेत्रों में उपभोक्ताओं की संख्या 57·778 करोड़ से घटकर जहाँ 55·696 करोड़ रह गई थी, ग्रामीण क्षेत्रों में यह 34·369 करोड़ से घटकर 33·854 करोड़ रह गई थी. टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या में इस कमी के चलते देश में टेलीडेंसिटी दिसम्बर 2012 के अन्त में 73·34 रह गई थी, जो एक माह पूर्व नवम्बर 2012 के अन्त में 75·55 थी.

टेलीफोन सम्बन्धी आँकड़े एक दृष्टि में

(31 दिसम्बर, 2012)

	वायरलैस	वायरलाइन	योग
टेलीफोन कनेक्शनों की कुल संख्या (करोड़ में)	86·472	3·079	89·551
शहरी उपभोक्ता	53·312	2·384	55·696
ग्रामीण उपभोक्ता	33·160	0·695	33·854
टेलीडेंसिटी	70·82	2·52	73·34
शहरी क्षेत्र में	143·48	6·42	149·90
ग्रामीण क्षेत्र में	39·04	0·82	39·85
कुल टेलीफोन उपभोक्ताओं में शहरी उपभोक्ताओं का प्रतिशत	61·65	77·43	62·20
ग्रामीण उपभोक्ताओं का प्रतिशत	38·35	22·57	37·80

इन आँकड़ों के अनुसार दिसम्बर 2012 के अन्त में देश में टेलीडेंसिटी शहरी क्षेत्रों में 149·90 व ग्रामीण क्षेत्रों में 39·85 थी. टेलीफोन उपभोक्ताओं में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं का प्रतिशत दिसम्बर 2012 के अन्त में क्रमशः 62·20 प्रतिशत व 37·80 प्रतिशत मंत्रालय की इस रिपोर्ट में बताया गया है. रिपोर्ट के अनुसार दिसम्बर 2012 के अन्त में टेलीडेंसिटी का राष्ट्रीय औसत जहाँ 73·34 था, वहीं सर्वाधिक टेली-डेंसिटी (220·00) दिल्ली में थी. इस मामले में दूसरा, तीसरा व चौथा स्थान क्रमशः तमिलनाडु (टेलीडेंसिटी 109·6) हिमाचल प्रदेश (102·76), पंजाब (101·92) व केरल (100·78) का था. दिसम्बर 2012 के अंत में सबसे कम टेलीडेंसिटी असम में 46·50 थी. बिहार (46·53), मध्य प्रदेश (52·23) व उत्तर प्रदेश (56·23) के स्थान इसके बाद थे.

मंत्रालय के इन आँकड़ों के अनुसार दिसम्बर 2012 के अन्त में देश में ब्रॉड बैंड कनेक्शनों की कुल संख्या 1·498 करोड़ थी, जो एक माह पूर्व नवम्बर 2012 के अन्त में 1·488 करोड़ थी. ब्रॉडबैंड कनेक्शनों की संख्या में 12·62 प्रतिशत की वृद्धि वर्ष 2012 में दर्ज की गई. दिसम्बर 2012 के अंत में देश में इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स (ISPs) की कुल संख्या 160 थी. मार्केट शेयर के आधार पर इनमें पाँच अग्रणी सेवा प्रदाता क्रमशः बीएसएनएल (उपभोक्ताओं की संख्या 99 लाख), भारती एयरटेल (13·9 लाख), एमटीएनएल (10·6 लाख), हैथवे (3·7 लाख) व यू ब्रॉडबैंड (2·9 लाख) थे.

- **पाँच अन्य हवाई अड्डों को अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का दर्जा**

नागरिक उड्डयन मंत्रालय के प्रस्ताव पर पाँच घरेलू हवाई अड्डों को अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का दर्जा केन्द्र सरकार ने अक्टूबर 2012 में प्रदान किया है. **इन हवाई अड्डों में उत्तर प्रदेश के लखनऊ व वाराणसी के अतिरिक्त दक्षिण भारत के तिरुचिरापल्ली, कोयम्बटूर व मंगलूर हवाई अड्डे शामिल हैं.** इन्हें अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों का दर्जा प्रदान करने का फैसला केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की 4 अक्टूबर, 2012 की बैठक में किया गया. इससे देश में अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों की कुल संख्या अब 23 हो गई है. इनकी सूची निम्नलिखित है–

वीर सावरकर अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	पोर्ट ब्लेयर
राजीव गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	हैदराबाद
लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	गुवाहाटी
इन्दिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	नई दिल्ली
डबोलिम हवाई अड्डा	गोवा
सरदार वल्लभ भाई पटेल अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	अहमदाबाद
श्रीनगर हवाई अड्डा	श्रीनगर
बंगलुरु अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	बंगलुरु
मंगलौर अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	मंगलौर
कोचीन अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	कोच्चि
कालीकट अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	कोझीकोड
त्रिवेन्द्रम अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	तिरुवनंतपुरम्
देवी अहिल्याबाई होल्कर अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	इन्दौर
छत्रपति शिवाजी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	मुम्बई
डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	नागपुर
श्री गुरु रामदासजी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	अमृतसर

sscexamonline.blogspot.com

जयपुर अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	जयपुर
अन्ना अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	चेन्नई
कोयम्बटूर अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	कोयम्बटूर
तिरुचिरापल्ली अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	तिरुचिरापल्ली
चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	लखनऊ
लाल बहादुर शास्त्री अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	वाराणसी
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	कोलकाता

- **2 जी स्पेक्ट्रम आवंटन नीलामी से राजस्व प्राप्ति लक्ष्य से काफी कम**

दूरसंचार कम्पनियों को 2जी स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए नीलामी की प्रक्रिया सरकार द्वारा नवम्बर 2012 में अपनाई गई, किन्तु इसमें वांछित राशि सरकार को प्राप्त नहीं हो सकी. इस बोली के लिए सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षित मूल्य (Reserve Price) को काफी ऊँचा मानते हुए दूरसंचार कम्पनियों ने इस ऑफर के प्रति उत्साह प्रदर्शित नहीं किया. 1·25 - 1·25 मेगाहर्ट्ज के कुल 176 ब्लॉक्स के आवंटन हेतु बोलियाँ सरकार द्वारा आमंत्रित की गई थीं. इनमें से केवल 101 ब्लॉक्स के लिए ही बोलियाँ सरकार को इस ऑफर के तहत् प्राप्त हुईं. दिल्ली, मुम्बई, कर्नाटक व राजस्थान सर्किल्स के लिए एक भी बोली इस बार प्रस्तुत नहीं की गई. अखिल भारतीय लाइसेंस के लिए पाँच मेगाहर्ट्ज के स्पेक्ट्रम के लिए ₹ 14000 करोड़ का आरक्षित मूल्य सरकार द्वारा तय किया गया था. ऊँचे आरक्षित मूल्य के चलते किसी भी कम्पनी ने इस लाइसेंस के लिए बोली नहीं प्रस्तुत की. दो दिन चली इस नीलामी के तहत् स्पेक्ट्रम आवंटन से कुल ₹ 9406·7 करोड़ सरकार को प्राप्त होंगे, जबकि लक्ष्य ₹ 28000 करोड़ की राजस्व प्राप्ति का था. इससे पूर्व 2010 में 3जी स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए की गई नीलामी में ₹ 67,719 करोड़ का राजस्व सरकार को प्राप्त हुआ था.

नवम्बर 2012 की ताजा नीलामी में वोडाफोन ने सर्वाधिक 14 सर्किल्स में स्पेक्ट्रम हासिल किए हैं, जबकि आइडिया को 7 सर्किल्स में अतिरिक्त स्पेक्ट्रम मिले हैं. वीडियोकॉन व टेलीनॉर को 6-6 मण्डलों (Circles) में स्पेक्ट्रम इस नीलामी में हासिल हुए हैं. इन दोनों कम्पनियों को मिले सर्किल वह हैं, जो इन कम्पनियों को 2008 में मिले थे तथा जो सर्वोच्च न्यायालय के फरवरी 2012 के एक फैसले के चलते रद्द कर दिए गए थे.

नवम्बर 2012 में 2जी स्पेक्ट्रम नीलामी के तहत् विभिन्न कम्पनियों को मिले सर्किल व इसके लिए कम्पनियों द्वारा चुकाई जाने वाली राशियाँ

कम्पनी व इसे मिले सर्किल्स की संख्या	सर्किल	बोली की राशि (₹ करोड़ में)
टेलीनॉर (6)	आन्ध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश (ईस्ट), उत्तर प्रदेश (वेस्ट)	4018·0
भारती एयरटेल (1)	असम	8·7
वोडाफोन (14)	असम, बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पूर्वोत्तर, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश (ईस्ट), उत्तर प्रदेश (वेस्ट), प. बंगाल	1128·0
आइडिया (7)	असम, जम्मू-कश्मीर, कोलकाता, पूर्वोत्तर, ओडिशा, तमिलनाडु, प. बंगाल	2031·0
वीडियोकॉन (6)	बिहार, गुजरात, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश (ईस्ट), उत्तर प्रदेश (वेस्ट)	2221·0
	योग	9406·7

राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक नीति–2012 को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की मंजूरी

केन्द्र सरकार की नई इलेक्ट्रॉनिक नीति-2012 (National Policy on Electronics 2012) को अन्तिम रूप दे दिया गया है. इस नीति का मसौदा (Draft) सरकार ने पहले ही जारी कर दिया था. जिस पर विभिन्न पक्षों की प्रतिक्रियाएं जानने के पश्चात् नीति को अन्तिम रूप दिया गया तथा केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की 26 अक्टूबर, 2012 की बैठक में इसे मंजूरी प्रदान की गई है. ***इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन एण्ड मैन्यूफैक्चरिंग*** *(ESDM) को सशक्त कर वर्ष 2020 तक देश में इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर मैन्युफैक्चरिंग सेगमेंट का टर्नओवर 400 अरब डॉलर का करने का लक्ष्य राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक नीति 2012 में निर्धारित किया गया है. इसके लिए 100 अरब डॉलर के निवेश की आवश्यकता होगी तथा विभिन्न स्तरों पर रोजगार के 28 मिलियन (2·8 करोड़) अवसर सृजित हो सकेंगे.*

नई राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक नीति 2012 के प्रमुख लक्ष्य निम्नलिखित हैं–

- *वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्द्धी 'इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन एण्ड मैन्युफैक्चरिंग (ESDM) तंत्र की स्थापना.*
- *रॉ मैटीरियल्स की घरेलू आपूर्ति को 20–25 प्रतिशत के मौजूदा स्तर से बढ़ाकर 2020 तक 60 प्रतिशत करना.*
- *ईएसडीएम सेक्टर का सालाना निर्यात 5·5 अरब डॉलर के मौजूदा स्तर से बढ़ा कर 2020 तक 80 अरब डॉलर करना.*
- *ईएसडीएम सेक्टर हेतु दक्ष 'मैन पॉवर' तैयार करना. इसके लिए स्नातकोत्तर शिक्षा का विस्तार तथा 2020 तक प्रतिवर्ष डॉक्टरेट की 250 उपाधियाँ प्रदान करना.*
- *उच्च मानकों के विकास हेतु सुदृढ़ संस्थागत तंत्र का विकास करना.*
- *ईएसडीएम सेक्टर तथा सामरिक व अन्य आधारिक संरचना क्षेत्रों के बीच दीर्घकालिक सहभागिता स्थापित करना.*
- *ईएसडीएम सेक्टर में बौद्धिक सम्पत्ति (Intellectual Property) के सृजन में ग्लोबल लीडर बनना.*
- *ग्रामीण क्षेत्रों की जरूरतों सहित देश की घरेलू जरूरतों के साथ-साथ अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों की जरूरतों के लिए उचित मूल्यों पर उपलब्धि के लिए समुचित प्रौद्योगिकी का विकास करना.*
- *ई-वेस्ट मैनेजमेंट के लिए सर्वश्रेष्ठ तकनीकों को अपनाने के कार्य में तेजी लाना.*

अन्तर्राष्ट्रीय संगठन

- **दक्षेस ने विकास लक्ष्यों की सीमा 2015 तक बढ़ाई**

8 देशों के समूह 'दक्षेस' (SAARC) ने अपने विकास लक्ष्यों (SAARC Development Goals—SDGs) को प्राप्त करने के लिए समय सीमा 2012 निर्धारित की हुई थी. यह लक्ष्य प्राप्त न हो पाने के कारण इनके लिए समय सीमा को पुनर्निर्धारित कर 2015 किया गया है. समय सीमा में वृद्धि का फैसला 5 अप्रैल, 2013 को काठमांडू में दक्षेस की मंत्रिस्तरीय बैठक में किया गया यह सार्क डेवलपमेंट गोल्स संयुक्त राष्ट्र संघ के 8 'मिलेनियम डेवलपमेंट गोल्स' की तर्ज पर निर्धारित 22 लक्ष्य हैं, जो लाइवलीहुड, हैल्थ, एजुकेशन व एन्वायरमेंट चार वर्गों में विभाजित हैं.

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com

आर्थिक नियोजन

- **बारहवीं पंचवर्षीय योजना के अन्तिम ड्राफ्ट प्लान को स्वीकृति**

योजना आयोग की संस्तुति पर राष्ट्रीय विकास परिषद् (NDC) ने देश की 12वीं पंचवर्षीय योजना में सकल घरेलू उत्पाद में वार्षिक वृद्धि का लक्ष्य 8·2 प्रतिशत से घटाकर 8·0 प्रतिशत कर दिया है. इस संशोधन के साथ 12वीं योजना के दस्तावेज को राष्ट्रीय विकास परिषद् की प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की अध्यक्षता में 27 दिसम्बर, 2012 को नई दिल्ली में सम्पन्न बैठक में स्वीकार किया गया.

बारहवीं योजना (2012–17) के लिए 8 प्रतिशत विकास दर के लक्ष्य के अनुरूप अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के संवृद्धि लक्ष्य निम्नलिखित प्रकार हैं.

(अ) 1. कृषि, वानिकी एवं मत्स्यपालन	4·0%
(ब) उद्योग (2 से 5)	7·6%
2. खनन एवं उत्खनन	5·7%
3. विनिर्माण	7·1%
4. विद्युत, गैस एवं जलापूर्ति	7·3%
5. निर्माण	9·1%
(स) सेवाएं (6 से 9)	9·0%
6. व्यापार, होटल एवं रेस्तरां	7·4%
7. परिवहन, भण्डारण एवं संचार	11·8%
8. वित्तीयन, बीमा, स्थावर सम्पदा एवं व्यावसायिक सेवाएं	9·9%
9. सामुदायिक, सामाजिक एवं वैयक्तिक सेवाएं	7·2%

बारहवीं योजना के दौरान (2004-05 के मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में)

(i) सकल घरेलू बचत दर	33·6%
(ii) निवेश दर	38·8%
बारहवीं योजना में सार्वजनिक क्षेत्रक का कुल परिव्यय करोड़	₹ 7669807
ग्यारहवीं योजना से % वृद्धि	108·59%

बारहवीं योजना का दृष्टिपथ (Vision)
त्वरित, सम्पोषणीय एवं अधिक समावेशी संवृद्धि

बारहवीं योजना के मूलभूत 25 सूचक

आर्थिक संवृद्धि

1. वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद संवृद्धि दर–8 प्रतिशत
2. कृषि विकास दर–4·00 प्रतिशत
3. विनिर्माणी विकास दर–10·00 प्रतिशत
4. प्रत्येक राज्य में बारहवीं योजना के दौरान औसत विकास दर प्राथमिकता के साथ ग्यारहवीं योजना में प्राप्त विकास दर से अधिक हो.

निर्धनता एवं रोजगार

5. बारहवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक उपभोग निर्धनता अनुपात में इससे पूर्व के अनुमानों की तुलना में 10 प्रतिशतांक की कमी लाना
6. बारहवीं योजना में गैर-कृषि क्षेत्रक में 5 करोड़ नवीन रोजगार अवसर सृजित करना तथा इतने ही लोगों को कौशल प्रमाण-पत्र प्रदान करना.

शिक्षा

7. बारहवीं योजना के अन्त तक विद्यालय जाने के माध्य वर्षों की संख्या को बढ़ाकर सात वर्ष करना.
8. अर्थव्यवस्था के लिए कौशल आवश्यकताओं के अनुरूप प्रत्येक आयु जनसंख्या वर्ग के लिए 20 लाख अतिरिक्त सीटों के सृजन के साथ उच्च शिक्षा तक पहुँच को बढ़ाया.
9. बारहवीं योजना के अन्त तक विद्यालयों में लैंगिक एवं सामाजिक अन्तराल समाप्त करना (बालकों एवं बालिकाओं के बीच; अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, मुसलमानों एवं शेष जनसंख्या के बीच).

स्वास्थ्य

10. बारहवीं योजना के अन्त तक शिशु मृत्यु दर को घटाकर 25 तथा मातृत्व मृत्यु दर को 1 प्रति 1000 जीवित जन्म तक घटाना एवं बाल लिंगानुपात (0–6 वर्ष) को बढ़ाकर 950 करना.
11. बारहवीं योजना के अन्त तक कुल प्रजनन दर को घटाकर 2·1 करना.
12. बारहवीं योजना के अन्त तक 0–3 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के अल्प-पोषण को राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण–3 के स्तर से आधे स्तर पर लाना.

अधोरचना, ग्रामीण अधोरचना सहित

13. बारहवीं योजना के अन्त तक अधोरचना में निवेश को बढ़ाकर सकल घरेलू उत्पाद के 9 प्रतिशत के स्तर पर लाना.
14. बारहवीं योजना के अन्त तक सकल सिंचित क्षेत्र को 90 मिलियन हेक्टेयर से बढ़ाकर 103 मिलियन हेक्टेयर करना.
15. बारहवीं योजना के अन्त तक सभी गाँवों तक बिजली पहुँचाना तथा AT2 C हानियों को घटाकर 20 प्रतिशत के स्तर पर लाना.
16. बारहवीं योजना के अन्त तक सभी गाँवों को सभी मौसमों के लिए अनुकूल सड़कों से जोड़ना.
17. बारहवीं योजना के अन्त तक राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय राजमार्गों को न्यूनतम 2 लेन मानक के अनुरूप उच्चीकृत करना.
18. बारहवीं योजना के अन्त तक पूर्वी एवं पश्चिमी समर्पित माल भाड़ा गलियारों को पूरा करना.
19. बारहवीं योजना के अन्त तक ग्रामीण टेली सघनता को बढ़ाकर 70 प्रतिशत तक करना.
20. यह सुनिश्चित करना कि बारहवीं योजना के अन्त तक 50 प्रतिशत ग्रामीण जनसंख्या को 40 लिटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन तक स्वच्छ पेयजल की पाइपों द्वारा हो तथा 50 प्रतिशत ग्राम पंचायतें निर्मल ग्राम का दर्जा प्राप्त कर लें.

पर्यावरण एवं सम्पोषणीयता

21. बारहवीं योजना के अन्त तक हरित आच्छादन (Green Cover) (उपग्रह चित्र से मापित) प्रतिवर्ष 10 लाख हेक्टेयर के हिसाब से वृद्धि करना.
22. बारहवीं योजना में 30000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ना
23. सन् 2020 तक सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन सघनता में 2005 के स्तर से 20 से 25 प्रतिशत तक की कमी लाना.

सेवा वितरण

24. बारहवीं योजना के अन्त तक 90 प्रतिशत भारतीय परिवारों तक बैंकिंग सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना.
25. बारहवीं योजना के अन्त तक आधार प्लेटफार्म से सम्बद्ध बैंक खातों में अधिकांश सब्सिडियों एवं कल्याण सम्बद्ध लाभार्थी भुगतानों को प्रत्यक्ष नकदी हस्तान्तरण प्रणाली द्वारा हस्तान्तरित करना.

विविध

- **शारदा ग्रुप के चिट फण्ड घोटाले में वित्त मंत्री चिदम्बरम् की पत्नी पर भी उंगली उठाई गई**

आकर्षक योजनाओं के जरिए भोले-भाले निवेशकों को ठगने के ₹ 30 हजार करोड़ के चिट फण्ड घोटाले में फँसे प. बंगाल के शारदा ग्रुप के मालिक सुदीप्तो सेन ने केन्द्रीय वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम् की अधिवक्ता पत्नी नलिनी को भी इस घोटाले के चक्रव्यूह में फँसाने का प्रयास किया है. सीबीआई को लिखे एक पत्र में उन्होंने नलिनी चिदम्बरम् को भी फँसाने का प्रयास किया है. शारदा समूह पर लगे आरोपों व इससे हुए लाखों निवेशकों को हुई हानि की जाँच सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टीगेशन ऑफिस (CFIO) से कराने के आदेश सरकार ने दिए हैं.

- **बैंक ऑफ बड़ौदा की केवल महिलाकर्मियों वाली उत्तर प्रदेश में पहली शाखा**

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने उत्तर प्रदेश में कानपुर में एक ऐसी शाखा का शुभारम्भ मार्च 2013 में किया है, जिसमें कार्य करने वाली सभी महिलाएं हैं. उत्तर प्रदेश में इस किस्म की यह पहली शाखा है.

स्टैण्डर्ड एण्ड पूअर्स ने भारत की क्रेडिट रेटिंग निम्न स्तर पर बरकरार रखी : अति घातक हो सकते हैं नीची क्रेडिट रेटिंग के दुष्परिणाम

राजकोषीय घाटे व चालू खाते के घाटे के उच्च स्तर पर बने रहने के चलते अन्तर्राष्ट्रीय क्रेडिट रेटिंग एजेंसी 'स्टैण्डर्ड एण्ड पूअर्स' (S&P) ने ऋणों के मामले में भारत की क्रेडिट रेटिंग को मई 2013 में BBB(–) के निम्न स्तर पर बरकरार रखा है तथा इसमें अपेक्षित सुधार नहीं किया है. आर्थिक सुधारों के अपेक्षा से कम गति से बने रहने के चलते आर्थिक वृद्धि दर में भी यदि अपेक्षित सुधार नहीं होता है, तो अपनी इस रेटिंग को और अधिक घटाने की चेतावनी भी स्टैण्डर्ड एण्ड पूअर्स ने मई 2013 में दी है.

उल्लेखनीय है कि ***अन्तर्राष्ट्रीय क्रेडिट रेटिंग एजेन्सियों द्वारा क्रेडिट रेटिंग घटाए जाने के कई दुष्परिणाम सम्बन्धित देश को झेलने पड़ते हैं.*** *इससे विदेशों से अपेक्षाकृत ऊँची दर से ऋण प्राप्त हो पाते हैं तथा इन ऋणों के लिए कड़ी शर्तों का भी सामना सम्बन्धित देश को करना पड़ता है. क्रेडिट रेटिंग घटने से विदेशी पूँजी का भी पलायन होने लगता है तथा नए विदेशी निवेश घटते हैं, जिससे विकास दर अवरुद्ध होती है, चालू खाते के घाटे में वृद्धि होती है तथा अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में स्वदेशी मुद्रा कमजोर होती है. इससे आयातों के लिए स्वदेशी मुद्रा में अधिक मूल्य चुकाना पड़ता है. विदेशी पूँजीगत सामान व आयातित तेल की कीमतों में वृद्धि से मुद्रास्फीति को बढ़ावा मिलता है, जिससे बचतों व पेंशन प्राप्तियों आदि का वास्तविक मान घटता है. यह सभी कारक अर्थव्यवस्था के लिए घातक हो सकते हैं.*

- **उत्तर प्रदेश में एक ही दिन में बैंकों की 300 शाखाओं का उद्घाटन**

उत्तर प्रदेश में 29 मार्च, 2013 को एक ही दिन में 9 सरकारी बैंकों की 300 विभिन्न शाखाओं का उद्घाटन वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम् ने किया. लखनऊ से ही मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की उपस्थिति में यह उद्घाटन उन्होंने किया.

- **किसानों के ऋण माफी की यूपीए सरकार की वर्ष 2008 की योजना में गड़बड़ियों का 'कैग' रिपोर्ट में खुलासा.**

नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक (Comptroller and Auditor General—CAG)—की संसद में 5 मार्च, 2013 को प्रस्तुत एक रिपोर्ट में केन्द्र सरकार की वर्ष 2008 की किसानों की कर्जमाफी योजना (Agricultural Debt Waiver and Debt Relief Scheme) में भारी गड़बड़ियों का खुलासा किया गया है. ऋणग्रस्त किसानों को राहत पहुँचाने के लिए इस योजना की घोषणा 2008-09 के बजट में की गई थी तथा 2009 के संसदीय चुनावों के समय यूपीए सरकार की प्रमुख उपलब्धियों में इसका प्रचार किया गया था. इस योजना के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में संसद में प्रस्तुत 'कैग' (CAG) रिपोर्ट में बताया गया है कि ₹ 52,000 करोड़ की इस योजना का लाभ अनेक अपात्र किसानों को भी पहुँचाया गया, जबकि अनेक पात्र किसानों का नाम ऋण देने वाली संस्थाओं ने पात्र लाभार्थियों की सूची में शामिल ही नहीं किया. 'कैग' टीम ने 25 राज्यों में विभिन्न बैंकों की 715 शाखाओं में 90,576 किसानों के खातों का परीक्षण अपनी जाँच में किया. इनमें ऐसे 80,299 किसानों के खाते शामिल थे, जिन्हें योजना का लाभ मिला तथा ऐसे 9,334 किसानों के खाते भी शामिल थे, जिन्हें विभिन्न कारणों से लाभार्थियों की सूची में शामिल नहीं किया गया था. कैग रिपोर्ट में बताया गया है कि लाभ से वंचित किए गए किसानों में से 13·46 प्रतिशत किसान वस्तुतः इसके पात्र थे. रिपोर्ट के अनुसार लाभान्वित किए गए किसानों में से 8·5 प्रतिशत न तो ऋण माफी के लिए पात्र थे और न ही ऋण राहत के लिए. एक अन्य गड़बड़ी के तहत् योजना के ₹ 164·60 करोड़ एक निजी बैंक को माइक्रोफाइनेंस संस्थाओं के लिए उपलब्ध कराने का उल्लेख भी रिपोर्ट में किया गया है.

2-जी स्पेक्ट्रम आवंटन व कोयला ब्लॉक आवंटन में घोटालों के पश्चात् अब ऋण माफी योजना में घोटाले के 'कैग' के खुलासे से केन्द्र सरकार एक बार पुनः मुश्किल में आ गई है. 'कैग' ने अपनी यह रिपोर्ट दिसम्बर 2012 में ही सरकार को सौंप दी थी. इस रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने नाबार्ड तथा रिजर्व बैंक के जरिए गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश भी बैंकों के लिए जारी किए थे. इसके साथ ही, जिन किसानों को गलत तरीके से धन इस योजना के तहत् प्राप्त हुआ, उनसे इस राशि की वसूली के निर्देश भी बैंकों को जारी किए गए थे. 'कैग' की यह रिपोर्ट अब संसद की लोक लेखा समिति (Public Accounts Committee) के पास अध्ययन हेतु जाएगी.

- **बेलआउट पैकेज हेतु साइप्रस ने यूरो जोन की शर्तें स्वीकार कीं**

वित्तीय संकट से जूझ रहे साइप्रस ने काफी तनातनी के पश्चात् यूरो जोन का बेल-आउट पैकेज उसकी शर्तों के साथ स्वीकार कर लिया है. 10 अरब यूरो (13 अरब डॉलर) के राहत पैकेज के बदले उस पर थोपी गई शर्तों को साइप्रस की संसद ने पहले ठुकरा दिया था, किन्तु यूरो जोन के इस अल्टीमेटम के पश्चात् कि इस स्थिति में उसे यूरोजोन से बाहर जाने को तैयार रहना होगा, साइप्रस को झुकना पड़ा है. बेलआउट पैकेज की प्रमुख शर्तों में साइप्रस के बैंकिंग क्षेत्र के आकार में कमी लाने तथा देश के दूसरे बड़े बैंक लाइकी को धीरे-धीरे बन्द करने की शर्तें शामिल हैं. इससे असुरक्षित जमाकर्ताओं को भारी हानि उठानी पड़ेगी.

- **दिल्ली में ई-रिक्शों की बिक्री पर प्रतिबन्ध**

दिल्ली की सड़कों पर इलैक्ट्रिक रिक्शों (E-Rickshaws) की बढ़ती हुई संख्या के चलते दिल्ली परिवहन विभाग ने 250 वोल्ट के ऐसे ई-रिक्शों की बिक्री पर प्रतिबन्ध दिसम्बर 2012 में आरोपित किया है. इन रिक्शों का परिचालन मोटर व्हीकल एक्ट या ऐसे किसी भी कानून द्वारा विनियमित न होने के कारण इनकी बिक्री पर प्रतिबन्ध वहाँ आरोपित किया गया है. ऐसे लगभग 1500 रिक्शे दिल्ली की विभिन्न कॉलोनियों में पहले ही परिचालित हैं.

●●●

नवीन प्रस्तुति
उपकार परीक्षोपयोगी विधि सीरीज-26
सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908
The Code of Civil Procedure, 1908
मुख्य परीक्षा
संघ एवं राज्य लोक सेवा आयोग, न्यायिक सेवा, सहायक अभियोजन अधिकारी आदि परीक्षाओं के लिए उपयोगी
लेखक : अभिनव मिश्र
कोड नं. 2148 मूल्य : ₹ 50/-
वस्तुनिष्ठ एवं वर्णनात्मक प्रश्नोत्तर सहित

उपकार प्रकाशन, आगरा–2
E-mail : care@upkar.in Website : www.upkar.in



दक, प्रकाशक एवं मुद्रक महेन्द्र जैन द्वारा मैसर्स प्रतियोगिता दर्पण के लिए उन्हीं के द्वारा प्रतियोगिता दर्पण (प्रिंटिंग यूनिट) 5 एवं 6 बाई पास रोड, आगरा से मुद्रित एवं 2/11A, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–2 से प्रकाशित

sscexamonline.blogspot.com

प्रतियोगिता दर्पण

के अतिरिक्तांक

टॉपर्स की नजर में



नवीन संस्करण

- ...मैंने भारतीय अर्थव्यवस्था का अंक पढ़ा और प्रारंभिक परीक्षा में उपयोगी पाया. —वंदना
  सिविल सेवा परीक्षा, 2012 में हिन्दी माध्यम से सर्वोच्च स्थान
- ...मैंने अर्थव्यवस्था के अतिरिक्तांक का उपयोग समय के सदुपयोग के लिए किया. —प्रियंका निरंजन
  सिविल सेवा परीक्षा, 2012 में हिन्दी माध्यम से द्वितीय स्थान
- ...मैंने अर्थव्यवस्था का विशेषांक पढ़ा है. यह अपने आप में बेजोड़ एवं तैयारी के क्रम में पठनीय अनिवार्य पुस्तक है.
  —विवेक अग्रवाल
  सिविल सेवा परीक्षा, 2011 में उच्च स्थान पर चयनित
- ...मुझे विशेष रूप से अर्थव्यवस्था के अतिरिक्तांक से बड़े स्तर पर फायदा पहुँचा है. —मनोज कुमार
  आर.ए.एस. परीक्षा, 2010 में सर्वोच्च स्थान
- ...भारतीय अर्थव्यवस्था का अतिरिक्तांक बहुत उपयोगी है.
  —अरविंद कुमार सिंह
  उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. परीक्षा, 2010 में प्रथम स्थान
- ...मैंने सामयिक एवं अर्थव्यवस्था के लिए प्रतियोगिता दर्पण तथा इसके अतिरिक्तांक पढ़े थे, ये पत्रिकाएं सामसामयिकी की तैयारी में योगदान देती हैं. —विवेक कुमार मिश्र
  उत्तर प्रदेश प्रशासनिक सेवा, 2010 में द्वितीय स्थान

purchase online log on to www.pdgroup.in

New Revised & Enlarged Editions

Series-1	Indian Economy (2013)	790	325.00
Series-2	Geography (India & World)	793	245.00
Series-3	Indian History	798	130.00
Series-4	Indian Polity & Governance	797	190.00
Series-5	General Science Vol. 1	814	130.00
Series-6	General Science Vol. 2	818	90.00
Series-7	Current Events Round-up	819	140.00
Series-12	Indian National Movement & Constitutional Development	812	105.00
Series-15	Indian History–Ancient India	804	140.00
Series-16	Indian History–Medieval India	806	140.00
Series-17	Indian History–Modern India	802	130.00
Series-19	New Reasoning Test	826	220.00
Series-22	Political Science	821	225.00
Series-23	Public Administration	824	195.00
Series-24	Commerce	805	230.00
प. सीरीज–1	भारतीय अर्थव्यवस्था (2013)	791	299.00
प. सीरीज–2	भूगोल (भारत एवं विश्व)	792	180.00
प. सीरीज–3	भारतीय इतिहास	795	130.00
प. सीरीज–4	भारतीय राजव्यवस्था एवं शासन	794	165.00
प. सीरीज–5	भारतीय कला एवं संस्कृति	796	125.00
प. सीरीज–6	सामान्य विज्ञान Vol. 1	829	110.00
प. सीरीज–6	सामान्य विज्ञान Vol. 2	830	105.00
प. सीरीज–7	समसामयिक घटनाचक्र	809	80.00
प. सीरीज–9	वस्तुनिष्ठ सामान्य हिन्दी	822	95.00
प. सीरीज–10	बौद्धिक एवं तर्कशक्ति परीक्षा	825	120.00
प. सीरीज–11	समाजशास्त्र	810	130.00
प. सीरीज–12	भारत का राष्ट्रीय आन्दोलन एवं संवैधानिक विकास	823	120.00
प. सीरीज–13	बोलचाल	828	170.00
प. सीरीज–14	कृषि विज्ञान	836	155.00
प. सीरीज–15	प्राचीन इतिहास	837	140.00
प. सीरीज–16	मध्यकालीन इतिहास	838	145.00
प. सीरीज–17	आधुनिक इतिहास	839	165.00
प. सीरीज–18	दर्शनशास्त्र	842	110.00
प. सीरीज–19	न्यू रीजनिंग टेस्ट	843	150.00
प. सीरीज–20	हिन्दी भाषा	860	110.00
प. सीरीज–21	संख्यात्मक अभियोग्यता	861	250.00
प. सीरीज–22	राजनीति विज्ञान	866	199.00
प. सीरीज–23	लोक प्रशासन	813	220.00
प. सीरीज–24	वाणिज्य	816	235.00

प्रतियोगिता दर्पण
2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा – 282 002
फोन : 4053333, 2530966, 2531101; फैक्स (0562) 4053330
E-mail : care@pdgroup.in

sscexamonline.blogspot.com

sscexamonline.blogspot.com